उस समुद्र से तेरह योजन दूरी पर सुनहरे पथरोंसे सुशोभित कनक के सामान कांतिवाला ऊँचा पर्वत है (Golden Rock Pears Andes Mountain) उस पर्वत की चोटि पर महात्माओं की हस्तचिन्ह युक्त स्वर्णध्वजा लहरा रही है . झंडे में तीन शिखर है और निचले आधार पर वेदी बानी हुई है . त्रिशूल के आकार की यह ध्वजा पेस के पूर्वी तट पर स्थित इंडीज पर्वत पर नैसर्गिक रूप से बनी हुई है . जो लगभग ७०० फ़ीट ऊँची ५० फिट चौड़ी और छह फिट गहरी लकीरों से बनी है . इसे पारकस साइन Parcas Sign के नाम से जाना जाता है. पारकस अर्थात प्रकाश . इस तालध्वज को देवताओं ने पूर्व दिशा की सीमा बताने वाले चिन्ह के रूप में स्थापित किया है . *(चित्र १७)*



चित्र १७ *Golden Rock Peaks Andes Mountain Parcas Sign*

दक्षिण दिशा में अपने सबसे वरिष्ठ दल को भेजा चूँकि जटायूँ द्वारा ज्ञात हुआ था की रावण सीताजी को लेकर दक्षिण दिशा में गया है इस दल में अंगद प्रमुख थे उनके साथ , वरिष्ठ जाम्बुवन, नल , नील, हनुमान, सुषेण आदि प्रमुख थे . यद्यपि सभी लोग गंधमादन पर्वत पर बैठे थे पर दक्षिण दिशा को परिभाषित करते समय विंध्य पर्वत के दक्षिण के भूभाग को वर्णित किया है. नर्मदा नदी, गोदावरी , महानदी , कृष्णावेणी , महाभागा , वरदा नदियों के तट , मेकल, उत्कल के साथ साथ दशार्ण देश , अवन्तिपुरी , विदर्भ , महिष्ठाक, कलिंग, कौशिक, दंडकारण्य , आंध्र, पुण्ड्र , चोल अनेक धतुओंसे सुशोभित अयोमुख (मलय पर्वत) निर्मल जल कावेरी नदी का क्षेत्र

महर्षि अगस्त्य का आश्रम महानदी , ताम्रपर्णी , पांडियन राज्य (तंजावर) महेन्द्रगिरि का क्षेत्र , उसके आगे समुद्र के पार लंका द्वीप जहाँ राक्षस राज रावण का निवास है . उस द्वीप के आगे विशाल सागर है तथा पृथ्वी की अंतिम सीमा है जहाँ पर सूर्य , चन्द्रमा और अग्नि के समान पुण्यकर्म के तेजस्वी पुरुष निवास करते है . तथा उससे आगे भयानक पितृलोक है यह भूमि याम्राज्य की राजधानी है वहाँ नहीं जाना चाहिए. (दक्षिण ध्रुव)



चित्र १८ *दक्षिण दिशा*



चित्र १९ *नर्मदा, गोदावरी, महानदी का क्षेत्र, मेकल, उत्कल, विदर्भ, कलिंग, दण्डकरण्य, आन्ध्रः, चोल, मलयगिरि , कावेरी इत्यादि*




चित्र २० *लंका*



चित्र २१ *दक्षिणध्रुव,अंटार्टिक*

तारा के पिता और अपने बहनोई सुषेण के नेतृत्व में पश्चिम दिशा में वानरसेना को भेजा. सैराष्ट्र (सौराष्ट्र) बाल्हीक देश (बाल्टिक देश -एसलोनिआ) पश्चिम के रेगिस्तान (राजस्थान का मरुस्थल) को पार करते हुए सागर तट तक , मुखीपतत्न (मोरवी) जयपुरा, एंगलपूरी , सिंधु नदी और समुद्र का संगम पर स्थित सोमगिरि पर्वत आगे चलकर पारियात्र पर्वत तथा उसके निकट वज्र जाग्रोस पर्वत (ईरान, इराक, दक्षिण तुर्की) मनके के समान नीले रंग का वज्रगिरि , तथा उससे आगे चक्रवन पर्वत यहींपर विश्वकर्मा ने सहस्त्रार चक्र का निर्माण किया था . (अर्मेनियाका येरेवन गोलाका (पर्वत) यहींपर भगवान् विष्णुने पंचजन और हयग्रीव नमक राक्षसोंका वध किया था तथा पंचजन्य शंख और सुदर्शन चक्र लाये थे. आगे जाकर प्रागन्यज्योतिष नाम का सोने का शहर है वहां सोने का पर्वत है जिसका नाम मेघगिरी है . उसके आगे मेरु पर्वत है. (तन्जानिआ-किलिमंजारो) चित्र २२



चित्र २२ *सौराष्ट्र, पश्चिम के रेगिस्तान (राजस्थान),मुखीपत्तान (मोरवी), सिंधु नदी, संगम स्थित सोमगिरि पर्वत, पारियात्र तथा वज्र जाग्रोस पर्वत (ईरान,इराक,तुर्की) चक्रवन पर्वत इत्यादि*




चित्र २३ *चक्रवान पर्वत (MOUNT YEREVAAN, ARMENIA)*

शतवली के नेतृत्व में उत्तर दिशा में वानर सेना भेजी . हिमालय से व्याप्त उत्तर दिशा में म्लेंचा, पुलिंदा, शूरसेन , प्रस्थल, भरत (इंद्रप्रस्थ और हस्तिनापुर का क्षेत्र) कुरु (कुरुक्षेत्र के आसपास दी भूमि) भद्र, कम्बोज, यवन एवं, शक की भूमि , लोधरा, पद्मका , देवदार के जंगलो का क्षेत्र , काल पर्वत, सुदर्शन पर्वत (हिमालय का भाग-दक्षिण पूर्व कश्मीर) उसके आगे कैलाश पर्वत जहाँ विश्वकर्मा द्वारा निर्मित कुबेर का भवन है, उसके आगे विशाल झील जिसमे बहुतायत से कमल खिलते है, उसके आगे क्रोंच पर्वत, तथा मानस शिखर (मनसा देवी) तथा मैनाक पर्वत (माउन्ट मैनाक) आगे जाकर वैखानस नामक सरोवर ,इससे आगे जाकर उत्तर दिग्व्रती समुद्र मिलता है.(North Sea) उस सागर के मध्य में सोमगिरि नामक एक अत्यंत ऊँचा स्वर्ण पर्वत है .वह देश सूर्यहीन होते हुए भी सोमगिरि के प्रकाश से सदैव प्रकाशित रहता है. (पोलरिस, बोलरिस, नार्थ पोल) वहां भगवान विष्णु ११ रुद्रो के रूप में भगवान शंकर और ब्रह्म ऋषियों से घिरे देवेश्वर ब्रह्मा निवास करते है.



चित्र२४ *उत्तरदिशा-म्लेंच्छ,पुलिंदा,भद्र, कम्बोज,यवन,लोधरा, सुदर्शन पर्वत इत्यादि*



चित्र २५ *मानसरोवर, कैलाश पर्वत, उत्तरी ध्रुव*

आप लोग उत्तर कुरु के रास्ते सोमगिरि तक जाएँ उससे आगे आप नहीं जा पाओगे . क्योंकि इसके पार न तो सूर्य प्रकाश है और न ही किसी दूसरे देश की सीमा है . इसलिए मुझे अगली जमीन के बारे मै कुछ भी पता नहीं है .

सुग्रीव द्वारा सभी समूहोंको इतना विस्तृत वर्णन देते हुए देख श्रीराम आश्चर्य चकित हो गए और जब उन्होंने पूछा तो सुग्रीव ने बताया कि जब वाली मुझे मारने हेतु आया तब मै उसके भय से भागता रहा और उस दौरान मैंने यह क्षेत्र देखे है.

यहाँ एक बात का उल्लेख महत्वपूर्ण है कि चारों दिशाओ में जानेवाले वानर सेनाओंको यह निर्देश दिया था कि एक माह के अंदर सब को खोज करके वापस आना है। इतनी हजारो किलो मीटर कि यात्रा कर के एक माह में वापस आने के लिए यातायात के किन साधनों का उपयोग किया गया था इसका उल्लेख नहीं है जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण खोज करने का विषय है।

वर्तमान में हमे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना होता है और मार्ग ज्ञात नहीं हो तो हम जीपीएस का उपयोग करते है। जो हमे निश्चित दिशा, मार्ग और वहां के भूभाग का वर्णन देता है। उपरोक्त सभी वर्णन ठीक उसी के सामान है।

सन्दर्भ : यह वर्णन वाल्मीकि रामायण के **किष्किंधा कांड सर्ग ४० श्लोक १ से ७१**; **सर्ग ४१ श्लोक १ से ४९**; **सर्ग ४२ श्लोक १ से ५८**; **सर्ग ४३ श्लोक १ से ६२** पर आधारित है

भाग १० - सेतु बंधन

रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंग जो सर्वाधिक जनोंको ज्ञात है उनमे से एक है सेतू निर्माण या सेतूबंधन. जब हनुमानजी ने लंका से वापस आकर जानकारी दी की सीताजी लंका में रावण के यहा कैद है. तब निर्णय हुआ की लंका से उन्हे मुक्त करवाया जाय. उस समय सभी महेंद्रगिरी पर बैठे हुए सामने फैले हुए विषाल सागर को देखकर चिंतित हो उठे थे की इस अथाह सागर को इतनी विशाल सेना कैसे पार कर पाएगी. ऐसा विचार विमर्श करने लगे. नावों द्वारा पार करना संभव नही था. आकाश मार्ग से जाने की क्षमता केवल हनुमान मे ही थी. रामजी के पास ऋषी विश्वामित्र द्वारा प्रदान किए गए अस्त्र थे जिनसे सागर को सुखाकर रास्ता बनाने का उपाय भी था. पर यह करने से लाखो समुद्री प्राणियो के जीवन का अंत हो जाएगा. अतः यह विकल्प भी रद्द किया गया. समुद्र पर सेतू कैसे बनाया जाय इसका ज्ञान भी नही था. अतः निर्णय हुआ की समूद्र देव को प्रार्थना की जाए की वह मार्ग दे. श्रीराम ने सागर की पुजा कर के प्रार्थना की, कि वह सेना को जाने के लिए मार्ग दे, प्रार्थना और पूजा निरंतर चल रही थी परंतु तीन दिन बीत जाने पर भी सागर ने मार्ग नही दिया तो श्रीराम ने अंतिम उपाय के रूप मे अपना धनुष उठाया और सागर को सुखाने के लिए तैयार हुए, *(चित्र-२६)* उनकी इस मंशा का ज्ञान होते ही सागर देव स्वयं प्रगट हुए और श्रीराम से ऐसा न करने की विनती की. क्योंकी ऐसा करने से समस्त समुदी जीव नष्ट हो जाएंगे. सागर ने यह भी कहाँ की वो अपना कर्तव्य और धर्म निभा रहे है और उनका धर्म ये उनके आसरे जी जीनेवाले सभी प्राणिमात्र की रक्षा करना , अतः उन्हें अपना कर्तव्य करने दे और समुद्र सूखने या विभाजित करने का विचार त्याग दे . आगे सागर ने कहाँ की मई आपको एक वैकल्पिक मार्ग बतलाता हूँ . सागर ने श्रीराम से कहां की उनकी सेना मे विश्वामित्र पुत्र, नल है उन्हे निर्माण कला का पूर्ण ज्ञान है तथा सेतु निर्माण का भी ज्ञान है जो उन्होने विश्वकर्मा से पाया है. अतः यह कार्य उन्हे सोपा जाए वह सेतू निर्माण कर देंगे इससे मुझे भी कोई परेशानी नही होगी और वन समुद्री प्राणियोंको भी हानी नही होगी. *(चित्र-२७)* इस पर नल ने श्रीराम से कहां की भगवन् मुझे सेतू निर्माण का पुरा ज्ञान है जो मेरे पिता ने मुझे दिया है. अतः मै सेतू निर्माण कर सकता हूँ परंतु मुझे श्राप होने के कारण अपनी यह विशेषता मै स्वयं होकर नही कह सकता था इस कारण मै मौन रहा. अतः श्रीराम ने नल से सेतू निर्माण का कार्य प्रारंभ करने को कहां और पुरी सेना को नल द्वारा बताए अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया. वाल्मिकी द्वारा लिखित वर्णन के अनुसार सेतू की लंबाई 100 योजन तथा चैडाई 10 योजन थी. वर्तमान मे उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने पर यह ज्ञात हुआ की जिससे हम रामसेतू के नाम से जानते है उसकी लंबाई अलग अलग स्त्रोतो मे दिये अनुसार 48 कि.मी. है. अगर हम इसका अनुपात लेकर 48 कि.मी. मानते है तो 2.0 योजन बराबर 1 कि.मी. होता है. अतः राम के सेना द्वारा निर्मित सेतू 50 कि.मी. लंबा और 5 कि.मी. चौड़ा था. *(चित्र २८)*



चित्र-२६ *समुद्र सुखाने का प्रयास*



चित्र २७ समुद्रदेव द्वारा निवेदन



चित्र २८ *सेतु का स्थान*

- सेतू निर्माण का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व नल ने सागर मे उथले स्थान खोजे और वह स्थान सेतू निर्माण के लिए चिन्हित किए. आज के समय मे जब भी इस तरह का कोई निर्माण किया जाता है तो सर्व प्रथम उसका अलाइनमेंट तय कर के सेंट्रल लाईन मार्किंग की जाती है. जिसके आधार पर ब्रीज का निर्माण होता है. नल ने सुत पकड कर सेतू की संपूर्ण लंबाई के पथ पर एक पंक्तियों मे वानरों को खडा किया तथा इसी पंक्ति के आधार पर सेतू निर्माण का निश्चय बताया. साथ ही सभी वानर सेना को वृक्ष, बेल, बांबु तथा शीलाखंड लाने के लिए भेजा. वाल्मिकी रामायण मे लिखित वर्णन के अनुसार वानर सेना साल, अश्वकर्ण, थव,बांबु,कुटज,अर्जुन, ताल, तिलक, तिनिश, बेल, सप्तकर्ण, कनेर,आम, अशोक आदि वृक्षों के द्वारा सागर की सतह पर आच्छादित कर रही थी. लाखो वानर पर्वतों से शीलखंड लाकर सागर की सतह पर फेक रहे थे. इतने विशाल वृक्ष और विशाल शीलाए लाने के लिए यंत्रो का उपयोग किया गया इसका भी उल्लेख है. युध्दकांड सर्ग 22 श्लोक संख्या 60 मे उल्लेख है. *(चित्र २९, ३०)*

पर्वताश्च समुत्पाग्रू यंत्रै परिवहत्तिच ॥



चित्र २९ *वानरगण वृक्ष, वेली लाते हुए*



चित्र ३० *वानरगण शिलांए लाते हुए*

अर्थात वह वानर गण हाथी के समान विशाल महाकाय शीलाए यंत्रो की सहायता से लाकर सागर मे फेक रहे थे. ऐसी विशाल शीलाए पर्वतो से तोडकर तथा सागर तक लाने के लिए किस तरह के यंत्रों का उपयोग कर रहे थे इसका वर्णन नही है. किंतु एक बात यहा स्थापित हो जाती है की उस काल मे भी यंत्र थे जा हाथी समान अर्थात दस से पंधरह टन भार की शीलाओं को ट्रांसपोर्ट करने मे सक्षम थे. यहा एक बात का उल्लेख करना जरूरी समझता हू की वाल्मिकी रामायण मे ऐसा उल्लेख नही है कि वह शीलांए समुद्र की सतह पर तैर रही थी. इससे एक बात संभावित लगती है कि विशाल वृक्षो को लता और बेलों से एक दुसरे को बांधकर एक सतह बनाई गई हो जिसे हम चटाई कह सकते है और इस तरह से निर्मित सतह पर उन पत्थरों को शीलाओंको जमाया गया होगा. सर्ग 22 के ष्लोक संख्या 64 और 65 मे वर्णन है

दण्डानन्ये प्रगृह्णन्ति विचिन्वन्ति तथा परे ।

वानरैः शतशस्तत्र रामस्याज्ञा पुरःसरैः॥६४ ॥

मेघाभैः पर्वताभैश्च तृणैः काष्ठैर्बबंधिरे।
पुष्पिताग्रैश्च तरुभिः सेतुं बध्नन्ति वानराः॥ ६५ ॥
यहा और एक बात का वर्णन है की एक बार सूत पकडे जाने पर वानरगण भिन्न भिन्न समुहों मे अलग-अलग स्थानोंपर सेतू बंधन का कार्य कर रहे थे. जैसे आजकल जब लंबा हायवे बनाना होता है तो अलाइनमेंट निश्चित होने के उपरांत अलग-अलग स्थानोंपर एकसाथ कार्य किया जाता है. ठीक उसी प्रकार यह सेतू का कार्य किया जा रहा था.



चित्र ३१ *सेतुमें वृक्ष और शिलाएं जमाई हुई*



चित्र ३२ *श्रीराम, लक्ष्मण वानरसेना के साथ सेतु पर से समुद्र पार करते हुए*

लाखों की संख्या मे कार्यरत वानरों ने उत्साह और उमंग के साथ पहले दिन चैदह योजन अर्थात लगभग 5.5 कि.मी.सेतू निर्माण किया. एक बार काम ने गती पकड ली तो दुसरे दिन बीस योजन अर्थात 8 कि.मी., तिसर दिन इक्कीस योजन अर्थात लगभग 8.50 कि.मी, चैथे दिन बावीस कि.मी. इस तरह यह सौ योजन 48 कि.मी.लंबा सेतू पांच दिन मे बनकर तैयार हो गया.
यहा अगर हम तुलनात्मक देखे तो अभी कुछ दिनो पूर्व उद्घाटन किया गया. सागर सेतू जो अटल सेतू के नाम से जाना जाता है. 21 कि.मी. लंबा है और बनाने मे पांच वर्षो का समय लगा.
एक और बात का उल्लेख करना उचित होगा की वाल्मीकि रामायण में गिलहरी का किस्सा भी नहीं है
सन्दर्भ : यह वर्णन वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड ,सर्ग २१ श्लोक १ से ३५, तथा सर्ग २२ श्लोक १ से ८९ पर आधारित है

भाग ११ - कृत्रिम छबि का निर्माण - ARTIFICIAL IMAGING


वर्त्तमान में Artificial Intelligence - AI के युग में हम देखते है की कंप्यूटर की सहायता से कृत्रिम छबि Artificial Image बनाई जाती है। अभी कुछ दिनों पूर्व माइक्रोसॉफ्ट और गूगल ने मानवीय कृति बनाकर स्टेज पर उससे भाषण करवाया था। सारा विश्व इससे आश्चर्यचकित हो गया था। अभी कुछ दिनों पूर्व भारत में भी एक न्यूज़ चैनल ने AI से निर्मित मॉडल से न्यूज़ रीडर का काम करवाया था। ***(चित्र ३३)***

रामायण में भी इस तरह के उदहारण है , जिन्हे मायावी के रूप में वर्णित किया गया है। शूर्पणखा का सुंदरी के रूप में आना , मारीच का हिरण के रूप में आना या रावण का ऋषि के रूप में आना। ये सभी उनकी मायावी शक्तिओं के कारण संभव हुआ था। किन्तु ये सही अर्थो में Artificial इमेज नहीं कहला सकते। इन सभी में वह व्यक्ति स्वयं उसमे शामिल था अतः इन्हे हम वेशान्तर कह सकते है।

जब युद्ध पुरे जोर में था और रावण की सेना परास्त हो रही थी तब रावणपुत्र इंद्रजीत /मेघनाथ ने सीताजी की छबि निर्माण की और उसे रथ में बिठाकर युद्ध भूमि में लेकर आया तथा श्रीराम की वानर सेना के सामने उसे तरह तरह की यातनाएं दी, और अंत में उसका शिरच्छेद कर दिया।

हनुमान सहित सभी वानरसेना दुखी हुए। श्रीराम जी को यह वार्ता मिली तो वह भी दुखी हुए थे। यह सही अर्थों में Artificial इमेज का प्रसंग है। अंत में विभीषण ने इस मायावी विद्या के बारे में बताया और सभी शांत हुए।

सन्दर्भ : यह वर्णन वालमीकि रामायण के युद्धकाण्ड में सर्ग इक्यासी श्लोक १ से ३४ में लिखित प्रसंग का वर्णन के अनुसार है।



चित्र ३३ *न्यूज़ रीडर ओरिजिनल तथा AI निर्मित*

भाग १२ - वैमानिक इंजीनियरिंग -AERONAUTICAL ENGINEERING

वाल्मीकि रामायण में वैमानिक इंजीनियरिंग विषय में राक्षस राज रावण के पुष्पक विमान की जानकारी तो सर्वश्रुत है। इसके साथ-साथ हवाई इंजीनियरिंग का भी उल्लेख है। रावण के पास हवाई मार्ग से चलने वाला रथ भी था। जिसका उल्लेख आता है जब रावण सीताजी का हरण करने के लिए जाना चाह रहा था तब उसने अपने सहयोगी मारीच को कहाँ कि तुम हिरण का रूप लेकर आगे जाओ, मै अपना रथ लेकर वहां लेकर आऊंगा

रावण के रथ का वर्णन जटायु ने जब राम से मुलाकात हुई तब उनसे किया था। जटायु ने बताया कि रावण के रथ को गधों द्वारा खींचा जाता था वह स्वर्णमंडित था और रत्नोंसे सजा हुआ था, तथा उसमे सारथि भी था। यह उल्लेख भी है कि जटायु ने रावण का रथ तहस-नहस कर दिया था तब सीता जी को कोख में दबाकर हवाई मार्ग से आगे चल पड़ा। परंतु पम्पा सरोवर के ऊपर से गुजर रहा था तब वह पुनः रथ में था। निचे बैठे वानरों को देखकर सीताजी ने अपने आभूषण अपनी चुनरी के टुकड़े में बांधकर नीचे फेंक दिए, जो वानरराज सुग्रीव ने जब उनकी श्री राम लक्ष्मण से भेंट हुई तब दिखाए थे।

महावीर हनुमान जब समुद्र लांघकर लंका पहुंचे तब उन्होंने लंका में भ्रमण करते हुए पुष्पक विमान देखा उसके वर्णन में लिखा है कि वह अति विशाल और सुंदर विमान था। सुन्दर कांड के सर्ग ९ श्लोक २ में दिए वर्णन के अनुसार पुष्पक विमान लम्बाई में एक योजन और चौड़ाई में आधा योजन था। उसे सोने से और विभिन्न तरह के रत्नों से सजाया गया था। उसमें अनेक प्रकार के विशाल दालान थे तथा अपार क्षमता थी, वह तीव्र गति से चलने में सक्षम था। स्वयं विश्वकर्मा ने इसका निर्माण किया था उसकी संरचना और सुंदरता को मापना असंभव था।

रावण पुत्र मेघनाथ - इंद्रजीत के पास भी हवाई मार्ग से चलने वाला रथ था। जिसमें बैठकर उसने श्री राम और लक्ष्मण पर हमला किया और नाग पास में उनको बांध दिया था।

राम और लक्ष्मण बेसुध पड़े थे तब सीता का मनोबल तोड़ने के विचार से सीता से कहाँ की राम और लक्ष्मण की मृत्यु हो गई है और उनके मृत शरीर दिखाने के लिए राक्षसियों के साथ उसे पुष्पक विमान में बिठाकर युद्धभूमि में भेजा। दोनों को इस अवस्था में देखकर सीता अत्यन्य दुखी होकर विलाप करने लगी तब उनके साथ गई त्रिजटा ने कहाँ की ये दोनों मृत नहीं है क्योकिं पुष्पक विमान विधवा स्त्री का धारण नहीं करता है

रावण के वध के पश्चात श्रीराम लक्ष्मण सीता जी को शीघ्रतीशीघ्र अयोध्या पहुंचना था तब विभीषण ने पुष्पक विमान दिया था। श्रीराम जब जाने की तैयारी में थे तब विभीषण, सुग्रीव, अंगद, जाम्बुवंत, हनुमान आदि ने कहा कि वह लोग भी उनके साथ जाना चाहते हैं और अयोध्या के दर्शन करना चाहते हैं। श्रीराम ने कहा आप अवश्य चलिए पर साथ में अपने परिवार के लोगों को भी लेकर चलिए तो विभीषण उनके मंत्रीगण और लंका के प्रमुख सह परिवार विमान में सवार हुए। रास्ते में जाते हुए श्रीराम सीता जी को सभी प्रमुख स्थानों के बारे में बताते हुए जा रहे थे जब विमान समुद्री सेतु के ऊपर से जा रहा था तब श्रीराम ने कहा यह नल द्वारा बनाया गया सेतु है। अगला पड़ाव किष्किंधा में था वहां सभी वानरगण अपने परिवार के सदस्यों को लेकर उसमें चढ़े और विमान अयोध्या के ने निकल पड़ा। अयोध्या से थोड़े पहले श्रीराम ने विमान रोका और हनुमान को जानने के लिए भेजा कि भरत का क्या विचार है और अयोध्या में क्या स्थिति है। हनुमान ने जब आकर बताया कि राजा भरत उनकी अंतरमन से प्रतीक्षा कर रहे हैं उन्हें मिलने के लिए आतुर है तब श्री राम पुनः विमान में सवार में होकर अयोध्या पहुंचे

अयोध्या पहुंचने के पश्चात श्री राम ने उस विमान को उसके मूल स्वामी कुबेर के पास वापस भेज दिया

सन्दर्भ: यह वर्णन वाल्मीकि रामायण में अरण्यकाण्ड - सर्ग ४०,४९,५१, ५४ तथा युद्धकाण्ड - सर्ग - ४७,४८,१२१,१२२,१२३ के इस आशय से सम्बंधित श्लोक वर्णन के अनुसार है।

राम का वनवास: सुनियोजित अथवा ईर्ष्यानुभावित



हरि बाबू श्रीवास्तव
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
(hbs.irde@gmail.com)

साधारणत: ऐसा माना जाता है कि श्री राम का बनवास मंथरा द्वारा प्रेरित कैकेयी का अपने पुत्र भारत को अयोध्या का राजा बनाने की इच्छा के कारण हुआ। ऐसा भी माना जाता है कि राजा दशरथ चक्रवर्ती सम्राट थे और पूरी पृथ्वी पर उनका राज्य था। संस्कृत साहित्य के अनुसार ये सत्य सीमित लगता है। पुराने ग्रंथों के अनुसार श्री राम का बनवास पूर्वनियोजित होना लगता है। इसी तरह राजा दशरथ के राज्य में उनका जंगलों पर पूर्ण आधिपत्य होना भी संहेदास्पद है । इस शोध पत्र में पुराने साहित्य द्वारा इन्हीं बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किए जाएँगे।

1. प्रस्तावना

भगवान श्री राम का चरित्र आज भी न केवल भारत व विश्व के कई अन्य देशों में चर्चा, पालन व शोध का विषय बना हुआ है। यूँ तो श्री राम के जीवन की घटनाओं का वर्णन संस्कृत भाषा के अतिरिक्त विश्व की अनेक भाषाओं में भी किया गया है, किंतु संस्कृत भाषा में उपलब्ध साहित्य, विशेषकर वाल्मिकीय रामायण, को ही उनका मूल स्रोत माना गया है। इस विषय में कोई विवाद नहीं है कि श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे व उनका यदि पूरा नहीं तो पृथ्वी के विस्तृत भूभाग पर आधिपत्य था। इसके तमाम उदाहरण भारत के अतिरिक्त पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप, एवं दक्षिण अमेरिका आदि के पुरानी सभ्यताओं के देशों के साहित्य, लोक कथाओं व अभिनयों में मिलते हैं। एशिया के देशों जैसे जापान, थाईलैंड, म्यांमार, कम्बोडिया, मलेशिया, जावा, इंडोनेशिया, फ़िलिपींस, चीन, लाओस, मंगोलिया आदि में तो श्री राम लीलाओं का प्रदर्शन किया ही जाता है। इसी तरह, पश्चिम एशिया के देशों जैसे ईराक़, मिश्र, सीरिया, तुर्की व यूरोप के देशों जैसे कि इटली एवं रूस तथा दक्षिण अमेरिका के देशों पेरू, ग्वाटेमाला व माया सभ्यता आदि में पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध हैं [1]। लेकिन यही बात उतनी ही प्रमाणिकता से श्री राम के पिता श्री दशरथ महाराज के लिए नहीं कही जा सकती। कारण, यद्यपि उन्हें चक्रबर्ती सम्राट की संज्ञा दी गई फिर भी उनके ही समय में लंकाधिपति रावण को विश्व-विजयी होना भी बताया गया। यहाँ तक कि भारत के ही कुछ आरण्यिक भू-भागों [जैसे कि ताड़का वन (आज के बिहार में बक्सर), दंडकारण्य (आज के छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आँध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के भाग)] में उनकी सत्ता की सार्वभौमिकता का अभाव लगता है। श्री राम के राज्य काल में ही इन सभी भू-भागों पर पूर्ण आधिपत्य पुन: हुआ, ऐसा होना लगता है। साथ ही अन्य स्थानों, जैसे कि मधुवन [2] (आज का मथुरा), गंधर्वदेश [3] (आज के पाकिस्तान का सिंध) आदि पर भी श्री राम के राज्य-काल में ही आधिपत्य स्थापित हुआ। श्री राम के पूर्वज महाराज रघु के दिग्विजय का वर्णन कालिदास ने अपने ग्रंथ 'रघुवंशम' में किया है। रघुवंशम के अनुसार, रघु ने वंग (बंगलादेश सहित बंगाल), उत्कल व कलिंग (उड़ीसा), प्रागज्योतिश (असम के साथ ही अन्य उत्तरपूर्वी राज्य), पाड्य व तमिलनाडु में कन्याकुमारी तक, अपरांत (क्रमश: कोंकण व महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र), पारसीकस व त्रिकूटस (ईरान व उसके आगे के क्षेत्र), हुण व कम्बोज (सम्भवत: चीन, मंगोलिया, ताजकिस्तान, उज़्बेकिस्तान वअफगानिस्तान आदि के क्षेत्र) पर विजय प्राप्त की थी [4]। स्पष्ट है कि श्री राम व श्री दशरथ के पूर्वजों का आधिपत्य काम से कम पृथ्वी के बड़े भाग पर तो था ही, जो शनै:-शनै: दशरथ महाराज के समय तक कम होता चला गया और श्री राम के समय उसको दुबारा स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी।

2. योजना व प्रशिक्षण

वैसे तो श्री राम को पूर्ण परमेश्वर का अवतार माना जाता है, और उसके अनुसार उनके लिए कुछ भी करना असम्भव नहीं था, तथापि उनकी यह नर लीला एवं मर्यादा पुरुषोत्तम की लीला थी। इसके अनुसार एक मनुष्य को जीवन में सफलता के लिए क्या उपाय करने चाहिए वह सभी कार्य उन्हें करने थे। अनेक स्थानों पर श्री राम के जन्म का कारण राक्षसी सत्ता की समाप्ति व धर्म-नीति की स्थापना बताया गया है:

हत्वा क्रूरं दुराधर्षं देवर्षीणां भयावहम् [5]

क्योंकि राक्षसी सत्ता सब ओर फैली हुई थी अत: विश्व विजय से ही राक्षसी सत्ता की समाप्ति सम्भव हो सकती थी। विश्व विजय के लिए राजा का धर्म-अर्थ-राजनीति-कूटनीति-न्याय आदि के साथ सैन्य संचालन, अस्त्र-शस्त्र में क्षमता व उनकी विपुलता एवं संगठन आदि की क्षमताओं में पारंगता आवश्यक है। साथ ही युद्ध के समय होने वाली परेशानियों व असावधानियों से भी सुरक्षा आवश्यक है। उस काल में राजकुमारों का गुरुकुल में जाकर शिक्षा ग्रहण करना प्रचलित था, लेकिन श्री राम का गुरुकुल वास अत्यंत कम रहा। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार

गुरुग्रह गए पढ़न रघराई। अल्पकाल विद्या सब आई।।

यह अल्प काल कितना था इसका कहीं वर्णन नहीं मिलता है, लेकिन यह कुछ दिनों या महीनों का ही प्रतीत होता है। गुरु वशिष्ठ के यहाँ तो उनको धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक व सैन्य सभी तरह की शिक्षाएँ लेनी थी। क्योंकि दशरथ जी अपने बच्चों से अधिक समय का वियोग नहीं चाहते थे इसलिए ऐसा सम्भवत: हुआ हो कि गुरु के आश्रम वे मात्र वेद पाठ - वेद की शिक्षा के लिए गए हों और बाक़ी सभी विषय राजग्रह में ही पढ़ाए गए हों। यदि ऐसा नहीं भी हो तो श्री राम और उनके भाइयों का पठन काल 6 अथवा 9 वर्ष से अधिक का नहीं होगा। ऐसा इसलिए कि लगभग 6 वर्ष की आयु से पाठन प्रारम्भ किया माना जाए तो 6-12 वर्षों के बीच (अधिकतर विद्वानों का मानना है कि 12 वर्ष की आयु में तो जनकपुर में उनका विवाहोत्सव था), अथवा 6-15 वर्षों के बीच (यदि वाल्मीकि जी के शब्द 'ऊनषोडस' का अर्थ 15 लगाया जाए) ही यह सम्भव है।

विश्व विजय के लिए अयोध्या के भावी राजा को पूर्णत: तैयार करना भारत के सभी मनीषियों के लिए आवश्यक रहा होगा और वे शायद श्री राम के तरुणावस्था तक आने की प्रतीक्षा कर रहे होंगे। शायद इसीलिए श्री राम की तरुणावस्था आते ही विश्वामित्र जी का अयोध्या आना हुआ। यदि ताड़का व सुबाहु से युद्ध ही आख़िरी लक्ष्य होता तो वे दशरथ जी के सैन्य बल का सहारा लेते, न कि एक-दो बालकों का। उद्देश्य विश्व विजय का था, तभी राजा दशरथ के सबसे योग्य पुत्र व उनके सबसे उत्तम सहयोगी लक्ष्मण को ही विश्वामित्र जी लेकर गए और उनका अस्त्र-शत्र-युद्ध विद्या का प्रशिक्षण किया।

विश्वामित्र जी के पास उस समय के लगभग सभी प्रभावशाली अस्त्र-शस्त्र थे:

सर्वास्त्राणि कृशाश्वस्य पुत्रा: परमधार्मिका:। कौशिकाय पुरा दत्ता यदा राज्यं प्रशस्ति [6]।।

साथ ही मंत्र शक्तियाँ भी थीं। रास्ते में उन्होंने श्री राम को बला-अतिबला नामक मंत्र समूह की शिक्षा दी:

मंत्रग्रामं गृहाण त्वं बलामतिबलां तथा [6]

जिससे युद्ध के दौरान भूख-प्यास न लगे, थकान न हो, असावधानी न हो, इत्यादि। विश्वामित्र पहले राजर्षि और बाद में ब्रह्मर्षि होने के साथ साथ एक वैज्ञानिक भी प्रतीत होते हैं:

अपूर्वाणां च जनने शक्तो भूयश्च धर्मवित् [7]

बला-अतिबला का प्रशिक्षण तो अयोध्या से सिद्धाश्रम जाते हुए रास्ते में ही विश्वामित्र ने श्री राम को दिया। ऐसा वर्णन भी आता है कि आश्रम जाकर सभी अस्त्र-शस्त्र भी विश्वामित्र ने श्री राम को दे दिए:

ददाम्यस्त्राणि सर्वश: [8]

यदि यह पूर्व नियोजित न होता तो बला-अतिबला एवं सभी दिव्य अस्त्र-शस्त्र जिनमें दण्डचक्र, धर्मचक्र, कालचक्र , विष्णुचक्र, ऐंद्रचक्र, वज्रास्त्र, त्रिशूल, ब्रह्मशिर, ऐषीकास्त्र, ब्रह्मास्त्र, मोड़ और शिखरी नाम की गदाएँ , धर्मपाश, कालपाश, वरुणपाश, अशनि, पिनाक, नारायणास्त्र, आग्नेय-अस्त्र, शिखरास्त्र, वायव्यास्त्र, हयशिरा, और न जाने कितने प्रकार के अस्त्र-शस्त्र सम्मिलित हैं, देने की क्या आवश्यकता थी?

यहाँ दो प्रश्न उठते हैं:

अ) ये सब हथियार विश्वामित्र जी ने श्री राम को अयोध्या में ही क्यों नहीं दे दिए? और

ब) यदि सभी हथियार विश्वामित्र जी के पास थे, तो उन्होंने स्वयं ही विश्व विजय क्यों नहीं की?

साधारण उत्तर है कि आयुधों के प्रयोग की विधि जाने बिना आयुध होना व्यर्थ है व आयुधों के प्रयोग का प्रशिक्षण तो किसी ऐसे स्थान पर ही किया जा सकता है जहाँ खुला मैदान मिले और अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग विधि के अभ्यास से किसी की अनजाने में हानि न हो। विश्वामित्र जी आयुधों का स्वयं प्रयोग न कर सके क्योंकि वे ब्रह्मर्षि थे अत: वे क्रोध-हिंसा नहीं कर सकते थे, जबकि विजयार्थ अस्त्र-शस्त्र चलाने के लिए क्रोध व हिंसा आवश्यक है। पुन: आज कल भी अस्त्र-शस्त्र के शोधार्थी कोई और होते हैं, उन्हें बनाता कोई और है, और चलाता कोई और ही है।

इसी तरह वनवास के दौरान भी अनेक ऋषियों-मुनियों द्वारा श्री राम को अस्त्र-शस्त्र भेंट किए जाने के बारे में लिखा गया है:

तद्धनुस्तौ च तूणी च शरं खड्गं च मानद। जयाय प्रतिगृह्णीष्व वज्र वज्रधरो यथा।।)[9]

तथा

इति स्तुत्वा रमानाथमगस्त्यो मुनिसत्तम:। ददौ चापं महेन्द्रेण रामार्थे स्थापितं पूरा।।

अक्षय्यौ बाणतूरीणो खड्गो रत्नविभूषित:। जहि राघव भूभारभूतं राक्षसमण्डलम्।।)[10]

स्पष्ट है कि विश्व विजय के लिए अयोध्या में जितनी क्षमता-योग्यता प्राप्त की जा सकती थी, उससे कहीं अधिक की आवश्यकता थी और उसी के लिए बाल्यकाल से ही श्री राम का प्रशिक्षण और क्षमता वर्धन का कार्य भारत के मनीषियों द्वारा आरम्भ किया गया।

3. वनवास ही क्यों?

एक प्रश्न यह भी है कि सभी आयुध प्राप्त कर, उनके प्रयोग में पारंगता प्राप्त कर, क्या अयोध्या के राजा के रूप में ही श्री राम राक्षसों के विरुद्ध अभियान नहीं छेड़ सकते थे? मेरे विचार में यह बहुत जोख़िम भरा क़दम होता क्योंकि भारत के बड़े भूभाग पर राक्षसों का अधिकार था और वे सब

रावण के सूबेदारों के रूप में राज्य कर रहे थे:

ये ना रक्षन्ति विषयमस्वाधीनं नराधिपा: ....)[11]

व

खरश्च निहत: सङ्ख्ये दूषणस्त्रिशिरास्तथा। चतुर्दश सहस्राणि राक्षसानां महात्मनाम्।।[12]

यदि सभी राक्षस एक साथ मिल कर, एक जुट होकर, श्री राम के आक्रमण का सामना करते तो अयोध्या राज्य पर संकट आ सकता था। अत: राक्षसों के असंगठित समूहों से लोहा लेने की ही योजना बनाई गई होगी, ऐसा प्रतीत होता है। इसीलिए पूरी योजना को गुप्त रखा गया होगा। श्री राम एक एक कर पहले उत्तर पूर्व भारत (सिद्धाश्रम- बक्सर का भूभाग), अयोध्या के आस-पास के वन (श्रंगवेरपुर-चित्रकूट आदि), पुन: मध्य, मध्य-पश्चिम व मध्य-दक्षिण भारत (दण्डकारण्य) एवं दक्षिण भारत में राक्षसों व अराजकतत्वों का सफ़ाया कर अंत में राक्षसों के राजा रावण के साथ युद्ध करते हैं। साथ ही, जिन-जिन स्थानों से राक्षसों का सफ़ाया करते जाना है वहाँ अपने मित्रों को वहाँ का प्रशासन सौंप कर अयोध्या का आधिपत्य स्थापित करते जाते हैं।

दशरथ जी के समय में अयोध्या के पास के वन में भी अराजकता का माहौल लगता है। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार

यह हमारि अति बड़ सेवकाई। लेहिं न बासन बसन चोराई।।

हम जड़ जीव जीव गन घाती। कुटिल कुचाली कुमति कुजाती।।

पाप करत निसि बासर जाहीं। नहिं पट कटि नहिं पेट अघाहीं।।[13]

स्पष्ट है कि निषाद राज गुह को संरक्षण दे कर अयोध्या के पास के वन में अराजकता समाप्त की। साथ ही उनमें कौशल का विकास किया:

'यत्र रामसखा वीरो गुहो ज्ञातिगणैर्वृत:। निवसत्यप्रमादेन देशं तं परिपालयन्।।)[14]

तथा उसी कारण से गुह राजकुमार भरत से लोहा लेने के लिए भी सोच सका:

नावां शतानां पञ्चानां कैवर्तानां शतं शतम्। संनद्धनां तथा यूनां तिष्ठन्त्वत्यभ्यचोदयत्।।)[15]

इसी क्रम में चित्रकूट से नागरिकों (ऋषियों-मुनियों) को परेशान करने वाले राक्षसों के गढ़ जनस्थान-दण्डकारण्य में प्रवेश किया, राक्षसों के साथ सहानुभूति-मित्रता रखने वाले राजा बाली को समाप्त कर अपने मित्र राजा सुग्रीव को स्थापित किया।

एक बात और ध्यान देने योग्य है कि वन जाते समय श्री राम-लक्ष्मण अस्त्र-शस्त्र लेकर ही गए। यदि तपस्वी के रूप में ही वन में रहना होता *(तापस रूप विशेष उदासी। चौदह वर्ष राम वनवासी।।)* तो वहाँ आयुध लेकर जाने का क्या औचित्य था? एक और ध्यान देने योग्य बात है कि जब रावण के साथ युद्ध चल रहा था तब सिवाय किष्किन्धा के अतिरिक्त भारत का कोई भी राजा सहायता के लिए नहीं आया। साथ ही सीता हरण के बाद जब गिद्धराज जटायु, यहाँ तक कि सुग्रीव व संपाति, ने तो बता ही दिया था कि सीता को लेकर रावण दक्षिण दिशा में गया है:

सीतामादाय वैदही प्रयातो दक्षिणामुख:[16]

तथा

क्रोशन्ती राम रामेति लक्ष्मणेति च विस्वरम्। स्फुरन्ती रावणस्याङ्के पन्नगेन्द्रवधूर्यथा।।[17]

एवं

एव मुक्तस्ततोऽहं तैस्सिद्धै: परमशोभनैः। स च मे रावणो राजा रक्षसां प्रतिवेदितः।।

हरन्दाशरथेर्भार्यां रामस्य जनकात्मजाम्। भ्रष्टाभरणकौशेयां शोकवेगपराजिताम्।।

रामलक्ष्मणयोर्नाम क्रोशन्तीं मुक्तमूर्धजाम्।[18]

तो फिर सीता की खोज के लिए वानरों को सभी चारों दिशाओं में भेजने की क्या आवश्यकता थी? इसका कारण सम्भवत: युद्ध के दौरान प्रयोग करने के लिए जड़ियाँ-बूटियाँ-औषधियाँ संग्रह करने व शायद अन्य राजाओं को सावधान करने के लिए किया गया होगा। इसका संकेत वाल्मीकि जी ने किष्किन्धाकाण्ड में दिया है:

य: कश्चित् सकृदश्नाति मासं भवति तर्पित:।।

तानि मूलानि दिव्यानि फलानि च फलाशना:। औषधानि च दिव्यानि जगृहुर्हरिपुंगवा:।।[19]

तथा सीता के अन्वेषण के लिए सभी दिशाओं में जाने वाले वानरों को मिलने वाले राज्यों के बारे में सुग्रीव के द्वारा जानकारी देने से समझ आता है कि वहाँ भी कुछ संदेश भेजा गया होगा। यद्यपि वानरों को जंगल, पहाड़ व गुफ़ाओं में जाने के निर्देश भी दिए गए एवं रामायण में सीधे-सीधे राज्यों को सावधान करने की बात नहीं कही गई है, लेकिन अन्य संदर्भों से ऐसा लगता है कि सभी वानर-प्रमुखों को अयोध्या के आधिपत्य वाले अन्य राज्यों को सतर्क करने व अपने-अपने राज्यों की सीमा सुदृढ़ करने का संदेश-निर्देश देने के लिए कहा गया होगा जबकि जंगल, पहाड़ व गुफ़ा में जाना दुश्मन को मात्र भ्रमित करने के लिए किया गया होगा। शायद यही कारण है कि युद्ध के समय कोई भी अन्य राजा श्री राम की सहायता के लिए

नहीं आया, वे तो अपने ही राज्यों की रक्षा कर रहे होंगे। दूसरा कारण भोजन-औषधि संग्रह भी रहा होगा जैसा कि कुछ-कुछ ऊपर इंगित किया गया है।

4. उपसंहार

इस लेख में मूलत: वाल्मिकीय रामायण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि श्री राम का वनवास पूर्व नियोजित था। सम्भवत: यह योजना कैकेई और श्री राम ने मिलकर ही बनाई थी। ऐसा इसलिए कि श्री राम ने कभी भी, यहाँ तक कि दूसरों के विनय-अनुनय पर भी, इस योजना के कार्यान्वयन से मुख नहीं मोड़ा। दण्डकारण्य में तो ऋषियों-मुनियों को सुरक्षा का बचन देने के समय तो जैसे पूरी योजना का खुलासा ही हो गया:

केवलेनात्मकार्येण प्रवेष्टव्यं मया वनं [20]

बाद में सीता के साथ वार्तालाप में तो श्री राम ने उस बचन को पूरा करने के लिए यदि सीता और लक्ष्मण को छोड़ना पड़े तो उसके लिए भी कहा दिया:

अप्यहं जीवितं जह्यां त्वां वा सीते सलक्ष्मणाम् [21]

सम्भवत: इस योजना निर्धारण में राजा दशरथ व गुरु वशिष्ठ भी सम्मिलित रहे होंगे, क्योंकि बिना राजा की अनुमति के यह सब नहीं किया जा सकता था और बिना गुरु के अनुमोदन के भी उस समय कोई विशेष प्रयोजन नहीं होता था।

प्रश्न उठता है कि ऐसा लिखा कहाँ है और यदि राजा दशरथ इस योजना में सम्मिलित थे तो फिर उनकी मृत्यु क्यों हुई? अध्यात्म रामायण के अनुसार वशिष्ठ जी ने चित्रकूट में भरत को बताया था कि राम बिना रावण वध के अयोध्या वापस नहीं जाएँगे:

रावणं हन्तुकामास्ते गामिष्यन्ति न संशय: [22]

अत: वशिष्ठ जी को इस योजना की कम से कम कुछ जानकारी तो थी ही।

इसी तरह दशरथ जी की मृत्यु का कारण शायद उनके परम प्रिय बेटे को उनके ही द्वारा जानते-बूझते जोखिम में डालने से उत्पन्न ग्लानि रही होगी। इसके अतिरिक्त, शायद उनके जीवन में पहली ही बार था कि उनके चारों बच्चे उनसे दूर हो गए थे।

इन सब बातों पर विचार करने से ऐसा लगता है कि श्री राम का वनवास एक पूर्व-नियोजित/सुनियोजित योजना थी। मंथरा के कहने पर कैकेयी के भड़कने जैसा कोई प्रयास अथवा राजमहल का कोई षडयंत्र नहीं था।

5. संदर्भ

1. https://lordrama.co.in/sri-rama-and-vedic-history-of-the-world.html
2. सर्ग 61-70, उत्तरकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
3. सर्ग 100-101, उत्तरकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
4. सर्ग 4, रघुवंशम
5. सर्ग 15, बालकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
6. सर्ग 21, बालकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
7. सर्ग 22, बालकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
8. सर्ग 27, बालकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
9. सर्ग 12, अरण्यकाण्ड , रामायण (वाल्मीक कृत)
10. सर्ग 4, अरण्यकाण्ड , अध्यात्म रामायण
11. सर्ग 33, अरण्यकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
12. सर्ग 5, अरण्यकाण्ड , अध्यात्म रामायण
13. अयोध्याकाण्ड, रामचरित मानस
14. सर्ग 83, अयोध्याकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
15. सर्ग 84, अयोध्याकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
16. सर्ग 68, अरण्यकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
17. सर्ग 6, किष्किंधाकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
18. सर्ग 59, किष्किंधाकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
19. सर्ग 37, 40-44, किष्किंधाकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)

20. सर्ग 6, अरण्यकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
21. सर्ग 10, अरण्यकाण्ड, रामायण (वाल्मीक कृत)
22. सर्ग 9, अयोध्याकाण्ड, अध्यात्म रामायण

The Golden Deer of the *Rāmāyaṇa:* Lessons in Finance, Governance, Psychology, and Decision-Making



Venkatesh R Vedanthi
(Venkatesh.vedanthi@gmail.com)

The Rāmāyaṇa's golden-deer episode offers a timeless case study in human decision failure—where perception eclipses reason, emotion overrides ethics, and illusion distorts governance. This paper re-interprets that episode through an interdisciplinary lens that integrates Sanskrit hermeneutics, behavioral finance, and ethical decision science. Using an interpretive-analytical method, the study correlates key verses from the Araṇya Kāṇḍa with modern concepts such as cognitive bias, bounded rationality, and governance breakdown. It argues that the deer's glittering deception mirrors speculative exuberance, emotional contagion, and role confusion in modern organizations. The paper creates a model for making moral choices that balances moral restraint with material desire by putting these dynamics into the Purushārtha schema, which is made up of Dharma, Artha, Kāma , and Mokṣa. The results show how old Indian wisdom foresaw behavioral economics and give a framework for governance that can protect financial systems and leadership styles from illusion.

Keywords: Māyā, Purushārtha, Behavioral Finance, Ethical Governance, *Rāmāyaṇa*, Decision Science, Cognitive Bias

1. Introduction

Among the several episodes of the *Vālmīki Rāmāyaṇa*, the golden deer (*Suvarṇa-mṛga-kathā*) is most symbolic. It represents the combination of perception, desire, and moral duty. This defines every decision environment, ancient or modern. The event transforms the peacefulness of the forest hermitage into the crucible of exile and loss, showing how a single error of judgment can unravel the harmony of a system. Across civilizations, thinkers have struggled with illusion and choice. Plato's theory of the Allegory of the Cave exposes humanity's captivity to appearances. Sun Tzu's Bing Fa teaches that deception is the essence of strategy. Today's digital economy amplifies illusion through data simulation and media persuasion. The *Rāmāyaṇa* presents these same dynamics in ethical form: the glitter of the golden deer tempts perception, desire manipulates conscience, and illusion leads to disaster.

आर्यपुत्र अभिरामो असौ मृगो हरति मे मनः | आनय एनम् महाबाहो क्रीडार्थम् नः भविष्यति || (*Āryaputra abhirāmo'sau mṛgo harati me manaḥ, Ānaya enaṃ mahābāho krīḍārthaṃ naḥ bhaviṣyati.*) (Meaning: O prince O long-armed one, that delightful deer is stealing my heart. Fetch him for me. This will be our playmate.*)* (*Vālmīki Rāmāyaṇa, Araṇya Kāṇḍa* 3-43-9)

The psychological realization that even the good are susceptible when emotion impairs judgment (*viveka*) is summed up in the verse. The present paper examines how this topic, interpreted through modern behavioral theory, explains patterns of greed, governance failure, and psychological manipulation that persist in contemporary institutions.

Research Question

What enduring decision-making principles does the golden-deer episode of the *Rāmāyaṇa* offer for modern finance, family, governance, and psychology?

Research Methodology

The study adopts a qualitative thematic approach. The study is done by analyzing Sanskrit verses with related literature through an interpretive framework that connects contemporary ethics with classical philosophy.

2. Literature Review

The *Vālmīki Rāmāyaṇa* explains the conflict between moral duty (*dharma*) and illusion (māyā). The Golden Deer (*Suvarṇa Mṛga*) episode in the *Āraṇya Kāṇḍa (Sargas* 42–44) clearly shows how sensory likings can end up in taking bad decisions. For example, *Sītā*'s attracted to the mystic deer. This led to poor decisions by both *Rāma* and *Lakṣmaṇa*. This episode serves as a warning on alertness, temperance, and ethical vulnerability.

The *Rāmāyaṇa* has been interpreted philosophically as a study in moral psychology. The *Advaita Vedānta* perspective (*YesVedanta*, Decoding *Rāma*yana's Symbolism in Advaita Vedanta) identifies *Rāma* as the Self (*Ātman*), *Sītā* as peace (*Śānti*), and the deer as sensory illusion. Jayaram V. (Symbolic Significance of the *Rāma*yana) and Sri Aurobindo view these conflicts as an internal struggle among desire, reason, and virtue. Dr. Nandini Mishra (Critical Review of Ancient Indian

Values) and the Purushartha Journal of Management, Ethics, and Spirituality emphasize that the following of *artha and kāma* without *dharma* can cause harm to both individual and social order within the *Puruṣārtha* framework (*dharma, artha, kāma, and mokṣa*).

These observations apply to contemporary finance management, governance and policy discussions. The finance regulators like the Reserve Bank of India and Securities and Exchange Board of India are issuing advisories and educating the people about deceptive, false high-return schemes. This is similar to the lesson of the Golden Deer. These episodes affirm that Rāmāyaṇa is a living framework for applied ethics. It demonstrates the continuity of ancient moral wisdom even in contemporary decision-making.

3. Character Analysis: Ethics and Governance

The *Golden Deer* (*Suvarṇa Mṛga*) episode in the *Āraṇya Kāṇḍa* of the *Vālmīki Rāmāyaṇa* (*Sargas* 38–45) captures a moment when human emotions, moral judgment, and destiny converge. Each principal character—*Rāma, Sītā, Lakṣmaṇa, Rāvaṇa, and Maareecha*—depicts one dimension of the *Purushārtha* framework: *Dharma* (righteousness), *Artha* (worldly pursuit), *Kāma* (desire), and *Mokṣa* (liberation through awareness). The characters together form a moral spectrum and illustrate how the imbalance of the *Purushārthas* is established through action

3.1 Rāma — Personification of Dharma (Righteous Duty)

Rāma's character exemplifies *Dharma*—principled action, even amid emotional turmoil. *Rāma* is an example of the perfect balance of judgment and virtue. When *Sītā* expresses her fascination, *Rāma* responds with kindness:

पश्य लक्ष्मण वैदेहीं मृगत्वचि गतस्पृहाम्। त्वचा प्रधानया ह्येष मृगोऽद्य न भविष्यति। (*Paśya Lakṣmaṇa Vaidehīṃ mṛgatvaci gata-spṛhām, Tvacā pradhānayā hy eṣa mṛgo 'dya na bhaviṣyati.*) (Meaning : (See, how Vaidehi ardently longs for the skin of this deer I will not let the animal live, O *Lakṣmaṇa*) (*Āraṇya Kāṇḍa* 3.43.47)

Here, *Dharma* momentarily yields to *Kāma* (affectionate desire), symbolizing the ethical dilemma of a leader torn between emotional responsiveness and rational duty. As Justice M. *Rāma Jois* observes, *Dharma* is the "foundation of righteous governance," ensuring harmony between compassion and prudence (*Dharma: The Global Ethic*,). *Rāma's brief deviation highlights that even the most virtuous leaders must continually balance empathy with discernment.*

3.2 *Sītā* — Representation of *Kāma* (Desire and Emotional Idealism)

Sītā's desire for the golden deer shows how naturally people are drawn to beautiful things and emotional curiosity. The following text describes the above:

अहो रूपमहो लक्ष्मीस्स्वरसम्पच्च शोभना। मृगोऽद्भुतो विचित्राङ्गो हृदयं हरतीव मे। (*Aho rūpam aho lakṣmīḥ svara-sampac ca śobhanā, Mṛgo 'dbhuto vicitrāṅgo hṛdayaṃ haratīva me) (Meaning :* Oh what a beauty, Oh what rich call what delightful, wonderful, graceful limbs This deer captivates my heart.) (*Āraṇya Kāṇḍa* 3.43.14)

Sītā personifies *Kāma,* not in its sensual form but as an emotional need for harmony, beauty, and affection. Even in the *Bhagavad Gītā* (2.62) warns,

ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते । सङ्गात्सञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते (*Dhyāyato viṣayān puṃsaḥ saṅgas teṣūpajāyate, Saṅgāt sañjāyate kāmaḥ kāmāt krodho 'bhijāyate*.) (Meaning: While contemplating the objects of the senses, a person develops attachment for them, and from such attachment lust develops, and from lust anger arises.)

Her innocent desire sparks illusion (Māyā), which causes pain and isolation. Sītā thus serves as an eternal reminder that unchecked desire, devoid of Dharma's scrutiny, can obscure reason and jeopardize harmony.

3.3 Lakṣmaṇa — Symbol of *Nīti* and *Sevā* (Ethical Obedience and Duty)

Lakṣmaṇa exemplifies steadfast service (*sevā*) and discipline (*nīti*), guided by loyalty and respect. But he faces a huge moral problem when *Sītā*, scared by *Rāma*'s cries, accuses him of negligence. The text records:

सौमित्रे मित्ररूपेण भ्रातुस्त्वमसि शत्रुवत्। यस्त्वमस्यामवस्थायां भ्रातरं नाभिपत्स्यसे। (Saumitre mitrarūpeṇa bhrātus tvam asi śatruvat, Yas tvam asyām avasthāyāṃ bhrātaraṃ nābhipatsyase.) (Meaning: Since you, O son of *Sumitra*, are not reaching out to your brother in this situation, you are an enemy to your brother in the guise of a friend) (*Āraṇya Kāṇḍa* 3.45.5)

इच्छसि त्वं विनश्यन्तं रामं लक्ष्मण मत्कृते। लोभात्त्वं मत्कृते नूनं नानुगच्छसि राघवम्। (*Icchasi tvaṃ vinaśyantaṃ Rāmaṃ Lakṣmaṇa mat-kṛte, Lobhāt tvaṃ mat-kṛte nūnaṃ nānugacchasi Rāghavam*) (Meaning: It is with the intention of possessing me that you wish *Rāma*'s death. You do not rush to him certainly because of greed for me.) (Āraṇya Kāṇḍa 3.45.6)

Lakṣmaṇa's moral struggle shows the conflict between the need to obey the orders and being compassionate at the same time. He represents Dharma in its executory form—obedience aligned with conscience. His brief departure from Sītā's guard symbolizes how emotional coercion can disturb even the most disciplined ethical frameworks.

3.4 Rāvaṇa — Misuse of Artha (Power and Strategic Intellect)

Rāvaṇa personifies *Artha*—material ambition and intellect—corrupted by ego and desire. His manipulation of *Maareecha* to deceive *Sītā* and *Rāma* demonstrates the degeneration of *Artha* when divorced from *Dharma*. He instructs *Maareecha*:

सौवर्णस्त्वं मृगो भूत्वा चित्रो रजतबिन्दुभिः।आश्रमे तस्य रामस्य सीतायाः प्रमुखे चर। प्रलोभयित्वा वैदेहीं यथेष्टं गन्तुमर्हसि।। (Sauvarṇas tvaṃ mṛgo bhūtvā citro rajata-bindubhiḥ, Āśrame tasya *Rāma*sya *Sītā*yāḥ pramukhe cara, Pralobhayitvā Vaidehīṃ yatheṣṭaṃ gantum arhasi.) (Meaning: Transform yourself into a wonderful golden deer with silver spots and move about in front of *Sītā* at the hermitage of *Rāma*. After fascinating her, you may go whereever you desire.)
(Āraṇya Kāṇḍa 3.40.18)

In the Arthaśāstra, Kautilya cautions that "power without righteousness destroys both ruler and kingdom." Rāvaṇa's downfall validates this saying—he embodies Artha pursued without Dharma, a warning that unprincipled strategy leads inevitably to ruin.

3.5 Maareecha — Manifestation of Māyā (Illusion and Moral Fear)

Maareecha, compelled by fear of *Rāvaṇa*, transforms into the golden deer despite knowing the doom it will bring. His words foretell his fate:

आनयिष्यसि चेत्सीतामाश्रमात्सहितो मया। नैवत्वमसि नाहं च नैव लङ्का न राक्षसाः।। (Ānayiṣyasi cet Sītām āśramāt sahito mayā, Naiva tvam asi nāhaṃ ca naiva Laṅkā na Rākṣasāḥ) (Meaning: "If you bring Sītā from the hermitage with my assistance, know that none of us will survive you nor I, nor Lanka, nor the demons.") (Āraṇya Kāṇḍa 3.41.19) Maareecha symbolizes Māyā—deception, fear, and moral surrender under authority. Though he perceives truth, he acts against it, illustrating moral disengagement. His act is the loss of inner Dharma for survival. In the Purushārtha schema, he stands at the threshold where illusion eclipses wisdom, and compulsion replaces conscience.

4. Thematic Applications: From Golden Deer Narrative to Universal Lessons

When viewed through the *Purushārtha* lens, the ethical tensions between *Dharma*, *Artha*, and *Kāma* illuminate real-world phenomena in economics, psychology, family relations, and governance.

4.1 Finance — The Mirage of Illusory Wealth

In financial behavior, the glittering golden deer mirrors the *illusion of speculative gain*. Just as *Sītā*'s fascination blinds her to danger, investors often succumb to the *"shiny-object bias"*—chasing high-return illusions without risk analysis. The behavioral economics studies (e.g., Kahneman & Tversky's *Prospect Theory)* describe how *emotional reward outweighs rational assessment.*

Rāvaṇa's use of deception (*māyā-mṛga*) parallels corporate frauds that fabricate value; *Maareecha*'s complicity resembles intermediaries who knowingly enable false accounting or false/fraudulent offers. The episode thus embodies what the *Arthaśāstra* cautions against: *"Wealth divorced from righteousness destroys both the ruler and the realm"*.
Ethical finance, therefore, requires Dharma-aligned prudence—valuing transparency over attraction.

4.2 Psychology — Cognitive Bias and Emotional Illusion

From a psychological lens, the *Golden Deer* dramatizes *affective bias*—emotion overriding logic. *Sītā*'s desire, *Rāma*'s empathy, and *Lakṣmaṇa*'s guilt form a chain of *cognitive distortion* that modern psychology terms *decision fatigue* and *moral dissonance*. *Maareecha*'s transformation embodies *moral disengagement*—acting against conscience to reduce inner conflict. Albert Bandura's on *Moral Disengagement* notes that individuals justify unethical acts by diffusing responsibility—precisely *Maareecha*'s stance.

Thus, the golden deer offers an early behavioral model: illusion arises when emotional stimulus overpowers reflective awareness.

4.3 Family — Emotional Coercion and Communication Ethics

This episode shows how, within a family, communication breakdown and emotional manipulation occur. *Sītā*'s suspicion of *Lakṣmaṇa*'s motives was prompted by fear and isolation. This shows how trust can collapse under stress. Family-systems theory (Bowen, 1978) emphasizes that unregulated emotion within close relationships leads to reactive decisions. *Lakṣmaṇa*'s obedience despite moral doubt portrays the tension between duty (*seva*) and self-assertion.

In Purushārtha terms, the family must balance Kāma (affection) with Dharma (mutual respect). The lesson remains clear: harmony survives only where emotion is communicated through ethical clarity, not suspicion.

4.4 Governance — Ethics, Illusion, and Power

Governance represents the sphere of this moral sequence. *Rāma*'s empathy, *Rāvaṇa*'s manipulation, and *Maareecha*'s fear together reveal how *systems decay when power, morality, and fear coexist without accountability.*

The Second Administrative Reforms Commission (2007), in its Fourth Report on Ethics in Governance, warns that ethical decline begins when personal emotion. Further, discretionary power overrides institutional discipline and accountability. The Commission emphasizes that legislation and procedural rules alone cannot create integrity. Ethics must be internalized as a cultural value within governance. It advocates promoting a sustained "culture of integrity" through comprehensive institutional mechanisms. Some of the mechanisms suggested are strengthening vigilance and disciplinary frameworks, ensuring timely investigation of violations, and enforcing sanctions without delay. By combining ethical parameters with a

suitable enforcement process, administrative systems can restore public trust and prevent the moral decay that results when emotion, bias, or personal gain supplants duty.

Just as illusion deceived righteous *Rāma*, misinformation and populist spectacle distort modern governance. The remedy, both ancient and modern, lies in *Dharma-yukta Artha*—policy grounded in ethical truth rather than expedient desire. *Kautilya*'s principle that "the root of wealth is righteousness" thus aligns with Justice *Rāma* Jois's assertion in *Dharma: The Global Ethic* that *Dharma* alone sustains moral order in public life.

4.5 The *Purushārtha* Equilibrium: Conceptual and Practical Framework

- **Analysis of Concepts**

In Indian philosophy, the Purushārtha framework, which is made up of *Dharma, Artha, Kāma* , and *Mokṣa*, is the moral framework for both individual and social order. Every objective in life operates as a moral subsystem, interconnected with the others. *Dharma* (righteousness) controls behavior, *Artha* (material prosperity) keeps things stable, *Kāma* (emotional fulfillment) keeps people motivated, and *Mokṣa* (liberation or reflective knowledge) provides ultimate balance.

In a perfect balance, *Dharma* controls both *Artha* and *Kāma* , and *Mokṣa* serves as a moral compass, making sure that actions and desires are good for both the individual and the society. This model does not support either ascetic retreat or material excess. Instead, it supports a dynamic ethical balance:

- Dharma without Artha leads to moral idealism without capability,
- Artha without Dharma degenerates into greed,
- Kāma without discipline becomes indulgence, and
- Mokṣa without engagement lapses into detachment devoid of responsibility.

Purushārtha equilibrium, then, is a process of constant moral calibration that harmonizes human aim with universal order (ṛta) rather than a static condition. In various domains, the state, business, family, and individual all serve as manifestations of this equilibrium**.**

- **Practical Interpretation**

The Purushārtha principle is translated into a multifaceted governance model that incorporates ethics, performance, emotion, and purpose in modern life.

Finance: *Dharma* corresponds to ethical regulation and transparency. *Artha* to profitability and efficiency. *Kāma* to consumer satisfaction and aspiration. *Mokṣa* to sustainability and long-term societal value. A balanced financial system thus ensures profit guided by purpose.

Psychology: *Dharma* becomes conscience. *Artha* becomes cognitive control. *Kāma* is emotional vitality. *Mokṣa* is self-awareness. When emotion and reason work in tandem rather than against one another, it will result in psychological.

Family and Society: *Dharma* is mutual trust. *Artha* is shared responsibility. *Kāma* is affection. *Mokṣa* is harmony. The main reasons for the breakdown of the relationship are the collapse of trust (*Dharma*) or excessive importance on material status (*Artha*).

Governance and Leadership: *Dharma* ensures integrity. *Artha* drives capability. *Kāma* gives rise to social motivation. and *Mokṣa* ensures vision. Institutions sustain when they embed moral accountability into their structures—balancing ambition with restraint.

The *Purushārtha* framework integrates moral, material, emotional, and spiritual dimensions into a single range of ethical balance. Table 1 outlines how each *Purushārtha—Dharma*, *Artha*, *Kāma*, and *Mokṣa* translates into areas such as today's finance, psychology, family, and governance. Collectively, they demonstrate how equilibrium (*Samatā*) can be achieved between righteousness, prosperity, desire, and introspection, which forms the basis of moral leadership and long-term decision-making. This applies to both individual and institutional life.

Table 1 The *Purushārtha* Equilibrium Across Modern Systems - *Mapping the four classical aims of life (Dharma, Artha, Kāma , Mokṣa) to ethical, cognitive, relational, and institutional dimensions of modern society*

Purushārtha Principle	Finance	Psychology	Family	Governance
Dharma (Righteousness)	Ethical compliance, transparency, fair practice	Moral conscience, cognitive balance	Mutual trust and fairness	Integrity, rule of law, accountability
Artha (Wealth/Capability)	Economic growth, resource optimization	Cognitive discipline, self-control	Shared responsibility	Administrative competence, institutional efficiency
Kāma (Desire/Emotion)	Market aspiration, innovation, motivation	Emotional vitality, creative impulse	Affection, empathy	Public welfare motivation, social inclusion
Mokṣa (Liberation/Reflection)	Sustainable finance, long-term value creation	Self-awareness, detachment from bias	Harmony, forgiveness	Visionary leadership, detachment from personal gain

- Ibid/246(ii)

But the Adi-kavi Balmiki, like his contemporaries and in contrast to Tulsidas of medieval India, feels no such compunctions to delineate the body beautiful, even in the most sombre of situations. One instance is when, on Sita's disappearance from the *parnkuti*, a broken-hearted Ram recalls her charming form (Balmiki Ramayan/Aranyakand/Canto 62(iv) and Canto 63(viii)). Another is when, threatened by Ravan's horrid rakshasis, Sita breaks into tears and drenches her bosom (ibid/Canto 65 (vii)).

6. Man-God or God-Man

Ramayana's qualities of spontaneity and contemporaneity arise out of Valmiki's intent to present himself as on speaking terms with Ram. The poet himself appears as an important character in the Uttarkand and Balkand as well. Tulsidas, in comparison, remains an ardent devotee of Lord Ram throughout Ramcharitmanas—adoring, yet distant, as someone who could not fathom his idol.

James George Frazer, a Western thinker, gives us a clue as to the difference between Valmiki's Raja Ram and Tulsidas' Bhagwan Ram—

"The notion of man-god, or of a human being endowed with divine power or supernatural powers, belongs essentially to that earlier period of religious history in which gods and men are still viewed as beings of much the same order, and before they are divided by the impassable gulf, which, to later thought, opens out between them. Strange, therefore, it may seem to us, the idea of a god incarnate in human form, but it has nothing very startling for early man, who sees in a man-god or a god-man only a higher degree of the same supernatural powers which he himself arrogates in perfect faith to himself."
The Golden Bough, 111

7. Conclusion

Ramayana is reputed to be one of the key literary creations of ancient India. Ramacharitamanas is its retelling, and a vastly varying retelling at that. Tulsidas does pay his debt to *"kavishwar"* Valmiki in sholka 4 of the invocation to Balkand. Then, he hastens in shloka 7 to add that apart from what is described in the Ramayana, he borrowed from *"nanapurannigmagam sammatm yd..."* diverse Puranas, the Vedas, the tantra that agrees with the scriptures, and elsewhere as well. That had to be. The two epics were written in different milieus. In Ramayana we observe a down-to-earth approach in Shri Ram's characterization. In Ramacharitamanas, on the other hand, an epic of the Bhakti Movement, Shri Rama stays as Bhagwan all through his trials and triumphs.

Be that as it may, *Ramkatha* is a timeless tale that gives everyone something or other beyond the mundane to cherish and look up to. To the devout, it brings the glory of God on Earth; and to the worldly, it teaches what it takes to live up to one's commitment—be it Sita's unflinching fidelity to her husband, Shri Rama's filial piety to honor his father's word, Bharata's fraternal obligation to maintain the status quo with an older sibling, or even the villainous Ravana's firm resolve not to go against captive Sita's will. Maharishi Valmiki in his Ramayana and Sant Tulsidas in his Ramacharitamanas have narrated the *Ramkatha* in their own ways, yet they have distorted neither its inherent charm nor its profundity.

And to me, the *Ramkatha* leaves a special message, the message of the human condition. One may be as high as Raja Ram himself—an incarnation of Lord Vishnu—yet one is not exempt from human destiny. With unwavering adherence to moral values and fortitude, we all have to face adversity at one or the other point of our lives.

---

[i] valmiki.iitk.ac.in.introduction

[ii] The Valmiki Ramayana, p.3 (Gita Press, Gorakhpur)

[iii] Ibid, 1.1.1-18

[iv] Ibid, 7.110.12

[v] pp. 16-17, Ramacharitamanas, 18th ed., Gita Press, Gorakhpur

[vi] Ramayana, 6.114.29-35

[vii] Ibid, 2, 314(4).

[viii] Ramayana, 7.93.11&14-16

Hanumana: The Icon of Selfless Service and Commitment



Ravindra Nath Misra
Physical Research Laboratory, Ahmedabad, India
(rn07_misra@yahoo.com)

The Ramayana revolves around the saga of legendary Rama. The entry of Hanumana takes place in the second half of the epic. The whole epic has a profound impact of the actions of Hanumana , wherein he has showed us a high order of commitment, and selfless devotion to the assigned responsibilities. The same came up to be an example for the generations to come. An attempt has been made here, to throw some light on the life of legendary Hanumana, especially keeping the anthropological considerations in mind.

1. Introduction

The story of Ramayana is well documented in the form of two epics, namely the Ramayana by Valmiki, written in Sanskrit, and Ramacharita Manas by Goswami Tulasidas in Hindi. Apart from these two famous literary works, there are quite a few versions of the story line in different languages as well. The story depicts various episodes in the life of Rama, the eldest son of king Dasharatha of Ayodhya. The second half of the epic, pertaining to the events faced by Rama, towards the fag end of his exile, has a major twist in the events. The entry of Hanumana, in the life of Rama, has given a new dimension to the epic. Hanumana had reportedly, met Rama and Laxmana , near the mountains of Rishyamook, at Kishkindha, near the present day Hampi, in Karnataka. Thereafter the events took a turn to fast mode, and Hanumana became the key person of the epic. Hanumana was a member of the human tribe, who lived in the forests and caves. These people, therefore, got addressed as Vaanara, meaning the humans living in the jungle. This may be compared to the word Vaanaprastha, which means spending later part of one's life, in a forest. It needs to be understood, that Hanumana and his clan, is quite often clubbed with monkeys and apes, which appears to fundamentally wrong. It would be worthwhile to look into the lifestyle of Hanumana and members of his family, along with the then environment. This would be apart from his expedition to Lanka and other roles in the war.

2. Family of Hanumana

It is said that Hanumana was son of Kesari and his mother's name was Anjani. It is commonly understood that Hanumana is also addressed as pawanputra or son of wind. Hanumana is also sometimes called as sankar suvana. Before drawing any conclusions, we have to keep in mind that we are talking about events which unfolded around 10,000 years before present. The human society was very different at that point of time. Homo sapiens had arrived on the scene long ago and the older inhabitants would have been, possibly Homo erectus. It has been postulated that various humans mixed with each other to maintain the population. The absolute numbers of Homo erectus could have been on the decline, more or less, close to extinction. They might have been facing fertility issues and therefore having male partners from the Homo sapiens as well as others, was possibly envisaged. That is how the term sankara suvana might have been coined. Other terms were used as well to hide the identity of the biological father. These steps were essential to help human race survive the extinction. The word Sankara, has been used in Sanskrit language for a person of mixed parentage, as mentioned in various puranas. Therefore, Hanumana could have been the offspring of parents belonging to two different groups. The child had been named as Hanumana for characteristic double chin. Therefore, Kesari might have been, foster father of the legendary Hanumana. An entire group of persons, collectively called Hanumana, would have been bestowed with very high level of intelligence with well-built body. Possibly they were not in a position to reproduce on account of some biological reasons.




Fig 1. Conceptual Tree Diagram of Lineage of Humans in Ramayana Era

Human mixing of this kind could have continued for millennia. That means that one could see Hanumana over different time frames. The Hanumana of Ramayana fame, however, had been unique to his era. That explains the presence of Hanumana in the childhood of Rama. Some people say Tulasidas had also seen Hanumana, who could have been some other

member of Hanumana clan. A conceptual tree diagram of the lineage of the human population, living in the Indian peninsula, during the Ramayana era, has been given in Fig.1. The details therein are broadly based upon descriptions in Ramayana and Ramacharita Manas .

It would be worthwhile to note that, the tail often imagined to be part of anatomy of Hanumana, might not have existed at all. They could have used a rope normally tied around their waist, for use during the activities in the forest. The word Mekhala, or a waist band, could be the more appropriate description for this attachment.

3. The Population in Indian Peninsula and Hanumana Clan

It has been reported that the some of the tribes from central India moved northward to the present day eastern Uttar Pradesh (UP) and Bihar. The movement occurred over millennia and would have been the result of warming of Earth, which rendered the northern plains more comfortable. It may also be argued, that quite a few members of clan of Hanumana, moved northward, after permanent shift of Hanumana to the palace of Ayodhya. The members of the tribe had been living in the deep forests as well as caves, and therefore, well adapted to the forest environment. The newly arrived population also preferred to settle in the forests of the new areas, and utilized their skills related to forest produce. They resorted to exchange of forest produce to population in the nearby towns, for livelihood.

The people settled in the forests of east UP, were called as Vanamanus or forest man in the local parlance. This term comes closest to the Vaanara as referred to in the Ramayana. The migrants took profession of making dinner plated from large leafs collected from forests around them. About a century ago, they took the profession of palanquin bearers, as the traditional palanquin bearers, known as Mahara or Kahar, had started abandoning this job. Travel by palanquin had already started to dwindle, with the rise in usage of mechanized transport. The Vanamanus of east UP, slowly got assimilated with the local population.

It appears that some of the groups which went to Bihar, mastered the skills related to the eradication of rat population, infesting the agricultural lands. They developed expertise in rat hunting, thereby getting addressed as Musahar, a title derived from the word Moos, meaning a rat in local language. This population group has become native and is thriving in Bihar. However, the word rat hunter evokes the concept of violence to animals, and thus abhorred. Little we realist that Rama was invited by Vishwamitra to his place, north Bihar of today, to hunt wild animals, who destroyed crops.

4. Hanumana: Episodes in Life

It is said that Hanumana felt very hungry after his own birth. He asked his mother Anjani for something to eat, but she rebuked him and showed him the Sun to eat. Hanumana swallowed the Sun and there was darkness everywhere. This episode points towards occurrence of a Solar eclipse at the time of birth of Hanumana. It is worth noting that the periodicity of occurrence of Solar eclipse at any place or region on Earth, is about every eighteen years. It has been described by Valmiki as the Aditya Hridaya Stotra, wherein Sage Agastya asks Rama to pray for the Sun God, so that it reappears. This indicates about occurrence of another solar eclipse, during the war between Rama and Ravana. Since Lanka and Kishkindha are at, more or less, the same longitude, occurrence of another solar eclipse should take place18 years after birth of Hanumana.. At the age of 18 years of age, Hanumana was grown enough to take part in a war.

Temperature of the surroundings during the Ramayana period could have been six degrees lower than today. This implies that even small hills could have had snow on the top. Thus the word Himalaya might have been used as a general term for any snowcapped peak. Hanumana, therefore, may have collected sanjeevani from any nearby, snow covered peak. Sea surface also could have been lower by about 10 metres as compared to the present. This means that there could have been a chain of small islands, in shallow sea bed, between Lanka and India, which facilitated filling by tree branches and stones to create a bund. Hanumana went on the espionage trip to Lanka, fathoming the sea infested with man-eating sea creatures. The name Surasa, probably refers to a large animal, dragon like creature or reptile. Hanumana could come out of clutches and jaws of a large animal of the sea and proceed further undeterred. He also might have traveled on foot during part of the journey. There might have been canals all around the fort at Lanka, which were linked to the sea.

5. Conclusion

Hanumana had been a general term used for a group of persons, bearing a double chin or typical chin. They were possibly offspring of mixed human parentage, and accordingly, need to be treated as a human being. The terms like monkey God or ape for the legendary Hanumana, is therefore, inappropriate. Hanumana has nothing to do with monkeys and apes for that matter. Hanumana of Ramayana era had been an intelligent, soft spoken and strong personality worthy of admiration. He is considered as an example of commitment and devotion. The descendants of Sugriva, most likely migrated northward during the Ramayana period, and even afterwards. Present day Vanamanus and Musahar, could be the descendants of the same people.

6. References

1. Misra , R.N. (2023) Ancient humans of Indian Sub-continent, Indian Journal of Anthropological Research, Vol 2, No. 2 , September 2023, pp 99-108

2. Homo erectus lived recently enough that it may have met Denisovans, (2019), New Scientist , December18 https://www.newscientist.com/article/2228015-homo-erectus-lived-recently-enough-that-it-may-have-met-denisovans/#ixzz6W11K5Ka8
3. Misra , R.N. (2021), Humans and Events in Ancient India, Indian Journal of History and Archaeology, 2(5), 31-42.
4. Yong, E. (2011) .Our Hybrid Origins,New Scientist, (2823), 35-38., www.newscientist.com/article/mg21128231-50-patchwork-people-our-hybrid-origins/
5. Chaubey, G., Kadian,A.,Bala,S.,and Raghavendra Rao , V.(2015),Genetic Affinity of the Bhil, Kol and Gond Mentioned in Epic Ramayana, PLOSONE , https://www,doi.org/10.1371/journal.pone.0127655
6. Misra , R.N. (2024) , Hindu and Brahmin , Skylines of Anthropology, Vol.4 No. 2 2024, pp 107-112
7. Dr. Rangan Ramakrishnan , " The Ramayana of Valmiki" (Book)

चंचल मन का सदुपयोग: रामचरितमानस के अभिमत का अनुसंधान



आशुतोष कुमार
(ashutoshkumar1969@gmail.com)

मानव जीवन का मूल केंद्र मन है - वही सोचता, अनुभव करता, निर्णय लेता और साधना की दिशा निर्धारित करता है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने मन को न केवल धर्म और अध्यात्म की दृष्टि से समझाया है, बल्कि उसके नियंत्रण (मनोनिग्रह) और सदुपयोग की व्यावहारिक प्रक्रिया भी दी है। उन्होंने मन को न तो पूर्णतः शत्रु माना, न ही केवल वश में करने योग्य दमनशील तत्व; बल्कि उसे ईश्वर-प्राप्ति का उपकरण बताया। रामकथा में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और हनुमान जैसे पात्रों के माध्यम से मन की विविध अवस्थाओं का चित्रण हुआ है — संयमित, प्रेरित, भक्ति-परक और चंचल मन का परिवर्तन। तुलसीदास जी के अनुसार चंचल मन यदि इंद्रिय-सुख की ओर प्रवाहित हो तो बंधन बन जाता है, और यदि भगवान की ओर प्रवाहित हो तो मुक्ति का साधन। इस शोध निबंध में तुलसीदास के मानस-दर्शन से मनोनिग्रह की अवधारणा का अध्ययन किया गया है। उद्देश्य है यह दिखाना कि रामचरितमानस न केवल भक्ति का ग्रंथ है, बल्कि यह मानसिक अनुशासन और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का भी अद्भुत मार्गदर्शक है।

1. प्रस्तावना

भारतीय दर्शन में मन को ब्रह्माण्ड और जीव के मध्य स्थित सेतु कहा गया है। *कठोपनिषद्* कहता है — "मनः प्रबुद्धं न प्रमाद्यते।" अर्थात जाग्रत मन ही मनुष्य को जीवन में दिशा देता है। इसी परंपरा में तुलसीदास का *रामचरितमानस* मन की शक्ति और उसकी साधना का सबसे सहज, लोकगम्य एवं भक्तिपूर्ण चित्र प्रस्तुत करता है। मानस में मन कोई दार्शनिक अवधारणा मात्र नहीं, बल्कि जीवन का व्यवहारिक साधन है। तुलसीदास इसे *दुर्बल नहीं, बल्कि समर्थ साधन* के रूप में चित्रित करते हैं। "मन के जीते जीत है, मन के हारे हार।" यह पंक्ति बताती है कि संपूर्ण संघर्ष — चाहे लौकिक हो या आध्यात्मिक — मन की विजय या पराजय पर निर्भर है। सुंदरकांड के अंतिम छंद में तुलसीदास जी कहते हैं —

"सुख भवन संशय शमन, दमन विषाद रघुपति गुन गाना।
तजि सकत आस भरोस गावहि सुनहि संतत सठ मना।।"

फिर उत्तरकांड के दोहा संख्या 130 *के पहले, छंद में कहते हैं*

"पाई न केहिं गति पतित पावन राम भजि सुनु सठ मना।
गनिका अजामिल ब्याध गीध गजादि खल तारे घना।।"

यहाँ तुलसी मन को "सठ य *शठ*" कहकर संबोधित करते हैं - क्योंकि वह विषयों में दौड़ता है, संशय करता है और विषाद में डूबता है। *मन को शठ कहने का भाव यह है कि बार-बार उद्देश करने पर भी यह अपनी मूढ़ता नहीं छोड़ता है।* किन्तु वही मन जब रघुपति (राम) के गुणों का गान करता है, तब वही सुख का भवन, संशय का शमन और विषाद का दमन बन जाता है इसका तात्पर्य यह है कि मन का दमन नहीं, बल्कि दिशा-परिवर्तन ही उपाय है , यहाँ 'सठ मन' को आदेश है कि वह अपनी ऊर्जा - जो सामान्यतः ममता, राग-द्वेष और संशय में व्यर्थ जाती है — उसे श्रीराम के गुणगान में लगाकर 'सुख भवन' अर्थात आनंद का स्रोत बनाए। तुलसीदास जी कहते हैं - रे मुर्ख मन! सुनो, पतितों को भी पावन करने वाले श्री राम को भजकर किसने परम गति नहीं पाई। रामचरितमानस में तुलसीदास मन के परिष्कार की प्रक्रिया को *भक्ति, नाम-स्मरण और संत-संग* के रूप में प्रस्तुत करते हैं। वे कहते हैं -

"जाति हीन अघ जन्म महि मुक्त कीन्हि असि नारि।
महामंद मन सुख चहसि ऐसे प्रभुहि बिसारि।।"

(अरण्य कांड, दोहा 36 दूसरा अर्धाली)

अरे महादुर्बुद्धि मन! तू ऐसे प्रभु को भूलकर सुख चाहता है? इससे पहले तुलसीदास जी कहते हैं **कि "नर बिबिध कर्म अधर्म बहु मत सोकप्रद सब त्यागहू। बिस्वास करि कह दास तुलसी राम पद अनुरागहू।।" अर्थात** अनेक प्रकार के कर्म, अधर्म और बहुत से मत- ये सब शोकप्रद हैं; हे मनुष्यो! इनका त्याग कर दो और विश्वास करके श्री राम जी के चरणों में प्रेम करो। अत: हे मन! ध्यान से सुन — भगवान का भजन सबसे महान है, परन्तु जब तक मन नहीं जुड़ता, तब तक केवल नाम जप या कर्मकाण्ड से कुछ नहीं होता। जो मन और शरीर दोनों से ईश्वर की आराधना करता है,

वही सच्चे धर्म का रस अनुभव करता है। यहाँ मन को साधना का *आधार* बताया गया है — बिना मन के भगवान का स्मरण भी असंभव है। इसलिए, मन को भगवद्भक्ति में लगाना ही उसका सर्वोत्तम उपयोग है।

इस शोध का उद्देश्य यह है कि तुलसीदास जी के द्वारा रचित *रामचरितमानस* में मन की भूमिका और उसके नियंत्रण (मनोनिग्रह) के उपायों का अध्ययन कर यह समझा जाए कि "चंचल मन" का कैसे सदुपयोग किया जा सकता है। साथ ही पतंजलि योगसूत्र के चित्तवृत्ति-निरोध सिद्धांत से तुलसीदास की भक्ति-पद्धति की तुलना कर यह देखा जाए कि भारतीय चिंतन में *मानसिक अनुशासन और आंतरिक शांति* का वास्तविक मार्ग कौन-सा है।

'मन' का वैदिक और मानस परिप्रेक्ष्य

भारतीय दर्शन में *मन* को *अन्तःकरण चतुष्टय* (मन, बुद्धि, अहंकार और चित्त) का एक प्रमुख अंग माना गया है। उपनिषदों ने तथा भगवान श्री कृष्ण ने भगवद्गीता में, मन को *इंद्रियों का राजा* कहा है। **"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।"** अर्थात मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का कारण है इसी वैदिक परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास ने *रामचरितमानस* में मन की भूमिका को अत्यंत सूक्ष्म और व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया है। तुलसीदास के अनुसार मन केवल विचार करने वाला अंग नहीं, बल्कि *जीव की सम्पूर्ण गतिविधियों का केंद्र* है — सोच, भावना, प्रेरणा और संकल्प का आधार। तुलसीदास के अनुसार मन की दो अवस्थाएँ होती हैं —

1. **मलिन या अशांत मन**, जो विषयों में आसक्त होकर दुख का कारण बनता है।
2. **शुद्ध या नियंत्रित मन**, जो भगवान की स्मृति में स्थिर होकर आनंद का कारण बनता है।

मन जब भगवद्-स्मरण में लग जाता है, तो वही मुक्ति का साधन बन जाता है, यहाँ तुलसीदास एक गूढ़ सत्य बताते हैं कि भक्ति या नाम-स्मरण केवल मन के माध्यम से ही संभव है। अर्थात्, मन का दमन नहीं, *मन का रूपांतरण* ही तुलसीदास का लक्ष्य है।

1. मन का दार्शनिक स्वरूप — तुलसीदास जी की दृष्टि में

तुलसीदास जी, मन को केवल मनोवैज्ञानिक अंग नहीं मानते, बल्कि *दैवी चेतना का उपकरण* कहते हैं। वे मन को ईश्वर के साथ जोड़ने का माध्यम मानते हैं। जब मन निःस्वार्थ, निर्मल और निःकाम हो जाता है, तब वह सहज ही ईश्वर के नाम से जुड़ जाता है। तुलसीदास के लिए 'नाम' और 'मन' एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ पतंजलि का योग मन को रोकने का प्रयास करते हैं **"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।"**, वहाँ तुलसीदास जी मन को *प्रेम में प्रवाहित* करते हैं।

2. मन और ममता का संबंध

तुलसीदास जी के अनुसार मन का सबसे बड़ा बंधन *ममता* है। वे कहते हैं —

"ममता तरुन तमी अंधियारी, राग द्वेष उलूक सुखकारी।"

"तब लगि बसत जीव मन माहि, जब लगि प्रभु प्रताप रवि नाहि॥"

(सुंदरकांड दोहा संख्या 46.2)

यहाँ ममता को 'तरुण अंधियारी' कहा गया है — अर्थात् यह अज्ञान का नवयुवक अंधकार है। जब तक मन में यह अंधकार है, तब तक राग-द्वेष नामक उल्लू उसमें सुख पाते हैं। जब ईश्वर का प्रकाश (प्रभु प्रताप रूपी सूर्य) उदित होता है, तब यह अंधकार स्वतः नष्ट हो जाता है। तुलसीदास जी का यह दृष्टिकोण अत्यंत मनोवैज्ञानिक है - वे कहते हैं कि मन को दबाने की नहीं, उसे *प्रकाशित करने की आवश्यकता* है। ज्ञान और भक्ति का प्रकाश जब मन में आता है, तब उसकी सारी विकृतियाँ स्वयं दूर हो जाती हैं।

3. मन, बुद्धि और सत्संग का सामंजस्य

तुलसीदास जी के अनुसार मन को शुद्ध करने का सर्वोत्तम उपाय *संत-संग* और *नाम-स्मरण* है। तुलसीदास जी ने, अयोध्या कांड में जनक जी के मुख से कहलवाया है - *"मन तहँ जहँ रघुबर बैदेही। बिनु मन तन दुख सुख सुधि केही॥"* ***मन तो वहाँ है जहाँ रघुबीर-वैदेही श्री सीताराम जी हैं, बिना मन के शरीर के दुःख-सुख की ख़बर किसको है। अगर मन सीताराम में लगा हो तो मन स्थिर हो जाता है।*** *तुलसीदास जी ने मन को साधने का मार्ग बताया गया है — सत्संग और नामस्मरण*। संत के हृदय में जब मन स्थिर होता है, तब वह स्वयं ईश्वर का निवास बन जाता है। यह स्थिति पतंजलि योग के *समाधि* अवस्था के समान है, परंतु भक्ति के माध्यम से सहज प्राप्त होती है।

4. तुलसीदास जी का मानस-दर्शन

तुलसीदास जी के मानस-दर्शन का मूल तत्व है — *मन ही ईश्वर का द्वार है।* रामचरितमानस केवल कथा नहीं, बल्कि मन की यात्रा का मार्गदर्शन है। चंचल मन जब भक्ति में प्रवाहित होता है, तो वह मुक्ति का साधन बनता है। तुलसीदास जी का सारा दर्शन एक वाक्य में समाहित है —

तुलसी यह तनु खेत है, मन बच कर्म किसान।

पाप-पुण्य द्वै बीज हैं, बवै सो लवै निदान ॥

(वैराग्य संदीपनी दोहा 5)

अर्थात यह शरीर खेत है; मन, वचन और कर्म उसके किसान हैं। पाप और पुण्य दो प्रकार के बीज हैं। जो बोया जाएगा, वही अंत में काटा जाएगा (अर्थात् जैसा कर्म किया जाएगा, वैसा ही फल प्राप्त होगा)। जो व्यक्ति अपने मन को बस में लेता है, वह संसार में जो चाहे सिद्ध कर सकता है।

5. तुलसीदास जी का संदेश : चंचलता का दमन नहीं, दिशा

तुलसीदास जी का दृष्टिकोण *संतुलित मनोविज्ञान* प्रस्तुत करता है। वे कहते हैं कि मन को दबाने से वह शांत नहीं होता, बल्कि *प्रेम और विश्वास की दिशा* देने से उसकी ऊर्जा उपयोगी बन जाती है। उनके शब्द हैं —

"सुख भवन संशय शमन, दमन विषाद रघुपति गुन गाना।"

यह पंक्ति बताती है कि जब मन श्रीराम के गुणों का गान करता है — अर्थात् उच्च और शुद्ध विचारों में रम जाता है — तब वह अपने आप सुख का भवन और संशय का शमन बन जाता है। आधुनिक मनोविज्ञान भी यही कहता है कि *सकारात्मक प्रवृत्तियों का संवर्धन* (*positive redirection of energy)* ही मानसिक स्थिरता का मूल है। इस प्रकार, तुलसीदास जी के 'भक्ति-साधन' आज के *mind training* और *emotional management* का उत्कृष्ट उदाहरण हैं और आत्म-विकास का मार्ग माना गया है। तुलसीदासजी स्वयं मन, वचन और कर्म से उनकी वंदना करते हैं - जिसके मन से तृष्णा और चाह तिल-तिल करके उठ गई है (अर्थात् जरा भी नहीं रही) ।

जाके मन ते उठि गई, तिल-तिल तृषा चाहि।
मनसा वाचा कर्मणा, तुलसी बंदत ताहि॥

(वैराग्य संदीपनी दोहा 26)

5.1 श्रीराम: शुद्धचित्त नेतृत्व और मनोनिग्रह का आदर्श

श्रीराम जी का जीवन स्वयं *नियंत्रित मन* का उदाहरण है। वे न केवल एक आदर्श राजा थे, बल्कि *अविचल मन वाले योगी* भी थे। उनके निर्णय, उनके आचरण और उनकी प्रतिक्रियाएँ हर स्थिति में *विवेक और संयम* पर आधारित हैं। जब उन्हें राजगद्दी मिलने से ठीक पहले वनवास का आदेश मिला, तो यह घटना सामान्य व्यक्ति के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से अत्यंत आघातकारी थी। परंतु श्रीराम ने उस क्षण भी मन को स्थिर रखा।

"प्रसन्नतां या न गताभिषेकतस्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः।"

(अयोध्याकाण्ड मंगलाचरण श्लोक 2)

श्रीराम जी को ना तो राज्याभिषेक की बात सुनकर ना तो प्रसन्नता प्राप्त हुई ना ही वनवास मिलने पर दुख प्राप्त हुआ, वे राज्याभिषेक के प्रति अनासक्त थे। अनासक्ति से, मन संतुलन प्राप्त करता है *(समत्वं योग उच्यते)*, सफलता और असफलता दोनों में शांत रहता है। यह मन का उच्चतम नियंत्रण है — जहाँ परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि *आंतरिक शांति* निर्णय लेती है। श्रीराम का मन न तो क्रोध में डगमगाता है, न मोह में बहता है। वह सदैव *धर्म के केंद्र* में स्थिर रहता है। यही कारण है कि तुलसीदास जी उन्हें *"धीर, गंभीर, शील, सनेही"* कहते हैं। **श्रीराम का नेतृत्व मन के नियंत्रण पर आधारित था।** उन्होंने रावण जैसे महान शत्रु से भी युद्ध किया, परंतु मन में द्वेष नहीं आने दिया। राम का यह व्यवहार *धर्मसम्मत मनोनिग्रह* का आदर्श है, जहाँ निर्णय भावनाओं से नहीं, धर्म और विवेक से संचालित होते हैं।

5.2 लक्ष्मण जी: संयमित क्रोध और निष्ठा का मनोवैज्ञानिक आदर्श

लक्ष्मण जी मन-वचन-कर्म से राम- चरणानुरागी हैं। संसार में जितने भी नाते–स्नेह–सम्बन्ध हैं वे सभी रामसे हैं, लक्ष्मण जी को ऐसा दृढ़ विश्वास है। लेकिन उनका मन अत्यंत तीव्र, प्रतिक्रियाशील और चपल था, वे तुरंत प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति हैं, जब कैकेयी ने श्रीराम को वन भेजने का आदेश दिया, तो लक्ष्मण जी का मन विद्रोह कर उठता है। लक्ष्मण जी के स्वभाव में एक बहुत बड़ी कमी है- वे किसी भी कामकाज बिना सोचे-समझे बहुत जल्दी कर डालते हैं। उनमें थोड़ा अधिक अभिमानशीलता और उग्र निन्दकत्व दृष्टिगोचर होता है। तभी तो वे कहते हैं — *"सहसा करि पाछें पछिताहीं। कबहुँ बेद बुध के बुध नाहीं॥"* अर्थात् वे लक्ष्मण जी थोड़े गर्वशील रहते हैं। प्रायः वह सीमा से अधिक क्रोध जाता है और बहुत बल–चपल–से भरे प्रतीत होते हैं।

इसी तरह धनुष भंग के बाद जब परशुराम जी जनक की सभा में आते हैं और धनुष भंग के बारे में प्रश्न करते हैं तो लक्ष्मण जी बड़ी ही ढिढाई के साथ उन्हें उत्तर देते हैं, दोनों का क्रोध अपनी पराकाष्ठा पर जा पहुँचता है। परंतु जब श्रीराम जी ने उन्हें संयम का उपदेश देते हैं, उनका मन तुरंत शांत हो जाता है। राम जी की छाया में यह चंचलता *अनुशासित ऊर्जा* में बदल जाती है। यहाँ तुलसीदास जी एक गूढ़ मनोविज्ञान प्रस्तुत करते हैं , क्रोध भी मन की एक ऊर्जा है, जिसे यदि धर्म के अनुशासन में रखा जाए, तो वही *कर्तव्य-शक्ति* बन जाता है। वनवास के दौरान लक्ष्मण जी ने अपने क्रोध और वीरता दोनों को *संयमित भक्ति* में रूपांतरित किया। उनका मन *क्रियाशील* था, परंतु पूर्णतः *राम-केंद्रित*। यही चंचल मन का सदुपयोग है — जब तीव्रता *विनाश नहीं, सेवा* में प्रयुक्त होती है

लक्ष्मण जी का चरित्र *संयम और निष्ठा* का प्रतीक है। वनमें भी राम-सीताजी के उसी प्रकार सेवा करते हैं जिस प्रकार अयोध्या में करते थे। जब सीता जी का अपहरण हो जाता है तब सीता-रामके इस निःसंग रूप से विह्वल-मन होकर शोकमग्न रामको वही लक्ष्मण सलाह देकर सांत्वना देते हैं।

5.3 भरत जी: वैराग्य और आत्मसंयम का मनोवैज्ञानिक प्रतीक

भरत जी का मन *चंचलता से वैराग्य की यात्रा* का प्रतिनिधित्व करता है। उनके भीतर राजसत्ता का आकर्षण स्वाभाविक था, परंतु जैसे ही उन्हें ज्ञात हुआ कि श्रीराम वन गए हैं, उनका मन तत्काल *वैराग्य और विनम्रता* में परिवर्तित हो गया। ***"मोहि समान को पाप निवासू। जेहि लगि सीय राम बनबासू।।"***

भरत जी के संवाद में तुलसीदास जी ने मन की अद्भुत स्थिरता का चित्रण किया है, भरत जी कहते हैं कि राजसुख उन्हें प्रिय नहीं, बल्कि भाई राम का प्रेम ही सर्वोच्च है। यह *मनोनिग्रह* का गूढ़ रूप है , जहाँ व्यक्ति अपनी इच्छाओं को दमन नहीं करता, बल्कि *प्रेम और कर्तव्य के माध्यम से रूपांतरित* कर देता है। भरत का मन संयमित और निस्वार्थ है। भरत ने अपने मन को इस प्रकार संयमित किया कि उन्होंने न केवल राजगद्दी ठुकराई, बल्कि श्रीराम की खड़ाऊँ को सिंहासन पर रखकर स्वयं को केवल *प्रतिनिधि* बनाया। उनका मन 'सेवक' बन गया, *सत्ता से विरक्त, पर सेवा में समर्पित।* भरत के जीवन से तुलसीदास यह शिक्षा देते हैं कि चंचल मन का सर्वोत्तम उपयोग *त्याग और सेवा के संतुलन* में है।

5.4 सीता जी: धैर्य और श्रद्धा की मानसिक स्थिरता

सीता जी का मन *श्रद्धा और धैर्य* का प्रतीक है। लंका में कैद रहने के दौरान उनका मन कभी भयभीत नहीं होता। तुलसीदास जी लिखते हैं- **"निज पद नयन दिएँ मन राम पद कमल लीन।"** उनका मन रावण के भय या निराशा में नहीं बहता, बल्कि भगवान की स्मृति में स्थिर रहता है। यह *धर्मसम्मत मनोनिग्रह* का स्त्री रूप है, जहाँ भक्ति, धैर्य और प्रेम एकाकार हैं। सीता जी के माध्यम से तुलसीदास जी यह दिखाते हैं कि चंचलता केवल पुरुष-मन का गुण नहीं, बल्कि स्त्रियों के भीतर भी दृढ़ स्थिरता और आत्मबल विद्यमान है।

5.5 हनुमान जी: चंचल मन से अचल भक्ति तक

हनुमान जी का चरित्र रामचरितमानस में *चंचल मन के सकारात्मक रूपांतरण* का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। उनका मन अत्यंत ऊर्जावान, तेजस्वी और गति-संपन्न है - परंतु वह पूरी तरह *राम में निमग्न* है। हनुमान जी का मन, जो सामान्यतः क्रोध में उग्र हो सकता था, प्रभुचिंतन के कारण संयमित हो गया। हनुमान जी की मानसिक शक्ति का रहस्य यह है कि उन्होंने मन को भटकने नहीं दिया, बल्कि उसे एक लक्ष्य - *रामकाज* - में केंद्रित कर दिया।

"राम काज कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम।"

(सुन्दरकाण्ड दोहा 1 पहला अर्धाली*)*

हनुमान जी का यह वाक्य बताता है कि जब मन को ईश्वर के कार्य में लगा दिया जाता है, तो वह *निष्क्रिय नहीं, परन्तु अनुशासित सक्रियता* प्राप्त करता है। यह आधुनिक *transformational leadership* और *self-regulation* की अवधारणा से मिलता-जुलता है। जहाँ व्यक्ति अपने कार्य में 'अहं' नहीं, बल्कि 'कर्तव्य' देखता है। **"राम काज करिबे को आतुर।"** उनका मन एकाग्र, समर्पित और प्रेरित था। जब वे लंका में सीता की खोज कर रहे थे, तब उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मन को डगमगाने नहीं दिया। जब सीता माता ने उन्हें प्रश्न किया कि "तुम कौन हो?", हनुमान ने उत्तर दिया —

"राम दूत मैं मातु जानकी। सत्य सपथ करुनानिधान की।।"

यहाँ उनका मन पूर्ण *अहंकारशून्य* है — यह मनोविज्ञान का चरम उदाहरण है कि सेवा में समर्पित मन *स्वत्व* का त्याग कर देता है। हनुमान का मन *प्रेरित चंचलता* का प्रतीक है , जहाँ गति है, पर व्यर्थता नहीं; उत्साह है, पर अहंकार नहीं; कर्म है, पर फल की आकांक्षा नहीं। हनुमान चंचलता के प्रतीक हैं — किंतु यह चंचलता *विनाशकारी नहीं, रचनात्मक* है। उनकी गतिशीलता पूरी तरह श्रीराम के आदेश के अधीन है।

5.6 विभीषण जी – मनोनिग्रह और साधकत्व का आदर्श

विभीषण जी रामचरितमानस में उस साधक का प्रतीक हैं जिसने राक्षसी कुल में जन्म लेकर भी अपने मन को सत्पथ पर स्थिर रखा। उनके चारों ओर अधर्म, अहंकार और भोग की अंधी लहर थी, किन्तु विभीषण जी का मन विवेकमय और संयमित बना रहा। जब वे कहते हैं — *"सुनहु पवनसुत रहनि हमारी, जिमि दसनन्हि महुँ जीभ बिचारी",* तो वे अपने जीवन का रहस्य खोलते हैं। जैसे दाँतों के बीच रहते हुए भी जीभ को संयम से रहना पड़ता है, वैसे ही वे राक्षसों के बीच रहते हुए भी अपने मन को धर्मनिष्ठ बनाए रखते हैं। यह मनोनिग्रह की चरम अवस्था है — जब बाह्य परिस्थितियाँ प्रतिकूल हों, फिर भी भीतर की चेतना विचलित न हो।

उनका हृदय राम-भक्ति में एकाग्र था — *"ते पद आज बिलोकिहऊ इन्ह नयनन्हि अब जाइ"* — यह केवल भक्ति नहीं, मन का परम लक्ष्य है। विभीषण का मन 'राम' में विश्राम चाहता था — *"तब लगि कुशल न जीव कहुं, सपनेहुं मन विश्राम"*। जब तक मन ईश्वर में स्थिर न हो, तब तक न सुख है, न शांति। विभीषण जी ने वासनाओं और आसक्तियों से मुक्त होकर अपने अंतःकरण को रामनाम में एकाग्र किया, यही उनका मनोनिग्रह है। उन्होंने सिद्ध किया कि सच्चा संयम बाह्य त्याग से नहीं, बल्कि भीतर के नियंत्रण से उपजता है। इस प्रकार विभीषण मन की विजय के उस आदर्श रूप का प्रतिपादन करते हैं जो पतंजलि योगसूत्र के "चित्तवृत्ति निरोधः" सिद्धांत का मूर्त रूप है।

6. मन के कार्य

मनुष्य शरीर में मन ही है जहां सारी भावनाएं उत्पन्न होती हैं। सुन्दरकाण्ड में विभिन्न स्थानो पर मन के कार्यों को उधृत किया गया है, उदाहरण के लिए

- मन में विचार किया जाता है- *पुर रखवारे देखि बहु कपि मन कीन्ह बिचार।, सीता मन बिचार कर नाना।, कपि मन कीन्ह बिचार।, एहि बिधि मन बिचार कर राजा।, देखेउँ करि बिचार मन माहीं।*
- मन में तर्क किया जाता है- मन महुँ तरक करै कपि लागा।
- मन में ही सुख- दुःख के भाव उत्पन्न होते हैं- जौं तुम्ह सुख मानहु मन माहीं।
- मन में विश्वास होता है- सीता मन भरोस तब भयऊ।
- मन में आश्चर्य होता है- फिरि बैंठीं मन बिसमय भयऊ।
- मन में संतोष होता हैं- मन संतोष सुनत कपि बानी।
- मन को प्रसन्नता होती है- सुनत कृपानिधि मन अति भाए।, यह मत लछिमन के मन भावा।
- मन में इच्छाएँ उत्पन्न होती हैं- करत मनोरथ बहु मन माहीं।
- मन को एकाग्र किया जा सकता है- सावधान मन करि पुनि संकर।
- मन में धैर्य धारण किया जा सकता है- मन धरि धीर कही मृदु बाता।

7. धर्मसम्मत मनोनिग्रह : तुलसीदास जी की दृष्टि से विश्लेषण

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि तुलसीदास जी के अनुसार मन का नियंत्रण किसी दमनात्मक प्रक्रिया से नहीं होता, बल्कि *धर्म-संवेदना, प्रेम और समर्पण* के माध्यम से होता है। श्रीराम जी, लक्ष्मण जी, भरत जी, सीता जी, और हनुमान जी ने किस तरह मन को नियंत्रित किया, ये दर्शाने की कोशिश की गई है

- **श्रीराम जी** – विवेक और नीति से मन का संयम।
- **लक्ष्मण जी** – क्रोध की ऊर्जा का धर्म में उपयोग।
- **भरत जी** – वैराग्य और त्याग से मन का रूपांतरण।
- **सीता जी** – श्रद्धा और धैर्य से मानसिक स्थिरता।
- **हनुमान जी** – चपलता को सेवा में परिवर्तित करना।
- **विभीषण जी** – संयमित जीवन और राम-भक्ति में एकाग्रता।

इन सबके माध्यम से तुलसीदास जी यह संदेश देते हैं कि चंचल मन का *सदुपयोग तभी संभव है जब वह आत्मकेंद्रित न होकर ईश्वर-केंद्रित* हो। तुलसीदास जी के मानस-दर्शन का एक मौलिक विचार यह है कि चंचलता स्वयं में दोष नहीं है। यह एक प्राकृतिक शक्ति है, जो यदि भोग की ओर मुड़ जाए तो बंधन बनती है, और यदि भक्ति की ओर मुड़ जाए तो मुक्ति बनती है।

"ममता तरुन तमी अंधियारी, राग द्वेष उलूक सुखकारी।"

"तब लगि बसत जीव मन माहि, जब लगि प्रभु प्रताप रवि नाहि।"

यह दर्शाता है कि मन का परिष्कार प्रकाश से होता है, दमन से नहीं। ईश्वर का स्मरण, नाम और भक्ति उस प्रकाश के समान हैं जो अंधकार को स्वतः मिटा देता है।

2. निष्कर्ष और आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता

मन का नियंत्रण केवल आध्यात्मिक विषय नहीं है; यह *जीवन प्रबंधन का केंद्रबिंदु* है। तुलसीदास जी और महर्षि पतंजलि दोनों ने जिस मनोनिग्रह की चर्चा की, वह आज के युग में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना त्रेतायुग या द्वापर में था। आज का मनुष्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और भौतिक सुख-सुविधाओं में तो उन्नत हुआ है, परंतु उसका मन *अधिक चंचल, अस्थिर और तनावग्रस्त* हो गया है। "रामचरितमानस" में तुलसीदास जी ने इस चंचल मन के लिए जो भक्ति-आधारित साधन दिए, वे आधुनिक मानसिक स्वास्थ्य और प्रबंधन के दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी हैं।

आज का समाज *सूचना के भार, आकांक्षाओं की अति, और आत्मकेंद्रित जीवनशैली* से ग्रस्त है। लोग बाह्य नियंत्रण में सफल हैं, पर आंतरिक नियंत्रण (self-control) में असफल। इसीलिए चिंता, अवसाद, और अस्थिरता बढ़ रही है। तुलसीदास जी के उपाय **नामस्मरण (जप)**, **कथा श्रवण (ध्यान)**, **संत संग (सामाजिक सहयोग)**, *और* **सेवा (करुणा का अभ्यास) -** ये सभी आधुनिक *Mental Wellness Practices* से मेल खाते हैं। आज के मनुष्य को यही सीखने की आवश्यकता है कि *मन को दबाना नहीं, दिशा देना* ही सच्चा नियंत्रण है। "मन *को* नियंत्रित किया जा सकता है,अपने भीतर के प्रभु से जोड़कर।" यह भारतीय चिंतन का अनूठा सूत्र है। यही कारण है कि *रामचरितमानस* आज भी मानसिक स्वास्थ्य, जीवन प्रबंधन और नेतृत्व के मार्गदर्शक हैं।

3. संदर्भ सूची

1. गोस्वामी तुलसीदास - *श्रीरामचरितमानस*, गीता प्रेस, गोरखपुर।
2. तुलसीदास कृत *वैराग्य संदीपनी*, गीता प्रेस, गोरखपुर
3. Mastering the Mind, The Sanatan Way to Success- Dr. Ashutosh Kumar; Published by HSRA Publications, BangloreISBN: 978-93-6850-915-8

From Brahmacharya to Birth: Hanuman, Makardhwaja and the Ethics of Resource Regeneration in Sustainable Development



Sayali Kare
MIT-ADT University, Pune.
(sayalikare35@gmail.com)

This paper explores the lesser known narrative of Makardhwaja's birth from Hanuman's sweat as an allegory of ecological regeneration and ethical restraint. Hanuman's brahmacharya signifies disciplined energy management, while Makardhwaja's oceanic origin reflects circularity within natural systems. Through Sanskrit lexical analysis and sustainability mapping aligned with the UN SDGs, the study reinterprets mythological symbolism as a framework for responsible consumption and ecological ethics. By bridging ancient wisdom with contemporary environmental philosophy, it positions mythology as a transformative model for sustainable human development.

1. Introduction

In mythology, Lord Hanuman is notable for his celibacy, strength and devotion, while Makardhwaja receives very little attention in scholarly circles. A profound feeling of ecological circularity is captured in the tale of Makardhwaja's birth, when Hanuman's perspiration ended up in a Makara's mouth. Hanuman's dedication to brahmacharya embodies the ideals of sustainable resource use and goes beyond simple self-discipline. Makardhwaja's arrival illustrates the interdependence of all elements in an ecosystem and natural regeneration. This research offers new perspectives and practical implications by analyzing these mythical tales under the prism of contemporary sustainability.

2. Objectives

1. Analyze Hanuman's brahmacharya as a model of ethical and resource-conscious behavior.
2. Interpret Makardhwaja's birth as a paradigm of ecological regeneration and circularity.
3. Link these insights to modern sustainability principles and SDGs.
4. Highlight the originality of this study in the context of mythology-informed sustainability research.

3. Methodology

- Textual Analysis: Ramcharitmanas (Sundar Kāṇḍa), Ananda Ramayana (Uttara Kanda), and regional folk Ramayana adaptations mentioning Makardhwaja.
- Lexical Analysis: Key Sanskrit terms: brahmacharya, dharma, makara, jala, dhwaj.
- Sources: Monier-Williams (1899), Apte (1965)
- Philosophical Interpretation: Ethical and ecological principles within Indian Knowledge Systems.
- Sustainability Mapping: Alignment with UN SDGs 12, 14, 15 to interpret mythological symbolism in a modern ecological context.

4. Hanuman's Brahmacharya - Ethical and Sustainable Restraint

ब्रह्मचर्यम् परिभाषा :

"ब्रह्मचर्यशब्देन इन्द्रियसंयमसौमनस्यप्रभृतयो ब्रह्मज्ञानानुगुणा गृह्यन्ते ।" (Char. Samh. 11.35, chakra)

brahmacaryaśabdena indriyasaṁyamasaumanasyaprabhṛtayo brahmajñānānuguṇā gṛhyante|
Meaning: By the word Brahmacharya, control over all organs (indriyas) and satisfaction or piece of mindlike tendencies which are favorable for attaining brahmajnana are understood.

"ब्रह्मचर्यं स्त्रीसेवानिवृत्तिः।" (Dalhana commentary on Sush. Samh. 20.6)

brahmacaryaṁ strīsevānivṛttiḥ|
Meaning: Brahmacharya means sexual abstinence.
Hanuman's celibacy is illustrated in the Sundar Kāṇḍa of Tulsidas's Ramcharitmans:

"मातु मोहि दीख नहिं कछु नारी। जानिअ सत्य कहउँ बर नारी॥मन वचन कर्म मोहिं जो कछु भाए। सो सब कहउँ रघुपति के पाए॥"

Meaning: Mother, I did not see any woman with lustful eyes. I am speaking the truth, know it well. What has pleased me, in thought, word, and deed, I am telling all that at the feet of Lord Raghupati.

This passage is a testament to Hanuman's complete control of his senses and mind. His focus remains entirely on his duties for Rama and he is untroubled by the temptations/distractions around him.

Celibacy represents redirection of energy toward dharma, demonstrating sustainable restraint.
Supporting passages:
Ramcharitmanas, Introductory Doha:

बुद्धिहीन तनु जानिके सुमिरौं पवन-कुमार।बल बुधि बिद्या देहु मोहिं हरहु कलेस बिकार॥
Meaning: Knowing my body to be devoid of intelligence, I remember Hanuman, the son of the wind. Please bestow on me strength, intelligence and knowledge. Remove my sorrows and shortcomings.

Hanuman Chalisa, Verse 15:
विद्यावान गुनी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर॥
Meaning: You are the knower of all knowledge, full of virtues, very clever, and always eager to perform the Lord's tasks.
These verses emphasize Hanuman's wisdom, virtue and dedicated service, all of which are fruits of his disciplined and celibate life. Qualities aligned with sustainable ethical behavior.

5. Makardhwaja: Life from Waste and Regeneration

Story of Makardhwaja from Anand Ramayan's Sārakāṇḍ
When Hanuman arrived at Patala Loka to rescue Prabhu Ram Chandra and Lakshman, he discovered Makardhwaja guarding the entrance. Hanuman was halted by him and he was challenged to a wrestling match. Hanuman would be permitted entry and states that he can only do so after coming out on top in the combat. Though he deems him a formidable foe, Hanuman concurs. Although Hanuman is astonished by his strength, Makardhwaja is defeated after a fierce battle. Hanuman asks him his name after the combat and wants to know about his parents because they have a child with such strength. Makardhwaja declared himself to be Hanuman's son!

Since Hanuman was a celibate and had never fathered a kid, he was confused. Makardhwaja explained, Hanuman dipped himself in the water, after using his tail to burn the city of Lanka. Just then, a drop of his sweat fell into the water and the fish-like reptile - Makar, swallowed it. Later, Mahiravan received him after discovering him in the animal's stomach. He was given the name Makardhwaja from his immense strength and the fact that he was discovered within a reptile fish's stomach.

This tale brings to light the topic of supra-normal births, which is both a topic in and of itself and a common element in mythology studies. (Makardhwaja and Hanuman).

Makardhwaja's birth from a drop of Hanuman's sweat swallowed by a *makara* symbolizes circularity:

Sweat > Water > Makara > Life. This represents **regeneration without depletion,** a key principle of the circular economy and ecological interdependence.

6. Lexical & Sustainability Mapping

Mythological Element	Sanskrit Lexeme	Source / Lexicon	Modern SDG / Sustainability Principle	Explanation
Hanuman's Brahmacharya	ब्रह्मचर्य	*Monier-Williams, 1899*	SDG 12: Responsible consumption, ethical energy use	Celibacy = disciplined energy, conscious restraint
Ethical Duty	धर्म	*Monier-Williams, 1899*	Social & ecological responsibility	Alignment of thought, speech, action with dharma = sustainability in action
Makardhwaja's Birth	जल, मकर, ध्वज	*Apte, 1965*	SDG 14 & 15: Circularity, ecosystem interdependence, regeneration	Sweat → water → Makara → new life: allegory of circular economy
Life from Waste	(sweat → life)	Folk narrative sources	Circular economy, zero-waste philosophy	Resource transformation without depletion
Guardianship	ध्वज	*Apte, 1965*	Stewardship, sustainable resource management	Makardhwaja as protector = ethical stewardship

7. Ethical and Ecological Interpretation

Hanuman → Controlled potential and ethical restraint (brahmacharya/celibacy).
Makardhwaja → Manifested creativity and regenerative capacity.
Mythology provides a framework for sustainable, circular and ethical practices.

8. Originality Statement

While previous research highlights Hanuman's devotion and Makardhwaja's folklore, this study uniquely interprets these narratives through the lens of sustainable development and ecological ethics, offering an original contribution to mythology-informed sustainability research.

9. Conclusion

The remarkable birth of Makardhwaja and the lifelong chastity of Hanuman are powerful tales of sustainable growth. The UN's Sustainable Development Goals, local folktales, and Sanskrit scriptures are all examined in this paper. It seeks to provide workable answers to today's sustainability problems by fusing traditional wisdom with contemporary ecological viewpoints. Makardhwaja's origins represent creative rebirth. The careful management of moral, material and natural resources is emphasized by Hanuman's dedication to celibacy. When taken as a whole, these two stories teach us to take care of the environment by maintaining integrity, encouraging sustainability and favoring circular thinking over linear advancement.

10. References

1. Tulsidas, Ramcharitmanas, Hanuman Chalisa, Gita Press, 1999
2. Commentary by Chakrapani on Charaka Samhita (Sutrasthanam Adhyaya 11 Sutra 35)
3. Articles : Makardhwaja and Hanuman, Bramhacharya
4. Anand Ramayan
5. Monier-Williams, M. (1899). A Sanskrit-English Dictionary, Oxford University Press.
6. Apte, V. S. (1965). The Practical Sanskrit-English Dictionary.
7. Commentary by Dalhana on Sushruta Samhita (Sutrasthanam Adhyaya 20 Sutra 6)

रामायण और सतत विकास



राकेश कुमार चौबे
rkeshanju1988@gmail.com

*रामायण और सतत विकास विषय में रामायण अर्थात राम की श्रीराम बनने की यात्रा या अयन की कहानी जो आतंक और विध्वंसक विकास को सत्य और शांति के साथ सतत विकास में बदलने की यात्रा है| जिसने आने वाले पीढ़ी को "**धर्म एव हतोहन्ति धर्मो रक्षति रक्षत:"** अर्थात धर्म का जो नाश करता है , धर्म स्वयं उसका नाश कर देता है| तो धर्म क्या है? सत्य, अनुशासन और शान्ति के साथ इस प्रकार की व्यवस्था जिसमें कर्म के आधार पर आर्थिक, सामाजिक उन्नति जिसमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर विकास और यही सतत विकास **Sustainable Development की परिभाषा UNO** ने कही है, उसके 17 पॉइंटेड चार्टर में जो बात कही है, वही रामराज्य की अवधारणा है, जिसे हम अपनी रिसर्च में समझेंगे| रामायण का धर्म **"सत्यमेव जयते"** के साथ **"वसुधैब कुटुम्बकं"** की बात करता है, जहाँ स्वायत्तशासन कई समितियों जिनसे **गण-** ट्रेड यूनियन, **नैगम-** व्यापार संघ, **पौर-** नगर व्यवस्था, आज भी देखने को मिलती है, के माध्यम से समाज की नीचे की सीढ़ियों पर बैठे लोगों के साथ राज्य का विकास करना जो आने वाली पीढ़ियों को भी सुख-सुविधा पूर्ण जीवन दें, यही अवधारणा सतत विकास की भी है| आज एक फिल्म बहुत चर्चा में है **"कान्तारा 2"** जहाँ विकसित और पिछड़ी (नेचुरल लाइफ) सभ्यता के बीच की लड़ाई है| यहाँ एक सुपर पॉवर का उल्लेख किया है, जो धर्म आधारित मानव की सहायता करता है यही तो **अवतार वाद की परिकल्पना** है| **राम और रावण के युद्ध को विध्वंसक विकास और उसका एक सभ्य, सुसंकृत मानवीय सोच के साथ युद्ध कह सकते हैं**| जिसमें मानवतावाद जीतता है, यही धर्म युद्ध या धर्म आधारित विकास है, जिसकी पूरी दुनिया चाह रखती है | आगे हम इन सब बिन्दुओं के साथ दुनिया की तीन विचारधारा श्रीराम के साथ दुनिया के विचारकों जैसे कंफ्युसियश का विकासवाद (चीन) और महात्मा गांधी का विकासवाद (भारत) के संदर्भ में भी पर चर्चा करेंगे |*

शब्दों की व्याख्या –

रामायण –

"रामायण" केवल एक कथा नहीं, बल्कि धर्म, नीति, आदर्श और मानवता का विश्वकोश है।

इसे कई **रामायणों में विद्वानों** ने अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है ।

वाल्मीकि रामायण (बालकाण्ड 1.1.2)

कोऽन्वस्मिन् साम्प्रतं लोके गुणवान् कश्च वीर्यवान्|

धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च सत्यवाक्यो दृढव्रतः॥ 1.1.2

वाल्मीकि जी नारद से पूछते हैं — इस संसार में कौन ऐसा पुरुष है जो गुणवान, पराक्रमी, धर्म को जानने वाला, कृतज्ञ, सत्यप्रिय और दृढ़व्रती है? क्योंकि वे उस समय के महामानव की कथा लिखना चाहते थे, जो उन्होंने लिखी भी, इसे हम वाल्मीकि रामायण कहते हैं|

नारदजी ने इसका उत्तर दिया — **इक्ष्वाकू वंश के श्रीराम**।

राम कौन —"मर्यादा पुरुषोत्तम"

तुलसीदास रामचरितमानस (बालकाण्ड)1/8/2 और 1/33/6

सीय राम में सब जग जानी, करउँ प्रणाम जोरि जुग पानी|

नाना भांति राम अवतार|

रामायन सत कोटि अपारा|

यह संसार जिसमें **चार योनियों में जलचर, जीव, पृथ्वी और आकाश** इन सब से भरे हुए सारे जगत का स्वरूप श्रीसीताराम मय है और श्रीराम कथा की बात करें तो वे अपार है और उनकी कथा भी अनंत हैं|

रामायण में विकास क्या सृष्टी का उद्भव भी है और अंत भी|

रामायण में विकास का आधार कर्तव्य और त्याग है- श्रीराम धर्म के कारण राज्य और अपने परिवार को त्याग देते हैं, क्योंकि पिताजी की आज्ञा उनके लिए सर्वोपरि थी और पिताजी के लिए उनका अपना वचन-

रघुकुल रीति सदा चली आई, प्रान जाहूँ बरु वचनु न जाई || 2/28/4

जो मनुष्य धर्म को देखकर प्रिय वस्तु का त्याग करता है, वही वास्तव में धर्मात्मा है। या यूँ कहें विकास के लिए पहले त्याग आवश्यक है| जो त्याग(राज्य, सुख, ऐश्वर्य) कर सके वही अपने राज्य का सतत विकास कर सकता है| राज्य की विशेषता तुलसीदास जी अयोध्याकाण्ड बताते हैं -

भट जम नियम सैल रजधानी, सांति सुमति सूचि सुन्दर रानी|

सकल अंग संपन्न सुराऊ, राम चरण आश्रित चित चाऊ| 2/235/7-8

किसी भी संपन्न राज्य के सात अंगों के बारे में तुलसीदास जी ने बताया है जिसमें **स्वामी(राजा), अमात्य, सरहद, कोष, राष्ट्र, दुर्ग और सेना** ये ही सतत विकास के आधार स्तम्भ हैं| जिसका उल्लेख मनु स्मृति में भी ९/२९४ में किया है |

शासन और न्याय जो सतत विकास के लिए आवश्यक हैं|

यही रामराज्य का आधार — न्याय, सेवा और समानता। यही लक्ष्य UNO ने भी बताया है|

दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा|

सब नर करहिं परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती| तुलसीदास 7/21/1-2

रामराज्य में सबको सुख मिला, न कोई दुख, न भय, न रोग। मर्यादा में रहकर अपने अपने स्वधर्म का पालन करते थे| **यह आदर्श शासन का चित्र है** — विकसित राष्ट्र के नागरिक सरकार और राजा / नेता से चाहते हैं उसके राज्य में **Good Governance सुशासन हो** और वाल्मीकि रामायण में सर्ग १०० में इसके सारे सूत्र मिलते हैं, जिनकी मांग सामान्यत: पूरे विश्व में समय समय पर होती रहती है|

सारांश

पक्ष	अर्थ	श्लोक/चौपाई
नैतिक पक्ष	धर्म, मर्यादा, सत्य	"रामो विग्रहवान् धर्मः"
सामाजिक पक्ष	न्याय, समानता, लोकहि	"राम राज बैठे त्रैलोका, हरषित भए गए सब सोका
आध्यात्मिक पक्ष	आत्मा में स्थित ईश्वर	"सिय राममय सब जग जानी..."
सुशासन व्यवस्थ	न्याय, सुख, शांति,	मुखिया मुख सो चाहिए.. सुशासन

सतत विकास

सतत विकास का अर्थ है वह विकास जिसमें आर्थिक विकास , सामजिक विकास और पर्यावरण के संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिले परन्तु आज विकास सीमित हो रहा है, जो व्यक्तिगत है इसे सार्वभौमिक बनाने के लिए UNO द्वारा कुछ लक्ष्य बनाए हैं जो निम्न हैं -

संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा निर्धारित **सतत विकास के लक्ष्य**

— Sustainable Development Goals (SDGs) — वर्ष **2015** में घोषित किए गए थे, जिन्हें **2030 तक प्राप्त करने** का लक्ष्य रखा गया है। इनकी कुल संख्या **17** है।

संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्य (UN SDGs – 2030)

क्रमांक	लक्ष्य (हिंदी में)	Goal (in English)
1.	**गरीबी का अंत**	No Poverty
2.	**भुखमरी का अंत**	Zero Hunger

क्रमांक	लक्ष्य (हिंदी में)	Goal (in English)
3.	**अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण**	Good Health and Well-being
4.	**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**	Quality Education
5.	**लैंगिक समानता**	Gender Equality
6.	**स्वच्छ जल और स्वच्छता**	Clean Water and Sanitation
7.	**सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा**	Affordable and Clean Energy
8.	**सम्मानजनक कार्य और आर्थिक वृद्धि**	Decent Work and Economic Growth
9.	**उद्योग, नवाचार और अवसंरचना**	Industry, Innovation and Infrastructure
10.	**असमानताओं में कमी**	Reduced Inequalities
11.	**टिकाऊ शहर और समुदाय**	Sustainable Cities and Communities
12.	**जिम्मेदार खपत और उत्पादन**	Responsible Consumption and Production
13.	**जलवायु कार्रवाई (Climate Action)**	Climate Action
14.	**जल के नीचे जीवन**	Life Below Water
15.	**स्थल पर जीवन (पृथ्वी पर पारिस्थितिकी का संरक्षण)**	Life on Land
16.	**शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएँ**	Peace, Justice and Strong Institutions
17.	**लक्ष्यों के लिए साझेदारी**	Partnerships for the Goals

रामायण में जो रामराज्य जो है, वही Sustainable Development का स्वरूप है, जिसे आज भी भारत ही नहीं दुनिया अपने अपने देश में स्थापित करने की कल्पना कर रही है| विकास के तीन आधार दुनिया मानती है, उसमें रामराज्य, चीन में कन्फ्युशियस का विकास वाद और महात्मा गांधी ग्राम स्वराज्य| जब भी विकास ने अपना स्वरूप मानवता और प्रकृति के विरुद्ध किया है, महामानव ने जन्म लिया है| उदहारण के लिए **राजा बली(ब्राह्मण अवतार), रावण(श्रीराम अवतार) और कंस(श्री कृष्ण अवतार)** तीनों के शासन में समृद्धि अर्थात विकास तो चरम पर था, परन्तु उसमें आम आदमी सुखी नहीं था| वह विकास धर्म विरुद्ध था| **रामायण और गीता कहती हैं "जब जब होई धरम कै हानि, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी" और "तब तब प्रभु धरि बिबिध शरीरा" और गीता यदा यदा हि धर्मस्य.....** राजा दशरथ की अयोध्या संम्पन्न तो थी परन्तु जो हमने ऊपर लिखे राज्य के सात गुण धर्म उनमें **"सरहद"** सुरक्षित नहीं थी, सीमावर्ती क्षेत्र असुरक्षित, भय और आतंक में जी रहे थे, जिसका प्रभाव पूरे राज्य पर देखने को मिल रहा था, इसलिए श्रीराम ने 14 वर्ष में सीमावर्ती क्षेत्र को आत्मविश्वास और सुरक्षा प्रदान की उसके बाद रामराज्य की स्थापना की थी| अब देखते हैं UNO के लक्ष्य और रामराज्य में क्या समानताएं थीं-

शोध आलेख

गरीब, भुखमरी का अंत और अच्छा स्वास्थ्य (No Poverty – Zero Hunger and Good Health)SDG 1,2,3 — ये संयुक्त राष्ट्र के

पहले तीन सतत विकास लक्ष्य हैं, जिनका आपस में सीधा सम्बन्ध है| परन्तु आज वास्तव में लोग गरीब हैं, भुखमरी से ग्रस्त हैं, शायद नही!! क्योंकि इसका सम्बन्ध मानसिकता है, इसलिए तो आज जो कार वाला है वह मोटर साइकिल वाले को और मोटर साइकिल वाला साइकिल वाले को गरीब कहता है| जो पिज़्ज़ा-बर्गर खाता है, वह दाल रोटी खाने वाले को भुखमरा कहता है उसका कारण है, समाज में एक दूसरे के प्रति आदर और प्रेम का भाव न होना| रामायण के उत्तरकाण्ड का सन्देश "**सब नर करहिं परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती|" का अभाव है** |

रामायण में वर्णित **रामराज्य**, इन लक्ष्यों का एक आदर्श सांस्कृतिक रूप प्रस्तुत करता है।

रामराज्य में आर्थिक समता — "गरीबी का अंत

रामो राज्यमुपासीत धर्मेण पृथिवीपते।

स्वधर्मेण च लोकानां हितं चकार सर्वदा॥

न हि तस्मिन् नरः कश्चित् आसीद् यो न सुखी भवेत्॥ (100.1–3) व. रा.

श्रीराम ने धर्मपूर्वक राज्य किया और सदा लोकहित में कार्य किया। उनके राज्य में कोई भी व्यक्ति दुःखी या अभावग्रस्त नहीं था।

यह "**No Poverty**" का जीवंत उदाहरण है|

जहाँ शासन की नीति धर्म और न्याय पर आधारित थी, वहां हर व्यक्ति का जीवन सम्मानपूर्ण और सुरक्षित होता है|

राम राज बैठें त्रैलोका, हर्षित भए गए सब सोका|

बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप बिषमता खोई|| 7/20/7-8 मानस

श्रीराम के राजा बनते ही दुःख चले गए, किसी का किसी से कोई बैर नहीं रहा, आतंरिक मतभेद ख़त्म हो गए| जहाँ तक की पशु पक्षी जीव जंतु सभी आपस में बैर भुलाकर साथ रहते हैं| खेत-खलिहान, बाग़-बगीचे सभी पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिससे सभी को पर्याप्त भोजन और स्वच्छ वातावरण मिल सके| यही "**सतत विकास का आदर्श समाज**" है| जहाँ पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और समाज — तीनों में संतुलन है।

कूजहिं खग मृग नाना बृंदा, अभय चरहि बन करहिं अनंदा 7/23/3 मानस

साराशं

रामराज्य केवल एक धार्मिक कल्पना नहीं, वह जीवन जीने का एक ढंग है जिसमें सर्वांगीण विकास होता है| **जहाँ धर्म शासन करे, वहाँ भूख और अभाव मिट जाते हैं।**

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य SDG4- "समावेशी और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा" (Quality Education for All) और रामायण|

आज हर माता-पिता का सपना होता है, कि वे IIT से अपने बच्चे को BE कराये, क्योंकि यहाँ QUALITY EDUCATION है|

रामायण, विशेष रूप से वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस, की शिक्षा सिर्फ ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र, मर्यादा और आत्मज्ञान के साथ प्रायोगिक ज्ञान पर भी प्रकाश डालती है|

शिक्षा का उद्देश्य — सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है –

रामायण में श्रीराम की प्रारंभिक शिक्षा गुरु वशिष्ठ जी दी और बाद में श्रीराम को **विश्वामित्र जी** जब मांग कर ले जाते हैं, वह कथा हम सबको मालूम है| श्रीराम को भी परीक्षा देनी पड़ी थी, और उसमें वे अपने जीवन का **पहला वध (हत्या)करते है** और वह भी एक स्त्री का, इसके बाद भी हम सब उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं| अर्थात शिक्षा का अर्थ यही है, पढ़ाया तो गया है स्त्री का मान सम्मान करो जो **शाश्वत** भी है, परन्तु कौन स्त्री ?? कैसी स्त्री?? यह विश्वामित्रजी अपने व्यवहारिक ज्ञान में सिखाते है, जो आगे जाकर **अहल्या और शबरी प्रकरण** में सिद्ध भी होता है| यदि भारत में यही सतत विकास लाना है तो सिर्फ 2 कमरों में कॉलेज खोलकर प्रश्नों के उत्तर से परीक्षा पास करने से नहीं आयेगा| इसीलिए सनातन धर्म में कहा गया है-

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।

प्रियं च नानृतं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः॥मनुस्मृति अध्याय 4 श्लोक 138

शिक्षा केवल विद्या नहीं, बल्कि सद्व्यवहार और संयम का प्रशिक्षण है।

रामायण में नैतिक शिक्षा (Moral Education) को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, जिसकी कमी वर्त्तमान शिक्षा पद्धति में देखने को मिलती है| इसीलिए सरकार ने **NEP 2020** घोषित की है, जिसमें भारतीय ज्ञान परम्परा को स्थान दिया गया है क्योंकि सतत विकास के लिए नैतिक शिक्षा का भी स्थान होना आवश्यक है|

२. गुरु–शिष्य परंपरा — यह शिक्षा का मूल आधार है जिसे बाबा तुलसी ने अपने महाकाव्य के प्रारंभ और अंत दोनों जगह लिखा है|

यदि चहुँमुखी विकास करना है तो गुरु-शिष्य परंपरा अर्थात **गुरु के मानक और शिष्य की रूचि** दोनों का विशेष ध्यान देना होगा|

विश्वामित्रस्तु धर्मात्मा रामं सत्यपराक्रमम्।

उवाच वचनं धीमान् धर्मार्थसहितं हितम्॥(वाल्मीकि रामायण)

गुरु गृह गए पढ़न रघुराई। अल्पकाल बिद्या सब आई॥ मानस 1/204/2

गुरु (शिक्षक), शिष्य को **जीवन की दिशा और दृष्टि** दोनों देता है।

राम ने गुरु के प्रति आज्ञाकारिता और श्रद्धा दिखाकर आदर्श विद्यार्थी के रूप में अपने को प्रस्तुत किया और अपने गुरु से उच्चतम ज्ञान प्राप्त किया था| जिसे शिक्षा से जोड़कर बच्चों में आदर्श शिष्य के गुण लाना चाहिए | यही सतत विकास की अवधारणा है|

चरित्र और मर्यादा — शिक्षा की आत्मा

सच्ची शिक्षा वही है जो **कर्तव्य और आस्था** को जोड़ती है।

राम का जीवन **"शिक्षा का व्यवहारिक रूप"** है, ज्ञान का उपयोग समाज और धर्म के हित में किया जैसे **रावण को भी उन्होंने विद्वान माना** और लक्ष्मणजी से उससे शिक्षा लेने का कहा था|

समावेशी शिक्षा — सबके लिए ज्ञान, रामायण में तो पशु पक्षी के माध्यम से भी ज्ञान का संचार किया है, श्रीरामचरित मानस का उत्तरकाण्ड इसका सशक्त प्रमाण है, **काकभुशुंडजी – गरुड़ प्रसंग**|

रामायण में शिक्षा को ज्ञान + प्रेम + नीति का संयोजन माना गया है यही **"Quality Education"** का **भारतीय रूप है और सतत विकास की चाबी है**|

सारांश-

"रामायण में शिक्षा केवल बुद्धि की नहीं, बल्कि हृदय की जागृति है" जो सतत विकास का मूलमंत्र है|

रामायण हमें सिखाती है कि —

- शिक्षा **चरित्र निर्माण** का साधन है,
- शिक्षा **समाज में समानता और सद्भावना** का स्रोत है,
- और शिक्षा का लक्ष्य **आत्म-साक्षात्कार** है।

संयुक्त राष्ट्र के **सतत विकास लक्ष्य SDG-5-** "**लैंगिक समानता (Gender Equality)**" और रामायण

स्त्री और पुरुष को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिलें यह रामायण और सतत विकास की अवधारणा है |

सभी रामायण, विशेष रूप से वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस,

इस समानता को केवल अधिकार के रूप में नहीं, बल्कि **अनिवार्यता (Inevitability/Necessity)** के रूप में प्रस्तुत करती है| स्त्री और पुरुष दोनों ही समाज और धर्म के दो समान स्तंभ हैं। सनातन साहित्य में **अर्धनारीश्वर** स्वरूप इसी का रूप है|

पुरुष और स्त्री के कर्म और धर्म -

सीताजी — समान भागीदारी और आत्मनिर्णय का प्रतीक हैं|

भर्तुभाग्यं तु नार्येका प्राप्नोति पुरुषभर्भ| वाल्मीकि 2/27.5

तुम बिनु रघुकुल कुमुद बिधु, सुरपुर नरक सामान| मानस 2/64/ दो

वनवास के समय सीता कहती हैं — मैं कारण नहीं जानती, पर यह मेरा धर्म है, कि केवल पत्नी ही पति के भाग्य का अनुसरण करती है, उसका स्वर्ग नरक सब कुछ उसके पति ही हैं, इसलिए जहाँ श्रीराम जाएँ, मैं भी वहाँ चलूँ|

यह महिला स्वायत्तता (autonomy) का उदाहरण है।

शिक्षा और ज्ञान में समान अवसर

धीरज धर्म मित्र अरु नारी, आपद काल परखिअहि चारी| मानस अरण्यकाण्ड 3/5/7

यहाँ अनसूयाजी, सीताजी को ज्ञान और नीति का उपदेश देती हैं। यह दिखाता है कि रामायण के युग में नारी शिक्षित और विचारशील तो थी, साथ में ज्ञान की दात्री भी थी,केवल अनुयायी नहीं।

भक्ति और कर्म में समानता — शबरी का उदाहरण रामचरितमानस (अरण्यकाण्ड)

शबरी कहती है – अधम ते अधम अधम अति नारी .....

श्रीराम कहते हैं – मानऊँ एक भगति कर नाता ..... और नवधा भगति कहऊँ तोहि पाहिं| की बात रामायण करती है| **भीलनी, तपस्विनी, शबरी** ने अपने प्रेम और भक्ति से भगवान राम को प्रसन्न किया और भक्ति की शिक्षा प्राप्त की थी| **यहाँ शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाति, लिंग, कुल, धर्म, बल,चातुर्य कोई बाधा नहीं है।** यह "**Equal Opportunity**" का और **Gender Respect** का गहन संदेश है|

सारांश-

"रामायण में स्त्री केवल आदर्श की मूर्ति नहीं, बल्कि समान शक्ति, ज्ञान और निर्णय की भागीदार है।"

निष्कर्ष

स्त्री और पुरुष विरोधी नहीं, सहयोगी हैं।

"जहाँ सीता का सम्मान होता है, वहीं रामराज्य स्थापित होता है।"

संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य SDG-6 है—**"सभी के लिए स्वच्छ जल और स्वच्छता" (Clean Water and Sanitation for All) और रामायण**

यह लक्ष्य जल संरक्षण, स्वच्छता, और पर्यावरणीय संतुलन पर केंद्रित है और **रामायण** में इन मूल्यों का गहरा सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और व्यावहारिक रूप दिखाई देता है।

रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि **पर्यावरण–संवेदनशील जीवनशैली** का भी आदर्श प्रस्तुत करती है।

जल अर्थात नदियों का सम्मान — रामायण में जल जीवन और पवित्रता का प्रतीक माना गया था, वनवास के समय श्रीराम और माता सीता द्वारा गंगा नदी की पूजा और सकुशल वापसी पर पुन: पूजा अर्चना इसका श्रेष्ठ उदाहरण है|

सियँ सुरसरिहि कहेउ कर जोरी, मातु मनोरथ पुरउब मोरी| 2/103/2 इसी प्रकार के विचार वाल्मीकि रामायण के अयोध्याकाण्ड के 52 वे सर्ग के 89 श्लोक में भी हैं|

आश्रम और वन — स्वच्छता व परिस्थिति का संतुलन

वाल्मीकिजी द्वारा श्रीराम को चित्रकूट में कहाँ कहाँ रहना चाहिए का विस्तार से वर्णन मानस के अयोध्या काण्ड में किया है, जो स्वच्छता और प्राकृतिक संतुलन का आदर्श सन्देश है| सभ्यता का विकास किस आधार पर होना चाहिए, यह सन्देश यहाँ मिलता है|

निदरहिं सरित सिन्धु सर भारी, रूप बिंदु जल होहिं सुखारी .....

बिबुध बिपिन जहँ लगि जग माहीं, देखि रामबनु सकल सिहाहीं|

सुरसरि सरसइ दिनकर कन्या, मेकलसुता गोदावरि धन्या ||

श्रीराम के निवास स्थान की पवित्रता और सुन्दरता देखकर देवता, देवनदी, हिमालय जैसे पवित्र स्थान भी लज्जित हैं अर्थात **श्रीराम का निवास चित्रकूट** प्राकृतिक और पर्यावरणीय संतुलन का अनुकरणीय उदाहरण है| यह "Clean Living Environment" का आदर्श है|

यही पर्यावरणीय दृष्टि से Sustainable Ecosystem का संकेत है।

स्वच्छ जल, वृक्ष और भूमि — ये तीनों मिलकर जीवन का आधार बनाते हैं।

वाल्मीकि रामायण अयोध्या कांड सर्ग १०० के श्लोक ४३ से ४७ के बीचमें **"शुचिता"** यानी व्यक्तिगत स्वच्छता (Personal Hygiene) और **पर्यावरणीय स्वच्छता** दोनों का महत्व बताया गया है।

यह "Clean Water = Healthy Life" का मूल विचार है।

रामराज्य — स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण का आदर्श

रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड दोहा 21 से 25 तक रामराज्य का वर्णन किया है, जिसमें विकास के साथ सामजिक और पर्यावरण संतुलन के लिए आदर्श स्थिति है, जिसके लिए श्रीराम का वनवास के दौरान अपने चित्रकूट निवास जो सबसे अधिक अवधि का था, उस समय आदर्श ग्राम, पर्यावरण, रहन-सहन का स्वरूप प्रस्तुत किया जिसका विस्तार उनके पूरे साम्राज्य में हो गया था, ठीक उसी प्रकार जैसे केंद्र सरकार का "स्वच्छ भारत" का सन्देश, आज गाँव गाँव शहर शहर ने पहुँचने के साथ उन्होंने उसे अपना भी लिया है| रामराज्य में भी जल-संतुलन और स्वच्छता के लिए पर्यावरणीय स्वच्छता और संसाधन-संरक्षण का दिया जो पूरे राज्य ने अपनाया था और यही सतत जल प्रबंधन (Sustainable Water Management) का भी स्वरूप है।

सारांश-

"रामायण में जल केवल प्राकृतिक तत्व नहीं, जीवन, धर्म और स्वच्छता का आधार है।"

रामायण का संदेश है —

- **जल की रक्षा = जीवन की रक्षा**
- **स्वच्छता = आरोग्य और आस्था का संगम**
- **रामराज्य = जल, वन, भूमि और मानव का संतुलित जीवन**

निष्कर्ष

"जहाँ जल की शुचिता और पर्यावरण की पवित्रता है, वही रामराज्य और सतत विकास है ।"

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य SDG-7** है—**"सस्ती, भरोसेमंद, स्थायी और स्वच्छ ऊर्जा"Affordable and Clean Energy) और रामायण**

रामायण में प्रत्यक्ष "विद्युत ऊर्जा" का उल्लेख नहीं है, लेकिन ऊर्जा का सांस्कृतिक, नैतिक और प्राकृतिक रूप मौजूद है। सनातन साहित्य के मूल ग्रन्थ **वेदों में भी देवों के रूप में ऊर्जा** का ही सम्मान किया गया है, वहां जल, पृथ्वी, अग्नि, सूर्य आदि को देवता माना गया है| रामायण के संदर्भ में इसे तीन मुख्य रूपों में देखा जा सकता है|

प्राकृतिक ऊर्जा का उपयोग — अग्नि और जल ऊर्जा का स्रोत उन्हें प्राकृतिक और स्वच्छ होना चाहिए — अग्नि, जल, और सूर्य की ऊर्जा का आवश्यकता के अनुसार उपयोग के साथ उनकी शुचिता पर ध्यान देना चाहिए|

श्रीराम ने वनवास में सुलभ ऊर्जा और जीवनशैली का संतुलन बनाया और उसके बारे में लोगों को भी शिक्षित किया| यह **सुलभ ऊर्जा (Affordable Energy)** का उदाहरण है|

ऊर्जा का प्रयोग उसे बिना नुकसान और अत्यधिक खर्च के किया जाना चाहिए यह राम, सीता और लक्ष्मण ने अपने दैनिक जीवन में **सौर ऊर्जा, जल और लकड़ी** से जीवन यापन करके सिखाया। आज ग्रीन एनर्जी, गैस और सूर्य के प्रकाश को वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में उपयोग किया जा रहा है जिसका सन्देश रामायण में भी मिलता है| ऊर्जा सुलभ हो, सुरक्षित हो, और प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त हो।

युद्ध और प्रकृति का संतुलित प्रयोग

वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड में श्रीराम अस्त्र–शस्त्र प्रयोग पर नियंत्रण रखते हैं| संजीवनी जैसी औषधि का उपयोग करके उसे यथास्थान वापिस पहुंचाते हैं, जबकि आज हम **अंतरिक्ष, हिमालय** जैसी जगहों पर फैले कचरे से परेशान हैं|

ततो हरिर्गन्ध वहात्म जस्त

तमो षधी शैल मुद्ग्रवेग: ....2/6/74/77 व. रा.

SDG-7 के अनुसार **ऊर्जा का सुरक्षित, न्यायसंगत और स्वच्छ उपयोग आवश्यक है**, जो रामयण का भी सन्देश है।

सारांश -

"रामायण में ऊर्जा केवल शक्ति नहीं, जीवन और धर्म का आधार है।"

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य SDG-8** है- **"सम्मानजनक कार्य और आर्थिक वृद्धि (Decent Work and Economic Growth)" और रामायण**

रामायण में यह लक्ष्य **व्यक्तिगत धर्म, सामूहिक कर्तव्य, और आर्थिक न्याय** के माध्यम से व्यक्त होता है। रामराज्य में प्रत्येक व्यक्ति को **सम्मानजनक कार्य और उचित जीवनयापन** का अधिकार प्राप्त था।

कार्य का धर्म — सभी को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, कृषि और कृषि से सम्बंधित व्यवसाय पर विशेष ध्यान दिया जाता था क्योंकि उस समय का मुख्य व्यवसाय कृषि ही था|

कच्चित ते दयिता: सर्वे कृषी गोरक्ष जीविन:|

वार्तायं संश्रीतस्तात लोकोयं सुखमेधते ||2.100.47)

व्यक्ति अपने कर्म में संलग्न रहकर ही सुखी एवं उन्नतिशील हो सकता है| यही **सम्मानजनक कार्य (Decent Work)** का आधार है — रामायण में **कार्य = धर्म + सेवा + समाज कल्याण** का रूप है।

आर्थिक सुरक्षा और न्याय

व्यसने धनाड्स्य दुर्बलस्य च राघव|

अर्थ विरागा: पश्यन्ति तवामात्या बहुश्रुता|| व.रा. 2/100/58

रामायण कहती है गरीब और धनी के बीच के विवाद को न्यायालय, न्यायोचित निर्णय करते हों, धन के कारण न्याय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए| आज भी हम इस बात से परेशान हैं की गरीबों को न्याय उचित और समय पर नहीं मिलता है|

आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य केवल संपत्ति में नहीं, बल्कि सबके जीवन स्तर में सुधार है।

कच्चिदर्थेन वा धर्ममर्थ धर्मेण वा पुन: 2/100/62

धर्म के द्वारा अर्थ को और अर्थ के द्वारा धर्म को हानि नहीं होना चाहिए|

यह दिखाता है कि **आर्थिक वृद्धि (Economic Growth)** केवल उत्पादन नहीं, बल्कि **सामाजिक कल्याण और नैतिक शासन** के साथ संतुलित हो, यह रामायण से हम सीख सकते हैं|

४. श्रम और सम्मान — केवट प्रसंग

केवट प्रसंग इसका एक सशक्त उदहारण है श्रीराम उसके उद्धोग में व्यवधान नहीं बनाते बल्की उसे पारिश्रमिक भी देने का प्रयास करते हैं|

सोई करु जेहिं तव नाव न जाई..... मानस 2/101/1

प्रभुहि सकुच एहिं नहिं कछु दीन्हा .....मानस 2/102/2

हर व्यक्ति को सम्मानजनक कार्य और उसके अनुसार जीवन यापन मिले और उसका शोषण नहीं हो यह सतत विकास का लक्ष्य है, जो रामायण से सीखा जा सकता है|

सारांश-

"रामायण में कार्य और आर्थिक वृद्धि केवल धन का लक्ष्य नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और समाज कल्याण का माध्यम है।"

रामराज्य में —

- प्रत्येक व्यक्ति का श्रम सम्मानजनक था,
- आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी को मिलता था,
- और समृद्धि/लाभ समाज के सभी वर्गों में समान रूप से वितरित होता था।

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य SDG-9** है —**"उद्योग, नवाचार और अवसंरचना (Industry, Innovation and Infrastructure)" और रामायण**

रामायण में यह लक्ष्य विशेष रूप से **युद्ध और समुद्र सेतु निर्माण** में प्रकट होता है, जो **उद्योग**, **नवाचार** और **अवसंरचना** का आदर्श उदाहरण है| जहाँ **वानर सेना, भालू और अन्य जीव** मिलकर स्थानीय संशाधन, तकनीक, योजना और श्रम का सर्वोत्तम उपयोग करते हैं।

१. **समुद्र सेतु —**

बाँधा सेतु नील नल नागर, राम कृपा जसु भयऊ उजागर 6/3/7

यह **अवसंरचना (Infrastructure)** का अद्भुत उदाहरण है —

जहाँ प्राकृतिक संसाधनों और मनुष्य/वन्यजीवों की सामूहिक शक्ति को **समय प्रबंधन और स्थानीय संसाधन से कुशलता से निर्माण** में उपयोग किया गया था।

२. **नवाचार — असंभव को संभव बनाना**

दशयोजन विस्तीर्ण शत्योजन मायतम|

ददृशुर्देव गन्धर्वा नलसेतुं सुदुष्करम || व.रा. 6/22/76

वानर और भालू ने पत्थर उठाकर, अपनी शक्ति और चतुराई से समुद्र पर 100 योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा **पुल पांच दिन में बनाकर नवाचार** किया, जो बहुत कठिन कार्य था, जो आज भी खोज का विषय बना हुआ है|

रावण जो सभी प्रकार से सक्षम था, वह भी आश्चर्य चकित हो गया था, और बोलता है - **बाध्यो बननिधि नीरनिधि, जलधि सिन्धु बारीस |सत्य तोयनिधि कंपति, उदधि पयोधि नदीस || समुद्र को बाँध लिया!१०** समुद्र के पर्यायवाची सुन्दरकाण्ड/5/दोहा

यह दर्शाता है कि **सृजनात्मक नवाचार (Innovation)** और **समान विचार वाले समूह की योजना** किसी भी बाधा को पार कर सकती है। यह **"Innovation for Development"** का सटीक उदाहरण है।

सारांश-

"रामायण में उद्योग, नवाचार और अवसंरचना केवल भौतिक नहीं, बल्कि सामूहिक बुद्धि, योजना और नैतिकता का संगम है।"

रामायण सिखाती है कि —

- **सशक्त टीमवर्क और संगठन** से बड़े कार्य संभव हैं।
- **संसाधनों का बुद्धिमतता पूर्ण उपयोग,** सतत विकास को सुनिश्चित करता है।
- **नवाचार और तकनीक** का उपयोग समाज और पर्यावरण कल्याण के लिए होना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य 10 (SDG-10)** है —**"असमानता में कमी (Reduced Inequalities)" और रामायण**

रामायण में यह लक्ष्य **समाज में न्याय, समान अवसर और सबको समान सम्मान** के माध्यम से व्यक्त होता है। रामराज्य को आदर्श इसलिए माना जाता है क्योंकि इसमें **जाति, वर्ग, धन या शक्ति के आधार पर किसी के साथ अन्याय नहीं किया गया।**

सभी के लिए समान अवसर और न्याय

दंड जतिन्ह कर भेद जहँ, नर्तक नृत्य समाज|

जीतहु मनहि सुनिअ अस, रामचंद्र कें राज || मानस 7/22/दोहा

अपराध थे ही नहीं, इसलिए **"दंड"** तो संतों के पास थे राजा के पास नहीं|

बाली को दंड और उसके बेटे अंगद को सेनानायक बनाना, सुगीव और विभीषण को राज्य, समान अवसर और न्याय के उदहारण है| जहाँ अपराध और भेद-भाव नहीं हो वहां न्याय और अवसर सभी को समान मिलते हैं|

जाति और सामाजिक भेदभाव का अंत

सब नर करहि परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति| मानस 7/21/2

रामराज्य में सभी लोग — चाहे **राजा, वानर, भालू, या आमजन** सभी समान नियमों और न्याय के अधीन थे और उनमें आपस में प्रेम था|

गरीब और वंचितों का संरक्षण

नहि दरिद्र कोउ दुखी न दीना, नहि कोउ अबुध न लच्छन हीना| मानस 7/21/6

रामराज्य में गरीबी और अभाव से जनता को दूर किया था। सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक न्याय के माध्यम से असमानता कम की गई थी ।

सारांश-

"रामायण में असमानता में कमी = न्याय, समान अवसर और योगदान के आधार पर सम्मान"

रामराज्य में —

- कोई जाति, वर्ग या धन के आधार पर वंचित नहीं था,
- प्रत्येक व्यक्ति का श्रम और योगदान मूल्यवान था,
- और गरीब व वंचितों को संरक्षण और समान अवसर दिया गया।

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य SDG-11** है —**"टिकाऊ शहर और समुदाय (Sustainable Cities and Communities)" और रामायण**

रामायण में आदर्श और टिकाऊ शहर के कई उदहारण है जैसे **अयोध्या नगर, लंका नगरी, जनकपुर और चित्रकूट** के संदर्भ में देखने को मिलता है।

रामायण में शहर और समुदाय केवल भौतिक संरचना नहीं थे, बल्कि **सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संतुलन** के साथ टिकाऊ और समृद्ध बने थे।

अयोध्या — सुरक्षित और आदर्श टिकाऊ शहर

वाल्मीकि रामायण बालकाण्ड सर्ग 5 में अयोध्यानगर का विस्तार से वर्णन मिलता है|

कोशलो नाम मुदित: स्फीतो जनपदो महान| श्लोक 5

लंका का वर्णन युद्धकाण्ड सर्ग 3 हनुमान द्वारा श्रीराम को लंका के बारे में विस्तार से बताना लंका की वैभवता बताती है|

सौवर्णस्तु महान्स्तास्या: प्राकारो दुष्प्रधर्षण: श्लोक 14

चित्रकूट में श्रीराम की पर्णकुटी – व. रा.अरण्यकाण्ड सर्ग 1

शरण्यं सर्वभूतानां सुसम्मृष्टजीरं सदा |

मृगैर्बभिराकीर्णं पक्षिसंधै: समावृतम || श्लोक 3

सीताजी द्वारा चित्रकूट में अपनी कुटी में रोज झाड़ा-बुहारी होती थी, अत: रामायण काल के नगर और ग्राम सुव्यवस्थित और स्वच्छ थे। नगर में हर व्यक्ति के लिए निवास, बाजार, जल और सुरक्षा सुनिश्चित थे।

यह दिखाता है कि **शहर का टिकाऊ होना केवल भवनों से नहीं, बल्कि व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा से होता है।**

सामाजिक न्याय और समुदाय का समावेश- स्थानीय लोगों की भागीदारी और उसने अच्छे जीवन स्तर के प्रयास चित्रकूट प्रवास के समय रामायण में मिलते हैं| यदि हम **श्री नरेंद्र कोहली की "राम कथा" पढ़ें इस दृष्टी से उन्होंने लिखा है|**

पर्यावरणीय संतुलन और स्वच्छता

टिकाऊ शहर = पर्यावरणीय संतुलन + प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। स्थानीय संशाधनों से कुटीरों का निर्माण और जल, ऊर्जा का स्थानीय स्तर पर विवेक पूर्ण उपयोग रामायण में देखने को मिलता है|

SDG-11 के अनुसार, सुरक्षित और टिकाऊ शहर वही है जहाँ सभी लोग सुरक्षित, समान और सहभागिता से जुड़े हों। जिसका उदाहरण अयोध्या है|

सारांश-

"रामायण काल में टिकाऊ शहर और समुदाय = सुव्यवस्थित नगर + सामाजिक समावेश + पर्यावरणीय संतुलन + सुरक्षा और न्याय"

रामराज्य में —

- शहर संरचना सुव्यवस्थित थी,
- समुदाय सभी वर्गों का सम्मिलित और सहयोगी था,
- प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित था,
- और कानून और नीति से सभी सुरक्षित थे।

"जहाँ नगर सुव्यवस्थित और सभी नागरिक सुरक्षित हों, वही टिकाऊ शहर है।"

संयुक्त राष्ट्र का **सतत विकास लक्ष्य SDG-12** है —**"जिम्मेदार खपत और उत्पादन (Responsible Consumption and Production)" और रामायण**

रामायण में इसका आदर्श **संतुलित जीवन, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और धर्म आधारित उत्पादन** के माध्यम से देखा जा सकता है। उपलब्ध साहित्य से उस समय कृषि और कृषि से सम्बंधित उत्पाद का उत्पादन और खपत थी, इसलिए वही यहाँ देखने को मिलता है| आज भी भारत में कृषी उत्पाद का महत्त्व कम नहीं है| **भारत और अमेरिका के टेरिफ विवादों का मुख्य कारण कृषि उत्पाद ही तो हैं|** रामायण में केवल भौतिक उत्पादों पर ध्यान नहीं देती, बल्कि इसमें **मानव जीवन, श्रम और पर्यावरण के संतुलन** पर जोर दिया गया है। **नरेंद्र कोहली जी की राम कथा** में इस विषय पर कुछ चर्चा मिलती है "**संघर्ष की ओर"** में वे कहते हैं, **लक्षमण जी और सीताजी** द्वारा वहां के स्थानीय लोगों को शिक्षा और युद्ध कला सिखाते थे जिससे वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सकें| चित्रकूट के आस-पास **कोयले और लाइम स्टोन** की खदाने बहुतायत में थीं और वहाँ राक्षसों का सामराज्य था, जो आम नागरिकों का शोषण करते थे उनसे मुक्ति का काम रामायण काल में हुआ था| इससे निर्णय पर पहुंचा जा सकता है कि रामायण काल में आदर्श जीवन यापन की व्यवस्था थी जिसमें उपभोग की मनाई नहीं थी परन्तु दुरूपयोग का कहीं जिक्र नहीं मिलता|

संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग

वन में रहने वाले लोग प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल और जंगल का विवेकपूर्ण उपयोग करते थे।

वे केवल आवश्यकतानुसार ही संसाधनों का उपभोग करते थे, जिससे **खपत को नियंत्रित करना और पर्यावरण का संरक्षण करना संभव होता था|**

उत्पादन का नैतिक और संतुलित दृष्टिकोण

यह बताता है कि **उत्पादन का उद्देश्य समाज कल्याण और आवश्यकता आधारित होना चाहिए। "सब नर करहिं परस्पर प्रीती"** अर्थात जिसके पास उपयोग से बचता था वह दूसरों को दे देता था, जिसे उस वस्तु की आवश्यकता हो फिर वह भोजन, अनाज आदि कुछ भी हो|

अस्त्र-शस्त्र का उल्लेख युद्ध में मिलता है इसका अर्थ हुआ उस समय इनका भी उत्पादन होता होगा परन्तु उनके निर्माण का वर्णन नहीं मिलता उसका कारण गोपनीयता हो सकता है| गलत व्यक्ति या देश को कोई घातक अस्त्र-शस्त्र को बनाने की विधि मिल जाए तो वह उसका दुरुपयोग कर सकता है, आज **पकिस्तान इसका उदाहरण है**, जो परमाणु बम की धमकी कभी भी, किसी को भी देता रहता है, शायद यही कारण होगा, जिसके कारण अस्त्र-शस्त्र के निर्माण का उल्लेख ग्रंथों में नहीं मिलता है|

भोजन और दैनिक खपत में संतुलन-

"सब नर करहिं परस्पर प्रीती" अर्थात जिसके पास उपयोग से बचता था वह उन्हें दूसरों को दे देता था जिसे वह वस्तु उपयोगी हो, फिर वह भोजन, अनाज आदि कुछ भी हो|

यह SDG-12 का संदेश है —

Responsible Consumption = आवश्यकता के अनुसार खपत और संसाधनों की रक्षा जो रामायण काल में भी देखने को मिलती है|

सारांश-

"रामायण में जिम्मेदार खपत और उत्पादन = आवश्यकता अनुसार संसाधन का प्रयोग + नैतिक और न्यायपूर्ण उत्पादन + पर्यावरणीय संतुलन।"

रामायण सिखाती है कि —

- खपत केवल आवश्यकता अनुसार हो,
- उत्पादन का उद्देश्य समाज और सब का कल्याण हो,
- संसाधनों का न्यायसंगत और सतत उपयोग हो।

"जहाँ खपत और उत्पादन विवेकपूर्ण और संतुलित हों, वहीं सतत विकास संभव है।"

संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य SDG-13) है —"जलवायु कार्रवाई (Climate Action)" और रामायण

रामायण में जलवायु और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश कई स्थानों पर मिलता है। यह केवल प्राकृतिक आपदाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि वन, जल स्रोत, जंगल और जीव-जंतुओं के संतुलन के माध्यम से प्रदर्शित होता है।

रामायण हमें यह सिखाती है कि मानव और प्रकृति का संतुलन समाज की स्थिरता और विकास का आधार है|

वन और जीव-जंतु का संरक्षण

वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग ९ में सीताजी निरपराध प्राणियों को न मारने और **अहिंसा धर्म** का पालन करने के लिए **श्रीराम** से अनुरोध करती है|

प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु का ज्ञान

रामायण काल में प्रकृति का संतुलन बना हुआ था, जिससे ऋतुएं अपने चक्र के अनुसार परिवर्तित होती थी

बरषा बिगत सरद ऋतू आई, लछिमन देखहु परम सुहाई | मानस 4/16/1

यह दिखाता है कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना मानव और समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिसका रामायण काल में कठोरता से पालन होता था|

यह दिखाता है कि जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए सतत और विवेकपूर्ण जीवनशैली आवश्यक है।

सारांश-

"रामायण में जलवायु कार्रवाई = पर्यावरण का संरक्षण + संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग + प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना।"

रामायण सिखाती है कि —

- प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान आवश्यक है,
- मानव गतिविधि केवल तभी टिकाऊ है जब जलवायु और पर्यावरण संतुलित हों,
- और संतुलित जीवन ही समाज की स्थिरता और विकास की नींव है।

"जहाँ वन, जल और जीव सुरक्षित हों, वहीं जलवायु संतुलित और समाज टिकाऊ है।"

संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य SDG-14 — जल के नीचे जीवन (Life Below Water)और पृथ्वी पर जीवन (Life on Land) और रामायण

रामायण में यह संदेश वन, नदियों, समुद्र और जीव-जंतु के संतुलन के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप में मिलता है। रामायण यह सिखाती है कि मनुष्य का जीवन और धर्म तभी टिकाऊ है जब जल और पृथ्वी दोनों पर जीवन सुरक्षित और संरक्षित हो।

रामायण में सीताराम के स्वरूप को ही कुछ इस प्रकार व्यक्त किया है –

सिय राम में सब जग जानी, करउँ प्रणाम जोरि जुग पानी|

यह संसार जिसमें **4 योनी, जलचर, जीव, पृथ्वी और आकाश** के जीव से से भरे हुए सारे जगत को ही श्रीसीताराम मय माना है, अर्थात उनकी रक्षा, सुरक्षा किस प्रकार होती होगी उसका अनुमान लगाना आसान है|

जल के नीचे जीवन — समुद्र और नदियों जीवों का संरक्षण

मानस के सुन्दरकाण्ड में श्रीराम विभीषण की सलाह मानते हैं और सागर को सुखाने की जगह उससे विनय करके रास्ता मांगते हैं जिससे समुद्र के जीव-जंतु सुरक्षित रहें|

कह लंकेस सुनहु रघुनायक, कोटि सिन्धु सोषक तव सायक|5//50/

यह SDG-14 का मूल संदेश है —

जल जीव-जंतु और समुद्री परिस्थितिकी का सम्मान करना और उनका संरक्षण करना चाहिए जिसका उदहारण रामायण में कई जगह मिलता है ।

पृथ्वी पर जीवन — वन और जीव-जंतु का संतुलन

श्रीराम सीताजी की खोज के समय वृक्ष, लता और वन्यजीवों से सम्मान से बात करते हैं, स्वयं कष्ट में हैं परन्तु उनको नुकसन नही पहुंचाते| अरण्यकाण्ड में इसके कई उदहारण मिलते हैं, यहीं **जटायु** का एक सशक्त उदहारण है, जिसे वह **पितृ तुल्य** सम्मान देते हैं |

पूछत चले लता तरु पाँती| 3/30/8

हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी, तुम्ह देखी सीता मृगनैनी |3/30/9

तेहि की क्रिया जथोचित, निज कर कीन्ही राम 3/32/दोहा जटायु को पूर्ण सम्मान दिया |

यह SDG-15 का संदेश है —

जंगल और भूमि के सभी जीवों की रक्षा करना और जैव विविधता बनाए रखना यह सन्देश सतत विकास का लक्ष्य है जो रामायण में भी कई प्रसंगों में हमें देखने को मिलता है|

सारांश-

"रामायण में जल और भूमि दोनों पर जीवन = सतत पारिस्थितिकी, संतुलित संसाधन और सभी प्राणियों का सम्मान।"

रामायण सिखाती है कि —

- समुद्र और नदियों के जीव सुरक्षित रहें,
- जंगल, वन्यजन और भूमि का जीवन संरक्षित रहे,
- और मानव जीवन तभी टिकाऊ होगा जब जल और पृथ्वी दोनों पर जीवन सम्मानित और संतुलित रहे।

"जहाँ जल के नीचे और पृथ्वी पर जीवन सुरक्षित है, वहीं वास्तविक सतत विकास और रामराज्य संभव है।

संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य SDG-16 "शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएँ (Peace, Justice and Strong Institutions)" है और रामायण

रामायण में यह लक्ष्य रामराज्य के आदर्श राज्यव्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। रामायण सिखाती है कि सच्चा शासन तभी संभव है जब न्याय, शांति और मजबूत संस्थाएँ हों।

न्याय और नीति का पालन

बाली का वध — न्याय और नैतिक शासन का उदाहरण

बाली ने जब अपने को मारने का कारण पूछा तो श्रीराम ने न्याय पूर्ण राज्य अयोध्या और राजा भरतजी का प्रतिनिधी अपने को बताया और अयोध्या के नियम को किष्किन्धा में न माने जाना, वध का कारण बताया |

राम ने बाली का वध इसलिए किया, ताकि रावण जैसी अन्यायपूर्ण शक्तियाँ नियंत्रित हो सकें। बाली अत्यंत शक्तिशाली था और अपनी शक्ति से अन्य वानरों और जन समुदाय को परेशान करता था। राम ने उसे नीति और न्याय के अनुसार, वन्य जीवन और समाज के हित के लिए पराजित किया।

हनुमान और सुग्रीव की जगह **अंगद को नेतृत्व देना** और **सशक्त संस्था** का निर्माण और अंगद को शांतिदूत बनाकर **संगठनात्मक शक्ति** को दृण करने के उदाहरण हैं|

यह प्रसंग SDG-16 में लक्ष्य और रामायण –

सशक्त संस्थाएँ = नेतृत्व और जिम्मेदारी का सही वितरण- अंगद को युवराज और अपनी सेना का सेनापति बनाना|
न्यायपूर्ण और पारदर्शी शासन के बिना शांति और विकास संभव नहीं- सुग्रीव का साथ दिया और बाली का वध किया|
शांति और समाज का सामूहिक संतुलन- राम का अंगद को लंका भेजना, युद्ध से इतर शान्ति का संदेश देने का प्रयास किया था।
सशक्त संस्थाएँ और प्रशासन- सुग्रीव और विभीषण को उनके राज्य वापिस कर दिए साथ में उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेना इसका उदाहरण रामायण में मिलता है|
कर्तव्य और नैतिक शासन – सुग्रीव का साथ दिया, बाली जो उनका दुश्मन बना, उसी के पुत्र को सेनाध्यक्ष और शान्ति दूत बनाकर भेजना नैतिकता का आदर्श प्रस्तुत किया|

सारांश-

"रामायण में शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएँ = नैतिक शासन + न्यायपूर्ण नियम + नागरिकों का सुरक्षित और सम्मानित जीवन।"

रामायण सिखाती है -

- न्याय और नीति सर्वोपरि थी,
- हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित था,
- संस्थाएँ निष्पक्ष और पारदर्शी थीं,
- और समाज का संतुलन कायम था।

"जहाँ न्याय, शांति और सशक्त संस्थाएँ हों, वहीं सतत विकास और रामराज्य संभव है।"

संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य SDG-17 और "लक्ष्यों के लिए साझेदारी (Partnerships for the Goals)" और रामायण

रामायण में सुग्रीव और विभीषण लक्ष्य साझेदारी, सहयोग और रणनीतिक गठबंधनों के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

सुग्रीव के साथ साझेदारी — सामूहिक शक्ति और सहयोग

- राम ने रणनीति और नेतृत्व प्रदान किया,
- सुग्रीव ने वानर सेना और भूगोल का ज्ञान।

साझेदारी = संसाधनों, ज्ञान और शक्ति का संयोजन, जिससे बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति संभव होती है।

विभीषण के साथ साझेदारी — नैतिक और रणनीतिक सहयोग

विभीषण ने अपने भाई रावण का विरोध करते हुए, श्रीराम के पास आता है और रामजी उसे स्वीकारते हैं। यह आज की अंतरराष्ट्रीय विदेश नीति को प्रतिपादित करता है| दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त हो सकता है|

- साझेदारी केवल शक्ति नहीं, बल्कि ज्ञान और नैतिकता का संगम भी होना चाहिए।
- लक्ष्य की प्राप्ति में सभी हितधारकों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

साझेदारी से प्राप्त लक्ष्य

- लंका विजय — राम, सुग्रीव और विभीषण की साझा रणनीति ने लक्ष्य हासिल किया।
- सामाजिक और नैतिक संतुलन — अंगद को समुचित सम्मान देकर किष्किन्धा में सम्मान और विभीषण की भागीदारी से न्याय और धर्म का पालन हुआ।
- सतत सहयोग —सुग्रीव और विभीषण को लंका का राजा बनाकर उसे अयोध्या का समर्थन दिलाना|

सारांश-

"रामायण में लक्ष्यों के लिए साझेदारी = शक्ति, संसाधन और नैतिकता का सामूहिक योगदान।"

राम, सुग्रीव और विभीषण का प्रसंग हमें यह सिखाता है कि —

- सहयोग से ही बड़े लक्ष्य पूरे होते हैं।
- साझेदारी में सशक्त नेतृत्व, नैतिक दृष्टिकोण और भरोसा जरूरी है।
- सही साझेदारी समाज और न्याय के लिए स्थायी परिणाम देती है।

शोध का निष्कर्ष :

रामराज्य के प्रत्यक्ष दर्शी नहीं हैं परन्तु चीन के कन्फ्युशियस और भारत के महात्मा गांधी को और उनके दर्शन को हमने देखा, सुना और पढ़ा है बल्कि आज भी उन्हीं के सिद्धांतों पर दुनिया चल रही है तो उनकी थोड़ी सी बात करते हैं, की वे रामायण के कितने करीब है|

रामायण, कन्फ्यूशियस और गांधी — सतत विकास का त्रिवेणी दर्शन

रामायण और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य दोनों का उद्देश्य समान है: **मानवता का कल्याण और पृथ्वी का संरक्षण।** इसी बिंदु पर जब हम पूर्व और आधुनिक विचारकों को साथ रखते हैं, तो हमें एक सार्वभौमिक सतत विकास का दर्शन देते हैं। **श्रीराम, कन्फ्यूशियस और महात्मा गांधी के विकास को देखते हैं -**

श्रीराम — मर्यादा के माध्यम से सतत्त विकास का आदर्श, जिसकी विस्तार से चर्चा ऊपर कर चुके हैं| श्रीराम ने **"मर्यादा पुरुषोत्तम"** बनकर यह सिखाया कि **मर्यादा ही सतत विकास का आधार** है।

कन्फ्यूशियस — धर्म या औचित्य (justification, propriety, Righteousness)के माध्यम से सामाजिक सामंजस्य

चीन के दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था —

"If there is righteousness in the heart, there will be order in the nation."

(यदि हृदय में धर्म है, तो समाज और राष्ट्र में व्यवस्था होगी।)

उनकी शिक्षाओं में "ली" (मर्यादा), "ई" (औचित्य/धर्म) और "रेन" (मानवता) — ये तीन सिद्धांत समाज को स्थायी बनाने की नींव हैं। यह रामायण और सतत विकास की "धर्म, नीति और मर्यादा" की अवधारणा से अत्यंत मेल खाता है। तीनों ही यह कहते हैं कि **व्यक्ति का नैतिक आचरण ही समाज के स्थायित्व का आधार** है।

महात्मा गांधी — ग्राम स्वराज्य और आत्मनिर्भरता का मार्ग

महात्मा गांधी ने रामराज्य की कल्पना को आधुनिक युग में पुनर्जीवित किया था।

"मेरे स्वराज्य की परिकल्पना रामराज्य से भिन्न नहीं है।"

गांधीजी के **"ग्राम स्वराज्य"** का अर्थ था —

- आत्मनिर्भर गाँव,
- स्थानीय उत्पादन और रोजगार,

- सामाजिक समानता,
- पर्यावरणीय संतुलन,
- और नैतिक शासन।

यह वही सिद्धांत है जो श्रीराम समुद्र सेतु निर्माण के समय वानर-भालू सेना के सहयोग से, स्थानीय संसाधनों पर आधारित विकास में अपनाया था। इस प्रकार, श्रीराम ने **मर्यादा को महिमावंत**, कन्फ्यूशियस ने **औचित्य/धर्म को सार्थक**, और गांधीजी ने **ग्राम स्वराज्य को जीवन्त** बनाया। तीनों ने यह सिद्ध किया कि **सतत विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक संतुलन की प्रक्रिया** है।

समग्र दृष्टि

"विकास तभी स्थायी है, जब वह नैतिक, न्यायपूर्ण, आत्मनिर्भर और समरस हो।"

रामायण का **"सर्वे भवन्तु सुखिनः",**

कन्फ्यूशियस का **"Ren and Yi",**

और गांधी का **"सर्वोदय और ग्राम स्वराज्य",**

ये तीनों मिलकर UNO के Sustainable Development Goals (SDGs) का **नैतिक-दार्शनिक आधार** प्रस्तुत करते हैं।

अतः कहा जा सकता है कि आधुनिक विश्व यदि इन तीनों शिक्षाओं को अपनाए तो वह न केवल आर्थिक प्रगति करेगा, बल्कि **नैतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन** को भी प्राप्त करेगा।

यही सच्चा सतत विकास है, और यही रामायण की शाश्वत प्रेरणा।

संदर्भित ग्रन्थ –

वाल्मीकि रामायण – ऋषी वाल्मीकि जी

श्रीराम चरित मानस- तुलसीदास जी

रामायण-मानवता का महाकाव्य श्री गुनवंत शाह

राम कथा -श्री नरेंद्र कोहली जी

मानस पीयुष – गीता प्रेस गोरखपुर

गूगल से सहयोग लिया | UNO की जानकारी

धन्यवाद

भगवान श्रीराम का अयोध्यावासियों को सार्वजानिक उद्बोधन



कैलाश चन्द्र शर्मा
(sharmakailash1958@gmail.com)

इस प्रपत्र का प्रसंग श्रीगोस्वामीतुलसीदासजी कृत श्रीरामचरितमानस के उत्तरकांड से लिया गया है. भगवान श्रीराम का श्रीलंका पर विजय के बाद अयोध्या में राज्याभिषेक हो गया है. वे राजाराम की भूमिका में हैं. एक बार राजाराम अयोध्यावासियों को बुलाते हैं और सार्वजनिक संबोधन के माध्यम से उपदेश देते हैं. भगवान ने मनुष्य जीवन को दुर्लभ कहा है और इसको ईश्वर की अहेतुकी कृपा का फल बताया है. मनुष्य जीवन की सार्थकता भक्ति में है जिसके लिए सरल स्वभाव का होना और मनकी कुटिलता का त्याग आवश्यक है. भगवान श्रीराम की ओर से यह दिव्य सन्देश हम सब के लिए है. हम सब को उनके अनुशासन में रहकर भक्ति के द्वारा परमानन्द और मोक्ष की प्राप्ति कर लेनी है.

1. भूमिका

इस प्रपत्र का विषयप्रसंग श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड से लिया गया है. भगवान श्रीराम श्रीलंका पर विजय पाप्त कर के अयोध्या आ गए हैं और उनका राज्याभिषेक हो गया है. एक बार श्री राम भगवान अयोध्यावासियों को संबोधित करते हैं और संदेश देतें हैं. यह संदेश मानव मात्र के लिए उपयोगी है. इसमें भगवान श्रीराम मनुष्य जीवन की विशेषता बताते हैं और उसके सदुपयोग और दुरुपयोग के बारे में आगाह करते हैं. भगवान ने भक्ति को उत्तम बताया है और जीवन का असली सदुपयोग बताया है. भगवान के सन्देश की मुख्य बातें यहाँ पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है.

2. मनुष्य शरीर का महत्व

जैसा कि ऊपर कहा गया, यह प्रसंग श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड का है जहाँ पर एक बार श्रीराम भगवान अयोध्यावासियों को बुलाकर संबोधित करते हुये कहते हैं: **"बड़े भाग मानुष तन पावा सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्ही गावा" उत्तरकाण्ड 42/4**. श्रीरामभगवान अयोध्यावासियों को मनुष्य योनि की महिमा के बारे में कहते हैं कि **"साधन धाम मोच्छ कर द्वारा" उत्तरकाण्ड 42/4.** अर्थात मनुष्य योनि साधन सम्पन्न है और मोक्ष का द्वार है. कहने का तात्पर्य है कि मनुष्य योनि दुर्लभ है और इसमें वह सब कुछ योग्यता है जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है.

आगे भगवान कहते हैं कि **"कबहुँक करि करुना नर देही. देत ईस बिन हेतु सनेही" उत्तरकाण्ड 43/3**. ईश्वर की अहेतुकी कृपा से मनुष्य शरीर मिलता है. अर्थात मनुष्य योनि कर्मों के आधार पर नहीं मिलती है बल्कि ईश्वर की अकारण कृपा से मिलती है. आगे भगवान मनुष्य शरीर को पानी के जहाज की उपमा देते हैं जिससे यह भव समुद्र पार किया जा सकता है.

"नर तनु भव बारिधि कहुं बेरो सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो
करनधार सद्गुरु दृढ़ नावा दुर्लभ साज सुलभ करि पावा" उत्तरकाण्ड 43/4.

अर्थात यह मनुष्य शरीर, संसार रूपी समुद्र को पार करने के लिए जहाज जैसा है और ईश्वर की कृपा रूपी सहयोगी पवन है तथा गुरु इस मजबूत जहाज का खेवनहार (कर्णधार या नाविक) है. यह सब दुर्लभ व्यवस्था है जो सहज ही प्राप्त हो गई है. अतः इस दुर्लभ अवसर का सदुपयोग कर लेना ही मनुष्य जीवन की सार्थकता है.

3. मनुष्य शरीर का उपयोग: क्या करना है?

श्रीभगवान मनुष्य जीवन के सदुपयोग के लिए उनके अनुशासन को मानने की बात कहते हैं**.**

"सोइ सेवक प्रियतम मम सोई. मम अनुसाशन माने जोई" उत्तरकांड 42/3.

जो अनुशासन का मार्ग श्रीभगवान ने बताया है वह भक्ति है.

"सुलभ सुखद मारग यह भाई भगति मोरि पुरान श्रुति गाई" उत्तरकाण्ड 44/1.

श्रीभगवान ने भक्ति को सुलभ और सुखद बताया है जिसकी गाथा वेद और पुराण गाते हैं.

"भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी बिनु सत्संग न पावहीं प्रानी" उत्तरकाण्ड 44/3.

भक्ति स्वतंत्र है अर्थात किसी पर आधारित नहीं है और सब सुखों की खान है. हर व्यक्ति को भक्ति करने की स्वतंत्रता प्राप्त है क्योंकि भक्ति स्वतंत्र है. किन्तु बिना सत्संग के इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है.

साथ ही श्री भगवान ने एक गुप्त बात बताई है कि श्री शंकर भगवान के भजन के बिना श्रीराम की भक्ति अप्राप्त है. **"संकर भजन बिना नर भगति न पावई मोरि" उत्तरकाण्ड 45.** भगवान शिव के भजन का अर्थ है विकार रहित होना क्योकि भगवान शिव संहार के देवता हैं. अर्थात जब हम विकार रहित हो जाते हैं तो हम श्रीराम भगवान की भक्ति के योग्य हो जाते हैं.

श्रीभगवान बताते हैं कि भक्ति में जो कर्म और भाव समाहित हैं वे इस प्रकार हैं: सरल स्वभाव का होना, मन की कुटिलता का त्याग, किसी से बैर न करना, आशा न करना, अभय, यथालाभ में संतोष, नामजप में रति, और ममता, मद और मोह का त्याग. इस अनुसाशन में श्रीभगवान ने गुरु व द्विज की महत्ता एवं सेवा और सत्संग की अनिवार्यता बताई है.

"पुन्य एक जग महुं नहिं दूजा मन क्रम वचन विप्र पद पूजा" उत्तरकाण्ड 44/4

"सरल सुभाव न मन कुटिलाई जथा लाभ संतोष सदाई" उत्तरकाण्ड 45/1.

"बैर न बिग्रह आस न त्रासा सुखमय ताहि सदा सब आसा" उत्तरकाण्ड 45/3.

अतः मुख्यतः स्वभाव की सरलता होना, मन की कुटिलता का त्याग और यथा लाभ में संतोष, भक्ति के प्रमुख लक्षण हैं.

"मम गुन ग्राम नाम रत गत ममता मद मोह
ता कर सुख सोई जानइ परानंद संदोह" उत्तरकाण्ड 46.

आगे भगवान भक्ति की और स्पष्ट एवं सरल व्याख्या करते हैं कि उनके गुणों का गान और नाम जप करना तथा ममता, मद और मोह की निवृत्ति, असली भक्ति का मार्ग है, जिसमें परमानन्द की प्राप्ति हो जाती है. अर्थात जो भक्ति करता है वह परमानन्द का अनुभव जान लेता है.

4. मनुष्य शरीर का दुरुपयोग: क्या नहीं करना है?

भगवान यह भी बताते हैं कि मनुष्य शरीर पाकर क्या नहीं करना है.

"नर तनु पाइ विषय मन देही. पलटि सुधा ते सठ विष लेहीं." उत्तरकाण्ड 43/1

यदि मानव शरीर पाकर विषय सुख में मन लगाया तो, यह ऐसे ही है जैसे कि अमृत को उलटकर विष को ग्रहण कर लिया. अर्थात केवल विषयों में मन लगाकर जीना, मनुष्य शरीर का दुरुपयोग है. अतः श्रीभगवान हमको मनुष्य जीवन के दुरुपयोग के प्रति सावधान करते हैं.

5. कर्मकी स्वतंत्रता

श्रीभगवान राम ने संदेश दिया और सुनने के लिए भी कहा लेकिन करने की स्वतंत्रता दी.

"सुनहु करहु जो तुम्हहि सोहाई". उत्तरकांड 42/2.

इसी प्रकार श्रीभगवान कृष्ण ने अर्जुन को भी सन्देश दिया है श्रीमद्भगवद्गीता के 18वें अध्याय में:

"इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद्गुह्यतरं मया
विम्रश्येतद्शेशेण यथेच्छसि तथा कुरु" अध्याय" 18/63 (श्रीमद्भगवद्गीता)

श्रीभगवान की विनम्रता अद्वितीय है. सब कुछ कहने समझाने के बाद भी करने की स्वतंत्रता मनुष्य को देते हैं, चाहे रामावतार हो या कृष्णावतार. अतः मानव को अवसर मिलता है कि वह प्रेय मार्ग चुनता है कि श्रेय मार्ग. प्रेय मार्ग विषयों के माध्यम से संसार की ओर ले जाता है और श्रेय मार्ग भक्ति की ओर अर्थात ईश्वर की ओर ले जाता है. संसार के मार्ग से बार बार जन्म और मृत्यु का चक्कर लगता रहता है और भक्ति के मार्ग से मुक्ति और परमानन्द की प्राप्ति होती है.

6. सारसंक्षेप

इस प्रपत्र में भगवान श्रीराम के सार्वजनिक उद्बोधन, जो उन्होंने राज्याभिषेक के बाद अयोध्यावासियों को दिया, की संक्षिप्त व्याख्या करने का प्रयास किया गया है. यह उपदेश सार्वभोमिक महत्व का है और इसका मुख्य सन्देश मानव जीवन की दुर्लभता है और साथ ही इसके सदुपयोग के लिए श्रीभगवान राम का वचन भी है कि उनकी भक्ति करो और परमानन्द की प्राप्ति करो. उनकी भक्ति सबको सुलभ और सुखद है. उनकी भक्ति के लिए उनके अनुशासन को मानते हुए अपने विकारों को समाप्त करना है और परमानन्द को प्राप्त हो जाना है.

7. सन्दर्भ साहित्य

श्रीरामचरित मानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, 2017

श्रीमद्भगवद्गीता **(मोटे अक्षरवाली), गीता प्रेस, गोरखपुर, 2019**

The Ecology of Mind in the *Ramayana*: Mental Wellbeing and Sustainable Living (SDG 3)



Tulsee Giri Goswami
(goswamitulseegiri@gmail.com)

This paper explores how the Ramayana offers a rich framework for understanding and cultivating mental wellbeing, in ways that align with the United Nations Sustainable Development Goal 3 (Good Health and Well-Being). It argues that the epic portrays an "ecology of mind" — where psychological health, moral values, environmental harmony, and social relationships are deeply interwoven. Drawing on key events and characters in the Ramayana, the paper demonstrates how inner qualities such as emotional regulation, resilience, compassion, detachment, purpose, and ethical decision-making contribute not only to individual mental health but also to sustainable modes of living. The paper further examines how Ramayana-based counseling techniques (recently developed) and the lived examples of Rama, Sita, Hanuman, and others can inform modern mental health interventions and promote sustainable behaviors. The conclusion suggests a model for integrating these insights into education, mental healthcare, and policy, thereby bridging ancient wisdom and modern needs.

Keywords: Ramayana; Mental Wellbeing; SDG 3; Ecology of Mind; Sustainable Living; Indian Psychology; Resilience; Emotional Regulation

1. Introduction

In recent decades, there has been growing recognition that wellbeing is not only a matter of physical health but of psychological, emotional, and ethical dimensions. Simultaneously, sustainable development discourses have increasingly emphasized that environmental sustainability must go hand in hand with social and individual wellbeing. The United Nations SDG 3 calls for ensuring healthy lives and promoting well-being for all at all ages. Yet, in practice, modern life is marked by stress, alienation, overconsumption, mental health disorders, and a disconnect with nature and deeper values.

The *Ramayana*, one of the foundational epics of South Asia, offers a paradigm that can help redress this imbalance. Beyond its narrative of exile, adventure, conflict, and triumph, the *Ramayana* weaves together images of inner struggle, moral choice, relational harmony, and ecological respect. This paper proposes that the *Ramayana* can be read as a text of mental ecology — in which the inner mind (its states, choices, emotional flow) mirrors and interacts with the outer world (nature, society, moral order).

The aim of this paper is twofold:

1. To analyze key dimensions of mental wellbeing implicit in the *Ramayana*, situating these in relation to modern psychological concepts;
2. To propose how these dimensions can be mobilized in contemporary settings (education, counseling, sustainable living) to promote SDG 3 and related sustainable development goals.

Conceptual Framework: Ecology of Mind

The term *"ecology of mind"* (popularized in Western thought by Gregory Bateson, among others) refers to the interdependence of mental, social, and environmental systems. In this view, mental health is not just the absence of illness but the presence of harmony — internally (thoughts, emotions, values), relationally (family, community), and ecologically (our relation with nature and moral order).

In Indian thought, especially as represented in epics like the *Ramayana*, similar interconnections are foundational. The forest (*vana*) is not simply a backdrop for Rama's adventures; it is symbolic of a simpler, more harmonious mode of being. Mind (manas, chitta), emotion (bhava), detachment (vairagya), compassion (karuṇā), duty/dharma — all these are in constant interplay. Psychological disturbances like egoism, attachment, violence, jealousy are often mirrored in breakdowns of social order or environmental imbalance (e.g., ruinous battles, destruction, exile disruption).

The Rāmāyaṇa contains repeated exemplars of what modern psychology recognizes as adaptive mental processes: emotion regulation, purpose-driven action, relational support, resilience, and nature-based restoration.

Thus, in what follows, we draw on certain episodes and characters of the *Ramayana* to determine how the ecology of mind is depicted, and how that suggests paths for mental wellbeing and sustainable living.

Key Psychological Dimensions in the Ramayana

1. **Equanimity and Acceptance** — *Rāma's Composure on Receiving Kaikeyī's Demand*

When confronted with Kaikeyī's demand that his coronation be rescinded, Rāma's response is composed and decisive. His behaviour provides a model of acceptance without passivity: abiding by duty (dharma) while preserving moral agency. Valmīki's depiction is explicit:

एवमस्तु गमिष्यामि वनं वस्तुमहं त्वितः ।
जटाजिनधरो राज्ञः प्रतिज्ञामनुपालयन् ॥2.19.2॥

"Be it so. I shall go from here to the forest and live there with matted hair and deerskin, to keep the king's promise." (Vālmīki, Ayodhyā-kāṇḍa 2.19.2)

This stanza situates Rāma's disposition: duty (kartavya) and acceptance do not negate inner feeling (Valmīki elsewhere records Rama's private grief), but they channel emotional energy toward ethical action. Contemporary psychotherapy frames such re-appraisal and values-directed behaviour as central to resilience.

नाहमर्थपरो देवी लोकमावस्तुमुत्सहे ।
विद्धिमामृषिभिस्तुल्यं केवलं धर्ममास्थितम् ॥2.19.20॥

"O Devi, I am not attached to wealth or worldly life; know me as one established in dharma, like the sages." (Vālmīki, Ayodhyā-kāṇḍa 2.19.20)

This line famously expresses Rāma's perspective on material detachment. Importantly, Valmīki presents detachment not as apathy but as a morally motivated orientation: Rāma aligns himself with the life-of-the-sages (ṛṣi) insofar as his actions respond to ethical commitments. Modern constructs — especially Acceptance and Commitment Therapy (ACT) — resonate with this form of valued living wherein behaviour is guided by chosen values even amid distress.

चतुर्दश हि वर्षाणि वत्स्यामि विजने वने ।
मधुमूलफलैर्जीवन्हित्वा मुनिवदामिषम् ॥2.20.29॥

"For fourteen years I will dwell in the solitary forest, living like a sage, abstaining from meat, surviving on honey, roots and fruits." (Vālmīki, Ayodhyā-kāṇḍa 2.20.29)

This stanza frames the forest-life (vanavāsa) as a deliberate reduction of consumption and a return to minimal needs. The text's ethical minimalism is relevant to contemporary discussions on sustainable consumption (SDG 12). From a wellbeing perspective, nature-immersion and voluntary simplicity have measurable benefits for mental health (reduced rumination, lower physiological stress), aligning the epic's prescriptions with modern environmental psychology.

2. Resilience, Meaning, and Moral Agency — Sītā and Hanumān

Sītā's endurance in the Aśoka-vatika, her moral clarity under duress, and her refusal to capitulate to indignity exemplify an inner agency that refuses both despair and nihilism. Valmīki repeatedly shows Sītā engaged in dialogue with herself, the natural world, and with guest characters (Hanumān, Trijāta) in ways that reconstruct meaning amid suffering. Hanumān's role in the Sundara-kāṇḍa is illustrative of integrative, embodied action. His focused attention, self-effacing devotion, and practical problem-solving are archetypal models for purpose-directed action and agency. Psychological models of self-efficacy and behavioural activation find analogues in Hanumān's tasks: clear goal, graduated action, perseverant effort.

3. Detachment and Reflective Awareness — Rāma's Dialogue with Lakṣmaṇa

When Lakṣmaṇa expresses anger at Daśaratha's injustice, Rāma responds with a philosophy of reflective detachment — acting without attachment to outcomes, maintaining inner balance and dharma.

न मेऽभिलाषो राज्यस्य न मेऽभिलाषो सुखस्य वा।
धर्ममेवोपसेविष्ये ह्यधर्मो हि महाक्षयः॥ **(Ayodhyā Kāṇḍa 2.21.15)**

"I have no desire for kingship, nor even for pleasure; I shall serve only dharma, for adharma leads to great destruction."

This verse encapsulates *vairāgya* (detachment) and *viveka* (discernment) — two pillars of reflective equilibrium in Indian psychology. Detachment here is not withdrawal but **regulated desire** and **ethical clarity**. In sustainability discourse, this aligns with *consumption restraint* and *mindful moderation*, reflecting ecological ethics within mental self-regulation.

4. Reflection and Ethical Decision-Making — The Forest Council

Before crossing into exile, Rāma consults with Sītā and Lakṣmaṇa. The decision is reflective and dialogical, balancing personal duty, family, and environmental sensibility.

यत्तु मे हृदयं वृत्तं तदिदानीं निवेद्यते।
वनवासस्य समये मनो मे नातिविह्वलम्॥ **(Ayodhyā Kāṇḍa 2.40.7)**

"Now I disclose what is in my heart; though we must dwell in the forest, my mind is not agitated."
Rāma's deliberative tone models **ethical mindfulness** — reasoned reflection before action. His equipoise anticipates the *Bhagavad-Gītā*'s notion of *sthita-prajña* (steady wisdom). Psychologically, this is **metacognition** — awareness of one's mental states during decision-making, vital in counselling and emotional regulation.

5. Social Support, Community, and Relationships — *Bharata's Return and Brotherhood*
Bharata's refusal of the throne after Daśaratha's death represents social connectedness, integrity, and moral anchoring through community ties.

नाहं राज्यं न चाहं स्त्रीं न मे राज्ये स्पृहा क्वचित्।
भवत्वयं जनः सर्वो राममेवाभिपूज्यताम्॥ **(Ayodhyā Kāṇḍa 100.24)**

"Neither the kingdom nor women tempt me; let all the people honour Rāma alone."
"भरत बिहायहु कपट अघोरी। भइ परताप राम के तोरी॥" **(Ayodhyākāṇḍa, Doha 241)**
"Bharata cast aside all deceit and darkness — transformed by Rāma's radiant virtue."

Bharata's action demonstrates *seva bhāva* (selfless service) and *sangha-sārthakatā* (meaning through belonging). In psychological terms, this corresponds to **social support** and **collective moral identity**, both essential for wellbeing (SDG 3) and for sustainable communities.

6. Nature, Simplicity, and Forest Life — The Ecology of the Vana
The forest (*vana*) in the Rāmāyaṇa is a living moral space — an environment of austerity, learning, and ecological symbiosis. Rāma, Sītā, and Lakṣmaṇa's forest life models **voluntary simplicity** and **minimalist consumption**.

फलमूलाशनं नित्यं जटाचीरधरं तथा।
वने वसन्तमायान्ति दृष्ट्वा लोकाः सुखं लभेत॥ **(Ayodhyā Kāṇḍa 2.54.1)**

"Seeing them in the forest, living simply on fruits and roots, clothed in bark and matted hair, people felt a serene joy."
The aesthetic of forest life (*vanavāsa*) conveys not deprivation but sufficiency. The narrative evokes *santosha* (contentment) and *aparigraha* (non-hoarding). Both are foundational in Yogic and Buddhist psychology as well as sustainability ethics.
Empirical studies (e.g., Kaplan & Kaplan's "Attention Restoration Theory") corroborate that **exposure to nature** restores cognitive and emotional balance — a "biophilic wellbeing loop" that the Rāmāyaṇa intuited centuries ago.

7. Minimalism and the Austerity of Desire — Rāma and Sītā in the Hermitage
काष्ठं समादाय महानिलेन प्रसन्नचेताः सह सीतया च।
पर्णानि चादाय चकार शय्यां शुचिं स्नेहसंपन्नया॥ **(Araṇyakāṇḍa 3.11.23)**
"Gathering wood and leaves with serene mind, along with Sītā, he prepared a clean and loving bed of leaves."
"सुख मानहुँ परलोक सरीखा। सीत राम वन जीवन रीखा॥" **(Aranyakāṇḍa, Doha 12)**

"They found the forest life as blissful as heaven; for Sītā and Rāma, simplicity was sacred order."
This imagery of shared labour, care, and simple living demonstrates *saha-ādhāra* — mutual support through minimalism. It emphasizes **interpersonal attunement**, **mindful labour**, and **contentment**. Such simplicity is the psychological antidote to consumerist anxiety, aligning directly with sustainability goals.

8. The Forest as Therapeutic Ecology — *Hermits and the Healing of Mind*

तपोवनानि रम्याणि पश्यन्ति मुनिपुङ्गवाः।
वायुवेगैः प्रसन्नानि हृष्टा मृगपक्षिणः॥ **(Araṇyakāṇḍa 3.5.6)**

"The great sages gaze upon the delightful hermitages — refreshed by gentle winds, where beasts and birds rejoice."

The ideal life of Bharata in the *Rāmāyaṇa* offers numerous lessons for individuals, administrators, and leaders, which are worth following for all. As Bharata handled the crisis situation and governed Ayodhyā on behalf of the real successor and his elder brother, Śrī Rāma, he set a standard for modern leadership. While administrators and leaders across the globe face numerous challenges and turbulence on various levels in the present time, the Ideal Life of Bharata may serve as a pioneer for them. In conclusion, we can say that –

- Dharma (righteousness, sense of duty) is essential for administrators and leaders
- The power is for the welfare of society, not for personal gain and comfort.
- The virtues like humility, loyalty, simplicity, penance, and renunciation are crucial for a good leader.

The leadership model of Bharata in the *Rāmāyaṇa*, rooted in the *Dhārmika* principle of governance, serves as a torchbearer for those who wish to serve society for the sake of peace and prosperity.

8. References

1. Ramacharit Manas, Gita Press, Gorakhpur.
2. Shrimad Valmiki Ramayana (Original with Hindi translation). Gita Press, Gorakhpur.
3. Goyandka, J. (2008). Some ideal characters of the Ramayana. Gita Press, Gorakhpur.
4. Shrimad Valmiki Ramayana (With Sanskrit Text and English Translation) Revised Edition, Gita Press, Gorakhpur.
5. Vālmīki. (2021). The Rāmāyaṇa of Vālmīki: The Complete English Translation. Princeton University Press.
6. Valmiki. (1952). The Ramayana of Valmiki (H. P. Shastri, Trans.). Shanti Sadan. London.
7. https://www.valmiki.iitk.ac.in/

सगुण - निर्गुण भक्ति परस्पर पूरक



Ameeta Gupta
(ameetagupta12@gmail.com)

1. प्रस्तावना

भक्ति का अर्थ है, ईश्वर के प्रति व्यक्तिगत प्रेम, स्नेह, और समर्पण। यह संस्कृत की "भज "धातु से बना है ।जिसका अर्थ है पूजा करना या समर्पित करना। यह एक आध्यात्मिक मार्ग है , जो ईश्वर के साथ एक गहरा और व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने में मदद करता है।

भक्ति के प्रमुख पहलू

प्रेम और समर्पण - भक्ति का मुख्य तत्व ईश्वर के प्रति निस्वार्थ प्रेम और समर्पण , जिसमे कोई स्वार्थ या अपेक्षा नहीं होती।

आस्था और विश्वास - यह ईश्वर में दृढ़ विश्वास और आस्था की भावना है।।

सेवा और पूजा - यह मोक्ष प्राप्ति का एक सुगम साधन माना जाता है। भक्ति सगुण और निर्गुण, दो प्रकार की मानी जाती है।

राम चरित मानस में भक्ति के कई रूपों को दिखाया गया है। यह ईश्वर की सेवा करने।, उनके गुणों का गान करने , और सच्चे मन से उन पर विश्वास रखने का मार्ग है। भक्ति में सकाम और निष्काम , दोनों तरह के प्रेम शामिल हैं, लेकिन निष्काम भक्ति सबसे श्रेष्ठ मानी जाती है।

भगवद्गीता में भगवान भक्ति योग को सर्वश्रेष्ठ मार्ग बताते हैं। वह कहते हैं जो भक्त अपने सभी कर्म मुझमें समर्पित करके,, मेरे प्रति शुद्ध , अनन्य प्रेम और समर्पण रख कर अपना मन मुझमें लगाते हैं,वे जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाते हैं आगे भगवान चार प्रकार के भक्तों का वर्णन करते हैं। आर्त, जिज्ञासु ,अर्थार्थी, और ज्ञानी। भगवान कहते हैं, जो परम ज्ञानी शुद्ध भक्ति भाव से मुझ ईश्वर की भक्ति में लगा रहता है ,वही सर्वश्रेष्ठ भक्त है, क्योंकि उन भक्तों के लिए मैं प्रिय हूँ , और मेरे लिए वे भक्त प्रिय हैं। भक्ति योग , ज्ञान योग,और कर्म योग, के साथ तीन मुख्य आध्यात्मिक मार्गों में से एक है।

2. विस्तार

भगवद्गीता के अनुसार, भक्ति ईश्वर के प्रति प्रेम, समर्पण और विश्वास का एक आध्यात्मिक मार्ग है। इसमें भगवान को अपने प्राण समर्पित करके, सभी कार्यों को उनकी सेवा के रूप में करते हुए, उनके ध्यान में लीन रहना ही भक्ति है। भक्ति का एक पहलू निस्वार्थ प्रेम है, जहाँ व्यक्ति किसी, फल या लाभ की इच्छा के बिना प्रेम करता है।

गीता में वर्णित भक्ति सगुण और निर्गुण दोनों हैं। सगुण को भगवान ने सुलभ और सुरक्षित बताया। परंतु सगुण के विकास में निर्गुण रूपी तत्त्वनिष्ठा रूपी बौर आना चाहिए। भक्ति के उदर से ज्ञान का जन्म होना चाहिए। भक्ति की बेल में ज्ञान के फूल खिलने चाहिए।।

निर्गुण भक्ति सर्वभूत हित रत् होती है।। सारे विश्व का कल्याण, पूजा की तरह करना, ईश्वर की आज्ञा से करना। यह कहने में सरल है, पर बहुत कठिन है। निर्गुण ज्ञान मय है, इसमें भक्त को संबल न मिलने पर भय हो सकता है। निर्गुण भक्ति को भी चित के सूक्ष्म मैल धोने के लिए सगुण की आद्रता चाहिए।

यह दोनों प्रकार की भक्ति मानस में उत्तम ढंग से दिखती है। अरण्य कांड में सगुण भक्ति के दर्शन होते हैं। भगवान राम, लक्ष्मण से कहते हैं , धर्म के आचरण से वैराग्य और योग से ज्ञान होता है। यह ज्ञान मोक्ष देने वाला होता है, ऐसा वेदों में वर्णित है। पर भाई जिससे मैं शीघ्र ही प्रसन्न होता हूँ , वह मेरी भक्ति है जो भक्तों को सुख देने वाली है। अरण्य कांड १५; २। भगवान राम कहते हैं वह भक्ति स्वतंत्र है , उसको दूसरे साधन का सहारा नहीं चाहिए। ज्ञान और विज्ञान उसके अधीन हैं। हे तात ! भक्ति अनुपम सुख की ख़ान है। अरण्य १५;३।

शबरी की भक्ति सगुण भक्ति का द्योतक है। पूरा जीवन वह गुरु के वचन पर प्रेम और विश्वास रख कर राम के आने की प्रतीक्षा करती रही। शबरी प्रेम।, श्रद्धा और धैर्य की द्योतक है। जब शबरी ने भगवान श्री राम को घर आए देखा तो उनका मन प्रसन्न हो गया ।कमल सदृश नेत्र और विशाल भुजाओं वाले, सिर पर जटाओं का मुकुट धारण किए हुए, भगवान के चरणों में शबरी लिपट गईं।वे प्रेम मगन हो गईं। उन्होंने अत्यंत रसीले कंद ,मूल और फल प्रभु को अपने हाथों से चख चख कर खिलाए ।उसकी भक्ति देखकर राम कहते हैं, हे भामिनी , मैं केवल भक्ति ही का संबंध मानता हूँ। वह कहते हैं जाति, पाँति, कुल, धर्म, बड़ाई, धन, बल और चतुरता - इन सबके होने पर भी भक्ति से रहित मनुष्य ऐसा लगता है जैसे जलहीन बादल शोभाहीन दिखता है। फिर भगवान शबरी को , जो एक साधारण भील स्त्री है, नवधा भक्ति का रहस्य बताते हैं। भगवान कहते हैं , तुझमें सभी प्रकार की भक्ति दृढ़ है। अतएव जो गति योगियों को भी दुर्लभ है , वही आज तेरे लिए सुलभ हो गई। इस प्रकार शबरी को अपना सहज स्वरूप प्राप्त हो गया।

भरत की भक्ति निर्गुण भक्ति है। उसमे सगुण की मधुरता है ।भरत निर्गुण भक्ति के द्योतक हैं। ।तुलसीदास जी ने उनका मानस में बहुत सुंदर चित्र खींचा है । राम वन को गए तब भरत अयोध्या में नहीं थे । जब भरत आते है , तो राम वनवास को जा चुके हैं।, और पिता दशरथ शरीर त्याग चुके हैं। । गुरु वशिष्ठ उन्हें समझाते हैं , कि अब तुम राज चलाओ । भरत का मन भीतर से राम को मिलने को छटपटा रहा था, परंतु राम की आज्ञा से राज्य का प्रबंध उन्ही को करना था । उनकी भावना यह थी कि यह राज्य राम का है, इसका प्रबंध करना राम की ही सेवा है । लक्ष्मण की तरह भरत मुक्त नहीं हो सकते। ।यहाँ राम की भक्ति का अर्थ है, राम का कार्य करना। ।राज काज की सारी व्यवस्था करके भरत राम से भेट करने पंचवटी में आते हैं । राम कहते हैं , भरत तुम्ही राज काज चलाओ। भरत कहते हैं जो राम कहें सो मंजूर । उन्होंने अपना सबकुछ राम पर निछावर कर रखा था । चलते हुए , जब राम ने अपनी पादुकाएं भरत को दी, वो भरत के लिए सगुण का आधार बनी ।

भरत गए और पादुकायों की आज्ञा शिरोधार्य करके अपना कर्तव्य करते रहे । अयोध्या से कुछ दूर नंदी ग्राम में तपस्वी का जीवन जीते रहे । यद्यपि भरत राम से, शरीर से दूर थे, तो भी क्षण भर के लिए भी वियोग नहीं था । अंत में राम जब भरत से मिले, तब यह पहचानना मुश्किल हो गया कि वन में रह कर

तप करने वाला असली तपस्वी कौन है? दोनों के एक से चेहरे, उम्र का थोड़ा सा अंतर, और मुखमुद्रा पर वही तपस्या के चिह्न । दोनों को देखकर यह पहचाना नहीं जाता कि इनमें राम कौन और भरत कौन ?

हरि भक्ति में श्रद्धा, प्रेम और विश्वास की आद्रता आवश्यक है । इसलिए भगवान ने अर्जुन से बार बार कहा

मैयासक्त मनः पार्थ - अर्जुन मुझमें आसक्त रह। ,मुझमें भक्ति रख।, फिर कर्म कर, फिर तू कर्म बंधन में नहीं बंधेगा। जिस भगवद्गीता में बार बार इस बात पर ज़ोर दिया गया कि अनासक्त रह कर कर्म करो, राग द्वेष छोड़ कर कर्म करो, निरपेक्ष कर्म करो।, वहीं गीता कहती है - अर्जुन मुझमें आसक्ति रख । पर यहाँ आसक्ति भगवान के प्रति कही गई है, यह बहुत पवित्र भाव है। ।

सगुण और निर्गुण, दोनों एक दूसरे में गूँथे हुए हैं। सगुण , निर्गुण का आधार सर्वथा तोड़ नहीं सकता।। निर्गुण को सगुण के रस की आवश्यकता होती है।

मामानुस्मर युद्ध च - मेरा स्मरण करते हुए कर्म करो ।क्योंकि कर्म स्वयं भी एक पूजा है ।

मत्कर्म कृणमतपरमों मदभक्तः संगवर्जितः

निर्वैर सर्वभूतेषु यः स मामेती पाण्डव ।।

भगवान कहते हैं, हे पांडव जो सब कर्म मुझे समर्पित करता है, मुझमें परायण रहता है , मेरा भक्त बनता है, और प्राणिमात्र में द्वेषरहित हो कर , जो जो करता है, मुझे अर्पित करता है, मेरी भक्ति में सराबोर है वह प्रेममय मेरा भक्त है ।

3. निष्कर्ष

तो असली वस्तु है भावना । सगुण और निर्गुण, कर्म और प्रीति, ज्ञान और भक्ति , ये सब एक ही रूप हैं । एक दूसरे के परस्पर पूरक हैं । रामायण में तुलसीदास कहते हैं,

जाध्यपी सम नहीं राग न रोशू ।गहही न पाप पुनु गुण दोषू ।।
करम प्रधान बिस्व करि राखा । जो जस करयी तो तस फल चाखो ।।

यदपि वे राम अर्थात् ब्रह्म सम हैं - उनमे न राग है, न रोष है । और न वे किसी का पाप - पुण्य और गुण दोष ही ग्रहण करते हैं, उन्होंने विश्व में कर्म को ही प्रधान कर रक्खा है, जो जैसा करता है वैसा ही फल भोगता है।।

यह पूर्णतः भगवद्गीता का मूल मंत्र है, जो मानस में दिखता है ।

तदपि करहीं सम विषम बिहारा । भगत - अभगत हृदय अनुसारा
अगुण अलेप अमान एक रस। । रामु सगुन भए भगत पेम बस ।।

वह राम , वो ईश्वर , भक्त को गले लगाकर और अभक्त को मार कर तार देते हैं। वे गुण रहित , निर्गुण , निर्लेप , मानरहित और सदा एकरस हैं वे राम, भक्त के प्रेमवश ही सगुण हुए। ।

राम मानस में सुंदरकांड में विभीषण से कहते हैं, जो नर चराचर द्रोही भी हो, यदि मेरी शरण में आता है तो उसका मद, मोह।, कपट और अन्य दोष स्वयं हट जाते है ।और वह साधु के समान हो जाता है । उसकी तन, धन, घरबार से आसक्ति हटा कर मैं अपने में कर देता हूँ । ऐसा समदर्शी भक्त की सब इच्छाएँ फिर समाप्त हो जाती हैं। उसे हर्ष और शोक नहीं सताता।। ऐसे भक्त को में अपने हृदय में ऐसे रखता हूँ , जैसे लोभी धन को अपने हृदय में रखता है । फ़िर राम कहते हैं

सगुण उपासक परहित निरत नीति दृढ़ नेम ।
ते नर प्राण समान मम जिन्ह कें द्विज पद प्रेम ।।

भगवान राम कहते हैं सगुण भक्त और परहित में लगा हुआ निर्गुण भक्त , दोनों मेरे हृदय में रहते हैं ।

अर्थात् सगुण भक्त और निर्गुण में कोई अंतर नहीं है।

अंत में भगवान कृष्ण कहते हैं। " अर्जुन , तुम चाहे सगुण रहो या निर्गुण ,पर भक्त ज़रूर बनो।

मंमना भव मदभक्तो मद्याजी माम नमस्कुरु

मामेवैश्यसी युक्तवैवमात्मानं मतपरायण : ।।

मुझमें मनवाला हो।, मेरा भक्त बन, मेरा पूजन करनेवाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके तू मुझको अर्थात् ब्रह्म को ही प्राप्त होगा।

रामायण भक्ति प्रधान होते हुए भी कर्म को स्थापित करती है। भगवद्गीता कर्म प्रधान होते हुए भी भक्ति को स्थापित करती है। दोनों में कोई अंतर नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं।

उर्मिला की मौन प्रतीक्षा



अलका श्रीवास्तव
(alkash1960@gmail.com)

जिस वक्त श्री राम, सीता और लक्ष्मण वनवास के लिए तैयार होते हैं। उर्मिला भी साथ जाने के लिए आग्रह करती। लक्ष्मण उन्हें राजमहल में ही रुक कर अपने धर्म का पालन करने के लिए कहते हैं। जिसे उर्मिला पूरे सम्मान पूर्वक स्वीकार करती है। उनकी संवेदनशीलता और मौन ही उनके अदृश्य आत्मिक संबंध को व्यक्त करता है। वे सहनशील, पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए 14 वर्ष महल में रहते हुए भी एक तपस्विनी की तरह अपना जीवन बिताती है। लेकिन उर्मिला की मौन साधना समझना कठिन है क्योंकि, उन्होंने किसी धर्म से नहीं बल्कि अपने मन से धर्म का पालन किया है।

1. प्रस्तावना

शक्ति किसी की भी हो, पत्नी हो या माँ, उन्हें प्रमाणित करने की ज़रूरत नहीं है। वे स्वयं में इतनी तेजस्विनी, प्रकाशित और ईश्वर की ही दी हुई परम शक्ति सदैव उनमें जाग्रत रहती है। समाज में रहते हुए उसे समय के अनुसार अपने आपको ढालने को शक्तिमय किरण बनकर अपने कर्तव्यों को बड़ी निष्ठा के साथ निभाती है। वह चाहे सीता हो, जगदम्बा हो, कौशल्या हो या उर्मिला हो, शक्ति सदा से तेजोमय प्रकाश से प्रकाशित होती है आत्मबल।

आत्मबल ही आत्मा को उच्च चरित्र का प्रकाश है जिसकी कार्य जीवन को सर्वोत्तम के लिए प्रस्तुत करना होता है। अपनी सीमा को समझते हुए संघर्ष करना और अपने को बदल सकना, अपनी गतिविधियों को निम्न स्तर से उठाकर उच्च स्तर पर प्रतिष्ठित करना मानव जीवन की सबसे बड़ी सफल साधना है। आत्मा की शक्तियों की कोई सीमा नहीं होती।

हमारी भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति को नमन करते हुए मैं आज एक अत्यंत संवेदनशील, धैर्यवान, निष्ठावान, शक्ति, सती उर्मिला का विवरण, उनका धैर्य लक्षित करती हूँ। अपने को गौरान्वित महसूस करती हूँ कि हमारी संस्कृति है जहाँ इतनी शक्तिशाली, सुसंस्कृत, त्याग, और मर्यादा से परिपूर्ण नारी शक्तियाँ थीं। उनके त्याग और संयम को गोस्वामी जी ने बड़े ही सम्मान पूर्वक लिखा।

2. विस्तार

राम चरित मानस में राजा दशरथ के चार पुत्र हुए जिनका नाम राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न है। राम कौशल्या के पुत्र थे। शत्रुघ्न और लक्ष्मण सुमित्रा के एवं भरत केकई के पुत्र हुए। सभी साथ में बड़े होते हैं। कुछ समय बाद विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को वन जाने के लिए दशरथ से आग्रह करते हैं। मुनियों की रक्षा के लिए उन्हें लेकर वन में उचित शिक्षा व अस्त्र-शस्त्र प्रदान करते हैं। कुछ समय बाद मिथिला की ओर आगे बढ़ते हैं।

मिथिला नगरी राजा जनक की सुंदर नगरी थी। राजा जनक की भूमिजा पुत्री सीता थी और, उर्मिला राजा जनक की निजी संतान थीं। वह सीता से छोटी थी, और राजा जनक के भाई कुशध्वज की दो पुत्रियाँ - माँडवी और श्रुतकीर्ति थीं, इस प्रकार चारों का पालन-पोषण राजा जनक द्वारा ही किया गया। राम द्वारा शिवधनुष तोड़े जाने पर उनका सीता के साथ स्वयंवर विवाह होता है। राजा जनक और राजा दशरथ के विचार-विमर्श पश्चात् लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का विवाह भी उर्मिला, माँडवी और कीर्ति के साथ करने के लिए दोनों पक्ष तैयार होते हैं।

अयोध्या में :

जिस वक़्त केकई ने राजा दशरथ से दो वरदान माँगे और राम वन जाने के लिए तैयार होते हैं। सीता भी उनके साथ वन की ओर जाने को तैयार होती है। यहाँ उर्मिला जब लक्ष्मण से आग्रह करती है, कि मैं भी आपके साथ जाना चाहती हूँ, तो लक्ष्मण उन्हें मना कर कहते हैं: "आप महल में रहकर माताओं को ध्यान रखें"। वे मन को समझाकर चुप रह जाती है।

उर्मिला का व्यक्तित्व:

उर्मिला एक बहुत ही बुद्धिमान, समझदार, ज्ञानी, आत्मविश्वास से पूर्ण, विनम्र व्यक्तित्व वाली थीं। बड़ों के प्रति आदर भाव सदैव उनके व्यवहार में दिखाई देता था। चित्रकला और अध्ययन की शौकीन थीं। बहनों के प्रति स्नेह भाव विशेष तौर पर सीता को उन्होंने सदैव बड़ी बहन का ही सम्मान दिया। उनका चरित्र बहुत ही उच्च कोटि का था।

बिदाई का समय नज़दीक आते ही उर्मिला अंदर तक बेहद आहत होती है कि सीता के साथ तो राम होंगे, मेरे साथ न तो सीता है और न लक्ष्मण। यह सोचकर उनका दिल बैठ गया । वे इस अंतर्मन की वेदना को दिल में रख दुखी मन से सब सहन करती है। सीता भावुक होकर उर्मिला को सांत्वना देती है "तुम यहाँ अकेली हो लेकिन हम सबका संबल हो"। "हर परिस्थिति का सामना कर सकती हो इसीलिए शायद लक्ष्मण ने तुम्हारे ऊपर घर की जवाबदारी और सभी को सँभालने का भार डाला हैं"।

अश्रुजल से उर्मिला और सीता एक दूसरे को देख ढाँढस बँधाती है। राम लक्ष्मण बाहर खड़े हैं। उर्मिला सीता को लेकर उनके पास आती है तभी राम उर्मिला से कहते हैं: "उर्मिला तुम बहुत बहादुर हो, ज्ञानी हो, मैं सदैव तुम्हारा ऋणी रहूँगा"।

सुमित्रा ने लक्ष्मण से कहा, "तुम राम और सीता के साथ बाहर जा रहे हो, उनकी सेवा में कोई कमी न करना"। "जहाँ राम, सीता हैं, वहीं तुम्हारी अयोध्या है"। यह सुन उर्मिला स्वयं को तुच्छ समझती है। उनका प्यार - गर्व, सम्मान, खुशियों से भरा था। भावुकता, पछतावा या व्यर्थ की बातों के लिए कोई स्थान नहीं था।

उर्मिला पूरे सम्मानपूर्वक पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए 14 वर्ष महल में रहते हुए भी, एक तपस्विनी की तरह जीवन व्यतीत करती है। उनकी संवेदनशीलता और मौन ही उनके अदृश्य आंतरिक संबंध को व्यक्त करता है।

उर्मिला एक अदृश्य शक्ति तत्व के रूप में है इसलिए उन्हें अप्रकट त्याग का प्रतीक समझा जाता है। सीता ने जो त्याग, व्रत किए वे समाज जानता है, लेकिन उर्मिला की मौन साधना समझना कठिन है। क्योंकि, उनका व्यक्तित्व अंतर्मुखी था।

कुछ दिनों बाद जब भारत अपनी माताओं के साथ - राम, लक्ष्मण, सीता को वापस लाने के लिये चित्रकूट जाते हैं तब उर्मिला भी उनके साथ जाती है। जब लक्ष्मण अपनी आत्मीय उर्मिला को देखते ही भावुक हो जाते हैं और उनसे कहते हैं, "तुम बहुत ही शुद्ध, स्थिर और शक्तिशाली हो, एक कर्तव्यपरायण पुत्री, चतुर प्रशासक, बुद्धिमान, इन सब की भूमिका एक साथ निभा लेती हो"।

तभी उर्मिला कहती है: "तुमने भी अपना कर्तव्य निभाने के लिए महल छोड़ा और एक महान कार्य करने के लिया अपने सुख का त्याग कर निस्वार्थ सेवा में कार्यरथ हो, इससे बड़ा कार्य और क्या होगा?"

ऐसा प्रतीत होता है जैसे दोनों विधि के आगे दोनों अपना कर्तव्य निभा रहे हों।

आत्मबल आत्मा का प्रकाश होता है जो जीवन को सर्वोत्तम कार्य के लिए प्रस्तुत करता है। संघर्ष करते हुए अपने को बदल सकना और अपने कार्य को उच्च स्तर पर प्रतिष्ठित करना मानवीय चेतना की सबसे बड़ी साधना है। उर्मिला के संघर्षों में यह परिलक्षित होती है कि कठिन से कठिन परिस्थिति में वे धैर्य खोये बगैर सहजता से बाहर आ जाती हैं।

उर्मिला और लक्ष्मण का वैवाहिक जीवन अत्यंत प्रेमपूर्ण, त्यागमय और मर्यादित था।उर्मिला का चरित्र अखंड धैर्य और मौन त्याग का प्रतीक है, जो आज के हर मनुष्य के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा है। तुलसीदास जी ने कहा है: "धीरज धर्म मित्र अरु नारी। आपद काल परखिए चारी॥" (अर्थात: धैर्य, धर्म, मित्र और पत्नी—इन चारों की परीक्षा विपत्ति के समय होती है)। उर्मिला ने चौदह वर्ष तक अकेले रहकर, न केवल अपने पति लक्ष्मण के वनवास की पीड़ा सही, बल्कि उन्होंने राजमहल में रहकर भी एक तपस्विनी जैसा जीवन जिया। उनका धैर्य हमें सिखाता है कि जीवन की बड़ी 'परीक्षा' या 'संकट' (जैसे करियर में असफलता, रिश्ते में दूरी, या लंबी प्रतीक्षा) के दौरान शांत और संयमित रहना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने लक्ष्मण को अपने कर्तव्य पथ पर जाने दिया और स्वयं परिवार की सेवा में लीन रहीं। उर्मिला का यह मौन समर्पण हमें सिखाता है कि सच्चा बलिदान वह नहीं जो दिखाया जाए, बल्कि वह है जो बिना किसी शिकायत के अपने कर्तव्यों को निभाते हुए किया जाए—यह सीख हर उस व्यक्ति के काम आएगी जो आज के भागदौड़ भरे जीवन में स्थिरता और आंतरिक शांति चाहता है।

उर्मिला एक बहुत ही समझदार आत्मविश्वास से पूर्ण बुद्धिमान ज्ञानी और विनम्र स्वभाव की थी। उर्मिला ने गुरु वशिष्ठ अयोध्या के गुरु रामदेव मारकंडे कात्यायन कश्यप से शिक्षा ली थी। जिन्होंने उनके ज्ञान को और अधिक बढ़ाया और विदुषी बानया।

जिसकी वजह से राजा जनक ने उर्मिला को अपनी सभा में आने का निमंत्रण दिया, जहां कई विद्वानों के बीच तत्व ज्ञान पर चर्चा होने वाली थी । राजा जनक ने उर्मिला को अपनी पुत्री के दृष्टिकोण से नहीं बल्कि एक विदुषी की तरह सभा में आने के लिए निमंत्रण भेजा था। इस सभा में विदुषी गार्गी और विवादास्पद गुरु जावली के साथ रोचक बहस होने वाली थी।

उर्मिला, धर्म की उपयोगिता पर प्रश्न करती थी साथ ही इसका प्रकृति पर प्रभाव जानना चाहती थी जबकि पिता धर्म में देवता देखते थे। सभा में उर्मिला महान पंडितों और ज्ञानियों के बीच में थी जहां उनके गुरु याग्य्ल्क जो उनके पिता के भी गुरु थे उनके बीच में बैठकर उर्मिला को एक नए दृष्टिकोण से जीवन को देखने और समझने का एहसास हुआ। विदुषी गार्गी और गुरु जवाली से विमर्श करते समय जितनी बार भी उर्मिला की नज़र अपने पिता पर पड़ती - अपने पिता को अपनी और ध्यान से सुनते हुए देख और उनके चेहरे पे अत्यंत गौरव और संतुष्टि देख वह बहौट परस्सन्न हुई। राजा जनक ने उर्मिला से कहा अपने नाम की तरह एक लगनशील स्त्री हो। एक पुत्री और एक पत्नी के रूप में तुमने अपने व्यक्तित्व को न खोते हुए जीवन में आए संघर्षों के समय को समझ लिया है।" उर्मिला ने पिता से आशीर्वाद लेने के लिए उनके पैर छुए, वह नम्रता से भरी हुई महान व्यक्ति का आशीर्वाद ले रही थी जो सौभाग्य से उसके पिता थे। राजा जनक ने कहा - "में लम्बे समय से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहा था। तुम्हारी उत्सुकता और

अभिव्यक्ति को देख कर तुम्हारी विद्युता का मुझे कुछ अनुभव था, तुमने अयोध्या के राज ऋषियों से ज्ञान पाया और इस ज्ञान को कभी रुकने नहीं दिया, जो तुम्हारे जीवन के लिए ज़रूरी था।" - इस प्रशंसा को सुन उर्मिल्ला बहुत ख़ुश हुई।

राजा जनक ने कहा राम का वनवास लक्ष्मण के लिए भी वनवास था और तुम्हारा उनसे दूर रहनातपस्या का अर्थ समझता है। जिसने तुम्हें तपस्विनी बना दिया। इससे हम प्रेम का मूल्य और भावनाओं के भेद को समझ सकते हैं। वनवास से तुम्हें तपस्या का अर्थ और गहराई समझ में आई और ऐसी तपस्विनी बानया जिसके पास महान आध्यात्मिक समझ और बौद्धिकता है। मैं तुम्हें एक विदुषी होने के लिए आज शुभकामनाएं देता हूं। तुम्हारी विद्वता मंत्रों के उच्चारण से तुम्हारा ध्यान तुम्हारा आध्यात्मिक पुनर्जन्म और पति के प्रति तुम्हारा प्रेम - इसी दृष्टि ने तुम्हें धैर्य का अर्थ और विनम्रता समझाइ है, उर्मिला का मन और मस्तिष्क एक साथ बौधिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हो चुके थे। हम अपने जीवन को कैसे जीते हैं यह हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करता है व्यक्ति को अपना जीवन अपनी क्षमता समग्रता के आधार पर जीना होता है।

युद्ध _सीता हरण एवं लक्ष्मण शक्ति

जिस वक्त सीता का हरण रावण द्वारा कर लिया जाता है। यह खबर राजमहल तक पहुंचती है जिसे सुन उर्मिला स्तब्ध रह जाती हैं और चिंतित होती हैं कि राम के रहते यह कैसे हो सकता है।उर्मिला ने क्रोध पूर्वक प्रश्न किया वहां उसकी (सीता की)कौन रक्षा करेगा? यह सब शायद इसलिए हुआ होगा क्योंकि राम के हाथों रावण का वध होना है। और इसी वजह से रावण ने सीता का हरण किया है। उर्मिला को पूरा विश्वास था की नियति के अनुसार राम रावण का वध कर ही देंगे फिर भी वह कुछ संदर्भों को लेकर विचलित थी, और उसने एक उच्च शक्ति के समक्ष विनय व निवेदन किया जो, सीता और लक्ष्मण को कोई क्षति नहीं होने देगी, निराशा के समय इच्छा शक्ति और प्रार्थना ही सहारा होती है। तभी भरत महल में आकर समाचार देते हैं की युद्ध के दौरान इंद्रजीत के शक्ति बाँड से लक्ष्मण अचेत हो गए हैं। और हनुमान उनके लिए जड़ी बूटी लेने गए हैं जिसे लेकर सूरज उगाने के पहले पहुंचना है उर्मिला महल में सभी की हिम्मत बढ़ रही थी वह स्वयं परेशान थी लेकिन उनके अंतर्मन में द्वन्द चल रहा था। उन्होंने कहा लक्ष्मण के हृदय में राम बसे हैं उन्हें कुछ नहीं होगा और वह सीता को लेकर रावण का वध करके जल्दी ही लौट आएंगे, उर्मिला का यही विश्वास सब की ताकत बन गया। लक्ष्मण को कुछ नहीं होगा मैं जानती हूं वह एक योधा है। वह विजय होंगे और भाई के लिए अपने प्राण भी त्याग देंगे इस कठिन परिस्थिति में इस तरह की बातें और उर्मिला ही कर सकती थी। वह किसी भी निराशा या भय को मन में नहीं लाना चाहती थी। वन में लक्ष्मण रह रहे थे, उर्मिला को नहीं पता थे की वह कभी वापस आएंगे या नहीं, लेकिन उसने कभी अपने दुख को प्रदर्शित नहीं किया। यह सब का अपना युद्ध था संजीवनी के आते ही लक्ष्मण आघात से बाहर आ गए और इंद्रजीत से लड़ने के लिए तैयार हो गए। इंद्रजीत बलशाली था उसे केवल एक धार्मिक ब्रह्मचारी योगी जो दैविक रूप से शक्तिशाली हो और पतिव्रता पत्नी के प्रेम व त्याग से सुरक्षित हो वही उसे मार सकता था। और वही लक्ष्मण है जो आपके प्रेम व शक्ति से जीवित है। भरत ने कहकर उर्मिला के सामने अपना मस्तक झुका दिया और कहा इतने सालों तक आपने ही पूरे महल को एक करके रिश्तो में बाँध कर रखा है, माता सुमित्रा - उर्मिला को बहुत आशीर्वाद देती हैं। उन्होंने कहा - "तुमने अपनी बेड़ियों को ही पायल बना दिया।"

वापसी

नवरात्रि के अंतिम दिन राम ने रावण का वध कर दिया सीता मुक्त हुई और राम ने बुराई को खत्म कर दिया। उर्मिला ने देवी से प्रार्थना की," है मां - इस देश में शांति और प्रसन्नता का शासन कर दो।" उर्मिला ने जोर से सांस भरी जब समाचार आया कि राम सीता और लक्ष्मण घर की ओर लौट रहे हैं उसकी मां प्रसन्नता से खिल उठा स्वागत की तैयारी चलने लगी राम लक्ष्मण और सीता के आते ही उनका स्वागत होता है। लक्ष्मण और उर्मिला एक दूसरे से मिलकर प्रसन्न होते हैं अपनी व्यथा कहते सुनते हैं लक्ष्मण आश्चर्य से उर्मिला से पूछते हैं कि तुमने कैसे इतनी निर्भीकता से पूरे घर को संभाल कर रखा सबका ध्यान रखा घबराई नहीं उर्मिला मुस्कुरा के चली जाती है।

3. निष्कर्ष

राजा जनक की पुत्री उर्मिला बहुत ही समझदार आत्मविश्वास से पूर्ण बुद्धिमान और ज्ञानी महिला थी उनका व्यक्तित्व अंतर्मुखी और विनम्र था , बड़ों के प्रति आदर भाव व प्रेम सदैव दिखाई देता था। जीवन क्रम में संघर्ष मनोबल संपन्न व्यक्ति निश्चित दिशा में तत्परता से गतिशील रहते हैं, और बड़े-बड़े कार्य कर पाते हैं। उर्मिला के जीवन में इतनी कठिनाई चुनौतियां अकेलापन और संघर्ष रहा लेकिन वह कभी घबराई नहीं हर मुसीबत का सामना बहुत ही साहस और शक्तिपूर्ण तरीके से करती गई। हमें कार्य को करने की प्रेरणा देती है। आत्मा की शक्ति ही सर्वोपरि है, उर्मिला का अध्ययन एवं उनका जीवन जीने की कला समाज में सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। इसीलिए उनका चरित्र अखंड धैर्य और महान त्याग का प्रतीक माना जाता है जो आज के हर मनुष्य के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा है। तुलसीदास जी भी कहते हैं

धीरज धर्म मित्र अरु नारी। आपातकाल प रखिए चारी।।

उर्मिला का मन समर्पण ही हमें सिखाता है सच्चा बलिदान वह नहीं जो दिखाया जाए बल्कि वह जो बिना किसी शिकायत के अपने कर्तव्य को निभाते हुए किया जाए, यह सीख हर उसे व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है जो जीवन में स्थिरता और अंतरिक शांति चाहता है।

4. संदर्भ ग्रन्थ

1. राम चरित मानस ISBN 81-293-0123-7
2. मनुष्य में देवता का उदय - श्री राम शर्मा आचार्य- वांगमय 54
3. सीता की बहन उर्मिला - कविता काणे ISBN 978-93-90085-99-6

आंतरिक स्थिरता से सतत विकास: वाल्मीकि रामायण का एक योग-मनोवैज्ञानिक अध्ययन



संगीता शर्मा
स्वतन्त्र अध्येता, फरीदाबाद, हरियाणा
(Sangeetasharma2121@gmail.com)

वाल्मीकि रामायण को पतंजलि योगसूत्र के परिप्रेक्ष्य में एक समन्वित अध्ययन के रूप में देखे जाने पर हम आंतरिक स्थिरता को सतत विकास की नींव के रूप में पाते हैं। इस शोधपत्र में यह स्पष्ट होता है कि रामायण का वास्तविक युद्धक्षेत्र पात्रों का अपना मन है, जो 'क्लेशों' से संचालित होता है। यहाँ राम और रावण के तुलना आधारित मनोविश्लेषणात्मक अध्ययन में पाया गया कि जहाँ रावण क्लेशों के अधीन एक अस्थिर मन का प्रतीक है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक विनाश का कारण बनता है। वहीं इसके विपरीत, श्री राम का समभाव 'आंतरिक स्थिरता' का आदर्श है, जो धर्म आधारित एक स्थायी व विकसित समाज की पुनर्स्थापना करता है।

मुख्य शब्द: वाल्मीकि रामायण, पतंजलि योगसूत्र, क्लेश, चित्त भूमि, योग-मनोविज्ञान, आंतरिक स्थिरता, राम, रावण।

1. प्रस्तावना

भारतीय वाङ्मय के दो आधारस्तंभ—महर्षि वाल्मीकि रचित 'रामायण' और महर्षि पतंजलि प्रणीत 'योगसूत्र'—दो अलग विषय का नेतृत्व करते हुए भी मानवीय अस्तित्व के एक ही मूल प्रश्न से संवाद करते हैं कि दुःख का स्वरूप क्या है और उसका निवारण कैसे हो? वाल्मीकि रामायण को पारंपरिक रूप से धर्म और अधर्म, या अच्छाई और बुराई के बीच एक शाश्वत बाह्य संघर्ष के महाकाव्य के रूप में देखा जाता है। यह एक ऐसी गाथा है जो सामाजिक और नैतिक आदर्शों को स्थापित करती है। दूसरी ओर, पतंजलि का योगसूत्र पूर्णतः एक अंतर्मुखी यात्रा का ग्रंथ है, जो 'मन के विज्ञान' के रूप में प्रतिष्ठित है। यह चित्त की संरचना, उसकी वृत्तियों और उन विकारों का विश्लेषण करता है जो मानवीय दुःख का मूल कारण हैं। रामायण की परंपरागत व्याख्याओं में कथा को प्रायः बाहरी घटनाओं, पात्रों के द्वंद्व और दैवीय हस्तक्षेप के रूप में विश्लेषित किया गया है। किंतु, इस बाह्य संघर्ष के विश्लेषण में प्रायः एक महत्वपूर्ण आयाम की उपेक्षा हुई है—पात्रों की आंतरिक मानसिक स्थितियों का गहन मनोवैज्ञानिक अन्वेषण। इस मनोवैज्ञानिक पक्ष पर विशेषत: यौगिक दृष्टि से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है, जो इस शोध के लिए एक महत्वपूर्ण अन्वेषणात्मक अवसर प्रस्तुत करता है।

यह शोधपत्र इस मूल तर्क को स्थापित करता है कि रामायण का वास्तविक युद्धक्षेत्र लंका का मैदान नहीं, अपितु उसके पात्रों का अपना मन ही है। इस अध्ययन की परिकल्पना है कि पात्रों की आंतरिक स्थिरता या अस्थिरता जो पतंजलि द्वारा वर्णित पंच क्लेश से निर्धारित होती है जोकि उनके व्यक्तिगत व्यवहार, चरित्र और सामाजिक परिणामों को आकार देती है; पर निर्भर करती है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य पतंजलि योगसूत्र के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों को एक विश्लेषणात्मक उपकरण के रूप में प्रयोग करते हुए रामायण के नायक श्री राम और प्रतिपक्षी रावण का एक तुलनात्मक चरित्र-विश्लेषण प्रस्तुत करना है, जिससे यह सिद्ध होता है कि व्यक्तिगत 'आंतरिक स्थिरता' ही सामाजिक-पारिस्थितिक 'सतत विकास' की अनिवार्य आधारशिला है।

2. सैद्धांतिक पृष्ठभूमि

वाल्मीकि रामायण पर धार्मिक, साहित्यिक, और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विपुल साहित्य उपलब्ध है जो इसे धर्म-अधर्म के संघर्ष के रूप में व्याख्यायित करता है, तथापि ये अध्ययन प्रायः कथा के नैतिक और बाह्य संघर्षों पर केंद्रित रहे हैं। पात्रों के कार्यों के पीछे की गहन मनोवैज्ञानिक प्रेरणाओं का विश्लेषण, विशेषकर योग-मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, अभी भी एक उपेक्षित क्षेत्र है। सैद्धांतिक ग्रंथों के नियमों की सिद्धि हेतु व्यवहारिक ग्रंथों की आवश्यकता होती है। इस दृष्टि से, रामायण एक आदर्श 'केस स्टडी' के रूप में उभरता है क्योंकि इसके पात्र केवल अच्छाई या बुराई के प्रतीक मात्र नहीं हैं, बल्कि वे दो भिन्न मानसिक अवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस शोध का सैद्धांतिक आधार महर्षि पतंजलि का योगसूत्र हैं, जो चेतना के विज्ञान पर एक आधारभूत ग्रंथ है। पतंजलि के अनुसार, मानवीय अनुभव का केंद्र 'चित्त' है और योग का परम लक्ष्य ही "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥" (पतंजलि, योगसूत्र, 1.2) अर्थात् चित्त वृत्तियों का निरोध कर चेतना को उसके सहज स्वरूप में स्थापित करना है। किन्तु ये वृत्तियाँ दुःख क्यों देती हैं? इसका निदान करते हुए पतंजलि साधनपाद में पाँच मूल कारणों की स्थापना करते हैं, जिन्हें 'क्लेश' कहा गया है: "अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः॥" (पतंजलि, योगसूत्र, 2.3)। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष

और अभिनिवेश—ये पाँच क्लेश ही वे मनोवैज्ञानिक अशुद्धियाँ हैं जो व्यक्ति के निर्णयों को प्रभावित कर उसे दुःख और बंधन के चक्र में उलझाए रखती हैं।

इस सैद्धांतिक ढांचे का विस्तार करते हुए, 'अविद्या' को रावण के पतन के मूल कारण के रूप में माना जा सकता है। रावण की मूल अविद्या यह थी कि उसने अपने भौतिक 'मैं' अर्थात् असत्य को सत्य स्वरूप मान लिया था। इसी तरह, 'अभिनिवेश' अर्थात् मृत्यु का भय या जीवन से मोह को रावण के उस हठ के रूप में देखा जा सकता है जहाँ वह अंत तक सब कुछ जानते हुए भी हार नहीं मानता, क्योंकि हारना उसके अहंकारी अस्तित्व की मृत्यु के समान था। इसके अतिरिक्त, योगसूत्र की 'चित्त भूमियों' की अवधारणा भी प्रासंगिक है। रावण का चित्त अधिकांशतः 'क्षिप्त' यानि अत्यंत चंचल और 'मूढ़' अर्थात् क्रोध और अहंकार से ग्रस्त भूमियों में रहता था, जबकि राम का चित्त 'एकाग्र' भूमि का प्रतिनिधित्व करता है, जो उन्हें धर्म पर केंद्रित रहने में मदद करता है।

3. शोध प्रविधि

इस अध्ययन में पाठ्य-विश्लेषणात्मक एवं मनो-दार्शनिक पद्धति का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक स्रोतों के रूप में वाल्मीकि रामायण और पतंजलि के योग सूत्रों का उपयोग किया गया है, तथा विश्लेषण की प्रक्रिया के अंतर्गत रामायण के प्रमुख प्रसंगों और पात्रों के संवादों व कार्यों को 'क्लेशों' एवं 'चित्त भूमियों' के सिद्धांत के माध्यम से व्याख्यायित किया गया है।

4. विश्लेषण एवं विवेचना

4.1 रावण: क्लेशग्रस्त चित्त का प्रतीक और विनाश का मार्ग

पतंजलि के योगसूत्र में वर्णित 'क्लेश' केवल दार्शनिक अवधारणाएँ नहीं हैं, बल्कि वे शक्तिशाली मनोवैज्ञानिक शक्तियाँ हैं जो व्यक्ति के विवेक को नष्ट कर उसे आत्म-विनाश के मार्ग पर धकेल देती हैं। वाल्मीकि रामायण का प्रतिपक्षी, लंका का दशानन राजा रावण, इस यौगिक सिद्धांत का सबसे जीवंत और त्रासद उदाहरण है।

- **अस्मिता: आत्म-छवि से विनाशकारी तादात्म्य**

पतंजलि के अनुसार, 'अस्मिता' वह क्लेश है जिसमें व्यक्ति अपनी वास्तविक 'दृक्-शक्ति' को 'दर्शन-शक्ति' से एकाकार कर लेता है (पतंजलि, योगसूत्र, 2.6)। सरल शब्दों में कहा जाए, यह 'मैं' की झूठी पहचान है। रावण के लिए, उसका 'मैं' उसके ज्ञान, उसकी शक्ति और देवताओं पर उसकी विजय से बना था। उसका अहंकार इतना प्रबल था कि वह स्वयं को ही अंतिम सत्य मान बैठा था। विभीषण की धर्म सम्मत सलाह पर वह क्रोधित होकर कहता है- "योऽन्यस्त्वेवंविधं ब्रूयाद् वाक्यमेतन्निशाचर। अस्मिन् मुहूर्ते न भवेत् त्वां तु धिक् कुलपांसनम्" (वाल्मीकि रामायण, युद्ध काण्ड, 14.9)। यहाँ रावण की 'अस्मिता' उसे यह देखने ही नहीं देती कि विभीषण का परामर्श उसके हित में है। वह किसी भी आलोचना को अपने 'मैं' पर सीधा प्रहार मानता है।

- **राग: विवेक-नाशक मोह**

'राग' वह क्लेश है जो सुख और सुख के साधनों के प्रति एक अनियंत्रित तृष्णा के रूप में प्रकट होता है (पतंजलि, योगसूत्र, 2.7)। रावण का सीता के प्रति आकर्षण प्रेम नहीं, बल्कि अधिकार और भोग का 'राग' था। यह आसक्ति इतनी प्रबल थी कि उसने रावण के विवेक को पूरी तरह से हर लिया। वह मारीच से कहता है- मैथिली का हरण नहीं हुआ, तो मैं जीवित नहीं रह सकूँगा "एवं मे निश्चिता बुद्धिहदि मारीच वर्तते।" यह मेरा बुद्धिपूर्वक निश्चित हृदय का विचार है।। (वाल्मीकि रामायण, अरण्य काण्ड, 25.6)। यह कथन उसकी गहरी मनोवैज्ञानिक निर्भरता को दिखाता है। अपनी इस मनोवैज्ञानिक जड़ता को वह स्वयं स्वीकार करता है: "द्विधा भज्येयमप्येवं न नमेयं तु कस्यचित्। एष मे सहजो दोषः स्वभावो दुरतिक्रमः॥" (वाल्मीकि रामायण, युद्ध काण्ड, 36.11)।

- **द्वेष: प्रतिशोध की आत्मघाती अग्नि**

'द्वेष' दुःख और दुःख के साधनों के प्रति प्रतिकर्षण या घृणा है (पतंजलि, योगसूत्र, 2.8) । शूर्पणखा के अपमान ने राम के प्रति उसके द्वेष को प्रज्वलित किया। यह द्वेष उसे किसी भी शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने से रोकता है। वह युद्ध को ही एकमात्र समाधान मानता है, क्योंकि उसकी घृणा को केवल राम के विनाश से ही शांति मिल सकती थी। वह राम से कहता है: "हे दुराचारी! आज मैं अपने धनुष से छूटे हुए विषधर सर्पों के समान बाणों से तुझे यमराज के घर भेज दूँगा।" (वाल्मीकि रामायण, युद्ध काण्ड)।

4.2 श्री राम: समभाव एवं अनुशासित चित्त का आदर्श

यदि रावण का चरित्र क्लेशों के अधीन एक विक्षिप्त चित्त का अध्ययन है, तो श्री राम का जीवन योग के परम लक्ष्य—"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥" (पतंजलि, योगसूत्र, 1.2) का एक सजीव प्रतिमान है।

- **समभाव: विषम परिस्थितियों में अविचलित निष्ठा**

राम के जीवन की सबसे बड़ी परीक्षा उनके राज्याभिषेक की पूर्व संध्या पर आती है। परंतु, राम की प्रतिक्रिया योग के 'स्थितप्रज्ञ' आदर्श

को दर्शाती है। वाल्मीकि लिखते हैं: "न वनं गन्तुकामस्य त्यजतश्च वसुन्धराम्। सर्वलोकातिगस्येव लक्ष्यते चित्तविक्रिया॥" (वाल्मीकि रामायण, अयोध्या काण्ड, 19.33)। यह 'अस्मिता' और 'राग' से मुक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

- **दुःख का अनुभव, क्लेश से मुक्ति: साक्षी भाव**

  योग का आदर्श भावनाओं का दमन नहीं, बल्कि उनसे तादात्म्य स्थापित न करना है। सीता हरण के पश्चात् राम का विलाप अत्यंत मार्मिक और मानवीय है। वे प्रकृति के कण-कण से सीता का पता पूछते हैं, जो उनके गहरे प्रेम को दर्शाता है। किंतु यह दुःख रावण के 'राग' की तरह विवेक-नाशक नहीं बनता। उनका दुःख उन्हें 'द्वेष' से नहीं भरता। इसका सबसे बड़ा प्रमाण रावण की मृत्यु के पश्चात् मिलता है। जब विभीषण संकोच करते हैं, तब राम कहते हैं: "मरणान्तानि वैराणि न वृत्तं नः प्रयोजनम्। क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव॥" (वाल्मीकि रामायण, युद्ध काण्ड, 99.39)। यह कथन एक ऐसे चित्त से ही संभव है जो 'द्वेष' नामक क्लेश से पूरी तरह मुक्त हो।

4.3 तुलनात्मक विश्लेषण: आंतरिक जगत और बाह्य परिणाम

राम और रावण का द्वंद्व, चेतना की दो भिन्न अवस्थाओं का संघर्ष है। जिसे समझने के लिए कुछ विशेष सिद्धान्तों का उल्लेख विषय के साथ किया जा रहा है-

- **प्रतिक्रिया बनाम अनुक्रिया: आवेग और विवेक का संघर्ष**

  आधुनिक मनोविज्ञान में, विक्टर फ्रैंकल ने स्थापित किया कि "उत्तेजना और प्रतिक्रिया के बीच एक स्थान होता है..." (Frankl, 1959)। रावण इस 'स्थान' का उपयोग करने में विफल रहता है, जो एक 'एमिग्डाला हाइजैक' का उदाहरण है (Goleman, 1995)। इसके विपरीत, राम उस 'स्थान' का उपयोग कर एक विवेकपूर्ण अनुक्रिया चुनते हैं, जो उच्च भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रतीक है।

- **मन की संरचना: अनियंत्रित बनाम अनुशासित चित्त**

  प्लेटो ने आत्मा के तीन भागों की कल्पना की: तर्क, भावना, और कामना (Plato, The Republic)। रावण का चित्त उसकी 'कामना' का दास है, जबकि राम का चित्त 'तर्क' अर्थात् 'धर्म' द्वारा शासित है। उनका मन भगवद्गीता में वर्णित स्थितप्रज्ञ के आदर्श के समान है, "दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः" (श्रीमद्भगवद्गीता, २.५६)।

- **क्रिया की प्रेरणा: कर्तव्य बनाम आसक्ति**

  इमानुएल कांट के अनुसार, नैतिक कार्य वह है जो 'कर्तव्य के लिए 'किया जाता है, न कि 'आसक्ति से' (Kant, 1785)। रावण के सभी कार्य उसकी व्यक्तिगत आसक्तियों से प्रेरित हैं, जो केवल अहं-तुष्टि में फंसा हुआ है (Maslow, 1943)। राम के कर्म 'धर्म' रूपी कर्तव्य से प्रेरित हैं।

अंततः, यह विश्लेषण अरस्तू के 'eudaimonia' के सिद्धांत को भी चरितार्थ करता है (Aristotle, Nicomachean Ethics)। रावण का क्लेश-ग्रस्त आंतरिक जगत उसे अवगुणों की ओर ले जाता है, जबकि राम की आंतरिक स्थिरता सद्गुणों का प्रतीक है। कार्ल युंग के मनोविज्ञान के अनुसार, रावण एक ऐसे व्यक्ति का प्रतीक है जो अपने 'छाया' (Shadow) पक्ष से अभिभूत हो गया है, जबकि राम 'स्व' (Self) के आदर्श हैं (Jung, 1968)।

5. निष्कर्ष

उपरोक्त विश्लेषण से यह तर्क स्थापित होता है कि रामायण का वास्तविक युद्धक्षेत्र पात्रों का अपना मन है। पतंजलि के पंच 'क्लेशों' के नैदानिक ढांचे से यह स्पष्ट होता है कि रावण का चरित्र अस्मिता, राग और द्वेष से संचालित एक अस्थिर चित्त का प्रतीक है, जिसकी तार्किक परिणति व्यक्तिगत और सामूहिक विनाश के रूप में सामने आती है। चेतना के इस आत्म-विनाशकारी प्रतिमान के प्रतिकूल श्री राम का व्यक्तित्व एक क्लेश-मुक्त, अनुशासित एवं स्थिर चित्त के उस आदर्श को साकार करता है, जो बाहरी परिस्थितियों का दास नहीं, अपितु उनका स्वामी होता है।

इस शोध का सबसे महत्वपूर्ण और अंतिम निष्कर्ष यह है कि व्यक्तिगत स्तर पर 'आन्तरिक स्थिरता' प्राप्त करना ही सामूहिक स्तर पर 'सतत विकास' की अनिवार्य शर्त है। रावण की स्वर्णमयी लंका बाह्य रूप से विकसित होते हुए भी 'असतत' थी, क्योंकि उसकी नींव शोषण, अहंकार और एक अस्थिर शासक के अधर्म पर टिकी थी। वहीं दूसरी ओर, राम द्वारा स्थापित 'राम-राज्य' सच्चे अर्थों में 'सतत' था, क्योंकि उसका आधार भौतिक समृद्धि मात्र नहीं, बल्कि शासक और प्रजा की सामूहिक नैतिक एवं मानसिक आरोग्यता थी।

6. संदर्भ ग्रंथ

1. पतंजलि. (2008). पातञ्जलयोगसूत्रम् (व्यास भाष्य सहित). चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन.
2. वाल्मीकि. (2004). श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् (सटीक). गीताप्रेस, गोरखपुर.
3. Srimad Bhagavad Gita (with commentary of Swami Sivananda). (2010). Divine Life Society.
4. Aristotle. Nicomachean Ethics. (W. D. Ross, Trans.). In R. McKeon (Ed.), The Basic Works of Aristotle (1941). Random House.

5. Frankl, V. E. (1959). Man's Search for Meaning. Beacon Press.
6. Goleman, D. (1995). Emotional Intelligence: Why It Can Matter More Than IQ. Bantam Books.
7. Jung, C. G. (1968). The Archetypes and the Collective Unconscious. (Collected Works of C.G. Jung, Vol. 9, Part 1). Princeton University Press.
8. Kant, I. (1785). Groundwork of the Metaphysics of Morals (M. Gregor, Trans., 1997). Cambridge University Press.
9. Maslow, A. H. (1943). A theory of human motivation. Psychological Review, 50(4), 370–396.
10. Plato. (1992). Republic (G. M. A. Grube, Trans.). Hackett Publishing Company.

त्रिजटा – एक अद्भुत व्यक्तित्व



करुणा पांडे
(karunapande15@gmail.com)

मनोवृत्तियों का सूक्ष्म अंकन किसी भी प्रकार से प्रस्तुत करना असंभव है | सत्य रूप में देखा जाय तो मानव प्रवृत्तियां अनंत हैं ,और उनका सूक्ष्म वर्णन करना संभव नहीं है | नारी के भावों को प्रस्तुत करना तो और भी दुर्लभ काम है ,जिसके लिए कहा गया है कि उसकी गति को विधाता भी नहीं जान सकता है | रामकथा में ऐसे बहुत से नारी पात्र हैं जो रामकथा को गति देते हैं उसका आधार बनाते हैं | जिनकी उपस्थिति के पीछे कोई न कोई रहस्य छिपा है ..... उन्हीं नारी पात्रों में एक महत्वपूर्ण पात्र त्रिजटा का है | यह पात्र आकार में जितना छोटा है ,महिमा में उतना ही गौरवामंडित है | सागर मंथन में महालक्ष्मी के रूप में प्रकट हुयी अपनी सर्व सुलभ सम्पन्ना दुहिता के लिए रत्नाकर ने क्षीरसागर में विश्वकर्मा से सुन्दर भवन का निर्माण कराया | अष्ट सिध्दि -नवों निधि के अतिरिक्त अनेकानेक शक्तियां देह धारण कर उनकी सेवा में संलग्न हो गयी | अपने पिता दानवराज बलि की आज्ञा लेकर उनकी एक पुत्री महालक्ष्मी की सेवा में रत्नाकर की अनुमति से नियुक्त हो गयी | उसका कज्जल वर्ण देखकर अन्य अनुचारिकाएं प्राय: उसका उपहास उड़ाती थी | उसे दुखी देखकर महालक्ष्मी ने उसे वरदान दिया कि "तुम्हारा उपहास करने वाली ये अगले जन्म में तुमसे भी अधिक कज्जल वर्णी होकर ,तुम्हारी अधीनता प्राप्त करेंगी | वहां हमारी सेवा का तुम सुख प्राप्त करोगी | | अब तुम हिरण्यमयी (हिंडन) के तट पर जाकर भगवती गौरी और शिव की आराधना करो | यथासमय तुम्हारा सानिध्य प्राप्त करने मैं स्वयं आऊंगी | बलि पुत्री हिंडन नदी के तट पर तपस्या करने चली गयीं | कुछ समय पश्चात प्रजापति पुलत्स्य के पुत्र महर्षि विश्रवा वहां आश्रम स्थापित कर निवास करने लगे | कालान्तर में माल्यवान की पुत्री पुष्पोत्कटा के गर्भ से विश्रवा की पुत्री के रूप में उसने जन्म लिया | तपस्या के संस्कार सुदृढ़ होने के कारण श्रृंगार में उसकी रूचि नहीं थी | इससे उसके केश प्राय: बिखरे रहते थे | अत: उसका त्रिजटा नाम पड़ गया |कुम्भीनसी इसी की बहिन थी | जिसका मधु दैत्य ने अपहरण कर लिया था | इसका भी अपहरण न हो जाय ,इस कारण रावण उसे लंका ले आया | इस कन्या ने विवाह नहीं किया | सात्विक प्रवृति के कारण यह अपने विमातृज भ्राता विभीषण की विशेष स्नेह पात्रा बन गयी | जानकी जी को जब अपहरण के बाद अशोक वाटिका में रखा तो विभीषण ने त्रिजटा को माँ सीता की सेवा में नियुक्त करा दिया | राक्षसियों के उग्र होने पर यह उनको शांत करती रहती थी | रावण विनाश का स्वप्न विधाता ने इसको ही दिया | यह श्रीराम के राजसूय यज्ञ में लंका के राजपरिवार के साथ अयोध्या भी गयी | इस तरह रामकथा को एक आधार देने वाली पात्रा त्रिजटा का महत्वपूर्ण स्थान है |

सम्पूर्ण रामकथा में केवल सुन्दर काण्ड और लंकाकाण्ड में सीता त्रिजटा संवाद के रूप में त्रिजटा का वर्णन आया है ,परन्तु इन लघु संवादों में ही त्रिजटा के चरित्र की महत्वपूर्ण विशेषताएं उभरकर सामने आई हैं | अशोकवाटिका में सीता जी के साथ रहने वाली राक्षसियों में एक राक्षसी ऐसी भी है जिसने जन्म तो राक्षस कुल में लिया है ,परन्तु उसकी प्रवृत्ति पैशाचिक नहीं है |

"त्रिजटा नाम राक्षसी एका | रामचरन रति निपुन विवेका || (रामचरितमानस -सुन्दरकाण्ड)

मानस में सिर्फ इसी राक्षसी के लिए गोस्वामी जी ने 'राम चरन रति निपुन विवेका" कहा है | मात्र अरधाली त्रिजटा के चार प्रमुख गुणों को स्पष्ट करती है | 1- वह राक्षसी है ,2- उसकी रामचंद्र जी के चरणों में रति है 3- वह व्यवहार निपुण है , 4- वह विवेकशील है | अर्थात राक्षसी होते हुए भी श्रीरामचरणानुराग ,व्यवहार कुशलता एवं विवेकशीलता जैसे दिव्य देवोपम गुणों की अवतारणा चरित्र में अलौकिकता को समाविष्ट करती है | संत कहते हैं कि उसके मस्तक पर ज्ञान, भक्ति और वैराग्य रूपी तीन जटाएं हैं इसी कारण उसको त्रिजटा नाम से पुकारा गया |

प्रश्न है कि एक राक्षसी के हृदय में राम के प्रति प्रेम आया कैसे ? त्रिजटा कौन थी ? इन प्रश्नों पर जब हम विचार करते हैं तो बहुत से रहस्य उजागर होते हैं |

रामायण के कुछ आख्यानों में त्रिजटा रामभक्त विभीषण की पुत्री हैं | इनकी माता का नाम शरमा है | यह रावण की भातृजा है | राक्षसी उनका वंशगुण है और रामभक्ति उनका पैतृक गुण है | सीता के प्रति उनकी भक्ति के कारण श्रीराम उनसे प्रसन्न हुए ,इसलिए उन्होंने अगले जन्म में सुभद्रा (कृष्ण की बहन) के रूप में जन्म लिया |

रामकथा में त्रिजटा को लेकर अनेक मत मिलते हैं | जब हनुमान विभीषण से मिलते हैं तो विभीषण की पत्नी ने अपनी बेटी कला(जिसे कुछ संस्मरणों में नन्द या अनला के नाम से जाना जाता है) को भेजा था | जब रावण सीता को राम का कटा सिर दिखाता है तो सरमा सीता को सांत्वना देती है | बाद में रामकथा केन्द्रित साहित्य में सरमा को विभीषण की पत्नी के रूप में पहचाना गया | तमिल महाकाव्य कम्ब रामायण , गोविन्दराज की रामायण ,उडिया बलराम दास रामायण, जावानीस काकाविन रामायण, और मलय सेरी राम कथा सभी में त्रिजटा को विभीषण की बेटी के रूप

में पहचाना गया है | त्रिजटा को विभीषण की बेटी मानने के तर्क पर 'गोल्डमैन' का कहना है कि यह कुछ अजीब सा लगता है ,क्योंकि मूल महाकाव्य में त्रिजटा की आयु उससे अधिक है | आनंद रामायण में त्रिजटा को विभीषण की बेटी ,और एकनाथ की मराठी रामायण में विभीषण की बहन माना गया है | इसी तरह जैन संस्करण, संघदास गनी की वासुदेव (हिन्दी) में इसे विभीषण की बहन कहा गया है | भट्टिकाव्य पर जयमंगल की टिप्पणी में इसे रावण की बहन के रूप में प्रस्तुत किया गया है |

इसी तरह त्रिजटा को लेकर राम कथा साहित्य में अलग-अलग रूप मिलते हैं | रामायण के कई रूपांतरण त्रिजटा और सीता के बीच विकसित मित्रता और साहचर्य का वर्णन करते हैं | लेकिन हर स्थान पर त्रिजटा सीता के लिए वासल्यमयी रूप में दिखाई देती हैं | "बालरामायण" और "आनंद रामायण" में उल्लेख मिलता है कि युध्द के बाद सीता के साथ पुष्पक विमान से त्रिजटा अयोध्या आती हैं | "काकविन रामायण" में उल्लेख है कि सीता ने अयोध्या में अपनी रक्षक त्रिजटा को पुरुस्कृत किया | अयोध्या में त्रिजटा की उपस्थिति का उल्लेख करने वाली सबसे पुरानी पाण्डुलिपि "पौमाक्रिउ" है |

इसके अलावा त्रिजटा के विवाह के विषय में भी कुछ कथाएं मिलती हैं | थाई "रामकियेन'' में हनुमान ने त्रिजटा (बेनचकाई) से विवाह किया था जिससे उनके पुत्र असुरपाद का जन्म हुआ था ,जो बन्दर के मुख वाला था | हनुमान विभीषण की बेटी से विवाह करने के लिए इस शर्त पर राजी हुए थे कि वह उनके साथ केवल एक माह ही रहेंगे और फिर अपने गंतव्य को चले जायेंगे | जब हनुमान श्रीराम के साथ अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं ,तो उसी समय त्रिजटा उनके पुत्र हनुमान तेगंगा (असुरपाद) को जन्म देती है | जावानीस और सुंदानी वेयांग की कठपुतली परम्परा में भी त्रिजटा को हनुमान की पत्नी के रूप में चित्रित किया गया है |

उनके पूर्व जन्म को लेकर बहुत सी कथाएं मिलती हैं |

–एक कथा के अनुसार पूर्व जन्म में वह सुवर्तना नामक अप्सरा की पुत्री सुरेखा थी | सुरेखा चित्रसेन नामक गन्धर्व से प्रेम करती थीं | एक बार चित्रसेन और सुरेखा इंद्र के दरबार में नृत्य कर रहे थे | अचानक सुरेखा का ध्यान भंग हो गया और वह रोने लगी | उसे लगा जैसे उसका और चित्रसेन का सम्बन्ध टूटने वाला है | तभी वहां नारद जी आ गए | नारद जी ने कहा – हे सुरेखा आगे जो होने वाला है उसके बारे में तुम नहीं जानती हो | जल्द ही तुमको भविष्य मालूम चल जाएगा | बस इतना कहकर नारद जी चुप हो गए | सुलेखा चित्रसेन के साथ पृथ्वी पर आई | पृथ्वी के खूबसूरत दृश्य देखकर सुलेखा और चित्रसेन बहुत खुश हुए | वह एक झरने के पास जाकर जलक्रीडा करने लगे | वह एक दूसरे पर जल की बौछार कर रहे थे | वहीं पास की एक चट्टान पर दुर्वासा ऋषि तपस्या कर रहे थे | जब सुलेखा ने पानी के छीटें चित्रसेन पर डाले , तो उसके छीटें ऋषि के ऊपर गिरे ,जिससे उनकी तपस्या में विध्न पड़ गया | अब वह अपना मन एकाग्र नहीं कर पा रहे थे | उन्होंने अपने नेत्र खोले और सुलेखा से कहा – हे सुलेखा! मैं जानता हूँ तुम एक अप्सरा हो और ये एक गन्धर्व है | तुम यहाँ से चली जाओ | सुलेखा ने हँसते हुए कहा – अरे महर्षि आप ही कहीं और चले जाइए ,यह प्रकृति तो सबकी है | इस प्रकार कहकर वह बार-बार जल क्रीडा करती रही, जिससे पानी के छींटे ऋषि पर गिरते रहे | तब ऋषि ने क्रोध में आकर शाप दिया – यह कार्य तो सिर्फ राक्षसों द्वारा किया जाता है और तुमने मेरे साथ राक्षसों वाला व्यवहार किया है ,इसलिए मैं श्राप देता हूँ कि जाओ तुम इसी समय राक्षसी रूप में परिवर्तित हो जाओ | यह सुनकर चित्रसेन ने ऋषि के पैर पकड लिए और कहा –"ऋषिवर ! सुलेखा के अपराध को क्षमा कीजिये | उसको शाप मुक्त कर दीजिये |

बार-बार चित्रसेन और सुलेखा के क्षमा मांगने पर दुर्वासा ऋषि ने कहा – जैसे धनुष से निकला तीर वापस नही लौटता उसी तरह मेरे मुख से निकला शाप भी कभी बदल नहीं सकता | लेकिन तुम इतना पाश्चाताप कर रही हो तो मैं एक वरदान भी देता हूँ कि तुम्हें इसी रूप में साक्षात नारायण और नारायणी के दर्शन होंगे और मुक्ति प्राप्त होगी | तुमको सीता जो साक्षात लक्ष्मी का अवतार हैं उसकी सेवा करने का अवसर मिलेगा | तब जाकर तुमको मुक्ति मिलेगी | उसी समय अप्सरा रूप त्यागकर उनका राक्षसी रूप में जन्म हुआ |

एक कथा इस प्रकार भी मिलती है कि माली नामक राक्षस के कंचुकेशी नाम की एक पुत्री थी | एक बार कंचुकेशी विश्रवा (रावण के पिता) के निकट गयी ,उसने हरिकीर्तन के नाम से ऋषि को प्रसन्न किया | उनके रतिदान से कंचुकेशी गर्भवती हुयी | कंचुकेशी की सेवा से प्रसन्न हुए | ऋषि ने वरदान दिया कि तुझसे उत्पन्न पुत्र साधू और भगवान का भक्त होगा और पुत्री साक्षात लक्ष्मी की सेविका होगी | ऋषि के वरदान से कंचुकेशी के पहले पुत्र विभीषण हुए जिनकी भक्ति विश्वप्रसिध्द है | और पुत्री त्रिजटा हुयी जिन्होंने साक्षात् लक्ष्मी सीता की माँ बनकर सेवा की और प्रभु राम के दर्शन कर मुक्ति को प्राप्त हुयी | रावण विभीषण ,कुंभकर्ण और त्रिजटा ने नर्मदा के तट पर घोर तपस्या की थी और उसी तपस्या में त्रिजटा ने अक्षुण्ण भगवद्भक्ति माँगी थी | इस कथा के अनुसार त्रिजटा रावण की मौसेरी बहन थी | क्योंकि रावण की माँ का नाम कैकसी था और कैकसी के चाचा माली की पुत्री कंचुकेशी थी | त्रिजटा के विषय में बहुत सी कथाएं मिलती हैं |

इस सम्बन्ध में "हिन्दी शब्द सागर" में त्रिजटा को विभीषण की बहन बताया गया है | वहां सिर्फ यही उल्लेख है कि वह सीताजी के साथ अशोक वाटिका में रहती हैं | महाभारत के वनपर्व में अध्याय -281 में त्रिजटा का उल्लेख उन सखियों के साथ मिलता है जो सीताजी की देखभाल के लिए नियुक्त की गयी थीं -उनमें त्रिजटा, त्रयक्षी, दन्यक्षी ,दीर्घ जिव्हा, ललाटाक्षी,त्रिस्तनी ,एकलोचना आदि प्रमुख थीं | रामचरितमानस में तुलसी ने त्रिजटा को एक पावन स्थान दिया है | त्रिजटा ने जन्म तो अवश्य राक्षस कुल में लिया है परन्तु उसकी प्रवृत्ति पैशाचिक नहीं रही है | दुःख व वेदना से कृशकाय होती हुयी सीता को वह सांत्वना देती है | उसको धमकाने वाली राक्षसियों को डांटती है | वह भविष्य दृष्टा भी है | उसे पूर्व में ही आभास हो

जाता है इसलिए वह सभी राक्षसियों को बुलाकर कहती है –" सीताजी की सेवा करके अपना कल्याण कर लो ,मैंने स्वप्न में एक वानर को लंका दहन करते हुए देखा है | उस वानर ने सारे राक्षसों की सेना को मार दिया |

"सबन्हौ बोलि सुनाएसि सपना | सीतहिं सेई करहूँ हित अपना ||
सपने वानर लंका जारी | जातु धान सेना सब मारी ||
खर आरूढ़ नगन दससीसा | मुंडित सर खंडित भुज बीसा ||

श्वेत ऐरावत पर आरूढ़ होकर राम लक्ष्मण असुर रावण को युध्द में मारकर सीता को लेकर पर्वत शिखर पर बैठे हैं और रावण गले में मुंडमाला पहने ,शरीर में तेल लगाए, नंगा होकर अपने पुत्र -पौत्रों के साथ गोबर के कुंड में डुबकी लगा रहा है | (शास्त्रों में यमराज का स्थान दक्षिण दिशा कहा गया है)

वियोगिनी सीता को त्रिजटा का बहुत सहारा था | जब भी माँ सीता को कष्ट हुआ ,उन्होंने उसका निवारण करने का प्रयास किया | अपने सम्पूर्ण चरित्र में सीताजी के लिए इन्होने परामर्शदात्री और प्राण रक्षिका का कार्य किया है यही कारण है कि माँ सीताजी उसे माँ कहकर पुकारती थीं - "त्रिजटा सन बोली कर जोरी | मातु विपति संगिनी तै मोरी ||" (मानस -सुन्दरकाण्ड -11- 2)

त्रिजटा को मानव-मनोविज्ञान का सूक्ष्म ज्ञान है | वह सीताजी के स्वभाव और मनोभाव को अच्छी तरह समझती हैं | उन्हें पता है कि राम की यश गाथा को सुनकर सीताजी का दुःख कम होता है |

सीता राम की विरह वेदना से आत्मदाह करने के लिए त्रिजटा से अग्नि मांगती हैं ,यह सुनकर त्रिजटा का हृदय विदीर्ण हो जाता है और वह रामभक्त यह कहकर टाल देती हैं कि रात्रि के समय अग्नि नहीं मिलेगी और राम के गुणों का बखान करती हैं ,और वह सोचती हैं कि मेरी उपस्थिति इस समय यहाँ उपयुक्त नहीं है ,वह सीता को समझाती हुयी कहती हैं –

"निसि न अनल मिल सुनु सुकुमारी | अस कहि सो निज भवन सिधारी | (मानस – सुन्दरकाण्ड)

त्रिजटा की चातुरी और ज्ञान का एक उदाहरण युध्द्कांड में भी मिलता है | राम रावण का युध्द चरम पर है | रावण के सिर कट-कट कर गिरते हैं और नए आ जाते हैं और रावण श्रीराम के प्रयासों से नहीं मरता है | इस तरह के युध्द के समाचार को सुनकर सीता के मन में संदेह उत्पन्न होता है कि इस युध्द में रावण मारा भी जाएगा या नहीं क्योंकि उसके बार-बार नए शीश आ जा रहे हैं | राम का स्मरण करके सीता बहुत प्रकार से विलाप करती हैं -- "बहुविधि करत विलाप जानकी | करि-करि सुरति कृपा निधान की ||"

लेकिन त्रिजटा रावण वध के प्रति आश्वस्त हैं | वह सीता को बहुत प्रकार से समझाती है और बताती कि रावण कैसे मरेगा | प्रभु श्रीराम उसे क्यों नहीं मार रहे हैं | त्रिजटा कहती हैं कि रावण हृदय में बाण लगने से ही मरेगा ,परन्तु प्रभु इस कारण उसके हृदय में बाण नहीं मार रहे हैं क्योंकि रावण के हृदय में आप (जानकी जी) बसती हैं |

"प्रभु ताते उर हतहि न तेही | एही के हृदय बसति वैदेही||"(मानस-लंकाकाण्ड)

रावण के हृदय में जानकी का वास है ,और जानकी के हृदय में मेरा (राम जी का) वास है ,तथा मेरे हृदय में अनेक भुवन व्याप्त हैं , सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का वास है | अत: बाण लगते ही सबका नाश हो जाएगा | यह सुनते ही सीताजी अत्यंत हर्ष से भर जाती हैं | त्रिजटा कहती है कि हे सुकुमारी ! आप संदेह का त्याग कर दो | जब बार-बार शीश कटने पर रावण व्याकुल हो जाएगा और उसका ध्यान अपने जीवन की रक्षा में लगेगा और उसके हृदय से तुम्हारा ध्यान हट जाएगा , उसी पल राम जी उसके हृदय में शर-संधान करेंगे | यह सुनते ही सीताजी का संदेह दूर हो गया और वह संतुष्ट हो गयी |

"एहि के हृदय बस जानकी , जानकी उर मम वास है |
मम उदर भुवन अनेक लागत , बान सब कर नास है ||" (मानस – लंकाकाण्ड)

इस प्रकार मानस में त्रिजटा का चरित्र वात्सल्य -सम्पन्नता , उदारमना, राम के प्रति दृढ़ आस्थावान के रूप में चित्रित किया गया है | इसी तरह आध्यात्म रामायण में त्रिजटा का चरित्र एक वृध्दा राक्षसी के सद्व्यहार और उसके स्वप्न का वर्णन करते हुए कहा गया है -- "एवं तां भीषयन्तीस्त , राक्षसी विकृर्तान्ना:
निवार्य त्रिजटा वृध्द , राक्षसी वाक्यम ब्रबीत ||
श्रृणुध्वम रुदतीम नमस्कूरुत जानकीम |
इदानीमेव में स्वप्ने राम: कमललोचन: ||
आरुहयैरावतं शुभम लक्षमनेन समागत: |
दगहवा लंकापुरी सर्वा हत्वा रावणमाह्वे ||" (अध्यात्म रामायण -सुन्दरकाण्ड)

सीता जी को इस प्रकार डराती हुयी विकृत वदना राक्षसियों को रोककर बोली – अरी दुष्टा राक्षसियों ! मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो क्योंकि इसमें तुम्हारा ही हित होगा | तुम रोती बिलखती जानकी जी को भयभीत मत करो ,इन्हें नमस्कार करो , मैंने अभी-अभी एक स्वप्न देखा है जिसमें राम जी

लक्ष्मण समेत श्वेत ऐरावत हाथी पर चढ़कर आये हैं और सम्पूर्ण लंकापुरी को दहन कर रावण को युध्द में मारकर सीताजी को अपनी गोद में लिए पर्वत शिखर पर बैठे हुए देखा है |

आनंद रामायण में भी इसी प्रकार का वृत्तांत है –

"जानकीं तां स्वशब्दैश्च तथा क्ररोक्तिभिमुह:

आस्यविंदीर्णखडग़द्य भीषयन्स्य: करादिभि: -----|"

रावण के चले जाने पर राक्षसियां अपने भयानक वाक्यों से सीता को भयभीत करने लगी | तब त्रिजटा ने राक्षसियों को अपना स्वप्न और लंका को जलाने वाली बात बताई जिसको सुनकर सारी राक्षसियां चुप हो गयीं

इसी प्रकार बाल्मिकीय रामायण में भी त्रिजटा का चरित्र जन्म से राक्षसी होकर भी कर्म से अलग बताया है | अशोक वाटिका में राक्षसियां सीताजी से पापपूर्ण विचार रखती थी | त्रिजटा ने उनसे कहा -नीच निशाचारियों तुम सब अपने आपको खा जाओ | तुम सब राजा जनक की प्यारी बेटी एवं राजा दशरथ की पुत्रवधू को नहीं खा सकती | इस तरह त्रिजटा ने सीता की एक माँ समान रक्षा की और उनका मनोबल बनाए रखा | त्रिजटा का सीता के प्रति अगाध स्नेह और उनके लिए मन की संवेदनाएं उस समय अपने चरम पर दिखाई देती हैं जब श्री राम अपने यात्राक्रम में लंका पहुंचे | उनकी जिज्ञासा अनुभव करते हुए अंगद -मारुती आदि कपि उन्हें सुवेलाचन के अलावा उन निकुम्भिला आदि स्थानों पर भी ले गए ,जहाँ वे वनव्रती होने के कारण नहीं जा पाए | इसी क्रम में वे लोग अशोकवाटिका भी जा पहुंचे | वहां अशोक वृक्ष के नीचे सीता प्रतिमा को देखकर सभी के नेत्र भीग गए और हाथ जुड़ गये | पास में ही एक अधेड़ उम्र की ममतामयी नारी को घेरकर निशाचर नारियों का समूह वार्ता कर रहा था | उन्होंने जैसे ही श्रीराम को देखा तो तुरंत आगे बढ़कर कहा-"श्रीसीतापति राजराजेश्वर ! परिकर सहित त्रिजटा का प्रणाम स्वीकार करें |" सभी की निर्निमेष तरल दृष्टि श्री जानकी विग्रह की ओर लगी हुयी देखकर त्रिजटा बोली –"महारानी यहीं अपनी प्रवास अवधि में रहीं | प्राय: इसी मुद्रा में सिमटी-सकुचाई मौन धारण किये , धरती पर दृष्टि केन्द्रित किये हमने उन्हें सदैव देखा | इस वेदी से उतरकर उनको टहलते हमने कभी नहीं देखा | वे नित्य कृत्यों से किस समय निवृत्त हो जाती थी हममें से कोई रात-रातभर जागकर भी नहीं जान पायी | अगर राजेश्वर श्री राम की अनुमति होगी तो मैं जितना उनके सानिध्य में जान पायी, आज कहूंगी |

सभी की दृष्टि श्रीराम पर उठ गयी | राम धीरे से बोले –" देवि त्रिजटे ! आप जानकी के सभी गुण दोषों का वर्णन निर्भीक और निसंकोच होकर कर सकती हो |"

"महाराज ! आप यह क्या कह रहे हैं? महारानी में दोष ? शिव-शिव ,उनका सानिध्य तो बड़े से बड़े दोषी को दोषमुक्त करने में संजीवनी की तरह हमने देखा है | मेरे पास इसका प्रमाण है | वह जो कोने में दबी सी आँखे नीची किये ,एक अपराधिनी की तरह सजल नेत्रों से पूछ रही है कि मेरे अपराधों का और मेरे पापों का प्रायश्चित कब पूरा होगा ? जानते हैं आप -यह कौन है ? इसने लंकेश्वर की आज्ञा से महारानी को न जाने कितनी कडवी और निम्न स्तर की बातें कह दी और तलवार का वार करने को भी उद्दत हुयी | मगर महारानी तो पता नहीं कहां विचारमग्न रहती थी | जब महारानी ने कोई शब्द नहीं कहा और बहुत स्नेह के भाव से इसकी तरफ देखा तो इसका हृदय परिवर्तित हो गया | यह महारानी के चरणों में गिरते हुए रोती-बिलखती माफी मांगने लगी | तब महारानी धीरे से बोली – बावली ! तू दोषी नहीं है | क्यों व्यर्थ में दुखी हो रही है ? तेरे शब्दों को मैंने सुना ही नहीं क्योंकि मेरे कान तो श्रीराम के शब्दों से ही गुंजायमान होते रहते हैं | तू अपने कर्तव्य का पालन कर |" यह सुनते ही सीता माँ की इस दशा का कारण स्वयम को मानकर भरत के नेत्रों से अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी |

त्रिजटा ने कहना प्रारम्भ किया – "एक दिन एकांत पाकर मैंने उनके परिधान पट का स्पर्श करते हुए जिज्ञासा व्यक्त की कि महारानी यह कौन सा वस्त्र है जो अनेक मासों के व्यतीत हो जाने के बाद भी ना तो मलिन दिखा और नहीं पुराना पड़ा | क्या यह अयोध्या का निर्माण है या मिथिला का है ?"

यह सुनते ही एक दिव्य भाव उनके नेत्रों में जैसे प्रकट हो गया ,सदैव शांत रहने वाली महारानी बोली – " यह वस्त्र न तो अयोध्या का है और न ही मिथिला का है | यह पातिव्रत्य के पावित्र्य की अद्वितीय प्रतिमा महादेवी माँ अनसूया का प्रसाद है | जब हम चित्रकूट से चलने लगे तो महर्षि अत्रि से आशीर्वाद मांगने उनके आश्रम गए ,तब माँ अनसूया ने यह वस्त्र और कुछ आभूषण दिए | मेरे संकोच करने पर भविष्य दृष्टा माँ ने कहा –"मिथिलेश दुहिते ! इन्हें देवता का प्रसाद समझकर ग्रहण करो ,कहते हुए वह मौन होकर शून्य में कुछ देखने लगी | कुछ समय बाद स्वस्थ होकर बोली –"पुत्री ! ये वस्त्र-आभूषण प्रसाद की तरह ग्रहण करो | मैं तुम्हारे भविष्य को स्पष्ट देख रही हूँ | चित्रकूट से निकलते ही अनेक समस्याएं जीवन में आयेंगी | उस समय ये तुम्हारे लिए रक्षा कवच सिध्द होंगे | मैं इस वस्त्र को धारण करते हुए नित्य त्रिसन्ध्य स्नान करती हूँ | यह शरीर पर कब सूख जाते हैं ,मैं आज तक जान न पाई | इनका रंग आप देख ही रही हैं | कहीं से मैला -धुमैला आज तक नहीं हुआ | यदि यह नहीं होती तो क्या होता , क्योंकि लंका का तो कोई वस्त्र मैं कदापि स्पर्श नहीं करती | अत: माँ के द्वारा दिया वस्त्र मेरे लिए किस तरह रक्षा कवच बना यह सिध्द हो गया | आगे त्रिजटा ने कहा –" प्रभु हम सब गृह कार्यों से निवृत्त होकर पति-और पुत्र की स्मृति को हृदय में सहेजे , यहाँ आकर माँ की कुछ चर्चा करते हैं जिससे हमारे कुछ शोक-संताप नष्ट हो जाते हैं | आज महारानी लंका की अधिष्ठात देवी के रूप में प्रत्येक घर में स्थापित हो चुकी हैं | उनकी प्रतिमाएं

नित्य पूजी जाती हैं ,उनके नाम के उठावने भी रखे जाते हैं ,लोगों को इससे कार्यों की सिध्दी भी मिलती है | आज अशोकवाटिका लंका का तीर्थ बन गयी है |बस कहने को बहुत हैं पर अब कहने की सामर्थ्य नहीं है प्रभु ---|

त्रिजटा के मौन होते ही श्रीराम उठ गए | सभी ने त्रिजटादि से उस अशोक वृक्ष के पत्र लेकर प्रसाद रूप में अपने-अपने मुकुटों में लगाया और अशोक वृक्ष को प्रणाम करके द्वार से बाहर चले गए | इस समय सभी की आँखें तरल थी और मन भीगे हुए थे | त्रिजटा अत्यंत भाग्यशाली रहीं कि उनको साक्षात लक्ष्मी स्वरुप सीता का प्रत्येक क्षण मिला , उनकी सेवा करने का अवसर मिला और उनका प्रेम मिला | जब श्रीराम ने उन पर कृपा करके कुछ देना चाहा तो त्रिजटा ने कहा –"हे प्रभु ! मैं केवल आपके स्वरूप के प्रति एक मात्र निष्ठां को चाहती , आपके प्रेम दास्य की कामना करती हूँ | अत: हे रघुकुल शिरोमणि हमें निष्कलुष अपनी भक्ति प्रदान कीजिये |" भगवान् के पास देने के लिए सबसे छोटी वस्तु है मोक्ष और सबसे बड़ी वस्तु हैं भक्ति | इस भक्ति को कोई विरला ही प्राप्त कर पाता है | त्रिजटा ने अपने सद्गुणों और व्यवहार से इस परम दुर्लभ भक्ति को प्राप्त किया

त्रिजटा मोक्ष पाने के लिए काशी में निवास करने लगी | वहीं वाराणसी में त्रिजटा का एक मंदिर है ,जहाँ देवी रूप में उनकी पूजा होती है | यहाँ त्रिजटा को मूली और बैंगन का चढ़ावा चढ़ाया जाता है | इसी तरह त्रिजटा का एक मंदिर उज्जैन में भी है ,जो बालवीर हनुमान मंदिर परिसर में है | इस तरह राक्षस कुल में जन्म लेकर भी त्रिजटा ने अपनी भक्ति और सात्विकता से परम पद मोक्ष को प्राप्त किया |

(विभिन्न काल,परिवेश, सामाजिक पृष्ठभूमि ,हर युग और स्थान के आधार पर त्रिजटा के व्यक्तित्व को सबने अपने - अपने ढंग से परिभाषित किया | जो लिखा गया,कहा गया ,उससे ज्यादा अनुत्तरित अभी बहुत कुछ है ,जिसे जानना होगा |)

रामराज्य का आधार-राम का वनगमन



Aasha Srivastava
(asha.srivastava24@gmail.com)

1. प्रस्तावना

जब हम 'रामराज्य' की बात करते हैं,तो सहज ही श्रीरामचरितमानस की वे पंक्तियाँ सम्मुख आ जाती हैं-

राम राज बैठें त्रैलोका। हरषित भए गए सब सोका।।
बयरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई।।
दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

'रामराज्य' अर्थात् त्रेतायुग के महानायक राजा राम द्वारा शासित, पोषित, उन्नति के चरमोत्कर्ष तक विकसित अयोध्यानगरी , जो श्रीराम के राज्याभिषेक के पश्चात एक आदर्श नगरी कहलाई।

वह राज्याभिषेक, जो उनके पिता - दसों दिशाओं में रथ चलाने वाले और दसों इन्द्रियों -पांच ज्ञानेंद्रियों और पांच कर्मेन्द्रियों को वश में रखने वाले महाराज दशरथ ने, चौदह वर्ष पूर्व ही होना निश्चित किया था, किन्तु उसके स्थान पर उनको चौदह वर्षों के लिए वल्कल और जटाजूट धारण कर वनगमन का आदेश मिल गया। यह संयोगवश नहीं,बल्कि पूर्वनियोजित था। देवताओं द्वारा देवी सरस्वती से आग्रह कर मंथरा की मति फेरना, मंथरा द्वारा रानी कैकेयी की मति फेरना , उनको वर्षों पूर्व धरोहरस्वरूप महाराज दशरथ के पास रखे हुए दो वचनों का याद दिलाना, फिर वे दो वचन-भरत का राज्याभिषेक और राम को चौदह वर्षों का वनवास- यह सब पूर्वनिर्धारित था। उन चौदह वर्षों का वनवास ही 'रामराज्य' का आधार बना।

"पिताँ दीन्ह मोहि कानन राजू। जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू।।" अयोध्याकांड में जब यह बात राम अपनी माता कौशल्या से कहते हैं, तभी यह सङ्केत मिलता है, कि चौदह वर्ष का जो वनवास उन्हें विमाता कैकेयी ने नकारात्मकता से प्रेरित हो अभिशाप या दण्ड स्वरूप दिया था, उसी को वे अपनी सकारात्मकता से भरकर वरदान में परिणत करने वाले हैं।

'रामराज्य' पर बात करने से पूर्व यह जानना आवश्यक हो जाता है, कि वे कौन सी विशेषताएं हैं,जो एक राजा को 'सर्वोत्तम राजा' बनाती हैं और उन्हें हम उनके वनवास में कैसे देख सकते हैं।

कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार राजा में न्यायप्रियता,दयालुता,सत्यनिष्ठा,विश्वसनीयता,
ईमानदारी, साहस और दूरदर्शिता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। प्रजा के हितों को सर्वोपरि रख उसके कल्याण के लिए कार्य करना और अपनी शक्ति का दुरुपयोग नहीं करना भी प्रमुख हैं।

अब उस 'वनगमन' के आदेश के फलस्वरूप प्राप्त 'वनवास' की बात करते हैं और बात करते हैं उन समस्त कार्यों की जो 'वनवासी' या 'वन के राजा' राम ने उन चौदह वर्षों की अवधि में किये।

उनसे यह अपेक्षा की गई थी कि वे उस अवधि को तपस्वियों की भाँति वन में रहकर व्यतीत करेंगे। परन्तु वे तो क्षत्रिय थे, तो अपना स्वधर्म- क्षात्र धर्म कैसे भूलते? प्रसङ्गवश यहाँ श्रीमद्भगवद्गीता के 18वें अध्याय के 43वें श्लोक की चर्चा आवश्यक हो जाती है,जिसमें भगवान श्रीकृष्ण क्षात्र कर्मों की विशेषताएं बताते हुए अर्जुन से कहते हैं-

शोर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्।।

अर्थात् पराक्रम, शौर्य, धैर्य,कार्य मे दक्षता, युद्ध में पलायन न करना, खुले हाथों से दान और प्रभुत्व यानी नेतृत्व का भाव -यह क्षत्रिय के स्वाभाविक कर्म हैं।

उन्होंने अपने सहज क्षात्र धर्म और चूंकि वे राजकुमार थे ,तो राजधर्म के ज्ञान का सदुपयोग वन में रहकर किया।

अब हम एक उत्तम राजा की उन कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डालने का प्रयास करेंगे, जिनका पालन उन्होंने वनवास की अवधि में किया।

2. जनसम्पर्क

राजा का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है कि वह अपने प्रजाजनों के साथ सम्पर्क बनाये रखे और उनके हर प्रकार के कष्टों का निवारण कर

उन्हें सुखी रखे। वे वन में जहाँ जहाँ से होकर गुज़रे, वहाँ वहाँ के निवासियों के कष्टों को चिह्नित कर उनका भलीभाँति निवारण किया। दैत्यकुल के नाशक,ऋषियों के रक्षक हैं राम। उनका जन्म ही 'परित्राणाय साधूनाम, विनाशाय च दुष्कृताम्' हुआ था।इसे सार्थक करते हुए उन्होंने जहाँ विविध राक्षसों का सँहार कर ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और वनवासियों को अभयदान दिया, वहीं किष्किन्धा पहुँच कर वहाँ के निवासी वानरों, रीछों ,भालुओं से मित्रता की और बाली का वध कर सुग्रीव को अभयदान देकर उसे उसका राज्य वापस दिलाया।

अब एक मूलभूत प्रश्न यह उठता है, कि उन्होंने वानरों, रीछों ,भालुओं से संवाद कैसे किया होगा? किस भाषा के माध्यम से उनकी बात समझी होगी, क्या उनके मध्य किसी सांकेतिक भाषा का प्रयोग हुआ होगा?

यदि भौतिक दृष्टिकोण से देखें,तो यह सभी प्रश्न नितान्त स्वाभाविक हैं। किन्तु यदि इनको आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करें, तो यह बिल्कुल वैसा ही था,जैसे किसी पिता ने अपनी संतानों की समस्या सुलझाई हो। श्रीराम साक्षात परमात्मा थे, (जो मनुष्य रूप में 'लीला' कर रहे थे)। सम्पूर्ण जगत के सभी स्थावरजङ्गम, चराचर प्राणियों में उनका ही तो अंश विद्यमान होता है। फिर एक दूसरे से संवाद में समस्या होने का प्रश्न ही नहीं उठता। यही वानर,भालू रीछ कालांतर में रावण से युद्ध के समय उनकी 'सेना' बने और उन्होंने विचित्र अस्त्र-शस्त्रों- पेड़ ,पहाड़, पाषाण खण्डों के शत्रुसेना पर फेंक फेंक कर प्रहार कर उन्हें विचलित किया और श्रीराम को अंततः विजयश्री प्राप्त हुई।

3. दूरदर्शिता

एक राजा का दूरदर्शी होना परमावश्यक होता है। इसके द्वारा वह दुष्कर कार्यों को सम्भव कर सकता है। निम्न प्रसंगों पर दृष्टि डालें-

ऋषि शरभंग,जिन्होंने श्रीराम के पुण्य दर्शन प्राप्त कर आत्मदाह कर मुक्ति पाई थी, उनके आश्रम से निकल श्रीराम ने अस्थियों के ढेर देखे। मुनियों ने बताया कि यह उन सब मुनियों की अस्थियां हैं, जिन्हें राक्षसों ने खा डाला है। इससे वे दुःखी अवश्य हुए,किन्तु तत्क्षण राक्षसों के सर्वनाश का प्रण भी लिया ,जिसे उन्होंने पूरा भी किया। यह दूरदर्शिता ही थी, कि कामवासना में चूर रावण की बहन सूर्पणखा का अपमान कर मानो दंडकारण्य में आतंक बनाने वाले उसके भाइयों खर दूषण और त्रिशिरा को खुली चुनौती दे डाली। एक उत्तम योद्धा और राजा भाँति उन शत्रुओं का वध कर मानो रावण तक यह मौन सन्देश पहुंचाया कि अब उन राक्षसों के अन्याय और आतंक का अन्त निश्चित है।

एक उत्तम राजा शतरंज के दक्ष खिलाड़ी की भाँति प्रतिद्वंद्वी की चालों- अपनी हर क्रिया पर उसकी प्रतिक्रिया का पूर्वानुमान कर उसके अनुसार आगे की क्रियाओं को सोचता है। सूर्पणखा के अपमान, खर दूषण त्रिशिरा के वध के फलस्वरूप अहंकारी रावण से अपना संतुलन खोकर किसी अशोभनीय कृत्य की ही अपेक्षा और आशंका थी। इसीलिए उन्होंने सीता को अग्नि में प्रवेश कर अपनी छाया के रूप में तब तक रहने को कहा, जब तक वे लंकापति रावण का वध न कर दें। हनुमान की सहायता से सुग्रीव से मित्रता और बाली से मुक्ति में उसकी सहायता कर वानर सेना का सहयोग लेना भी दूरदर्शिता के ही परिणाम थे।

गुरु बृहस्पति द्वारा प्राप्त शाप के कारण रावणपुत्र अक्षय कुमार के सम्मुख अंगद का बचना कठिन था । इसलिए सीता की खोज के लिए हनुमान जी को भेजना और अक्षय कुमार की मृत्यु के पश्चात अंगद को भेजना ,यह सब दूरदर्शिता के लक्षण हैं।

4. न्यायप्रियता

सूग्रीव से मित्रता और उसे न्याय देने के लिए श्रीराम ने बाली का वध किया और उसके इस प्रश्न का कि मुझे क्यों मारा ,उसे उसका कारण बताते हुए उपदेश दिया और उसे अपने धाम की अंतिम गति भी प्रदान की।

इसके अतिरिक्त भी अनेकों राक्षसों यथा कबंध, विराध का वध कर उन्हें अपने धाम भेजा।

सागर द्वारा विनती करने पर उसके उत्तर तट पर रहने वाले दुष्ट मनुष्यों को बाण से मारकर उसे अभयदान देना उनकी न्यायप्रियता के उदाहरण हैं।

लोकप्रियता और लोकवात्सल्य-

श्रीराम की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वे अयोध्या से निकलकर वन जाते समय जहाँ से होकर गुज़रे,वहाँ के निवासी उनके व्यक्तित्व के दिव्यत्व, सौम्यत्व और सौन्दर्य पर मुग्ध हो गए। उनको अपनी इस लोकप्रियता का भान था,लेकिन वे इसका गुमान न करते हुए सहज रूप में लोकवत्सल रहे। निषादराज गुह से प्रेमपूर्वक मिलकर उसे इस सँकोच से बचाया कि वह निम्न जाति का है और वे राजपुत्र हैं। जटायु के दाहकर्म और निजधाम भेजने के पश्चात जब वे भीलनी शबरी के आश्रम में पधारे तो उसके प्रेम और भक्ति में पगे वचनों से अभिभूत हो उसके दिए कंद,मूल,फल आदि प्रेम से ग्रहण किये। उसे इस कुण्ठा से कि वह निम्न जाति की है, अधम है या स्त्री है, मुक्त कराकर उसे नवधा भक्ति का ज्ञान दिया।

सत्यनिष्ठा और विनम्रता-

एक राजा के लिए सत्यनिष्ठ और विनम्र होना परमावश्यक है। अयोध्या से वन के मार्ग में श्रीराम की

जिन भी ऋषियों ,मुनियों से भेंट हुई, फिर चाहे वे ऋषि अत्रि,भरद्वाज हों,वाल्मीकि, अगस्त्य मुनि के शिष्य सुतीक्ष्ण या स्वयं अगस्त्य मुनि हों, चित्रकूट पर्वत पर रहने वाली मुनि मण्डली हो या सामान्यजन हों ,श्रीराम की विनम्रता, सौम्यता और तेजोमय रूप से सभी प्रभावित और उनकी प्रशंसा,स्तुति करने को तत्पर थे। उनकी प्रशंसा या स्तुति से निर्लिप्त वे निर्द्वन्द्व,निरभिमान,निर्दम्भ, सहज,स्वाभाविक रहे और बड़ी विनम्रता से अपने

पिता के वचनों के विषय में सत्य ही बताया। उनकी सत्यनिष्ठा की पराकाष्ठा हमें तब देखने को मिलती है, जब रावण का सँहार कर विजयी हो उनकी प्रिया पत्नी सीताजी को लंका से लाना था।

लोकनीति तो कहती है,कि पत्नी को लाने पति को ही जाना चाहिए, किन्तु सत्यनिष्ठा यह कहती है,कि तब तक उनके वनवास की चौदह वर्ष की अवधि पूर्ण नहीं हुई थी और वे वन के अतिरिक्त कहीं और नहीं जा सकते थे। फिर वह तो 'हाटकपुर' ,सोने की लँका थी।वहाँ जाने से पिता का वचन भंग होता। इसलिए उन्होंने सीता जी को लँका से वापस लाने के लिए हनुमान,अंगद और विभीषण को भेजा।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वनवास की अवधि में श्रीराम एक उत्कृष्ट राजा के रूप में ही नहीं उभरे,उन्होंने यह सिद्ध कर दिया मनःस्थिति बदलती है,तो परिस्थितियां भी बदलती हैं। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि प्राञ्जल प्रज्ञा प्रेरित सकारात्मक मनःस्थिति से नकारात्मक परिस्थितियों में भी उन्नति और उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त कर लोक कल्याणोन्मुख हुआ जा सकता है। वे जातिगत, वर्णगत और प्राणिगत भेदभाव किये बिना वनवास की अवधि पूर्ण होने तक एक सर्वप्रिय, सर्वसमर्थ और सर्वगुणसम्पन्न राजा बन चुके थे। यहीं से नींव पड़ी उस 'रामराज्य' की, जिसकी महिमा महर्षि वाल्मीकि ने इस प्रकार बखानी है-

रामो राज्यमुपासीत प्रजा धर्मपतिः पितेव।
चचार तापसं धर्मं रक्षन् सर्वप्रजाः सदा।।
रामो रामो रामो राज्यमानीश्वरो नृणाम्।
सर्वे लक्षणसम्पन्नाः सर्वे धर्मपरायणाः।।

प्रस्तुति-आशा श्रीवास्तव

सन्दर्भ ग्रन्थ-

श्रीरामचरितमानस
श्रीमद्भगवद्गीता
श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण

इति

विभीषण गीता: धर्म, नीति और आत्मबल का प्रकाशपुंज



नीलम झा
(njforexamcell18@gmail.com)

कह गए राम विभीषण से
धर्म-पथ पर जो डट जाए, उसका जीवन प्रकाश बन जाए,
विजयी हो वो हर समर में, जिसके मन में नीति-दीप जल जाए।

1. प्रस्तावना

भारतीय संस्कृति में धर्म, नीति, मर्यादा के आदर्शों का जितना सूक्ष्म व गहन प्रतिपादन श्रीरामचरितमानस में हुआ है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। इस महाकाव्य का प्रत्येक पात्र किसी न किसी आदर्श का प्रतीक है। इनमें विभीषण का चरित्र विशेष उल्लेखनीय है, जब रावण ने बार-बार विभीषण द्वारा दिए गए सदुपदेशों की उपेक्षा की, तब विभीषण ने यह अनुभव किया कि अधर्म का साथ देना स्वयं अधर्म को पोषित करना है। तत्पश्चात वे रावण का परित्याग कर श्रीराम की शरण में चले गए, जहाँ उन्हें धर्म, नीति और कर्तव्य का वास्तविक स्वरूप ज्ञात हुआ।

श्रीरामचरितमानस के लंका काण्ड में श्रीराम और विभीषण के मध्य हुआ संवाद, जिसे 'विभीषण गीता' कहा जाता है, केवल पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि धर्म, नीति और विवेक का गहन दार्शनिक विमर्श है। इसमें श्रीराम के उपदेश करुणा, समता, कर्तव्यबोध और नीति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं। यह संवाद भगवद्गीता की भाँति शाश्वत, उपदेशात्मक, मार्गदर्शक और सार्वकालिक है । आज के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में, जब नीतियाँ ढुलमुल हैं, सत्य को दबाया जा रहा है और व्यक्ति धर्म-स्वार्थ के द्वंद्व में उलझा है, विभीषण गीता की शिक्षाएँ प्रकाश-स्तंभ की भाँति पथप्रदर्शक लगती हैं। यह संवाद समयातीत सत्य का उद्घोष करते हुए व्यक्ति और समाज दोनों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

2. विस्तार

विभीषण गीता का स्वरूप आत्मसंयम, विवेक और धर्मनिष्ठा के माध्यम से आंतरिक और बाह्य विजय का शाश्वत प्रतीक है। यह वह दार्शनिक संवाद है, जिसमें श्रीराम धर्म, नीति और आत्मविजय का मर्म प्रकट करते हैं। श्रीराम स्पष्ट करते हैं कि राक्षस रूपी दुर्गुणों से युद्ध शस्त्र से नहीं, बल्कि शास्त्र, साधना, संयम और सदाचार से होता है।

विभीषण गीता : धर्मरथ से विजय का मार्ग

जब विभीषण अपने भाई रावण का त्याग कर प्रभु श्रीराम की शरण में आए , तब उनके मन में एक गहन द्वंद्व उत्पन्न हुआ। वे धर्म और भ्रातृ–स्नेह के बीच उलझ गए। एक ओर उनका हृदय श्रीराम की मर्यादा, सत्य और करुणा से अभिभूत था, तो दूसरी ओर रावण की अपार शक्ति, रथ, अस्त्र–शस्त्र और सामर्थ्य ने उन्हें विचलित कर दिया। तुलसीदासजी ने उनकी इस दुविधा को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया है—

रावनु रथी बिरथ रघुबीरा।
देखि बिभीषन भयउ अधीरा।।
अधिक प्रीति मन भा संदेहा।
बंदि चरन कह सहित सनेहा।।

विभीषण विनम्रता से श्रीराम के चरणों में प्रणाम कर कहते हैं—
"नाथ! रावण रथारूढ़ है, उसके पास बल, शस्त्र और कवच सब हैं; परंतु आप तो बिना रथ, बिना कवच के नंगे पाँव हैं। ऐसे में आप उसे कैसे पराजित करेंगे?"

"नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना।
केहि बिधि जितब बीर बलवाना।।"

विभीषण की यह चिंता केवल उस युग में नहीं, आज भी प्रासंगिक है। आज भी मनुष्य यह सोचता है कि क्या धर्म, सत्य और नैतिकता के बल पर संसार के असत्य, अन्याय और अधर्म से लड़ा जा सकता है? क्या साधनहीन होकर भी सफलता पाई जा सकती है?
उस समय श्रीराम का मुखमंडल करुणा और आत्मविश्वास से आलोकित हो रहा था। उन्होंने इसका उत्तर श्मुस्कुराते हुए विभीषण को दिया —

"सुनहु सखा कह कृपानिधाना।

जेहिं जय होइ सो स्यंदन आना।।"

"हे सखा! जिस रथ से सच्ची विजय प्राप्त होती है, वह भौतिक रथ नहीं है, वह धर्मरथ है। वह आत्मबल और सद्गुणों से निर्मित है।"

और फिर श्रीराम ने उस दिव्य धर्मरथ का अद्भुत वर्णन किया —

"सौरज धीरज तेहि रथ चाका।
सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका।।"

इस रथ के पहिए हैं – शौर्य (साहस) और धैर्य (संयम)।

इसकी ध्वजा और पताका हैं – सत्य और शील अर्थात (सदाचार)।

"बल बिबेक दम परहित घोरे।
छमा कृपा समता रजु जोरे।।"

इस रथ के चार घोड़े हैं – बल, विवेक, दम अर्थात (इंद्रिय–संयम) और परोपकार।

जो क्षमा, दया और समतारूपी डोरी से रथ में जोड़े हुए हैं।

"ईस भजनु सारथी सुजाना।
बिरति चर्म संतोष कृपाना।।"

इस रथ का सारथी है – ईश्वर का भजन, अर्थात् परम श्रद्धा और भक्ति।

वैराग्य ढाल है और संतोष तलवार है।

"दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा।
बर बिग्यान कठिन कोदंडा।।"

दान फरसा है। बुद्धि प्रचंड शक्ति है और उत्तम विज्ञान कठिन धनुष है ।

"अमल अचल मन त्रोन समाना।
सम जम नियम सिलीमुख नाना।।"

तरकस के समान है – निर्मल और अचल मन।

शम (मन का वश में होना) यम और नियम इसके बहुत से बाण हैं।

"कवच अभेद बिप्र गुर पूजा।
एहि सम बिजय उपाय न दूजा।।"

और अंत में श्रीराम कहते हैं—

'ब्राह्मण और गुरु की पूजा' अभेद्य कवच है,

इसके समान विजय का कोई दूसरा उपाय नहीं है ।

"सखा धर्ममय अस रथ जाकें।
जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताकें।।"

हे सखे! ऐसा धर्ममय रथ जिसके पास हो उसके लिए जीतने को कहीं शत्रु नहीं है। ।

"महा अजय संसार रिपु, जीति सकइ सो बीर।
जाकें अस रथ होइ दृढ़, सुनहु सखा मतिधीर।।" 80 क (लंकाकांड, श्रीरामचरितमानस)

श्रीराम का यह उपदेश केवल विभीषण के मन से भय और संदेह को दूर नहीं करता, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को यह सिखाता है कि सच्ची विजय बाहुबल या भौतिक साधनों से नहीं, बल्कि धर्म, सत्य, विवेक और आत्मबल से होती है। इसके बाद विभीषण का भ्रम दूर हो गया । वे समझ गए कि जो व्यक्ति सत्य, धैर्य, करुणा से सुसज्जित और ईश्वर भक्ति में लीन है, उसे कोई भी रावण परास्त नहीं कर सकता।

हमने देखा कि रावण ने अपनी समस्त शक्तियों से युक्त हो युद्ध किया, पर अंततः वह धर्म और मर्यादा के रथ से पराजित हुआ। यही श्रीराम का संदेश है कि धर्मरथ से बढ़कर कोई विजय रथ नहीं अर्थात धर्म ही विजय का सच्चा सारथी है।

3. विभीषण गीता की आधुनिक युग में प्रासंगिकता

विभीषण गीता, केवल युद्ध या धर्म का उपदेश नहीं है, बल्कि यह जीवन प्रबंधन, नैतिक नेतृत्व और आत्म-विकास का गहन दर्शन प्रस्तुत करती है। अब निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर इसकी वर्तमान में प्रासंगिकता पर एक नज़र डालते हैं -

1. नैतिक नेतृत्व और निर्णय की दृढ़ता

विभीषण का निर्णय — अपने भ्राता रावण के अन्यायपूर्ण मार्ग का विरोध कर श्रीराम की शरण लेना — नैतिक साहस और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है। आज के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में, जब व्यक्तिगत स्वार्थ और वंशवाद हावी हैं, विभीषण सिखाते हैं कि धर्म और नीति सर्वोपरि हैं। सच्चा नेता वही है जो सत्य के पक्ष में खड़ा हो, भले ही उसे अपनों का विरोध सहना पड़े।

2. नीति आधारित शक्ति और संघर्ष

श्रीराम का 'धर्ममय रथ' केवल युद्ध का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन का प्रबंधन सूत्र है।

"सखा धर्ममय अस रथ जाकें।

जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताकें॥"

इस धर्मरथ के घटक सत्य, नीति, विवेक, संयम, और भक्ति — हमें यह बताते हैं कि वास्तविक शक्ति नैतिकता और आत्मसंयम में निहित है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है।

3. युवाओं के लिए प्रेरणा

आधुनिक युवा भौतिकता, सोशल मीडिया और नैतिक विचलन के कारण दिशाहीन हो रहे हैं। विभीषण गीता उन्हें सिखाती है कि सच्ची सफलता आत्मबल, सत्य और संयम से आती है, न कि बाहरी चमक-दमक से। श्रीराम का उपदेश युवाओं के लिए चरित्र निर्माण का शाश्वत मार्गदर्शन है।

4. आध्यात्म और आत्म-प्रबंधन का संदेश

"ईस भजनु सारथी सुजाना"

यह पंक्ति हमें बताती है कि जीवनरूपी रथ का सारथी ईश्वर भक्ति और आत्म-नियंत्रण होना चाहिए। जब मनुष्य भक्ति, वैराग्य और संतोष के साथ चलता है, तब वह अपने भीतर के भ्रम और भय को जीत सकता है।

5. मानसिक संघर्षों में विजय का उपाय

"अमल अचल मन त्रोन समाना।

सम जम नियम सिलीमुख नाना॥"

शुद्ध, स्थिर और अनुशासित मन ही जीवन के आंतरिक रावणों — अहंकार, लोभ, क्रोध, वासना, ईर्ष्या पर विजय पा सकता है। विभीषण गीता मनोविज्ञान और आत्म-प्रबंधन की एक गहन शिक्षिका है।

6. शैक्षिक, सांस्कृतिक और प्रबंधकीय उपयोगिता

विभीषण गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा और नेतृत्व प्रशिक्षण का आदर्श मॉडल है। इसे शिक्षा नीति में इसे नैतिक मूल्यों के अध्ययन हेतु शामिल किया जा सकता है। राजनीतिक नेतृत्व प्रशिक्षण में यह नीति और धर्माधारित शासन का उदाहरण है। प्रबंधन शिक्षा में 'धर्मरथ' मॉडल को नेतृत्व कौशल और निर्णय-प्रक्रिया के रूप में अपनाया जा सकता है।

7. विजय का सार्वभौमिक मंत्र

"महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर।

जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर॥"

श्रीराम स्पष्ट करते हैं कि जो व्यक्ति धर्म, सत्य और संयम से सुसज्जित है, वह वीर संसार रूपी महान दुर्जय शत्रु को भी जीत सकता है (रावण की तो बात ही क्या है।) यह संवाद आज जीवन का विजय-मंत्र बन सकता है।

8. विभीषण की प्रतिक्रिया: विनम्रता और कृतज्ञता

सुनि प्रभु बचन बिभीषन हरषि गहे पद कंज।

एहि मिस मोहि उपदेसेहु राम कृपा सुख पुंज॥

विभीषण का यह भाव बताता है कि ज्ञान और विनम्रता का संगम ही सच्ची साधना है। श्रीराम के उपदेश को हृदय से स्वीकार कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्चा भक्त वही है जो ज्ञान को आचरण में उतारे।

9. साहसिक निर्णय का आदर्श

रावण जैसे शक्तिशाली और प्रचंड राजा के विरुद्ध खड़े होना साहस का कार्य था। विभीषण ने यह जोखिम उठाया, क्योंकि उनके लिए धर्म, आत्मा की शांति और सत्य, सत्ता और संबंधों से अधिक मूल्यवान थे।

वर्तमान में जब बहुत लोग सुविधाओं और डर के कारण अन्याय का साथ देते हैं, ऐसे में विभीषण सिखाते हैं कि साहसी निर्णय ही व्यक्ति को महान बनाते हैं।

10. नैतिक संकट और सही-गलत की पहचान

आधुनिक समय में बहुत से लोग व्यक्तिगत लाभ, सामाजिक दबाव, मीडिया प्रभाव आदि के कारण सही और गलत के बीच उलझ जाते हैं। विभीषण गीता हमें यह सिखाती है कि धर्म और नैतिकता की आवाज को सुनना चाहिए, चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन हो।

11. वैयक्तिक-स्वातंत्र्य और सामाजिक दबाव

कभी-कभी लोग अपने परिवार, जाति, देश या संगठन के दबाव में अपनी आत्मा की आवाज दबा देते हैं। विभीषण ने दिखाया कि धैर्य, विवेक और ईमानदारी से, आत्म-स्वाधीनता प्राप्त की जा सकती है। यह आज के समाज में महत्वपूर्ण है, जहाँ व्यक्तिगत पहचान, स्वावलंबन और आत्मसम्मान की बातें अत्यधिक प्रासंगिक हैं।

12. वैश्विक संदर्भ में सर्वधर्म सद्भाव

विभीषण गीता यह सिखाती है कि धर्म केवल आस्थागत तौर-तरीके नहीं, बल्कि सार्वभौमिक मूल्यों की पालना है। यदि कोई धर्म, जन्म, राजनीति आदि सीमाओं से ऊपर उठकर सत्य, न्याय, करुणा और संयम का अनुसरण करे, तो वह मानवता को जोड़ने का काम करता है।

13. राजनीति में नीति की आवश्यकता

आज राजनीति अवसरवाद, स्वार्थ और छल की शरणस्थली बन चुकी है। ऐसे में विभीषण जैसे चरित्र यह स्पष्ट करते हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता नहीं, बल्कि नीतिपरक दृष्टि, साहसिक निर्णय और जनहित की भावना का नाम है।

अन्य रामायणों में तुलनाएँ

वाल्मीकि रामायण में भी विभीषण का वर्णन है, जहाँ वे रावण को सलाह देते हैं और रावण द्वारा उनकी बात न मानने पर राम की शरण लेते हैं। इस रूप में वाल्मीकि रामायण में विभीषण की स्वायत्त "धार्मिक चेतना" का अंकन मिलता है।

रामायण की विविध भाषायी और क्षेत्रीय प्रस्तुतियों में विभीषण को अक्सर धर्म, न्याय और संकल्प का प्रतीक माना गया है। विभीषण गीता की अवधारणा लोकमानस में गहरी पैठ रखती है।

4. निष्कर्ष

आधुनिक युग में विभीषण गीता केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, नीति और नैतिक नेतृत्व का अमर ग्रंथ है। विभीषण गीता नीति, निष्ठा और नैतिक विजय का शाश्वत प्रेरणा-स्रोत है।

- सच्चा नेतृत्व शस्त्रों से नहीं, शास्त्र और विवेक से होता है।
- आत्मिक संतुलन और संयम ही जीवन की विजय का मार्ग हैं।
- यदि समाज विभीषण गीता की शिक्षाओं को आत्मसात करे, तो एक ऐसा मार्ग प्रशस्त हो सकता है जहाँ नैतिकता, करुणा और आत्म-संयम से समाज का पुनरुत्थान होगा।
- यह संवाद हमें धर्म, विवेक, नीति और साहस का वह पथ दिखाता है जो आज के युग में भी उतना ही उपयोगी और आवश्यक है जितना त्रेतायुग में था।
- जहाँ आज की दुनिया में 'सफलता' को ही सबसे बड़ा मूल्य मान लिया गया है, वहाँ विभीषण गीता हमें याद दिलाती है कि नीति, धर्म और आत्मबल ही वे मूल्य हैं, जो व्यक्ति को सच्चा और स्थायी विजेता बनाते हैं। इस प्रकार विभीषण गीता, श्रीरामचरितमानस का एक अत्यंत सारगर्भित अंश है, जो केवल युद्ध नीति या राज्यचक्र नहीं, बल्कि जीवन दर्शन की गूढ़ शिक्षा प्रदान करता है।

5. संदर्भ ग्रंथ

1. श्रीरामचरितमानस
2. वाल्मीकि रामायण
3. गीता संहिता
4. गीता प्रबंध संग्रह

Critical Astronomical Analysis of the Date of Rāma's Return to Ayodhyā



Krutesh Patel
Vaidika Sansthan
(krutesh@krutesh.ca)

This study critically examines the commonly held belief that Lord Rāma returned to Ayodhyā on the day of Dīpāvalī, a notion unsupported by scriptural or astronomical evidence. Drawing primarily from the Vālmīki Rāmāyaṇa *and correlating it with* jyotiṣa *(astronomical) computation, the paper establishes that Rāma's homecoming occurred on* Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī *under the* Puṣya Nakṣatra*, not on* Kārtika Amāvasyā*. An alternative model based solely on* Vālmīki Rāmāyaṇa *(without reliance on Purāṇic expansion) is also presented, placing Rāma's return on* Caitra Śukla Daśamī *under the* Puṣya Nakṣatra*. The analysis discusses* tithi *definition, examines planetary positions and* nakṣatra *references within the epic, evaluates corroborative evidence from* Padma Purāṇa*, and identifies how modern cultural narratives—particularly those formed through television and popular media-have shaped contemporary belief. The paper restores a historically and astronomically consistent chronology of Rāma's return.*

Keywords: Rāmāyaṇa, Puṣya Nakṣatra, Tithi Calculation, Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī, Rāma, Ayodhyā, Jyotiṣa, Vālmīki.

1. Introduction

Among contemporary Hindus, the belief that Śrī Rāma returned to Ayodhyā on the festival of Dīpāvalī is nearly universal. Yet, this association is not attested in the textual or astronomical descriptions preserved in the Vālmīki Rāmāyaṇa. Neither *Vālmīki Rāmāyaṇa* nor the Purāṇas explicitly associate Rāma's homecoming with *Kārtika Amāvasyā*. This association appears to be a later cultural formation, likely emerging through popular devotional performance traditions, and in recent times, cinematic and television portrayals.

However, the *Vālmīki Rāmāyaṇa* itself provides clear temporal markers in the form of *nakṣatra* and *tithi* references. These references align with systematic astronomical calculations and permit a precise reconstruction of chronological events, including Rāma's birth, exile, the death of Rāvaṇa, and ultimately, the return to Ayodhyā.

2. Glossary

Term	Meaning
Tithi	Lunar day defined by angular distance between Sun & Moon
Nakṣatra	1 of 27 lunar constellations used in Vedic astronomy
Śukla Pakṣa	Bright half of the lunar month (waxing Moon)
Kṛṣṇa Pakṣa	Dark half of the lunar month (waning Moon)
Puṣya Nakṣatra	A lunar constellation associated with auspicious ceremonies
Amāvasyā	New Moon (0° Sun–Moon separation)
Pūrṇimā	Full Moon Day
Pūrṇa Tithi (Daśamī etc.)	"Full / complete" tithis considered auspicious
Riktā Tithi (Navamī, Caturdaśī etc.)	"Empty / void" tithis considered less auspicious

3. Understanding *Tithi* and *Nakṣatra* in Jyotiṣa

A *tithi* is defined by the longitudinal angular separation between the Sun and the Moon. The zodiacal circle of 360 degrees is divided into 30 *tithi-s*, each spanning 12 degrees of separation. Similarly, *nakṣatras* are divisions of the zodiac into 27 equal parts. The Angular difference between the Sun and the Moon remains pre-determined on every *tithi.*

For example:

- Amāvasyā occurs when the Sun and Moon share equal longitude i.e angular difference is between 348°-360°.
- Pūrṇimā occurs when the angular difference is between 168°-180°

- The lunar nakṣatra of the Moon on Pūrṇimā determines the name of the month: **For example, when the Moon in the Viśākhā Constellation, the month is known as Vaiśākha or the Moon in Jyeṣṭhā is the reason why that month is names as Jyeṣṭh**, etc.

This system is mathematically stable. Even with precession (*ayanāṃśa*), the relative sequencing of *tithi–nakṣatra* remains consistent. We may see minor variation of One Nakṣatra on every Tithi. But we cannot see any major variation beyond this. So, we may conformably conclude that position of moon on every *nakṣatra* on every Tithi is relatively confirmed.

4. Textual Astronomical Markers in Vālmīki Rāmāyaṇa

4.1. Rāma's Birth

ततश्च द्वादशे मासे चैत्रे नावमिके तिथौ |
नक्षत्रेऽदितिदैवत्ये स्वोच्चसंस्थेषु पञ्चसु ||

tataś ca dvādaśe māse caithre nāvamike tithau
nakṣatre 'ditidaivatyē svocca-saṁstheṣu pañcasu.
(*Bāla Kāṇḍa*, 18.8/9)

Word Gross

dvādaśe in the twelfth

māse month

caitre in the month of **caitra**

nāvamike (navamīke) on the **Navamī (9th)** tithi

tithau on the lunar day

nakṣatre when the Moon was in the constellation

aditi-daivatyē governed by **Aditi** (i.e., the **Punarvasu** Nakṣatra)

svocca-saṁstheṣu situated in their **own or exalted signs / highest positions**

pañcasu the **five** (grahas/planets)

Translation

"Then, in the end of the twelfth month, in the month of *Caitra*, on the *Navamī* tithi, when the Moon was in *Punarvasu*, the *Aditi*-ruled constellation, and when five planets were situated in their Own House or exalted positions, Rāma was born."

Even Today, *Caitra Navamī* falls within *Punarvasu* constellation (with exceptions). It establishes the fact that the mathematics we used in Rāmāyaṇa era largely remained same as today. Thus, the stability of the tithi–nakṣatra system across millennia permits reliable backward-astronomical inference.. It may be noted that this verse is absent in the critical edition of the Vālmīki Rāmāyaṇa, although it is widely retained in regional and traditional recensions.

4.2. The Dates of Scheduled Coronation and Exile of Śrī Rāma

The *Vālmīki Rāmāyaṇa* records that Rāma's coronation (*pattābhiṣeka*) was scheduled to take place in the month of *Caitra* under the *Puṣya Nakṣatra*.(VR 2.3.4 and 2.4.2) Since Rāma was born on *Caitra Śukla Navamī* when the Moon was in *Punarvasu*, and because *Puṣya* consistently follows *Punarvasu* in the lunar constellation sequence, the coronation naturally fell on the following *tithi*, *Caitra Śukla Daśamī*. Hence, it is highly probable that Rāma's Coronation was scheduled on *Caitra Śukla Daśamī under Puṣya constellation.* It is to be noted that Puṣya can also fall on Navamī or Ekādaśī in exceptional cases. But we are ignoring those exceptions as its possibility is being very rare. Further, Daśamī being Pūrṇa tithi is more likely to be considered for coronation in compared to Riktā Tithi like Navamī.

However, the coronation did not occur, as Rāma was sent into exile on the night of *Śukla Navamī*, immediately preceding the coronation day. This sequence establishes an important chronological anchor: the fourteen-year exile must therefore conclude no earlier than *Caitra Śukla Daśamī* in the year of Rāma's return. This fixed point will serve as the temporal baseline for determining the precise date of Rāma's re-entry into Ayodhyā.

4.3. Determining the Date of Rāvaṇa's Death

Establishing the date of Rāma's return to Ayodhyā requires first determining the date of Rāvaṇa's death. The widely held belief that Rāvaṇa was killed on *Aśvina Śukla Daśamī* (commemorated in many regions of India as *Daśaharā* or *Vijayadaśamī*) does not derive from the *Vālmīki Rāmāyaṇa*. In fact, *Kiṣkindhā Kāṇḍa* 53.9 indicates that the search for Sītā commenced in the month of *Aśvina*, and the text notes that one month period allotted for the search elapsed without result. It establishes the fact that Vānara-sena was not aware about Sītā's whereabouts even by end of Āśvina. There is considerable period elapsed between search of Sītā and the final war with Rāvaṇa. Hence, it is chronologically implausible for the final battle and Rāvaṇa's death to have occurred in *Aśvina* or the immediately following month, *Kārtika*.

The *Vālmīki Rāmāyaṇa* explicitly states that the decisive battle took place on *Amāvasyā*:

अभ्युत्थानं त्वमद्यैव कृष्णपक्षचतुर्दशी ।
कृत्वा निर्गह्यमावास्यां विजयाय बलैर्वृतः ॥

abhyutthānaṁ tvam adyaiva kṛṣṇa-pakṣa-caturdaśī
kṛtvā niryāhya amāvāsyāṁ vijayāya balair vṛtaḥ.
(*Yuddha Kāṇḍa* 92.66)

Word Gloss

- **kṛṣṇa-pakṣa-caturdaśī** — the fourteenth day of the dark fortnight
- **amāvāsyām** — on the new moon day
- **vijayāya** — for victory
- **balaiḥ vṛtaḥ** — accompanied by the army

Translation

"Prepare the forces today, on the fourteenth day of the dark fortnight. Tomorrow, on *Amāvasyā*, march forth with your army to achieve victory."

This was the advice given by ministers of Rāvaṇa when he was proceeding to kill Sītā under rage, hearing about the death of his beloved son Meghanāda. Hence, it is established that the climactic battle between Śrī Rāma and Rāvaṇa occurred on *Amāvasyā*, not on *Daśamī*. The subsequent narrative confirms that Rāvaṇa's death took place during this war.

It is to be noted that the text of Valmiki Rāmāyaṇa does not specify **which lunar month's Amāvasyā** is referenced in the above verse. Determining the precise month therefore requires correlating this event with other chronological markers—specifically, the completion of the exile and the return under *Puṣya Nakṣatra*. The following sections address this correlation in detail.

4.4. The Return Sequence and the Puṣya Nakṣatra

The completion of the fourteen-year exile is marked explicitly in the *Vālmīki Rāmāyaṇa*. Upon fulfilling the period of exile, Rāma arrives at the āśrāma of Sage Bharadvāja:

पूर्णे चतुर्दशे वर्षे पञ्चम्यां लक्ष्मणाग्रजः ।
भरद्वाजाश्रमं प्राप्य ववन्दे नियतो मुनिम् ॥

pūrṇe caturdaśe varṣe pañcamyāṁ lakṣmaṇāgrajaḥ
bharadvājāśrāmaṁ prāpya vavande niyato munim.
(*Yuddha Kāṇḍa* 124.1)

Word Gloss:

- **pūrṇe caturdaśe varṣe** — when the full fourteen years were completed
- **pañcamyām** — on the *Pañcamī* tithi (fifth lunar day)
- **bharadvāja-āśrāmam** — to the hermitage of Sage Bharadvāja
- **vavande** — he offered salutations
- **niyataḥ** — with discipline / self-control

Translation:

"When the full fourteen years had been completed, Rāma, the elder brother of Lakṣmaṇa, reached the āśrāma of Sage Bharadvāja on the *Pañcamī* tithi and offered him respectful salutations." (*Yuddha Kāṇḍa* 124.1)

From this āśrāma, Rāma dispatched Hanumān to Nandigrāma to inform Bharata of his return. The message conveyed specifies the precise astral condition under which Rāma will arrive:

तां गङ्गां पुनरासाद्य वसन्तं मुनिसंनिधौ ।
अविघ्नं पुष्ययोगेन श्वो रामं द्रष्टुमर्हसि ॥

tāṁ gaṅgāṁ punar āsādya vasantaṁ muni-saṁnidhau
avighnaṁ puṣya-yogena śvo rāmaṁ draṣṭum arhasi.
(*Yuddha Kāṇḍa* 126.54)

Word Gloss

- **Puṣya-Yogena** — under the conjunction of *Puṣya Nakṣatra*
- **Śvaḥ** — tomorrow
- **Draṣṭum Arhasi** — you shall see (him)

- **Avighnam** — without obstruction

Translation
"After returning to the Banks of Gaṅgā, he is residing near the sage. You shall see Rāma tomorrow, under the *Puṣya Nakṣatra*, without any hindrance." (*Yuddha Kāṇḍa* 126.54)

Rāma's entry into Ayodhyā occurred under the Puṣya Nakṣatra. This observation is astronomically determinative. Because *Puṣya Nakṣatra* falls during the bright half (*Śukla Pakṣa*) and **Dīpāvalī occurs on *Kārtika Amāvasyā*** (the final day of the dark fortnight), the two events **cannot coincide**. The **lunar phase alone** makes it impossible for Rāma's return to have occurred on what is now widely celebrated as Dīpāvalī.

Furthermore, since the exile began in *Caitra* month, the completion of fourteen years must also align with the *Caitra* lunar cycle, not *Aśvina* or *Kārtika*. Thus, the association of Rāma's return with the modern Dīpāvalī festival cannot be traced to the *Vālmīki Rāmāyaṇa* and represents a **later cultural development**.

4.5. Interim Astronomical Summary
The narrative provides three fixed astronomical markers:
- **Rāvaṇa's death occurred on *Amāvasyā*.**
- **Rāma reached Bharadvāja's āśrāma on *Śukla Pañcamī*.**
- **Rāma entered Ayodhyā under *Puṣya Nakṣatra*.**

These data points permit the determination of the **specific lunar month** in which the return occurred. Two historically plausible interpretations arise, derived from (a) the *Padma Purāṇa* tradition and (b) a strictly internal reading of the *Vālmīki Rāmāyaṇa*. The following section examines these two models.

5. Establishing the Return Date According to the *Padma Purāṇa*
One interpretive tradition holds that Rāma reached the āśrāma of Sage Bharadvāja on *Śukla Pañcamī*, dispatched Hanumān immediately to Nandigrāma with the message of his return, and entered Ayodhyā on the following day, under *Puṣya Nakṣatra*. Since the nakṣatra configuration places *Puṣya* on the *Ṣaṣṭhī* tithi only during the waxing half (*Śukla Pakṣa*) of the month of *Vaiśākha*, this tradition identifies **Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī** as the date of Rāma's return to Ayodhyā.
Consequently, the preceding *Amāvasyā*-the day of Rāvaṇa's death-would fall in **Caitra**, under the *Amānta* calendar system (where the month ends with *Amāvasyā*), or **Vaiśākha**, under the *Pūrṇimānta* system (where the month ends with *Pūrṇimā*).
This dating framework is explicitly reflected in the *Padma Purāṇa*. According to *Padma Purāṇa*, Rāma met Bharata at Nandigrāma on *Ṣaṣṭhī* and was coronated the next day on *Saptamī*:

नन्दिग्रामे तु षष्ठ्यां स भरतेन समागतः ।
सप्तम्यामभिषिक्तोऽसावयोध्यायां रघूद्वहः ॥

nandigrāme tu ṣaṣṭhyāṁ sa bharatena samāgataḥ
saptamyām abhiṣikto 'sāv ayodhyāyāṁ raghūdvaḥḥ.
(*Padma Purāṇa*, Patala–Khaṇḍa 5.36.75)

Translation:
"On the *Ṣaṣṭhī* tithi, he (Rāma) met Bharata at Nandigrāma, and on the *Saptamī* tithi, that scion of the Raghu lineage was consecrated as king in Ayodhyā."

It is important to note that while the **Vālmīki Rāmāyaṇa** clearly indicates that the climactic battle culminating in Rāvaṇa's death took place on **Amāvasyā**, the **Padma Purāṇa** presents a slightly different tithi tradition. According to Padma Purāṇa, Rāvaṇa was slain on **Kṛṣṇa Pakṣa Caturdaśī**, i.e., the **fourteenth lunar day** of the dark fortnight, one day **before** Amāvasyā.

Scholarly Observation
This chronology yields the following sequence:
- **Death of Rāvaṇa:** *Caitra Amāvasyā* (Amānta) / *Vaiśākha Amāvasyā* (Pūrṇimānta)
- **Rāma reaches Bharadvāja's āśrāma:** *Vaiśākha Śukla Pañcamī*
- **Rāma enters Ayodhyā:** *Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī* (*Puṣya Nakṣatra*)
- **Coronation:** *Vaiśākha Śukla Saptamī*

Thus, the *Padma Purāṇa* version presents a consistent lunar and stellar alignment.

5.1. A Narrative Consideration
This interpretation implies that Rāma returned approximately one lunar month after the completion of the exile period, rather than immediately upon its conclusion in *Caitra*. This raises the well-known narrative question of Bharata's vow of self-immolation should Rāma not return at the appointed time. Two scholarly explanations have been proposed in literature:
1. **Poetic or Hyperbolic Expression** common to epic narrative speech-patterns.

2. **Textual Growth Hypothesis:** Early Buddhist sources (e.g., the 2nd-century CE *Abhidharmavibhāṣā*) mention the *Rāmāyaṇa* as consisting of **12,000 verses**, while the received text today contains **approximately 24,000 verses**, indicating the possibility of subsequent expansion. Thus, the Bharata-vow episode may represent a later narrative amplification rather than the chronological core of the epic.

This scholarly framing does **not** assert textual corruption, but acknowledges the well-documented phenomenon of **epic accretion**, common to Sanskrit itihāsa literature.

5.2. Interim Conclusion

The *Padma Purāṇa* tradition thus offers a **self-consistent astronomical chronology** for Rāma's return:

Rāma's return to Ayodhyā on *Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī* under the Puṣya Nakṣatra and Coronation on Vaiśākha Śukla Saptamī

The next section will examine the **alternative chronology** derived solely from the internal narrative logic of the *Vālmīki Rāmāyaṇa*, without reliance on Purāṇic expansion.

6. Alternative Chronological Reconstruction Based on the *Vālmīki Rāmāyaṇa*

A second interpretive approach relies exclusively on the internal chronological indicators of the *Vālmīki Rāmāyaṇa*, without reference to Purāṇic traditions. Since the exile commenced when the coronation was scheduled in the month of *Caitra* under the *Puṣya Nakṣatra* on *Caitra Śukla Daśamī*, it is reasonable to propose that the exile would likewise conclude at the corresponding *Caitra Śukla Daśamī* fourteen years later. This interpretation preserves narrative symmetry and resolves the issue of Bharata's vow without requiring temporal extension into the month of *Vaiśākha*.

The *Vālmīki Rāmāyaṇa* states that Rāma reached the āśrāma of Sage Bharadvāja on *Śukla Pañcamī*. Padma Purāṇa traditions assume that Śrī Rāma dispatched Hanumān immediately to Nandigrāma. However, Valmiki Rāmayan does not mention the time gap between the Rāma's arrival to Bharadvāja Āśrāmam and Hanumān meeting Bharata. It is possible that Śrī Rāma spent few nights in Bharadvāja Āśrāmam waiting to get period of his exile competed and he sent Hanumān to meet Bharata after his period of exile was about to get over.

The relevant verse also give indication that Sri Rāma spent five nights in the Bharadvāja ashRāma.

पञ्चमीमद्य रजनीमुषित्वा वचनान्मुनेः ।
भरद्वाजाभ्यनुज्ञातं द्रक्ष्यस्यत्रैव राघवम् ॥

pañcamīm adya rajanīm uṣitvā vacanān muneḥ
bharadvājābhyanujñātaṁ drakṣyasy atraiva rāghavam.
(*Yuddha Kāṇḍa* 125.24)

Word Gloss

- **pañcamīm … rajanīm** — "the fifth night" / "night of Pañcamī" (interpretively ambiguous)
- **uṣitvā** — after spending
- **bharadvāja-abhyanujñātam** — having received permission from Bharadvāja
- **drakṣyasi** — you shall see
- **rāghavam** — Rāma

Translation

"Having spent the fifth night here, and with the permission of Sage Bharadvāja, you shall see Rāghava (Rāma) here tomorrow."

6.1. Interpretive Reasoning

Traditional commentators interpret '**pañcamīm … rajanīm'** as "the night of *Śukla Pañcamī*," implying that Rāma entered Ayodhyā the next day, on *Ṣaṣṭhī*, consistent with the *Padma Purāṇa* model.

However, the syntax also permits reading '**pañcamīm … rajanīm'** as "the fifth night." Under this analysis, the count begins when Rāma arrives at Bharadvāja's āśrāma on *Caitra Śukla Pañcamī*, implying him staying there through Pañcamī, Ṣaṣṭhī, Saptamī, Aṣṭamī and Navamī.

On *Śukla Navamī*, Hanumān informs Bharata of Rāma's imminent arrival under *Puṣya Nakṣatra*. Astronomically, *Puṣya Nakṣatra* aligns with *Caitra Śukla Daśamī* in this year-cycle. Thus, under this reading **Rāma's return to Ayodhyā is on Caitra Śukla Daśamī (Puṣya Nakṣatra) and Coronation on next date i.e Caitra Śukla Ekādaśī**

6.2. Scholarly Implication

This reconstruction:

- Preserves the **Caitra-to-Caitra symmetry** of the exile duration
- Requires **no delay** beyond the completion of the exile
- Maintains **Bharata's vow** as narratively and ethically consistent

- Operates **solely on internal Ramāyaṇa textual evidence**

However, it lacks explicit Purāṇic corroboration and depends upon the grammatical interpretation of **pañcamīm … rajanīm** as "fifth night" rather than "night of the Pañcamī tithi."

7. Conclusion

Therefore, both textual and astronomical evidence converge to demonstrate that the widely celebrated association of Rāma's return with Kārtika Amāvasyā (the modern Dīpāvalī) is a later cultural development rather than an element of the early epic tradition. The original chronology, whether following the Padma Purāṇa (Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī) or the internally coherent Caitra-based reconstruction (Caitra Śukla Daśamī), places Rāma's homecoming under the Puṣya Nakṣatra and within the bright half of the lunar month.

We may summarise these things in form of table as follows.

Event	Month (Model 1: Based on Padma Purāṇa)	Month (Model 2: Internal)
Exile Begins / Coronation Planned	Caitra Śukla Daśamī	Caitra Śukla Daśamī
Rāvaṇa's Death	Caitra(Amānta)/Vaiśākha (Pūrṇimānta)Amāvasyā	Caitra Amāvasyā
Rāma at Bharadvāja Āśram	Vaiśākha Śukla Pañcamī	Caitra Śukla Pañcamī
Rāma enters Ayodhyā	Vaiśākha Śukla Ṣaṣṭhī	Caitra Śukla Daśamī
Coronation	Vaiśākha Śukla Saptamī	Caitra Śukla Ekādaśī

8. Acknowledgements

The author expresses sincere gratitude to **Śrī Maulik Bhaṭṭ**, under whose guidance foundational principles of *Jyotiṣa* were studied and through whose instruction the astronomical reasoning employed in this paper became possible. The author further acknowledges **Śrī Kuśāgra Aniket (USA)** for drawing attention to the alternative *Caitra-based* chronological interpretation and for the many sustained scholarly discussions that meaningfully contributed to the refinement of this argument.

9. References

Primary Sources

1. Vālmīki. **Śrīmad Vālmīki Rāmāyaṇa** (Sanskrit text with Hindi translation). Gītā Press, Gorakhpur, 46th Reprint.
2. **Padma Purāṇa**. Ed. Chowkhamba Kṛṣṇadāsa Ākāḍemī. 2 vols. Vārāṇasī, 2019. Vol. I ISBN: 978-81-218-0425-7; Vol. II ISBN: 978-81-218-0427-1.

रावण : एक पराक्रमी व्यक्तित्व किंतु अभिशाप्त



रसिका मुकुंद ढेपे
मूळजी जेठा महाविद्यालय, जळगाव, महाराष्ट्र
(rasikadhepe6@gmail.com)

रामायण में रावण का व्यक्तित्व अत्यंत जटिल और बहुआयामी है। वह महान विद्वान, शिवभक्त, कुशल शासक और पराक्रमी योद्धा था, परंतु उसके अहंकार और अधर्म ने उसे अभिशप्त बना दिया। प्रश्न उठता है — "रावण इतना पराक्रमी होकर भी अभिशप्त क्यों रहा?" सीता हरण के माध्यम से उसने न केवल धर्म का उल्लंघन किया, बल्कि अपने विनाश का मार्ग भी स्वयं प्रशस्त किया। राम, जो मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाते हैं, उन्हें रावण जैसा प्रबल प्रतिद्वंदी मिलने से उनका पराक्रम और कीर्ति और भी प्रकाशमान हुई। प्रस्तुत शोधपत्र में रावण के पतन के कारणों, उसके व्यक्तित्व की विरोधाभासी विशेषताओं तथा उसके अभिशप्त जीवन पर विस्तृत विमर्श किया गया है।

1. प्रस्तावना

भारतीय साहित्य की परंपरा में "रामायण" केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण है — जहाँ प्रत्येक पात्र अपने भीतर एक दर्शन समेटे हुए है। इस महाकाव्य में रावण का व्यक्तित्व विशेष रूप से आकर्षित करता है, क्योंकि वह साधारण खलनायक नहीं, बल्कि एक ऐसी विलक्षण विभूति है, जिसमें तेज, तप और त्रुटि तीनों एक साथ विद्यमान हैं। वह शक्ति का शिखर है, परंतु संयम की परीक्षा में पराजित। उसके भीतर का ज्ञान जब गर्व में परिवर्तित हुआ, तब वह स्वयं अपने तेज से दग्ध हो गया। यही द्वंद्व — पराक्रम और अभिशाप — रावण के चरित्र की आत्मा है।

रावण के जीवन में हम प्रतिभा का उत्कर्ष देखते हैं, पर उसी के साथ उसकी नियति का पतन भी। वह जितना प्रखर है, उतना ही अस्थिर; जितना दार्शनिक है, उतना ही विनाशकारी। उसकी प्रत्येक उपलब्धि के साथ कोई न कोई दर्प जुड़ा है, और प्रत्येक दर्प के साथ कोई न कोई विनाश। यही कारण है कि उसका नाम आज भी ज्ञान और अहंकार, दोनों का पर्याय बना हुआ है। वह एक ऐसा पात्र है, जो हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या केवल शक्ति और ज्ञान ही महानता का प्रमाण हैं, या उनके पीछे छिपा हुआ विवेक ही वास्तविक महिमा है।

रावण के चरित्र की यह जटिलता उसे कालजयी बनाती है। वह शिव का उपासक है, परंतु धर्म का उल्लंघन करने वाला भी। वह वेदों का ज्ञाता है, किंतु नीति से विमुख। उसकी दसों मुखों में केवल बल और बुद्धि नहीं, बल्कि मनुष्य के दस स्वभावों की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है — ज्ञान और अभिमान, करुणा और क्रोध, विवेक और वासना, भक्ति और दर्प, नीति और अधर्म — सब एक ही शरीर में समाहित। यही रावण की भव्यता और विडंबना है।

रावण का अभिशाप केवल किसी देव या ऋषि के शाप से नहीं, बल्कि उसकी अपनी वृत्तियों से उत्पन्न हुआ था। वह उस मनुष्य का प्रतीक है, जो अपनी सीमाओं को भूल जाता है; जो अपनी क्षमताओं से अधिक अपने अहंकार पर विश्वास करता है। इसी कारण रावण केवल पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे उस संघर्ष का प्रतीक है, जो हर युग में दो शक्तियों के बीच चलता रहा है — धर्म और अधर्म, विवेक और अहंकार, मर्यादा और मोह।

प्रस्तुत शोधपत्र में रावण के इसी द्वंद्वमय व्यक्तित्व का विश्लेषण किया गया है — एक ऐसा व्यक्तित्व जो अपनी प्रतिभा के कारण पूज्य, पर अपने अहंकार के कारण अभिशप्त हुआ। यह अध्ययन केवल रावण के पतन की कथा नहीं, बल्कि उस सत्य की खोज है कि जब शक्ति बिना संयम के चलती है, तो उसका अंत सदैव विनाश में ही होता है। रावण के जीवन से यही अमर संदेश निकलता है — "ज्ञान तभी प्रकाश देता है, जब वह विनम्रता के दीपक में जलता है।"

2. विस्तार

1. रावण शब्द की व्युत्पत्ति

'रावण' शब्द संस्कृत धातु "रु (रवते)" से बना है, जिसका अर्थ है — गर्जना करना, रुदन करना या प्रबल ध्वनि उत्पन्न करना। इस धातु में "अण" प्रत्यय जोड़ने से 'रावण' शब्द की रचना होती है, जिसका शाब्दिक अर्थ है — "जो भयंकर गर्जना करता है" या "जो सम्पूर्ण लोकों को अपनी ध्वनि से कंपा देता है।"

पुराणों के अनुसार, जब रावण ने अपने पराक्रम के घमंड में कैलास पर्वत उठाने का प्रयास किया, तब भगवान शिव ने अपने पाँव के अंगूठे से पर्वत दबा दिया। पर्वत के नीचे दबकर रावण अपने दस मुखों से जोर-जोर से चिल्लाने लगा। तब भगवान शिव ने कहा — "जो दसमुखों से राव

(गर्जना) कर रहा है, वही रावण कहलाएगा।"

इस प्रकार, 'रावण' नाम केवल उसका परिचय नहीं, बल्कि उसकी अहंकार, शक्ति और गर्जना का प्रतीक भी बन गया।

2. रावण के गुण

रावण का व्यक्तित्व केवल उसके दोषों से नहीं, बल्कि उसके अनेक गुणों से भी पहचाना जाता है। वह अत्यंत तेजस्वी, बलवान, रूपवान और बुद्धिमान था। उसके शरीर में सभी शुभ लक्षण विद्यमान थे।

वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड में हनुमान स्वयं रावण के इन गुणों की प्रशंसा करते हुए कहते हैं —

"अहो रूपं अहो धैर्यं अहो सत्त्वं अहो द्युतिः।
अहो राक्षसराजस्य सर्वलक्षणयुक्तता॥
यद्यधर्मो न बलवान् स्यादयं राक्षसेश्वरः।
स्यादयं सुरलोकस्य सशक्रस्यापि रक्षिताः॥"

(सुंदरकांड, श्री वाल्मीकि रामायण)

अर्थात — "वाह! क्या रूप है, क्या धैर्य है, क्या साहस और क्या तेज है इस राक्षसराज का! यह सभी लक्षणों से युक्त है। यदि इसमें अधर्म का दोष न होता, तो यह इंद्र के समान देवताओं का भी रक्षक बन सकता था।"

रावण का वैभव भी इंद्र के समान था। जब हनुमान लंका पहुँचे, तो उन्होंने उसकी समृद्धि और सौंदर्य देखकर आश्चर्य से कहा —

"स्वर्गोऽयं देवलोकोऽर्यामद्रस्याऽपि पुरी भवेत्।
सिद्धिर्वेयं परा हि स्यादित्यमन्यत मारुतिः॥"

(सुंदरकांड, श्री वाल्मीकि रामायण)

अर्थात — "क्या यह स्वर्ग है? क्या यह देवताओं का लोक है? या फिर यह स्वयं इंद्र की अमरावती नगरी है?" हनुमान के ये शब्द यह सिद्ध करते हैं कि रावण का राज्य विलक्षण समृद्धि और ऐश्वर्य से युक्त था।

रावण अग्निहोत्री था, उसने कठोर तपस्या की थी और उपनिषदों का गहन अध्ययन किया था। वह यज्ञ और कर्मकांड में निपुण था, तथा वेदों के अर्थ का ज्ञाता था। उसकी ज्ञानलिप्सा और भक्ति दोनों अद्वितीय थीं। (संदर्भ: सुंदरकांड, श्री वाल्मीकि रामायण; शर्मा, रामावतार – रामायण का नायकीय पक्ष) रावण उदार और विवेकशील भी था; वह गुणग्राहक था और ऋषि-मुनियों के वचनों में उसकी आस्था दिखती है। यशलिप्सा उसके जीवन का एक प्रेरक तत्व थी; परन्तु उसकी गर्वोक्तियाँ और आत्मगौरव उसके पतन का कारण भी बने। (संदर्भ:वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला)

वह चारों वेदों और छः शास्त्रों का ज्ञाता था; साथ ही वह चौंसठ कलाओं (६४ कलाओं) में भी निपुण था। संगीत में पारंगत माना जाता है – "रावणहस्त वीणा" इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। वह भगवान शिव का अनन्य भक्त था, और उसकी विद्या तथा भक्ति उसके व्यक्तित्व के उजले पक्ष को दर्शाती है। इस दृष्टि से देखा जाए तो रावण केवल एक राक्षस नहीं, बल्कि विद्या, बल, सौंदर्य और समृद्धि का प्रतीक भी था — जो अपनी सीमाओं को न समझने के कारण अभिशप्त हुआ।

3. रावण का पराक्रम और ज्ञान

रावण ब्रह्मा का परपोता और विश्रवा ऋषि तथा कैकसी का पुत्र था। जन्म से ही उसमें अपार तेज, साहस और बुद्धि का संयोग था। वाल्मीकि रामायण के अनुसार उसने कठोर तपस्या कर ब्रह्मा से वरदान प्राप्त किया, जिससे वह देवताओं तक पर विजय प्राप्त करने में समर्थ हुआ।

रावण ने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा से यह वरदान प्राप्त किया था कि उसे देवताओं, दानवों या किसी अन्य प्राणी से भय नहीं रहेगा। उसने उस समय मनुष्यों को दुर्बल समझते हुए उनका अपमान किया। यही उसका सबसे बड़ा अहंकार था, जो आगे चलकर उसके पतन का कारण बना। देवताओं ने तब निश्चय किया कि रावण का वध केवल मनुष्य रूप में जन्मे विष्णु अवतार द्वारा ही संभव है। (सार्थ श्रीवाल्मीकि रामायण,2013)

लंका का उसका राज्य स्वर्णमयी, सुव्यवस्थित और समृद्ध था। इससे उसकी शासनकुशलता और दूरदर्शी नीति का परिचय मिलता है। रावण न केवल एक पराक्रमी योद्धा और शिवभक्त था, बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ भी था। उसके शासन में लंका एक समृद्ध और संगठित राज्य थी। उसने सम्राटों और स्वर्गलोक के साथ वैधानिक संबंध बनाए रखे; व्यवहार-कुशल होकर वह मंत्रीगणों से परामर्श लेकर राज्यकार्य करता था। उसकी प्रशासनिक समझ और राजनैतिक दूरदर्शिता लंका के वैभव में स्पष्ट दिखती है। किंतु उसके हठ और अधर्म ने उसे कई बार विपरीत परिणामों का भागी बनाया। उदाहरणार्थ, मारीच के सत्परामर्श को न मानना और सीता हरण के निर्णय ने अंततः उसकी स्थिति को कठिन बना दिया।

4. रावण का अहंकार और अभिशाप

रावण जितना ज्ञानवान था, उतना ही अहंकारी भी। उसका पतन बाहरी नहीं, बल्कि उसके स्वयं के कर्मों और दोषों से हुआ। रावण के स्वभाव में हठ और अहंकार स्पष्ट झलकता है। जब मारीच ने उसे सीता हरण से मना किया, तो रावण ने क्रोध से कहा — "हे दूषित कुल में जन्मे मारीच, तू व्यर्थ

की बातें करता है। मैं राम की पत्नी सीता को तेरी आँखों के सामने हर लाऊँगा।" (संदर्भ: सार्थ श्री वाल्मिकीरामायण) उसके ये शब्द न केवल उसके अहंकार को दर्शाते हैं, बल्कि उसकी बुद्धि के विपरीत दिशा में जाने की स्थिति भी बताते हैं।

इसके अतिरिक्त उसे वेदवती का श्राप मिला कि उसका विनाश एक स्त्री के कारण होगा; नलकुबेर के प्रसंग से भी उसे चेतावनी मिली कि स्त्री के विरुद्ध अत्याचार उसका विनाशकारक सिद्ध होगा। इस प्रकार रावण का अंत उसके अपने कर्मों और अहंकार का प्रतिफल था। अहंकार, काम और अधर्म ने उसकी बुद्धि और विवेक को ढक दिया।

5. रावण का धर्म और अधर्म के बीच द्वंद्व

रावण के चरित्र में सबसे बड़ी विशेषता उसका आंतरिक द्वंद्व है। वह वेदों और शास्त्रों का ज्ञाता था, परंतु उनका सार नहीं समझ पाया। उसने धर्म का ज्ञान तो अर्जित किया, पर उसका आचरण नहीं किया। वाल्मीकि रामायण में एक स्थान पर रावण कहता है —

> "धर्मज्ञोऽस्मि परो धर्मं वेद्मि लोकस्य सर्वशः।
न तु मां धर्मपालत्वं प्राप्नुयादिति मे मतिः॥"
(उत्तरकांड, श्री वाल्मीकि रामायण)

अर्थात — "मैं धर्म को जानता हूँ, मैं समस्त लोक के धर्म से परिचित हूँ, किंतु मुझे धर्मपालक बनना रुचिकर नहीं लगता।"

यह श्लोक रावण के भीतर के विरोधाभास को उजागर करता है — जहाँ एक ओर ज्ञान है, वहीं दूसरी ओर उसका पालन करने की अनिच्छा। उसकी यह मानसिक स्थिति बताती है कि केवल ज्ञान पर्याप्त नहीं, बल्कि उस ज्ञान का सदुपयोग ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है।

6. रावण के व्यक्तित्व की विरोधाभासी विशेषताएँ

रावण अपने पराक्रम का बखान करते हुए गर्व से कहता है — "जहाँ मैं खड़ा होता हूँ वहाँ की हवा रुक जाती है, सूर्य अपनी किरणें मंद कर लेता है, और नदियाँ भी बहना छोड़ देती हैं। मेरे दर्शन से ही पर्वत काँप उठते हैं और समुद्र की लहरें शांत हो जाती हैं। जब मैं आकाश में चलता हूँ, तो बादल मेरे भय से दूर हो जाते हैं।"

वह आगे कहता है — "मेरे एक ही गर्जन से शत्रुओं के हृदय काँप उठते हैं। देवता भी मेरे नाम से भयभीत हो जाते हैं।" यह कथन उसके अत्यधिक आत्मविश्वास, गर्व और दर्प का प्रतीक है।(संदर्भ:सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण) जब खर और दूषण का वध हुआ और एक राक्षस ने यह समाचार रावण को सुनाया, तब उसने अपने पराक्रम की डींगे हाँकते हुए कहा —

"कालस्य चाप्यहं कालो देहयमपि पावकम् ।
मृत्युं मरणधर्मेण संयोजयितुमुत्सहे ॥
वातस्य तरसावेगं निहंतुमपि चोत्सहे ।
दहेयमपि संक्रुद्धस्तेजसाऽऽदित्यपावको ॥"
(वाल्मीकि रामायण)

अर्थात — "मैं ही काल का भी काल हूँ; मैं अग्नि के समान प्रज्वलित हूँ; मैं मृत्यु को भी अपने अधीन कर सकता हूँ। मैं वायु की तीव्र गति को रोक सकता हूँ, और यदि क्रोधित हो जाऊँ तो अपने तेज से सूर्य और अग्नि को भी भस्म कर सकता हूँ।" ये श्लोक रावण के आत्मगौरव, दर्प और अतिशय आत्मविश्वास का परिचायक हैं। उसमें असाधारण शक्ति थी, परंतु वह उस शक्ति को विनम्रता के साथ नहीं, बल्कि अहंकार के साथ उपयोग करता था। यही गर्व उसे देव-तुल्य होने का भ्रम देता गया।उसका यह अतिविश्वास ही उसके विनाश का मूल कारण बना — "विनाशकाले विपरीत बुद्धिः।" (संदर्भ: सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण)

फिर भी उसी व्यक्ति में भक्ति, विद्या और शासनकला भी विद्यमान थी; यही द्वैधता उसे त्रासदीमय नायक बनाती है — एक तरफ पराक्रम, दूसरी तरफ अभिशप्तता। सीता हरण उसका वो मोड़ था जहाँ से पराक्रम विनाश में परिवर्तित हुआ।

7. रावण का व्यक्तित्व : त्रासदीमय नायक का प्रतीक

रावण का चरित्र केवल राक्षसी प्रवृत्तियों का परिचायक नहीं, बल्कि वह एक त्रासदीमय नायक (tragic hero) भी है — जो अपनी असाधारण शक्तियों, विद्या और भक्ति के बावजूद अपने दोषों से पराजित हुआ। कालिदास के "रघुवंशम्" में रावण के बारे में उल्लेख मिलता है कि वह "बल और ज्ञान दोनों में अद्वितीय था, किंतु मर्यादा से विमुख।" वह एक ऐसा नायक था जो अपने कर्मों के कारण शापित हुआ, पर उसकी वीरता ने उसे अमर बना दिया। वाल्मीकि रामायण में भी रावण का अंतिम क्षण बड़ा गहन है —

"नियतो निश्चलो भूत्वा रावणो युद्धदुर्मदः।
जगाम यत्र धर्मात्मा रामो धर्मभृतां वरः॥"
(युद्धकांड, श्री वाल्मिकीरामायण)

अर्थात — "रावण युद्ध में अचल होकर गिरा और वहीं गया जहाँ धर्मात्मा राम स्थित हैं।"

यह श्लोक यह संकेत देता है कि मृत्यु के पश्चात् भी रावण को मुक्ति प्राप्त हुई — क्योंकि उसके अंत में भी उसमें एक योद्धा की मर्यादा थी।

8. हित की अनसुनी और रावण का पतन

रावण का जीवन इस बात का प्रमाण है कि जब व्यक्ति में अहंकार बढ़ जाता है, तो वह सच्चे और हितैषी सल्ले भी सुनना बंद कर देता है। उसके जीवन में तीन ऐसे प्रसंग हैं जब उसके अपने शुभचिंतकों — मारीच, कुंभकर्ण और विभीषण — ने उसे सावधान किया, परंतु उसने किसी की भी बात नहीं मानी।

सबसे पहले, मारीच ने उसे सीता-हरण से रोका और स्पष्ट कहा कि राम कोई साधारण मनुष्य नहीं हैं, वे परमात्मा के अवतार हैं। परंतु रावण ने उसके हितकर शब्दों को व्यर्थ ठहराया और क्रोध में कहा — "हे दूषित कुल में जन्मे मारीच, तू व्यर्थ की बातें करता है। मैं राम की पत्नी सीता को तेरी आँखों के सामने हर लाऊँगा।" (संदर्भ: अरण्यकांड, चालीसवाँ सर्ग, श्री वाल्मीकि रामायण)

बाद में कुंभकर्ण ने भी उसे समझाया कि वह अधर्म के मार्ग पर चल रहा है। उसने विनम्रता से कहा — "हे भ्रातृ, तू अपने शुभचिंतकों की बात नहीं सुनता, इसलिए अब अपने कर्मों का फल भोग रहा है।" (संदर्भ: युद्धकांड, तिरेसठवाँ सर्ग, श्री वाल्मीकि रामायण)

अंततः विभीषण, जो रावण का छोटा भाई था और हमेशा धर्म का पक्षधर रहा, उसने भी उसे चेतावनी दी। विभीषण ने कहा कि सीता के लाए जाने के बाद लंका में अनेक अशुभ संकेत दिखाई दे रहे हैं; इसलिए सीता को राम को वापस दे देना ही उचित है। उसने रावण से कहा — "जो हितकर है, वही कहना मेरा धर्म है, और तुझे उस पर विचार करना चाहिए।" परंतु रावण ने क्रोध से उत्तर दिया —

"भयं न पश्यामि कुतश्चिदप्यहं ।
न राघवः प्राप्स्यति जा तु मैथिलीम् ।
सुरैः सहेंद्रैरपि संगरे कथं
ममाग्रतः स्थास्यति लक्ष्मणाग्रजः॥"
(वाल्मीकि रामायण, युद्धकांड)

अर्थात — "मुझे किसी से कोई भय नहीं है। राम कभी भी सीता को प्राप्त नहीं कर सकेगा। देवताओं और इंद्र के साथ भी यदि वह युद्ध करे, तो भी वह मेरे सामने टिक नहीं सकेगा।" यह प्रसंग इस बात का प्रतीक है कि जब व्यक्ति की बुद्धि अहंकार से ढक जाती है, तब वह शुभ और अशुभ के बीच का अंतर ही भूल जाता है। रावण ने भी अपने सबसे हितैषी जनों की बातों को अनसुना कर दिया — और इसी अनसुनी में उसके पराभव के बीज छिपे थे। (संदर्भ: सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण2013)

3. निष्कर्ष

रावण का जीवन एक गहरी और सजीव सीख है — न केवल इतिहास या पौराणिक कथा का वर्णन, बल्कि हमारे लिए एक नैतिक चेतावनी भी। रावण का जीवन एक ऐसे पात्र का उदाहरण है, जिसमें अद्भुत सामर्थ्य, विद्या और भक्ति थी, परंतु जिसने अपने अहंकार और वासनाओं को नियंत्रित न किया। उसमें असाधारण प्रतिभा थी, पर विनम्रता का अभाव था। वह जितना विद्वान और पराक्रमी था, उतना ही अपनी शक्ति के गर्व में अंधा भी हो गया — और यही गर्व उसके पतन का कारण बना।

हम जब रावण को देखते हैं, तो केवल एक राक्षस नहीं, बल्कि एक त्रासदीमय नायक दिखाई देता है — जो अपने गुणों के बावजूद अपने दोषों से पराजित हुआ। उसका जीवन इस बात का प्रतीक है कि जब मनुष्य में विवेक की जगह अहंकार ले लेता है, तो उसका पतन निश्चित होता है। राम और रावण दोनों ही इस कथा के अनिवार्य अंग हैं — एक मर्यादा का प्रतीक है, तो दूसरा मर्यादा के उल्लंघन का। श्रीराम का तेज रावण जैसे प्रतिद्वंदी से ही और अधिक उज्जवल हुआ। इसी दृष्टि से रावण का जीवन हमें यह सिखाता है कि शक्ति का अर्थ विनाश नहीं, बल्कि सेवा और संयम में है।

रावण का पराक्रमी जीवन मंगलमय नहीं हो सका, क्योंकि उसके आहार, विचार और आचरण से विकार दूर नहीं हुआ था। यदि वह अपने विकारों को त्यागकर विवेक का मार्ग अपनाता, तो उसका जीवन भी कल्याणकारी हो सकता था। रावण यदि नीतिमान होता, तो उसका महानत्व सच्चे अर्थों में महान बनता। नीति के बिना महानता वैसी ही है जैसे सुगंध के बिना इत्र, प्रकाश के बिना रत्न, या चंद्रमा के बिना चाँदनी।

अंततः रावण का पतन हमें यह संदेश देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी सिद्धियाँ प्राप्त हों, यदि उनमें विनम्रता, धर्म और करुणा का समावेश न हो तो वे व्यर्थ हैं। अहंकार की ज्वाला अंततः अपने ही तेज को भस्म कर देती है। अहंकार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, सत्य और धर्म के आगे टिक नहीं सकता। वाल्मीकि का संदेश यही है कि हमें रावण के चरित्र-दर्शन से यह सीख लेनी चाहिए कि विवेक और मर्यादा से युक्त जीवन ही सच्चे अर्थों में मंगलमय होता है। और इसलिए कहा गया है —

"रामादिवत् वर्तीतव्यम्, न रावणादिवत्।"

4. संदर्भ ग्रन्थ

1. सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण, बालकांड, सोलहवाँ सर्ग, खंड 1, 2013, प्रकाशक – विदर्भ मराठवाड़ा बुक कंपनी, पुणे।
2. सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण, अरण्यकांड, चालीसवाँ सर्ग, खंड 2।

3. सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण, अरण्यकांड, अड़तालीसवाँ सर्ग, खंड 2।
4. सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण, युद्धकांड, तिरेसठवाँ सर्ग।
5. सार्थ श्रीवाल्मीकिरामायण, सुंदरकांड
6. शर्मा, रामावतार, रामायण का नायकीय पक्ष, हिंदी साहित्य अकादमी, दिल्ली।
7. डॉ. नोदनाथ मिश्र – वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला।
8. रामायणके पात्रोंका व्यक्तित्वदर्शन - न्या. राम केशव रानडे.
9. रावणकी सत्यकथा - रामनगीना सिंह

वाल्मीकि रामायण में सीता चरित्र व अन्य स्त्री स्वरूप



चेतना विलास काथार
मूळजी जेठा महाविद्यालय, जळगाव, महाराष्ट्र
(chetanakathar29@gmail.com)

वाल्मीकि रामायण में सीता का चरित्र पवित्रता, त्याग, निष्ठा, साहस, तेजस्वीता, दिप्ती एवं गरिमा का प्रतीक है। सीता ने कई कठिनाइयों का सामना किया, जैसे कि रावण द्वारा अपहरण और बाद में राम द्वारा त्याग देना, लेकिन उन्होंने अपने धर्म के प्रति सच्ची रहते हुए हर बार साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया । वाल्मीकि रामायण में सीता का चरित्र और उसके साथ साथ अन्य स्त्रियों का चरित्र भी आदर्श है। वाल्मीकि रामायण में स्त्री के चरित्र को सीता, मन्दोदरी, उर्मिला,शबरी, मन्थराजैसे कई किरदारों के माध्यम से दर्शाया गया है। इन किरदारों में पतिव्रता, त्याग, धैर्य, सहनशीलता, ज्ञान, और छल व कपट जैसे कई विपरीत गुण दिखाए गए हैं, जो महिलाओं के विविध और जटिल पहलुओं को उजागर करते हैं। इससे अधिक उज्ज्वल नारी-चरित्र के भाव-भूमि की कल्पना सम्भवतः नहीं की जा सकती।

1. प्रस्तावना

यावत्स्यास्यन्ति गिरयः सरितइच महीतले ।
तावद्रामायणकथा लोकेषु प्रचरिष्यति ॥
(बालकाण्ड, सर्ग श्लोक नं.३६)

जब तक पृथ्वी पर पर्वत और नदियाँ रहेंगी, रामायण की कथा जन-जन में प्रचलित रहेगी। ऐसा वरदान पाकर रची गई रामायण, वाल्मीकि द्वारा समस्त मानवता को दिया गया महान उपहार है। वाल्मीकि रामायण केवल एक ऐतिहासिक काव्य नहीं, बल्कि मानव जीवन का पथ आलोकित करने वाला एक महान प्रकाश स्तंभ है। रामायण में सागर की गम्भीरता, गंगा की पवित्रता और हिमालय की उदात्तता समाहित है। (रामायणतील व्यक्तिदर्शन, पान नं. १६-रानडे ,राजीव प्रकाशन ठाणे,१९८०)

रामायण की केन्द्र बिन्दू सीता ही है। रामचरित के साथ-साथ महाकाव्य में सीता का भी महान् चरित निबद्ध है। रामायण के नारी पात्रों में सीता का सात्त्विकतापूर्ण चित्रण हुआ है। कवि ने उन्हीं को उदात्त गुणों से युक्त काव्य की मुख्य नायिका के रूप में चित्रित किया है। कवि वाल्मीकि ने जानकी को स्वयं उद्भूत होकर जनक की पुत्री के रूप में अंकित कर एक महत्त्वपूर्ण पद दिया है। धर्मज्ञ जनक के यहां जन्म लेकर वह मानो स्वयं धर्मस्वरूपा शक्तिरूपिणी जानकी थी।

वाल्मीकि सीता की प्रशंसा करते कभी नहीं थकते। सीता के सौन्दर्य वर्णन में कवि ने उन्हें ' पद्मपत्र विशालाक्षी, पूर्णाचन्द्रानना, कनकवर्णाङ्गी' और मृदुसवगात्री' कहा है । सीता के श्वास की तुलना मनोहर वायु से की गई है – "निःश्वासःइव सीताया वातिवायुर्मनोहरः"। सीता राम के समान ही सुन्दर हैं और दोनों एक-दूसरे के लिए उपयुक्त थे । सम्पूर्ण विश्व का साम्राज्य सीता के हृदय-साम्राज्य के समक्ष हीन था'। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला – डॉ . नोदनाथ मिश्रा)

वाल्मीकि रामायण में माता सीता का स्वरूप हर मुश्किल समय में खंबीर और सच्चा रहना सीखाता है | आज के समय में जहाँ कई स्त्रियां अपने पति और संसार प्रति अपना कर्तव्य भूल जाती हैं| वहीं माता सीता का जीवन संकटों से भरा रहा लेकिन उनका एक पल भी ऐसे नहीं रहा जब वे आदर्श से विमुख रही हो | वाल्मीकि रामायण में सीता माँ का चरित्र साहस, पवित्रता, समर्पण और त्याग का प्रतीक है | वह एक आदर्श पत्नी, पुत्री और माँ थीं | जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपनी गरिमा और मर्यादा बनाए रखी | (रामायण: डेव्हलप युअर लाईफ स्किल्स -वर्षा परगट पेज नं.१८)

सीता का विवाह राम के साथ बहुत कम अवस्था में हुआ था। वे स्वयं कहती हैं "बाला' बाल्येन संप्राप्तां भार्यां मां सहचारिणीम्" । वनवास से पूर्व वे राम के यहां बारह वर्ष तक रहीं। एक जगह राम ने सीता को सहधर्मचरी, पतिव्रता और महाभागा शब्द का प्रयोग किया है । इससे राम और सीता के भद्रता और पवित्रतापूर्ण व्यवहार का संकेत मिलता है। जैसे राम धर्मावतार है वैसी सीता भी" ।

सीता राम को ईश्वरावतार मानती हैं और अपनी सासों (कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी) को समान आदर और प्रेम की दृष्टि से देखती हैं। राम के साथ वनवास हेतु जाने के लिए सीता उद्यत हैं, और उनके इस वनवास की भविष्यवाणी ज्योतिविदों ने पहले से ही कर रखी है, इसीलिए भी वे वन जाना चाहती हैं। राम उनके कथ्य से सहमत हो जाते हैं और उन्हें भी वन ले जाने को सहमत हो जाते हैं।

राम के प्रति सीता की अनुरक्ति, भक्ति और पतिव्रता का वर्णन रामायण में अनुपम है। हनुमान के द्वारा कवि ने सीता की राम के प्रति अनुरक्ति का वर्णन कराया है। "अनुरक्ता हि वैदेही राम सर्वात्मनाशुभा"। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला – डॉ . नोदनाथ मिश्रा)

माता सीता ने अपने जीवन से हमारे समाज के लिए एक आदर्श स्थापित किया है | माता सीता स्वभाव से शांत, गंभीर और एकाकी प्रिय थी| अत्यंत सुंदरी और सौंदर्य से परिपूर्ण थी | उनके जीवन में हर चुनौती और कष्ट ने उनके साहस, संयम और चरित्र की परीक्षा ली| माता जानकी को कई बार संकटों का सामना करना पड़ा | कई कारणों की वजह से माँ सीता को वनवास, रावण द्वारा अपहरण, भगवान राम से त्याग, अग्निपरीक्षा कई कठिणाईयों का सामना करना पड़ा | इतने संकट कदाचित हि किसी भी स्त्री ने सहन किए होंगे | ऐसी विपत्ति की आंच में तपकर वे सदा खरे सोने की भाँति निखर उठी थी | वाल्मीकि रामायण में माता सीता का चरित्र धर्मनिष्ठ ,कर्तव्यनिष्ठ, शांत , संयमी, अपने कर्तव्य और पती के प्रति एक रूप रहना सीखाता है |

वाल्मीकि रामायण मैं माता सीता का चरित्र धैर्यवान, आत्मसंयम, सदाचारी, धर्मनिष्ठा, और कर्तव्यनिष्ठा से भरा हुआ है और अन्य स्त्रियों का चरित्र भी हमें जीवन में एकनिष्ठा सीखाता है | वाल्मीकि रामायण में उर्मिला, मंदोदरी, शबरी जैसे कई स्त्रियों ने अपने धर्म के प्रति सच्चे रहते हुए अपना कर्तव्य निभाया | तो मन्थरा जैसे खलनायक पात्र समाज में होने वाले कई वाद विवाद के कारण को दर्शाता है | वाल्मीकि ऋषी द्वारा रचित रामायण में हर एक पात्र एक दुसरे से संबंधित है, जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनो भाव दिखाता है | जो आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरणा देता है |

2. विस्तार

वाल्मीकि रामायण आज के कलयुग में एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है | ' रामायण' में सीता का चरित्र हर मुश्किल में चाहे सुख हो या दु:ख, खंबीर और समान रहना सीखाता है | जो आज की पीढ़ी के लिए सर्वोत्तम उदाहरण है | वाल्मीकि रचित रामायण में स्त्रियां जैसे उर्मिला, शबरी, मंथरा और मंदोदरी का जीवन चरित्र सही और गलत का पाठ सिखाता है |

१) माता सीता

माता सीता का जन्म

माता सीता का जन्म मिथिला नगरी (वर्तमान में नेपाल) हुआ था| जनक राजा खेत में हल करते समय हल की नोक से जमीन से माता सीता का जन्म हुआ | माता सीता को कई नामो से जाना जाता है|

जैसे :-

1. Tuमैथिली:- मिथिला नगरी की राजकुमारी यानी मैथिली |
2. जानकी:- राजा जनक की पुत्री मतलब जानकी |
3. भूमाता:- भू यानि धरती से जन्मी हुई भूमाता|
4. सीता :- ' सीत' के हल से जन्मी हुई सीता |
5. वैदेही :- उनके पिता राजा जनक 'विदेह' के राजा थे |

माता सीता का बचपन:-

माता सीता का पालन पोषण राजा जनक और रानी सुनैना ने किया | जानकी ने बचपन में अपने बाल क्रीड़ा से माता पिता को अभिभूत किया | सीता कापते हाथों से चित्र रचना करती थी | बाल सुलभ क्रीड़ाओं से युक्त जल संचरण संबंधी क्रीडायें और विविध क्रीड़ाओं में भी जैसे माँ से कहानी सुनाने की हठ करना, चंद्र प्राप्ति की याचना करना, घास पूस के घरौंदे बनाकर खेलना, गुड्डे गुड़ियों का ब्याह रखना , सखियों के साथ मिट्टी की चक्की बनाकर झूठ मूठ में पीसने की क्रीड़ा आदी करना| सभी को नयनतृप्त करती थी | (Ref. Journal Of JETIR Vol.9 -244)

माता सीता शक्ती का स्वरूप

माता सीता शक्ति का स्वरूप है | एक बार जानकी जी फूलों की गेंद से सखियों के साथ खेल रही थीं ,तभी उनकी गेंद धनुष के नीचे जा गिरी, शिवजी का धनुष जिसे कोई नहीं उठा सकता था | वह हल्के में ही उठाकर उससे अपनी गेंद निकाल लेती है| यह शक्ति स्वरूपा होने का परिचय देती है | यह दृश्य देखकर सीताजी के पिता राजा जनक जी ने यह प्रतिज्ञा की , जो योग्य और बलशाली इस धनुष को उठा पायेगा उस पुरुष से ही सीता जी का विवाह करेंगे | जानकी जी दया , करुणा , परोपकार के गुणों से परिपूर्ण थी| वे प्रभात बेला में विहग को चारा , शतकों को चावल के दाने देती थी | वह पाककला , चित्रकला आदि में प्रवीण थी| सीता में लज्जा , शीलता , गंभीरता से गुणों का प्रस्फुटन हो गया | वे अत्यंत सुंदरी और सौंदर्य से परिपूर्ण थी |

माता सीता का जीवन :-

माता सीता युवावस्था में आने पर राजा जनक ने उनके स्वयंवर का आयोजन करते हैं | उससे पहले माता सीता भगवान राम से पुष्प वाटिका में छोटी सी मुलाकात होती है , तब वे लज्जा वश अपने नैन झुका लेती है | लज्जा नारी का आभूषण होता है| माता सीता लज्जा, शिलता की मूर्ति है | प्रभु

राम द्वारा जीते गए स्वयंवर में उनके साथ शादी कर अपने माता सुनैना द्वारा दी गयी सारी शिक्षाओं को अपनी गाठ में बांधकर ससुराल में जैसे सास ससुर की सेवा करना, पति के कार्यों का ध्यान रखना, अपने छोटे के साथ प्यार से व्यवहार करना इन सारी बातों को ध्यान में रखकर जीवन भर उनका पालन करते हैं | माता सीता के ये गुण दया ,शील , साहसी , क्षमावान , प्रेम जैसे संस्कार सिखाते हैं | सीताजी संस्कारों से परिपूर्ण थी|

सीता राम को ईश्वरावतार मानती हैं और अपनी सासों (कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी) को समान आदर और प्रेम की दृष्टि से देखती हैं। राम के साथ वनवास हेतु जाने के लिए सीता उद्यत हैं, और उनके इस वनवास की भविष्यवाणी ज्योत्विदों ने पहले से ही कर रखी है, इसीलिए भी वे वन जाना चाहती हैं। राम उनके कथ्य से सहमत हो जाते हैं और उन्हें भी वन ले जाने को सहमत हो जाते हैं।

माता सीता का त्याग , समर्पण का गुण उनके प्रति सम्मान और आदर बढ़ाता है | जब प्रभुराम उनको वनवास में होने वाले कठिनाइयों के बारे में ज्ञात कराते है तो वह चौदा बरस वनवास में प्रभु श्रीराम के साथ हर परिस्थितियों में रहना का वचन देती है| जब श्रीराम को वनवास मिला तब माता सीता कहती है |

स मामनादाय वनं न त्वं प्रस्थितुमर्हसि ।
तपो वा यदि वाऽरण्यं स्वर्गो वा स्यात् त्वया सह ॥

आप अपने साथ मुझे भी वन को ले चलिए। चाहें आप तप करें, चाहें आप वनवास करें और चाहें आप स्वर्गवास करें, मुझे तो आपके सान्निध्य में ही रहना है। प्रभु श्रीराम से आज्ञा मिलने पर वे साथ जाती है। (Epaper-Jagran)

राम के प्रति सीता की अनुरक्ति, भक्ति और पतीव्रता का वर्णन रामायण में अनुपम है" । हनुमान के द्वारा कवि ने सीता की राम के प्रति अनुरक्ति का वर्णन कराया है। "अनुरक्ता हि वैदेही रामं सर्वात्मनाशुभा" । राम और सीता के पारस्परिक प्रेम का वर्णन कवि के शब्दों में अमर है।

अशोकवन में राम के वियोग में रहती सीता का स्वाभाविक चित्रण भी मार्मिक है। सधवा स्त्रियों के लिए आवश्यक आभूषणों को ही उसने धारण कर रखा है'। रावण के कठोर नियन्त्रण में रहती हुई भी सीता को राक्षसियों का अशोकवन के उस स्थल का आभास नहीं हो रहा था क्योंकि वह एकचित्त से राम का ध्यान कर रही थी।

सीता यदि चाहती तो रावण को भस्म कर सकती थी किन्तु इस हेतु राम की आज्ञा उन्हें नहीं मिली थी। यह भी उनकी पातिव्रत-धर्म-चारिता का एक प्रमाण है'। मन्दोदरी को ऐसा अनुमान हुआ कि सीता के तपःप्रभाव से रावण का यश समाप्त हो गया। हनुमान का भी कथन है कि सीता के तेज से ही लंका भस्म हो गई। और तेज तेज को नष्ट नहीं करता है, इसीलिए सीता स्वयं दग्ध नहीं हुई। यह सीता के पातिव्रत-धर्म, तेजस्विता का ही प्रभाव था कि हनुमान के पूँछ की आग उनके कथन मात्र से शान्त हो गई। इसके अतिरिक्त रामायण में सीता के अन्य गुणों का वर्णन वास्तव में उसका उदात्त चरित्र उपस्थित करते हैं। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला)

राम और सीता की धर्म पर चर्चा :- ऐसी मान्यता है कि विवाहित स्त्री को अपने पति से कोई बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे अपने पति की हर बात सुननी चाहिए। वह एक सच्ची समर्पित पत्नी हैं। वह अपने पति से खुलकर धर्म पर चर्चा करती हैं, और राम भी उनके प्रश्नों का खुलकर उत्तर देते हैं।

वन में भ्रमण करते समय सीता राम से धर्म पर चर्चा करती हैं। वे राम से कहती हैं-

"प्रभुराम, काम से तीन व्यसन उत्पन्न होते हैं। पहला व्यसन मिथ्या भाषण है; दूसरा व्यसन व्यभिचार है और तीसरा व्यसन शत्रुता है। राम, पहले दो व्यसन, मिथ्या भाषण और व्यभिचार, तुम्हारे यहाँ नहीं हैं; परन्तु राम, तीसरा व्यसन, जो बिना शत्रुता के दूसरों के प्रति हिंसा है, तुम्हारे यहाँ उत्पन्न हुआ है। तुम धनुष-बाण लेकर वन में आए हो और राक्षसों का नाश करने की प्रतिज्ञा की है। तुम्हारी प्रतिज्ञा सुनकर, तुम्हारे परलोक सुख के बारे में सोचकर मेरा मन व्याकुल हो रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि अब आपको शस्त्र उठाने का कोई कारण नहीं है। चूँकि हिंसा अधर्म है, इसलिए वन में ऋषि की तरह आचरण करने में ही आपका कल्याण है। जब आप अयोध्या लौटो, तो प्रसन्नतापूर्वक शस्त्र उठाओ। धर्म से अर्थ प्राप्त होता है, धर्म से सुख प्राप्त होता है, धर्म से ही सब कुछ प्राप्त होता है। इसलिए, धर्म ही संसार का सच्चा सार है। राम, स्त्रियों के शीघ्र स्वभाव के कारण, मैंने यह बात आपसे कही है।"

राम बडे प्यार से कहते की "हे सीता, विद्वान ऋषिवर! आपकी वाणी लाभदायक है; किन्तु स्मरण रहे कि मुझे शस्त्र धारण करना होगा, ताकि मुझे ऋषियों की रक्षा न होने के कारण बैठकर रोना न पड़े। तपस्वी और ऋषिगण मानव-मांस खाने वाले राक्षसों द्वारा खाए जाते हैं। इन निधियों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है। हे जनकपुत्री, इसीलिए मैंने इन ऋषियों के शरणागत होने पर उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा की थी, और मैं जीवनपर्यन्त इस प्रतिज्ञा का पालन करूँगा।" सीता, एक दिन मैं अपने प्राण त्याग दूँगा, लक्ष्मण का त्याग कर दूँगा, या तुम्हारा भी त्याग कर दूँगा; लेकिन मैं अपनी प्रतिज्ञा नहीं तोड़ूँगा।

इस प्रकार रामायण में सीता का चरित्र उत्कृष्ट और उदात्त रूप में चित्रित है। रामायण के समस्त स्त्री चरित्रों में इसकी प्रधानता और सात्त्विकता आदर्शोपस्थापन करती है। काव्य के अनुरूप ही सीता के चरित्र का का अंकन हो सका है। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला)

२) उर्मिला :-

वाल्मीकि रामायण के अनुसार, ऊर्मिला जनक नंदनी सीता की छोटी बहन थी और सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण को ब्याही गई थीं। इनके अंगद और

चंद्रकेतु नाम के दो पुत्र तथा सोमदा नाम की एक पुत्री थी। आधुनिक साहित्यकारों ने ऊर्मिला को विविध कलाओं में पारंगत और कर्तव्यपरायण नारी के रूप में चित्रित किया है।

उर्मिला मिला निद्रा का वरदान :-

वनवास की पहली रात में जब भगवान राम और देवी सीता कुटिया में विश्राम करने चले गये तो लक्ष्मण कुटिया के बाहर एक प्रहरी के रुप में पहरा दे रहे थे। तभी उनके पास निद्रा देवी प्रकट हुई थी। भगवान लक्ष्मण ने निद्रा देवी से यह वरदान मांगा था कि उन्हे चौदा वर्षो तक निद्रा से मुक्त कर दें तो निद्रा देवी ने उनकी इस इच्छा को स्वीकार करते हुए यह कहा था कि उनके हिस्से कि निद्रा को किसी न किसी को लेना ही होगा। तब भगवान लक्ष्मण ने निद्रा देवी से विनती की थी कि उनके हिस्से की निद्रा को उनकी पत्नी उर्मिला को दे दिया जाय। कहा जाता है कि निद्रा देवी के इस वरदान के कारण भगवान लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला माता लगातार चौदा वर्षो तक सोती रही और लक्ष्मण जी जागते रहे।

कर्तव्य के प्रति समर्पण और सरल, शांत और विनम्र स्वभाव वाली उर्मिला एक ऐसी महिला हैं जो रामायण की सबसे बलिदानी नायिका हैं। वह अपने पति के कर्तव्य को ही अपना सब कुछ मानती हैं और चौदा वर्षों तक महल में रहकर भी एक तपस्वी सन्यासिनी का जीवन जीती थीं।

ऊर्मिला द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य और त्याग लक्ष्मण को बंधन का नहीं मुक्ति का संदेश देते है। स्त्रियों का जीवन वैसे भी त्याग और संघर्ष से भरा होता है, फिर चाहे वह एक मेहनतकश स्त्री हो या राजघराने की महारानी परंतु कुछ ही स्त्रियों का जीवन हमें प्रेरणा प्रदान करता है। इस संदर्भ में ऊर्मिला का चरित्र सर्वप्रिय है। वर्तमान समय में स्त्रियों में सहनशीलता और कर्तव्य परायणता की कमी देखी जा सकती है अतः आज की स्त्रियों को धैर्य और संयम ऊर्मिला से सीखने का प्रयास करना चाहिए। (1-साकेत ,नवम सर्भ – मैथिलीशरण गुप्त)

३) मन्थरा :-

मन्थरा के कई अर्थ हैं, जिनमें मुख्य रूप से 'कुबड़ी' और ' षड्यंत्र रचने वाली' शामिल हैं। यह संस्कृत शब्द 'मंथर' से लिया गया है, जिसका अर्थ 'कुबड़ा', 'धीमा', 'आलसी' या 'टेढ़ा' है।

वाल्मीकि रामायण मन्थरा का चरित्र कैकेयी की दासी के रूप में वर्णित है, जो एक कुबड़ी और वृद्ध महिला है। मन्थरा मूल रूप से राजकुमारी रेखा थी, जो कैकेयी की सहेली थी और उसके साथ ही अयोध्या आई थी। उसके कुरूप और कुबड़ी होने के कारण उसे दासी का पद मिला।

दासी मन्थरा कुटिल और चालाक थी, कैकेयी को श्री राम के विरोध में भड़काकर अयोध्या के राज परिवार में संकट पैदा करती है, जिसके परिणामस्वरूप भगवान राम को चौदा वर्ष का वनवास भोगना पड़ा था। राजा दशरथ जब राम को युवराज बनाने की घोषणा करते हैं, तो मन्थरा कैकेयी को उत्तेजित करती है। वह कैकेयी को अपनी वफादारी और हित के बारे में सोचकर, राम के खिलाफ भड़काती है ताकि भरत राजा बन सके। परिणामी मन्थरा के षड्यंत्र के कारण कैकेयी राजा दशरथ से दो वरदान मांगती है, जिसमें राम का चौदा साल का वनवास और भरत का राज्याभिषेक शामिल था।

उसका नाटकीय ढंग से कैकेयी को अपना मन्तव्य मनवाने के लिए सब युक्तियां बताना उसके खलनायकत्व का परिचय देते हैं। वाल्मीकि ने दास-वर्ग की मनोदशा का यथार्थ चित्रण मन्थरा के चरित्र में किया है। मन्थरा जैसी खलनायिका की पूत्ति वाल्मीकि ने इसी पात्र से की है। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला)

४) मंदोदरी :-

रानी मंदोदरी रावण की पटरानी थी | रावण की पत्नी मंदोदरी बुद्धिमान थी। रावण भी बुद्धिमान था। फ़र्क़ सिर्फ़ इतना है कि मंदोदरी की बुद्धि अच्छी थी, इसलिए वह दुष्ट बन गई, और रावण की बुद्धि अच्छी नहीं थी, इसलिए वह दुष्ट बन गया।

मंदोदरी ने रावण को सीता के संबंध में अच्छी सलाह दी थी, क्योंकि वह नैतिकता को बहुत महत्व देती थी। मंदोदरी रावण को हमेशा धर्म का मार्ग अपनाने और सीता को वापस लौटाने की सलाह देती थीं, लेकिन रावण उनकी सलाह नहीं मानता था वह एक कर्तव्यपरायण और बुद्धिमान महिला के रूप में चित्रित की गई हैं। रावण ने वह सलाह नहीं मानी। इसका कारण यह था कि वह नैतिकता नहीं चाहता था। नैतिकता और स्वभाव का मेल संस्कृति है और नैतिकता और स्वभाव का मेल विकृति है। नैतिकता का सम्मान करने वाली मंदोदरी के कर्म संस्कृति थे, जबकि नैतिकता को कुचलने वाले रावण के कर्म विकृति थे। हृदय की भाषा का अनुष्ठान अनूठा और अलग है, यह अनुष्ठान भक्ति की आत्मीयता है। ऐसा ही अनुष्ठान मंदोदरी के यहाँ हुआ था; इसीलिए हम पाँचों स्त्रियों का स्मरण करते हुए मंदोदरी का नाम लेते हैं और कहते हैं|

अहल्या द्रौपदी सीता तारा मंदोदरी तथा।
पंचकंन्यां स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम्।।

(रामायणातील व्यक्तिदर्शन – रानडे पेज नं. ४४४)

५) शबरी :-

शबरी की कहानी रामायण में एक महान भक्त की कथा है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भगवान राम की भक्ति में बिताया। शबरी का जन्म एक भील समुदाय में हुआ था। वह विवाह की पारंपरिक प्रथाओं के कारण घर से भागकर जंगल में आ गई थीं, जहाँ उन्होंने ऋषियों की सेवा की।

एक सिद्ध तपोनिष्ठा श्रमिणी के रूप में रामायण में शबरी का चित्रण है। अलौकिक दिव्य पुरुष राम ने इस पृथ्वी पर कितनों को मुक्ति दी। तपस्विनी की तपस्या का परमफल मुक्ति आदि का सजीव चित्रण करने के लिए वाल्मीकि को भी, शबरी को भी अपना पात्र बनाना पड़ा | श्रीराम और लक्ष्मण पम्पा नामक पुष्करिणी के पश्चिमी तट पर स्थित उसके आश्रम में जाकर उससे मिले। दोनों को उसने प्रणाम किया। शबरी ने भगवान राम को अपने हाथ से चखे हुए सबसे मीठे झूठे बेर खिलाए, और राम ने प्रेम से उन्हें स्वीकार किया। श्रीराम द्वारा इसकी तपस्या के बारे में पूछने पर इसने कहा, "आपका दर्शन मिलने से आज मेरी पूजा सार्थक हुई और मुझे अब आपके दिव्यधाम की प्राप्ति होगी। इससे प्रकट होता है कि शबरी की तपस्या सकाम थी।"

शबरी में असीम गुरु-भक्ति भी थी। उसने दिव्यलोक में अपने गुरुजनों के पास जाने की आज्ञा मांगी। राम से आज्ञा प्राप्त करने पर इसने अग्नि में प्रवेश करके दिव्यरूप धारण किया और अपने गुरुजनों के पुण्यधाम की यात्रा की। इस प्रकार एक समाधि योगिनी का रूप शबरी का चित्रित किया गया है। (वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला -१८८)

3. निष्कर्ष

वाल्मीकि रामायण में माता सीता के जीवन के कई पहलू हैं जो हमें शिक्षा देते हैं | उनका धैर्य उनके संस्कार और प्रभु श्रीराम के प्रति अडिग विश्वास यह साबित करता है कि केवल एक पत्नी या एक महिला नहीं बल्कि उज्ज्वल चरित्रवान और आदर्श व्यक्तित्व थीं | सीता परम तेजस्विनी , स्वाभिमानी नायिका है | सीता धीर, गंभीर , साहसी, पतिव्रता ,नारी सुलभ सुसंस्कारों से सुसज्जित एक तेजस्वी नारी है | जो भारतीय संस्कृति में नारी गरिमा को नूतन आयाम प्रदान करती है | वाल्मीकि रामायण में अन्य स्त्रियों का स्वरूप भी आज के युग में भक्ति , धर्मनिष्ठा सदाचार , धैर्य और संयम सीखाता है | (epaper Jagran)

माता सीता संपूर्ण विश्व के हिंदू समाज में एक आदर्श है और पूजनीय नारी है | जिनके चरित्र का अनुसरण करके कोई भी नारी अपने परिवार को बांधकर रखने में सदा सक्षम हो पाएगी और अपने जीवन आदर्श नारी बनकर जी पाएंगी |

पतिव्रताधुरीणां त्वां नमामि जनकात्मजाम्।

अनुग्रहपरामृद्धिमनघां हरिवल्लभाम्।

अर्थ:- हे पतिव्रताओं में श्रेष्ठ, जनक की पुत्री, मैं तुम्हें नमन करती हूँ, तुम अनुग्रह करने वाली, समृद्ध और निष्पाप हो।

वाल्मीकि रामायण पारिवारिक एकता, धैर्य और माता-पिता की आज्ञा का पालन करने के महत्व को भी दर्शाती है। वाल्मीकि रामायण के हर एक पात्र जीवन की सीख देता है | रामायण सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक सामाजिक और ऐतिहासिक महाकाव्य भी है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मार्गदर्शन करता है। (Ref .journal of JETIR Nov.22,vol.9)

4. सन्दर्भ ग्रन्थ

1. वाल्मीकि और कालिदास की काव्यकला -डॉ. नोदनाथ मिश्रा
2. रामायण के व्यक्तिदर्शन , राजीव प्रकाशन १९८०
3. सार्थ श्रीवाल्मीकि रामायण
4. रामायण:- डेव्हलप युअर लाईफ स्किल्स २०२३
5. E paper जागरण
6. Ref .Journal of JETIR Vol.9
7. मैथिलीशरण गुप्त संदर्भ

सीता (भक्ति) की खोज - एक विवेचना



पुरुषोत्तम श्रीवास्तव 'पुरु'
पूर्व उपमहानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, जयपुर
(purupurujaipur@gmail.com)

शास्त्रों में चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष बतलाये गये हैं। सामान्य से सामान्य सामाजिक मानव दो पुरुषार्थ काम और अर्थ, तो करता ही है। थोड़ा और अधिक जागरूक मानव ये दोनों पुरुषार्थ धर्म के अनुशासन में, और धर्म पुरुषार्थ पूरा करता है। पर प्रज्ञावान व्यक्ति का सारा प्रयत्न क्षणिक उपलब्धियों से अलग शाश्वत शांति - मोक्ष प्राप्त करना होता है। इसके लिए आपस में सहयोगी तीन मार्ग ज्ञान, कर्म और भक्ति मार्ग हैं। जिसमें भक्ति मार्ग साधन में सुगम होने से विशेष उपयोगी कहा जा सकता है। भक्ति का अनिवार्य पक्ष है इष्ट के प्रति पूर्ण समर्पण। साधकों के मार्गदर्शन के लिए इस पक्ष को माता सीता ने रामावतार काल में स्वयं चरितार्थ करके दिखाया है। भक्ति मार्ग अपनाने वाले माता सीता, जो भक्तिस्वरूपा हैं, के जीवन चरित्र से अनुपम शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में माता सीता के जीवन में भक्ति कहाँ-कहाँ दृश्य है , किस रूप में है, किस तरह से निभाई गई है को खोजने का यथा समझ एक प्रयास किया गया है।

1. प्रस्तावना

माता सीता को संतो, मनीषियों, पंडितों, बुद्धिजीवियों और जनमानस ने अपने-अपने विवेक के अनुसार प्राप्त ग्रंथों, ग्रंथों के भाष्यों, व्याख्याओं, उपदेशों, प्रचलित किंवदंतियों, स्व मनन और कहीं-कहीं निज आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भी समझा, माना और व्यवहार किया। निर्गुण निराकार उपासकों ने सीता माता को ब्रह्म की माया शक्ति माना यथा-

उद्भवस्थितिसंहारकारिणीं क्लेशहारिणीम्।
सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोऽहं रामवल्लभाम्॥ बाकां (5)॥

शब्दार्थ: उत्पत्ति, पालन और संहार करने वाली, सम्पूर्ण क्लेशों को हरने वाली तथा सम्पूर्ण कल्याणों को करने वाली श्री रामचन्द्र जी की प्रियतमा श्री सीता जी को मैं नमस्कार करता हूँ। कई स्थानों पर अनेक संतों ने माता को कार्य -कारण सिद्धांत की अधिष्ठात्री के रूप में कहा है जैसे

ऊँ शक्ति जय , ऊँ शक्ति जय , ऊँ शक्ति जय ऊँ।
इच्छा शक्ति ऊँ, ज्ञान शक्ति ऊँ, क्रिया शक्ति जय ऊँ॥ लोक काव्य॥

दूसरी ओर सगुण भक्तों ने उसी शक्ति को अनेक रूपों में, देखा, माना और पूजा भी। जैसे दुर्गा और उनके नो रूप:

ऊँ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते॥ "देवी महात्म्य" (अर्गला स्तोत्र")

शब्दार्थ: जयंती, मंगला, काली, भद्रकाली, कपालिनी, दुर्गा, क्षमा, शिवा धात्री और स्वधा नामों से प्रसिद्ध जगदंबे आपको मेरा नमस्कार है। या फिर उमा-पार्वती, रमा-लक्ष्मी, ब्रह्माणी- सरस्वती, काली, गायत्री, शिवा, नारायणी आदि के रूप में।

"सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते॥' श्लोक देवी महात्म्य (अध्याय 8 -नारायणि स्तुति)

जयनारायणी! तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगल मयी हो। कल्याण दायिनी शिवा हो। सब पुरुषार्थो को (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को) सिद्ध करने वाली हो। शरणागत वत्सला, तीन नेत्रों वाली एवं गौरी हो। हे नारायणी, तुम्हें नमस्कार है।

ॐ गिरिजाय च विद्महे, शिवप्रियाय च धीमहि। तन्नो दुर्गा प्रचोदयात्॥ (गायत्री छंद)

शब्दार्थ: हिमालय राज की पुत्री और भगवान शिवजी की प्रिया जिनका नाम गिरिजा है, जो विशेष बुद्धि की धारक हैं ऐसी दुर्गा माँ का हम ध्यान करते है, और उन माँ दुर्गा को प्रणाम करते है। माता हमें अपनी शरण में लें कालान्तर में देवीय गुणों को भी विशेषण-विशेष्य के न्याय से देवी रूप में पहचाना गया और उपासना की गई। जैसे शक्ति, भक्ति, क्षमा, स्मृति, विद्या, क्षुधा, कांति, लज्जा, स्मृति आदि रूपों में जैसे दुर्गा सप्तशती में आया है।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
या देवी सर्वभूतेषु सरस्वती-रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

"या देवी सर्वभूतेषु भक्ति-रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ (दुर्गा सप्तशती)

प्रस्तुत शोध पत्र में माँ सीता को भक्ति रूप में मानकर प्रमुखतया राम चरित मानस, वाल्मीकि रामायण, दुर्गा सप्तशती, श्रीमद भगवद्गीता आदि का आधार लेकर सीता (भक्ति) कहाँ-कहाँ और कैसे मिलेंगी इस पर विचार व्यक्त किये गये हैं।

2. विस्तार

साधना के मार्ग

प्रत्येक चेतन जीव सम्पूर्ण जीवन में सुख प्राप्ति के लिए निरंतर क्रियाशील रहता है। उसका सदा से अनुभव रहा है कि सुख मिलते तो हैं पर वे क्षणिक होते हैं, अनिश्चिता से भरे और अंततः दुख के कारण ही बनते हैं। ऐसे में जीवन की विषमताओं से उपहत उचाट वैरागी मन शाश्वत और सार्वभौमिक सुख की तलाश में निकलता है। एक अन्य कोटि का सत्यान्वेषी, जीवन के उद्देश्य की खोज में रत, साधक बाह्यभान्तर अन्वेषण करता है तो पाता है कि वह अपनी ही संकीर्णता से क्षुब्ध है। ''मैं- मेरा, तू- तेरा'' के जाल में फंसा है। वह अपना कितना भी विस्तार क्यों ना कर ले, पिपीलिका से लेकर ब्रह्म होने तक की यात्रा करने के बाद भी, वह शाश्वत शांति नहीं पाता। कारण है जब तक अंश, अंशी से नहीं मिल जाता अतृप्ता बनी ही रहती है। यह अंशी जो एक है पर अनेक नामों से जाना, पुकारा जाता है, कैसे मिलेगा, उसको जानना और पाना बड़ा प्रश्न है।

भगवद्गीता में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण मुमुक्षु के स्वाभाविक आध्यात्मिक झुकाव को देख कर दो मार्ग बता रहे हैं एक ज्ञानयोग और दूसरा कर्मयोग।

जहाँ कर्मयोग ज्ञानयोग प्रमेय का पूर्वगामी है।

लोकेऽस्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।

ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्॥गीता3.3॥

श्री भगवान् ने कहा हे निष्पाप (अनघ) अर्जुन इस श्लोक में दो प्रकार की निष्ठा मेरे द्वारा पहले कही गयी है ज्ञानियों की (सांख्यानां) ज्ञानयोग से और योगियों की कर्मयोग से। इस कर्मयोग में साधक अपनी क्षमता अनुसार कर्म का भाव पहले विहित कर्म, कर्तव्य कर्म, फिर निष्काम भाव और पूर्ण समर्पण से करता जाता है। यह पूर्ण समर्पण भाव से जीना और कर्म करना ही भक्ति (सीता) हैं। यह भक्ति कहाँ रहती है कैसे इसी की खोज की जाये आइये देखते हैं:

सीता अर्थात् भक्ति

भारतीय प्रज्ञा में सीता सिर्फ एक पात्र नहीं, बल्कि भक्ति का पर्याय मानी गई हैं। सीता जी ने हर शुभाशुभ परिस्थिति में अपना सम्पूर्ण जीवन श्रीराम के प्रति उसी प्रकार समर्पित रखा जिस प्रकार एक भक्त हर स्थिति में अपने इष्ट के प्रति प्रणत रहता है। वाल्मीकि रामायण हो या राम चरित मानस या फिर कोई अन्य सीता राम संबंधित ग्रंथ सब में सीता जी को धर्म, अव्यभिचारिणी भक्ति और मर्यादा की प्रतिमूर्ति कहा गया है। राम और सीता का संबंध अविभाज्य है वास्तव में दोनों एक ही हैं इसलिए यह कहना सत्य है कि भक्ति के बिना ईश्वर का मिलना संभव नहीं।

गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न।

बंदउँ सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न॥ बाकां18॥

तुलसीदास जी कहते हैं जैसे ''वाणी और उसके अर्थ'' तथा ''जल और जल की लहर'' सुनने में अलग-अलग हैं, परन्तु वास्तव में अभिन्न (एक) हैं, उन श्री सीतारामजी के चरणों की मैं वंदना करता हूँ, जिन्हें दीन-दुःखी बहुत ही प्रिय हैं।

ऐसी सीता (भक्ति) इष्ट के प्रति संपूर्ण निष्ठा, गुरु की कृपा और नाम-स्मरण से ही प्राप्त होती है। हर जीव के हृदय में राम का निवास है तो सीता (भक्ति) तो वहां स्वत रहती ही है। अंतर है तो जहाँ शुद्ध निर्मल अंतस है वहाँ प्रकट रूप में और जहां कलुषता है वहाँ गुप्त रूप में रहती हैं। प्रकट और गुप्त रूप भक्ति कहाँ-कहाँ मिलती है आइये खोजते हैं।

पहले प्रकट रूप में सीता-भक्ति के निवास को देखते हैं:

सीता (भक्ति) के स्थान

तुलसीदास जी ने मानस में जैसे राम जी के रहने के चौदह स्थान बताये है वैसे ही सीता जी मुख्यतया कहाँ-कहाँ निवास करती हैं और वहाँ-वहाँ क्यों रहती हैं उसकी लक्ष्यार्थ चर्चा करते है। सीता (भक्ति) की खोज निम्न स्थान पर की जा सकती है:

1. **पावन धरा - सीता (भक्ति) का जन्म स्थान**

"जननी धरती सुत उपजि, लाज सीतासु भली।

राम नाम के संग उत्पन्न, धरनि पर झली॥कवितावली॥

शब्दार्थ: सीता जी धरती से उत्पन्न हुई। धरती माता को उन पर गर्व हुआ। उनका प्राकट्य राम के नाम और लीला से अविच्छिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। यह दर्शाता है कि सीता (भक्ति) का पवित्र और महान चरित्र ही धरती (मन) पर राम नाम के प्रभाव को संभव बना सका।

लक्ष्यार्थ: सीता (भक्ति) उस हृदय धरा में जन्म लेती है जो मन, वचन, कर्म से पवित्र हो। व्यवहार सुन्दर हो अर्थात् कपटहीन, छलहीन हो, द्वेष रहित हो और धरा जैसे क्षमावान हो। मानस में राम भी कहते हैं :

निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा॥ मानस 5.3॥

भावार्थ: राम जी कहते हैं मुझे कपट और छल-छिद्र नहीं सुहाते। अर्थात जिस मनुष्य का निर्मल मन होता है, जो गुप्त या धोखाधड़ी वाली प्रवृत्ति का नहीं है, निष्कपट होता है उसे मैं पसंद करता हूं। इसलिए यदि सीता (भक्ति) की खोज करनी है उन्हें ओर पाना है तो मन को निर्मल बनाना होगा। एक बार मन निर्मल बन गया तो सीता (भक्ति) का स्वयं प्राकट्य हो जायेगा।

2. जनक का घर - देहाभिमान मुक्त अंतस

वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार मिथिला में पड़े भयंकर सूखे से राजा जनक बेहद परेशान हो गए थे। तब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्हें एक ऋषि ने यज्ञ करने और धरती पर हल चलाने का सुझाव दिया। उन ऋषि के सुझाव पर राजा जनक ने यज्ञ करवाया और उसके बाद राजा जनक धरती जोतने लगे। तभी उन्हें धरती में से सोने की डलिया में मिट्टी में लिपटी हुई एक सुंदर कन्या मिली। उस कन्या को हाथों में लेकर राजा जनक ने उसे 'सीता' नाम दिया और उसे अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया।

भावार्थ: जब साधक को कठिन साधना के बाद भी शांति नहीं मिलती तो कोई ऋषि, साधक को विवेक रूपी हल से भाव धरा को जोतने- मंथन करने का यज्ञ करने को कहता है। तब इसके फल स्वरूप जनक (साधक) के घर (हृदय) में भक्ति रूपी शांति प्राप्त होती है।

“उद्भव धरति सुशोभित, जनक हर्षित भए।
कारसीता सुत प्रकट भई, धरनि पर आई छाए।” लो.का.॥

व्याख्या: राजा जनक-साधक के घर (हृदय) में जब सीता (भक्ति) आईं तो वे अत्यंत प्रसन्न हुए। उनका यह मानना था कि यह कन्या उनके देह-राज्य में धर्म के लिए यह बहुत बड़ा सौभाग्य है। ‘राजा जनक कर्मयोगी होतेहुए भी विदेह थे” - शरीर के प्रति अनासक्त थे, देहाभिमान (मैं शरीर हूँ) से मुक्त थे। वह जानते थे कि “मैं यह शरीर नहीं आत्मा हूँ। वे ब्रह्म भाव होने के कारण सदैव प्रसन्न रहते थे। गीता मे कृष्ण भी भक्ति की यही पहचान बताते हैं।

"ब्रह्मभूत: प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ् क्षति |
सम: सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम् || (गीता 18/54)॥

परम ब्रह्म में स्थित मनुष्य शांति प्राप्त करता है, वह न तो शोक करता है और न ही कोई कामना करता है। वह सभी के प्रति समभाव रखता है, ऐसा परम योगी मेरी भक्ति को प्राप्त करता है। वे कहते हैं कि ज्ञान की इस अवस्था को प्राप्त करने के पश्चात् मनुष्य 'परा भक्ति' अर्थात् भगवान का दिव्य प्रेम प्राप्त करता है। सीता (भक्ति) ऐसे ही स्थान में रहती हैं और वृद्धि को परम रूप को प्राप्त होती है।

3. धनुष-यज्ञ

सीता भक्ति की खोज करनी है तो वे धनुष-यज्ञ में मिलेंगी । उन्हें पाना है तो साधना करनी होगी और धनुष-यज्ञ प्रांगण में अपनी पात्रता सिद्ध करनी होगी।

राजा जनक ने सीता स्वयंवर के लिए यज्ञ रखा। शर्त थी- जो शिवजी का भारी धनुष उठाकर चढ़ा दे या तोड़ दे, वही सीता का वर होगा।

उठि न सके सब भूप धनु, हँसि लखि लखि नरनाथ॥ औरबाकां चो.262॥
“भए सब बिस्मित देखि, लखि राम लघुता असीम।”॥बाकां दो.262॥

अनेक वीर आये, पर कोई धनुष को हिला भी न सका। सारे राजा थक गये, पर धनुष को तोड़ नहीं पाए। क्योंकि राजाओं को अपनी शक्ति का अभिमान था, कर्ता और भोक्ता का भाव था, भक्ति के प्रति समर्पण नही अधिकार का भाव था। यह दुस्साहस की अभिव्यक्ति थी इसलिए पराजय होनी ही थी। तब गुरु विश्वामित्र अत्यंत प्रेमभरी वाणी बोले हे राम! उठो, शिव का धनुष तोड़ो और हे तात! जनक का संताप मिटाओ।

बिस्वामित्र समय सुभ जानी। बोले अति सनेहमय बानी॥
उठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनक परितापा॥ बाकां 1/226॥

राम द्वारा धनुष भंग, गुरु की आज्ञा का पालन था। कामना से इतर, अहंकार और कर्ता भाव से विहीन कर्तव्य मात्र। ऐसा व्यवहार ही साधना का प्रतीक है -जब तक मन में ‘‘मैं कर्ता का’’ अहंकार है, भक्ति सिद्ध नहीं होती। मोरारी बापू कहते हैं धनुष यज्ञ कोई बाहरी शक्ति-क्रीड़ा नहीं थी। यह भीतर के अहंकार-भंजन की कथा है। जहाँ शक्ति, शुद्धि और श्रद्धा एकत्र हों वहीं सीता-राम का मिलन होता है अर्थात सत्य और भक्ति का मिलन।

4. अयोध्या धाम

राम से परिणय के बाद सीता जी अपने ससुराल अयोध्या पंहुचीं जो अति पावनी है।

बंदउँ अवध पुरी अति पावनि।सरजू सरि कलि कलुष नसावनि।बाकां 1/16॥

"अयोध्या" शब्द का अर्थ ही है - जहाँ युद्ध (योद्धा) न हो, अर्थात जहाँ द्वेष, संघर्ष, अहंकार और विकारों का स्थान न हो। आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या केवल बाह्य नगर नहीं, बल्कि मानव हृदय का दिव्य धाम भी है। यहां के राजा दशरथ वेदों में विख्यात धर्मधुरंधर, गुणों के भंडार और ज्ञानी हैं। उनके हृदय में शार्गधनुष धारण करनेवाले भगवान की भक्ति थी, और उनकी बुद्धि भी उन्हीं में लगी रहती थी। जिनकी तीन पत्नियां और चार पुत्र हैं। इनके घर सीता भक्ति आई है।

अवधपुरीं रघुकुलमनि राऊ। बेद बिदित तेहि दसरथ नाऊँ॥
धरम धुरंधर गुननिधि ग्यानी। हृदयँ भगति भति सारँगपानी॥ बाकां1/16॥

आध्यात्मिक दृष्टि से ऐसा साधक जो अपनी दसों इंद्रियों के रथों का राजा हो । जिसने अपनी सभी इंद्रियों पर अपनी तीनों पत्नियों कौशल्या (ज्ञान), केकैई (कर्म) और सुमित्रा (उपासना) के माध्यम से विजय प्राप्त कर ली हो वह दशरथी है। जिसके तप के फल से जीवन में सत्य (राम), प्रेम (भरत), वैराग्य (लक्ष्मण) और समता (शत्रुघ्न) हो वहां सीता (भक्ति) आ ही जाती हैं। इसलिए साधक को चाहिए कि मन में अहंकार और राग-द्वेष का अंत हो जिससे वहाँ केवल राम-सीता (सत्य और प्रेम) का निवास हो। वह अपना मन ऐसी "अयोध्या" बनाए। ऐसे सत्य के प्रति समर्पित हृदय में जहाँ धर्म, सत्य, प्रेम और शांति हो सीता (भक्ति) निवास करती है । सीता - भक्ति की खोज अगर करनी है तो जिस जगह, जिस जिस परिवेश मे भक्ति, ज्ञान और त्याग की भावना हो वहाँ भक्ति की खोज की जानी चाहिए। दूसरे शब्दों में साधक सत्य, ज्ञान, मर्यादा, प्रेम और त्याग के पथ पर चले तो ऐसे साधक के हृदय में भक्ति स्वयं आकर निवास करने लगेगी। ऐसी ही यह अयोध्या है जहां वेदज्ञ, तपस्वी, ब्रह्मनिष्ठ और धर्मपरायण लोग निवास करते थे।

संतसभा अनुपम अवद सकल सुमंगल मूला॥ बाकां 39॥

ऐसे किसी जितेन्द्रिय साधक के मन में भी यदि कभी ईर्ष्या या मोह का उदय हो जाए तो सीता (भक्ति) वहाँ से दूर चली जाएगी, जैसे केकैई में पुत्र मोह उत्पन्न होने से राम -सीता अयोध्या छोड़ वन चले गये थे।

5. चित्रकूट

अयोध्या से वनवास होने पर अधिकतम समय राम सीता जी ने चित्रकूट में बिताया। चित्रकूट दो शब्दों चित्र और कूट के मेल से बना है. संस्कृत में चित्र का अर्थ है अशोक और कूट का अर्थ है शिखर या चोटी। यह सुख और शांति का क्षेत्र माना जाता है। चित्रकूट है।

शांति और शुद्धि का स्थान: यहाँ आने वाले भक्त मन की शांति पाते हैं और मंदाकिनी नदी में स्नान कर आत्मा की शुद्धि का अनुभव करते हैं।

तपस्या और ध्यान का केंद्र: यह स्थान ऋषियों और संतों के लिए तपस्या और ध्यान का केंद्र रहा है, जैसे कि महर्षि अत्रि और सती अनुसूया का आश्रम।

विभिन्न तीर्थों का संगम: यहाँ की कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा को सभी तीर्थों का समागम माना जाता है, जिससे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

ब्रह्मांडीय चेतना का केंद्र: प्राचीन काल से ही चित्रकूट ब्रह्मांडीय चेतना के लिए एक प्रेरणादायक केंद्र रहा है।

आध्यात्मिक लाभ: कुछ मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र स्थान पर रहने या यहाँ की यात्रा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं। तुलसीदास जी गीतावली में कहते हैं:

चित्रकूट अति बिचित्र, सुन्दर बन, महि पबित्र, पावनि पय-सरित सकल मल-निकन्दिनी I
सानुज जहँ बसत राम, लोक-लोचनाभिराम, बाम अंग बामाबर बिस्व-बन्दिनी IIगीतावली॥

चित्रकूट पर्वत बड़ा ही विचित्र है; वहाँ का वन बड़ा ही सुन्दर और पृथ्वी अतिशय पवित्र है I वहाँ सम्पूर्ण मलोंको नष्ट करनेवाली परम पावनी पयस्विनी (मन्दाकिनी) स्वर्ग की नदी हैI वहाँ सकल लोकोंके नेत्रोंको प्रिय लगनेवाले भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मणजीके सहित रहते हैं तथा उनके वाम भागमें विश्व वन्दिता रमणीरत्न वैदेही जी विराजती हैं I

मोरारी बापू कहते हैं जो कामना तुम्हारी मुस्कराहट छीन ले, तुम्हें तनाव कर दे वह भक्ति सही नहीं है। ये सब प्रभु पर छोड़ दें। उन्होंने कहा कि अपेक्षा मात्र भी हरिमिलन में रूकावट है। जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने में हरि स्मरण और निष्काम कर्म श्रेष्ठ है । चित्रकूट तो चित्त का प्रदेश है मानस की राजधानी है। यहां राम सीता का मनन चिंतन जितनी भी हो कम है। आनंद अगर कहीं है तो चित्त के साथ है। चित्रकूट में श्री है, ऐश्वर्य है, आनंद है अकारण आनंद, स्वरूपावस्था का आनंद ।

आध्यात्मिक अर्थ में वन गमन करके सीता राम जी ने बताया कि साधक के मन की धरा पर स्वयं के कारण या कोई आरोपित लोभ या मोह के कारण भी विक्षेप हो जाय तो साधक को उस स्थान या वातावरण से दूर चले जाना चाहिए। दूर का अर्थ बाह्य जगत से परस्पर क्रिया-प्रतिक्रिया बहुत कम करके अपने भीतर चित्त में स्थिर हो जाना चाहिए । कूटस्थ भाव में विचरण करना चाहिए। संसार में रह कर भी दृष्टा भाव से व्यवहार करते हुए स्वरूपानंद में रहना चाहिए जो साधक का परम लक्ष्य है। यहाँ यह कहना अतिश्योक्ति नहीं वरन परम सत्य होगा कि सीता (भक्ति) के मिलने का सर्वोच्च स्थान कूटस्थ चित्त ही है। इस स्थान से उतर कर सीता राम जी द्वारा किए गए सभी कार्य लीला मात्र हैं।

अब गुप्त रूप में सीता-भक्ति के निवास और फिर उनके साधना द्वारा प्रगट होने को देखते हैं-

6. पंचवटी

चित्रकूट में स्वरूपास्थित राम- सीता (भक्ति), चित्रकूट छोड़ने के बाद मानव लीला हेतु अनेक श्रृषियों के दर्शन करते हुए पंचवटी में पधारे। पंचवटी' का अर्थ है - पाँच वृक्षों वाला उपवन। यह वह स्थान है जहाँ श्रीराम, सीता और लक्ष्मण ने वनवास के दौरान निवास किया था। यहीं से रावण द्वारा सीता-हरण की घटना हुई और राम की युद्ध-यात्रा का आरंभ हुआ।

आध्यात्मिक संदर्भ में "पंचवटी" मात्र स्थान नहीं, अपितु ऐसे मनुष्य के अंतर्मन की आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ है जहां भक्ति गुप्त रूप में स्थित है। पंचवटी मनुष्य के शरीर-रूपी वन में स्थित पाँच वृक्ष अर्थात पाँच इन्द्रियों श्रवण (कान), दर्शन (नेत्र) घ्राण (नाक), रसना (जीभ) और स्पर्श (त्वचा) हैं। ये पाँचों वृक्ष जीव के मन रूपी वन में फलते फूलते रहते हैं। इन पाँचों को संयमित करना साधना है, जिससे मन राममय बनने अर्थात अर्थात आत्मस्वरुपहोने की यात्रा पर आगे बढ़ता है। पंचवटी में ही राम राक्षसों को मारकर धरा, मुनियों, साधु संतों के शोक हरने और धर्म की पुन: प्रतिष्ठा स्थापित करने के लिए लीला करने का निश्चय करते हैं और सीताजी को अग्नि में निवास करने की बात कहते हैं।

सुनहु प्रिया ब्रत रुचिर सुसीला। मैं कछु करबि ललित नरलीला॥
तुम्ह पावक महुँ करहु निवासा। जौ लगि करौं निसाचर नासा॥1॥ अरण्य कां 1/19 ॥

हे प्रिये! हे सुंदर पतिव्रत धर्म का पालन करने वाली सुशीले! सुनो! मैं अब कुछ मनोहर मनुष्य लीला करूँगा, इसलिए जब तक मैं राक्षसों का नाश करूँ, तब तक तुम अग्नि में निवास करो॥ यहां छाया-सीता लीला के माध्यम से ऐसे साधक की स्थिति को उजागर करती है जो साधना के मार्ग पर चलने के बाद भी लोभ के कारण अपने स्तर से क्रमवार गिरता चला जाता है और अंत में वासना के गढ़ में कैद हो जाता है। लीला अनुसार छाया-सीता स्वर्ण मृग की कामना के लिए राम अर्थात सत्य की बात ही नहीं सुनती बल्कि सत्य को अपने से दूर भेज देती है और लक्ष्मण - वैराग्य का भी तिरस्कार करती हैं। वैराग्य की सीमा भी पार कर जाती हैं। फलस्वरूप राक्षसी प्रवृत्ति रावण उनका हरण करके ले जाता है।

आध्यात्मिक भाव में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का पंचवटी प्रवास सिखाता है कि जब तक साधक राम (सत्य), भक्ति (सीता) के साथ पंचवटी अर्थात इन्द्रिय-जगत् में और विवेक और वैराग्य (लक्ष्मण) के साथ में चलता है, तब जीवन साधना के पथ पर बढ़ता जाता है। लेकिन यदि लोभ के वश हो (स्वर्ण मृग) या फिर अहंकार वश हो व्यवहार करने लगता है तो उसके हृदय से भक्ति का हरण हो जाता है।

7. अशोक वाटिका

अपहरण के बाद सीता जी भोग नगरी लंका (जहां चहुं ओर काम, क्रोध , द्वेष और द्वंद का कोलाहल रहता है) के मध्य जहां रहती हैं वह है अशोक वाटिका। वहां राम से विरह की पीड़ा तो है पर सांसारिक शोक नहीं है। नितांत सांसारिक जीव या पथ भष्ट साधक के हृदय में भक्ति सुप्त अवस्था में लुप्त प्रायः सी रहती है। ऐसी स्थिति में जीव जब भक्ति के लिए प्रयास ही नहीं करता या स्वयं को प्रयास करने में सक्षम नहीं पाता, विमूढ़ सा दिशाहीन, गतिहीन हो, बलात संसार की ओर खिंचता चला जाता है तब उसकी पुकार सुन कृपालु राम, हनुमान जी को गुरु के रूप में भेजते हैं। तब हनुमान जी जीव की मन रूपी लंका में प्रवेश कर शुब्ध भक्ति को साहस प्रदान करते हैं और पुन: राम के शीघ्र मिलने का आश्वासन देते हैं। फिर कामना, मोह, क्रोध और अहंकार की भित्तियों से घिरी लंका का दहन कर देते हैं। ये गुरु ही हैं जो अक्षम जीव को राम से मिलन का मार्ग प्रशस्त करते हैं और अपने ही चरित्र से जीव को उपदेश भी करते हैं कि जब तक राम से भेंट ना हो मन में राम को रखिए और सब काज कीजिए जैसे मैं करता हूँ।

प्रबिसि नगर कीजे सब काजा। हृदयँ राखि कोसलपुर राजा॥
गरल सुधा रिपु करहिं मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥ सुन्दर कां.21।

अयोध्यापुरी के राजा श्री रघुनाथजी को हृदय में रखे हुए नगर में सब काम कीजिए। तब विष अमृत हो जाता है, शत्रु मित्रता करने लगते हैं, समुद्र गाय के खुर के बराबर हो जाता है, अग्नि में शीतलता आ जाती है।

8. भरोसा

भक्ति भरोसे का ही दूसरा नाम है। जीव चाहे सांसारिक हो, साधक हो या फिर सिद्ध हो उसका अपने ईष्ट में भरोसा ही उसकी भक्ति है। सीता अर्थात भक्ति सदा ही भरोसे में प्रतिष्ठित हैं। जीव का अपने अपने ईष्ट से साक्षात्कार और उनमें विलय सदा कृपा साध्य है ना कि साधना साध्य। जीव चाहे कितनी भी साधना क्यों ना कर ले वह सिर्फ अपनी साधना के बल पर प्रभु को साक्षात्कार के लिए बाध्य नहीं कर सकता । हाँ, साधना के बल से वर पाने का अधिकार जरुर है। देव या असुर सदा से तप करके इच्छित वर पाते रहे हैं पर ईष्ट में विलय नहीं।

कोई भी स्तर का साधक क्यों ना हो उसे ज्ञात होना ही चाहिए कि अपने सामर्थ्य अनुसार साधना के बाद अपने ईष्ट को पूर्ण समर्पण से पुकारना और प्रतीक्षा करना ही प्रभु को पाने का एकमात्र रास्ता है। भरोसा यदि पूर्ण हो, दृढ़ हो तो प्रभु स्वयं चल के, सेतु बांध के या फिर खंभ फाड़ के भी, जैसे भी हो अपने भक्त से मिलने, रक्षा करने और उद्धार करने प्रकट होते हैं। कोई भी सदगुरु अपने शिष्य को यही मार्ग दिखलाता है। जैसे मतंग ऋषि ने शबरी को, हनुमान जी ने सीता जी को और नारद जी ने प्रहलाद जी को यही मार्ग बताया था। भरोसे को निभाने के लिए ही राम पैदल चल कर

शबरी से मिलने गए और उनका उद्धार किया। सेतु बांध कर राक्षसों को मार कर सीता जी को मिले। भक्त प्रह्लाद के भरोसे को कायम रखने के लिए खंभ फाड़ कर प्रकट हुए।

9. परीक्षा

भक्ति ओर परीक्षा का चोली दामन का साथ है। भक्ति यानी इष्ट के प्रति झुकाव, आकर्षण, लगाव, प्रेम, समर्पण फिर पूर्ण समर्पण एक प्रकार से साधक के साधना का क्रमवार स्तर है। साधना करते करते एक एक सीढ़ी चढ़ कर इस स्थिति को प्राप्त किया जाता है । साधक को स्वंय की स्थिति का समय- समय पर मूल्यांकन करना ही चाहिए। प्रकृति में भी इस तरह की परीक्षाओं की व्यवस्थाएं हैं । ना सिर्फ साधक की भक्ति की जांच हेतु बल्कि संसार में साधक की भक्ति की निर्विवाद और निर्विरोध स्थापना के लिए भी। भक्ति की ऐसी परम अवस्था को ही कृष्ण गीता में अव्यभचारिणी भक्ति कहा है। भक्ति की यह पराकाष्ठा है। इसमें साधक को अपने लिए कुछ भी नहीं चाहिए। अपने इष्ट के लिए वह अपना सब कुछ बिना प्रश्न किए न्योछावर करने को सदैव तत्पर रहता है। गोपियों का प्रेम उदाहरण है, कृष्ण की भक्ति में वह अपना घर - परिवार, स्वामी, बंधु-बांधव यहाँ तक की अपनी देह का भी विस्मरण कर देती हैं। सीता माता ने भी इसीलिए किसी भी, कैसी भी परीक्षा के लिए स्वयं को सहर्ष प्रस्तुत किया है चाहे वह लंका विजय के बाद की अग्नि परीक्षा हो या सामाज के धूर्त, अवांछित, कुत्सित आक्षेप के लिए भी पुनः वनवास स्वीकार करने की। सीता (भक्ति) माता ने चरितार्थ कर के दिखा दिया कि किसी भी परिपेक्ष में साधक की भक्ति का एकमात्र उद्देश्य अपने इष्ट की प्रसन्नता ही होनी चाहिए। ऐसी भक्ति प्रत्येक साधक का परम लक्ष्य होता है।

3. निष्कर्ष

मानव जीवन का परम लक्ष्य सार्वकालिक और सार्वभौमिक, जो किसी व्यक्ति, स्थान, या परिस्थिति तक ना तो सीमित हो, ना उन पर आधारित हो, ऐसे शाश्वत सुख की प्राप्तिहै। ऐसा सुख सिर्फ हृदय में विराजित अद्वितीय सियाराम के साथ जीव भाव के एकाकार होने पर ही संभव है। भारतीय वांग्मय में इसके अनेक मार्ग हैं जिसमें भक्ति एक उत्कृष्ट मार्ग है। भक्ति यानी इष्ट के प्रति पूर्ण समर्पण कैसा हो, इसको माता सीता ने चरितार्थ करके साधकों का मार्गदर्शन किया है सीता जी के जीवन में ऐसी भक्ति के सूत्र कहाँ-कहाँ मिलते हैं, भक्ति का पथ क्या है और कैसे उस पर चल कर अपनी स्वरूपावस्था में स्थित हुआ जा सकता है इसी विषय पर इस शोध प्रत्र में कुछ चर्चा की गई है।

4. संदर्भ

1. तुलसीदास, संवत् 2081, राम चरित मानस, गीता प्रेस, गोरखपुर।
2. देवी महात्म्य (अर्गला स्तोत्र") मार्कण्डेय पुराण 2017, अध्याय 81 से 93, गीता प्रेस, गोरखपुर।
3. वाल्मीकि रामायण, 2021, गीता प्रेस, गोरखपुर।
4. भगवत गीता, संवत् 2054, गीता प्रेस, गोरखपुर।
5. गीतावली, 2014, गीता प्रेस, गोरखपुर।
6. कवितावली, 2014, गीता प्रेस, गोरखपुर।
7. मोरारी बापू, भावार्थ रामायण, मानस प्रकाशन, नयी दिल्ली -5.
8. प्रचलित लोक काव्य से।

रामराज्य : सतत और समावेशी शासन का आदर्श मॉडल



स्मिता कुमारी
पटना विश्वविद्यालय, पटना
(smita.san@patnawomenscollege.in)

भारतीय परंपरा में 'रामराज्य' केवल एक धार्मिक आदर्श नहीं, बल्कि सुशासन, न्याय, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। वाल्मीकि रामायण, तुलसीकृत रामचरितमानस तथा अन्य ग्रंथों में वर्णित रामराज्य का स्वरूप मानव-केंद्रित, प्रकृति-सम्मत और नैतिक मूल्यों पर आधारित शासन की अवधारणा प्रस्तुत करता है। आधुनिक युग में जब 'सतत विकास', 'समावेशी शासन' और 'मानवाधिकार' जैसे विषय वैश्विक विमर्श का केंद्र हैं, तब रामराज्य की अवधारणा अत्यंत प्रासंगिक बन जाती है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य रामराज्य की ऐतिहासिक, सामाजिक, दार्शनिक और व्यावहारिक व्याख्या करते हुए इसे सतत एवं समावेशी शासन के आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है।

1. प्रस्तावना

भारतीय चिंतन परंपरा में 'राज्य' केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि नैतिकता, धर्म और लोक-कल्याण का प्रतीक रहा है। 'राजा' को ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया, जिसका प्रमुख कर्तव्य था- प्रजा के सुख, सुरक्षा, समानता और पर्यावरण का संरक्षण। इसी आदर्श को पूर्णरूपेण मूर्त करने वाला राज्य था- **रामराज्य**। 'रामराज्य' केवल एक धार्मिक आदर्श नहीं, बल्कि सुशासन, न्याय, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। वाल्मीकि रामायण, तुलसीकृत रामचरितमानस तथा अन्य ग्रंथों में वर्णित रामराज्य का स्वरूप मानव-केंद्रित, प्रकृति-सम्मत और नैतिक मूल्यों पर आधारित शासन की अवधारणा प्रस्तुत करता है। जिसकी विशिष्टता है- सबके साथ निष्पक्ष व्यवहार और सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति। जिसमें राज्य की सभी नीतियाँ प्रजा के हित, न्याय और समान अवसरों पर आधारित हों।

रामराज्य और सतत विकास का दृष्टिकोण- भारतीय दर्शन में सतत विकास *(Sustainable Development)* की संकल्पना अति प्राचीन काल से ही विद्यमान है जिसका अर्थ है- वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से समझौता न करना। यह विकास की उस अवधारणा का प्रतिपादन करता है जो केवल भौतिक नहीं, बल्कि नैतिक और पारिस्थितिक है। यह संपूर्ण सृष्टि ईश्वर से आच्छादित है। ईश्वर ने हमें जो संसाधन प्रदान किया है वह सब के लिए है। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हम इन संसाधनों का संयमित रूप से प्रयोग करें तभी सतत विकास संभव है। भारतीय संस्कृति त्याग पूर्वक भोग करने का संदेश देती है, राम उसी त्यागाधारित संस्कृति के प्रतिनिधि हैं जिसमें यह कहा गया है -

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।

(ईशावास्योपनिषद् मंत्र-1)

भारतीय संस्कृति भी यही संदेश देती है कि स्वार्थ का परित्याग करते हुए संयमपूर्वक भोग करें, अधिकाधिक पाने की लालसा नहीं रखें। रामायण इसी संयम की नीति को व्यवहार में लाता है। त्याग वृत्ति वाला शासक ही रामराज्य ला सकता है। राम ने अपना सर्वस्व इसलिए त्याग दिया कि लोक प्रसन्न और सुखी रहे। । वाल्मीकि कहते हैं कि राम का राज्याभिषेक हुए एक महीने से अधिक हो गया तब से सभी लोग नीरोग दिखाई देते हैं। वृद्ध व्यक्तियों के पास भी मृत्यु नहीं भटकती। स्त्रियाँ बिना कष्ट सहे ही प्रसव करती हैं। सभी मनुष्य हृष्ट-पुष्ट दिखाई देते हैं। सभी पुरवासी हर्षित एवं प्रसन्नचित्त हैं। मेघ अमृत के समान जल गिराते हुए समय पर वर्षा करते हैं। शीतल और सुखद स्पर्श वाली वायु बहती है। **(वा. रा., उत्तरकाण्ड, 41.18-21)** रामराज्य में समाज और प्रकृति दोनों का संतुलन था। वर्षा समय पर होती थी, अन्न भण्डार पर्याप्त था, पशु-पक्षी निर्भय थे। रामराज्य शासन के उस आदर्श का प्रतिरूप है जहाँ प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक- कोई भी पीड़ा समाज को नहीं सताती। तुलसीदास जी कहते हैं-

राम राज नभगेस सुनु सचराचर जग माही।
काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहूहि नाहि।।
(रामचरितमानस-उत्तरकाण्ड- दोहा 21)

यह सब सतत और समावेशी शासन (Sustainable and Inclusive Governance) की विशेषताएँ हैं। इससे स्पष्ट है कि रामराज्य में सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक संतुलन सर्वोपरि था। 21वीं सदी में जब विश्व 'जलवायु परिवर्तन', 'आर्थिक असमानता' और 'सामाजिक विभाजन'

जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब रामराज्य का आदर्श प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग द्वारा सतत विकास, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुँचाने के लिए समावेशी नीति निर्माण, भ्रष्टाचार मुक्त, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन, सांस्कृतिक एकता और लोक कल्याण हेतु मार्गदर्शन करता है। महात्मा गाँधी ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत करते हुए भारतीयों को स्वराज्य पाने के लिए प्रेरित किया था । गाँधी ने 1929 में **'यंग इंडिया'** में रामराज्य के बारे में लिखा था। वे इसे एक राजनीतिक रूप से संगठित समाज के रूप में देखते थे जो धार्मिकता को बनाए रखता है और सभी आयु वर्गों, सामाजिक वर्गों, जीवित प्राणियों और पृथ्वी के लिए सुख लाता है। उनका मानना था कि रामराज्य एक सच्चा लोकतंत्र है जहाँ सबसे गरीब व्यक्ति भी जटिल प्रक्रियाओं के बिना शीघ्र और निष्पक्ष न्याय की उम्मीद कर सकता है। रामराज्य मानवता का पवित्र और नागरिक दृष्टिकोण है, जो सत्व-रज के माध्यम से मानवीय व्यवहारों और निर्णयों को प्रभावित करता है।

आज जब 'सतत विकास', 'समावेशी शासन' और 'मानवाधिकार' जैसे विषय वैश्विक विमर्श का केंद्र हैं, तब रामराज्य की अवधारणा अत्यंत प्रासंगिक बन जाती है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य रामराज्य की ऐतिहासिक, सामाजिक, दार्शनिक और व्यावहारिक व्याख्या करते हुए इसे सतत एवं समावेशी शासन के आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है।

2. रामराज्य की अवधारणा का ऐतिहासिक एवं दार्शनिक आधार

प्राचीन भारत में राजधर्म के रूप में शासन की कला और राज्यशास्त्र की परंपरा स्थापित की गई थी जिसका उद्देश्य व्यक्ति, समाज, उसके आचार-व्यवहार, प्रायश्चित एवं परंपरा आदि का संरक्षण करना था। राजधर्म का स्वतंत्र विवेचन सर्वप्रथम धर्मशास्त्रों में किया गया। धर्मसूत्रोत्तर काल में मनु ने राजधर्म का प्रणयन किया जिसमें राजत्व की शर्तें हैं- दंड, सुरक्षा, विजय, आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास, मानवीय मूल्यों का विस्तार, वैदिक व्यवस्था की स्थापना, संधि और विग्रह आदि। यह नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के आधार पर राजा का प्रजा एवं राज्य के प्रति व्यवहार तथा उत्तरदायित्व का विवेचन करता है। मनु ने शासन-व्यवस्था का वर्णन करते हुए राजा के सभी निर्णयों में जनहित, राजकोष और आर्थिक समृद्धि को ध्यान में रखे जाने की बात कही है। **(मनुस्मृति,अध्याय 7)** राजा के कर्तव्यों का जो विवरण प्रस्तुत किया गया उसका सार राजधर्म है। **(आपस्तम्ब धर्मसूत्र 2.8.25)** पी०वी० काणे राजधर्म को सभी धर्मों का सार मानते हैं। **(काणे, 1965, भूमिका)** राजधर्म से विश्व एवं उसके समस्त प्राणियों का कल्याण संभव है। रामराज्य में एक आदर्श शासन-व्यवस्था के सभी तत्व सन्निहित थे। अतः रामराज्य के मूल सिद्धांतों एवं विशेषताओं का अध्ययन अपेक्षित है-

धर्म और शासन का समन्वय- भारतीय शासन-दर्शन में **धर्म** ही शासन का आधार है। 'राजधर्म' केवल प्रशासनिक नीति नहीं, बल्कि नैतिक अनुशासन है। महर्षि वाल्मीकि के शब्दों में राम धर्म के साकार रूप हैं- **रामो विग्रहवान् धर्मः साधुः सत्यपराक्रमः। (वा. रा. अरण्यकाण्ड - 37.13)** धर्म सत्य की क्रियामूलक अभिव्यक्ति है और सत्य धर्म का सारभूत तत्व है। राम का चरित्र सत्य और धर्म का युगल अधिष्ठान है-

धर्मिष्ठः सत्य संधश्च पितुर्निर्देशकारकः।
त्वयि धर्मश्च सत्यं च त्वयि सर्वं प्रतिष्ठितम्॥

(वा. रा. अरण्यकाण्ड - 9.7)

सत्य धर्म का निष्ठापूर्वक आचरण राम के चरित्र में अंतर्निहित एक महान जीवन मूल्य है। विपत्तियों से घिरे होने पर भी जिससे तिल भर भी नहीं डिगते। वह सुग्रीव को स्पष्ट शब्दों में कहते हैं- **अनृतं नोक्तपूर्वं मे न च वक्ष्ये कदाचन। (वा. रा. किष्किन्धाकाण्ड - 7.22)** राम को युवराज के रूप में देखने की इच्छुक प्रजा भी राम की सत्यनिष्ठा की प्रशंसा करती है- **रामः सत्पुरुषो लोके सत्यः सत्यपारायणः। (वा. रा. अयोध्याकाण्ड - 2.29)**

न्याय और समानता का आदर्श- श्रीराम ने धर्म को शासन का केंद्र बनाकर यह सिद्ध किया कि **न्यायपूर्ण शासन वही है जो धर्मसंगत हो।** रामराज्य में किसी के साथ अन्याय नहीं होता, न कोई दुःखी होता, न ही कोई भयभीत। तुलसीदास ने लिखा है—

दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज नहिं काहुहि ब्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीति। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति॥

(रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड)

रामराज्य में न्याय व्यवस्था पूर्णतः निष्पक्ष थी। श्रीराम ने स्वयं भी लोकमत का सम्मान करते हुए व्यक्तिगत हित से ऊपर न्याय को रखा। सबके प्रेरणापुंज राम सर्वत्र न्याय की रक्षा में तत्पर दिखते हैं। लाभ एवं लालच के कीचड़ में आकण्ठ निमग्न हर क्षण अधीर होते हुए जनमानस के लिए उन्होंने धैर्य और त्याग का मंत्र दिया। उनकी त्याग वृत्ति ही रामराज्य की सबसे मजबूत आधारशिला है। अपने राज्य एवं परिवार की सुख शांति के लिए वह अपने वैयक्तिक सुख का परित्याग कर देते हैं। लोक कल्याण के लिए अपनी प्रियतमा पत्नी तक का त्याग कर देते हैं। 'सीता-त्याग' प्रसंग इस बात का प्रमाण है कि शासक को लोक आस्था और नैतिकता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। राष्ट्रहित के समक्ष निज हित का त्याग करते हुए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। लोक निरंजन के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले राजाराम की यह प्रतिज्ञा है-

स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा।।
(उत्तररामचरित- 1.12)

आधुनिक समाज में जहां जनता, नेता, सत्ताधारी, पदाधिकारी, शासक-शासित, पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई, गुरु-शिष्य, परिवार एवं समाज के प्रत्येक स्थल पर विचार-वैभिन्य एवं मत-मतांतर हैं। ऐसे समय में रामराज्य के समदर्शिता मूलक दृश्यों एवं चरित्रों का समीक्षात्मक विश्लेषण अत्यंत अपेक्षित है। ये सामाजिक समावेशन के अद्भुत उदाहरण हैं, जिनमें शासन 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित था। रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने धर्म-दर्शन एवं नीति-रीति के साथ-साथ सामाजिक आचार-विचार का सर्वांगीण आदर्श प्रस्तुत किया है । राम मानवता के महान् मानदंड है। उनकी दृष्टि में संपूर्ण मानव समाज एक समान है। वे सबको समान भाव से देखते हैं एवं मिलते हैं।

3. रामराज्य और सतत विकास का दृष्टिकोण

आधुनिक संयुक्त राष्ट्र की सतत विकास अवधारणा (Sustainable Development Goals - SDGs) में तीन प्रमुख स्तंभ हैं— आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन। रामराज्य इन तीनों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।
(क) आर्थिक समृद्धि और न्यायपूर्ण वितरण- रामराज्य में कोई गरीब या भूखा नहीं था। कृषि, व्यापार और श्रम- सभी के लिए समान अवसर थे। स्पष्ट है कि शासन का उद्देश्य समृद्धि का न्यायपूर्ण वितरण था, न कि केवल राजसत्ता का केंद्रीकरण। अयोध्या नगरी धन-धान्य से संपन्न थी। बालकांड में मागधी नदी के दोनों तटों पर फसलों से हरे भरे सुंदर उपजाऊ खेतों की शोभा का वर्णन है। **(वा. रा. बाल कांड - 32.10)** कृषि कार्य करने वालों के लिए कृषिजीविनः विशेषण के प्रयोग से यह पता चलता है उस समय लोग साधारणतया अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर थे। **(वा. रा. अयोध्या काण्ड - 67.18)** एक बड़े जनसमुदाय की आजीविका का साधन पशुपालन भी था। यही कारण था कि राजा दशरथ अपने चारों पुत्रों के विवाह के समय प्रत्येक पुत्र के मंगल के लिए धर्मानुसार एक-एक लाख गाौएँ ब्राह्मणों को दान करते हैं। **(वा. रा. बाल काण्ड - 71.22)** दन्तकार, बढ़ई आदि पेशे का भी वर्णन है। स्पष्टतः रामायण कालीन समाज एक श्रमजीवी समाज था जिसमें चारों वर्णों के लोग अपने कर्तव्यों का पालन पूरी तन्मयता से करते थे और प्रजा का उत्थान ही राज्य का लक्ष्य था।
(ख) पर्यावरण-संरक्षण और प्रकृति-सम्मान- रामराज्य की परिकल्पना प्रकृति के साथ सामंजस्य में थी। श्रीराम स्वयं वनवास काल में प्रकृति के साथ सह अस्तित्व का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे वनस्पतियों, नदियों, पर्वतों का सम्मान करते हैं, जिससे 'ईको-सिविलाइजेशन' का आदर्श सामने आता है। भारतीय परंपरा में सतत विकास का आधार धर्म, समरसता और संयम है। रामायण का यह दृष्टिकोण आज की पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान में दिशा प्रदान कर सकता है। भारतीय संस्कृति में *प्रकृति* को माता कहा गया है - "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" (अथर्ववेद १२.१.१२)। जिसका अभिप्राय है कि मनुष्य और प्रकृति में कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों एक ही चेतना के दो रूप हैं। वाल्मीकि रामायण इस चेतना का काव्यमय प्रकटीकरण है। यहाँ प्रकृति केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि सहचर के रूप में चित्रित है। तुलसीदास भी कहते हैं–

फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन। रहहिं एक संग गज पंचानन।।
खग मृग सहज बयरु बिसराई। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई।
बिधु महिपूर मयूरखन्हि रबि तप जेतनेहि काज।
मागें बारिद देहिं जल रामचन्द्र के राज।।
(रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड)

यह रामराज्य तुलसी का सुखद स्वप्नलोक है जिसकी कामना वे सामाजिक व्यवस्था के रूप में करते थे। वनों में वृक्ष सदा फूलते और फलते हैं। हाथी और शेर वैर भूलकर एक साथ रहते हैं। पशु-पक्षी सब ने आपस में वैर-भाव को भुलाकर प्रेम बढ़ा लिया है, वे नाना प्रकार के मनोहर शब्द करते हैं। शीतल मन्द सुगन्धित वायु बह रही है। भ्रमर मकरन्द वहन करते हुए विहार कर रहे हैं। लता और वृक्ष माँगते ही मधु की वर्षा कर रहे हैं। गायें इच्छानुसार दूध देती हैं। धरती अन्न से सम्पन्न है, त्रेता मानो सतयुग हो गया हो। विविध पर्वतों से नाना प्रकार की मणियाँ प्राप्त होती हैं। सभी नदियों में सुन्दर जल प्रवाहित होता है, उनका जल निर्मल एवं सुस्वादु है। सागर अपनी मर्यादा में है, और तटों पर स्वयं रत्न डाल जाता है। तालाब कमलों से परिपूर्ण हैं, दसो दिशाओं के प्रदेश प्रसन्न हैं। रामचन्द्र के राज में चन्द्रमा अपनी किरणों से पृथ्वी को भर देता है। सूर्य अनुकूलता से ही तपता है और बादल आवश्यकतानुसार बरसते हैं। इस प्रकार रामराज्य में न सिर्फ मनुष्य बल्कि प्रकृति भी अनुशासित, मर्यादित आचरण करती है।

राम के वनगमन से लेकर रामराज्य तक, हर चरण में प्रकृति के साथ मनुष्य का सामंजस्य दिखाई देता है। यही सामंजस्य सतत विकास का मूल है। सतत विकास का यह आयाम आधुनिक पर्यावरण नीतियों से भी अधिक गहरा और संवेदनशील है। रामराज्य में प्रकृति भी सुखद और अनुकूल थी।

(ग) सामाजिक पूंजी और मानवीय विकास- रामराज्य में शिक्षा, धर्म, कला, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण था। मनुष्य का विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक उन्नति पर आधारित था। राम राज-संचालन में नीति को प्रमुखता देते हैं। वन जाते समय वह सुमन्त्र से कहते हैं कि ननिहाल से आते ही भरत को मेरा यह सन्देश देना कि राजा बनने के बाद वे किसी भी रूप में नीति का त्याग न करें। प्रजा का मन, कर्म, वचन से पालन करें और सभी माताओं को समान मानकर उनकी सेवा करे। किसी भी परिस्थिति में राजा को नीति के अनुसार ही आचरण करना चाहिए। उसमें किसी प्रकार का राज-मद नहीं होना चाहिए। यह मानव-केंद्रित विकास का आदर्श रूप है। रामायण में एक ऐसे स्वस्थ समाज की संकल्पना है जहाँ परस्पर प्रेम, सौहार्द और निश्छलता का साम्राज्य है। रामायणकालीन संस्कृति भारतीय शिष्टाचार का आदर्श रही है। अतिथि सत्कार सर्वोपरि धर्म रहा है। **(व्यास, पृ-26)** अन्याय पर न्याय की अंततः विजय का निरूपण करना रामायण का प्रमुख आशावादी पक्ष है। यह धर्माधारित नैतिक मूल्यों का विशाल भंडार है और जीवन की ज्वलंत समस्याओं को दूर करने का सुलभ मार्ग है। यह मानवीय जीवन- मूल्यों का विश्वकोष है। इसके महान चरित्र अत्यंत प्राणवान और वास्तविक हैं। अनीति का दमन, नीति का उन्नयन, पशुता का विरोध और मानवता का प्रवर्धन- यही रामराज्य का आदर्श।

4. रामराज्य और समावेशी शासन का तात्विक विश्लेषण

समावेशी शासन का तात्पर्य है- शासन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी और समान अवसर। रामराज्य में यह समावेशन चार स्तरों पर देखा जा सकता है-

(क) राजनीतिक समावेशन - राम का शासन 'परामर्श-प्रधान' था। वे मंत्रिमंडल, ऋषियों, प्रजा-प्रतिनिधियों और भ्राताओं से परामर्श करके निर्णय लेते थे। यह परामर्श मूलक शासन आधुनिक लोकतंत्र की भावना से मेल खाता है। श्री राम भरत से कहते हैं कि नीति-शास्त्र निपुण एवं गोपनीयता का पालन करने वाले अमात्यों की मंत्रणा ही राजाओं की विजय का मूल मंत्र है-

एकोऽप्यमात्यो मेधावी शूरो दक्षो विचक्षणः।
राजनं राजपुत्रं वा प्रापयेन्महतीं श्रियम्॥
(वा. रा. अयोध्याकाण्ड - 100.24)

एक राजा को कैसा होना चाहिए, प्रजा एवं राष्ट्र के प्रति उनका क्या कर्तव्य होना चाहिए, राम इसके उत्कृष्ट आदर्श हैं। वन में भरत के मिलने आने पर उन्हें परोक्ष रूप से राजनीति का उपदेश देते हुए वह कहते हैं-

मंत्रो विजयमूलं हि राज्ञां भवति राघव।
सुसंवृत्तो मन्त्रिधुरैरमात्यैःशास्त्रकोविदैः।
(वा. रा. अयोध्याकाण्ड - 100.16)

राजागण अपने मंत्रियों सभासदों और प्रजाजनों के प्रति सम्मान प्रकट किया करते थे। महाराज दशरथ अपने सभासदों के नमस्कार का उत्तर हाथ जोड़कर दिया करते थे। राजकीय अनुसार भी आदरणीय माने जाते थे। शरणागत की रक्षा करना राजा का परम धर्म है। राम की शरण में श्रद्धा के साथ आने वाले प्रत्येक प्राणी की राम ने रक्षा की है। सुग्रीव, विभीषण, अंगद आदि इसके उदात्त उदाहरण है। **(वा. रा. किष्किंधाकाण्ड - 6.24-26)**

(2) <u>सामाजिक समावेशन</u>- राम के आदर्शों के मार्ग पर चलते हुए ही राम को पाया जा सकता है, एक सुसंस्कृत राममय समाज गढ़ा जा सकता है। पीड़ाओं, व्यथाओं के झंझावात में भी सदाचार का मार्ग न छोड़ने वाले राम अपने ऐसे ही दुर्लभ गुणों के कारण आज प्रासंगिक हैं। जंगल-जंगल भटकने के बजाय अयोध्या के राजकुमार राम यदि पिता के इस कठोर निर्णय के विरुद्ध विद्रोह कर देते, वनवास से इनकार कर देते तो राज सुख भोग रहे होते। ऐसे विद्रोह से राम राजा तो बन जाते लेकिन जनप्रिय नहीं बन पाते, मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं बन पाते। वन-वन भटकने वाले राम का राजत्व तो इसमें है कि शोषितों, वंचितों, पीड़ितों के निकट जाकर उन्होंने उनकी सुध ली। राम ने समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोने की चेष्टा की। केवट को अपने हृदय से लगाकर, वनवासिनी शबरी को मातृतुल्य सम्मान देकर, वंचित शोषित सुग्रीव को न्याय दिलाकर, वनवासी, तपस्वियों, ऋषियों की आततायी राक्षसों से रक्षा का उत्तरदायित्व निभाकर उन्होंने एक सच्चे राजा होने का कर्तव्य निभाया। उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना की । उन्होंने अपने कृत्यों से यह आदर्श प्रस्तुत किया की समतामूलक दृष्टि रखने वाले ऐसे राजाओं, शासको की पहुँच समाज के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। ऐसे महान् जीवनमूल्यों की स्थापना राजमहल में सिंहासन पर बैठे-बैठे नहीं होती। उसके लिए कंटकाकीर्ण मार्गों पर चलकर सत्य का साक्षात्कार करना होता है ।समाज की व्यथा को अपनी आंखों से देखकर महसूस करना पड़ता है। **(शाश्वती, पृ.-238)** राम प्रजावत्सलता का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। रामचरितमानस में राम का यह स्पष्ट कथन है कि जिस राजा के राज्य में प्रजा दुःखी रहती है वह राजा अवश्य ही नरक का अधिकारी होता है- **जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। सो नृपु अवसि नरक अधिकारी।** (**रामचरितमानस-अयोध्याकाण्ड**) विश्वनाथ त्रिपाठी लिखते हैं "सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी में कोई व्यक्ति कहीं भी समाजवादी व्यवस्था की कल्पना नहीं कर सकता था। तुलसी सामन्ती व्यवस्था की त्रुटियाँ ही देख सकते थे, प्रजा के सुखी और राजा के प्रतिपालक रूप की ही कल्पना कर सकते थे। **(लोकवादी तुलसीदास, पृ.98)।"** राम का लक्ष्य राजा बनकर राजर्षि ठाठ भोगना नहीं था अपितु समाज में व्याप्त पीड़ा और दुःख का नाश करना था-

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां केवलमार्तिनाशनम्॥
(महाभारत, द्रोण पर्व)

श्रीराम ने वनवासी, निषाद, शबरी जैसे समाज के वंचित वर्गों को भी सम्मान और समानता का स्थान दिया। यह सामाजिक समावेशन और 'अंत्योदय' की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

(3) आर्थिक समावेशन- रामराज्य में प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार अवसर मिले। न कोई भूखा था, न बेरोजगार। यह 'inclusive growth' का आदर्श मॉडल है। रामराज्य में समाज का प्रत्येक वर्ग- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र- अपने कर्तव्यों में संतुष्ट और परस्पर सम्मान में स्थित था। किसी के साथ भेदभाव नहीं था। तुलसीदास ने इस स्थिति का अति सुंदर वर्णन किया है-

"अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा। सब सुन्दर सब बिरुज सरीरा॥
नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना॥"
(रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड)

रामराज्य में प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार अवसर मिलता था। न कोई भूखा था, न बेरोजगार। यह 'inclusive growth' का आदर्श मॉडल है। श्रीराम के विचारानुसार प्रत्येक व्यक्ति को उसकी क्षमता (capability) के अनुसार कार्य सौंपना चाहिए, जिससे वह अपनी वह अपनी क्षमता औ रप्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग कर सके -

"कच्चिन्मुख्या महत्स्वेव मध्यमेषु च मध्यमा:।
जघन्याश्च जघन्येषु भृत्या: कर्मसु योजिता:॥"
(वा.रा.अयोध्याकाण्ड-100.25)

श्रीराम के शासनकाल में **बुद्धिजीवियों** को उच्च पद प्रदान किए गए, जहाँ निर्णय क्षमता और योजना-निर्माण जैसे कार्यों की आवश्यकता थी। **मध्यम वर्ग** के लोगों को नियमित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई, जबकि **निम्न वर्ग (जघन्य)** के लोगों को ऐसे कार्य सौंपे गए जिनमें अधिक शारीरिक श्रम और कम बुद्धिमत्ता की आवश्यकता थी। श्रीराम सेवकों का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जो सेवक अपने स्वामी द्वारा दिए गए कार्य से भी अधिक कार्य कर दिखाता है, वह श्रेष्ठ सेवक पुरुषोत्तम कहलाता है। सक्षम होते हुए भी जो केवल अपेक्षित कार्य ही करता है, वह मध्यम नर कहलाता है। जो स्वामी के आदेशों की अवहेलना करता है और कार्य नहीं करता, वह निकृष्ट नर कहलाता है। **(वा.रा.युद्धकाण्ड-1.7-9)**
(4) नैतिक समावेशन– श्री राम की नीतिमत्ता साधुता और सद्गुण संपन्नता सर्वोपरि है। रामराज्य में नैतिकता शासन की आत्मा थी। राजा से लेकर सामान्य प्रजा तक, सभी धर्मानुसार आचरण करते थे। यही 'moral inclusivity' की नींव थी। श्री रामचंद्र जी के राज्य पर प्रतिष्ठित हो जाने पर तीनों लोक हर्षित हो गए। उनके सारे शोक जाते रहे। कोई किसी से वैर नहीं करता। श्री राम के प्रताप से सब की विषमता (आंतरिक भेदभाव) मिट गई। तुलसीदास जी कहते हैं-

बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग॥
(रामचरितमानस- उत्तरकाण्ड)

तुलसीदास के वर्णाश्रम पर विचार करते हुए उदयभानु सिंह ने लिखा है "उनकी दृष्टि में मानव-धर्म, वर्ण-धर्म, आश्रम-धर्म, राज-धर्म और स्त्री-धर्म धर्म के प्रमुख रूप हैं; इनके समुचित परिपालन पर ही समाज का कल्याण निर्भर है। अपनी धर्म-भावना की इसी पृष्ठभूमि में उन्होंने अपने युग की धार्मिक-सामाजिक परिस्थितियों का चित्रण किया है (*तुलसी काव्यमीमांसा*, पृष्ठ-193) पुनीत राज-व्यवस्था के लिए तुलसी धार्मिक निष्ठा, भावात्मक एकता, आत्मबल, चारित्रिक दृढ़ता को नितान्त आवश्यक मानते हैं–

सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरन सेवक नर नारी॥
एकनारि व्रत रत सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी॥
(रामचरितमानस- उत्तरकाण्ड)

अयोध्या के सभी नर-नारी उदार हैं, सभी परोपकारी हैं। ब्राह्मणों के चरणों के सेवक भी हैं। सारे पुरुष एक पत्नीव्रत का पालन करते हैं और स्त्रियाँ मन, वचन और कर्म से पति का हित करने वाली हैं।"

कवि समाज की दिव्य दृष्टि एवं सशक्त स्रष्टा होता है। निश्चय ही गोस्वामी तुलसीदास जी का लक्ष्य रामत्व को, राम के द्वारा स्थापित आदर्शों को,जन-जन के मन में पिरो देना है जिससे एक सुसंस्कृत समाज का निर्माण हो सके,जीवन मूल्यों की रक्षा हो सके । राम के दिव्य चरित के प्रभाव से किसी भी व्यक्ति के हृदय में कवित्व जाग सकता है- राम तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है। कोई कवि बन जाये सहज संभाव्य है॥ **(साकेत - सर्ग 5)**
तुलसीदास के अनुसार, रामराज्य शारीरिक, आध्यात्मिक और दैहिक कष्टों का निवारण करता है, जिससे शांतिपूर्ण जीवन नियमों और नैतिकता का

पालन होता है। यह सत्य, पवित्रता, करुणा और दान को भी बढ़ावा देता है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में अपने अनुभूत जीवन का बहुत गहरा और व्यापक चित्रण किया है। उन्होंने राम के परम्परा-प्राप्त रूप को अपने युग के अनुरूप बनाया है। उन्होंने राम की संघर्ष-कथा को अपने समकालीन समाज और अपने जीवन की संघर्ष-कथा के आलोक में देखा है। उन्होंने वाल्मीकि और भवभूति के राम को पुनः स्थापित नहीं किया है अपने युग के राम का चित्रण किया है।

5. रामराज्य में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संवर्धन

न्याय और शासन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शैक्षणिक एवं बौद्धिक रूप से समृद्ध एवं संपन्न होना आवश्यक माना गया है। वाल्मीकि रामायण में उत्कृष्ट शैक्षिक स्थिति का वर्णन उपलब्ध होता है ।सभी द्विजों को शिक्षा का अधिकार था। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को सत्यवादी, सुशिक्षित एवं सुसंस्कृत बनाना था। गुरु शिक्षा हेतु ऐसे शिष्य का चयन करते थे जो संस्कारी, सदाचारी, सुयोग्य एवं उत्साही होता था। रामायण कालीन समाज में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना,जीवन के आदर्श मूल्य का अनुकरण करना और कर्तव्यपरायण होना होता था। विद्यार्थी गुरु आश्रम में ही निवास कर सुयोग्य अनुभवी एवं प्रशिक्षित आचार्यों की देखरेख में मानसिक आध्यात्मिक और नैतिक गुणों को विकसित करते थे। शिष्य के लिए गुरु का चरित्र आदर्श एवं अनुकरणीय होता था।**(वा. रा. अयोध्याकाण्ड- 111.31)** स्वयं राम एवं उनके भाइयों ने परंपरागत प्रणाली का अनुरण करते हुए विद्याध्ययन किया था। छात्र जीवन में आत्मानुशासन एवं इंद्रियों के संयम पर विशेष बल दिया जाता था। विद्या को तप की तरह अर्जित करना होता था। तपस्वी की भांति विद्यार्थी से त्याग और सहिष्णुता की अपेक्षा की जाती थी। स्नातक तक ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना पड़ता था। अध्ययन की समाप्ति के उपरांत की गृहस्थ आश्रम में प्रवेश मिल सकता था। स्पष्ट है कि राम राज्य में शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, संस्कार और परंपरा की रक्षा करना था।

6. रामराज्य में नारी की स्थिति

वेदों में नारी को 'अर्धांगिनी' की संज्ञा दी गई है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'—यह दृष्टिकोण भारतीय समाज में नारी के सम्मान की प्रतिष्ठा करता है। रामायण इसी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में रचित है जिसमें नारी को केवल गृहिणी या माता के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक निर्णयों की धुरी के रूप में भी देखा गया है। सीता का आत्मबल, कैकेयी की निर्णयशक्ति, तारा की नीति, मंदोदरी की चेतना और शबरी की श्रद्धा—इन सबके माध्यम से यह ग्रंथ नारी की अंतःशक्ति का उद्घोष करता है। नारी का स्वरूप बहुआयामी है- कभी वह करुणा और त्याग की प्रतीक है, तो कभी नीति, शक्ति और आत्मसम्मान की ध्वजवाहिका। वह परिवार की मर्यादा की रक्षक और समाज की नीति-नायिका दोनों है। नारियों को समाज में सम्मान प्राप्त था। लोगों में नारी के प्रति द्वेष, द्रोह एवं घृणा की भावना का वर्णन नहीं है। नारी को भी घरों में ही समुचित रूप से शिक्षा दी जाती थी। श्रौत एवं स्मार्त क्रिया और मंत्रों के विषय में उन्हें समुचित ज्ञान का उल्लेख प्राप्त होता है।

सा क्षौमवसना हृष्टा नित्यं व्रत परायणा।
अग्निं जुहोति स्म सदा मंत्रवत् कृतमंगला॥
(वा. रा. अयोध्याकाण्ड- 20.15)

नारियों को समाज में सम्मान प्राप्त था। लोगों में नारी के प्रति द्वेष, द्रोह एवं घृणा की भावना का वर्णन नहीं है। लेकिन कन्या, बहन और अनुज-वधूको कामदृष्टि से देखने पर मृत्यु दंड का विधान था इसीलिए श्री राम ने अपने छोटे भाई सुग्रीव की पत्नी का अपहरण करने वाले लोकाचार से भ्रष्ट कपीश्वर बाली का वध कर डाला। **(वा. रा. किष्किंधाकाण्ड- 18.22)** रामराज्य की स्त्रियाँ पुरुष सत्ता के अधीन नहीं, बल्कि अपने नैतिक विवेक की स्वामिनी हैं। वे केवल गृहस्थ जीवन की सीमाओं में बंधी नहीं है, बल्कि वह समाज में सत्य, न्याय और धर्म के आदर्शों को दिशा देने वाली भी है। सीता का चरित्र भारतीय नारीत्व की पराकाष्ठा है। वह केवल राम की पत्नी नहीं, बल्कि धर्म की मूर्त स्वरूप हैं। उनकी भावनाएँ, निर्णय और त्याग इस महाकाव्य को मानवीय बनाते हैं।

7. निष्कर्ष

रामराज्य केवल एक पौराणिक या धार्मिक आदर्श नहीं, बल्कि एक **सार्वकालिक शासन-दर्शन** है, जो धर्म, नीति, न्याय, और मानवता के समन्वय से विकसित हुआ। यह एक आदर्श समतापूर्ण समाज एवं न्यायपूर्ण शासन का प्रतिनिधित्व करता है। वाल्मीकि विरचित रामायण में प्रचलित और मध्यकालीन रामचरित मानस में तुलसीदास द्वारा आगे प्रचारित, रामराज्य की अवधारणा में एक मानवीय दृष्टिकोण अंतर्निहित है जो सदाचार, शांति और सद्भाव पर ज़ोर देता है। यह मॉडल आधुनिक शासन की अनेक जटिलताओं का समाधान प्रस्तुत करता है —**नैतिक शासन की पुनर्स्थापना, सतत विकास के साथ सामाजिक समानता, पर्यावरणीय संतुलन और सांस्कृतिक संरक्षण**। इसलिए इसकी प्रासंगिकता अक्षुण्ण है।

यदि वर्तमान प्रशासनिक ढांचा रामराज्य के मूल सिद्धांतों धर्म, न्याय, लोककल्याण, और समरसता- को व्यवहार में उतारे, तो एक **सतत, समावेशी और मानव-केंद्रित शासन व्यवस्था** संभव है। रामराज्य की भावना से प्रेरित होकर आज भी कई नीतियाँ भारत में सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं—सर्वाधिक वंचितों के उत्थान हेतु **अंत्योदय योजना**, सामूहिक उत्तरदायित्व के लिए **स्वच्छ भारत अभियान**, **सतत विकास लक्ष्य**

(SDGs) के साथ **लोककल्याणकारी नीतियाँ, पर्यावरण न्याय और ग्राम स्वराज्य** (गांधीजी का भी 'रामराज्य' आदर्श इसी पर आधारित था) इत्यादि।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि यदि हम अपने समृद्ध **भारतीय परंपरा और मूल्यों** को व्यवहार में उतारना चाहते हैं, तो हमें अपने सामाजिक और नैतिक मूल्यों को हर रूप में और हर स्तर पर बनाए रखना होगा। यही रामायण और उसके राम राज्य का सच्चा संदेश और आधुनिक नेतृत्व के लिए अमूल्य प्रेरणा है।

8. संदर्भ- ग्रन्थ

1. *आपस्तम्ब धर्मसूत्र*.(1895) विद्यामुद्राराक्षरशाला, कुम्भकोणम्.
2. *ईशावास्योपनिषद्* (सं 2060). गीता प्रेस, गोरखपुर.
3. Kapoor, K. (2010). *Bhartiya shasan-darshan.* New Delhi: Delhi University Publications.
4. काणे, पी०वी०. (1965).*धर्मशास्त्र का इतिहास.* हिंदी समिति, सूचना-विभाग, लखनऊ.
5. गुप्त, मैथिलीशरण (2013) *साकेत*, श्री साहित्य सदन, चिरगाँव झाँसी.
6. तुलसीदास गोस्वामी (सं 2080). *श्रीरामचरितमानस*, गीताप्रेस गोरखपुर.
7. त्रिपाठी विश्वनाथ (2024). *लोकवादी तुलसीदास*.(सं0-11) राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली,
8. द्विवेदी, कपिल देव.(1968). *उत्तररामचरितम्* रामनारायण लाल बेनी माधव, इलाहाबाद.
9. भट्ट, कुल्लूक. (1982) *मनुस्मृति.* चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी.
10. *मनुस्मृति.*(2009 वि०). चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी.
11. *महाभारत.* (2015 वि०). गीता प्रेस, गोरखपुर.
12. मिश्र, शैलेश कुमार. (2022).*शाश्वती.*चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी.
13. यंग इंडिया (19.9.1929), पृष्ठ- 305.
14. राजशेखर, (1984) बाल रामायणम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी.
15. व्यास, शांति कुमार नानूराम. (1958). *रामायण कालीन संस्कृति,* सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली.
16. शर्मा उमाशंकर, (2008). *संस्कृत साहित्य का इतिहास*, चौखंभा भारती अकादमी, वाराणसी.
17. Sharma, R. N. (2008). *Dharma and governance in ancient India.* Varanasi: Chaukhamba Sanskrit Series.
18. *श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण* (सं 2064) (हिंदी अनुवाद सहित प्रथम खण्ड) गीताप्रेस गोरखपुर.
19. *श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण* (सं 2064) (हिंदी अनुवाद सहित द्वितीय खण्ड) गीताप्रेस गोरखपुर.
20. शास्त्री, श्रीधरानंद.(1986) *प्रतिमानाटकम्*. मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली.
21. सिंह, उदयभानु (1966). *तुलसीकाव्य मीमांसा*. राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली
22. United Nations Development Programme. (2023). *The sustainable development goals report* 2023. New York: United Nations.

मन्दोदरी- एक चरित्र



वीणा पाणि
(paniveena53@gmail.com)

मंदोदरी तत्कालीन व आधुनिक जीवन के संदर्भ में एक जीवंत चरित्र है | वे विदुषी है, साहसी है, नीति निपुण, व्यवहार कुशल, धैर्यशील नारी हैं | हमारे शास्त्रों में उन्हे पवित्र पंच कन्यायों में स्थान दिया गया है | रावण को सत्यमार्ग पर लाने के लिए मंदोदरी अनवरत प्रयत्नशील रहती हैं | प्रस्तुत प्रपत्र में इन्ही कुछ विंदुओं के आधार पर माता मंदोदरी के चरित्र को समझने का लाघव प्रयास किया गया है | यह शोधपत्र आठवीं अंतर्राष्ट्रीय रामायण अधिवेशन में प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है, जो 11-12-2025 से 13-12-2025 तक आई.आई.टी. रुड़की, उत्तराखंड, भारत में आयोजित किया जा रहा है |

माता मंदोंदरी एक ऐसी देदीप्यमान प्रकाश किरण हैं जो अपने उज्ज्वल चरित्र से नारी की गरिमा का दिग्दर्शन कराती हैं | वे सशक्त, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर विचारों वाली मृदुभाषी, व्यवहार, कुशल, नीतिनिपुण स्त्री हैं | उन्होंने ने विल्कुलविपरीत परिस्थितियों में, असहमति के चरम विंदु पर समत्व को साधते हुए स्वयं को, जीवन को तराशा है | न रावण से आहत हुयीं न उन्हे आहत करने का प्रयास किया | व्यावहारिक जीवन के आधार पर हम समझ सकते हैं- ऐसी उच्चकोटि की मनःस्थिति प्राप्त करने के लिए उन्हें कितनी ऊर्जा लगानी पड़ी होगी माँ मंदोदरी की पारदर्शी दृष्टि स्थिति को यथास्थिति रूप में प्रस्तुत करने में सदैव अचूक रही है | निःसंदेह उनके ऐसे पुरुषार्थ के नाते हमारे शास्त्रों ने उन्हे पाँच पवित्र कन्याओं में स्थान दिया है –

“ अहिल्या द्रौपदी तारा कुन्ती मंदोदरी तथा
पंचकन्याः स्मरेन्नित्यमं महापातक नाशनम्”||

आइये अब अपनी अल्प बुद्धि से माता मंदोदरी की चरित्रगत किलक्षणताओं को समझने का यत् किंचित प्रयास करते है ---

1. **अप्रतिम सुंदरी :-** माँ मंदोदरी परमसुंदरी हैं | वाल्मीकि रामायण में उनके सौन्दर्य का गरिमापूर्ण कथन है | भक्त शिरोमणि हनुमान जी को भी उन्हें देखकर एकबार सीता माता होने का भ्रम हो गया था |

शारीरक सौन्दर्य के साथ मंदोदरी में आत्मिक सौन्दर्य का प्रश्रय है | वे सुन्दर हैं क्योंकि उनमें आत्मिक बल है, चारित्रिक दृढ़ता है, कर्तव्य निर्बहन का प्रबल उन्मेष है | उनका जीवन वेद शास्त्रों के अवगाहन से सुसंस्कृत है | उनका मानसिक परिवेश ज्ञान और ईश सानिध्य से अप्लावित है जिसमें आकर्षण है,

दिव्यता है, तेज है और जीवनी शक्ति का स्फुट प्रवाह है | तनिक आगे बढ़कर हम कह सकते हैं कि माँ मंदोदरी में उस मंगलकारी चैतन्य का प्रस्फुटन है जो सृष्टिगत लयात्मकता को व्यवहारिक जीवन में समानुकूल बनाने की साधना करता है | कहाँ रावण की लंका, कहाँ साध्वी मंदोदरी- वे लंका की अवांछनियताओं से सर्वथा असंपृक्त रहती हैं |

“चंदन विष व्यापत नहीं लिपटे रहत भुजंग”|

2. **वेद विज्ञ विदुषी एवं धैर्यशीला :-** विदुषी होने के साथ माता मंदोदरी धैर्यशील भी हैं | उन्होंने वेद शास्त्रों का अध्ययन किया है, साथ ही वे विभिन्न कलाओं में भी निष्णात हैं | रावण से वे सौम्यतापूर्ण, धैर्यपूर्वक संवाद करतीं हैं | रावण से वे कहतीं हैं कि राम को सामान्य मनुष्य समझने की भूल कतई न करें –--

“अंगद हनुमत अनुचर जाके | रन बांकुरे वीर अति बाँके ||
तेहि कह पिय पुनि पुनि नर कहहू | मुधा मान ममता मद बहहू”||

अंगद व हनुमान के करतब लंका देख चुकी है, राम तो उनके स्वामी हैं, मंदोदरी रावण से कहती है की आप व्यर्थ मान, ममता और मद का भार सिर पर लादें हुए हैं –-

“कंत समुझि मन तजहु कुमतहिं | सोह न समर तुम्हहि रघुपतिहिं ||
पति रघुपतिहि नृपति जनि मानहु | अग-जग नाथ अतुल बल जानहु”||

कहाँ राम कहाँ आप ? समर तो बराबर वालों के साथ होता है, राम तो चराचर जगत के, सकल ब्रम्हांड के नाथ हैं | आपकी की तरह केवल एक

राजा नहीं हैं—आप जानिए कि-

"विश्व रूप रघुबंस मनि करहु बचन विस्वासु |
लोक कल्पना वेद कर अंग अंग प्रति जासु" ||

रघुवंश शिरोमणि श्रीराम विश्व रूप हैं | समस्त जगत उन्हीं का स्वरूप है, वेद उनके अंगों में विभिन्न लोकों को बताते हैं | सभी जानते हैं कि भगवान करुणासागर हैं, वे अहैतुकी कृपा करने वाले हैं | निषादराज, शबरी व वनवासियों के पास स्वयं चलकर आयें हैं | ऐसे राम का विरोध करना आपके लिए सर्वथा अशोभनीय है- वे आपका कल्याण करने के लिए यहाँ आयें हैं |

माता मंदोदरी लंका की स्थिति और रावण की मनोदशा, दोनों की नाजुकता और गंभीरता को स्पष्ट देख रहीं हैं, अब भी यदि रावण संभल जाएँ तो, बात बन सकती है | अतः विना किसी कटुता व तिक्तता के,परिणाम की चिंता भी न करते हुए- वे अनवरत रावण को सत्य मार्ग पर लाने के लिए प्रयास करतीं हैं, उनसे संवाद बनाए रखतीं हैं |

उनका यह प्रयास गीता के कर्म सिद्धांत का याद दिलाता है कि वस्तुतः व्यक्ति कर्म करने के लिए पूर्ण स्वतंत्र होता है | भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को पूरी गीता सुना दी, और कितने तरह से सुनायी पर अंत मे कह दिया, 'अब तुम्हें जो इच्छा हो करो' |

हम जानते है अर्जुन तो भक्त हैं, सखा हैं भगवान के, किन्तु रावण ? मंदोदरी पुनः दूसरे तरह से लंका पति को समझाने का प्रयास करती हैं उनकी आयु का संदर्भ उठाती हैं, उनकी यश कीर्ति का बखान करतीं हैं, उनका बल पौरुष याद दिलाते हुए उन्हें खुश करते हुए कहतीं हैं—

"चाहिऊ करन सो सब कर बीते | तुम सुर असुर चराचर जीते ||
संत कहहि अस नीति दसानन | चौथेपन जाइहि नृप कानन ||
तासु भजन कीजै तँह भर्ता | जो कर्ता पालक संहर्ता" ||

आपकी सभी इच्छाएं, जिन्हें पूरी होनी चाहिए थी, सब पूरी हो गयीं | आपने चराचर जगत को जीत लिया राजा को चौथेपन वन में जाकर ईश भजन करना चाहिए यही बात संतों ने भी कहीं हैं- स्वामी अब इस चौथेपन को तो आप सार्थक करें | इस तरह मंदोदरी पत्नी धर्म का पूर्णतः पालन करती हैं|

3. **नीति निपुणा व व्यवहार कुशला:-** माँ मंदोदरी सुसंस्कृत, व्यवहार कुशल व नीति कुशल स्त्री हैं | कब, कहाँ, किससे, कितना, क्या कहना है उन्हे अवसर व इंसान का पूर्ण संज्ञान है | हम देखते हैं कि उन्होंने रावण से प्रमुखतः इस संदर्भ में दो बातें कहीं हैं |

1. **माता सीता को लौटाने के लिए**
2. **दूसरी भगवान राम से विरोध छोड़ने की बात**

पहले हम माता सीता को लौटाने के सम्बन्ध में उनके संवादों को दृष्टिगत करते हैं-

हम जानते हैं कि रावण के अत्याचार से चहुँदिशि त्राहि-त्राहि मची हुई थी, सुर-असुर मानव सभी त्रस्त हैं, केवल दरबारियों को छोड़कर | अनीति की परिणति तो तब हो गई जब रावण जगत जननी को ही हर ले आया, माँ आदिशक्ति जगदंबा का हरण किया | शास्त्रों में कहा गया है है- **"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता".**

पूज्यन्ते अर्थात सम्मान किया जाना | मंदोदरी रावण से कहना चाहतीं हैं कि वे अज्ञान के उस अंधेरे में हैं कि माँ को ही नहीं पहचान पा रहे हैं, जिनसे यह सृष्टि है, जिनसे जीवन मिला है | अतः मंदोदरी अब विशेष रूप से सजग हो जातीं हैं | उन्होंने सीता माता को रावण के महल में नही ठहराने दिया | प्रत्युत उन्हे प्रकृति के सुरम्य वातावरण में, अशोक वाटिका में रखा गया | माता सीता भूमिजा हैं, वे प्रकृति की पुत्री हैं- उन्हें प्रकृति के सानिध्य में रखना उनकी पवित्रता व तेज को थोड़ा संभालें रखने में सहायक होगा | वाल्मीकि रामायण में भी लिखा है- **" सीता की पवित्रता लंका को भस्म कर देगी, वे वसुधा की भी वसुधा और श्री की भी श्री हैं" |**

एक बार रावण ने क्रोध में सीता के लिए अपना चन्द्रहास निकाल लिया तो मंदोदरी ने तुरंत हाथ पकड़ लिया | वाल्मीकि रामायण में मंदोदरी कहती हैं कि सीता को देखकर विभीषण ने कहा था को अब राक्षसों का विनाश निश्चित है

और मंदोदरी ने भी तुरंत रावण को चेताया और कहा –

"तव कुल कमल बिपिन दुखदायी| सीता सीत निसा सम आई" ||

वे कहती हैं कि शीत निशा सम सीता आपके कुल को निर्मूल कर देंगी | वे शक्ति हैं, काली हैं | माता मंदोदरी विनम्रता पूर्वक कहती हैं-

"सुनहु नाथ सीता बिनु दीन्हें | हित न तुम्हार संभु अज कीन्हें" ||

बिना सीता को लौटाए आपका कल्याण नहीं है | ब्रम्हा और शिव भी कुछ नही कर पाएंगे | राक्षस कुल तो मेढक की तरह है जिसे राम के वाण रूपी सर्प समूल निगल जाएंगे-

"राम बान अहिगन सरिस निकर निसाचर भेक |
जब लगि ग्रसत न तब लगि जतनु करहु तजि टेक" ||

रावण तो रावण है, मद में डूबा हुआ मंदोदरी उनसे राम का विरोध छोड़ने की बात कहतीं हैं | राम का विरोध छोड़ने का वास्तविक तात्पर्य क्या है ? जीवन में सरलता, सहजता को स्वीकारना, समता व सहृदयता में जीना | जीवन की लय, सृष्टि की लय के साथ एकरूप हो जाना ही तो रामत्व है | राम का किसी से द्वेष नहीं है, किन्तु जो जीवन की लय को विगाड़ता है, जो प्रकृति के विरुद्ध चलता है, जो सीता के विरुद्ध चलता है, जो माता के विरोध में खड़ा हो जाता है- वह विधाता के विपरीत है | राम जगत में संगति बैठाने आये हैं जो समकूल है उनकी सहायता करने आये है, जो बाधक होगा उसे रास्ते से हटना या हटाना पड़ेगा |

शिव जी ने 100 करोड़ से भी अधिक रामायणों में से केवल एक राम का नाम अपने लिए रखा | महादेव की आराधना करके रावण को इतनी

शक्ति मिली कि वह त्रिलोक विजयी हो गया | और उसी शक्ति से शिव के आराध्य श्रीराम से मोर्चा लेना चाहता है | मंदोदरी देख रहीं हैं की जहाँ व्यक्ति अपने घेरे में कैद हुआ उसमे विकृतियों का जाल बनाने लगता है जैसे रुके जल में सड़न पैदा होती है—ऐसे युग का, समय का, दुष्काल का निस्तारण करने के लिए प्रभु स्वयं आते हैं—यह ईश्वर का शाश्वत नियम है जिसका पूर्ण संज्ञान माता मंदोदरी को है |

गोस्वामी जी लिखते है:-

"जब जब होय धरम की हानी | बाढ़ै असुर अधम अभिमानी ||
तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा | हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा" ||

गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण ने कहाँ है –

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लार्निभवति भारत |
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्" ||

मंदोदरी वही बात कहतीं हैं- "विनाश काले विपरीत बुद्धि"- काल विवश होने के कारण आपको (रावण को) किसी बात से, कथन से बोध प्रबोध हो ही नही रहा है | यह सब राम से विरोध करने के कारण |

"अहह कंत कृत राम बिरोधा | काल बिबस मन उपज न बोधा ||
निकट काल जेहि आवत साईं | तेहि भ्रम होई तुम्हारिहि नाईं ||
काल दण्ड गहि काहु न मारा | हरइ धर्म बल बुद्धि विचारा "||

जहाँ भ्रम हुआ बुद्धि विचार पहले जाता है पुनः धर्म और बल भी क्षीण हो जाता है |

गोस्वामी जी ने रावण के लिए ही लिखा है –

"फूलइ फरइ न बेत जदपि सुध बरसहिं जलद |
मूरख हृदय न चेत जौ गुरु मिलहिं बिरंचि सम" ||

ब्रम्हा भी मूर्ख को कुछ सिखा नहीं सकते, रावण उसी कोटि का है क्योंकि मंदोदरी की कल्याणमयी, सुधासिक्त वाणी रावण के पल्ले नहीं पड रही है, फिर भी वे उन्हे किसी न किसी तरीके से बोध कराने में जुटी हुई हैं और कहतीं हैं-

"अहंकार शिव बुद्धि अज मन ससि चित्त महान |
मनुज बास सचराचर रूप राम भगवान" ||

श्रीराम का अहंकार शिव अर्थात परम मंगलकारी है, बुद्धि ब्रम्हा अर्थात सृजन शक्ति है मन चंद्रमा अर्थात परम शीतलता एवं आनंद तथा चित तो स्वयं श्री विष्णु हैं इसका अगला तात्पर्य यह भी है कि शिव ब्रम्हा चंद्रमा आदि रूप श्री भगवान ही कार्य कर रहे हैं – वही चराचर में व्याप्त राम भगवान मनुज रूप में वास कर रहें हैं इसलिए आपको श्रीराम से वैर छोड़कर प्रीत करनी चाहिए जिससे मेरा अहिवाट बना रहे-

"अस विचारि सुन प्रानपति प्रभु सन बयरु विहाय |
प्रीत करहु रघुबीर पद मम अहिबात न जाय" ||

उक्त दोहे को पढ़ते हुए, ऊपर से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि माता मंदोदरी रावण के जीवन रक्षा की ही बात कर रहीं हैं- किन्तु संवाद मूल भावना इतर है |

इसमे यदि हम केवल दो पदों 'रघुबीर' और 'अहिबात' पर विचार करें तो माँ मंदोदरी के चरित्र की गूढ़ता थोड़ी समझ आ सकती है | पहला पद है 'रघुबीर' राम को रघुबीर क्यों कह रहीं हैं- रावण बहुत विद्वान है, उन्होंने रघुवंश का इतिहास भी पढ़ा होगा जहां महाप्रतापी राजा रघु, परम त्यागी राजा दिलीप जैसे अनेक राजा हुए हैं | इच्क्षवाकु वंश, कुकुत्स्य कुल क्या रहा है रावण को पता है उसमे भी रघुओं मे वीर शिरोमणि श्रीराम जिन्होंने –

"निसिचर हीन करउ महि" – का बीड़ा उठाया है उनके समक्ष रावण कहाँ ठहरता है? वह तो उनकी दृष्टि भी नहीं सहन कर पाएगा |

दूसरा पद है 'अहिवात'- माँ मंदोदरी कह रहीं हैं कि यदि आप श्रीराम से वैर छोड़ कर प्रीत कर लेतें तो मेरा अहिवात (सौभाग्य) बचा रहता क्योंकि मैं तो प्रभु भक्ति में मन लगा बैठी हूँ यदि उसी भक्ति से, ईश भजन से आप भी नाता जोड़ लेते तो मेरा यह लौकिक विवाह भी सम्पूर्ण हो जाता |

कबीर दास जी कहते हैं-

"दुलहिन गावहु मंगलचार |
मेरे घर आए राजा राम भरतार" ||

जिस ब्रह्म से हर जीव की सगाई हुई है, उसी से आप (रावण) भी लगन लगाओ और मेरा सौभाग्य अमर कर दो | माता मंदोदरी को संज्ञान है कि सीता राम- जगत जननी व जगत पिता हैं | माँ मंदोदरी राम सीता की भाँति ही रावण के कल्याण का हेतु बनकर लंका मे आयीं हैं | इस प्रकार हम कह सकते हैं कि माता मंदोदरी अखंड चरित्र की धनी, परम साहसी हैं | और तब हमें उनके चिर यौवना, चिर कुमारी और पंच कन्याओं में उनको सम्मिलित किए जाने को भी समझ पाएंगे | वे चिर यौवना हैं क्योंकि वे सशक्त और दृढ़ तथा पवित्र विचारों वाली हैं, विचार ही हमारा संसार होताहै | वे चिर कुमारी हैं क्योंकि संदेह उनमे है ही नही | वे सभी संशयों से परे हैं | और इस तरह रावण से विवाह भी हुआ तो वे रावण की त्रिगुणात्मक प्रकृति से अनछुई हैं | जीवन में विषम परिस्थितियों का दृढ़ता, साहस व धैर्यपूर्वक सामना और उन्हे समानुकूलन बनाने मे सक्षम होने के कारण ही अहिल्या, द्रौपदी, तारा, कुन्ती और मन्दोदरी को हमारे शास्त्रों में पाँच पवित्र कन्यायेँ कहा गया है | इसके समक्ष आज का स्त्रीवाद कहाँ ठहरता है?

स्त्री में जिन आठ अवगुणों की बात रावण करता है –

"साहस अनृत चपलता माया | भय अविवेक अशौच अदाया" ||

वे सब के सब तो रावण में हैं, एक मंदोदरी में है – वह अवगुण नहीं गुण है – वह साहस है | मंदोदरी में साहस है, वे रावण को दो टूक सुनाती रहती हैं | वे साहसी हैं | रावण में दुस्साहस है | माता मंदोदरी स्वधर्म का, स्त्री धर्म का, पत्नी धर्म का व देश धर्म का पूर्ण निर्वहन करतीं हैं | उनके चरित्र की विश्वसनीयता और स्वीकार्यता इतनी प्रबल-प्रगाढ़ है की आशुतोष राणा के शब्दों मे – रावण को मंदोदरी से कहना पड़ा-

"हृदय से धन्यवाद मंदा, मुझे जस का तस सम्मान पूर्वक स्वीकार करने के लिए, मेरे जीवन की प्रत्येक परिस्थित में मेरे साथ दृढ़ता पूर्वक खड़े रहने के लिए" |

अंत मे अपनी इन पंक्तियों के साथ मै माँ मंदोदरी को नमन करती हूँ –

"विषम परिस्थितियों मे जीवन साधा"
तपः पूत वह नारी थीं
रावण के संग रहकर भी
पूरी तरह अविकारी थीं
देश धर्म में मॅजी हुई वह
युग चेतना की सहकारी थीं
पंच कन्याओं में गिनी गयीं जो
साध्वी मंदोदरी हमारी थीं" |

1. संदर्भ ग्रंथ

1. रामचरितमानस
2. बाल्मीकि रामायण
3. रामराज्य, आशुतोष राणा

मानस शब्द मंथन



स्मिता लाधावाला

(ladhawala.smita@gmail.com)

1. प्रस्तावना

श्रीरामचरितमानस का प्रत्येक शब्द मंत्र है, जैसे - राम, ग्राम, नागर, परम, क्रम, दान, कोबिद, कृपा, कटाक्ष, लव, अतिथी, समधि, पुत्रवधु, यज्ञ, जलद, जलज, जलधि, अंगद, वाली, प्रदोष, प्रबोध, उपल, अरुणोपाल, व्रत, उपवास, उदासी, मृग, बेनी, अवध, अयोध्या, दम, सुमन, मधु, मेद, वानर इत्यादि।

2. विस्तार

आइये, चंद मंत्रो का मंथन करें -

1. **कटाक्ष:** हम तो समझते हैं कि कटाक्ष नकारात्मक शब्द है; परंतु मानस के अनुसार कटाक्ष में नकारात्मकता का भाव है ही नहीं। कटाक्ष = कट + अक्ष। अक्ष के अनेक अर्थ हैं; जैसे आँख, कोण, धूरी आदि ॥
2. **लव:** 'लव' के कुछ अर्थ देखें - सीयारामजी के सुपुत्र, काल गणना, क्षण, लोहा आदि। राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चार भाईयों के आठ बेटे थे। रामजीने राजगद्दी मीलने के वर्षो बाद पूरा राज्य आँठो बेटो में बाँट दीया। लव के हिस्से में जो भाग आया उसका नाम लवपूरी था, जो बाद में लाहौर हो गया। आज के बच्चे तो लव और संस्कार का अलग ही अर्थ जानते हैं। उनके लीये तो संस्कार का मतलब है - Son's car; बेटे की गाड़ी। लव का अर्थ क्षण समझकर ही शायद टाटा ग्रुप नें Blinkit नाम रखा होगा ॥
3. **अतिथी:** सामान्य ज्ञान से अतिथी का अर्थ है - जिनके आगमन की तिथी तय नहीं हैं, अथार्त महेमान; परंतु आज के परीपेक्ष में महेमान भी तिथी और समय बताकर ही आते हैं। रामायण के अनुसार सीयाराम के बेटे लव के पुत्र का नाम अतिथी है। उनका राज्य इतना अच्छा था कि लोग कहते थे – "अतिथी देवो भव:" राजा अतिथी ने कई उमदा कार्य कीयें, जैसे कारावास से सभी बंदीओंको एक बार मुक्त कीया, वे मानते थे, कि इन्होंने गलती की है, पर एफबार सुधरने का मौका मिलना चाहीये। उन्होनें गायमाता को दोहना बंध करवाया, क्योंकि गौ माता का दूध उनके बछड़ो के लीये हैं, व्यापार करने के लीये नहीं ॥
4. **ग्राम**: हमारी नजर से ग्राम का अर्थ वजन की इकाई तथा गाँव हैं। मानस के बालकाण्ड का श्लोक 4 देखें

   सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिणो।
   वन्दे विशुद्धविज्ञानौ, कवीश्वर कपीश्वरौ ॥
   यहाँ पर ग्राम का अर्थ समूह है। गुणग्राम अर्थात् गुण समूह॥
5. **व्रत:** हम तो समझते हैं - व्रत रखना अथार्त भूखे रहना, जैसे, आज हमारा एकादशी का व्रत है। मानस के अनुसार व्रत का अर्थ प्रतीज्ञा है। हम सत्य बोलने का व्रत ले तथा उसका अनुकरण करें तो भी काफी है ॥
6. **उपवास:** हम तो उपवास का अर्थ भी व्रत जैसा ही समजते हैं - भूखे रहना। हकीकत में उपवास का अर्थ है नजदीक रहना, जैसे नगर - उपनगर, गण – उपगण। हम प्रभु के नजदीक रहें ॥
7. **बेनी:** सामान्य नजरीये से बेनी अर्थार्त चोटी, जटा या बालों में लगाने वाली फूलों की माला। मानस के अयोध्याकाण्ड के दोहा 106 में बेनी का अर्थ त्रिवेणी संगम से हैं, जहाँ गंगा, यमुना एवम् सरस्वती मिलती हैं। इस पावन दोहे के शब्द -

   एहि बिधि आइ बिलोकी बेनी। सुमिरत सकल सुमंगल देवी ॥
   मुदित नहाई कीन्हि सिव सेवा। पूँजि जथाबिधि तीरथ देवा ॥

इसका सरल अर्थ है - श्रीरामजी ने आकर त्रिवेणी का दर्शन किया। जहाँ कम से कम दो नदीयाँ मिले, वह स्थान प्रयाग है। भारतवर्ष में पांच प्रयाग है, उसमें यह सर्वश्रेष्ठ है, अत: इसे प्रयागराज, बेनी या त्रीवेणी करते हैं ॥

8. **मृग:** सामान्यतः हम मानते हैं कि मृग का अर्थ हिरण है। मानस में मृग का अर्थ हिरण तथा पशु दोनों है - विशेष रूप से ऐसे पशु जो वन में रहते हैं, जैसे बाघ, सिंह, चिता। अत: जंगल के पशु के शिकार को मृगया कहते हैं। ठीक इसी प्रकार वन में रहने वाले नर को वानर कहते हैं ॥

9. **दान:** राजा के 4 मुगुट या सद्गुण होते है - साम, दाम, दंड और भेद । त्रिकालज्ञानी गोस्वामीजी दाम के स्थान पर दान मंत्र का प्रयोग करते हैं । शायद उन्हें दाम में पैसे, व्यापार, मुनाफे की झलक दिख रही होगी ॥
10. **यज्ञ:** हम मानते हैं - यज्ञ करना अथार्त हवन करना । अग्नि में स्वाहा कहकर आहुति देते हैं। अग्नि में आहुति देते समय स्वाहा कहकर अग्नि देव की अर्धांगिनी को ही याद करते हैं। महाराज दशरथ ने काशी में गंगा तट पर जिस स्थान पर दस अश्वमेघ यज्ञ किये थे वह पुनित घाट दशाश्वमेघ घाट के नाम से विश्व विख्यात हो गया । बाबा मानते हैं - हम अपना काम पूरी श्रद्धा, भक्ति एवम् लगन से करें तो वह भी यज्ञ ही हैं ॥

अत: किसी ने ठीक ही कहा है - भक्ति से करें तो गीत भजन हो जाये, निहारना दर्शन हो जाये, यात्रा तीर्थयात्रा हो जाये तथा भोजन प्रसाद बन जाये ॥

11. **अंगद तथा वाली:** शायद यही दो शब्द आधुनीक समय में अंगत (निजी) तथा वाली (अभिभावक) बन गये हैं॥
12. **क्रम:** अयोध्या काण्ड दोहा 110 देखें

तेहि अवसर एक तापसु आवा । तेज पुंज लघुबयस सुहावा ॥
कबि अलखित गति बेषु बिरागी। मन क्रम बचन राम अनुरागी ॥

हम तो अपनी अल्प बुद्धि से मानते हैं क्रम अथार्त अनुक्रमांक, पहला, दूसरा, तीसरा आदि । मानस में बाबा कर्म के लीये क्रम प्रयुक्त करते हैं ॥

3. निष्कर्ष

अंत में, राम महा मंत्र की बात करूँ तो - हम सब राम मय जीवन जीयें, सीयाराम के आदर्श का पालन करते हुए भव सागर पार कर लें ॥

राम की चिडीया राम का खेत,
खाओ चिडीयां भर भर पेट ॥

इस अद्भुत मंच को सादर प्रणाम । उपरोक्त बातें भी इसी मंथन मंच का महा प्रसाद है ॥

मंदोदरी की व्यथा



सरिता श्रीवास्तव

(saritasrivastava5072@gmail.com)

1. प्रस्तावना

गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री राम चरित मानस की एक महत्वपूर्ण पात्र रावण कि पत्नी मंदोदरी हैं। मानस में बाबा तुलसी ने मंदोदरी को एक आकर्षक, रूपवान धार्मिक बुद्धिमान एवं पतिव्रता के रूप में प्रस्तुत किया है।

मंदोदरी अप्सरा हेमा और महान कारीगर राक्षसराज मयासुर की पुत्री हैं। उनके जन्म के संबंध में और भी कहानियां है शिव पुराण के अनुसार मधुरा नाम की अप्सरा कैलाश पर्वत पर जब भगवान शिव को आकर्षित कर रही थी तभी माता पार्वती ने देख लिया और उसे श्राप दिया कि वह मेंढकी बन जाए। मधुरा मेंढकी बनकर कुएँ में रहने लगी। श्राप की समयावधि पूर्ण होने पर हेमा और मयासुर ने उनका अपनी पुत्री के रूप में पालन पोषण किया और उनका नाम मंडोदरी रखा। यह कहाँ तक सच है यह नहीं कहा जा सकता।

मंदोदरी की व्यथा उनकी सबसे बड़ी विडंबना थी कि एक अत्यंत बुद्धिमान और धर्मात्मा स्त्री होने पर भी अपने पति रावण के अहंकार और विनाशकारी निर्णयों के कारण दुख सहना पड़ा।

2. विस्तार

मंदोदरी का नाम आते ही रावण की पत्नी का विचार आता है। हिंदू पुराणों के अनुसार मंदोदरी का जन्म एक साधारण अप्सरा के रूप में हुआ था, किंतु महान असुर दशानन से विवाह के बाद एक मंजिल तक पहुंचा।

कहते हैं एक बार रावण मायासुर से मिलने गया और उसकी अतीव सुंदर पुत्री को देख कर मंत्रमुग्ध हो गया जैसा कि उसकी प्रकृति थी और मयासुर के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा । मयासुर जानते थे कि वह दुराचारी एवं क्रूर प्रकृति का है। फिर भी ब्रह्मा के कुल का, ऋषि पुलत्स्य का पोता और ऋषि विश्रवा का पुत्र जानकर रावण और मंदोदरी के विवाह के लिए तैयार हो गए। मंदोदरी भी रावण के कुकृत्य से परिचित थीं, फिर भी भयवश विवाह करना पड़ा। इस प्रकार मंदोदरी रावण की पटरानी बनीं। उनके तीन पुत्र मेघनाथ, अतिकाय, अक्षय कुमार हुए। मंदोदरी बहुत समझदार और ज्ञानी स्त्री थीं, वे अपने पति को सदा अच्छी सलाह देती थीं। अपने पति के मनोरंजन के लिए शतरंज के खेल का आरंभ किया।

द्रौपदी,तारा,अहिल्या और कुंती की भांति ही मंदोदरी भी पंच कन्या में सम्मिलित हैं। इनके प्रतिदिन स्मरण से समस्त पाप धुल जाते हैं। ये विवाहित होते हुए भी कन्याओं की भांति पवित्र मानी गई हैं।

मंदोदरी को पता था कि रावण बहुत अहंकारी है और जिस राह पर वह चल रहा है, उसका विनाश निश्चित है।

जब वह मां सीता का हरण करता है तब महारानी मंदोदरी बहुत विनती करती हैं कि सीता जी को वापस कर दो और राम जी से क्षमा मांग लो किंतु वह नहीं मानता बार-बार रानी मंदोदरी का अपमान करता है।

वे बहुत दुखी और अपमानित महसूस करती हैं, जब रावण उनके सामने ही सीताजी को मनाने के लिए रामचरित मानस के सुंदर कांड में कहता है -

कह रावण सुनु सुमुखि सयानी
मंदोदरी आदि सब रानी
तव अनुचरी करहुं पन मोरा
एक बार बिलोकु मम ओरा

तब मंदोदरी जैसी ज्ञानी, गुणवती और अत्यंत सुन्दर रावण की पटरानी को कितना आघात लगा होगा। अनेकों बार मना करने और मंदोदरी के समझाने पर भी रावण नहीं माना, और राम जी से युद्ध का निर्णय लिया और अंत वही हुआ जो होना था परिवार सहित रावण और राक्षस कुल का सर्वनाश।

रावण की मृत्यु के पश्चात मंदोदरी युद्ध भूमि पर जाती हैं, हताश निराश। रावण और राक्षसकुल का विनाश देख कर अत्यंत दुखित होती हैं। ब्रह्मर्षि वाल्मीक ने मंदोदरी की व्यथा का बहुत मार्मिक चित्रण रामायण के सर्ग १११ में किया है।

मंदोदरी रावण के बल, परिवार और पौरुष के विषय में कहती हैं विलाप करती हैं आपके भाई कुबेर हैं, इंद्र भी आपसे भय खाते थे, जब आप क्रोध धारण करते थे तो देव दानव, ऋषि मुनि, यक्ष गंधर्व सब भाग जाते थे। व्यंग्य करती हैं कि वही आप एक साधारण बनवासी के हाथों मारे गए। राजन

लज्जा नहीं आती आपको! वे साधारण स्त्री की भांति रोती नहीं हैं कहती हैं आप तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करने वाले वीर योद्धा! एक मानव द्वारा मारे गए, राम के रूप में काल ने स्वयं आकर आपका वध किया।

जिस दिन खर और बड़े बड़े राक्षसों के वध का समाचार मुझे मिला और हनुमान ने आपकी सब तरह से सुरक्षित लंका में प्रवेश किया और आपके पुत्र को मारा और लंका ध्वस्त कर दी, उसी दिन मैं समझ गई थी कि राम कोई साधारण मानव नहीं हैं, पृथ्वी को भय मुक्त करने के लिए स्वयं परब्रह्म राम के रूप में अवतरित हुए हैं। आपको बहुत बार समझाया कि आप राम से बैर न करें, किंतु आप नहीं माने।

- **किष्किन्धा (Kiṣkindhā):** The capital of the vānara kingdom. Its identification is also centered on the Hampi region, with the Aṇe-gondi area and the Malyavanta hill being key traditional sites. The entire Tungabhadra river basin around Hampi is a vast open-air museum of the Kiṣkindhākāṇḍa's geography.
- **स्वयंप्रभा गुहा (SvayaṃprabhāGuhā):** The self-illuminating cave where Sugrīva's retinue hides. Located near Kiṣkindhā, its traditional identification is with the famous Badami cave temples or a specific cave in the Aṇe-gondi area, though this is a case where a natural feature is later monumentalized with rock-cut temples.

4. Other Significant Toponyms

- **गोकर्ण: (Gokarṇa):** A premier Śaivatīrtha on the Karnataka coast. Its inclusion in the Rāmāyaṇa (as a place Rāvaṇa passes) reflects the epic's awareness of pan-Indian pilgrimage networks, even if it is not a primary setting.
- **पुष्करम् (Pushkara):** Located in Rajasthan, it is one of the most ancient tīrthas. Its mention situates the epic's geographical knowledge within a broader, subcontinental sacred geography.
- **वज्रस्थानम् (Vajrasthāna):** A less common name, possibly referring to a specific rocky or formidable location within the Vindhyas, its identification remains speculative.

Synthesis and Conclusion

The geography of the Valmiki Rāmāyaṇa is not a single, coherent map but a stratified cultural construct. The Bāla-kāṇḍa

presents a Gangetic world with strong historical foundations, where Ayodhyā and Mithilā, though not without contestation, are rooted in identifiable janapada geography. As the narrative moves into exile, the geography becomes a tool for myth-making and cultural appropriation. The journey from Citrakūṭa to Pañcavaṭī traces a path of Brahmanical sanctification of the Vindhyan and Deccan landscapes, transforming wilderness into a sacred landscape of hermitages (āśramas). The Kiṣkindhā kāṇḍa, with its remarkably specific identifications in the Hampi region, may reflect a later stratum of the epic that incorporated knowledge of the Deccan's southern periphery.

Ultimately, the pursuit of the epic's geography is a pursuit of its meaning. The movement from the ordered, horizontal space of Kosala to the vertical, chaotic, and demonic space of Laṅkā (itself a supreme geographical metaphor) is the spatial expression of Rāma's cosmic mission. To map the Rāmāyaṇa is to map the imagination of ancient India.

4. References

1. Bakker, Hans T. *Ayodhyā: Part 1*. Egbert Forsten, 1986. Print.
2. Bhatt, G. H., and U. P. Shah, editors. *The Vālmīki Rāmāyaṇa: Critical Edition*. 7 vols. Oriental Institute, 1960-1975. Print.
3. Erdosy, George. *Urbanisation in Early Historic India*. BAR International Series, 1988. Print.
4. Goldman, Robert P., translator. *The Rāmāyaṇa of Vālmīki: An Epic of Ancient India, Volume I: Bālakāṇḍa*. Princeton UP, 1984. Print.
5. Lal, B. B. "Excavations at Ayodhya." *Journal of the Indian Society of Oriental Art* New Series 5 (1975-76): 215-25. Print.
6. Law, Bimala Churn. *Historical Geography of Ancient India*. Société Asiatique de Paris, 1954. Print.
7. Mishra, Vijayakanta. *The Geography of the Rāmāyaṇa*. National Book Trust, 1969. Print.
8. Rajagopalan, C. "Paleo-Channels of the Sarayu River and the Location of Ayodhya." *Man and Environment* 30.2 (2005): 83-90. Print.
9. Sankalia, H. D. *The Ramayana in Historical Perspective*. Macmillan, 1982. Print.
10. Schnepel, Burkhard. *The Jungle Kings: Ethnohistorical Aspects of Politics and Ritual in Orissa*. Manohar, 2002. Print.
11. Singh, Upinder. "Archaeology of the Epics." *The Discovery of Ancient India: Early Archaeologists and the Beginnings of Archaeology*. Permanent Black, 2004. 288-331. Print.
12. ---. *The Discovery of Ancient India*. Permanent Black, 2004. Print.
13. Thapar, Romila. *Early India: From the Origins to AD 1300*. Penguin, 2002. Print.
14. *The Vālmīki Rāmāyaṇa*. Critical Edition. Ed. G. H. Bhatt and U. P. Shah. Oriental Institute, 1960-1975. Print.
15. Witzel, Michael. "The Vedas and the Epics: Some Comparative Notes on Persons, Lineages, Geography, and Grammar." *Epics, Khilas, and Puranas: Continuities and Ruptures*. Ed. Petteri Koskikallio. Dubrovnik International Conference, 2005. 21-80. Print.

“मानस के क्रम वैशिष्ट्य में अद्भुत प्राप्ति “विज्ञानभक्ति”: विज्ञान, भक्ति और इंजीनियरिंग के द्वारा सस्टेनिबिलिटी के विशिष्ट परिपेक्ष्य में”



मनीष दुबे
लेखक, प्रोफ़ेसर, कंसल्टेंट सिविल इंजिनियर
(dubey.manish42@yahoo.com)

संयुक्त राष्ट्र की जोहान्सबर्ग विश्व शिखर सम्मेलन घोषणा (2002) के अनुसार सस्टेनेबल विकास के सुदृढ़ स्तंभों में आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण का स्पष्ट उल्लेख है। इनमें आर्थिक और पर्यावरणीय क्षेत्र तो भौतिक संसाधनों से संबद्ध हैं, किन्तु सामाजिक विकास प्रमुखतः समाज के प्रत्येक मनुष्य के व्यवहार और गुणों पर आधारित है। आधुनिक विज्ञान-इंजीनियरिंग आधारित विकास प्रक्रिया में लगभग सारे प्रयास भौतिक उच्चता के केंद्रित तो देखे जाते हैं, लेकिन मानवीय गुणों की वृद्धि हेतु नियोजित साधन या प्रयास दृष्टिगत नहीं होता है। जबकि सस्टेनेबिलिटी के लिए मानवीय गुणों की उच्चता एक अनिवार्य तत्व है। इस जटिल स्थिति के लिए श्रीरामचरितमानस के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदासजी द्वारा,"पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं" (उत्तर काण्ड, श्लोक-2) में उल्लेखित ‘‘विज्ञान भक्ति’’ के रूप में "इंजीनियरिंग से संयुक्त मानवीय गुणों की उच्चता" का अद्भुत मॉडल प्रदान किया गया है। इसका विश्लेषण करने पर यह भी स्पष्ट होता है कि "विज्ञान भक्ति" गोस्वामीजी के मानस की परम उपलब्धि भी है और इस महान भक्ति ग्रंथ में उद्घोषित भक्ति, वस्तुतः विज्ञान से भी संबद्ध है। आधुनिक विज्ञान के युग में तो विज्ञान और मानस दोनों को ही समन्वयक दृष्टि से समझने के लिए भी गोस्वामीजी द्वारा प्रदत्त धारणा "विज्ञान-भक्ति" अत्यंत उपयोगी है।

1. प्रस्तावना

रामायण और गीता सहित लगभग सभी भारतीय ग्रंथों में 'ज्ञान' और 'भक्ति' की चर्चा तो बहुत व्यापकता से मिलती है। लेकिन गोस्वामी तुलसीदासजी तो श्रीरामचरित मानस की सर्वोत्तम फल श्रुति ,"पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं" (उत्तर काण्ड, श्लोक-*2*) के माध्यम से 'ज्ञान' और 'भक्ति' के मध्य "विज्ञान" को उपस्थित करते हुए एक अत्यंत अद्भुत धारणा सामने रख देते हैं, "विज्ञान भक्ति"।

महत्वपूर्ण यह भी है कि गोस्वामीजी के द्वारा मानस के बिलकुल अंतिम श्लोक में दी गयी फलश्रुति धारणा ‘‘विज्ञान भक्ति’’, सातों सोपानों के आरम्भिक श्लोकों से क्रमशः प्रतिपादित होकर आती दिखाई देती है। मानस के इन मंगलाचरण श्लोकों के विश्लेषण में, गोस्वामीजी द्वारा अभिव्यक्त एक "क्रम-वैशिष्ट्य" के दर्शन भी होते हैं!

इतने अधिक महत्व की यह अवधारणा विज्ञानभक्ति, आधुनिक इंजीनियरिंग से भी केवल समानता ही नहीं रखती है, बल्कि यह वर्तमान इंजीनियरिंग को सही दिशा में मोड़ने के लिए भी समर्थ है। साथ ही रामायण का आश्रय लेने पर यह भी देखा जा सकता है कि विज्ञानभक्ति अवधारणा वस्तुतः इंजीनियरिंग के माध्यम से सस्टेनेबल विकास के लक्ष्य की प्राप्ति में सबसे महत्वपूर्ण कारक भी है।

सस्टेनिबिलिटी को प्रायः कुछ मटेरियल्स या प्रोडक्ट्स की उपयोग अवधि बढ़ाने जैसे पर्यावरणीय या आर्थिक उपायों के रूप में जाना जाता है और इसीलिए सामान्य तौर पर इसे विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे विशुद्ध भौतिक क्षेत्रों से ही संबद्ध मान लिया जाता है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की जोहान्सबर्ग विश्व शिखर सम्मेलन घोषणा (*2002*) के बिंदु *5* के अनुसार आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण सस्टेनेबल विकास के सुदृढ़ स्तंभ हैं। इसी प्रकार विभिन्न वैश्विक व्याख्याओं के अनुसार सस्टेनिबिलिटी जीवन की गुणवत्ता एवं सामाजिक लाभ जैसे ‘मानवीय क्षेत्रों’ से भी अत्यधिक संबद्ध है।

वर्तमान विज्ञान-इंजीनियरिंग का सैद्धांतिक उद्देश्य तो ‘मानवीयता का लाभ’ होता है लेकिन व्यवहार में हम वर्तमान भौतिक विकास के साथ ही दुःख, क्रोध, चिंता, लोभ, प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या जैसी मानवीय और सामाजिक नकारात्मकताओं को निरंतर बढ़ते हुए ही देखते हैं।

इस परिदृश्य में आधुनिक विज्ञान-इंजीनियरिंग कितने ही विकसित हो जाएं, सस्टेनिबिलिटी का लक्ष्य अधूरा ही रह जाएगा। या फिर हमें मानवीय सद्गुणों कि वृद्धि के लिए विज्ञान- इंजीनियरिंग के अलावा दूसरे क्षेत्रों को ढूंढना होगा।

यहीं पर रामायण अत्यंत विलक्षण साधन के रूप में हमारे सामने है, जो विज्ञान- इंजीनियरिंग के माध्यम से ही मानवीय गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करने का मार्ग दिखाती है।

रामायण ही वह एकमात्र साधन है, जिसके द्वारा भौतिक और मानवीय दोनों ही क्षेत्रों को समृद्ध कर हम वास्तविक सस्टेनिबिलिटी का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। रामायण में आधुनिक इंजीनियरिंग के *100* से अधिक वर्णन समाविष्ट हैं (पुस्तक, 'रामायण में सिविल इंजीनियरिंग')। इनमें से अधिकांश उदाहरण जैसे इंफ्रास्टक्चर डेवलॅपमेंट, कम्युनिटी एयर कंडीशनिंग, गृह निर्माण, लक्ज़री सुविधाओं, नगर विन्यास इत्यादि संदर्भों में महत्वपूर्ण सस्टेनैबिलिटी के तत्व भी समाहित हैं।

इन पर प्रस्तुत शोध के आगे के क्रम में, इस शोधपत्र के अंतर्गत "विज्ञान-भक्ति" को विश्लेषित किया गया है। "विज्ञान-भक्ति" रामायण की परम उपलब्धि के रूप में भी परिलक्षित होती है और आधुनिक इंजीनियरिंग को सस्टेनिबिलिटी की दिशा भी दिखाती है।

इस शोधपत्र में पहले श्रीरामचरित मानस में वर्णित "विज्ञान भक्ति" को मानस की परम विशिष्ट उपलब्धि के रूप में विश्लेषित किया गया है फिर रामचरित मानस के आधार पर ही आधुनिक इंजीनियरिंग की अवधारणा को सामने रखा गया है। इस प्रक्रिया में विज्ञानभक्ति, इंजीनियरिंग से अद्भुत समानता रखते हुए आधुनिक विकास में सस्टेनिबिलिटी का सर्वश्रेष्ठ साधन स्थापित होती है।

2. विश्लेषण

किसी भी ग्रंथ से प्राप्त होने वाले उपयोगी तत्वों को किसी निष्कर्ष या फलश्रुति के रूप में, सामान्यतः उस ग्रंथ के अंतिम भाग में ही उल्लेखित किया जाता है। इस सामान्य परिपाटी के अनुसार भी श्रीरामचरित मानस के बिलकुल अंतिम श्लोक में,"पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं" (उत्तर काण्ड, श्लोक-*2*) के द्वारा हमें एक सर्वोत्तम वरदान स्वरुप "विज्ञानभक्ति" के दर्शन होते हैं।

इस सामान्य परिपाटी के साथ ही महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि गोस्वामीजी ने जिस विज्ञानभक्ति को मानस के अंत में उल्लेखित किया है उसकी अवधारणात्मक पृष्ठभूमि, मानस के आरम्भिक मंगलाचरण श्लोकों से ही प्रारम्भ हो जाती है और फिर विभिन्न सोपानों के मंगलाचरण श्लोकों के माध्यम से एक 'क्रम वैशिष्ट्य' द्वारा निरंतर आगे बढ़ती हुई अंतिम श्लोक में उद्घोषित होती है।

सामान्य रूप से ज्ञान और भक्ति को तो बहुत व्यापकता से जाना जाता है लेकिन ज्ञान और भक्ति के बीच में आने वाला 'विज्ञान' क्या है? "विज्ञान" शब्द का प्रयोग, क्या गोस्वामीजी ने ज्ञान के ही किसी विकल्प के रूप में किया है? या, इसे लगभग ज्ञान का ही समानार्थी मान लेना चाहिए? या फिर, विज्ञान शब्द पूर्णतः स्वतंत्र दृष्टि से देखे जाने की आवश्यकता है? "विज्ञानभक्ति" के संदर्भ में ये सभी प्रश्न बहुत विचारणीय हैं। इनके समाधान बहुत विस्तृत भी हैं लेकिन यहां इस आलेख की सीमाओं में इतना उल्लेख अवश्य ही ध्यान रखने योग्य है कि मानस की विज्ञानभक्ति में "विज्ञान का अर्थ 'साइंस' या किसी विशेष सीमित ज्ञान तक ही नहीं है बल्कि यह विज्ञान, एक बहुत व्यापक प्रक्रियात्मक धारणा है, 'साइंस' जिसका एक भाग या उदाहरण हो सकता है"।

मानस के सातों सोपानों के मंगलाचरण श्लोकों में विज्ञानभक्ति के सूत्र निहित हैं। उन सभी का विश्लेषण अत्यधिक विस्तारित हो जाएगा अतः एक उद्धरण के रूप में यहां सुंदर काण्ड का उल्लेख किया जा रहा हैं। सुंदरकांड के मंगलाचरण श्लोक में, "शान्तं शाश्वतमप्रमेयमनघं निर्वाणशान्तिप्रदं" के माध्यम से उल्लेखित "निर्वाणशान्तिप्रदं" भी "विज्ञानभक्तिप्रदं" की ओर ही इंगित करता है।

निर्वाण या कहें कि आत्म भाव का सबसे बड़ा लक्षण माना जाता है 'सभी के प्रति समता का भाव आ जाना'। मानसमें ही सूत्र दिया गया है, "बिनु बिग्यान कि समता आवइ (*7/90*क */2*)" अर्थात क्या विज्ञान के बिना समभाव आ सकता है? अर्थात निर्वाण का संबंध विज्ञान से ही दिखाई देता है।

"निर्वाणशान्तिप्रदं" कि शान्ति को मानस के आधार पर ही देखें तो शान्ति की प्राप्ति का संबंध, भक्ति से ही है! "बिनु बिस्वास भगति नाहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु, राम कृपा बिनु सपनेहुँ जीव न लैह बिश्रामु" (*7/90*क) अर्थात शान्ति के लिए भक्ति आवश्यक है। ऐसे ही रुद्राष्टक में, "न यावद् उमानाथ पादारविन्दं, भजंतीह लोके परे वा नराणां, न तावत्सुखं शान्ति.." यही उद्घोष करता है कि श्रीपार्वती जी के पति को "भजने" के बिना इहलोक या परलोक में कहीं भी सुख और शान्ति नहीं मिल सकती है। स्पष्ट है कि शान्ति के लिए भक्ति की ही परम आवश्यकता है!

स्पष्ट है कि "निर्वाणशान्तिप्रदं" की अवधारणा भी विज्ञान भक्ति को प्रगटित करती है।

विज्ञानभक्ति की धारणा को आधुनिक इंजीनियरिंग तथा सस्टेनिबिलिटी के परिपेक्ष्य में समझने हेतु उत्तरकाण्ड के अंतिम श्लोक, "पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं, मायामोहमलापहं सुविमलं प्रेमाम्बुपूरं शुभम्" का आश्रय लेते हैं। इस श्लोक के दो पक्ष हैं। प्रथम पक्ष में गोस्वामीजी सीधे-सीधे उन प्रत्यक्ष उपलब्धियों को बता देते हैं जो श्रीरामचरित मानस से स्वतः ही प्राप्त हो जाती हैं।

बताया गया है कि यह ग्रंथ स्वतः ही "पापहरं", "सदा शिवकरं" तथा "मायामोहमलापहं" है अर्थात श्रीरामचरित मानस 'हमारे पापों का हरण कर लेता है, सदा कल्याण करता है और माया, मोह और मल का नाश करता है'! यह निश्चित ही एक उत्कृष्ट स्थिति है, लेकिन किसी कृपा के कारण मिली कुछ श्रेष्ठतम स्थितियां आगे हमारे जीवन में भी स्थिर रह पाएं, इस स्थिरता के लिए आवश्यक कौशल का उल्लेख गोस्वामीजी, श्लोक के दूसरे पक्ष में "विज्ञान भक्तिप्रदं" के माध्यम से करते हैं।

श्रीरामचरित मानस द्वारा प्रदत्त यह "विज्ञानभक्ति" क्या है? इसको गोस्वामीजी ने मानस के निष्कर्ष भाग में फलश्रुतियों के साथ इतने महत्वपूर्ण स्थान पर क्यों रखा है ? और आधुनिक युग में इसका महत्व क्यों है ? ऐसे सभी बिंदुओं को समझने के लिए आवश्यक है कि हम इस "विज्ञानभक्ति" के आशय या अर्थ को समझें।

'विज्ञानभक्ति' को पहले हम संयुक्त अक्षर के रूप में देखें तो 'विज्ञान रुपी भक्ति', 'विज्ञानयुक्त भक्ति' या 'विज्ञान आधारित भक्ति' जैसे आशय प्रतीत होते हैं।अर्थात भक्ति एक अपने से लगभग भिन्न सी अवधारणा अर्थात 'विज्ञान' के रूप में, या 'विज्ञान' के साथ अवलम्बित है।

लेकिन क्या "भक्ति के अवलम्बन के लिए" विज्ञान का प्रयोग हो सकता है?

इस प्रश्न का उत्तर अरण्यकाण्ड में श्रीराम द्वारा ही अपनी भक्ति के संबंध में सुस्पष्ट है,"सो सुतंत्र अवलंब न आना, तेहि आधीन ग्यान बिग्याना (*16/2*)"। अर्थात श्रीराम की भक्ति स्वतंत्र है और भक्ति को किसी दूसरे साधन अर्थात ज्ञान-विज्ञान का सहारा नहीं है। जब भगवान स्वयं ही यह स्पष्ट कर देते हैं कि उनकी भक्ति के साथ ज्ञान-विज्ञान जैसे अवलंब नहीं हैं और इस प्रकार भक्ति स्वतंत्र है, और तो और ज्ञान तथा विज्ञान भक्ति के अधीन हैं, तब तो यहाँ "विज्ञानभक्ति" में भी भक्ति को स्वतंत्र रखना ही उपर्युक्त जान पड़ता है!

ज्ञान तथा विज्ञान की धारणाओं को समझने में गीता का "ज्ञान विज्ञान योग" अर्थात सातवाँ अध्याय बहुत सहायक है। स्वामी रामसुखदासजी इस अध्याय के दूसरे श्लोक की टीका में विज्ञान के संदर्भ में बताते हैं कि भगवान् श्रीकृष्ण ने यहाँ जल, चन्द्र-सूर्य इत्यादि के द्वारा स्वयं को सम्पूर्ण भूतों का सनातन बीज कहा है। साथ ही सात्त्विक, राजस और तामस भाव मेरेसे ही होते हैं, ऐसा कहकर 'ज्ञान 'बताया है। और फिर- ये मेरे में और मैं इनमें नहीं हूँ, अर्थात् सब कुछ मैं-ही-मैं हूँ; क्योंकि इनकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है (*7/12*), ऐसा कहकर 'विज्ञान' बताया।

यहाँ स्पष्ट दिखाई देता है कि, "ज्ञान और विज्ञान की परिधि में आने वाली वस्तुओं की स्वतंत्र सत्ता नहीं होती है"।

इस प्रकार से रामायण और गीता दोनों के माध्यम से मिले भगवान् के उपदेशों से विज्ञान और भक्ति में यह एक महत्वपूर्ण अंतर् भी स्पष्ट है कि भक्ति जहाँ एक स्वतंत्र धारणा के रूप में स्थापित है, वहीँ विज्ञान स्वतंत्र सत्ता को इंगित नहीं करता है।

स्वामी रामसुखदासजी द्वारा इसी दूसरे श्लोक में उल्लेखित "ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिदं" अर्थात "ज्ञान सहित विज्ञान" की ही व्याख्या की टिप्पणी (*1*) में भी एक महत्वपूर्ण सिद्धांत मिलता है। इस व्याख्या के अनुसार यह संसार भगवान् से ही उत्पन्न होता है और भगवान में ही लीन होता है, ऐसा मानना "ज्ञान" है और सब कुछ भगवान ही हैं और भगवान ही सबकुछ बने हुए हैं, भगवान के सिवाय कुछ है ही नहीं, ऐसा अनुभव हो जाना "विज्ञान" है। इसमें ज्ञान सामान्य हुआ और विज्ञान विशेष हुआ।

इसी संदर्भ में गीता के छठवें अध्याय के आठवें श्लोक,"ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः"(*6/8*) की व्याख्या शंकरभाष्य के माध्यम से अत्यंत सटीक है। इसमें कहा गया है कि, "शास्त्रोक्त पदार्थों को समझने का नाम ज्ञान है और शास्त्र से समझे हुए भावों को वैसे ही अपने अन्तःकरण में प्रत्यक्ष अनुभव करने का नाम विज्ञान है"।

इन सभी विश्लेषणों से सूत्र मिलता है कि, किसी भी विषय या ज्ञेय को "जानना ज्ञान है" और "जाने हुए का अनुभव करना विज्ञान है'! अर्थात "ज्ञान की धारणा के परिपूर्णता से स्थापित होने और फिर अनुभूत होने की प्रक्रिया ही विज्ञान है"।

अब इससे एक चरण और आगे जाने पर ही भक्ति के दर्शन होते हैं!

भगवान के सिवाय कुछ है ही नहीं, यह "अनुभव हो जाना" वस्तुतः एक प्रक्रिया है जो मूलतः क्रिया को इंगित करती है। यह क्रिया और प्रक्रिया कोई परिणाम तो नहीं है। तो फिर इन क्रिया या प्रक्रिया का परिणाम क्या है?

निश्चित ही जब यह पता चल गया या कहें कि अनुभव ही हो गया कि सभी कुछ भगवान ही हैं तब मन में स्वतः ही जो प्रगट होगा वह भाव ही वस्तुतः भक्ति होगा!

अर्थात विज्ञान रुपी क्रिया की परिपूर्णता के साथ ही भक्ति प्रगट होती है। अतः भक्ति, विज्ञान से आगे की धारणा मानी जा सकती है। ध्यान से देखा जाए तो यहाँ विज्ञान के अनुभव को आगे स्थायी बनाये रखने का महत्वपूर्ण साधन भी भक्ति ही है ! विज्ञानभक्ति का यह बहुत ही अच्छा, सटीक और उपयोगी आपसी संबंध है।

अपने स्वरुप को मात्र "जान लेना तो ज्ञान है" लेकिन इसके एक कदम आगे की स्थिति, स्वरुप का अर्थात इसके 'ज्ञान का अनुभव हो जाना' और फिर 'उस अनुभव में स्थित रहना' विज्ञान है। ये निश्चित ही श्रेष्ठ अवस्थाएं हैं। लेकिन ये विशुद्ध व्यक्तिगत लाभ की अवस्थाएं हैं, इनसे किसी दूसरे का भला हो, यह अनिवार्य नहीं है। किन्तु जब यह ज्ञान और ज्ञान का अनुभव विज्ञान किसी व्यवहार में सुंदर ढंग से प्रगट हो, वह अवस्था भक्ति की है, जो भक्ति स्वयं के साथ कई और मनुष्यों का या फिर सारे विश्व का भी कल्याण करने में समर्थ होती है। काकभुशुण्डि जी से लेकर गोस्वामीजी तक के माध्यम से प्रगटित श्रीरामकथा इसी भक्ति का ही तो परिणाम है, जो युगों से कोटि कोटि मनुष्यों का कल्याण करती आयी है।

अब यह विज्ञानभक्ति, रामचरित मानस में इंजीनियरिंग से कैसे जुड़ती है आगे इसका दर्शन करते हैं।

रामायण में "विज्ञानभक्ति" की समानता में "इंजीनियरिंग" अवधारणा- विज्ञानभक्ति, रामायण के ही अंतर्गत इंजीनियरिंग से कैसे जुड़ती है, यह जानने के लिए हमें मानस के काकभुशुण्डि प्रसंग में इसी 'ज्ञान, विज्ञान और इंजीनियरिंग' के अत्यंत गूढ़ किन्तु सटीक और महत्वपूर्ण उल्लेख को देखना आवश्यक है।

रामायण के उत्तर काण्ड में वर्णन आता है कि भगवतमाया के अद्भुत दर्शनों के पश्चात कागभुशुण्डिजी की अत्यंत आर्त और प्रेमयुक्त वाणी सुनकर प्रभु श्रीराम उनसे कोई वर मांगने का कहते हैं, "काकभसुंडि मागु बर अति प्रसन्न मोहि जानि" (*83* ख)।

यहां प्रभु श्रीराम वर के रूप में भुशुण्डिजी के सामने विभिन्न विकल्प रखते हुए कहते हैं कि, "ग्यान बिबेक बिरति बिग्याना" अर्थात ज्ञान, विवेक, वैराग्य, विज्ञान, और अनेकों दुर्लभ गुण जो तेरे मन भावे, सो माँग ले (*84* क)!

प्रभु के यह वचन सुनकर भुशुण्डिजी बहुत ही प्रेम में भर गए किन्तु मन में ही यह भी सोचने लगे कि प्रभु ने सब सुखों के देने की बात कही, पर अपनी भक्ति देने की बात नहीं कही ! तब भुशुण्डिजी श्रीराम से अपनी भक्ति देने की प्रार्थना करते हैं। इस पर श्रीराम अत्यंत ही प्रसन्न होते हुए भुशुण्डिजी को जो वर देते हैं, उन वरों को विश्लेषित करें तो अत्यंत सटीकता से श्रीरामचरित मानस में आधुनिक इंजीनियरिंग के सुस्पष्ट दर्शन हो जाते हैं।

इसके लिए, संक्षेप में इंजीनियरिंग को समझना महत्वपूर्ण होगा। ।

इंजीनियरिंग- इंजीनियरिंग को मात्र विज्ञान ही नहीं बल्कि व्यवहारिक या एप्लाइड साइंस (*Applied science*) के रूप में विज्ञान का विस्तार, एप्लिकेशन पार्ट या विज्ञान का एक विभाग भी माना जाता है। आधुनिक परिपेक्ष्य में इंजीनियरिंग की परिभाषा के अनुसार "इंजीनियरिंग वस्तुतः ज्ञान की वह शाखा है, जिसमें विज्ञान का उपयोग करके, मानवता की भलाई के लिए, मनुष्यों के विभिन्न कार्यों में होने वाले कष्टों को दूर करने वाले सरलतम तरीके या साधन बनाये जाते हैं"।

उपरोक्त तथ्यों को संक्षेपित करें तो

1. ज्ञान,
2. विज्ञान,
3. ज्ञान, विज्ञान के विभिन्न वर्ग-विभाग और
4. मनुष्य के विभिन्न कार्यों के कष्टों को मिटाने वाला साधन

ये चारों इंजीनियरिंग के आवश्यक तत्व हैं।

अब यह देखना अत्यंत ही आश्चर्यजनक और अद्भुत है कि, रामायण में इंजीनियरिंग के बिलकुल इन्हीं सभी तत्वों को समाहित करते हुए भगवान श्रीराम के माध्यम से ही यही धारणा उल्लेखित है, जिसके अंतर्गत अक्षरक्षः यही वाक्यांश रामायण में कहा गया है!

श्रीराम, भुशुण्डिजी से कहते हैं कि,"भगति ग्यान बिग्यान बिरागा। जोग चरित्र रहस्य बिभागा (*85 क/4*)"।

अर्थात तू "ज्ञान-विज्ञान" को "समस्त रहस्य, विभाग तथा भेद सहित" जान जाएगा और फिर इनके एप्लिकेशन पार्ट के रूप में एक और विशेष बात कहते हैं कि, "मम प्रसाद नहिं साधन खेदा (*85 क/4*)" अर्थात "तुझे साधन का कष्ट भी नहीं होगा "!

स्पष्ट है कि ज्ञान विज्ञान के विभिन्न विभागों को पूर्णता से जानने के बाद की प्रणाली में, यदि "साधन का कष्ट ना हो" तो यही प्रक्रिया विभिन्न परिभाषाओं के अनुसार, इंजिनियरिंग ही है!

निश्चित ही भुशुण्डिजी के प्रसंग में यहां ज्ञान-विज्ञान, विशिष्ट परमात्म तत्व के संबंध में हैं, जिनको जानने के बाद साधन का कष्ट ना होने का उल्लेख, भक्ति की ही उपलब्धि है।

ठीक यही प्रक्रिया अपनाते हुए जब भौतिक ज्ञान- विज्ञान *(science)* को जानने के बाद, भवन, वाहन, कंप्यूटर इत्यादि जैसे विभिन्न 'साधन' निर्मित किये जाते हैं, जो मनुष्यों के तरह-तरह के कष्टों को समाप्त करते हैं, इसे ही इंजीनियरिंग कहते हैं।

इस तरह से आधुनिक इंजीनियरिंग प्रक्रिया, रामायण के माध्यम से अभिव्यक्त भक्ति की अवधारणा,से पूर्णतः समानता रखती है। सूत्र रूप में कहें तो,

परम ज्ञान-विज्ञान के साथ साधन का कष्ट मिटना - भक्ति

भौतिक पदार्थों के ज्ञान-विज्ञान के साथ मनुष्यों के साधन का कष्ट मिटना - इंजीनियरिंग

भगवान विषयक उच्चतम ज्ञान प्राप्त हो जाना मोक्ष या निर्वाण जैसी श्रेष्ठ अवस्था तो हो सकती है, लेकिन यह नितांत व्यक्तिगत होगी और इसमें सुख की अभिव्यक्ति या प्रसार भी सम्भव नहीं है। लेकिन जब इसी परम ज्ञान को व्यक्ति अपने अंदर सीमित ना कर दे बल्कि उस ज्ञान के अनुभव में रहे और ज्ञान का अनुभव व्यवहार में भी प्रगट हो, जिसका हम स्वयं भी आनंद लें और अन्यों का भी इससे भला हो सके यही सर्वोत्कृष्ट भक्ति है।

ज्ञान के अनुभव अर्थात विज्ञान में रह कर, लोकोपयोगी व्यवहार ही वस्तुतः विज्ञानभक्ति है। यही भक्ति की श्रेष्ठतम अवस्था है। यही अवस्था वस्तुतः स्वयं श्री काकभुशुण्डिजी की भी है, जिन्हें परमतत्व का प्रत्यक्ष ज्ञान भी है, और उस परमतत्व का अनुभव भी है। इन्हीं काकभुशुण्डिजी के माध्यम से प्रगटित भक्ति का अखंड भण्डार श्रीरामकथा, कई कल्पों और युगों से करोड़ों लोगों का भला करती हुई आ रही है। यह सस्टेनिबिलिटी का परम उदाहरण है।

उपरोक्त परिणामों से से यह स्थापित होता है कि श्रीरामचरित मानस की फलश्रुति के अंतर्गत परम उपलब्धि के रूप में वर्णित विज्ञानभक्ति सर्वाधिक व्यवहारिक एवं लोकोपयोगी धारणा है। इसके साथ ही भुशुण्डिजी को दिए गए वर के रूप में इसी विज्ञानभक्ति के दर्शन होते हैं जो भक्ति और इंजीनियरिंग की अवधारणा में विलक्षण समानता को इंगित करती है।

अब देखा जाए तो व्यवहारिक रूप से भक्ति मनुष्य के सद्गुणों से संबंधित है और इंजीनियरिंग विशुद्धतः भौतिक पदार्थों का क्षेत्र है। तब इस भक्ति और इंजीनियरिंग का तो लक्ष्य भिन्न हो जाएगा। लेकिन श्रीरामचरितमानस, इस संशय को भी एक महानतम उदाहरण के माध्यम से दूर कर देता है।

श्रीरामचरित मानस का यह अनुपम उदाहरण विशुद्ध विज्ञानभक्ति पर ही आधारित है वस्तुतः आधुनिक इंजीनियरिंग को भी जड़-चेतन के मध्य समन्वयनात्मक संबंध की नयी दृष्टि देता है।

आधुनिक इंजीनियरिंग में यह "जड़-चेतन के मध्य समन्वयनात्मक संबंध" ही सस्टेनिबिलिटी का सबसे बड़ा आधार बन सकता है। इस उदाहरण में रामचरित मानस, इंजीनियरिंग को ऐसे विकास का लक्ष्य देता है, जिसमें भौतिक संसाधनों के परिपेक्ष्य में ही व्यक्ति के मन से समस्त नकारात्मकताएं दूर हो जाएं और मानवीय गुणों की सर्वत्र स्थापना हो सके। मानस का यह उदाहरण, शोध के आरम्भ में उल्लेखित संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सस्टेनिबिलिटी के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों की संयुक्त प्राप्ति का भी आवश्यक तत्व सिद्ध होता है।

रामायण में विज्ञानभक्ति का व्यवहारिक उदाहरण- व्यक्ति के निवास का स्थान याने कोई घर, उसके आसपास का क्षेत्र या फिर पूरा नगर निर्माण करना, विज्ञान के अनुप्रयोग से आधुनिक सिविल इंजीनियरिंग का एक महत्वपूर्ण विकास कार्य है। मानस में भुशुण्डिजी का आश्रम एक ऐसा ही निवास स्थान है। इसके संबंध में श्रीगरुड़ जी कहते हैं कि, "देखि परम पावन तव आश्रम, गयउ मोह संसय नाना भ्रम"। अर्थात भुशुण्डिजी के उस आश्रम को मात्र दूर से देख लेने से ही गरुड़ जी के मन से मोह ही नहीं, संशय और विभिन्न प्रकार के भ्रम तुरंत नष्ट हो जाते हैं।

चेतन अर्थात मानवीय मन के दुर्गुण दूर होने के लिए एक जड़ माने जाने वाले आश्रम का दर्शन भी सहायक हो सकता है, श्रीरामचरित मानस यह अवधारणा प्रस्तुत करती है!

विश्लेषण से यह भी ज्ञात होता है, कि रामायण में यह अवधारणा कोई चमत्कार के रूप में वर्णित नहीं है, बल्कि इस आश्रम की विशिष्टता के मूल में भी "विज्ञानभक्ति" ही है।

वर्तमान समय में हम ज्ञानविज्ञान की विभिन्न मानवीय एवं भौतिक शाखाओं को मिलाकर विज्ञानभक्ति परआधारित इंजीनियरिंग अर्थात अध्यात्म और विज्ञान का सही समन्वय कर के आगे बढ़ेंगे तब ही वास्तविक सस्टेनेबिलिटी का लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा।

3. निष्कर्ष

'ज्ञान' और ज्ञान का अनुभव 'विज्ञान' अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बाद भी लगभग नीरस, व्यक्तिगत लाभ के साधन और अत्यंत सीमित प्रभाव के होते हैं।

श्रीरामचरित मानस में भगवान के विषय में सर्वोच्च ज्ञान और विज्ञान की भी यही स्थिति दिखती है। लेकिन भगवान के विषय में जब यही ज्ञान और विज्ञान व्यवहार में प्रगट होने लगते हैं तथा भगवान की कथा, नाम जप, सत्संग जैसे भक्ति के प्रतिनिधि साधनों के द्वारा अन्य लोगों की नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर करने का भी माध्यम बनते हैं तब यह प्रक्रिया विज्ञान और भक्ति को संयुक्त करते हुए 'विज्ञानभक्ति' कहलाती है।

यह 'विज्ञानभक्ति' श्रेष्ठतम अवधारणा इसलिए है क्योंकि इसमें ज्ञान और विज्ञान के साथ ही भक्ति के प्रभाव में प्रेम, प्रसन्नता, जड़चेतन के प्रति संवेदना जैसे लोकोपयोगी मानवीय गुणों का भी समावेश हो जाता है।

ऐसे में आधुनिक इंजीनियरिंग भी जब रामायण में भक्ति जैसी ही प्रक्रिया के रूप में स्पष्टता से वर्णित दिखाई देती है, तब यह इंजीनियरिंग भी विज्ञानभक्ति से प्रेरित हो सकती है।

इसी आधार पर आधुनिक इंजीनियरिंग भी जब स्वयं को मात्र रूखे ज्ञान और विज्ञान का ही विषय ना मानते हुए, इस विज्ञान के व्यवहार में प्रगट करने की प्रक्रिया के अंतर्गत यदि प्रेम, प्रसन्नता, जड़ चेतन के प्रति संवेदना जैसे मानवीय तत्वों को समावेशित कर लेती है, तब यह इंजीनियरिंग अधिक लोकोपयोगी होकर विज्ञानभक्ति के माध्यम से सस्टेनिबिलिटी की स्थापना में पूर्ण सहयोगी हो पाएगी।

4. संदर्भ ग्रंथ

1. **"श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण"** महर्षि वाल्मीकि प्रणीत, गीताप्रेस गोरखपुर
2. **"श्रीरामचरितमानस"** गोस्वामी तुलसीदासजी रचित, गीताप्रेस गोरखपुर
3. **"रामायण में सिविल इंजीनियरिंग",** लेखक डॉ. मनीष दुबे, इंद्रा पब्लिकेशन हॉउस, 2020 Online-
4. United Nation https://www.un.org/esa/sustdev/documents/WSSD_POI_PD/English/POI_PD.htm
5. Gita- https://www.gitasupersite.iitk.ac.in/srimad/

मानस के प्रतिनायक दशानन का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण : वाल्मीकि रामायण और आध्यात्म रामायण के तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में ..!



राजरानी शर्मा
सुभाष शर्मा
(rajranis@gmail.com)

रामचरितमानस कालजयी कृति है । कालजयी होने के लिये महाकाव्य में कथा चयन , पात्र चयन , शब्द चयन , छंद चयन के अतिरिक्त अन्य शताधिक युक्तियाँ प्रभावोत्पादक होती हैं । महाकाव्य के शास्त्रीय लक्षणों के अनुसार महाकाव्य का नायक धीरोदात्त और विश्व प्रसिद्ध होना चाहिए साथ ही उसके नायकत्व को चतुर्दिक उद्भासित करने के लिये चुने गये मार्मिक कथा प्रसंगों पर बल देने के साथ प्रतिनायक के चरित्र चित्रण में प्रयुक्त मनोवैज्ञानिक युक्तियाँ प्रयोग की जानी चाहिये क्योंकि ये युक्तियाँ महाकवि के प्रयोजन को न केवल सिद्ध करती हैं अपितु उसे अमरकृति बनाने और नायक की वर्चस्व कथा की विश्वप्रसिद्ध कीर्ति के लिये भी उत्तरदायी होती हैं । क्योंकि प्रतिनायक बनने के लिए आपको कहानी के मुख्य पात्रों में से एक को चुनना कथा प्रसंग की माँग है । कवि का सुचिन्तित व्यक्तित्व होने के बावजूद, प्रतिनायकों में उन अनेक गुणों, विशेषताओं या कथानक का अभाव होता है जिनकी पाठक एक सामान्य नायक से अपेक्षा करते हैं। कवि जिस तरह से अपने प्रतिनायक के चरित्र को महाकाव्य में प्रस्तुत करता है, वह महत्वपूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वे एक स्पष्ट खलनायक या एक पारंपरिक नायक हो सकते हैं। विश्व साहित्य में कथानक को हर दिल अज़ीज़ बनाने में नायक प्रतिनायक का द्वन्द्व एक अद्भुत रस सृष्टि करता है , और महाकाव्य या एपिक को अंतिम ऊँचाई तक ले जाकर कालजयी बनाता है । साहित्य में सर्वश्रेष्ठ प्रतिनायक पात्रों पर विचार करते समय, हमें सबसे पहले यह परिभाषित करना होगा कि प्रतिनायक क्या है। सामान्यतः, यह एक ऐसा नायक होता है जिसमें पारंपरिक रूप से नायक में पाए जाने वाले सभी या कोई भी गुण नहीं होते—जैसे साहस, नैतिकता, या परोपकारिता , दूसरों को बचाने की कोशिश करने के बजाय, उनका मुख्य उद्देश्य बदला लेना, शक्ति, अपना अस्तित्व बचाना हो सकता है, या उनका कोई रहस्यमय या विध्वंसक नैतिक मूल्य हो सकते है।जैसे भारतीय महाकाव्यों के प्रतिनायक हिरण्यकशिपु , हिरण्याक्ष, मधु कैटभ , कंस और दुर्योधन , शिशुपाल और दंतवक्र आदि विध्वंसक , निडर , निर्दयी और तुलसी की भाषा में कहें " जे बिनु काज दाहिने बाँये " या चलत दसानन डोलत धरनी "जैसे अकारण भयाक्रान्त कर देने वाले होते हैं । कथा में चरमोत्कर्ष बिना प्रतिनायकों के नहीं आता । महाकाव्य की उदात्त चेतना में परस्पर विरोधाभासी तत्वों का एक साथ अस्तित्व प्रभावोत्पादकता बढ़ाता है ।

हालांकि वे अक्सर नैतिक रूप से अस्पष्ट या यहां तक कि अनैतिक होते हैं, सर्वश्रेष्ठ प्रतिनायक चरित्र खलनायक का पर्याय नहीं होते हैं। वास्तव में, जब किसी कथा को खलनायक के दृष्टिकोण से दोहराया जाता है, तो कथा का प्रतिपक्षी अक्सर प्रतिनायक बन जाता है। यों तो पुरातन से लेकर अधुनातन साहित्य तक प्रतिनायकों की अपनी जगह है । आजकल पॉप साहित्य या व्यस्क साहित्य में तो नयी युवा पीढ़ी प्रतिनायकों को नायकों से भी अधिक स्थान देती है क्योंकि उनके चरित्र में साहस है , निर्भीकता है और आतंकित करने की युक्तियाँ हैं । रहस्य रोमांच है और कल्पनाशीलता से भरी उदात्त फैंटेसियाँ हैं इसलिये साहित्य में प्रतिनायकों का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है और आज की पीढ़ी को नकारात्मक पात्र और नकारात्मक हिंसा भरे प्रसंग परपीडक प्रसंग और दुराचारी प्रसंग और उनके पात्र पाठकों की रूचि में अधिक स्थान पा रहे हैं । यदि पश्चिम के कुछ प्रतिनायकों की चर्चा करें तो दोस्तोवस्की का प्रतिनायक - रोडियन रस्कोलनिकोव , फियोदोर दोस्तोवस्की की " क्राइम एंड पनिशमेंट " में एक गरीब छात्र, रस्कोलनिकोव, 19वीं सदी के सेंट पीटर्सबर्ग में दो बुज़ुर्ग महिलाओं की हत्या कर देता है। वह उपन्यास के बाकी हिस्से और अपनी पूरी ज़िंदगी अपने किए पर चिंतन करते हुए और प्रायश्चित करने में बिताता है। रस्कोलनिकोव इसलिए मनोरंजक है क्योंकि वह स्वयं को एक असाधारण व्यक्ति मानता है, जो कि एक मानसिक विडंबना ही है जो उसे निरंतर दोषी और दुखी बनाता है। दोस्तोवस्की के अन्य महत्वपूर्ण पात्रों की तरह, वह साहित्य में अभूतपूर्व तरीकों से दर्शन, धर्म और मनोविज्ञान की पड़ताल करता है।इसी प्रकार प्रतिनायक जीवन रूपी सिक्के का दूसरा पक्ष प्रस्तुत करके विभिन्न आयामों से चिन्तन को परिपुष्ट करते हैं । तुलसी प्रारंभ में ही लिखते हैं कि " संग्रह त्याग न बिनु पहचाने " अर्थात् तामसिक वृत्तियों , अन्याय , अपराध और शोषण , गो ब्राह्मण साधु संतों के अकारण शोषकों को भी विस्तार से जानने और उनका अंत उनकी पराजय से जीवन के मूल्यों का दर्शन समझने के लिये महाकाव्यों में प्रतिनायकों का चुनाव गंभीरता से किया जाता है क्योंकि उनके नकारात्मक चरित्र का सीधा प्रभाव नायक के धीरोदात्त और धीरोद्धत रूप पर पड़ता है । नायक का चरित्र नकारात्मक और विध्वंसक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में अधिक सक्रियता ा से कार्य कर सकता है । तुलसी ने अपने प्रतिनायक को इतना महत्वपूर्ण आयाम दिया कि राम जन्म से पहले रावण जन्म की कथा को विस्तार दिया । मानस से ही एक उदाहरण चुना जाये तो भरद्वाज ऋषि के आश्रम में जब भरत जी अपने अवधवासियों को लेकर पहुँचते हैं तो अनायास मुनि के मुख से निकल जाता है " मुनिहि सोच पाहुन बड़ नेवता । तस पूजा चाहिअ जस देवता ॥ " इसी प्रकार जितना बड़ा महानायक है उसकी टक्कर का ही

प्रतिनायक होना चाहिये। अपने प्रतिनायक का प्रथम परिचय देते हुए तुलसी लिखते हैं " दस सिर ताहि बीस भुज दंडा। रावण नाम वीर बरिबंडा॥ " (मानस बालकांड) अर्थात् आतंक का पर्याय दशानन ! दशानन की कहानी का रामचरितमानस में इतना एकतान विस्तार है कि प्रारंभ से अंत तक जहाँ राम के शर , मंदोदरी के आगे उसके दसों सीस और बीस भुजाओं को रखकर ही महागाथा की इति श्री करते हैं। महाकाव्य के प्रारंभ से अंत तक वर्णन किया गया है। महाकाव्य का मूल प्रयोजन इसमें संनिहित है इसलिये प्रतिनायक महाकाव्य के प्राण का ही एक आयाम है।

गोस्वामी तुलसीदास जी की अमर कृति रामचरितमानस के नायक श्रीराम- शक्ति , शील सौन्दर्य के स्वामी , "विग्रहवान धर्म " और लोकरक्षक हैं। रामचरितमानस का प्रतिनायक दशानन सुचिन्तित अभिनेता , प्रबुद्ध चरित्र और प्रयोजनानुसार योजना बनाकर कार्य करने वाला निपुण योद्धा है। प्रतिनायक (anti-hero) के रूप में रावण एक जटिल और संश्लिष्ट चरित्र है, जो अपनी असाधारण विद्वत्ता, शक्ति और शासन क्षमता के साथ-साथ अहंकार, क्रोध और वासना जैसे अवगुणों से ग्रस्त था, जिसके कारण उसका पतन हुआ और वह रामायण का

प्रमुख विरोधी बना। वह एक शक्तिशाली राजा, ज्ञानी ब्राह्मण, कुशल संगीतज्ञ और शिव का भक्त था, लेकिन सीता के अपहरण जैसे कृत्य ने उसे नायक राम का योग्य प्रतिद्वंद्वी बना दिया! प्रत्यक्ष में तो महाकवि तुलसी उसके मुख से अपनी पत्नी मंदोदरी के लिये कहलवाते हैं " सुनु तैं प्रिया वृथा भय माना। जग जोधा को मोहि समाना॥ "(मानस लंकाकांड) लेकिन परोक्ष रूप से मानो दशानन ये कहता है कि " जग भक्त को मोहि समाना " अर्थात् इस जग में मेरे समान अनोखी सी भक्ति करने वाला और कौन है ? रावण भक्त है ये बात अटपटी लग सकती है लेकिन राम के ईश्वर शिव का जगत्प्रसिद्ध और परम भक्त है रावण। मर्म को जानता है ! मननशील है , एकांतसेवी है , पौरुष का पर्याय है। पारिवारिक जीवन मूल्यों को जानने वाला है। भाइयों को साथ लेकर चलने वाला है। लेकिन उसका अनोखा चरित्र उसे राम का शत्रु प्रसिद्ध करना चाहता है। ये अनोखी सी राह उसने चुनी है। आधुनिक कवि के शब्दों में कहें " प्रभु के रहस्यमय जीवन की यह अलग जरा सी परिपाटी मेरे अनंत निर्भय मन की " कहकर रावण भक्ति की राह चुनता है जिसमें निहित है कि " बदनाम जो होंगे तो क्या नाम न होगा "

सामान्यतया प्रतिनायक युद्ध जीतने के लिये और राज्य हड़पने के लिये ही रणनीति बनाते रहे हैं लेकिन दशानन तो भक्ति रूपी सीता को हरण करके हठ पूर्वक और सुनियोजित रणनीति बनाकर अपना उद्धार श्रीराम के हाथों कराने को प्रतिबद्ध होता हैं और ऐसा दृढ़ संकल्प लेता है कि अंत तक अर्थात् लक्ष्य की प्राप्ति तक कोई भी उसे अपनी संकल्पनिष्ठा से डिगा नहीं पाता फिर चाहे मारीच मामा हो, उसकी पत्नी मंदोदरी हो या भाई विभीषण और कुंभकर्ण हो , पुत्र प्रहस्त हो या सचिव माल्यवंत हो , ऋषि पुलस्त्य का संदेश हो या सीता जी की मर्मभेदी प्रताड़ना हो ; हनुमान और अंगद का ज्ञान संदेश हो अनेक बाधाओं के बाबजूद दशानन अपने संकल्प रूपी परोक्ष भक्ति पर अडिग खड़ा है। तुलसी की महागाथा मानस का विश्वप्रसिद्ध प्रसंग जब अरण्यकांड की कथा में जब श्रीराम खर दूषण का वध कर देते हैं ….

"धुआँ देखि खर दूषन केरा। जाय सूपनखा रावण प्रेरा॥
करसि पान सोवसि दिनराती। सुधि नहीं तव सिर पर आराती॥

(अरण्यकांड मानस)प्रतिनायक के रूप में रावण जब शूर्पणखा को समझा कर अपने दरबार से घर आता है किन्तु …,

"सूपनखहि समुझाय करि बल बोलेसि बहु भाँति।
गयउ भवन अति सोचबस। नींद परी नहिं राति॥

अन्तर्द्वन्द्व और आत्मचिंतन में डूब जाता है ….. बहुत विचार करने के बाद क्या सोचता है ?

"खर दूषन मोहि सम बलवंता। तिन्हहि को मारइ बिनु भगवंता॥
सुररंजन भंजन महिभारा। जो भगवंत लीन्ह अवतारा॥

तौ मैं जाय बैर हठि करऊँ। प्रभु सर प्रान तजे भव तरऊँ॥(अरण्यकांड मानस)

साथ ही वह अपने निशाचर मन को भली भांति जानते हुए यह स्वीकारोक्ति भी देता है कि …

"होइहि भजन न तामस देहा। मन क्रम वचन मंत्र दृढ़ एहा॥ "(अरण्य कांड - मानस)

यह तुलसी के प्रतिनायक दशानन की अपनी निंजा शैली है प्रभु चरणों में समर्पण की और अपने प्रकार की निजी और परोक्ष भक्ति है जिसमें उसका लक्ष्य संधान भी हो जाय तथा प्रभु का मही का भार उतारने और देवताओं की रक्षा करने का संकल्प भी पूर्ण हो जाये। साथ ही प्रभु को उसका वध करने का ठोस कारण भी मिल जाये जिससे बाली की तरह उसे और पूरे संसार को श्रीराम से ये न कहना पड़े कि " मैं वैरी सुग्रीव पियारा। कारन कवन नाथ मोहि मारा " (किष्किन्धा कांड - मानस)प्रकारान्तर से रावण अपने भगवंत को ठो….

"जो नररूप भूप सुत कोऊ। हरिहऊँ नारि जीति रन दोऊ॥ "क्योंकि शूर्पणखा ने सूचना दी थी

"अतुलित बल प्रताप द्वौ भ्राता। खल वधरत सुर मुनि सुख दाता॥ सोभाधाम राम अस नामा। तिन्ह के संग नारि एक स्यामा॥ (मानस अरण्यकांड)

संकल्प लेते ही अपनी अद्भुत संकल्पना से प्रतिबद्ध होकर सुनियोजित योजना प्रारंभ करता है दशानन ! और मामा मारीच के पास जाता है उसे भली - भाँति ज्ञात है कि किससे क्या कार्य कराना है ? प्रतिनायक दशानन के दुर्दान्त चरित्र को बुनते हुए तुलसी ने बार - बार इस तथ्य को प्रकाश में लाया

है कि दशानन "जगदंबा सीता "को हर लाया है। यद्यपि अरण्यकांड में जैसे ही शूपर्णखा के विरूपीकरण के द्वारा " लछिमन अति लाघव कहँ नाक कान बिनु कीन्ह।

तेहि के कर रावण कहँ मनहु चुनौती दीन्ह ॥" के साथ ही श्रीराम सीता जी को अग्नि प्रवेश करने की आज्ञा बडे ही योजनाबद्ध तरीके से देते हैं

"सुनहु प्रिया व्रत रुचिर सुसीला ।मैं कछु करब ललित नर लीला।
तुम पावक महुँ करहु निवासा। जौ लगि करहु निसाचर नासा ॥ " (अरण्यकांड)

कहने का तात्पर्य यह कि रावण सीता जी को नहीं छाया सीता को ही हरण करके लाया।

एक उल्लेखनीय तथ्य यह है कि जिस प्रकार राम नरलीला कर रहे हैं जिसमें मरण , बिछोह, हर्ष - विषाद , कमजोरी, आँसू , हार - जीत, आशा - निराशा और छल - कपट सब सहन कर रहे हैं। लेकिन पूरे वनवास काल में नर लीला करते हुए राम सतत सजग रह कर अपने ऐश्वर्यभाव को अपनी सहज मुस्कानों से माधुर्यमंडित करने का ध्यान रखते हैं। कभी ऐश्वर्य प्रकट नहीं होने देते। एक वर्ष से अधिक विरह सहन करते हैं। उसी प्रकार प्रतिनायक दशानन भी सदैव अपने प्रतिद्वंद्वी भाव को जाग्रत रखता है। ये महाकाव्य का एकतान विस्तार और तनाव है जो कथाक्रम को आकर्षित बनाता है। रावण सदा ही अपने भक्त और तत्वज्ञानी रूप को साभिप्राय सोद्देश्य छिपा कर रखता है। यही महाकाव्योचित विधान है जिसे नायक और प्रतिनायक के चरित्रों को सटीक व सजग चरित्र - चित्रण के द्वारा संश्लिष्ट रूप से बुना गया है। अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं जैसे रावण को अवश्य ज्ञात होगा कि —

- हनुमान अशोक वाटिका में हैं फिर भी नजर अंदाज करता है।

1. विभीषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और प्रतिपक्षी का स्मरण करने की अनुमति देता है।
2. मंदोदरी के द्वारा स्वयं को खद्योत और राम को दिनकर बताने पर भी हिंसा नहीं करता अपितु बात को टालते हुए चार बार मंदोदरी को क्षमा करता है , आलिंगन करता है और एक बार तो कहता है कि " मैं तुम्हारी चतुराई जानता हूँ। शत्रु का प्रताप बता कर तुम मेरी व्याज स्तुति कर रही हो "
3. रावण कहता है " जग जोधा को मोहि समाना लेकिन मन ही मन भयभीत रहता है ।जब सुंदरकांड के अंत में शुक लक्ष्मण जी द्वारा दिया पत्र लेकर आता है तो तुलसी लिखते हैं - " सुनत सभय मन मुख मुसकाई " अंदर से भयभीत है ऊपर से मुस्कुराता है।
4. जो भी भक्ति रूपी सीता जी को लौटाने की बात कहता है

उसी को लात से प्रहार करता है फिर चाहे विभीषण हो या शुक हो किसी की बात नहीं मानता दशानन !

- बहुत महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि महाकाव्य में कुछ प्रसंगों को सकारात्मक और मार्मिक बना कर प्रस्तुत किया जाता है जैसे केवट के द्वारा राम के चरण प्रक्षालन का प्रसंग अमर हो गया क्योंकि उसमें केवट न केवल स्वयं बल्कि महाकवि के अनुसार" पद पखारि जल पान करि आप सहित परिवार। "
- पितरि पार कर प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लै पार ॥ (मानस अयोध्या कांड)

यहाँ यह रेखांकित किया गया है कि केवट ने पहले अपने परिवार और पितरों को भव सागर से पार कराया फिर स्वयं पार गया। यह विश्व विख्यात मार्मिक प्रसंग है ! लेकिन इसी योजना के अन्तर्गत प्रतिनायक दशानन ने पहले अपने पूरे परिवार एवं भाइयों सहित परिजन व पुरजन को श्रीराम के हाथों युद्ध में सुगति दिलाई और फिर अंत में आप स्वयं अपनी पूर्व योजनाबद्ध पद्धति से श्रीराम के हाथों परम गति प्राप्त करता है। गोस्वामी तुलसीदासजी प्रतिनायक का अंत इस प्रकार लिख कर कथा को अद्भुत गरिमा प्रदान करके लिखते हैं —

"डोली भूमि गिरत दसकंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर!
धरनि परेउ द्वौ खंड बढ़ाई ।चापि भालु मर्कट समुदाई ॥
मंदोदरि आगें भुज सीसा। धरि सरि चले जहाँ जगदीसा ॥
प्रबिसे सब निषंग महँ जाई। देखि सुरन्ह दुंदुभी बजाई ॥ "!(मानस लंकाकांड)

अब जो मुख्य उल्लेखनीय बिन्दु है …..

"तासु तेज समान प्रभु आनन। हरषे देख संभु चतुरानन ॥
जय जय धुनि पूरी ब्रह्मंडा। जय रघुबीर प्रबल भुजदंडा॥ "

कहने का तात्पर्य यह है कि पुत्र , भ्राता और परिजन मृत्यु का अथाह शोक सहन करके भी दशग्रीव ने पहले परिवार की मुक्ति सुनिश्चित की बाद में स्वयं की। क्योंकि पहले ही योजना थी कि " तौ मैं जाय बैर हठि करऊँ ॥प्रभु सर प्रान तजें भव तरऊँ ॥" लेकिन नकारात्मक और प्रतिनायक होने के कारण रावण की इस योजना को अतिरिक्त प्रचार न मिला न ही श्रेय दिया गया। लेकिन यह बिल्कुल केवट जैसी ही योजना है इसमें कोई संदेह नहीं।

महाकवि तुलसी ने रावण के चरित्र में प्रतिनायकत्व की पराकाष्ठा का सुनियोजित और सुचिन्तित निर्वाह करते हुए उसमें दंभ , पाखंड , अतिशय आत्मविश्वास , क्रोध , दुर्व्यवहार, विलासिता , दुर्वचन , और दुर्व्यसनों का भंडार भर दिया है जिससे उसकी कर्मठता , उद्यमिता , भक्ति , समर्पण और तेज छिप गया है। उसके तमस से मन के उजास को पूर्णतया आच्छादित कर लिया है।

रामचरितमानस जैसे युग सापेक्ष और कालजयी काव्य के महान धीरोदात्त नायक राम के लिए एक शक्तिशाली और धीरोद्धत प्रतिनायक का होना आवश्यक था, इसीलिये महाकवि तुलसी ने दशानन जैसा प्रतिद्वन्द्वी दिया और उसको मनोवैज्ञानिक रूप अन्तर्द्वन्द्व प्रधान और परोक्ष रूप से मुक्तिकामी चित्रित किया। रावण ने जब तपस्या की तभी से उसे विष्णु के अवतार श्रीराम के हाथों प्राण त्यागने और परम गति मोक्ष पाने की मानो महत्वाकांक्षा पाल रखी थी , इसीलिये मानस में प्रतिनायक का चरित्र रचते हुए तुलसी का दशानन ब्रह्मा जी से वरदान भी इसी अर्थ का माँगता है -

" हम काहू के मरै न मारे। वानर मनुज जात दुइ वारे " यह वरदान या तो भावी वश माँगा था दशानन ने या उसे महाविष्णु को मनुज रूप में साक्षात् देखने की लालसा थी या उसका अभिमान इतना बड़ा था कि वह मानव और वानरों को अपना भोज्य समझता था। राम अवतार के बहुत से प्रयोजन में से एक प्रयोजन प्रतापभानु के रावण रूप में जन्म की कथा भी है। रावण की असाधारण शक्ति और बुद्धि ने उसे एक योग्य प्रतिद्वंद्वी बनाया। ऐसा प्रतिनायक जिसका अंत करने के लिये बार-बार भगवान को अवतार लेना पड़ता है। मनोवैज्ञानिक रूप से देखा जाय तो रावण के प्रतिनायकत्व में निम्नलिखित गुण हैं —

जटिलता और मानवीयता: रावण केवल बुराई का प्रतीक नहीं है; वह अच्छाई और बुराई का एक जटिल मिश्रण है, जो उसकी कहानी को और भी गहरा और विचारोत्तेजक बनाता है।

नैतिक शिक्षा - प्रतिनायक दशानन की कहानी अहंकार, इच्छाओं और नैतिक पतन के स्तरों की एक चेतावनी है, जो हमें आत्म-जागरूकता और विनम्रता का महत्व सिखाती है।

वाल्मीकि रामायण और प्रतिनायक दशानन ….

वाल्मीकि रामायण में भिन्न प्रयोजनों को सिद्ध करने के उद्देश्य से कथा क्रम में इतिवृतातत्मकता है अर्थात् यथार्थ परक और घटनाप्रधानता को वरीयता दी गयी है। महर्षि वाल्मीकि आदि

प्रतिनायकों के चरित्र नायक के चरित्र की अच्छाइयों को उजागर करने के लिये रचे जाते हैं। प्रतिनायक से यदि लोक को और पाठक को आत्यन्तिक घृणा होती है तो इसका अभिप्राय यह है कि कवि का प्रणयन और प्रतिनायक का चरित्र सफल है। कवि का प्रयोजन सिद्ध है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करें तो ऐसे अनेक प्रसंग हैं जहाँ दशानन को संवेदनशील भी बताया है लेकिन पहली बार पुत्र की मृत्यु का समाचार सुनकर भी एक पल को पिता दशानन भाव- विह्वल नहीं होता ये आत्यन्तिक अर्थात् अतिशय उक्ति है। या तो अतिरिक्त संयमी है या काठ मन है या शून्य चेतना है लेकिन रावण इनमें से कुछ नहीं है। यों रावण को मेघनाद जैसे इन्द्रजीत वीर पुत्र को भी अपने अंक में बैठाते हुए दिखाया गया है ! लेकिन उसका बाह्य और आंतरिक दोनों व्यवहार अलग हैं जैसे सीताजी को हरण करते समय मन ही मन प्रणाम करता है। सुषेण को लक्ष्मण जी के उपचार हेतु आज्ञा देना , राम को युद्ध की तैयारी हेतु पर्याप्त समय देता है आदि अनेक कार्य - व्यवहार उचित हैं और प्राकृतिक हैं। सभी जानते हैं कि दशानन संगीतज्ञ , कला रसिक और शंकर भक्त व काव्य प्रणेता हैं तो बिना संवेदनशील हृदय के ये समस्त कार्य संपादित नहीं किये जा सकते। उदाहरण के लिये और भी बहुत से घटनाक्रम व उदाहरण हैं जो जनश्रुति और परंपरा के कारण नकारात्मक ध्वनि देते हैं लेकिन यदि हम गंभीरता से विचार करें तो ये उदाहरण व प्रकरण आश्चर्य में डाल देते हैं जैसे - समुद्र पर सेतु बंध का समाचार सुनकर दशानन दस मुख से दस पर्यायवाची बोल कर आश्चर्य प्रकट करता है

"बाँध्यो बननिधि नीरनिधि, जलधि सिंधु बारीस।

सत्य तोयनिधि कंपति , उदधि पयोधि नदीस॥ "(मानस लंकाकांड) लेकिन इसका निहितार्थ यह भी है कि मन ही मन राम की प्रतीक्षा करता रावण ये समाचार सुनकर आश्वस्त हो जाता है कि सेतु बाँध लिया है , अर्थात् मुझ तक अवश्य आयेंगे ! यों रावण के दशसिर भी प्रतीकात्मक हैं। अपमान करना उसका व्यसन है तो अपमान सहना भी उसकी ताकत है —- संगीत सभा के भरे दरबार में जब राम के बाण रावण के चार मुकुट गिरा देते हैं तो प्रजा को ढाढस बँधाते हुए कहता है -

"सिरहु गिरे संतत सुभ जाहीं। मुकुट गिरे कस असगुन ताहीं " मानो उसको सब ज्ञात है कि मुकुट किसके बाणों से गिरे हैं और उनका क्या निहितार्थ है।

इसी प्रकार एक और प्रकरण रावण की परोक्ष भक्ति पर विश्वास दिलाता है जब शुक उससे आकर कहता है —

"मिला जाय जब अनुज तुम्हारा। जातहि राम तिलक तेहि सारा। "(मानस सुंदरकांड) दशानन इस समाचार से भी मन ही मन आश्वस्त होता है कि मेरी सद्गति सुनिश्चित है श्रीराम ने घोषणा कर दी है कि दशानन का अंत होगा और विभीषण राजा बनेगा! मानो प्रभु चरण में दशानन का एकतान ध्यान लगा है न कोई बात उसे विचलित करती है न अपने प्रण से डिगाती है न धीरज खोती है। प्रजा के सम्मुख अंत तक रक्षक की भूमिका का निर्वाह करता है। अन्तरद्वन्द्व की मथानी मन ही मन मथ रही है परंतु प्रत्यक्षत : रावण पूरे मनोयोग से वैर निर्वाह करता है ! क्योंकि विद्वान रावण

जानता है वैर ऐसा दृढ मनोभाव है कि व्यक्ति सोते - जगते उठते - बैठते खाते - पीते ही नहीं साँस लेते भी अपने वैरी को भूल नहीं पाता और यही उस प्रतिनायक का साध्य है कि वह तैलधारवत प्रभु को सुमिरन करे। अंतत: उसे सारूप्य मुक्ति पानी है और श्री प्रभु उनके स्वामी और रावण उनका शापग्रस्त द्वारपाल ही तो है। शरण जाये बिना निर्वाह कैसे होगा।

प्रकारान्तर से देखा जाय तो मनोवैज्ञानिक धरातल पर ये एक साहसिक कार्य है कि अपने सामने अपने ही अनुचर से शत्रु की प्रशंसा सुनना और राज्य धन धर्म सब जाते देखना। शुक यहाँ तक कहता है कि " नाथ कटक मँहु सो कपि नाहीं। जो न तुम्हहि जीतै रन माँही॥ " संयम की पराकाष्ठा चाहिए अपने ही अनुचर से ये सुनने के लिए। कुंभकर्ण को जगाने जाता है तब कुंभकर्ण भी दशानन को धिक्कारता है " जगदंबा हर आनि सठ , अब चाहेसि कल्यान॥ " मानो दशानन स्थितप्रज्ञ हो गया है।

इतने सारे अन्तर्विरोधों से जो भीषण अन्तर्द्वन्द्व रावण के मन में होता है उसे सहन करता हुआ त्रिभुवनपति राम का रण में सामना करता है यह बड़ी साहस की बात है। रावण भली - भाँति जानता है कि सारा देवलोक श्रीराम की ओर चौदह भुवन के पति हैं जब मंदादरी उसे सुनाती है प्रभु का विराट् रूप तो मानो रावण मन ही मन मुस्कुराता है कि "पद पाताल सीस अज धामा अखिल लोक दायक विस्रामा " ये सब किसे सुना रही है मौं तो उनका द्वरापाल रहा हूँ बरसों बरस ! सब जानता हूँ। लेकिन यहाँ यदि प्रभु नरलीला कर रहे हैं तो मैं भी वैरी का अभिनय कर रहा हूँ। रावण को किसी बात का अभिनिवेश यानी खो जाने का भय नहीं है न राज्य न पुत्र , न भ्राता न प्रजा। उसे ज्ञात है सब सिद्ध लक्ष्य की ओर ही जा रहे हैं।

दशानन अकेला है , निपट अकेला और से अकेलापन अपने चारों ओर मानो उसने प्रभु से सारूप्य भेंट

होने के लिए अपने चारों ओर स्वयं बुना है। स्वयं दशानन के इष्ट शंकर भी रामानुरागी हैं तो अब किसकी शरण ग्रहण करे ? इतनी विपरीत परिस्थितियों में भी दशानन सशक्त प्रतिपक्ष से अंत तक युद्ध करता है। नियति कहें या प्रारब्ध प्रतिनायक बनते - बनते यह दशानन का तीसरा जन्म है और सुगति परब्रह्म के हाथों होनी ही है जो नर लीला कर रहे हैं ऐसे में दशानन हार कर भी जीत जाता है अपने वैदुष्य के कारण अपनी योजना के कारण अपने तप के कारण और अपनी अर्जित शक्तियों के कारण। नकारात्मक शक्तियों , व्यसन , मदांधता और अतिशय अहंकार के दशानन के सारे गुण कौशल तप और संसाधन धूलिसात् हो जाते हैं। अंत में उसकी स्वयं की पत्नी रानी मंदोदरी ही कहती है कि . …

"राम विमुख अस हाल तुम्हारा। रहा न कुल कोऊ रोवनिहारा "॥

"काल बिबस पति कहा न माना। अग जग नाथ मनुज करि जाना "(मानस लंकाकांड)

लोक में भी शताधिक उक्तियाँ रावण के अहंकार को लेकर बनी हैं " इक लख पूत सवा लख नाती। ता रावण घर दिया न बाती॥ "

- रावण अभिमान , अहंकार और सहस्रों दुर्गुणों के साथ अन्तर्द्वन्द्व , नैराश्य , एकाकीपन और अवसाद का शिकार है। उसकी मन: स्थिति उसे सैनिकों को लताड़ लगाने को प्रेरित करती है " समर भूमि भये वल्लभ प्राना !" कहकर सैनिकों को प्रताड़ित करना और परिवारजनों का अपमान करना जैसे माल्यवंत , विभीषण, मारीच और कालनेमि सभी को डराता धमकाता है। पत्नी को अनसुना करता है ये सब लक्षण उसे घोर प्रतिनायक बनाते हैं !
- वाल्मीकि रामायण का प्रतिनायक दशानन और मानस से तुलना ….!
- वाल्मीकि रामायण में भिन्न प्रयोजनों को सिद्ध करने के उद्देश्य से कथा क्रम में इतिवृतातत्मकता है अर्थात् यथार्थ परक और घटनाप्रधानता को वरीयता दी गयी है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि हैं। इतिहास प्रधान दृष्टिकोण होने के कारण वाल्मीकि का प्रतिनायक भिन्न स्वरूप

वालाविपुलैः दर्शनीयैः च रक्ष अक्षैः भीम दर्शनैः |

दीप्त तीक्ष्ण महादम्ष्ट्रैः प्रलम्ब दशनच् चदैः ||

शिरोभिः दशभिः वीरम् भ्राजमानम् महाओजसम् |

नाना व्याल समाकीर्णैः शिखरैः इव मन्दरम् ||

वाल्मीकि का रावण महाबलशाली है किन्तु सदैव चाटुकारों से घिरा रहता है। तुलसी के समान वाल्मीकि के यहां भी दशानन के दस शिरों के साथ विचित्र से स्वरूप का वर्णन है ! वाल्मीकि के यहाँ रावण संतत क्रोध में ही रहता है। रावण मारीच प्रसंग से एक संवाद देखने योग्य है : -

। न चेतकरोशि मारिच हनमि त्वमहामाद्य वै।

एतत्कार्यमवश्यं मे बलादपि करिष्यसि।

रजोणो हि प्रतिकुलस्थो न जातु सुखमेधते।3.40.26।।

हे मारीच! यदि तू ऐसा नहीं करेगा, तो मैं अभी तुझे मार डालूँगा। या फिर बलपूर्वक तुझसे यह काम करवाऊँगा। राजा के विरुद्ध जाने वाला कोई भी व्यक्ति सुख से नहीं रहता।

असद्य तं जीवितसंशयस्ते मृत्युर्ध्रुवो ह्यद्या मया विरुद्ध।

एतद्याथवत्प्रतिगृह्य बुद्धि यदात्र पथ्यं कुरु तत्तथा त्वम्।।3.40.27।।

युद्ध में राम का सामना करने के बाद तुम्हारा बचना संदिग्ध है। लेकिन यदि तुम अभी मेरा विरोध करोगे तो तुम्हारी मृत्यु निश्चित है। सोच-समझकर वर्तमान परिस्थितियों में जो भी तुम्हारे लिए वांछनीय हो, करो।

इत्यार्षे श्रीमद्रमायाणे वाल्मीकि आदिकाव्ये आरण्यकाण्डे चत्वारिणशस्सर्ग। ।

इस प्रकार ऋषि वाल्मीकि द्वारा रचित वाल्मीकि रामायण में वर्णित प्रतिनायक दशानन के चरित्र की बानगी देख सकते हैं !

- यों तो वाल्मीकि रामायण आदि काव्य है । ऐतिहासिक और इतिवृत्तात्मक है । वाल्मीकि रामायण का युग अलग है इसलिये महर्षि वाल्मीकि का महाकाव्य लिखने का प्रयोजन बिल्कुल पृथक है । वाल्मीकि जी का दशानन सभी कलाओं में पारंगत है । धन धान्य और समृद्धि का अथाह संचय और स्रोत है । दिग्गज और शनि उसके दास हैं काल और यम उसके बंदी हैं । रावण यहां भी मदांध व्यसनी और राम विमुख चित्रित किया गया है! रावण का वैभव त्रैलोक्य में दुर्लभ है लेकिन रावण के व्यसन सारे सारे निशाचरों वाले हैं । गर्व है , शोषण है निर्दयता है और है आतंक ! वाल्मीकि रामायण में रावण के बाह्य पक्ष को अधिक उजागर किया है और उसके आंतरिक पक्ष या अन्तर्द्वन्द्व को कम उजागर किया है । वाल्मीकि जी का अपना निहितार्थ है । उनका प्रतिनायक सजग तो है किन्तु समर्पित नहीं ।

आध्यात्म रामायण और प्रतिनायक दशानन ….

आध्यात्म रामायण में प्रसंगों की मार्मिक और आध्यात्मिक व्याख्या देखने को मिलती है । मानस के तरह का ही संकल्प आध्यात्म रामायण में भी आता है जब युद्ध कांड में दशानन मंदोदरी से वार्ता करते हुए कहता है ….

“आगमिष्यामि नो चेन्मां दारयिष्यति सायकै: ।

श्रीरामो वज्रकल्पैश्च ततो गच्छामि तत्पगम् ॥ “(आध्यात्मरामायण - युद्ध कांड)

साथ ही यह भी कहता है जो मानस के दशानन के विचार और संकल्प से मिलता भी है ….

“जानामि राघवं विष्णुं लक्ष्मीं जानामि जानकीम् ।

ज्ञात्वैव जानकी सीता , मयानीता वनाद्बलात् ॥ “

यहाँ भी योजनाबद्ध है सीता जी का अपहरण क्योंकि “ तौ मैँ जाय वैर हठि करऊँ “

का दृढ़ संकल्प है ….

“परानंदमयी शुद्धा सेव्यते या मुमुक्षुभि: ।

तां गति तु गमिष्यामि हतो रामेण संयुगे ॥ “

अर्थात् मुमुक्षु जन जिस परानंदमयी शुद्ध गति का सेवन करते हैं भगवान् श्रीराम के हाथों मर कर मैं उस गति को प्राप्त करूँगा । अर्थात् स्पष्ट है कि तुलसी का प्रतिनायक दशानन आध्यात्म रामायण से प्रेरित चरित्र है ।

रावण अतुलित ज्ञानी तथा बहु-विद्याओं का मर्मज्ञ था। एक कुशल राजनीतिज्ञ, सेनापति और वास्तुकला का मर्मज्ञ राष्ट्रनायक था।

अशोक वाटिका जैसा विराट बाग तथा नदियों पर बनवाए गए पुल प्रजा के प्रति उसकी कर्तव्यनिष्ठा के प्रमाण हैं। स्वयं हनुमानजी उसके धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र संबंधी ज्ञान का लोहा मानते थे। महान शिवभक्त होने के साथ-साथ उसने घोर तपस्या के द्वारा ब्रह्मा से भी अनेक वरदान प्राप्त किए थे। आकाशगामिनी विद्या तथा रूप परिवर्तन विद्या के अलावा पचपन विद्याओं के लिए रावण ने पृथक से तपस्याएँ की थीं। ऐसा शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख मिलता है ।

यत्र-तत्र फैली वैदिक ऋचाओं का कुशल संपादक रावण अंक-प्रकाश, इंद्रजाल, कुमार तंत्र, प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर, ऋग्वेद-भाष्य, रावणीयम (संगीत), नाड़ी-परीक्षा, अर्कप्रकाश, उड्डीश तंत्र, कामचाण्डाली, रावण भेंट आदि पुस्तकों का रचनाकार भी था। रावण ने शिव-तांडव स्तोत्र तथा अनेक शिव स्तोत्रों की रचना की। यह अद्भुत है कि जिस 'दुराचारी' क्रोधी रावण के तामसिक पक्ष को ही हम जानते हैं , उसी रावण ने लंका के प्रसिध्द आयुर्वेदाचार्य सुषेण द्वारा अनुमति माँगे जाने पर घायल लक्ष्मण की चिकित्सा करने की अनुमति सहर्ष प्रदान की थी।

सभी जानते हैं कि सीता जी को भक्ति स्वरूपा मानने के कारण भी संयमी रावण ने माता सीता को अंत:पुर में नहीं रखा, राम का वनवास-प्रण खंडित न हो, अतः अशोक वन में सीता को स्त्री-रक्षकों की पहरेदारी में रखा। सीता को बाहरी रूप से धमकाने वाले तथाकथित कामी रावण ने सीताजी द्वारा उपहास किए जाने के बावजूद, उन पर बलप्रयोग कदापि नहीं किया, यह उसकी सहनशीलता और संयमशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सीता जी से मिलने गया तो पत्नी के साथ गया । सीताहरण के पूर्व, शूर्पणखा के नाक-कान काटे जाने के प्रतिशोधरूप नीतिपालक रावण ने वनवासी राम पर आक्रमण नहीं किया, उन्हें अपनी सेना बनाने की, और अपने युद्ध में सहायक ढूँढने की पूरी कालावधि दी। रावण से रक्षा हेतु राम को अमोघआदित्य स्तोत्र का मंत्र देने वाले ऋषि अगस्त्य का यह कथन हमारे नेत्र खोल देने वाला होगा- “ हे राम! मैं अपनी संपूर्ण तपस्या की साक्षी देकर कहता हूँ कि जैसे कोई पुत्र अपनी बूढ़ी माता की देख-रेख करता है वैसे ही रावण ने सीता का पालन किया है।” (अध्यात्म- रामायण)

प्रतिनायक दशानन ने अपनी राज-सत्ता का विस्तार करते हुए अंगद्वीप, मलयद्वीप, वराहद्वीप, शंखद्वीप, कुशद्वीप, यवद्वीप और आंध्रालय को जीतकर अपने अधीन कर लिया था। अर्थात् आध्यात्म रामायण का प्रतिनायक रावण एक महान योद्धा के साथ भक्त भी था ! नारद जी ने देवताओं से कहा कि —-

"शृणुतान सुरा यूयं धर्मतत्वविचक्षण: ।

रावणो राघवद्वेषादभिषां हृदि भावयन् । (82 युद्धकांड आध्यात्म रामायण)

भृत्यै सह सदा रामचरितं द्वेष संयुत: ।

श्रुत्वा रामात्स्वनिधने भयात्सर्वत्र राघवम् ॥ (84 आ. रामायण युद्ध कांड)

देवताओं ने कहा यह रावण महातमोगुणी, ब्रह्म घाती, परस्त्री परायण, भगवद्विरोधी और तपस्वियों को पीड़ा देने वाला है ।परंतु सबके देखते देखते यह भगवान में लीन हो गया । इस प्रकार देवताओं के कहने पर नारद जी देवताओं को कारण समझाते हुए कहते हैं ….

पश्यन्नुदिनं स्वप्ने राममेवानुपश्यति ।

क्रोधोऽपि रावणस्याशु गुरुबोधाधिकोऽभवत् ॥ (85 . युद्ध कांड आध्यात्म रामायण)

हे देवताओं रावण वैर भाव के कारण अनुचरों सहित सोते जगते राम के ही ध्यान में रहता था ।इसलिये उसका वैर भी भक्ति से बड़ा हो गया ।

रामेण निहितश्चान्ते निर्धूताशेषकल्मष : ।

रामसीयुज्येवापि रावणो मुक्तबंधनम् ॥ (86 . युद्ध कांड आध्यात्म रामायण)

श्रीराम के द्वारा स्वयं मारे जाने के कारण रावण के समस्त पाप तत्क्षण नष्ट हो गये ।और बन्धन रहित होने के कारण उसने सायुज्य पद को प्राप्त किया । इस प्रकार आध्यात्म रामायण में अद्वैत वेदान्ती स्वरूप की चर्चा की गयी है । लेकिन तुलसी ने दोनों काव्यों आध्यात्म रामायण और वाल्मीकि रामायण से पृथक् प्रतिनायक की एक तार्किक मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक संरचना की है जो सुसंगत और वैज्ञानिक है तर्क संगत है ।

इतिहास ही नहीं कल्पना और इतिहास का कविकृत वृत्त अर्थात् चरित्र हृदय के संश्लिष्ट भावों को बुनते आये हैं । प्रत्येक महाकाव्य का शैलीचिह्नक या स्टायलमार्कर अलग होता है । प्रतिनायक महाकाव्यों की दिशा और दशा सुनिश्चित करते हैं । प्रतिनायक काव्य को ही नहीं महानायक को भी एक लक्ष्य , एक प्रयोजन देते हैं । उनके उदात्त अनुदात्त गुणों दुर्गुणों की चर्चा होती है , महाकाव्य की प्रत्येक घटना को नियंत्रित करते हैं । महानायक को महानायक सिद्ध करने में प्रतिनायकों की उत्कृष्ट भूमिका होती है । दशानन एक ऐसा ही प्रतिनायक है जिसने शत्रुभाव से हरि को देखा और हृदय में धारण किया । और मित्र भाव या कहें गुरु भाव से हर को देखा ! दशानन एक ऐसा प्रतिनायक है जिसका शत्रु भाव भी गुरु भाव भी अर्थात् सकारात्मक और नकारात्मक दोनों भाव अनोखे हैं । विश्व नियंताओं से सीधे संपर्क बना पाने के कारण यह प्रतिनायक इतिहास और पुराण दोनों में अप्रतिम है । दशानन ने अपने चरित्र से सिद्ध कर दिया कि निशाचर भी बनो तो द्वन्द्व में न रहो । अपनी भूमिका को दृढ़ता से निबाहो । "हरि अन्तरयामी सब जानी "। रावण जैसे प्रतिनायक की विराट् चेतना अद्भुत सेतुबंध बनाती है जो हरि और हर का मिलन कराती है । दोनों विराट तत्वों को मिलाती है और एक ऐसी कथा का निदर्शन करती है जिसका हर पात्र एक आयाम है और हर चौपाई में नव्यतम जीवन पाथेय देता है । मानस संजीवनी देता है । फिर प्रतिनायक का तो कहना ही क्या उसके दुर्गुण त्याज्य हैं और परोक्ष भक्ति संग्रहणीय एवं अनुकरणीय ! रावण ने जो मंदोदरी से कहा कि " जग जोधा को मोहि समाना " इसकी व्यंजना यह है कि मैं अपने वचन पर अडिग और लक्ष्य पर अटल रहूँगा । इसे इस रूप में देखें कि उसने अपना संकल्प सत्य कर लिया । हिरण्यगर्भ हरि को अपनी हिरण्यमयी लंका में साग्रह बुला लिया और सायुज्य मुक्ति का स्वप्न पूर्ण कर लिया । यदि आगे कोई महाकवि महाकाव्य रचे तो रचेगें कि गतांक से आगे दशानन सायुज्य मुक्ति पाकर वैकुंठ में हरि का सामीप्य सदा सदा के लिये पा गया और महाकवि तुलसी की इस उक्ति को सत्य सिद्ध कर गया कि " भायं कुभायं अनख आलसहू । नाम जपत मंगल दिसि दसहूँ ॥

राम-कृष्ण के मध्य अद्वैतवाद



अलका प्रमोद
(pandeyalka@rediffmail.com)

श्री राम और श्री कृष्ण प्रत्यक्ष रूप से मानवीय दृष्टि में अवतरण काल, गुण एवं आचरण में भिन्न प्रतीत हो सकते हैं जिससे उनके मध्य द्वैतवाद का भ्रम उत्पन्न होता है परंतु गूढ़ विश्लेषण इस द्वैतवाद के भ्रम का पटाक्षेप कर उन दोनों के प्रकाश को एकाकार करता है। दोनों ही विष्णु का अवतरण हैं और समान उद्देश्य से त्रेता और द्वापर में अवतरित हुए जिनका लक्ष्य धर्म की स्थापना और अधर्म का नाश है जो कृष्ण और राम के मध्य अद्वैतवाद को सिद्ध करता है।

1. प्रस्तावना

अद्वैतवाद का मूल अर्थ है एक ही तत्व के विभिन्न रूप। श्री राम और श्री कृष्ण सामान्य मानव के लिए भले ही दो नाम हैं, दो रूप हंै परन्तु वे एक ही ब्रह्म के दो रूप हैं।

यद्यपि दोनों के रूप द्वैत का आभास देते हैं एक भक्त वत्सल है तो दूसरा शरणागत वत्सल प्रतीत होते हैं। श्री राम ने अपने आचरण से शिक्षा दी तो श्री कृष्ण ने अपने उपदेशों से। मानव, समाज और देश के क्रमिक विकास में सृष्टि और मानव के हितार्थ त्रेता युग में श्री राम ने नैतिकता आदर्श के उत्कृष्ट मापदंड स्थापित किये कठिन से कठिन परिस्थिति में सत्य को अपनाने की सीख दी तो श्री कृष्ण ने विषम परिस्थितियों में संघर्ष करने की शिक्षा दी। श्री राम ने स्वयं दुख सह कर सत्य का प्रकाश दिया तो श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश दे कर अंधेरे से निकलने की राह सुझाई। यदि बाह्य स्वरूप से परे उनके उद्देश्य, उनकी अलौकिकता पर अन्तर्मन में मनन करें तो दोनों को एकसार पायेंगे। यही नहीं पौराणिक ग्रंथ भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। कहना न होगा कि इस विश्लेषण से राम-कृष्ण के मध्य अद्वैतवाद सिद्ध होता है।

2. विस्तार

सर्वप्रथम देखते हैं कि अद्वैतवाद है क्या है? जैसा कि पूर्व में इंगित है अद्वैतवाद का मूल अर्थ है एकत्ववाद अर्थात एक होना। अद्वैतवाद का मानना है कि अस्तित्व में केवल एक ही परम सत्य है जो ब्रह्म है। जो भौतिक संसार में दृष्टिगत है, वह माया है। जीव और आत्मा एक है। 'अहम् ब्रह्मास्मि' इसका मूल मंत्र है अर्थात अपने शब्दिक अर्थ के अनुसार 'मैं ब्रह्म हूँ' यानि कि हम मात्र शरीर नहीं वरन् उस असीमित शक्ति का अंश हैं जिसे ब्रह्म कहा जाता है। वेदांत दर्शन के अनुसार ब्रह्मांड में एक ब्रह्म है जिसके विभिन्न रंग रूप है और जब वास्तविक ज्ञान की प्राप्ति होती है तो इस भ्रम का निराकरण होता है और सिद्ध होता है कि समस्त अस्तित्व एकीकृत है शेष माया है, भ्रम है। अद्वैतवाद में मात्र सर्वोच्च ईश्वर है और एक है इसीलिए कहा जाता है कि ईश्वर सबमें विद्यमान है। इसे धर्मिक एवं आध्यात्मिक दोनों संदर्भों में मान्यता प्राप्त है।

जब ईश्वर एक है तो स्वाभाविक है कि श्री राम और श्री कृष्ण जो ईश्वर का ही अवतार हैं, एक ही हैं। यह तो दर्शन के सिद्धान्त पर सिद्ध होता है कि श्रीराम एवं श्री कृष्ण एक हैं परंतु इन सिद्धान्त से परे भी हम पुराणों का अवलोकन करें तथा दोनों के अवतरण, उनके उद्देश्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करें तो श्री राम एवं श्री कृष्ण के मध्य अद्वैतवाद सिद्ध होगा यही नहीं दूसरे शब्दों में कहें तो इस तथ्य के विपरीत श्री राम और श्री कृष्ण का एक होना अद्वैतवाद के सिद्धान्त की भी पुष्टि करेगा।

सनातन धर्म के पौराणिक ग्रन्थ इस बात का समर्थन करते हैं। पौराणिक ग्रंथों में प्रस्तुत अद्वैत दर्शन में श्री राम, श्री कृष्ण आदि अवतारों की भक्ति को निराकार ब्रह्म तक पहुँचने का मार्ग बताया गया है। भक्त किसी भी एक आराध्य को अथवा सभी के प्रति सच्ची भक्ति की राह से परम सत्य को प्राप्त कर सकता है। यह सिद्ध करता है कि श्री राम और श्री कृष्ण में तात्विक एकता है अर्थात उनके मध्य अद्वैतवाद है अर्थात दोनों ही परमेश्वर का रूप हैं।

अध्यात्म रामायण में लिखा है कि रामायण की गाथा शिव जी ने पार्वती जी को सुनायी थी जो अध्यात्म रामायण के नाम से विख्यात है। जिसमें लिखा है कि-

को वा ज्ञातुं त्वामतिमानं गतमानं
मायासक्तो माधव शक्तो मुनिमान्यम्।
वृन्दारण्ये वन्दितवृन्दारकवृन्दं

वन्दे रामं भवमुखवन्द्यं सुखकन्दम्। 16।

-अध्यात्म रामायण युद्धकाण्ड सर्ग। 13 ।।

अर्थात ब्रह्मा जी कहते हैं -हे लक्ष्मीपते! आप प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से परे है ंऔर सर्वथा निर्मान (जिसका परिणाम या मान न हो)हैं। ऐसा कौन माया से आसक्त प्राणी है जो आपको जानने में समर्थ हो सकता है? आप महर्षियों के माननीय हैं और कृष्ण अवतार के समय वृन्दावन में अखिल देवसमूह की वन्दना करते हुए भी रामस्वरूप में शिव आदि देवताओं के स्वयं वन्दनीय हैं, मैं ऐसे आप आनन्दघन भगवान राम को प्रणाम करता हूँ। सनातन धर्म में मान्यता है कि युग पुनः आते हैं जैसे सतयुग त्रेता द्वापर और कलियुग के अंत के पश्चात पुनः वही युग आयेंगे और प्रत्येक त्रेता में श्री राम और द्वापर में श्री कृष्ण आयेंगे। इसीलिए ब्रह्मा जी

कृष्ण और राम दोनों के बारे में कहते हैं-

'नानाशास्त्रैर्वेदकदम्बैः प्रतिपाद्यं

नित्यानन्दं निर्विषयज्ञानमनादिम्।

मत्सेवार्थ मानुषभावं प्रतिपन्नं

वन्दे रामं मरकतवर्णं मथुरेशम्।17।

अध्यात्म रामायण याुद्धकाण्ड सर्ग ।। 13 ।।

ब्रह्मा जी कहते हैं-जो नाना शास्त्र एवं वेद समूह से प्रतिपादित नित्य आनंदस्वरूप निर्विकल्प ज्ञान स्वरूप और अनादि हैं तथा जिन्होंने मेरा कार्य करने के लिए मनुष्य रूप धारण किया है उन मरकतमणि के समान नीलवर्ण मथुरानाथ (श्री कृष्ण)भगवान राम को प्रणाम करता हूँ।

इसी प्रकार वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि-

'शाङगर्ुधन्वा हृषीकेशः पुरुषः पुरषोत्तमः।

अजितः शंख-घृग् विष्णुः कृष्णश्चैव बृहद्बलः।।'

श्री वाल्मीकि रामायण। 6.117.15 ।

अर्थात ब्रह्मा जी श्री राम से कहते हैं- आप ही शाङगर्ुधन्वा, हृषीकेश अन्मर्यामी पुरुष और पुरुषोत्तम हैं। आप अजित हैं, आप नन्दक नामक तलवार धारण करने वाले विष्णु एवं महाबली कृष्ण हैं।

'प्रभवश्चाप्यश्च त्वमुपेन्द्रो मधुसूदनः।। '

श्री वाल्मीकि रामायण। 6.117.16 ।

ब्रह्मा जी श्री राम से कहते हैं -आप ही जगत की उत्पत्ति और प्रलय का कारण हैं एवं आप ही मधुसदन हैं।

सीतालक्ष्मीर्भवान् विष्णुर्देवः कृष्णः प्रजापतिः।

श्री वाल्मीकि रामायण। 6.117.27 ।

ब्रह्मा जी श्री राम से कहते हैं - हे प्रभु! सीता साक्षात

लक्ष्मी हैं एवं आप विष्णु हैं। आप ही कृष्ण हैं एवं आप ही आदि प्रजापति हैं।

स्वयं श्री राधा ने कहा है कि श्री राम के नाम का जो अर्थ है वही श्री कृष्ण नाम का अर्थ है। हनुमान जी, जामवंत जी, भगवान शंकर जी सबके लिए श्री कृष्ण वहीं श्री राम हैं।

पुराणों के अतिरिक्त भी प्रथम दृष्टया श्री राम एवं श्री कृष्ण के मध्य तुलानात्मक अध्ययन करने पर निम्न तथ्य श्री राम एवं श्री कृष्ण के एक होने की पुष्टि करते हैं -

हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार श्री राम एवं श्री कृष्ण एक ईश्वर अर्थात विष्णु जी के अवतार हैं जो अलग-अलग ईश्वर नहीं वरन एक ही निराकार सर्वव्यापी ईश्वर के दो रूप हैं जिन्होंने अलग-अलग युगों में उस युग की आवश्यकता के अनुसार मानवीय अवतार ग्रहण किया। त्रेता युग में अवतरित श्री राम धरती पर सातवें अवतार थे तो द्वापर युग में अवतरित श्री कृष्ण आठवें अवतार।

भले श्री राम के 12 कलाओं के ज्ञाता तथा श्री कृष्ण को 16 कलाओं का ज्ञाता माना जाता है परंतु उनका प्राकट्य समान था। उनकी लीलाएँ भिन्न थीं, आचरण भिन्न थे परंतु उद्देश्य तथा सार एक था। दोनों ही धर्म की स्थापना तथा अपने मानव के उद्धार हेतु अवतरित हुए थे।

यद्यपि उनके रूप एवं लीलाएँ सर्वथा मिन्न थीं, श्री राम ने आचरण से मर्यादित एवं नैतिक मूल्यों के लिए निज सब कुछ त्याग देने का उद्धरण प्रस्तुत किया और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहलाये तथा श्री कृष्ण ने चंचल रासलीला करने वाले, माखन चोरी जैसी लीलाओं से चंचल, चतुर, सुजान छवि स्थापित की परंतु साथ ही महाभारत में धर्म के संरक्षण हेतु जिस प्रकार अपनी भूमिका का निर्वहन किया और अर्जुन को दिये उपदेशों में जीवन का सार बताया उसने उन्हें विषम संकट में उद्धारक का रूप प्रदान किया। श्री राम मर्यादा ने धरती पर नैतिकता आदर्श जीवन की शिक्षा दी, प्रत्येक संबंध प्रत्येक परिस्थिति में आचरण के उद्धरण अपने आचरण से प्रस्तुत किये जबकि श्रीकृष्ण ने कठिन परिस्थितियों का सामना करने में

बुद्धिमत्तापूर्ण युक्तियों को अपनाने तथा कर्म को बिना फल की इच्छा के सर्वोपरि रखने की शिक्षा दी। यह भिन्नता साधारण मानव बुद्धि को भ्रमित कर सकते हैं परंतु सच तो यह है कि दोनों ने धर्म की रक्षा के विभिन्न पक्षों की शिक्षा दे कर जीवन जीने की राह प्रशस्त की।

श्री राम और श्री कृष्ण दोनों ने धरती पर धर्म का संरक्षण किया दुष्टों को धरती से संहार किया। यदि श्री राम ने रावण, ताड़का, मारीच, सुबाहु, खर ,दूषण, लवणासुर, कुंभकरण, बाली आदि का नाश किया तो श्री कृष्ण ने कंस, पूतना, बकासुर, शिशुपाल आदि का संहार किया।

दोनों ही पीतांबर हैं।

ईश्वर भक्त वत्सल होते हैं। उनकी भक्त वत्सलता के लिए कहा गया है-

‘भक्तानाम अनुरूपात्मा-दर्शनम’’

अर्थात, भगवान भक्तों की इच्छानुसार अपने विविध रूपों को प्रकट करते हैं। श्री राम एवं श्री कृष्ण दोनों ही भक्त वत्सल रहे। श्री राम का हनुमान जी से बड़ा भक्त तो कोई हो नहीं सकता तथा यह श्री राम की भक्त वत्सलता ही तो थी कि आज श्री राम की कृपा से उनसे अधिक मंदिर उनके भक्त श्री हनुमान जी के हैं। श्री राम के अहिल्या उद्धार, शबरी के जूठे बेर और केवट को प्रेम देने की कथा कौन भूल सकता है। शबरी की भक्ति से प्रसन्न हो श्री राम ने नवधा भक्ति सूत्र दे कर उसका उद्धार कर दिया। उन्होंने जाति, धन आदि नहीं देखा बस उसकी भक्ति को महत्व दिया।

संत तुलसीदास लिखते हैं-

‘‘नवधा भगति कहौं तोहि पाहीं। सावधान सुनु धरु मन माहीं।।’’

अर्थात, श्री राम ने शबरी से कहा-‘हे भामिनी, अब तू सावधान होकर मेरी नौ प्रकार की भक्ति सुन और मन में धारण कर।’’

वहीं श्री कृष्ण का सुदामा प्रेम, द्रोपदी का उद्धार, अर्जुन की सहायता भक्त वत्सलता के आदर्श उद्धरण हैं। सूर ने सुदामा चरित में लिखा-

हरि बिनु कौन दरिद्र हरै।
कहत सुदामा सुनि सुंदरि, हरि मिलन न मन बिसरै।।
और मित्र ऐसी गति देखत, को पहिचान करै।
पति परैं कुसलात न बूझै, बात नहीं बिचरै।।
उठि भेंटे हरि तंदुल लीन्हें मोहि न बचन फुरै
सूरदास लछि दई कृपा करि, टारी निधि न टरै।

अर्थात भगवान के बिना कोई भी दरिद्रता को दूर नहीं कर सकता।

चाहे श्री राम हों अथवा श्री कृष्ण दोनांे शिव पार्वती जी के उपासक हैं। श्री राम ने लंका युद्ध से पूर्व शिव जी की पूजा की थी जहाँ आज रामेश्वरम है। शिव पुराण में वर्णित है कि कृष्ण जी ने शिव जी की पूजा की तथा गोपेश्वर मंदिर का निर्माण करवाया।

दोनों ही ने राजधर्म का पालन किया श्री राम अयोध्यापति हैं तो श्री कृष्ण द्वारिकाधीश हैं। इसके अतिरिक्त भी उनमें अनेक समानताएँ हैं। यथा दोनों ही ने भगवान परशुराम के दर्शन किये, दोनों को जामवंत का सहयोग मिला। कहते हैं जामवंत और श्री कृष्ण के मध्य स्यमंतक मणि के लिए युद्ध हुआ पर जामवंत को कृष्ण में श्री राम दिखे अतः उन्होंने युद्ध रोक दिया और उनकी शरण में गये। उन्होंने श्री कृष्ण को मणि भेंट की और अपनी पुत्री से विवाह हेतु अनुरोध किया। जामवंत ने श्री राम के युग में हनुमान जी की सीताजी को खोजने में सहायता की। वह लंका युद्ध में श्री राम की सेना में सेनापति थे।

दोनों को हनुमान जी ने युद्ध में सहयोग दिया। दोनों की सहधर्मिणी लक्ष्मी जी का अवतार थीं।

संभवतः यही कारण है कि हम दोनांे को एक मानते हुए प्रायः हरे रामा हरे कृष्णा के जाप करते हैं।

कृष्ण का अर्थ है सर्व आकर्षक व्यक्ति तथा राम का अर्थ है जग में प्रकाश यदि गूढ़ अर्थों में देखें तो सौन्दर्य अथवा प्रकाश का अर्थ यह स्थूल सौन्दर्य अथवा प्रकाश से नहीं है वरन जिसके पास ज्ञान हो सर्वशक्तिमान हो, जिसमें जग हित का सौन्दर्य, हो लोकमान्य हो तथा त्याग करने वाला पर हितकारी हो और दोनों ही इन गुणों से परिपूर्ण हैं, दोनों ही विश्व में प्रकाशमान करते हैं।

यह गुण मानव में भी होते हैं परंतु मानव के अंदर यह गुण अति अति सूक्ष्म मात्रा में एक बूँद के बराबर होते हैं और श्रीराम एवं श्री कृष्ण जो मानव रूप में अवतरित अवश्य हुए थे परंतु अपनी अलौकिक शक्ति के कारण उनके अंदर ये गुण चरम पर थे जिससे उन्होंने धरती पर मानव रूप में अवतरित हो कर भी ईश्वरत्व को प्राप्त किया। सम्पूर्ण भौतिक जगत जिसके भीतर हमारा ब्रह्मांड अध्यन्त सूक्ष्म कण के समान है उनकी ऊर्जा का अत्यंत सूक्ष्म अंश है।

3. निष्कर्ष

हनुमान जी जामवंत जी भगवान शंकर जी सबके लिए वही श्री कृष्ण, वही श्री राम हैं। अध्यात्म रामायण में वाल्मीकि रामायण में भी स्पष्ट कहा गया है कि स्वयं ब्रह्मा जी ने कहा कि श्री राम और श्री कृष्ण एक हैं यही नहीं उनकी अलौकिक शक्तियों उनके धरती पर अवतरण के उद्देश्य भी उनके मध्य अद्वैतवाद को सिद्ध करते है।

4. संदर्भ

1. वेब दुनिया
2. वाल्मीकि रामायण
3. अध्यात्म रामायण
4. डी एन ए हिन्दी-सुमन अग्रवाल
5. कृष्णा.ओ आर जी -मधुद्वीसा दासा
6. स्टडी.काॅम-कैटलिन स्टीफंस

From Development to Dharma: Reimagining Sustainability through the Ramayana



Prabhas Ranjan
Patna Women's College Autonomous,Patna
(nirbhayaprabhas@gmail.com)

The modern journey of development, born from the industrial urge to convert nature into resources and later softened by the idea of sustainability, reflects humanity's restless desire to reconcile comfort with conscience. Yet, both remain trapped in the illusion that humans stand apart from the world they inhabit. This paper turns to the Ramayana, not as mythology but as metaphysics, to reimagine sustainability through Dharma, the principle that holds together the rhythm of existence. Here, Rita (ऋत) becomes the pulse of the cosmos and Dharma its dynamic moral breath. Through the lens of three paradigms, Development, Sustainable Development, and Dharma, the study reveals the way the Ramayana transcends managerial ecology to envision a cosmocentric order grounded in Samyama (restraint), Daya (compassion), and Sahabhava (co-being). The forest life of Rama, the return of Sita to Earth, and the downfall of Ravana are read as civilizational metaphors of balance lost and rediscovered. The paper affirms that true sustainability arises not from external systems of control but from inner discipline, where reverence replaces exploitation and living itself becomes an act of worship toward the world that sustains us.

Keywords: *Dharma*, Sustainability, *Ramayana*, *Rita*, Ecological Ethics

1. Introduction: From the Logic of Growth to the Grammar of Dharma

The idea of development has become one of the most powerful and unquestioned words of our modern time. It appears that all societies must move forward along the same path of economic progress and technological growth. The modern concept of development was born out of the spirit of the Industrial Age and the Enlightenment, in which reason and science were regarded as the highest forms of knowledge. It is based on the belief that human life improves when there is increased production, greater comfort, and more control over nature. The natural world, in this view, is treated mainly as a storehouse of resources for the satisfaction of human needs.

However, this endless search for progress has also created the contradictions of our age. The very success of development has brought problems of ecological destruction, climate imbalance, and moral emptiness. In response to these difficulties, the concept of sustainable development emerged as a reform within the existing model. It tried to bring a balance between economy and ecology, between growth and preservation. The Brundtland Report (1987) gave its famous definition: "development which meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs." This idea appears ethical, but its foundation remains rooted in the same material worldview. The problem remains not only about the environment but also about the way of thinking. It is an epistemic difficulty, not merely a policy one.

It is at this deeper level that the Indian idea of *Dharma* gives a different understanding. The word *Dharma*, coming from the root *Dhri*, to hold or sustain, means that principle which upholds the entire order of life. *Dharma* is not merely about moral codes; it is about maintaining balance with the changing dynamics of existence, which connects the human, the natural, and the divine (Muniapan, 2010; Chauhan, 2025; Shrivastavaa, 2012).

The Ramayana, one of India's most revered epics, presents a vision of Dharmic sustainability through its life stories. In it, nature is not merely a backdrop but an active participant in the moral order. Through the lives of Rama, Sita, and the forest dwellers, the text presents the idea of living in balance with all beings, respecting every form of life as sacred.

Scholars such as Muniapan (2010) interpret *Valmiki's Ramayana* as a text that develops managerial effectiveness and ethical responsibility rooted in *Dharma*, while Chauhan (2025) argues that Rama's governance model (*Ram Rajya*) demonstrates a form of sustainable leadership where social, moral, and ecological orders coexist harmoniously. Similarly, Shrivastavaa (2012) emphasises that Indian management ethics, guided by *Dharma* and *Karma*, integrate moral purpose with pragmatic action, contrasting sharply with the utilitarian basis of Western sustainability paradigms. Thus, where development seeks to manage nature, *dharma* teaches coexistence with it, ensuring balance through internal awareness rather than external control.

Objective of the paper

This study aims to compare how the three frameworks, Development, Sustainable Development, and *Dharma*, conceive the relationship between humans, nature, and value. By examining their foundations through the insights of the *Ramayana*, this paper aims to demonstrate that dharma offers a more comprehensive and profound understanding of sustainability, one that transcends both economic and managerial perspectives, moving toward a cosmic harmony of existence.

2. Defining the Three Paradigms: Development, Sustainable Development, and Dharma

When we compare the modern idea of development with the later idea of sustainable development, and then with the older Indic principle of *Dharma*, we can see that each one carries its own worldview, its own sense of what is real, and its own image of the human being. These are not only different stages of policy thinking but different ways of imagining life itself (Muniapan, 2010; Shrivastavaa, 2012).

The modern idea of development *(Vikas)* emerged with industrial modernity. It primarily assesses progress through the lens of material growth, focusing on the extent to which production, income, or infrastructure can be created to enhance human life. In this approach, nature stands outside the human story, serving as a tool or resource that can be harnessed for utility. The more we use, the more we advance. This was the faith of modernity (Brundtland Commission, 1987; Chauhan, 2025).

When the ecological consequences of such growth became apparent, the world sought to correct its course through sustainable development. This approach accepted the same goals of progress but asked that they be achieved with more care. It introduced the concepts of "balance," "intergenerational equity," and "responsible management." Still, it remained reformist, adjusting the model without questioning its deeper structure. It continues to see nature as an external system to be managed wisely, and human beings as the central but mechanical agents of management. (Muniapan, 2010; Brundtland Commission, 1987; Shrivastavaa, 2012).

In contrast, the Indic vision of Dharma moves beyond both. It is not only a moral guideline but also an ontological frame, grounded in Rita *(ऋत)*, the cosmic order. *Dharma* views the world as an interdependent web, rather than a hierarchy. Humans are neither owners nor guardians, but participants in the rhythm of existence. To live in *Dharma* is to live in harmony, where economy, society, and nature are not separate sectors but parts of the same living cosmos. This comparison can be seen more clearly in Table 1

Table 1 *Defining the Three Paradigms*

Aspect	Development (Vikas)	Sustainable Development (SD)	Dharma (Indic Vision)
Ontological Basis	Materialist, anthropocentric	Materialist, anthropocentric but ecologically aware	Cosmocentric, *Rita-based (ऋत)*
Goal	Economic progress, modernisation	Inter-generational equity	Harmony with cosmic order
Ethical Core	Utility, efficiency, productivity	Prudence, balance	Duty, restraint, harmony
Human–Nature Relation	Instrumental: Nature as resource	Stewardship: Nature as managed asset	Participatory: Nature as kin
Temporal Orientation	Linear progress	Linear but precautionary	Cyclical renewal
Agency	State, market, technology	Institutions, global cooperation	Individual conscience, collective *dharma*
Crisis Point	Environmental degradation	Policy-based mitigation	Ignorance of *rita* (*adharma*)

3. Dharma in the Ramayana: Illustrations of a Sustainable Cosmos

The *Ramayana* is not only a saga of virtue and heroism. It is also a civilizational text that portrays the harmony between the human, natural, and divine orders. The narrative of Rama's life is an enactment of *rita*, the cosmic rhythm, and *Dharma*, the principle that sustains that rhythm. In this sense, the *Ramayana* can be read as one of the earliest ecological texts in the world, where moral order and natural balance are seen as a single continuum. Each of its major episodes reflects an aspect of sustainability that modern frameworks often seek to rediscover through fragmented disciplines.

Rama's Dharmic Kingship: The Trustee of Cosmic Order

In the *Ayodhya Kanda*, the reign of King Dasaratha is portrayed as an age of harmony between human life and nature. The text records that "the people were happy, prosperous, and virtuous; no one was sick or poor, nor did any creature suffer" (*Valmiki Ramayana*, I.6.15–18, trans. Shastri, 1953). This description of a kingdom where moral order and natural abundance coexist reflects an early understanding of what might be called ecological governance. It suggests that good kingship (*Rajaniti*) is measured not only by wealth and security but by the flourishing of all living beings.

Rama inherits and later restores this balance through his understanding of kingship as a sacred trust rather than possession. When he learns of his exile, he accepts it with calm conviction, declaring:

"I shall gladly go to the forest in obedience to my father's word; for the command of one's father must be obeyed." (*Valmiki Ramayana*, *II.18.28–30*, trans. Shastri, 1953)

Rama's vow is constitutional, not theatrical. By placing dharma above artha and kama, he treats the throne as a trust aligned to rita rather than a personal asset. Hence, his installation of the padukas for Bharata: sovereignty belongs to dharma; the ruler is only its trustee.

Exile becomes statecraft training. In forests and hermitages, Rama learns that a realm includes rivers, groves, and sentient communities. His defence of sages' habitats models rajadharma as ecological custodianship, protecting the enabling conditions of learning, livelihood, and spiritual pursuit.

Rama's justice follows breach, not borders. In the Vali episode, he asserts a duty to restrain adharma wherever it injures the innocent; legitimacy rests on justice, consent, and service, as seen in his restoration of Sugrīva and acceptance of Vibhishana.

Sita as the Principle of Earth and Renewal

Sita's identity in the *Ramayana* is deeply symbolic. She is not only the consort of Rama but the very embodiment of *Prithvi-tattva*, the principle of the Earth that nurtures and renews all life. Her birth is described in the *Bala Kanda*, when King Janaka finds her while ploughing a sacred field:

"While I was ploughing the field, a girl was born from the furrow. Because she arose from the earth, I have named her Sita." (*Valmiki Ramayana*, I.66.13, trans. Shastri 1953)

This episode firmly identifies her with *Bhumi* (Earth) herself, patient, fertile, and silently sustaining. In the epic's cosmology, Sita becomes the *Shakti* that binds life to its rhythmic balance. Her life mirrors the natural cycle of *Utpatti* (emergence), *Sthiti* (sustenance), and *Pralaya* (return). She is born of the soil, nourishes the world through her presence, and finally returns to it in her act of renunciation.

At the close of the *Uttara Kanda*, when Rama's doubt and the social order demand her proof once again, Sita invokes her mother, the Earth, to take her back. The text narrates:

"As soon as Sita uttered these words, the Earth split open, and a divine throne arose from the abyss. The goddess Earth seated Sita upon it and descended into the depths, while fragrant flowers rained from heaven." (*Valmiki Ramayana*, VII.88.11–12, trans. Gita Press)

Sita's return to the Earth is thus not an act of despair but of restoration. It completes the cycle of *Rita*, the eternal rhythm of emergence, sustenance, and dissolution. Throughout her life, the Ramayana presents a vision of ecological ethics in which the feminine principle is not subordinate but sustaining, embodying the patience and regenerative power of the Earth herself. Her descent signifies the withdrawal of vitality when the world forgets reverence and balance. In this sense, Sita stands as the eternal reminder that when humanity violates the sanctity of nature, the Earth reclaims her gifts, and when it lives in alignment with *Dharma*, she blossoms again.

The Vanavasa Episode: Ecological Initiation

Rama's life in the forest (*Aranya Kanda*) is often seen as an exile and suffering, but from a *Dharmic* perspective, it is an initiation into the cosmic harmony of nature. The *Aranya*, or the forest, occupies a sacred place in the *Ramayana*; it is not a wilderness to be conquered but a living organism, the very heart of the cosmos, where distinctions of species, class, and hierarchy dissolve.

When Rama leaves Ayodhya, the poet describes his reverence for the landscape and its sanctity:

"Having circumambulated the sacred city, Rama, with joined palms, saluted the gods, the Brahmanas, and all beings before entering the forest." (*Valmiki Ramayana*, II.40.14–16, trans. Shastri, 1953)

Within *Aranya Kanda*, the hermitages (*ashramas*) of sages such as Atri, Agastya, Sharabhanga, and Sutikshna are repeatedly portrayed as integrated ecological communities. Each *ashrama* functions as a microcosm of sustainable living, where ascetic discipline (*tapas*), regulated use of resources, and non-violence toward all beings are practised. The *Ramayana* provides explicit descriptions of these settings:

- At Sharabhanga's hermitage, Rama finds "deer, birds, and ascetics dwelling together without fear," and "trees heavy with fruit, water clear and abundant" (*Valmiki Ramayana*, III.5.12–16, trans. Gita Press).
- The hermitage of Atri and Anasuya is presented as an environment of mutual care and moral instruction. Anasuya offers Sita fruits, roots, and water from the forest and counsels her on chastity, devotion, and simplicity, virtues drawn directly from the natural order (*Valmiki Ramayana*, III.9.1–22).
- When Rama visits Agastya's hermitage, the sage instructs him in the ethics of protection and restraint, urging him to maintain justice without aggression and to respect the balance of the forest while defending the innocent (*Valmiki Ramayana*, III.11.21–26).

These episodes demonstrate that the forest in the Ramayana is not a place of isolation, but rather a structured moral and ecological order. The *ashramas* serve as nodes of interaction where ascetics, animals, and householders coexist, governed by principles of moderation and reverence.

At Chitrakuta, this harmony reaches its aesthetic and ethical culmination:

"The hill was filled with birds and deer, adorned with flowering trees and echoing with the voices of forest dwellers." *(Valmiki Ramayana, III.5.22–24, trans. Gita Press)*

Such descriptions are not ornamental but serve to indicate the state of balance that arises when human conduct aligns with *Dharma*.

The *Vanavasa*, therefore, signifies more than a narrative of exile; it represents the process of ecological initiation, in which the protagonists learn to live within the rhythms of *Prakriti*. Through their interactions with sages and landscapes, Rama and Sita internalise the principle that right living is inseparable from right relation with the natural world. The forest becomes both the field and the framework of *Dharma*, demonstrating that sustainability in the Indic vision begins with awareness, restraint, and respectful participation in the order of life.

Ravana's Fall: The Symbol of Adharmic Development

In the *Yuddha Kanda*, Ravana's city of Lanka is described as a marvel of material splendour, its fortifications, towers, and golden streets shining "like a city of the gods." The text says:

"Surrounded by golden ramparts, adorned with crystal stairways and banners, that city shone like the morning sun rising upon the eastern mountain." (*Valmiki Ramayana*, VI.4.44–46, trans. Gita Press)

Lanka represents the height of technological and sensual achievement, mechanised gates, aerial towers, and an abundance of wealth (6.4.52–54). Yet beneath this brilliance lies Ahankara, the pride of domination and possession. Ravana's abduction of Sita, who personifies *Prithvi* (the Earth principle), is not only an act of personal desire but a metaphysical transgression. By seizing the embodiment of *Shakti*, he attempts to possess what must only be revered. In doing so, he disturbs the balance of *Rita*, the moral and cosmic rhythm that sustains all life.

Ravana's empire, though mighty, is founded on exploitation and excess. As Hanuman observes during his reconnaissance of Lanka:

"Here are splendid mansions, radiant with gems; yet within them dwell men consumed by lust and greed." (*Valmiki Ramayana*, VI.3.22–24, trans. Shastri 1953)

Ravana's fall, therefore, dramatises the spiritual and ecological logic of the *Ramayana*. His burning city (VI.53–54) and final defeat (VI.97–99) symbolise the implosion of a culture detached from restraint and reverence. In modern language, it mirrors the crisis of unsustainable development, the arrogance of technology without wisdom, growth without balance, and desire without compassion.

Thus, Ravana is not merely a villain but a cautionary archetype: the image of civilisation unanchored from *Dharma*, dazzling yet doomed, powerful yet hollow. His downfall reminds us that when humanity claims ownership over nature and the divine, it loses both.

Return to Ayodhya: Restoration of Rita

When Rama returns to Ayodhya after the great war, the *Ramayana* presents it not only as the homecoming of a king but as the restoration of cosmic order. The world itself seems to rejoice in his coronation. The *Yuddha Kanda* describes the scene in luminous detail:

"The city of Ayodhya shone with festivity; the trees, laden with flowers, bent as if to salute him. Gentle rains fell at the proper time, and every creature was filled with joy." (*Valmiki Ramayana*, VI.128.98–101, trans. Gita Press)

This is not merely a poetic celebration; it is metaphysical symbolism. Nature's response mirrors the restoration of *Rita*, the cosmic rhythm disturbed by Ravana's *Adharma*. The rain, the flowering trees, and the joy of beings signify that when moral order (*Dharma*) is reinstated in human action, ecological harmony spontaneously follows. The natural and the ethical form a single continuum; balance in one sustains balance in the other.

In this moment, sustainability is not portrayed as an external act of repair, but as an inner realignment. The epic suggests that when self-control, truth, and compassion return to the heart of governance, the earth itself responds in equilibrium. Rama's *Rajya Abhisheka* (coronation) thus symbolises not political power but cosmic participation, the fusion of moral consciousness with natural law.

The journey from exile to coronation, from *adharma* to *Rita*, encapsulates the deeper movement that this paper calls "from development to Dharma." It is a passage from domination to harmony, from fragmentation to wholeness. In Rama's return, the *Ramayana* affirms that the true prosperity of a civilisation lies not in its wealth or technology, but in its fidelity to the order that sustains all life.

4. Dharmic Model of Sustainability

In the modern idea of development, nature appears as an external resource, something outside the human being, available for extraction and transformation. This worldview arises from a duality between man and matter, mind and nature. The idea of sustainable development emerged in modern times as a soft correction. In this view, nature becomes a managed ecosystem, one that humans must care for because their survival depends on it. It recognises interdependence but still places man at the centre as the rational guardian. Thus, it remains a managerial rather than a moral issue.

In contrast, the Dharmic vision re-centres *satya* and *rita* as the guiding coordinates of human life. *Satya* is truth, not only factual accuracy but alignment with reality; *rita* is the cosmic order, the rhythm that sustains existence. Together, they form the sacred foundation upon which Artha (material life) and Kama (desire) must stand, and ultimately lead to *Moksha* (liberation). Thus, the crisis of sustainability is not the failure of economics but the forgetting of sacredness, the loss of the sense that life itself is a divine participation, not a mechanical process.

In the Dharmic understanding, sustainability is internal before it is external. It is not primarily a policy objective, but rather an inner discipline of the mind. One cannot legislate balance if the mind itself remains restless and unrestrained. Hence, the *Ramayana* teaches that true harmony begins in the heart of the human being, through three virtues that together sustain the cosmos: *Samyama* (self-control), *Karuna* (compassion), and *Sahabhava* (co-existence).

- *Samyama* controls the impulses of greed and domination, bringing moderation in consumption and clarity of purpose. Rama's life in the forest is the symbol of this voluntary simplicity.
- *Karuna* awakens empathy for all forms of life. It is seen in Sita's gentle love for trees and animals, and in Rama's sorrow even for his enemies after battle.
- *Sahabhava* recognises the inter-being of all existence. The forest dwellers, sages, animals, and gods of the *Ramayana* live not as hierarchies but as partners in the same cosmic play.

Through these three pillars, *Dharma* transforms sustainability from the language of control to the language of communion. It replaces external governance with inner awakening. The goal is not merely to survive across generations, but to live in such

awareness that every act becomes part of the world's renewal. This Indic vision, as revealed through *Dharma* and illustrated in the *Ramayana*, adds a fourth dimension, transforming sustainability from a management approach into a mindfulness practice.

The Dharmic Model of Sustainability re-roots these dimensions in inner consciousness and ethical restraint. The economy is guided by *Mita-bhoga*, which means moderation in consumption and the ethical use of wealth. The social order is nourished by *Daya*, compassion that embraces all beings, human and non-human alike. The environment is governed by *Bhuta-daya*, reverence toward all elements as manifestations of the same cosmic consciousness. At its centre stands *Moksha*, harmony with *Rita* and self-realisation, where the well-being of the world (*Loka-sangraha*) and the liberation of the self are recognised as one movement of awareness.

Table 2 *Comparative Table*

Category	Development	Sustainable Development	Dharmic Perspective (Ramayana)
View of Nature	External resource	Managed ecosystem	Manifestation of *Prakriti*
Human Role	Producer/consumer	Guardian/manager	Co-participant in *Rita*
Motivation for Action	Profit, comfort, progress	Survival, inter-generational justice	*Svadharma* (righteous duty)
Means of Regulation	Policy, law, technology	Global agreements, education	Self-restraint (*Samyama*), *tyaga*
End Vision	Prosperity	Continuity	Cosmic harmony, liberation (*Moksha*)

Table 2 shows three ways of looking at human–nature relations, from control to companionship. In "Development," nature is an external resource, people act mainly as producers and consumers, rules come from policy and technology, and the aim is prosperity. In "Sustainable Development," nature is a managed ecosystem, humans work as guardians, regulation leans on global agreements and education, and the aim is continuity across generations. In the Ramayana's dharmic view, nature is Prakriti's manifestation; humans are co-participants in Rita (cosmic order). Action is driven by svadharma (righteous duty), and regulation begins with self-restraint (samyama) and tyaga (sacrifice). The ultimate vision is harmony with the cosmos, leading toward moksha.

Table 3 *Integrative Table of Three Models*

Dimension	Economic	Social	Environmental	Spiritual (Dharmic Addition)
Development Model	Maximum growth and accumulation	Welfare linked to consumption and comfort	Exploitation of nature for material ends	-
Sustainable Development	Inclusive growth and responsible production	Equity and collective well-being	Preservation through regulated consumption	-
Dharmic Sustainability	Moderated consumption (*Mita-bhoga*) and ethical economy	Compassion (*Daya*) and mutual upliftment	Reverential use of resources (*Bhuta-daya*)	Harmony with *Rita* and Self-realisation (*Moksha*)

In this philosophical shift, the *Ramayana* stands as a living text of sustainability, not because it speaks to the environment, but because it reveals a worldview in which being sustainable means being truthful to the rhythm of existence itself.

Table 3 tracks a shift from having more to being more. The Development model chases maximum growth, ties social welfare to comfort and consumption, and treats nature mainly as a resource to be exploited. Sustainable Development softens this by aiming for inclusive growth, fair access, and regulated use of resources so ecosystems last. The Dharmic approach goes further: it asks for moderated consumption (*mita-bhoga*) and an ethical economy, centres compassion and mutual uplift, treats nature with reverence (bhūta-dayā), and adds a spiritual axis: living in tune with *Rita* and orienting life toward self-realisation (*moksha*).

5. Conclusion

The journey from development to sustainable development and ultimately to *dharma* is not only a shift in vocabulary, but also a shift in vision. It moves the human being from control to cooperation, from consumption to contemplation, from progress to participation in *Rita*.

In the *Ramayana*, every return to balance, Rama's restoration of *rita*, Sita's reunion with the earth, and the joy of *Rama* Rajya, teach that true sustainability is the flowering of *Dharma*. The world is sustained not by technology or policy alone, but by the purity of human intention. When *Samyama*, *Daya*, and *Bhuta-daya* become the basis of life, sustainability ceases to be a project and becomes a way of being.

Thus, the Dharmic model invites us to see that the final goal of sustainability is not endless survival but awakened harmony, the realisation that to sustain the world is to maintain the self.

6. Reference

1. Brundtland Commission. (1987). Our Common Future: Report of the World Commission on Environment and

Development. Oxford University Press. Available at: https://sustainabledevelopment.un.org/content/documents/5987our-common-future.pdf

2. Chauhan, M. (2025). Leaders in Competitive Business Environment: Lessons from Ancient Text Ramayana. In Eighth International Ramayana Conference Proceedings (pp. 109–112). Xavier Institute of Management, Jabalpur. Available at: https://iba.ac.in/wp-content/uploads/2016/12/IBA_Journal_July_Dec_2016.pdf
3. Valmiki. (2018). Valmiki Ramayana (Sanskrit–Hindi Edition). Gorakhpur: Gita Press. Available online at https://www.valmikiramayan.net
4. Muniapan, B. (2010). Ancient Indian wisdom for managers: The relevance of Valmiki Ramayana in developing managerial effectiveness. International Journal of Indian Culture and Business Management, 3(6), 687–699. DOI: https://pureportal.bcu.ac.uk/en/publications/ancient-indian-wisdom-for-managers-the-relevance-of-valmiki-ramay/
5. Shrivastavaa, S. (2012, July). A new look of Dharma and Karma: Social & ethical sense of management. International Journal of Trade and Commerce-IIARTC, 1(1). Available at: https://docslib.org/doc/3376856/a-new-look-of-dharma-karma
6. Shastri, H. P. (Trans.). (1953). The Ramayana of Valmiki (Vol. 2: Ayodhya Kanda). London: Shanti Sadan. Retrieved from https://www.wisdomlib.org/hinduism/book/the-Ramayana-of-valmiki

आत्मतोष (आत्मज्ञान से उत्पन्न संतोष या आनंद)



ज्योत्सना सिंह
(singhjyotsana1968@gmail.com)

स्वास्थ्य और आनंद की कुंजी इसमें निहित है कि हम जीवन में अपने कार्य को किस तरह से लेते है? क्या हम उसे बोझ समझते है, या फिर उसमें ख़ुशी ढूँढते है? जीवन चक्र कहता है कि व्यस्त रहना ही जीवन को सार्थक करता है। जीवन में किसी भी कार्य को दवा की तरह लेना चाहिए पीसने वाली चक्की की तरह नहीं। क्योंकि जीवन एक आनंद है संघर्ष नहीं।

जैसा कि रामचरित मानस से सीखते है कि-

"जथा लाभ संतोष सुख,रघुवर चरन सनेह।
तुलसी जो मन खूँद सम, कानन बसहुँ कि गेह।"

यहाँ इस बात का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि जीवन में चुनौतियां नहीं हैं। हैं और प्रति दिन है। बस उन चुनौतियों से पार पाना ही जीवन का सुघड़ मार्ग है। इस मार्ग पर चलते हुए ही अपनी सोच को इस तरह से दिशा देनी चाहिए-

"बिनु संतोष न काम नसाहीं, काम अछत सुख सपनेंहुँ नाहीं।"

जीवन में जो समस्याएं आती है उन समस्याओं को जीवन की सज़ा नहीं असल मज़ा समझना चाहिए। दरअसल ईश्वर का दिया यह वह कार्य है जिस पर चलकर हम आनंद की ऊँचायों पर पहुँचते हैं।

यह किसी भी तरह का बोझ नहीं होता है। यह ईश्वर का दिया आशीर्वाद जैसा होता है जो सभी क्षमताओं को जगाता है और जीवन को सुखमय करता है।

इस मार्ग पर चलने के लिए ही हमें राम को जानना चाहिए। राम के काम राम के मार्ग और उनमें आने वाली कठिनाइयों से हम सीख सकते है जीवन के सत्य को और सत्य की तलाश के लिए ध्यान सबसे पहली आवश्यकता है।

ध्यान के लिए उद्देश्य ज़रूरी है। उद्देश्य सत्य की खोज है। सत्य यानी कि 'राम'

जीवन के ध्येय को पाने के लिए यह ज़रूरी है कि हम तप करे। तप का यह अर्थ बिल्कुल भी नहीं है कि हम हिमालय पर चले जाए। सर्वप्रथम हमें जीवन को समझने के लिए और आत्मतोष को पाने के लिए कठोर तप करना है। यह हम तब ही प्राप्त कर सकते हैं जब हम मानवीय सामर्थ्य को समझे। मानवीय सामर्थ्य यथा मानव स्वरूप को निर्मित करने वाला प्रमुख तत्त्व और यह तत्व एक बूंद है। यह बूंद ही 'राम' है।हम उनसे ही उपजकर उनमें ही विलीन होते हैं।इस विलीन होने को हम सांसारिक चक्र भी कह सकते हैं। फिर वही कहना चाहूँगी कि कण-कण में राम हैं।

प्रकृति के हर रूप में जीवन का अंश देखें। यह करने के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। निरंतर साधना और परिश्रम ही तो तप है। बिना तप के जीवन की सुंदरता को नहीं समझा जा सकता क्योंकि जो सुंदर है वही सत्य है और सत्य ही तो शिव है। बिना तप के तो पार्वती जी ने भी शिव को नहीं पाया था।तप के लिए उन्होंने सब कुछ त्याग दिया था। जैसा कि तुलसी बाबा कहते हैं-

"कछु दिन भोजन बारि बतासा। किए कठिन कछु दिन उपबासा।
बेल पाती महि परइ सुखाई।तीनि सहस संबत सोइ खाई।"

तब जाकर शिवत्व को जाना।

तप की महिमा में यदि मनु और सतरूपा के तप को न उद्धृत किया जाए तो रामजन्म का प्रसंग अधूरा रह जाएगा। जिन्होंने निरंतर प्रभु को आँखों से देखने की ही अभिलाषा रखी। निराहार रहकर जल वायु पर ही तपस्या की जब प्रभु ने उन्हें परख लिया और वर मंगाने को कहा-"सो तुम जानहु अंतरजामी। पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी।

सकुच बिहाइ मागु नृप मोही।मोरे नहिं अदेय कछु तोही।"

तब उन्होंने कहा कि मैं आपके समान पुत्र चाहता हूँ। प्रभु ने कहा अपने जैसा कहां से ले आऊँ? अतः स्वयं ही आऊँगा। जब सतरूपा जी से मंगाने को कहा तो उन्होंने अलौकिक ज्ञान चाहा जिसे प्रभु ने एवमस्तु कहकर पूर्ण किया।

दशरथ और कौशल्या के रूप में उन्होंने राम को पुत्र के रूप में पाया।

कठोर तप से ही यह सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ किंतु उन्होंने राम को सिर्फ़ अयोध्या के राम तक ही सीमित रखने की लालसा नहीं रखी और दशरथ जी ने राम को विश्वामित्र को सौंप दिया।

किसी चीज़ को प्राप्त कर लेना मात्र तप नहीं है। पार्वती जी ने जब

खुद को जड़ किया तब ही शिव को पाया। कठोर तपस्या से ही उद्देश्य फलीभूत होता है।

तप का मूल ही त्याग है।किसी चीज़ की अभिलाषा के लिए तप करना तप नहीं है। उससे तो लालसा का जन्म होता है। ललासा संग्रह को जन्म देगी और तप में संग्रह का कोई स्थान नहीं है। सूर्य अपने लिए तो प्रकाश नहीं फैलाता। यहाँ तक कि दीपक तक का प्रकाश उसके लिए नहीं होता वह तो जलता ही दूसरों को प्रकाश देने के लिए है। ऋतु परिवर्तित होती है तो उसका असर प्रकृति भी तो सहती है। घाम में धरती भी तपती है जाड़े में पेड़ भी शीतकर कुम्हला जाते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि तप का किंचित् भर भी असर पाना है तो अंह,लालसा और लोभ का त्याग करना पड़ेगा। जीवन की तपस्या सर्व लोक हिताय-सर्व जन सुखाय हो तब वह तप कहलाता है।

यदि इसे श्री राम के जीवन से जोड़कर देखें तो सांसारिक सुख का त्याग करके ही वह सर्व जन सुखाय का संदेश दे सके। शायद यही सच्चा आत्मतोष कहलाता है।

गुणसागर हनुमान



उषा श्रीवास्तव
(drusha236@gmail.com)

हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त और संकटमोचन के रूप में जाने जाते हैं। उनकी भक्ति और शक्ति का वर्णन रामायण और अन्य प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। रामायण के माध्यम से हमें हनुमान जी की कई विशेषताओं की जानकारी मिलती हैं जिनमें अटूट भक्ति ,बल और साहस .अपार शक्ति, विनम्रता, बुद्धिमता ,चतुराई , एकनिष्ठता, निस्वार्थ सेवा भाव आदि प्रमुख हैं। हनुमान जी के गुणों से हम सीख सकते हैं कि सच्ची शक्ति और बुद्धिमत्ता भगवान की कृपा से मिलती है, और हमें अपने जीवन में भगवान की इच्छा का पालन करना चाहिए।

1. प्रस्तावना

"जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुं लोक उजागर।।" हनुमान चालीसा की पहली चौपाई हनुमान जी की स्तुति करती हुई उन्हें ज्ञान, बल एवं गुणों का सागर कहती है । साथ ही उन्हें विद्यावान गुणी एवं चतुर कह वंदना भी करती है । हनुमान जी की महानता,बुद्धि,असाधारण गुणों और शक्ति का बखान भी करती है।

"अतुलित बल धामं हेमशैलाभ देहं।
दनुज वन क्रशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।।"

हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त हैं, जिन्हें महावीर,बजरंगबली और पवनपुत्र जैसे कई नामों से भी जाना जाता है उन्हें 'अष्ट सिद्धि-नौ निधि के दाता' भी कहा जाता है। माता अंजना और पिता केसरी के अतिरिक्त उन्हें वायु देवता का पुत्र भी माना जाता है। हनुमान जी भगवान राम के सबसे समर्पित और निस्वार्थ सेवकों में सर्वश्रेष्ठ हैं। हनुमान जी अपनी अदम्य शक्ति, साहस और भगवान राम के प्रति अटूट भक्ति के लिए पूजे जाते हैं।

2. विस्तार

सर्वविदित है कि श्री हनुमान गुणों के सागर हैं अतः कुछ मुख्य गुणों की चर्चा करना आप के सम्मुख अवश्य करना चाहूँगी ।

1. **अटूट भक्ति:** वह राम के प्रति पूर्णतः समर्पित थे और उनकी सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य था। वह राम को विष्णु का अवतार मानते थे। राज्याभिषेक के बाद माता सीता ने हनुमान जी को मोतियों का एक बहुमूल्य हार भेंट किया। हनुमान जी ने उसे सहर्ष स्वीकार किया, लेकिन फिर वे एक-एक मोती निकालकर दाँतों से काटने लगे। जब कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे जाँच रहे थे कि क्या मोतियों के अंदर भी "श्री राम" का नाम है क्योंकि जिस वस्तु में श्री राम का नाम नहीं है, वह उनके लिए मूल्यहीन है। तब लक्ष्मण उनसे पूछा कि क्या उनके शरीर में राम का नाम है? तब हनुमान जी ने सीना चीरकर अपनी भक्ति के प्रमाण के रूप में दिखाया कि उनके हृदय में, ही नहीं बल्कि उनके प्रत्येक कोशिका में, भगवान श्री राम और माता सीता की छवि अंकित थी। यह उनकी महानता और भक्ति की पराकाष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण एवं अटूट भक्ति का प्रमाण है। हनुमान जी के गुणों से प्रभावित राज्याभिषेक के बाद श्रीराम ने सबको उपहार दिए,पर हनुमान जी को गले से लगा लिया और कहा कि उनके पास हनुमान की भक्ति का कोई मोल नहीं अतः श्री राम ने हनुमान जी को यह वरदान दिया कि जब तक राम कथा पृथ्वी पर प्रचलित रहेगी, तब तक उनके प्राण शरीर में निवास करते रहेंगे, कई मान्यताओं और प्रमाणों के अनुसार, हनुमान जी कलयुग में भी पृथ्वी पर मौजूद हैं और भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं।
2. **वीरता और साहस** : उनकी शक्ति, बुद्धिमत्ता एवं वीरता का सबसे बड़ा उदाहरण सीता माता की खोज के लिए समुद्र पार कर कई राक्षसों से मुकाबला कर लंका में घुसकर उन तक पहुंचना,रावण को दरबार में अपनी शक्तियों से चौंकाना, पूंछ से लंका दहन तथा राम और रावण युद्ध में कई योद्धाओं का वध करना प्रमुख हैं । श्री हनुमान हमेशा निडर और साहसी रहे हैं सत्य का समर्थन किया और किसी भी डर से अपने कार्य में पीछे नहीं हटे। रावण के खिलाफ राम के युद्ध में अपनी शक्ति और बुद्धिमत्ता का उपयोग श्री राम को जीत दिलाने के लिए किया। सीता की खोज एवं समय पर संजीवनी बूटी लाना जैसे असंभव कार्यों को संभव करना उनकी वीरता और साहस के परिचायक हैं ।
3. **असीम शक्तियां**: हनुमान की शक्तियाँ इतनी असीम हैं कि पूरी सृष्टि भी उनकी शक्ति का दसवां हिस्सा भी सहन नहीं कर सकती। बाल्यकाल से ही उन्होंने अपनी शक्तियां का प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया था । शरारत में अक्सर ऋषियों के ध्यान और पूजा में खलल डालते थे

उन्होंने एक बार एक ऋषि की 12 साल की तपस्या भंग कर दी थी अतः उनकी शरारतों से परेशान होकर, ऋषि अंगिरा और भृगुवंश के ऋषियों ने शाप दिया कि वे अपनी शक्तियों को भूल जाएंगे। पर जब भी कोई उन्हें उनकी शक्तियों की याद दिलाएगा, तब वे शक्तियों को फिर से प्राप्त कर लेंगे। जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्तियों का स्मरण कराया, जिससे उन्हें अपनी शक्तियां याद आई और वे लंका जा सके।

हनुमान जी की शक्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने बाली से युद्ध करने के लिए अपनी आधी शक्ति का एक हिस्सा उसके शरीर में समाहित किया तो बाली को लगा कि वह फट जाएगा। ब्रह्मा ने बाली से कहा कि अगर हनुमान अपनी पूरी शक्ति के साथ युद्ध करते तो बाली तुरंत समाप्त हो जाते। हनुमान की कहानी हमें सिखाती है कि साहस, भक्ति और विनम्रता, सभी

गुण एक साथ मिलकर एक शक्तिशाली व्यक्ति को बना सकते हैं। वह अपनी शक्तियों एवं क्षमताओं का उपयोग आवश्यकतानुसार करते थे, जैसे कि रामायण समुद्र पार करना,अशोक वाटिका में पेड़ पौधों को उखाड़ना ,रावण की सभा में बंधे जाने पर भी वीरतापूर्वक सामना करना, लंका दहन करना एवं संजीवनी बूटी लाना उनके अतुलनीय बल के प्रमाण हैं पर इसके लिए वे कभी श्रेय नहीं लेते थे ।

4. **बुद्धिमत्ता और चतुराई**: जब हनुमान को माता सीता का पता लग गया, तो उन्होंने उन्हें राम का संदेश देने के लिए श्री राम की मुद्रिका दी ताकि माता सीता उन्हें राम दूत के रूप में पहचान सकें। यह उनकी चतुराई और बुद्धिमत्ता का उदाहरण है जो जटिल समस्याओं का समाधान करने में मदद करती है। यह गुण उनके साहस, रणनीति, और भक्ति में भी झलकता है। वे न केवल शक्तिशाली थे, बल्कि उन्होंने कई बार अपनी बुद्धि का उपयोग करके जटिल समस्याओं को हल किया, जैसे कि सुरसा के रूप में बाधा को पार करने के लिए छोटे होकर निकलना, या संजीवनी बूटी लाने के लिए पूरे पहाड़ को उठा लाना। उन्होंने वानर सेना का कुशल नेतृत्व किया और सुग्रीव को राम की मदद के लिए राजी करने में भी चतुराई का परिचय दिया। सूर्यदेव से ज्ञान प्राप्त करते समय, अपनी गति से सूर्य की परिक्रमा करते हुए ज्ञान प्राप्त किया, जो उनकी सीखने की ललक और बुद्धिमत्ता को दर्शाता है।
5. **नम्रता:-** अपनी अद्वितीय क्षमताओं के बावजूद, हनुमान जी नम्र रहते हैं और अपनी शक्तियों का घमंड नहीं करते बल्कि ईश्वर की कृपा मानते हैं। नम्रता ही उन्हें अपार शक्ति के बावजूद अहंकार से दूर रखती है। वह अपनी सभी सफलताओं का श्रेय भगवान राम को देते हैं, एवं स्वयं को हमेशा राम का सेवक मानते हैं। उनकी विनम्रता, समर्पण और निस्वार्थ सेवा में भक्ति का प्रतीक है, जो दूसरों को भी सेवा भाव से प्रेरित करती है। जब वे राम-लक्ष्मण को कंधे पर बिठाकर पर्वत पर ले जा रहे थे, तब भी नम्रता से कहा कि यह मेरा कर्तव्य है।
6. **निस्वार्थता**: हनुमान जी के कार्य सदैव निस्वार्थ प्रेम से प्रेरित होते हैं, जो उनके त्याग और समर्पण को दर्शाते हैं। उनकी निस्वार्थता उनके चरित्र का एक मुख्य स्तंभ है, जो बदले में किसी भी चीज़ की उम्मीद किए बिना भगवान राम एवं माता सीता के प्रति उनके अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। बदले में उन्हे किसी भी सुख-सुविधा या लाभ का कोई स्वार्थ नहीं था। उनकी निस्वार्थता का सबसे बड़ा उदाहरण सीता माता की खोज और उन्हें बचाने के लिए लंका की यात्रा है, जिसके लिए उन्होंने अपनी जान जोखिम में डाली।
7. **निष्ठा और वफादारी**: उनकी वफादारी ने उन्हें असंभव कार्य करने और भगवान राम की हर आज्ञा का पालन करने की शक्ति दी, जो भक्तों के लिए भक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। जब राम ने

हनुमान को अपना भक्त बताया, तो हनुमान ने कहा कि वे राम के सेवक हैं यह उनकी निष्ठा और वफादारी का प्रमाण है। राम और सीता के प्रति उनकी निष्ठा और वफादारी अडिग है, जो उनकी प्रतिबद्धता और भक्ति का प्रमाण है।

8. **संकट में साहस:** जब रावण के सैनिकों ने हनुमान जी को पकड़ लिया और उनके अपमान के लिए उनकी पूँछ में आग लगा दी तब हनुमान जी ने सिर्फ विभीषण के घर को छोड़कर इसी आग से पूरी लंका नगरी को जलाकर राख कर दिया । लंका दहन रावण के लिए एक चेतावनी थी कि उसके राज्य का विनाश निश्चित है। लंका में आग लगाते समय उन्होंने अपने शरीर को जलने से बचाया नहीं, क्योंकि उनका लक्ष्य राम की सेवा और सीता की मदद करना था यह उनके संकट में साहस और धैर्य को दर्शाता है। वे विपरीत परिस्थितियों में भी साहस और धैर्य बनाए रखते हैं, जो दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।
9. **ज्ञान बुद्धि एवं चरित्र का सही आकलन :** वह अपनी बुद्धि का उपयोग सही निर्णय लेने और बाधाओं को पार करने के लिए करते थे, जैसे कि सुग्रीव और राम को मिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही । वह किसी भी व्यक्ति के चरित्र को गहराई से समझ सकते थे, जैसे कि उन्होंने विभीषण की वफादारी को पहचाना था।
10. **लक्ष्मण के लिए संजीवनी**: जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए थे तब उनके प्राण बचाने के लिए, वैद्य सुषेण ने हिमालय के द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने की कहा । जड़ी-बूटी की पहचान न कर पाने के कारण, उन्होंने पूरा पर्वत ही उठा लिया और समय से ले आए, जिससे लक्ष्मण जी के प्राण बच सके। रास्ते में रावण द्वारा भेजे गए कालनेमी के छद्म को चतुराई से मुकाबला कर मार गिराया। यहाँ तक कि भरत ने भी उन्हें राक्षस समझ बाण चलाया फिर भी वह सूर्योदय के पहले पहुँच गए ताकि लक्ष्मण के प्राण बच सकें ।

3. निष्कर्ष

“हरि अनंत हरि कथा अनंता” यह कथन हनुमान जी के गुणों पर सटीक बैठता है क्योंकि "गुणसागर हनुमान" अर्थात हनुमान जी ज्ञान और गुणों के अगाध सागर हैं, जिनकी महिमा तीनों लोकों में फैली हुई है। उनका जीवन दर्शाता है कि सच्चा बल वही है जो ज्ञान और सद्गुणों से युक्त हो। भगवान् राम से उनका रिश्ता केवल भगवान् और भक्त का नहीं है बल्कि उस प्रेम का है जिसमें कोई शर्त,कोई परिभाषा एवं सीमा नहीं है. ऐसा अद्भुत प्रेम भगवान राम को भक्त हनुमान से मिला। रामायण में हनुमान का चरित्र अटूट भक्ति, अविश्वसनीय शक्ति, वीरता, विनम्रता और निष्ठा का प्रतीक है।

गुणों के सागर, हे! पवनपुत्र महान,
शक्ति-भक्ति,विवेक के तुम ही हो स्वामी,
जन-जन के संकट हरते अंतर्यामी।
बल-बुद्धि साहस,भक्ति की,तीनों लोकों में निराली शान
इसीलिए श्री राम से मिला,अमरता का अद्भुत वरदान।
जय-जय, जय हनुमान ...

4. संदर्भ

1. रामायण
2. हनुमान चालीसा
3. अंतर्जाल
4. प्राचीन ग्रंथ और पुस्तकें

Marketing Strategy Reflected in the Valmiki Ramayana: A Study of the Bala Kanda



Rahul Sharadkumar Satghar
S.K.Somaiya Vinay Mandir Jr. College, Mumbai
(rahulsatghar45@gmail.com)

These days every product requires marketing either for the promotion or for the best sale in society. This research paper will try to find out some marketing skills of ancient India especially for the promotion of Valmiki Ramayana. As some poetics like Kavyaprakash has also mentioned काव्यं यशसे अर्थकृतेetc. It is a absolute necessity of research paper, what kind of strategy poet used in Bala kanda for the marketing of epic Ramayana.

1. Introduction

The **Vālmīki Rāmāyaṇa**, recognized as the **ādikāvya** (first epic), is not only a foundational text of Indian culture and philosophy but also a remarkable example of sophisticated strategic communication. While typically studied for its literary and spiritual depth, this paper examines the epic—specifically the initial four *sargas* (cantos) of the **Bala Kanda**—through the lens of contemporary **marketing and communication strategy**. The text's timeless appeal is, in part, a testament to the masterful way Valmiki introduced his "product" (the epic) and "brand ambassador" (Lord Rama) to the world [5]. Critical analysis confirms that the epic's initial books, including the *Bala Kanda*, function as a deliberate prologue. However, some scholars have debated whether portions constitute later interpolations or the *Mool Ramayan* (original text) [3].

This research posits that the creation, endorsement, and dissemination process of the *Ramayana* by figures like Narada, Brahma, Valmiki, and the twin singers, Kusha and Lava, are deeply aligned with modern marketing principles, including **product definition, target audience identification, message crafting, channel selection, and securing audience feedback**. The core objective of this study is to analyze how the text's opening sections execute a deliberate, multi-layered strategy to successfully "launch" the epic and its central hero, **Śrī Rāma**, ensuring its unparalleled and lasting fame. The application of the epic's teachings to **strategic management** in modern corporate settings further confirms the inherent strategic wisdom embedded in its structure and narrative [7].

The paper will proceed by defining the marketing concepts used, detailing the marketing communication process as reflected in the Bala Kanda, analyzing the character-building strategy for Lord Rama, and finally, examining the canto-wise structure as a promotional "teaser and trailer" framework.

2. Definition, Concept, and Measurement of Marketing in the Epic

2.1 Definition and Purpose

Advertising and marketing are defined as any forms of non-personal presentation and promotion, including informing potential customers about a product or, in this context, the **Epic Ramayana** and its central character, **Lord Rama** [1].

2.2 Concept of Marketing

The primary objective of marketing or advertising is to **influence consumer behavior by providing information**. In the *Ramayana*, the objective is to influence the listeners and readers by imparting the virtuous life and deeds of Lord Rama, thereby promoting *dharma* and the epic itself.

2.3 Impact and Measurement

Marketing impact is measured through metrics such as **reach, frequency, and engagement**.

- **Reach** refers to the number of people exposed to the marketing. In the *Ramayana*'s case, Lord Brahma's prophecy highlights the ultimate reach, establishing the product's **eternal success** [2]:यावत्स्थास्यन्ति गिरयः सरितश्च महीतले। तावद् रामायणकथा लोकेषु प्रचलिष्यति।। (2.36) *"As long as the mountains and rivers shall exist on the surface of the earth, so long shall the story of the Ramayana circulate in the world."*
- **Frequency** measures how often the audience sees or, in this case, reads or listens to the story. In the **Bala Kanda**, repetition (such as the three-fold singing by Kusha and Lava mentioned in Canto 4) is used frequently to **develop curiosity** and familiarize the audience with the story and its characters.

3. Marketing Communication Process: The Valmiki Model

The marketing communication process involves a series of steps aimed at effectively delivering a message to a target

audience [1].

3.1 Identifying the Target Audience

The initial step is to identify and understand the target audience. The communication flow for the *Ramayana* can be charted as a series of transmissions:

The ultimate target audience is **all four *varnas* (Chaturvarnya)**, as Valmiki intends for everyone in society to benefit from listening to the epic [2].

A key example of **demographic criteria** used to develop interest is the composition of the *shloka* **"Ma Nishada..."** Valmiki's utterance of this verse—motivated by Lord Brahma—and the immediate, repeated singing by his pupils, Kusha and Lava, (2.39) served as a compelling **demo verse metre**. This poetic innovation and its musical presentation developed the interest and confidence for the composition of the larger *Ramayana* [2]. The choice of the narrative style as a **long poem** further makes the epic unique and memorable [4].

3.2 Crafting the Message (Value Proposition)

Once the audience is identified, the next step is to develop a compelling message that clearly communicates the **value proposition** and benefits of the "product."

- **Value Proposition (The Product):** In **Bala Kanda, Canto 1, verses 90–97**, the importance of a King is highlighted through the example of Lord Rama, establishing him as the ideal product (hero).
- **Benefits (Phattanaphala): Verses 98–100** explicitly outline the benefits of learning and listening to the *Ramayana*, such as *sarvapāpaih pramucyate* (**freedom from all sins**) (1.98). Valmiki's main strategy was to ensure that **each and every one in society** read and listened to his epic, ensuring that the four *varnas* would be benefited.

3.3 Encoding the Message

Encoding involves converting the crafted message into a suitable format, which must be clear, concise, and easily understood.

- The overall message is encoded into a **poetic (written) and musical (audio)** format. The epic, composed in the **Anuṣṭup** meter (specifically designed for oral delivery), contains over 24,000 couplet verses divided into seven books [4, 6].
- **Brahma Deva \right arrow Valmiki** (Sarga 2): Divine instruction for composition.
- **Valmiki \rightarrow Kusha, Lava** (Sarga 4): Teaching the epic in a musical format.

3.4 Selecting Communication Channels (Shrāvya Mādhyama)

Choosing the right communication channels is crucial. In the case of the *Valmiki Ramayana*, one of the finest traditional mediums used was the **audio medium (Shrāvya Mādhyama)**, where the epic was sung aloud by the disciples, Kusha and Lava. This utilizes the power of performance and oral tradition, a key strategy for mass communication in ancient times.

3.5 Feedback

Feedback is the audience's response. In **Sarga 4**, the performance of Kusha and Lava garnered two key instances of feedback, demonstrating customer satisfaction:

1. The story was **loved by the sages** present at Valmiki's hermitage.
2. The subsequent singing of the story was **liked by the subjects of Ayodhya**.

The entire process, which involves understanding the audience, crafting a relevant message, selecting appropriate channels, and continuously measuring feedback, is a structured approach that effectively showcased the epic and achieved Valmiki's marketing target [1].

4. Communication Mix and Strategy in Bala Kanda

The **marketing communication mix** is an essential aspect of a company's promotional strategy. The *Valmiki Ramayana* utilizes these components through poetry and music.

4.1 Advertising (Out-Door Advertising)

The public and repeated performance of the *Ramayana* story by Kusha and Lava **in Ayodhya in front of the subjects** (Sarga 4) functions as **outdoor advertising**. This aims to:

- **Create awareness (Narada-Valmiki in Sarga 1, Brahma-Valmiki in Sarga 2).**
- **Build the "brand image" of Rama, who is presented as a leader of ethical governance [7].**
- **Encourage consumer behavior (listening/reading) by reaching a large audience quickly.**

4.2 Sales Promotion (Incentives)

Sales promotion involves short-term incentives to encourage consumption. The initial conversation between **Narada and Valmiki** (Sarga 1) serves as a **biography of King Rama**, acting as a compelling **teaser/incentive**. The explicit mention of the benefits (**Phattanaphala**) of listening to the epic acts as a powerful incentive to stimulate immediate consumption (listening/reading).

4.3 Public Relations (PR)

PR involves building a positive image among various publics. The very act of composing the epic based on a sage's (Narada)

counsel and a deity's (Brahma) blessing establishes a **highly credible and positive image** for the "product" (the epic). The fact that the epic cuts across "genres of different ages, caste, gender, income, etc." further demonstrates a successful PR strategy for mass adoption [7].

4.4 Direct Marketing (Personalized Targeting)

In **Sarga 4**, the direct feedback from the satisfied "customers"—**Sage Valmiki himself, the Sages in the hermitage, and the subjects of Ayodhya**—demonstrates precise targeting and direct relationship building before the final performance at the royal court.

4.5 Character Building Strategy: Marketing Lord Rama

A crucial element of the Bala Kanda is the **character-building strategy** for the "super hero," Lord Rama. Valmiki strategically presents a comprehensive list of Rama's unparalleled qualities at the very beginning of **Bala Kanda (Canto 1)** to build confidence and affection in the audience's mind [4]. Narada's detailed response to Valmiki's query in Sarga 1 acts as a powerful **value proposition list** for the hero [8].

Category	Sanskrit Term (Verse)	English Equivalent
Eternal/Spiritual Qualities	Ātmavān (1.4), Vashīkṛtāntahkaraṇah	Self-possessed, one with a controlled inner-self.
	Niyatātmā (1.8), Nigṛhītāntahkaraṇah	Disciplined, one with a restrained mind.
	Adīnātmā (1.15)	Not disheartened.
General/Aesthetic Qualities	Guṇavān (1.2), Sarvaguṇopetah (1.17)	Meritorious, endowed with all good qualities.
	Śubhalakṣaṇah (1.11), Jyeṣṭhaguṇairyuktah (1.20)	Possessed of auspicious marks, endowed with great virtues.
Controller/Temperament	Vaśī (1.8), Vashyaḥ (1.12), Jitakrodhah (1.4)	Controller, disciplined, conqueror of anger.
Knowledge of Righteousness (Dharmajñatā)	Dharmajñah (1.2, 12), Kṛtajñah (1.2), Śucih (1.12)	Knower of dharma, grateful, pure.
	Cāritryasampannah (1.3), Dṛḍhavratah (1.2)	Possessed of good character, firm in resolve.
Nationalism (Rāṣṭrīyavṛttih)	Rakṣitā Jīvalokasya... (1.13-14)	Protector of the world of living beings and dharma.

4.6 Canto-Wise Marketing (Teaser and Trailer)

The initial four cantos of the **Bala Kanda** function similarly to modern **teasers and trailers** for a cinematic product, utilizing **pictography (*Śabdacitra*)**—word-pictures—to generate audience interest.

- **Canto 1:** Provides the **information and character description** of Lord Rama, setting the stage (like a character reveal) through Narada's summary, often referred to as the ***Samkshepa Ramayana*** [8].
- **Canto 2:** Brahma teaches the *Ramayana* in brief to Valmiki, confirming the project's **divine endorsement** and establishing the epic's purpose.
- **Canto 4:** The **repeated singing** by Kusha and Lava serves as the **official teaser and trailer**, strategically developing curiosity before the detailed narration (the "full movie") begins later.

5. Conclusion

The marketing of the *Valmiki Ramayana* is a sophisticated example of ancient strategic communication. It encompasses the **marketing of the main character** (Lord Rama), the **marketing of the epic** (the first-ever *Mahākāvya*), and the **strategic use of feedback** before the main performance. This paper concludes that marketing plays a significant role in ancient and modern society alike, and the *Ramayana* provides a profound, early model of audience-centric promotional strategy. The lessons on leadership, ethics, and strategic planning derived from the epic continue to be relevant in contemporary management studies, confirming the timeless success of Valmiki's initial marketing groundwork [7].

6. References

1. Dhond, Saloni. *Advertising*. Google Drive (Lecturer Notes).
2. Satvalekar, Shripad Damodar (Ed.). *Shri Ramayan Mahakavya (Part 1) Bala Kanda*. First Edition 1941. Vishnu Damodarshastri Pandit (Publisher).
3. Singh, Neha, and Abhilasha Singh. "Interpolations in the Valmiki Ramayan and Rationality Behind It." *Dialogue: A Journal of Interdisciplinary Research in Humanities and Social Sciences*, vol. 18, no. 2, 2022.
4. Trikha, J.K. "Valmiki's The Ramayana: An Analytical and Critical Overview." *International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT)*, vol. 10, no. 3, 2022.
5. Shastri, Hari Prasad (Trans.). *The Ramayana of Valmiki*. London: Shanti Sadan, 1952.
6. Griffith, Ralph T. H. (Trans.). *The Rámáyan of Válmíki, translated into English verse*. London: Trübner and Co., 1870.
7. Patel, Nisha. "Management Lessons from Ramayana and its Relevance in 21st Century." *International Journal of Technology, Management and Social Sciences (IJTMSS)*, vol. 1, no. 1, 2022.
8. Valmiki Ramayana. "Bala Kanda - Sarga 1 - The Sage Narada Summarizes the Ramayana to Valmiki." *Sanskrit Documents*. [Online]. Available: https://sanskritdocuments.org/sites/valmikiramayan/baala/sarga1/balaitrans1.htm. Accessed 10 Nov 2025.

राम की नीतिनिष्ठा



मन्साराम गौड़
अध्यापक देहरादून उत्तराखंड
(mrgaur789@gmail.com)

राम नीति के प्रतीक है। वे नीतिनिष्ठा की स्थापना के लिए जन्मे और आजीवन उसका प्रशिक्षण अपने चरित्र द्वारा करते रहे। उन्हें सद्गुणों के खान कहा गया है । मर्यादा पालन और कर्त्पतव्य परायणता में सदा उन्होंने अपना अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किया है। इन्हीं विशेषताओं के कारण उन्हें भगवान कहा जाता है और उनके जन्म जीवन को अवतार का सम्मानास्पद नाम दिया जाता है ।में 'ल्मीकि रामायणवा' -उल्लेख है

सत्यं दानं तपस् त्यागो शौचामार्जवम्। विद्या च गुरुसुश्रूषा धुवाण्येतानि राघवे।।

1. प्रस्तावना

"सत्य, दान, तप, त्याग,मित्रता, पवित्रता, सरलता,विद्या गुरुसुश्रूषा-ये सभी सद्गुण श्री राम में स्थिर,रूप से रहते हैं।"

राम की प्रीति अंधी भावुकता नहीं वरन् नीति पर आधारित है।उनका कोई मित्र नहीं, कोई शत्रु नहीं,वह नीति में प्रीति रखते हैं। अस्तु जहाँ नीति का जितना अंश होगा वहांँ उनकी प्रीति भी सहज ही उस अनुपात से बढ़ेगी। महामानुभावों का उद्देश्य नीति की स्थापना और अनीति का उन्मूलन होता है। वे अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ऐसी ही शिक्षा, प्रेरणा एवं सहायता देते हैं।राम की नीतिनिष्ठा और उसके प्रति उनकी सतत् चेष्टा का विवरण रामायण में जगह-जगह उपलब्ध है।

2. विस्तार

सामाजिकता का नियम है कि सभी लोग परस्पर प्रेम भाव रखें, स्वयं अपना कर्तव्य पाले और अपने स्वजनों को उसकी प्रेरणा दें। राम -कथा में यह श्रृंखला बराबर चलती है।"उत्तरकाण्ड" में उल्लेख है-

राम करहिं भ्रातन्ह पर प्रीती।
नाना भाँति सिखावहिं नीती।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीति।
चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

काकभुशुण्डि जी व्यक्ति से भी से भी घृणा न करके, उससे भी प्रेम करने के सामाजिक सिद्धांत को हितकारी बताते हैं -

पन्नगारि असि नीति,
श्रुति सम्मत सज्जन कहहिं।
अति नीचहु सन प्रीति,
करिअ जानि निज परम हित्।।

राम अपने पुरुषार्थ का बखान नहीं करते। सफलताओं की डींग नहीं हाँकते । वानरों को गुरु वसिष्ठ का परिचय कराते हुए कहते हैं कि इनकी कृपा से ही हम असुरों को मारने में समर्थ हुए।साथ ही वसिष्ठ जी को वानरों को परिचय देते हुए कहते हैं कि समर-सागर में इन्हीं ने बेड़ा बना कर हमें पार किया। ये लोग हमें भरत के समान प्रिय हैं। इस कथन में विनयशीलता , कृतज्ञता और सफलता का श्रेय दूसरों को दे कर अपनी निरहंकारिता का सुन्दर समन्वय है -

गुरु वसिष्ठ कुल पूज्य हमारे।
इन्ह की कृपा दुज रंन मारे ।।
ए सब सखा सुनहु मुनि मेरे।
भए समर सागर कहँ वेरे।।
मम हित लाग जन्म हारे।
भरतहु ते मोहि अधिक पियारे।।

श्री राम यश कामना से दूर रहने तथा समाज में शेखीखोरी की प्रवृत्ति न पनपने देने को आवश्यक मानते हैं। रावण जब युद्ध भूमि में अपनी शक्ति का बखान करने लगता है तो वे उसे यही नीति सिखाते हुए कहते हैं -

नीतिवान व्यक्ति बकवास और शेखीखोरी में समय नहीं गँवाते और ढपोरशंख, शेखचिल्ली की तरह उपहासास्पद नहीं बनते। संसार में तीन प्रकार के व्यक्ति हैं - (1) गुलाब (2) आम (3) कटहल के वृक्ष के समान।

इनमें से एक केवल फल देते हैं । दूसरे सुमन और फल दोनों देते हैं। तीसरे केवल फल ही फल देते हैं।अर्थात एक केवल कहते ही हैं करते नहीं। दूसरे कहते तो हैं पर करते भी हैं। तीसरे कहते तो नहीं, पर करने में रात दिन जुटे रहते हैं। क्रमश यह तीनों एक से दूसरा दूसरे से तीसरा अधिक सराहनीय है-

जनि जल्पना करि सुजसु नासहि नीति सुनि करहि छमा।
संसार में पुरुष त्रिविध पाटल रसाल पनस समा।।

सामाजिकता का नियम है कि उपेक्षित क्षेत्र की सेवा और व्यवस्था को अधिक महत्व दिया जाए। अधिकांश लोग शहरों को ही अपना क्षेत्र बना लेते हैं- श्री राम वनवास को अपेक्षाकृत अधिक बड़ा कार्यक्षेत्र मानते हैं। वे पिता के द्वारा दिये गये विशाल वन-राज्य पर बड़ा संतोष और हर्ष व्यक्त करते हैं। माता कौशल्या से कहते हैं कि पिता ने मुझे अयोध्या के छोटे राज्य की तुलना में कहीं अधिक वैभव प्रदान किया है। इस क्षेत्र की सेवा करके मैं अधिक सौभाग्यशाली बनूँगा-

पिता दीन्हा मोहि कानन राजू।
जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू।।

श्री राम ने केवल यह कहा ही नहीं कर भी दिखाया ।ऋषि मुनियों से लेकर आदिवासी कोल-किरात सभी उनके सम्पर्क का लाभ उठाने को आतुर हो उठे। उनके आगमन को सुनकर ऋषि मुनि उनके पास आने लगे तब रघुकुल के चन्द्रमा राम जी ने सबको आदर सत्कार पूर्वक दंडवत प्रणाम किया-

चित्रकूट रघुनंदन छाए।
समाचार सुनि सुनि मुनि आए।।
आवत देखि मुदित मुनि वृन्दा।
कीन्ह दंडवत रघुकुल चंदा।।

सामाजिकता का नियम है कि अनीति का उचित प्रतिकार किया जाय। भगवान राम इस दृष्टि से भी आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने अनीति को निरस्त करने के लिए बालि और रावण को मारा था, उनकी संपत्ति का लाभ लेने के लिए नहीं। स्वार्थ पूर्ति के लिए जो आक्रमण किया जाता है, वह हत्या की संज्ञा में आता है। किंतु अनीति से जूझने में यदि अपना या पराया प्राण जाता है तो उसकी परवाह न करना क्षत्रिय धर्म है।राम ने सदा क्षत्रिय धर्म निर्वाहा।बालि का राज्य उसके भाई को दिया और उसके पुत्र अंगद को युवराज बनाया।

बालि-वध के पश्चात् उन्होंने स्वयं नगर में प्रवेश भी नहीं किया। लक्ष्मण जी को निर्देश दिया कि राज्य के सच्चे और सचरित्र उत्तराधिकारियों को वह सौंप दिया जाए।लक्ष्मण जी ने उस आज्ञा का तुरंत पालन किया-

लछिमन तुरत बोलाए, पुरुजन विप्र समाज।
राज दीन्हा सुग्रीव कहँ, अंगद कहँ जुवराज।।

सामाजहित की दृष्टि से ही बालि का वध किया तथा समाज की सहमति से ही चरित्रवान शासक ने प्रदान कर दिया। बालि के पुत्र के अधिकार की भी रक्षा की।

लंका में भी रावण के वध के बाद विभीषण ने श्री राम से प्रार्थना की कि लंका में चलकर कोष- संपत्ति आदि देखकर इच्छानुसार वानरों में वितरित करें, तो उन्होंने विभीषण का मन रखते हुए कहकर कि "सब हमारा ही तो है, उपयोग तुम करो" बात डाल दी-

तोरकोष गृह मोर सब ,सत्य वचन सुन भ्रात।
भरत दसा सुमिरत मोहि, निमिष कल्प हम जाता।।

भारत का प्रसंग लाकर उन्होंने विषय ही बदल दिया, तब विभीषण पुष्पक विमान कै रत्नों और वस्त्रों से भरकर भगवान के पास ही ले आते हैं। भगवान स्वयं कुछ न लेकर रीछ वानरों पर उनकी वर्षा कर देने को कहते हैं -

चढि.विमान सुन सखा विभीषण।
गगन जाइ बरसुहु पटभूषन।।

3. निष्कर्ष

इस प्रकार श्री राम जी ने क्षत्रिय के नाते अपने सामाजिक दायित्व का पालन आदर्श ढंग से करके दिखाया। अपने पुरुषार्थ से सबकी समस्याओं का समाधान किया तथा किसी भी प्रकार के प्रतिदान के प्रति पूर्ण रुप से निस्पृह बने रहे।

4. सन्दर्भ ग्रन्थ

1. रामायण कि प्रगतिशील प्रेरणाएँ
2. लेखक -पंडित श्री राम शर्मा आचार्य वाड्.मय

रामायण में सतत विकास और जीवन-मूल्य आधारित शिक्षा: भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्पाठ



अनुभूति शर्मा
(itsanubhutisharma@gmail.com)

भारतीय ज्ञान परंपरा में सतत विकास, नैतिक आचरण और जीवन-मूल्य शिक्षा का आधार अत्यंत प्राचीन है। आधुनिक शिक्षा-दर्शन में जिस "सस्टेनेबिलिटी", "वैल्यू-एजुकेशन", "गुड गवर्नेंस", "इकोलॉजिकल बैलेंस", "सोशल हार्मनी" और "सर्वसम्मिलित विकास" की चर्चा होती है, वह अवधारणा रामायण में हजारों वर्ष पूर्व सुसंगठित रूप से उपस्थित है। रामायण केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि एक संपूर्ण सांस्कृतिक संविधान है जो व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक, पर्यावरणीय और आध्यात्मिक स्तर पर मानव को संतुलित जीवन जीने की शिक्षा देता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में रामायण—विशेषकर रामचरितमानस—के माध्यम से सतत विकास के आयामों का पुनर्पाठ किया गया है।

शोध में तीन प्रमुख बिंदुओं पर संवाद निर्मित किया गया है—

1. रामायण में नैतिक व जीवन-मूल्य आधारित शिक्षा,
2. पर्यावरण, प्रकृति-संरक्षण और मानवीय-संसाधनों का संतुलित उपयोग,
3. समाज और राजनीति में सतत विकास का आदर्श मॉडल।

शोध में तुलसीदास के ग्रंथ रामचरितमानस से प्रसंग लेकर यह सिद्ध किया गया है कि रामराज्य का मॉडल आधुनिक "सतत विकास" (SDGs) का भारतीय रूप है—जिसमें धर्म, नीति, उत्तरदायित्व, समानता, न्याय, करुणा, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और सामुदायिक सद्भाव पूर्ण रूप से विद्यमान हैं।

यह अध्ययन दर्शाता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्पाठ से आज की शिक्षा-व्यवस्था न केवल वैल्यू-ओरिएंटेड बन सकती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असंतुलन और नैतिक अवनति की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भी सक्षम हो सकती है।

1. विस्तार

रामायण भारतीय संस्कृति, सभ्यता, समाजशास्त्र, नीति-दर्शन और मूल्य-शिक्षा का आधारस्तंभ है। "सतत विकास (Sustainable Development)" वर्तमान वैश्विक विमर्श का केंद्र है, परंतु इसका बीज भारतीय ग्रंथों में पहले से मौजूद है।

रामचरितमानस में श्रीराम — जो धर्म, दया, नीति, करुणा और उत्तरदायित्व के आदर्श हैं—के माध्यम से बताते हैं कि एक समाज कैसे संतुलन, शांति, समृद्धि और न्याय के आधार पर विकसित होता है।

सतत विकास = प्रकृति + समाज + अर्थव्यवस्था + नैतिकता

और रामायण इन चारों को एकसूत्र में बांधकर शिक्षा और शासन दोनों के लिए मॉडल तैयार करता है।

1. सतत विकास की भारतीय अवधारणा और रामायण

SDGs (Sustainable Development Goals) — गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, लैंगिक समानता, शांति, संस्थागत न्याय, पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार उपभोग, सद्भाव—ये सभी तत्व रामराज्य में स्पष्ट रूप से विद्यमान हैं।

तुलसीदास लिखते हैं:

"दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहि व्यापा॥"

यह पंक्ति स्पष्ट करती है कि रामराज्य में मानव-कल्याण, सुरक्षा और संतुलन का ऐसा स्तर था जो आधुनिक विकास की परिकल्पनाओं से भी श्रेष्ठ है।

2. शिक्षा का अर्थ: ज्ञान + नीति + जीवन-मूल्य

रामायण शिक्षा को केवल विद्या नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला मानता है।

शिक्षा का उद्देश्य—

- चरित्र निर्माण
- कर्तव्य-निष्ठा

- अनुशासन
- सत्य और न्याय
- समाज व राष्ट्र के प्रति दायित्व
- प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता

राम स्वयं गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से यही शिक्षा प्राप्त करते हैं।
"गुरु गृह गेहँ पढ़न लगि राजा।"
यह बताता है कि शिक्षा राजकुमार को भी विनम्र बनाती है और सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध है।
विश्वामित्र राम–लक्ष्मण को केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं,
बल्कि —

- प्रकृति-संरक्षण
- पर्यावरण ज्ञान
- संयम
- नैतिकता
- राष्ट्र-सेवा

भी सिखाते हैं।

2. जीवन-मूल्य आधारित शिक्षा और रामायण

2.1. सत्य, धर्म और नैतिकता

राम का जीवन "धर्म" का पर्याय है। उनकी वनगमन की घोषणा आधुनिक नैतिक शिक्षा का सबसे बड़ा उदाहरण है —
"रघुकुल रीति सदा चली आई।
प्राण जाय पर वचन न जाई।।"

2.2. करुणा, अहिंसा और दया

सतत विकास मानता है कि समाज तभी स्थायी है जब उसमें करुणा हो।
रामचरितमानस में कहा गया—
"पर हित बस जिन्ह करि करणा।
ते नर तृन तुल्य देह धरना।।"
दया + न्याय + अहिंसा = सतत सामाजिक विकास

2.3. समानता और सामाजिक न्याय

राम शबरी और निषादराज को सम्मान देकर बताते हैं कि सच्चा विकास समावेशिता पर आधारित होता है।

2.4. स्त्री-सम्मान और शिक्षा

रामायण में स्त्री को शक्ति का रूप माना गया है।
"सीय सम नहिं कोमल जग माहीं।"

3. पर्यावरण-संरक्षण: रामायण का इको - सस्टेनेबिलिटी मॉडल

अरण्यकाण्ड प्रकृति-शिक्षा का सर्वोत्तम उदाहरण है।

3.1. वन और जैव विविधता संरक्षण
"सकल मुनि धन, बन उपवन, गिरि, गिरीकंदरा।"
= प्रकृति ही मानव का धन है।

3.2. नदियों का सम्मान
"जलज जीवन हरि बिमल बिहंगम।"
= जल जीवन है।

3.3. मनुष्य–प्रकृति संतुलन

राम द्वारा वन्य जीवों, पक्षियों, ऋषियों की रक्षा SDG 14–15 की भारतीय नींव है।

4. रामराज्य: सतत राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था

"बरषहिं जल जग मंगल होला।"

= मौसम संतुलन ⟶ कृषि समृद्धि ⟶ आर्थिक स्थिरता

"नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना।"

= SDG 1 (गरीबी उन्मूलन)

"सब नर करहि परस्पर प्रीति।"

= सामाजिक सद्भाव

5. रामायण में ESD (Education for Sustainable Development)

UNESCO–ESD बनाम तुलसी रामायण की समानताएँ—

Peace Education — अहिंसा

Gender Equality — सीता आदर्श

Environmental Awareness — वन-संरक्षण

Social Harmony — शबरी, निषादराज

Ethical Governance — रामराज्य

6. भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्पाठ: आधुनिक शिक्षा के लिए मॉडल

रामायण शिक्षा के चारों स्तरों —

- व्यक्तिगत
- सामाजिक
- पर्यावरणीय
- राजनीतिक

— में सतत विकास का मॉडल प्रस्तुत करती है।

चरित्र आदर्श—

राम = न्याय, दया, नीति

सीता = धैर्य, शक्ति

भरत = सेवा

हनुमान = समर्पण, विनम्रता

रामराज्य = भारतीय SDG मॉडल

7. Conclusion (निष्कर्ष)

रामायण भारतीय ज्ञान परंपरा का सबसे मजबूत आधार है।

यह शिक्षित करता है कि सतत विकास तभी संभव है जब मनुष्य, प्रकृति और समाज एक संतुलित तंत्र की तरह काम करें।

आज की शिक्षा-व्यवस्था जब ESD मूल्यों की ओर बढ़ रही है, रामायण उन सभी लक्ष्यों का भारतीय मॉडल प्रदान करती है।

यह शोध सिद्ध करता है कि भारतीय परंपरा सदैव—

- सतत विकास
- नीति-धर्म
- जीवन-मूल्यों

— पर आधारित समाज निर्माण की दिशा में प्रयत्नशील रही है।

8. संदर्भ ग्रन्थ

1. तुलसीदास — रामचरितमानस (गीताप्रेस गोरखपुर)

2. रामचरित मानस में आध्यात्म एवं विज्ञान — प्रो. एस.पी. गौतम
3. अध्यात्म रामायण — गीता प्रेस
4. योगवासिष्ठ (राम–वशिष्ठ संवाद)
5. ओझा, सुधाकर — सतत विकास और भारतीय संस्कृति (अशोक पब्लिकेशन्स)

'महात्मा' बलसम्पन्नो रावणः': श्रीराम



लिना सुनील पांडे
नागपूर युनिव्हर्सिटी, नागपूर
(leenaspande@gmail.com)

श्री वाल्मीकीय रामायण को आदि - काव्य माना जाता है। इसकी संरचना सप्तकाण्ड के रूप में है और इसमें कुल श्लोकों की संख्या 24,445 है। राम इस काव्य के नायक है और रावण प्रतिनायक । राम नायक और रावण प्रतिनायक होते हुये भी राम, रावण के संदर्भ में 'महात्मा' बलसम्पन्नो रावणः' विशेषण का उपयोग करते है। युद्धकांड सर्ग 109 में रावण मारा गया । श्रीराम कृतकृत्य हो गये। शत्रुता का अंत हो गया । तब राम विभीषण से कहते है। 'मरणान्तानि वैराणि निवृत्तं नः प्रयोजनम्।' यह भारतीय संस्कृती की अत्यंत उत्कृष्ट शिक्षा है। और यही सबके सामने लाना मेरे शोधपत्रका मुख्य उद्देश है।

कूटशब्द - महात्मा, श्रीराम, विभीषण, रावण.

1. प्रस्तावना

'महात्माः बलसपन्नो रावणः': श्रीराम

युग-द्रष्टा महाकवि वाल्मीकि ने लोकमंगल की उदान्त भावना में परिचालित होकर ही महाकाव्य रामायण की सर्जना की है । फलतः रचना में उदात्त संस्कृति के साथ - साथ श्लोक - संस्कृति के तत्त्व अपने आप ही समाहित हो गये है । एक तरफ जहा उदात्त संस्कृति के अनुपम जीवन मूल्यों की स्थापना हुई हैं, वही दूसरी तरफ लोक संस्कृति जीवन की गहराई से समझने परखने का आधार प्रदान हो सका है। महाकवि ने अपनी रामायण में सामाजिक जीवन की व्यापक दृष्टि अपनायी है।

राम इस काव्य के नायक है और रावण प्रतिनायक। महाकवी वाल्मीकि ने प्रसंगानुसार दोनों का वर्णन करने के लिए अनेक श्लोकों की रचना की है। यदि हम उनके द्वारा दोनों के लिए प्रयुक्त विशेषणों पर भी गौर करें तो, हमें मानव स्वभाव का अच्छा खासा अंदाज हो जाता है । संपूर्ण रामायण संहिता में रावण से संबंधित 'महात्मा' विशेषण दो स्थानों पर आता है । वह भी वाल्मीकि ने अपने मतानुसार नहीं, बल्कि विभीषण और रामद्वारा रावण के संबंध में अलग - अलग स्थानों पर की गई चर्चा के संदर्भ में प्रयुक्त किया है। समग्र संदर्भ को देखते हुए सबके मन पर राम के विशाल हृदय एवं उदारता की छाप पडती है। महान लोगों का स्वभाव होता है कि वे अपने शत्रुओं की भी प्रशंसा करते है । अंतः यहा रावण की इस प्रशंसा को अनदेखा नही किया जा सकता । वे अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है।

1. **युद्धकांड सर्ग 71 -** कुंभकर्ण के वध के बाद रावण पक्ष का दुःखी होना स्वाभाविक था, उनका क्रोध और भी बढ़ गया। रावण का पुत्र मेघनाद (इंद्रजित) युद्ध के लिए आगे बढा। इंद्रजित तेजस्वी वीर और दर्शनीय था । राम को उसके बारे में पता नहीं था। अतः 'यह योद्धा कौन है जो युद्ध करने आ रहा है ?' श्रीराम ने स्वाभाविक रूप से विभीषण से पूछा । इस प्रकार की पृच्छा करते समय श्रीरामने इंद्रजित के रूप और रुबाब का सुंदर वर्णन किया, जो इस सर्ग के 12 से 25 श्लोकोंके बीच आता है । उसका परिचय देते हुए विभीषण कहते है।

दशग्रीवो महातेजा राजा वैश्रवणानुजः।
भीमकर्मा 'महात्मा' हि रावणो राक्षसेश्वरः॥
तस्यासीद्वीर्यवान्पुत्रो रावणप्रतिमो बले।
वृद्धसेवी श्रुतिधरः सर्वास्त्रविदुषां वरः॥
(युद्ध. सर्ग 71, श्लो.27, 28)

(भगवन् । जो कुबेर का छोटा भाई, महातेजस्वी, महाकाय, भयानक कर्म करने वाला तथा राक्षसों का स्वामी 'महात्मा' राजा रावण है, उसको एक बड़ा पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुआ, जो बल में रावण के ही समान है। वह वृद्ध पूरूषों का सेवन करने वाला, वेदशास्त्रों का ज्ञाता तथा संपूर्ण अस्त्रवेत्ताओं में श्रेष्ठ है।

विभीषण ने उसका और भी वर्णन किया है। यहॉ हमें उसकी आवश्यकता नहीं है । लेकिन इंद्रजीत का परिचय देते हुए विभीषण ने उसके पिता (रावण) के बारे में जो संक्षिप्त जानकारी दी है, उसमें 'महात्मा' विशेषण का प्रयोग हुआ है।

2. **युद्धकांड सर्ग 109** - रावण मारा गया। श्रीराम कृतकृत्य हो गय। शत्रुता समाप्त हो गयी। तब राम विभीषण से कहते है –

मरणान्तानि वैराणि निवृत्तं नः प्रयोजनम्।
क्रियतामस्य संस्कारों ममाप्येष यथा तव।।
(युद्ध. सर्ग -109, श्लोक - 25)

विभीषण, शत्रुता मरणान्तही होती है। अब शत्रुता का प्रयोजन समाप्त हो गया। अब उसका अंतीम संस्कार करो । अब (रावण) जैसा तुम्हारा वैसे अब मेरा भी (भाई) है।

बाद में रावण की पत्नियों आदि का विलाप समाप्त होने पर, राम पुनः विभीषण से कहते है - ये मन्दोदर्यादी स्त्रियाँ शोक से पिडित है। इन्हें सांत्वना दो और रावण के शरीर के अंतिम संस्कार की तत्काल व्यवस्था करो -

'संस्कारः क्रियतां भ्रातुः स्त्रीगणः परिसान्त्व्यताम्।:
(युद्ध. 109 - 92)

परन्तु विभीषण में राम के समान उदात्त संस्कार संस्कारित नहीं थे । वह रावण की दुष्टता को भुल नहीं सका, वह कहता है -

विमृश्य बुद्ध्या प्रश्रितं धर्मार्थसहितं हितम् ।
त्यक्तधर्मव्रतं क्रूरं नृशंसमनृतं तथा ।|
नाहमर्हामि संस्कर्तुं परदाराभिमर्शनम् ।
भ्रातृरूपो हि मे शत्रुः एष सर्वाहिते रतः।|
रावणो नार्हते पूजां पूज्योऽपिगुरूगौरवात्।
नृशंस इति मां राम वक्ष्यन्ति मनुजा भुवि ॥
(युद्ध. 111-93 ते 95)

(मै ऐसे व्यक्ति का अंतिम संस्कार नही करना चाहता जिसने धर्मार्थसहित कल्याण का विचार नही किया, जिसने धर्म का मार्ग त्याग दिया है, जो क्रूर, नृशंस, मिथ्याचारी है और जिसने पराई स्त्री का अपहरण करने का कृत्य किया है । यह जो सब प्रकार के अहित में उपस्थित रहता हैं, भातृरूप में मेरा शत्रु ही था । यद्यपि यह जेष्ठ भाई के रूप में पूजनीय और गुरू - महिमा का पात्र है, तथापि उपरोक्त दोष के कारण पूजनीय नही है। यदि मै इसका महिमामंडन करूँगा, तो इस संसार में लोग मुझे भी नृशंस समझेंगे।

राम ने विभीषण के इस अशिष्ट विचार को स्वीकार नही किया और उससे पुनः कहा-

अवश्यं तु क्षमं वाच्यों मया त्वं राक्षसेश्वर।
अधर्मानृतसंयुक्तः कामं त्वेष निशाचरः।।
तेजस्वी बालवाञ्छूरः सग्रामेषु च नित्यशः।
शतक्रतुमुखैर्देवैः श्रूयते न पराजितः।|
'महात्मा' बलसम्पन्नो रावणो लोकरावणः।
मरणान्तानि वैराणि निर्वृत्तं नः प्रयोजनम्।।
क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव।
त्वत्सकाशान्महाबाहो संस्कारं विधिपूर्वकम्।।
(युद्ध. 111-98 ते 101)

(हे विभीषण! मै तुमसे पुनः कहता हूँ, सूनो, इसमें सन्देह नही है कि यह निशाचर, अधर्म, और अनृत से युक्त था । किन्तु वह तेजस्वी, बलवान और वीर था । ऐसा सुना गया है कि, वह इन्द्र आदि देवताओं से भी पराजित नही हुआ था। वह बलवान 'महात्मा' था, जिससे लोग भयभीत रहते थे। फिर भी, शत्रुता तो मृत्युपर्यन्तही निभानी चाहिए। हमारा शत्रुता का उद्देश समाप्त हो गया। अब इसका अंतिम संस्कार करो। अब यह जैसे तुम्हारा वैसा मेरा भी (भाई)है।

विभीषण समज गये और फिर उन्होंने रावण के शव का अंतिम संस्कार किया।

2. निष्कर्ष –

'मरणान्तानि वैराणि' भारतीय संस्कृति की एक अत्यंत उत्कृष्ट शिक्षा है। इतिहासकार जानते है कि इस संस्कृति को अपनाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज ने अफजलखान का अंतिम संस्कार कितने उचित ढंग से किया था । जब हम दुश्मनों के अवशेषों को खोदकर उन्हें फिर से फाँसी देने के कुछ पश्चिमी उदाहरणों पर नजर डालते हैं, तो यह अंतर स्पष्ट हो जाता है।

'महात्मा' बलासम्पन्नो रावणः यह भी भारतीय संस्कृति की एक अत्यंत उत्कृष्ट शिक्षा है, की वे अपने शत्रुओं की भी प्रशंसा करते है। कहा भी गया है कि, महान लोगों का स्वभाव होता है कि वे अपने शत्रुओं की भी प्रशंसा करते है।

वस्तुतः महर्षी वाल्मिकी के रामायण मे सामाजिक समरसता का जो उदात्त यथार्थ चित्रण वर्णित है, वह विश्व के किसी अन्य स्थानो पर प्राप्त नही होता | आज आवश्यकता है | की विश्व के जन- जन के कण्ठ कण्ठ में इसका रसास्वाद कराया जाय तभी आतंकवाद ,नस्लवाद आदी को समाप्त कर प्रेमभावना को भरा जा सकता है |

Bridging Ancient Wisdom and Modern Ecology: The Ramayana and Sustainable Development Goals (SDGs)



Sanjay Badoni
Subodh Saurabh Singh
Geeta Rana
Swami Rama Himalayan University, Dehradun
(badoni.sanjay123@gmail.com)
(Subodhsingh@srhu.edu.in)
(geetarana@srhu.edu.in)
Ashish Singh Chauhan
Uttaranchal University, Dehradun

The Ramayana teaches us valuable lessons about living in ways that respect nature, lead with honesty, and care for society. This paper examines how the values shown by Rama and other characters, such as doing the right thing (dharma), showing kindness, and practicing self-control, connect with today's ideas of sustainable living. By linking stories and verses from the Ramayana to modern goals such as the UN Sustainable Development Goals (SDGs), the study shows that the Ramayana is more than just a religious book; it also offers practical guidance for protecting the environment, leading responsibly, and preserving traditions in today's global context.

Keywords: Ramayana, Sustainable living, Ecological harmony, Ethical leadership, UN Sustainable Development Goals (SDGs)

1. Introduction

The *Ramayana* occupies a central position in India's cultural, philosophical, and ethical landscape. Beyond its narrative richness, the epic offers a sophisticated framework for understanding the relationship between human actions, social responsibility, and ecological harmony. In contemporary discourse, sustainable development has emerged as a global priority, emphasizing the need for societies to balance environmental protection, ethical governance, and community well-being. Interestingly, many of these modern principles resonate deeply with the values embedded in the *Ramayana*, particularly *dharma*, compassion, self-restraint, and responsible leadership.

The growing relevance of traditional knowledge systems in sustainability studies has prompted renewed academic interest in ancient Indian texts.

The *Ramayana* presents multiple episodes in which environmental stewardship, moral duty, and social justice are intricately woven into the story. Whether through Rama's ethical leadership, Sita's intimate connection with nature, or the harmonious coexistence depicted in forest hermitages, the text articulates a worldview grounded in balance, respect, and interconnectedness. These themes align closely with contemporary frameworks such as the United Nations Sustainable Development Goals (SDGs), which advocate for ecological preservation, institutional integrity, and inclusive development.

This paper builds upon these intersections by examining how the ethical and ecological ideals depicted in the *Ramayana* can inform present-day sustainability practices. By correlating select verses, narrative events, and character conduct with SDG pillars, the study highlights the continuing relevance of ancient wisdom in addressing modern challenges. In doing so, it positions the *Ramayana* not merely as a spiritual narrative but as a valuable resource for conceptualizing sustainable living, ethical governance, and cultural continuity in the 21st century.

2. Sustainability in Ancient Indian Thought

Sustainability, often perceived as a modern construct, has deep philosophical roots within ancient Indian knowledge systems. Classical texts consistently articulate a worldview where humans, nature, and the cosmos coexist in a delicate balance. This holistic understanding originates from the foundational principle of *ṛta* (ऋत), the natural order governing all existence, which later evolved into the ethical framework of dharma. Within this framework, environmental stewardship, social responsibility, and moral restraint are not optional values but obligatory duties.

The Vedic literature, particularly the *Rig Veda* and *Atharva Veda*, emphasizes respect for the natural world, portraying rivers, mountains, trees, and animals as embodiments of the divine. Hymns dedicated to *Prithvi* (Earth), *Agni* (Fire), and *Vayu* (Air) highlight the interdependence between humans and ecological forces. This sacred orientation toward nature is further reflected in the doctrine of *Pancha Mahabhuta*, which holds that all living beings are composed of the five elemental forces. Such a conception fosters an inherent ecological consciousness, encouraging individuals to consume responsibly and avoid environmental harm.

The *Upanishads* also contribute to this discourse. The Isha *Upanishad*, for instance, urges individuals to practice moderation and contentment, stating that the world's resources are meant for the benefit of all, and excessive consumption

disrupts universal harmony. These ideas parallel contemporary sustainability principles, particularly responsible consumption, equity, and long-term ecological resilience.

Moreover, ancient Indian society celebrated forests as spaces of knowledge, peace, and spiritual refinement. Texts like the *Aranyakas* highlight the sanctity of forest ecosystems and the need to protect them. Gurukula traditions, which often operated within forest environments, promoted minimalism, coexistence with wildlife, and sustainable living practices now considered essential for achieving ecological balance.

Overall, ancient Indian thought presents sustainability not merely as a policy agenda but as an ethical lifestyle rooted in harmony, moderation, and reverence for nature. This philosophical foundation provides essential context for understanding how the *Ramayana* internalizes and expands these principles within its narrative.

3. The Ramayana as a Model of Sustainable Ethics

The *Ramayana* presents a sophisticated ethical framework where moral conduct, environmental awareness, and social responsibility are inseparable. Through its characters, decisions, and settings, the epic illustrates how individual virtue directly contributes to collective harmony, an idea central to contemporary sustainability discourse. The principles of *dharma*, compassion, restraint, and balance are repeatedly emphasized, offering a culturally grounded model for sustainable living.

3.1 Rama's Ethical Leadership and Duty

Rama embodies *maryada* (principled conduct), consistently prioritizing duty over personal preference. His acceptance of exile to uphold familial harmony and constitutional order demonstrates an ethical stance that values societal stability over individual privilege. Such restraint and accountability resonate strongly with the modern idea of responsible leadership, which is essential for achieving sustainable governance. In the *Ayodhya Kanda*, Rama repeatedly affirms that a leader's foremost responsibility is to protect social equilibrium and ensure justice (Valmiki Ramayana, Ayodhya Kanda 20.1–20.5).

3.2 Sita's Ecological Sensitivity

Sita's character represents a deep, experiential connection with nature. During the forest exile, she expresses admiration for trees, rivers, animals, and the natural rhythms of the ecosystem. Her interactions reflect a worldview in which humans act as custodians rather than dominators of the environment. Sita's bond with the forest also symbolizes the nurturing and sustaining qualities of the natural world, aligning with modern concepts of ecological ethics and environmental mindfulness.

3.3 Lakshmana's Humility and Service

Lakshmana's unwavering service to Rama and Sita highlights values of humility, selflessness, and emotional discipline. His minimalistic lifestyle during exile, focused on duty, simplicity, and care, reflects a sustainable mode of living centered on moderation and collective well-being. Such attributes align with contemporary societal expectations of responsible citizenship and sustainable social behavior.

3.4 Hermitage Culture as a Model of Sustainable Living

The forest hermitages encountered throughout the *Ramayana*, such as those of Sage Bharadwaja and Sage Agastya, are depicted as self-sustaining ecological units. These spaces promote moderation, respect for biodiversity, and community-oriented living. The harmonious coexistence among sages, animals, and the natural surroundings illustrates a model in which spiritual development and ecological balance mutually reinforce one another.

Collectively, these ethical narratives demonstrate that sustainability in the *Ramayana* is not limited to environmental stewardship alone; it extends to moral leadership, social integrity, and emotional discipline. This holistic ethical framework remains relevant in discussions on sustainable development and responsible governance.

4. Ecological and Environmental Lessons from the Ramayana

The *Ramayana* presents a rich ecological narrative that highlights the centrality of nature in human life. The text's vivid descriptions of forests, rivers, mountains, and wildlife demonstrate an early understanding of environmental stewardship and the need for harmonious coexistence with the natural world. Through various episodes, the epic underscores ecological sensitivity, sustainable resource use, and the moral responsibility to protect the environment, principles deeply aligned with contemporary approaches to environmental sustainability.

4.1 Forest Ecosystems as Sacred Ecological Spaces

Forests such as *Chitrakoot, Panchavati*, and *Dandakaranya* are not merely backdrops but active participants in the narrative. These landscapes are depicted as vibrant ecosystems that support diverse flora and fauna. The reverence shown towards forest hermitages reflects an ecological ethos where nature is considered sacred, interconnected, and worthy of protection. The harmony between sages, wildlife, and natural elements illustrates a balanced ecological model that encourages preservation rather than exploitation.

4.2 Symbolism of Harmony and Ecological Balance

Many interactions in the forest highlight the need to maintain ecological equilibrium. Rama's respectful engagement with

hermit communities, Sita's appreciation for natural beauty, and Lakshmana's sustainable lifestyle all reinforce a minimalistic and nature-oriented ethic. The narratives subtly caution that disharmony with nature leads to suffering, while responsible engagement promotes peace and well-being.

4.3 Ethical Contrast: Rama and Ravana as Environmental Archetypes

Rama and Ravana can be viewed symbolically as contrasting environmental archetypes. Rama represents restraint, balance, and just action, qualities essential for sustainable environmental governance. Ravana, in contrast, embodies excessive consumption, unchecked ambition, and disregard for the environment. His actions, particularly the exploitation of natural and divine resources, serve as reminders of the consequences of unsustainable behavior. This contrast mirrors contemporary concerns about environmental degradation driven by unchecked development and material excess.

4.4 Alignment with Modern Environmental Goals

The environmental values embedded in the Ramayana closely align with several United Nations Sustainable Development Goals (SDGs):

DG 13: Climate Action: Principles of restraint, ecological mindfulness, and adaptive living.

SDG 15: Life on Land: Respect for biodiversity, forest protection, and coexistence with wildlife.

SDG 12: Responsible Consumption and Production: Emphasis on moderate living, minimal resource use, and ethical engagement with nature.

The epic's ecological lessons show that ancient cultural wisdom can significantly inform contemporary sustainability frameworks, strengthening the integration of ethical, artistic, and environmental dimensions of sustainable development.

5. Social and Governance Dimensions: Rama Rajya as Sustainable Governance

The governance model depicted in the *Ramayana*, commonly referred to as *Rama Rajya*, has long served as an aspirational ideal of justice, welfare, and ethical administration. While often celebrated for its moral clarity and compassionate leadership, *Rama Rajya* also reflects fundamental principles of sustainable governance. These principles emphasize social equity, institutional integrity, accountability, and community well-being—values that align closely with modern frameworks for sustainable development and effective public administration.

5.1 Justice, Fairness, and Institutional Integrity

1. Srimad Valmiki Ramayana, translated and presented by Sri Desiraju Hanumanta Rao (Bala, Aranya and Kishkindha kanda), and by Sri K.M.K. Murthy (Ayodhya and Yuddha kanda) with contributions from Durga Naaga Devi and Vaasudeva Kishore (Sundara kanda) retrieved from http://www.valmikiramayan.net/.
2. https://www.valmiki.eetk.ac.in/
3. Srimad Valmiki Ramayana, Hindi Edition, Gita Press, Gorakhpur (2019)
4. Valmiki Ramayana, (Dharmalaya Edition of Ramayana Publishing House)
5. Shri Govindaraja's Bhooshana commentary on the Valmiki Ramayana (https://archive.org/details/valmiki-ramayana-with-govindarajas-commentary-sanskrit/)
6. UN Sustainable Development Goals – Official Portal (https://sdgs.un.org/goals)
7. UN SDG Index (https://sdgindex.org)

11. Appendix

Table 1 *ESG-based Social Sustainability Model*

Pillar / Parameter	Rama Raajya (benchmark)	Modern India (2025)	Global Average (2025)	Deviation / Observations
ENVIRONMENTAL (E)	**10**	**3.8 / 10**	**2.9 / 10**	*Rama Raajya*: Timely rains, pure air, abundant forests. → Modern India: mixed progress—renewables ↑ but pollution & deforestation persist. Global: severe climate imbalance.
Climate Stability	10	3	2	Seasonal regularity in Shri Rama's era vs. erratic monsoon / global warming. 13 gaps under SDG framework.
Air & Water Quality	10	4	3	Sarayu-like purity vs. pollution index > 70 AQI. Six gaps foud under SDG framework.
Biodiversity Protection	10	4	3	"No beasts harmed each other" (Yuddha 6.128.96) vs. modern species decline.
Resource Circularity	10	4	3	*Mādhukara-vṛtti* (non-exploitative use) vs. over-consumption economy.
SOCIAL (S)	**10**	**4.1 / 10**	**4.4 / 10**	*Rama Raajya*: No poverty / crime / widowhood; equality & virtue universal. Modern societies show partial progress but suffer inequality, alienation, and crime.
Poverty & Hunger	10	5	5	"Bereft of hunger or thirst" (*Yuddha 6.128.93*) vs. 9 % global undernourishment.
Health & Education	10	5	6	Disease-free longevity vs. mixed health indices; SDG 3 partially met.
Gender Equality & Inclusion	10	3.5	4	Women honoured versus persistent gender gaps in modern world.
Social Cohesion & Safety	10	3.5	3	"No thief, no liar" vs. urban crime & social fragmentation.
GOVERNANCE (G)	**10**	**4.9 / 10**	**4.0 / 10**	*Rama Raajya*: Truth-based rāja-dharma; incorruptible ministers; consultative rule. Modern systems strong institutionally but weak ethically.*
Rule of Law & Justice	10	5	5	Nyāya-based fairness vs. delayed justice / global inequity.
Corruption & Integrity	10	4	3	"Na kaścid anāryaḥ" vs. Transparency International Corruption Perceptions Index (CPI) avg of 43 / 100.
Participation & Voice	10	5	4	Shri Rama's civic counsel vs. electoral fatigue / policy alienation.
Alliances & Cooperation	10	6	4	Alliances with Sugrīva & Vibhishaṇa vs. fragmented global coordination.

EE. Structure of the ESG Model

- Each ESG pillar contains 4 sub-parameters, making 12 parameters total.
- Equal weight for each pillar
- Each sub-parameter = 25% of its pillar
- Equal weight across pillars
- Environmental = 1/3
- Social = 1/3
- Governance = 1/3

EEI. List of Parameters

A. Environmental Pillar (E)

1. Climate Stability
2. Air & Water Quality
3. Biodiversity Protection
4. Resource Use & Circularity

B. Social Pillar (S)

5. Poverty & Hunger
6. Health & Education
7. Gender Equality & Inclusion
8. Social Cohesion & Safety

C. Governance Pillar (G)

9. Rule of Law & Justice
10. Corruption & Integrity
11. Participation & Voice
12. Partnerships & Cooperation

हनुमान जी के आकाशगमन का वैज्ञानिक विश्लेषण



प्रशान्त

वैदिक गुरुकुल योग साधना एवं शोध संस्थान

(Aryaprashant@Hotmail.Com)

वाल्मीकि रामायण भगवान् राम के काल के विषय में जानने का एकमात्र प्रामाणिक ऐतिहासिक स्रोत है । यद्यपि वाल्मीकि रामायण साहित्य, इतिहास व नैतिकता का ग्रन्थ है किन्तु हनुमान जी आकाशगमन के प्रसंग में एक वैज्ञानिक वर्णन प्राप्त होता है । वाल्मीकि रामायण में हनुमान जी के उड़ने के दो प्रकार के वर्णन मिलते हैं। एक उनको वानर अवतार मानकर, दूसरा उनको योग सिद्धि या वायुयान सम्बन्धी तकनीकी ज्ञान युक्त मानकर। इन दो प्रकार के वर्णन का कारण वाल्मीकि रामायण की प्राचीनता ही है। सहस्रों वर्षों के दीर्घ काल में व्याख्याताओं के श्लोक मूल श्लोकों के साथ प्रक्षिप्त हो गए जिससे अतिश्योक्ति, पुनरावर्तन व अवतारवाद के श्लोकों की प्रधानता हो गई और मूल शुद्ध श्लोक प्रायः उपेक्षित हो गए । इस प्रकार के शुद्ध १४ श्लोकों का एक प्रकरण **वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड के सर्ग १ के श्लोक संख्या ५६ से लेकर ६९ तक** (गीता प्रेस संस्करण) उपलब्ध होता है, जिसमें हनुमान जी के उड़ने का विशेष वर्णन उपलब्ध होता है। यह वर्णन इतना वैज्ञानिक है, जिसकी आज के वायुयान से तुलना की जा सकती है। इस वर्णन से उस काल के तकनीकी विकास का भी अनुमान होता है । इन श्लोकों में दी गई उपमाएं भी विज्ञान के अनेक सिद्धांतों को प्रगट करती हैं । प्रत्येक श्लोक में कुछ नया मिलता है जिसे जोड़ने से एक पूरा चित्र सम्मुख आता है ।

अब इन श्लोकों का क्रमशः वैज्ञानिक विश्लेषण **(Scientific Interpretation)** करते हैं । प्रत्येक श्लोक का चार भागों में विश्लेषण किया गया हैं

1. मूल श्लोक व अर्थ (संक्षिप्त रूप में)
2. क्रिया/ विशेषण
3. उपमा / रूपक (Metaphor)
4. वैज्ञानिक व्याख्या (Scientific Explanation)

श्लोक १ तस्याम्बरगतौ बाहू ददृशाते प्रसारितौ । पर्वताग्राद् विनिष्क्रान्तौ पञ्चास्याविव पन्नगौ ॥५६॥

अर्थ: आकाशमें फैलायी गयी उनकी दोनों भुजाएँ ऐसी दिखायी देती थीं, मानो किसी पर्वतके शिखरसे पाँच फनवाले दो सर्प निकले हुए हों ॥ ५६ ॥

क्रिया: दोनों भुजाओं को फैलाना

उपमा: दोनों भुजाएँ पाँच-फन वाले सर्पों के समान फैलीं।

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***बाहू ददृशाते प्रसारितौ*** (हाथों को फैलाना) हनुमान जी की भुजाओं का विस्तार "एयरोडायनामिक विंग-स्ट्रक्चर" जैसा है। यह संकेत देता है कि उड़ान संतुलन के लिए दोनों ओर समान बल-वितरण हुआ — जैसे किसी आधुनिक जेट या ग्लाइडर के विंग्स।

२. ***पञ्चास्याविव पन्नगौ (***पांच फन वाले दो सर्प) : उनकी दोनों भुजाएं ऐसे दिखाई देती थीं जैसे पर्वत के शिखर पर दोनों भुजाओं के नीचे से पांच-पांच फन वाले दो सांप निकल आए अथवा भुजाएं ऐसे दिख रही है जैसे पांच-पांच फन वाले सर्प हैं उनकी भुजाओं में। यदि आप आधुनिक काल के जेट सूट्स देखेंगे, या हवाई जहाज को भी आप ऊपर से देखेंगे, तो उनके जो प्रोपेलर्स हैं, उनकी जो पंखड़ियों के नीचे लगे हुए हैं,वे दोनों ओर पांच पांच थे , जो ऊपर से सांप के फनों के सामान दिख रहे थे ।

३. ***पर्वताग्राद् विनिष्क्रान्तौ (***हाथों के नीचे से बाहर आना) : जो वह सांप निकले हैं बाहर, आप इसको ऐसे देखिए, पहले वह अंदर थे और फिर वह बाहर आए हैं। माने कोई चीज़ थी जो पहले बंद थी, वह खुल रही है वहां से। अनफोल्ड हो रही है । इसकी तुलना आजकल हवा में उड़ने वाले सुपर हीरोज जैसे सुपरमैन, आयरन मैन इत्यादि से भी की जा सकती है ।

श्लोक २ पिबन्निव बभौ चापि सोर्मिजालं महार्णवम् । पिपासुरिव चाकाशं ददृशे स महाकपिः ॥ ५७ ॥

अर्थ: उस समय महाकपि हनुमान् ऐसे प्रतीत होते थे, मानो तरङ्गमालाओं सहित महासागरको पी रहे हों। वे ऐसे दिखायी देते थे, मानो आकाशको भी पी जाना चाहते हों ॥५७॥

उपमा: ऐसा प्रतीत हुआ जैसे समुद्र की लहरें वह पी रहे हो। और मानो आकाश को भी पी जाना चाहते हों

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***पिबन्निव बभौ सोर्मिजालं (***समुद्र की लहरों को पीना) : महासागर की तरंगे अर्थात् वेव्स ही लहरें हैं । हनुमान जी उड़ते हुए समुद्र के ऊपर से जा रहे थे, तो ऐसा लग रहा था कि जैसे वे समुद्र को पी रहे हैं। जब भी कोई चीज़ समुद्र के ऊपर से बहुत तेज गति से गुजरती है, तो वहां पर एक 'वी' जैसा आकार बन जाता है । तो पीछे से समुद्र के पानी के ऊपर भी उसका दबाव काम करता है। आगे से छोटा सा है, पीछे से चौड़ा है, तो इससे लग रहा है कि हनुमान जी आ गए और वह पीछे से समुद्र को पी रहे हैं जैसे। तो माने, यह जो है, जो उसकी जो वेव्स थी, उसकी आकृति समुद्र में V जैसी लग रही है जिससे दूर से देखने में ऐसा लगता है, एक व्यक्ति उस सारे को पी रहा है। वह इतनी तीव्र गति से उड़ रहे थे कि जल के ऊपर भी इस प्रकार की एक आकृति बनी हुई है। इस बात की कल्पना कौन कर सकता है जिसने यह बात प्रत्यक्ष देखी है। क्योंकि अभी भी आप प्रत्यक्ष अथवा टीवी आदि में ऐसा देख सकते हैं कि यह ऐसी आकृति बन जाती है पानी के भीतर, कि जिससे ऐसा लगता है कि वो पी रहे हैं। वायु-दाब (air pressure) के पीछे की दिशा में उत्पन्न होने से लहरों का पीछे हटना दर्शाता है ।

२. ***पिपासुरिव चाकाशं*** (आकाश को पीना) – जब नीचे से ऊपर देखते हैं तो आकाश को पीते हुए दिखाई देते हैं । विभिन्न आयामों से हनुमान जी को दिखाया जा रहा है । यह वर्णन Jet Thrust द्वारा उत्पन्न Vacuum Effect, जैसा आधुनिक रॉकेट लॉन्च के समय होता है, को दर्शाता है ।

श्लोक ३ तस्य विद्युत्प्रभाकारे वायुमार्गानुसारिणः । नयने विप्रकाशेते पर्वतस्थाविवानलौ॥ ५८ ॥

अर्थ: वायुके मार्गका अनुसरण करनेवाले हनुमान जी के बिजली की-सी चमक पैदा करनेवाले दोनों नेत्र ऐसे प्रकाशित हो रहे थे, मानो पर्वत पर दो स्थानों में लगे हुए दावानल दहक रहे हों ॥ ५८ ॥

क्रिया : वायु मार्ग का अनुसरण**,** नेत्र विद्युत प्रकाश वाले थे।

उपमा: मानो पर्वत पर दूर से दो स्थानों पर अग्नि जलती हुई दिख रही है

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***वायु मार्गानुसारिणो***, वायु की जो गति थी उसके साथ में बह रहे हैं वो। उसको पता है वायु की गति कौन सी है। वायु की गति का भी ध्यान रखा जाता है हवाई जहाज की गति के साथ में। जो भी गतियां होती हैं उसके साथ में बहने से उसकी गति तीव्र हो जाती है। यदि उसे विपरीत गति में बहेंगे, तो उसकी गति धीमी हो जाती है। तो वहां पर स्पष्ट रूप से बताया कि विंड की जो डायरेक्शन है, वायु की जो दिशा है, उसका भी वह बेनिफिट ले रहे थे, लाभ ले रहे थे हनुमान जी। जिससे उनकी गति और तीव्र हो रही थी ।

२. ***विद्युतप्रभाकारे*** विद्युत की प्रभा है किसमें है? **नयने विप्रकाषेते**, उनकी जो आंखें हैं। किनकी आंखें? जो आंखें हैं हनुमान जी की, वह ऐसे चमक रही है जैसे विद्युत की प्रभा । अब विद्युत प्रभा कैसे होती है? विद्युत को अपने साहित्य के अंदर केवल जो आकाश वाली बिजली ही समझा जाता था । अभी तक लोग ऐसे ही समझते हैं प्रायः, परंतु विद्युत प्रभा अर्थात् विद्युत का प्रकाश । इलेक्ट्रिसिटी के माध्यम से जो प्रकाश, जो लाइट प्रोड्यूस होती है, उसके लिए शब्द दे दिया विद्युत प्रभाकार। माने ऐसी लाइट है कि जो इलेक्ट्रिसिटी से जनरेट हुई है और आंखें उससे चमक रही हैं। श्लोक में यहाँ तक कोई उपमा नहीं दी अर्थात् यह तो प्रत्यक्ष ही है । यहां विद्युत-प्रभा (electric luminosity) का वर्णन है। इससे Plasma Discharge या Ionization का संकेत मिलता है ,तेज़ गति से उड़ते पिंड के चारों ओर इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा क्षेत्र बनता है।

३. ***पर्वतस्थो इव अनलौ*** ऐसे चमक रही हैं जैसे पर्वत के ऊपर दो आग लगी हुई है। इसके बाद उपमा दी आँखों के प्रकाश की उस प्रकाश की शक्ति कितनी अधिक है । एक पर्वत विशाल चीज़ है, उसके ऊपर दो स्थानों आग लगी हुई है, जैसे अग्नि लग जाती है जंगल के अंदर पर्वतों में, तो दो आग ऐसी लपटें सी निकल रही हैं। तो इस प्रकार से आलंकारिक वर्णन किया। इससे भी यह सिद्ध होता है, कि वहां पर लाइट थी, और वह लाइट का फ्लैश निकला हुआ था। जैसे हवाई जहाज की भी लाइट, यह ऐसी कोई चीज़ है, जिससे प्रकाश बाहर निकल रहा था। और लाइट ऑन करके ही वह लैंड करता है। इनको लैंडिंग लाइट्स बोलते हैं हवाई जहाज की, एरोप्लेन में लैंडिंग लाइट्स हैं वो। जब वह उड़े हैं, तो उनके अंदर वह लाइटें जल रही हैं और वह प्रकाशित हो रही हैं। और वह लाइट कैसी दिख रही है? अगले श्लोक में बताया:

श्लोक ४ पिङ्गे पिङ्गाक्षमुख्यस्य बृहती परिमण्डले । चक्षुषी सम्प्रकाशेते चन्द्रसूर्याविव स्थितौ ॥ ५९ ॥

अर्थ:पिंगल नेत्रवाले वानरोंमें श्रेष्ठ हनुमान्जीकी दोनों गोल बड़ी-बड़ी और पीले रंगकी आँखें चन्द्रमा और सूर्यके समान प्रकाशित हो रही थीं ॥ ५९ ॥

क्रिया / विशेषण: नेत्र पीले रंग के , चारों और एक बड़ा घेरा

उपमा: नेत्र चंद्र और सूर्य के समान

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***पिंगल- पिंगाक्ष*** पीले-पीले रंग की है, पीले-पीले रंग की लाइट है। ऐसे उसके नेत्र हैं, पीले रंग के नेत्र हैं। तो इस पीले रंग के नेत्रों को बताने का यहां प्रयोजन क्या है? वह लाइट, लाइट इस प्रकार की, और कैसी है दो लाइटें? दोनों नेत्र प्रकाश स्रोत की तरह कार्य कर रहे थे — यह उच्च ऊर्जा (bioluminescent or energetic field) का द्योतक है,
जो नाइट-फ्लाइट की स्थिति में "twin optical emission" जैसा प्रभाव देता है।

२. ***बृहति परिमंडले***, इसके सामने से इस प्रकाश के कारण से एक परिमंडल जैसा बन गया है। एक बड़े परिमंडल के अंदर जो कोई चीज़ चल रही है, परिमंडल मतलब एक बड़ा घेरा दिख रहा है। कभी-कभी आपने चंद्रमा के चारों ओर, सूर्य के चारों ओर से एक घेरा देखा होगा, इसको प्रभामंडल या halo कहते हैं । तो ऐसा ही एक गोल घेरा भी उसका दिखाई दे रहा है, प्रकाशमान घेरा, जब वह चल रहे हैं । इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वह संध्या काल में उड़ रहे थे, और आकाश में एक घेरा भी बनाया हुआ था उन्होंने प्रकाश का।

३. ***चक्षुषी संप्रकाशेते चंद्रसूर्याविवस्थितौ ,*** चंद्रमा और सूर्य के समान गोल-गोल दिख रही है वह प्रकाशमान आँखें । जैसे चंद्रमा और सूर्य की आकृति प्रायः एक समान, एक जितनी बड़ी दिखती है हमारे को। इतनी दूरी है दोनों की, यद्यपि चंद्रमा छोटा है, परंतु निकट आने से वह बड़ा दिखता है, और सूर्य दूर है, तो दोनों की आकृति भूमि से देखते हैं तो लगभग एक जितनी सी ही दिखाई देती है।

श्लोक ५ मुखं नासिकया तस्य ताम्रया ताम्रमाबभौ । संध्यया समभिस्पृष्टं यथा स्यात् सूर्यमण्डलम् ॥ ६० ॥

अर्थ: लाल-लाल नासिकाके कारण उनका सारा मुँह लाली लिये हुए था, अतः वह संध्याकालसे संयुक्त सूर्यमण्डलके समान सुशोभित होता था ॥ ६० ॥

क्रिया / विशेषण: नासिका का वर्ण ताम्र होने के कारण सारा मुख ताम्र वर्ण का दीखता है

उपमा: वह मुख ऐसा लगता था जैसे संध्याकाल में सूर्यमण्डल सुशोभित होता है

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***तस्य ताम्रया***, रंग कैसा था उसका? ताम्रं आबभौ, कि ताम्र रंग था। ताम्र रंग का व्याख्याकार अर्थ लाल रंग कर देते हैं, पर ताम्र रंग तो होता है ताम्बे का, कॉपर जैसा, तपा हुआ सा रंग है वह। यह "थर्मल रेडिएशन" का परिणाम है — अत्यधिक वेग से घर्षण होने पर वायु में ऊष्मा उत्पन्न होती है, जिससे शरीर लाल-ताम्र दीप्त हो उठता है (जैसे रॉकेट या उल्का की सतह)।

२. ***ताम्रमाबभौ,*** पूरे मुख का रंग भी एक अलग प्रकार का रंग है, किसी मशीन के गर्म होने पर भी ऐसा रंग होता है, तो ऐसे रंग का वहां पर महर्षि वाल्मीकि जी ने विशेष वर्णन किया है।

३. ***यथा स्यात् सूर्यमण्डलम्*** संध्या काल का सूर्यमण्डल - उसकी तुलना कर दी सूर्यमंडल से कि जैसे सूर्य का मंडल चारों तरफ दिखता है, जैसे पिछले श्लोक में भी कहा था, इस श्लोक में स्पष्ट हो गई कि सूर्य के चारों तरफ एक प्रकाश का घेरा halo दिखाई देता है, उसी प्रकार का घेरा इनके भी, हनुमान जी के चारों तरफ दिख रहा है।

श्लोक ६ लाङ्गूलं च समाविद्धं प्लवमानस्य शोभते । अम्बरे वायुपुत्रस्य शक्रध्वज इवोच्छ्रितम् ॥ ६१ ॥

अर्थ: आकाशमें तैरते हुए पवनपुत्र हनुमान्की उठी हुई टेढ़ी पूँछ इन्द्रकी ऊँची ध्वजाके समान जान पड़ती थी ॥ ६१ ॥

क्रिया / विशेषण: वायु में तैरते हनुमान जी का लाँगूल सुंदर लग रहा था

उपमा: लाँगूल पुच्छ इंद्र के ध्वज की तरह ऊँची उठी।

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***प्लवमानस्य शोभते,*** (वायु में तैरना) उड़ते हुए शोभा दे रही थी**,** कह सकते हैं कि जैसे तैर रहे थे , उससे उड़ना शोभायमान या व्यवस्थित हो रहा था **,** अर्थात यहाँ पर उनकी उड़ान stable हो गई है और उनको aerodynamics का भी विशेष ज्ञान था ।

२. ***लांगूलं ,*** लांगूल का सभी प्रायः पूंछ अर्थ कर देते हैं । अभी हनुमान जी की पूंछ अथवा उस वायुयान की भी पूंछ जिसमें भी वह थे या जो भी उनके पास में यंत्र था । अभी भी यदि कोई कहे कि हवाई जहाज की पूंछ, अंग्रेजी में tail, तो वह टेल हर एक हवाई जहाज के पीछे कुछ उभरी हुई सी चीज़ होती है। उस टेल का मुख्य रूप दो कार्य होते हैं कि हवाई जहाज को स्टेबल करना, हिलने न देना, और उसको डायरेक्शन देना, दिशाएं बदलने के लिए भी वह टेल काम आती है। तो इस टेल के लिए उन्होंने बोला हनुमान जी की टेल के लिए वहां लांगूलं शब्द कहा, पुच्छ शब्द नहीं कहा ।

३. ***अम्बरे वायुपुत्रस्य शक्रध्वज इवोच्छ्रितम्*** - वह ऐसी उठी हुई पीछे से दिख रही थी जैसे इंद्र का ध्वज। इंद्र, शक्र माने इंद्र का ध्वज, ध्वज जैसा। हवाई जहाज की आज भी आप टेल देखना, वह ध्वज जैसी ही दिखती है। तो वह निश्चित रूप से उनको पता था कि ये पीछे पूंछ उठी हुई है वह । वह जो कोई चीज़ थी,वह इस प्रकार से उठी हुई थी कि वह वायु में को दिशा दे रही थी। उनको आगे बढ़ने में दिशा देने का कार्य कर रही थी। यह Tail Fin या Stabilizer की भाँति कार्य करता है उड़ान की दिशा और संतुलन को स्थिर रखता है। वायु प्रवाह में "पिछला स्थिरीकरण" (aft stabilization) आवश्यक होता है।

श्लोक ७ लाङ्गूलचक्रो हनुमान् शुक्लदंष्ट्रोऽनिलात्मजः। व्यरोचत महाप्राज्ञः परिवेषीव भास्करः ॥ ६२ ॥

अर्थ: महाबुद्धिमान् पवनपुत्र हनुमान्जीकी दाढ़ें सफेद थीं और पूँछ गोलाकार मुड़ी हुई थी। इसलिये वे परिधिसे घिरे हुए सूर्यमण्डलके समान जान पड़ते थे॥

क्रिया / विशेषण: घूमी हुई पूँछ, सफेद दाढ़ें

उपमा: आकाश में उड़ते हुए परिधिसे घिरे हुए सूर्य के समान जान पड़ते थे॥

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***लाङ्गूलचक्रः*** हनुमान जी की पूँछ वह केवल यूं सीधी उठी हुई नहीं थी, वह गोलाकार घूमकर के उठी हुई थी। गोलाकार घूमी हुई थी। आप कोई चित्र देखना हनुमान जी का, कुछ चित्रकारों ने बनाया है कि उस पूंछ के अंदर से सूर्य दिखाते हैं कहीं-कहीं। तो वह जो चित्र है, कुछ उस प्रकार का है कि वह जो पुच्छ भाग है, वह ऐसे गोलाकार भी है। वह केवल ऐसे सीधा नहीं है। कुछ नए हेलीकॉप्टर्स हैं, उनके अंदर पिछला हिस्सा ऐसे गोलाकार है पुच्छ भाग, उसके अंदर ही एक रोटर फैन लगा हुआ है कि जो उसको दिशा देता है जिससे इसकी तुलना की जा सकती है। वह गोल थी तो ऐसे गोलाई के कारण उसकी तुलना वहां सूर्य से भी कर दी।

२. ***शुक्लदंष्ट्रौ***, शुक्लदंष्ट्रौ माने सफेद रंग की उनकी दाढ़ें दिखाई दे रही है। जो बड़े वाले जो कैनाइन टीथ होते हैं बड़े वाले दांत , वह भी सफेद रंग के दिखाई देते हैं। अर्थात् उड़ते हुए कि सफेद चीज़ें भी कुछ बाहर दिखाई दे रही है निकली हुई। जैसे आप हवाई जहाज को अभी देखते हैं, तो आपको कई चीज़ें दिखती हैं हवाई जहाज में बाहर से। वह कोई और महत्त्वपूर्ण भाग है उस वायुयान से, उस यंत्र से संबंधित कि जो बाहर से दिखाई देती है। तो वहां पर हनुमान जी के यान में या यान स्वयं हनुमान जी हैं, उसके बाहर ये दो चीज़ें और दिख रही हैं, जो उनके लैंडिंग के लिए, ऊपर उठने के लिए या किसी प्रकार से उस वेग में सहायक है जैसे कि landing gears .

३. ***परिवेषीव भास्करः***, परिधिसे घिरे हुए सूर्य के समान - Plasma Sheath Formation —तेज़ घर्षण और ऊर्जा के कारण शरीर के चारों ओर आयनकृत प्रकाश मंडल बन गया (Combustion Glow)। यह वर्णन विशेष है तीन बार अब तक आया है ।

श्लोक ८ स्फिग्देशेनाताम्रेण रराज स महाकपिः । महता दारितेनेव गिरिर्गैरिकधातुना ॥ ६३॥

अर्थ : उनकी कमरके नीचेका भाग बहुत लाल था । इससे वे महाकपि हनुमान् फटे हुए गेरूसे युक्त विशाल पर्वतके समान शोभा पाते थे ॥ ६३ ॥

क्रिया / विशेषण: उनकी कमरके नीचेका भाग बहुत लाल था

उपमा: फटे हुए गेरूसे युक्त विशाल पर्वतके समान

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***अतिताम्र*** पिछले हिस्से के बारे में कहते हैं कि निचला जो हिस्सा है ना, वह बिल्कुल लाल है, लाल ताम्र वर्ण का है। ताम्र रंग चारों तरफ था ना उनके, पहले ताम्र वर्ण था। अब यहां पर भी यही कह रहे हैं कि जो निचला हिस्सा है वह भी ताम्र वर्ण का दिख रहा है उनका, तपा हुआ। यह High-Altitude Flight का संकेत है, जहाँ दृश्य स्पेक्ट्रम नीला-श्याम हो जाता है (Rayleigh Scattering Effect)।

२. ***महता दारितेनेव गिरिर्गैरिकधातुना*** (पर्वत के ऊपर गेरू) पीछे की ओर से फैलाव है गेरू रंग का निचले हिस्से का । उपमा दी गई और कैसे दिख रहे हैं, इससे वे हनुमान जी? एक पर्वत के ऊपर गेरू डाल दिया हो। गेरू का रंग भी कुछ-कुछ केसरिया, नारंगी जैसा होता है, और ताम्र वर्ण जैसा, एक पर्वत के ऊपर गेरू डाल दिया और वह ऐसे फैल गया हो। ऐसा रॉकेट आदि में होता है वह इसी प्रकार से, वह नीचे से फैला हुआ है । उसके अंदर ईंधन क्या है, उसकी वस्तुतः विधि क्या है उड़ने की इसकी सूचना नहीं मिलती ? साहित्यकार, इतिहासकार है वाल्मीकि जी, वैज्ञानिक नहीं है यहाँ पर । वह इतिहास का वर्णन करेंगे । जैसे अभी भी कोई वर्णन करेगा ना वायुयान का, साहित्य के अंदर, वह ये नहीं बताएगा कि इंजन कैसे स्टार्ट होगा। बोले, हवाई जहाज ऊपर उठा, उठते हुए ये दृश्य दिखे, ये दिखे। इसी प्रकार से उसका कितना विशेष वर्णन कर रहे हैं उड़ने का हनुमान जी का। एक-एक चीज़ को अच्छे से बता रहे हैं, तो नीचे से ऐसा दिखाई दिया होगा । जब हम रॉकेट की लांचिंग देखते हैं,जब वो रॉकेट हवा में काफी ऊपर उठ जाता है, तो उसका पिछला हिस्सा ही प्रकाशित दिखता है और कुछ दिखता ही नहीं है। इसी प्रकार वह ऐसा ही फैला हुआ गैरिक रंग दिख रहा है।

श्लोक ९ तस्य वानरसिंहस्य प्लवमानस्य सागरम् । कक्षान्तरगतो वायुर्जीमूत इव गर्जति ॥६४॥

अर्थ: ऊपर-ऊपरसे समुद्रको पार करते हुए वानरसिंह हनुमान्‌की काँखसे होकर निकली हुई वायु बादल के समान गरजती थी॥६४॥

क्रिया / विशेषण: समुद्र के उपर तैरते हुए उड़ना, बगल से वायु का निकलना

उपमा: बादल के गर्जन के जैसी वायु की ध्वनि

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***प्लवमानस्य सागरम्*** तो कहते हैं कि वह जो वानर सिंह थे, और वह आकाश में तैरते हुए जा रहे थे, प्लव करते हुए, उड़ते हुए जा रहे थे, श्लोक ६ में भी इसी शब्द का प्रयोग है किन्तु कैसे जा रहे थे? यह Sonic Boom का संकेत है — जब कोई वस्तु ध्वनि की गति (Mach 1) से तेज़ चलती है, तो Shockwave उत्पन्न होती है, जिससे "गर्जन" जैसी ध्वनि सुनाई देती है।

२. **कक्ष अन्तर्गतो वायु**: उनके कक्ष से अर्थात् बगल से, जो जो नीचे से वायु निकल रही थी,

३. **जीमूत इव गर्जति,** वह वायु, जैसे बादल गरजते हैं, ऐसी गरज रही थी। यह तो विशेष बात है । वह हवा बादलों जैसी कैसे गरजेगी ? इसके पीछे एक वैज्ञानिक सिद्धांत है। जब भी कोई चीज़ ध्वनि की गति से अधिक तीव्र गति से उड़ती है, तो वह वायु पर एक धक्का लगाती है, थ्रस्ट करती है उसको, प्रेस करती है बहुत जोर से। लगभग यह गति १२३६ किलोमीटर प्रति घंटा होती है। इस गति से अधिक गति से सोनिक बूम बोलते हैं इसको, तो वह बूम की ध्वनि आती है, गड़गड़ाने की। जैसे आपने कभी-कभी फाइटर जेट्स देखे होंगे, तो वह जो चलते हैं तो ऐसा लगता है जैसे बादल गरज रहे हैं। तो हनुमान जी की गति इससे भी तीव्र थी, और बादलों के गर्जन जैसी ध्वनि आ रही थी। यह ध्वनी भूमि पर चलने वाले किसी रथ से कभी नहीं आ सकती । यह आवाज़ तो साउंड बैरियर को क्रॉस करने के बाद ही आएगी। उससे पहले यह ध्वनी आ ही नहीं सकती। तो जिसने वो चीज़ देखी वही बताएगा। अर्थात यहां पर एक विज्ञान का इतना बड़ा सिद्धांत उनको पता है, यह पता चल रहा है। यदि वह कल्पना भी करेगा तो भी इस विज्ञान के सिद्धांत की तो स्थापना हो चुकी है वहां पर । अर्थात् वाल्मीकि जी को वायु में होने वाले सोनिक बूम का ज्ञान था और वहां पर निश्चित रूप से ऐसी वस्तुएं थीं कि जो साउंड बैरियर को क्रॉस करती थीं, इतनी तेजी से चलती थीं।

श्लोक १० खे यथा निपतत्युल्का उत्तरान्ताद् विनि:सृता ।दृश्यते सानुबन्धा च तथा स कपिकुञ्जरः ॥ ६५ ॥

अर्थ: जैसे ऊपरकी दिशासे प्रकट हुई पुच्छयुक्त उल्का आकाशमें जाती देखी जाती है, उसी प्रकार अपनी पूँछके कारण कपिश्रेष्ठ हनुमान जी भी दिखायी देते थे ॥ ६५ ॥

क्रिया / विशेषण: हनुमान जी का सानुबंध

उपमा: जैसे आकाश से उल्का गिरती है, एसे ही हनुमान जी सानुबंध के साथ दीखते हैं

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***खे यथा निपत्यत्युल्का,*** **खे** आकाश में जो उल्काएं, उल्कापिंड , मेट्योर्स गिरते हैं, तो क्या दिखता है? एक पीछे पूंछ सी दिखती है, आगे का हिस्सा दिखता ही नहीं है। और आपने यदि कोई वायुयान या रॉकेट देखा हो, उसका चित्र देखा हो, जब वह काफी ऊपर उठ जाता है तो ऐसा ही दिखता है। और थोड़ी देर में गायब हो जाता है।तो कहते हैं, इस प्रकार से जैसे उल्का आकाश में जा रही है, उसी प्रकार

२. ***दृश्यते सानुबन्धा च,*** हनुमान जी की जो सानुबन्ध, कोई चीज़ बंधी हुई है पीछे से जो चमकती हुई जा रही है। सानुबंध शब्द से स्पष्ट है कोई वस्तु जो हनुमान जी के शरीर का अंग नहीं है किन्तु उनसे बंधी हुई है । एक हनुमान जी के पीछे कोई प्रकाश की रेखा सी उल्कापिंड के समान बंधी हुई चल रही है। इससे भी यह सिद्ध होता है कि वह वास्तव में उड़ रहे हैं और तीव्र गति से उड़ रहे हैं । दूर से भी देखने का वर्णन उन्होंने किया। इस telescopic view में यह Atmospheric Re-entry का चित्रण है। हनुमान जी के शरीर या जो भी यान था, के चारों ओर Plasma Envelope बना जिससे वे एक तेज़ रोशनी वाली वस्तु (Meteoric Glow) जैसे दिखे।

श्लोक ११ पतत्पतङ्गसंकाशो व्यायतः शुशुभे कपिः । प्रवृद्ध इव मातङ्गः कक्ष्यया बध्यमानया ॥ ६६॥

अर्थ: चलते हुए सूर्यके समान विशालकाय हनुमान् जी अपनी पूँछ के कारण ऐसी शोभा पा रहे थे, मानो कोई बड़ा गजराज अपनी कमर में बँधी हुई रस्सीसे सुशोभित हो रहा हो॥६६॥

उपमा: चलते हुए सूर्य के सामान विशाल हनुमान जी , जैसे हाथी के कमर में बंधी हुई सुशोभित रस्सी

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***पतत्पतङ्गसंकाशो व्यायतः,*** और कहते हैं कि हनुमान जी कैसे दिख रहे हैं, कैसी शोभा पा रहे हैं, कि जैसे, अब ऊपर तो वह बता दिया उन्होंने उल्का के समान।

२. ***मातङ्गः कक्ष्यया बध्यमानया*** ,पर उल्का तो दिखती नहीं, पीछे-पीछे दिखती है। बोले, नहीं, अगला श्लोक में और स्पष्ट कर दिया उस सानुबन्ध को। जैसे हाथी के कमर को कोई चीज़ बांध दे ना, ऐसा है। अगला जो हिस्सा है उनका वो काफी बड़ा है, पर वह दिख नहीं रहा है। मातंग हाथी को कहते हैं, हाथी से भी तुलना करके कहते हैं कि **कक्षया बद्धमानया**, कि उसकी कक्ष में, उसकी कमर के हिस्से के पीछे कोई ऐसी चमकदार चीज़ को बांध देते हैं, तो ऐसे वह चीज़ बंधी हुई जा रही है। इसको ऐसे भी कह सकते हैं जैसे वायुयान के पीछे धुएं की रेखा सी चलती जातीहै जैसे हाथी की पीठ से बंधी हुई कोई रस्सी झूलती या भूमि पर घिसटती हुई जा रही है ।

श्लोक १२ उपरिष्टाच्छरीरेण च्छायया चावगाढया । सागरे मारुताविष्टा नौरिवासीत् तदा कपिः ॥ ६७॥

अर्थ: हनुमान् जी का शरीर समुद्रसे ऊपर-ऊपर चल रहा था और उनकी परछाईं जलमें डूबी हुई-सी दिखायी देती थी। इस प्रकार शरीर और परछाईं दोनोंसे उपलक्षित हुए वे कपिवर हनुमान् समुद्रके जलमें पड़ी हुई उस नौकाके समान प्रतीत होते थे, जिसका ऊपरी भाग (पाल) वायुसे परिपूर्ण हो और निम्नभाग समुद्र जलसे लगा हुआ हो ॥ ६७ ॥

क्रिया / विशेषण: शरीर का समुद्र से ऊपर-ऊपर चलना,

उपमा: परछाई जल में डूबी हुई सी दिखाई देना , जैसे पाल में वायु भरी हुई नौका

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***शरीरेण,*** शरीर शब्द का प्रयोग किया। यहां पर जो ये शरीर बोला है, तो हनुमान जी उड़ रहे थे ये भी कह सकते थे, पर हनुमान जी जहां जा रहे थे ये नहीं बोला, उन्होंने कहा है कि तो शरीर जा रहा है ऊपर से, शरीर मतलब बॉडी है,

२. ***उपरिष्टाच्छरीरेण***, जो भी चीज़ उनके पास थी, उसकी बॉडी है, ऊपर वाला कवच है, जो भी कोई सूट धारण किया, क्या किया है, उसका हमें स्पष्टता से नहीं पता चलता, उसको हमें विचार करना ही पड़ेगा।

३. **च्छायया चावगाढया ,**तो कहते हैं, वह जब ऊपर से जा रहे थे, तो उसकी जो परछाई है जल में जहां-जहां से जा रही है, वहां-वहां से वह पानी भी अपनी जगह छोड़ रहा है। अर्थात वह जो प्रेशर से जा रहा था ना, तो वहां-वहां से वह लहरें भी अपना जगह छोड़ देती है। दूर से देखने से ऐसा लगता है कि हनुमान जी की परछाई की जगह बनी हुई है। परछाई की को भी जगह छोड़ दी। तो बोले, इसीलिए फिर बाद में कथा बनती है कि समुद्र ने रास्ता दे दिया। दबाव से वह रास्ता बनता हुआ दिख रहा है दूसरे व्यक्ति को। औरों के पास में यह तकनीकी उपलब्ध नहीं थी, परंतु जो पहली बार इस तकनीक को देखेगा तो वह यही कहेगा कि वह समुद्र ने भी स्थान छोड़ दिया, उसकी परछाई ने भी।

४. ***सागरे मारुताविष्टा नौरिवासीत्,*** उपमा दी गई कि वह ऊपर का भाग उनका ऐसा लग रहा है कि जैसे समुद्र में से कोई तीव्र गति से नौका जाती है, तो उसका अगला भाग ऊपर उठ जाता है, पिछला भाग टिका रहता है । तो ऐसे दिखाई दे रहा है कि हनुमान जी ऊपर से जा रहे हैं और पिछला भाग उनका टिका हुआ है और पीछे-पीछे समुद्र की तरंगें भी भाग रही हैं। इसको Surface Hovering और Steady Glide का उल्लेख भी समझ सकते हैं । हनुमान जी का उड़ान मार्ग बिल्कुल स्थिर और smooth था, जैसे जल पर तैरती नाव (Lift + Balance Control)

श्लोक १३ यं यं देशं समुद्रस्य जगाम स महाकपिः । स तु तस्याङ्गवेगेन सोन्माद इव लक्ष्यते ॥ ६८ ॥

अर्थ: वे समुद्रके जिस-जिस भागमें जाते थे, वहाँ वहाँ उनके अंगके वेगसे उत्ताल तरङ्गे उठने लगती थीं । अतः वह भाग उन्मत्त (विक्षुब्ध) सा दिखायी देता था॥६८॥

क्रिया / विशेषण: अंगों के वेग से समुद्र में तरंगों का उठाना,

उपमा: समुद्र की तरंग जैसे उन्मत्त (पागल) हो गई

वैज्ञानिक व्याख्या:

१. ***स तू तस्याङ्गवेगेन-*** यहाँ समुद्र के निकट उड़ने का वर्णन है

२. ***सोन्माद इव लक्ष्यते-*** जिस-जिस समुद्र के देश में, जगह पर वह जा रहे हैं, तो वह अपने अंगों के वेग से ऐसा लगता है, उन्मादित होकर के समुद्र को धकेल रहे हैं। इतनी तीव्र गति से वह चल रहे हैं। है Vortex Formation उड़ान के पीछे वायु-भंवर बने, जिससे समुद्र की सतह पर गोलाकार लहरें बनीं। यह Jet Stream या Pressure Vortex का संकेत है और अंतिम एक और श्लोक है, उपसंहार कर रहे हैं:

श्लोक १४ सागरस्योर्मिजालानामुरसा शैलवर्ष्मणाम् । अभिघ्नंस्तु महावेगः पुप्लुवे स महाकपिः ॥ ६९ ॥

अर्थ: महान् वेगशाली महाकपि हनुमान् पर्वतोंके समान ऊँची महासागरकी तरङ्गमालाओंको अपनी छाती से चूर-चूर करते हुए आगे बढ़ रहे थे ॥ ६९ ॥

क्रिया / विशेषण: ऊँची तरंगों से टकराना

उपमा: पर्वत के सामान तरंग माला

वैज्ञानिक व्याख्या:

अभिध्नंस्तु महावेग: पुप्लुवे- वेगशाली हनुमान जी इस प्रकार से पर्वत के समान जो बड़ी वस्तु जैसी विशाल समुद्र की तरंगों को अपनी छाती के वेग से तोड़ते हुए, धकेलते हुए आगे बढ़ रहे हैं तरंगों को, मतलब प्रेशर से वायु को भी और समुद्र को धकेलते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह उनकी वीरता का, योग्यता का वर्णन वहां पर कर रहे हैं । यह Shockwave Interaction है , तेज़ वेग से गुजरते पिंड के नीचे समुद्र का जल वायु-दाब से ऊपर उठता है (Surface Displacement Effect)। इस प्रकार हनुमान जी के उड़ने के नानाविध वर्णन किसी कुशल वायुयान चालक aerobatics वायु में करतब दिखाने के सामान पूरे हुए ।

निष्कर्ष

उपर्युक्त विश्लेषण से यह सिद्ध होता है कि

१. हनुमान जी के आकाशगमन का वर्णन एक **प्राचीन एयरोस्पेस डिमॉन्स्ट्रेशन** जैसा प्रतीत होता है। जिसमें Lift, Drag, Thrust, Balance, Sonic Boom, Plasma Glow, Trajectory जैसे अनेक तत्व उपलब्ध हैं। यह प्राचीन भारत के "विमान विज्ञान" (Aerospace Cognition) का अत्यंत प्रमाणिक उदाहरण है।

२. वाल्मीकि द्वारा प्रयुक्त उपमाएँ केवल काव्यात्मक नहीं हैं , *सर्प, सूर्य, चंद्र, विद्युत, गर्जन, उल्का, ध्वज, नौका* —सभी आधुनिक एयरोस्पेस विज्ञान के किसी-न-किसी सिद्धांत से मेल खाती हैं। यह न केवल काव्य की उत्कृष्टता दर्शाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि उस युग में *आकाशगमन, ऊर्जा, वायु-दबाव और उड़ान की भौतिक समझ* विद्यमान थी।

३. इन श्लोकों में विभिन्न आयामों व दृष्टिकोणों से ही हनुमान जी के उड़ने की पूरी विधि स्पष्ट हो रही है। जब हम इन वर्णनों को वैज्ञानिक दृष्टि से समझेंगे, तब यह केवल कथा नहीं रहेगी — यह हमारी *वैज्ञानिक परंपरा* का प्रमाण बनेगी। हनुमान जी का यह वर्णन मान्त्रिक है, यान्त्रिक है, या कोई सिद्धि विभूति थी हनुमान जी को, या उनके पास में कोई यंत्र ही था? योग सूत्र ४.१ में पांच प्रकार की विभूतियाँ बताई हैं- जन्मौषधिमन्त्रतप: समाधिजा: सिद्धयः - जन्म से, औषधियों से, मन्त्र के जप से, तप से और समाधि से योगी में अनेक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं । इसका भी हमें स्पष्ट से नहीं पता, क्योंकि वह विद्या अब प्रकट नहीं है । परंतु जो वह कर रहे हैं, वह आधुनिक विमान से मेल खा रहा है और इस तुलना से यह स्पष्ट अवश्य हो रहा है कि यह कोरी कल्पना नहीं है और इसमें अवश्य कोई न कोई विशेष विज्ञान छिपा हुआ है।

इन्हीं तथ्यों पर और अधिक विचार की आवश्यकता है । इस वैज्ञानिक वर्णन से हमारे को सत्य इतिहास का बोध होता है । जब हमें इस बात का निश्चय होगा कि हनुमान जी ऐसे महाबुद्धिमान व महावीर थे जो आकाशगमन में कुशल थे, तो हम भी उनसे प्रेरणा प्राप्त करेंगे और ऋषियों के विज्ञान के प्रति सच्ची श्रद्धा से युक्त होंगे ।

रामायण में इन्द्रजीत मेघनाद और सती सुलोचना की कथा



राम मल्लिक
सरस्वती मल्लिक
(rammmallik@gmail.com)
(sarasmal@aol.com)

1. प्रस्तावना

इन्द्रजीत मेघनाद और सती सुलोचना रामकथा के महत्त्वपूर्ण पात्र हैं। मेघनाद लंकानरेश रावण का पुत्र था। इन्द्र को पराजित करने के कारण ब्रह्माजी ने इसका नाम इन्द्रजीत रखा था। यह ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पशुपतास्त्र का धारक था। इसका नाम सर्वश्रेष्ठ योद्धाओं में लिया जाता है। मेघनाद का विवाह नागराज की पुत्री सुलोचना से हुआ था।सुलोचना को एक सती-साध्वी और पतिव्रता स्त्री के रूप में जाना जाता है। इनका चरित्र उनकी अटूट निष्ठा और धर्मपरायणता को दर्शाता है। मेघनाद पितृभक्त पुत्र था। यह जानने पर भी कि राम भगवान हैं पिता का साथ नहीं छोड़ा। मेघनाद की पितृभक्ति भगवान राम के समान अतुलनीय है। रामायण में मेघनाद का प्रवेश सुंदरकांड में होता है । सीता अन्वेषण में हनुमान लंका आते हैं और अशोक वाटिका में तहस नहस करते हैं और राव़ण के सैनिकों और राजकुमार अक्षय कुमार का बध करते हैं। मेघनाद उन्हें बॉंधकर रावणके दरवार में प्रस्तुत करते हैं। राम-रावण युद्ध में लक्ष्मण को अचेत कर देते हैं। हनुमान संजीवनी बूटी लाकर उनकी जान बचाते हैं। मेघनाद युद्धमें विजय के लिये माता निकुंभला का यद् करता है। विभीषण गुप्तचर से समाचार पाकर लक्ष्मण और सेना को गुप्त मार्ग से वहाँ ले जाता है। वहीं लक्ष्मण उसका बंध कर देते हैं। सुलोचना पति का कटा सिर गोद में लेकर सती हो जाती है। रामकथा के ग्रंथों में यह चरित्र विस्तार से वर्णित है। महान कवि माइकेल मधुसूदन दत्त ने मेघनाद बध नामक महाकाव्य लिखा जो बंगला भाषाका सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ माना जाता है।

2. विस्तार

मेघनाद और सुलोचना की पूर्व कथा

मेघनाद लंकानरेश रावण और रानी मंदोदरी का ज्येष्ठ पुत्र था। सुलोचना मेघनाद की पत्नी थी। वह नागराज शेषनाग के भाई बासुकी नाग की पुत्री थी। मेघनाद ने असुरों के गुरु शुक्राचार्य से शिक्षा पाई। थी। बारह वर्ष की किशोरावस्था में उसने अपनी कुल देवी निकुंभला के मंदिर मे अपने गुरु से दीक्षा लेकर कई सिद्धियाँ प्राप्त कर ली थी। उसने मौनव्रत धारण कर गुरु के पास अनुष्ठान किया।शिवजी ने उसे कई अस्त्र- शस्त्र , शक्तियाँ और सिद्धियाँ प्रदान की। वरदान पाने के वाद मेघनाद अपने गुरु के पास गया आगे के लिये आदेश मॉंग्।तब गुरु शुक्रा चार्य ने उसे सात महायज्ञों की दीक्षा दी जिसमें से एक महायज्ञ करना भी बहुत कठिन है । उसने वैष्णव यज्ञ भी किया जिसे कहा जाता है कि भगवान विष्णु के वाद मेघनाद ने ही यह यज्ञ किया था।

देवासुर संग्राम के समय रावण ने इन्द्र समेत देवताओं को बंदी बनाकर कारावास में बंद कर दिया था। कुछ समय बाद देवताओं मिलकर कारागार से भागने का निश्चय किया और रावण को सुप्त अवस्था में बंदी बनाकर अपने साथ ले गये ।मेघनाद ने पीछे से अदृश्य रूप में अपने रथ पर सवार होकर देवताओं पर आक्रमण किया।देवता के सेनापति कार्तिकेय देवताओं की रक्षा के लिए आ गये परंतु मेघनाद को रोक नहीं पाये।मेघनाद ने पिता का बंधन दिया और इन्द्र को बंदी बनाकर लंका ले आया। जब रावण जागा और सारी कथा का ज्ञान हुआ तो उसने मेघनाद के साथ निश्चय किया कि इन्द्र का अंत किया जाय। परन्तु उस समय ब्रह्माजी आये और मेघनाद को इन्द्र को छोड़ देने का आदेश दिया। मेघनाद ने कहा कि वह इन्द्र को तभी छोड़ेगा जब उसे अमरत्व का वरदान मिलेगा। ब्रह्माजी ने कहा कि यह प्रकृति के नियम के प्रतिकूल है। वह वरदान देते हैं कि आपातकाल में कुलदेवी निकुंभला का तांत्रिक यज्ञ करेगा तो उसे दिव्य रथ प्राप्त होगा। जब तक वह उस रथ पर रहेगा तबतक कोई भी उसे न परास्त कर पायगा न उसका बँध कर सकेगा। उन्होंने यह वरदान भी दिया कि आज से मेघनाद को इन्द्रजीत का ज़ाएगा। इन्द्रजीत इसके बाद पिता के राजकाज में सहायता करने में लग गया।

रामकथा में मेघनाद का योगदान

रामकथा में मेघनाद का प्रवेश हनुमान के सीता अन्वेषण में लंका आने के बाद प्रारंभ होता है। हनुमान ने अशोक वाटिका में सीता से भेंट किया और फि तहस नहस करना शुरू किया। उसने सैनिकों को मार दिया। रावण को पता लगा तो उसने सेनापति जंबूमाली और बाद में पुत्र अक्षय कुमार को भेजा।दोनों हीं वीरगति को प्राप्त हो गये। रावण ने तब मेघनाद को हनुमान को पकड़कर लाने अशोक वाटिका भेजा।

चला इन्द्रजित अतुलित जोधा। बंधु निधन सुनि उपजा क्रोधा। मानस का.५ दो.१९ चौ. २

इन्द्रजीत क्रोधित होकर अशोक बाटिका पहुँचा। उसने अपनी तांत्रिक विद्या और अस्त्र- शस्त्र का प्रयोग किया पर सब निष्फल रहे । तब उसने हनुमान पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया हनुमान को बाँधकर रावण के दरबार में ले गये ।

श्रीरामजी और लक्ष्मण का वानर सेना के साथ नवनिर्मित सेतु से लंका पहुँचे। कुछ दिन बाद युद्ध आरंभ महुआ । वानर क़िले परकोटे पर चढ़के उद्धम मचाने लगे। इन्द्रजीत क़िले से नीचे उतरा उतरा और वानर सेना पर आक्रमण किया। वे सब विकल होकर भागने लगे। हनुमान ने पहाड़ से इन्द्रजीत पर हमला किया । रथ को तोड़ दिया और सारथी को मार दिया और मेघनाद की छाती में लात मारी। दूसरा सारथी उसे रथ में डालकर घर ले आया। वानरों ने फिर से दुर्ग को घेर लिया। इन्द्रजीत नीचे उतरा और युद्ध करने लगा। इन्द्रजीत ने आकाश में चढ़ गया और माया करके वानर सेना को व्याकुल करने लगा। श्रीराम ने एक बाण से माया को काट दिया। लक्ष्मण अंगद आदि के साथ आकर इन्द्रजीत से युद्ध करने लगे। लक्ष्मण उसपर अनेक प्रकार से प्रहार करने लगे। इन्द्रजीत ने प्राण संकट में देखकर उसने लक्ष्मण पर वीरघातिनी शक्ति चलाई। वह तेजपूर्ण शक्ति लक्ष्मण जी की छाती में लगी। शक्ति लगने से उन्हें मुरझा आ गयी। हनुमान उसे बचाकर ले गये। उसके बाद सुषेण वैद्य के कहने पर हनुमान संजीवनी बूटी ले आये जिससे लक्ष्मण का उपचार हुआ और वे बच गये।

रावण ने कुंभकर्ण को जगाकर युद्ध में भेजा। वह श्रीराम के हाथ से वीरगति को प्राप्त हुआ। अब रावण के पास एक इन्द्रजीत ही बचा था। वह पिता के आदेश से युद्ध भूमि में आया।लक्ष्मण उसका सामना करने आये और दोनों में भयंकर युद्ध हुआ। इन्द्रजीत ने सारे अस्त्र विफल होके देखकर अदृश्य होकर पीछे से सारी वान सेना और श्रीराम और लक्ष्मण पर नागपाश का प्रयोग किया। सब नागपाश के बंधन में बँध गये। गरुड़ ने आकर सबों को नागपाश के बंधन से मुक्त कर दिया।

इन्द्रजीत ने फिर से युद्ध में जाने पहले अजय होने का कुलदेवी निकुंभला के मंदिर में यज्ञ करने लगा। यह बात विभीषण को पता चला और उसने श्रीराम को बताया। विभीषण लक्ष्मण अंगद आदि को साथ लेकर पर्वत की गुफा मंदिर में गुप्त मार्ग से पहुँचे और यज्ञ विध्वंस कर दिया। लक्ष्मण के बाण से इन्द्रजीत वहीं वीरगति को प्राप्त हुआ। उसके शरीर को हनुमान लंका द्वार पर रख आये। उसके सिर को श्रीराम की गोद में फेंक दिया। सुलोचना विलाप करने लगी। उसने श्रीराम के पास जाकर अपने पति का सिर मांगा। उन्होंने सुलोचना की पवित्रता और पतिव्रता से प्रभावित होकर उसे अनुमति दे दी। सुलोचना पति के सिर को गोद लेकर उसकी चिता प्रवेश कर अपने प्राण त्याग दिये।

3. निष्कर्ष

इन्द्रजीत मेघनाद और सती सुलोचना का रामकथा में महत्त्वपूर्ण योग दान है। मेघनाद का पितृभक्ति ओर युद्धकौशल और सुलोचना की पति के प्रति प्रेम एक आदर्श है।

4. संदर्भ ग्रंथ

1. श्री रामचरित मानस और टीकाएँ
2. वाल्मीकि रामायण
3. विकिपीडिया
4. विभिन्न लेख

रामराज्य की व्यावहारिक कार्यप्रणाली



आशीष कुमार दुबे
'कौत्सश्री'
VISARGA
(kautsa.shri@gmail.com)
(pranam@visarga.org)

विद्वानों द्वारा विभिन्न काल खण्डों में राम राज्य की अवधारणा को समझने के अनेक प्रयास हुए हैं जिसमें एक आदर्श शासन प्रणाली के रूप में रामराज्य को स्वीकृति मिली है। भारतीय राजनीति में रामराज्य का प्रयोग सुशासन के पर्याय के रूप में किया जाता है। क्या रामराज्य न्याय और नैतिक व्यवस्था का मात्र एक आदर्शलोक है अथवा उसकी व्यावहारिक परिणति भी संभव है? प्रस्तुत शोध पत्र रामचरितमानस और वाल्मीकीय रामायण में उपलब्ध संकेतों और सूत्रों के माध्यम से रामराज्य की विशिष्टताओं का अध्ययन करते हुए उसकी व्यावहारिक कार्यप्रणाली को समझने का प्रयास करेगा।

कुंजीशब्द: रामराज्य, सुशासन, व्यावहारिक कार्यप्रणाली, नैतिक व्यवस्था, रामचरितमानस, वाल्मीकीय रामायण

रामराज्य निःसंदेह एक बहुश्रुत एवं बहुचर्चित शब्द है। विद्वानों द्वारा विभिन्न काल खण्डों में राम राज्य की अवधारणा को समझने के अनेक प्रयास हुए हैं जिसमें एक आदर्श शासन प्रणाली के रूप में रामराज्य को सर्वथा स्वीकृति मिली है। भारतीय लोकमानस में रामराज्य इस प्रकार एक मुहावरे की तरह रच बस गया है कि उसे राजनीति के क्षेत्र में सुशासन के पर्याय के रूप में प्रयोग किया जाता है। भारतीय साहित्य में रामराज्य एक सांस्कृतिक और राजनीतिक आदर्श के शाश्वत बिम्ब के रूप में प्रस्तुत किया जाता है- एक ऐसी आदर्श सत्ता जो न्याय के उच्च मानदंडों को स्थापित करती है और जिसमें सम्पूर्ण समाज परस्पर सामंजस्य में रह कर धर्मपरायण जीवन का निर्वाह करता है। विलक्षण तथ्य एक यह भी है कि रामराज्य जहाँ एक ओर सुशासन के पर्याय के रूप में समझा जाता है वहीं समाज में उपस्थित घोर अराजक परिदृश्य को भी साहित्यिक कटाक्ष में रामराज्य शब्द से ही अभिहित किया जाता है।

इसलिए, यह प्रश्न सुसंगत है कि क्या रामराज्य न्याय और नैतिक व्यवस्था का मात्र एक आदर्शलोक है अथवा उसकी व्यावहारिक परिणति भी संभव है? अन्यथा, क्या रामराज्य मात्र आत्म प्रवंचना है? पुनश्च, यदि रामराज्य धरातल पर संभव है तो उसकी विशेषताएं क्या होंगी? उसकी व्यावहारिक कार्यप्रणाली क्या होगी? प्रचलित राज्य-विधानों से वह किन अंशों में और किस प्रकार अलग होगी?

प्रस्तुत शोधपत्र में वाल्मीकीय रामायण एवं रामचरितमानस के उपलब्ध सन्दर्भों एवं विभिन्न सुसंगत प्रसंगों के अन्तर्विश्लेषण से जो सूत्र और संकेत प्राप्त हुए हैं उनके आधार पर रामराज्य के तीन आवश्यक तत्त्वों को निर्धारित होते हैं। वह तत्त्व हैं- समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता, जिनका विवेचन शोध पत्र में उपयुक्त स्थल पर किया गया है। अतएव, रामराज्य कोई आकाशकुसुम नहीं है जिसे प्राप्त करना दुष्कर हो। यदि किसी शासन प्रणाली में रामराज्य के आवश्यक तत्त्वों का समावेश हो तो रामराज्य को धरती पर उतारा जा सकता है। रामराज्य की दो केंद्रीय विशेषताएँ हैं- सहजता और अनुकूलता जिनको प्राप्त करने के लिए राजनीति में समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता का समावेश आवश्यक है। प्रस्तुत शोधपत्र में यह संकेत भी किया गया है कि वर्तमान में प्रचलित समतामूलक चिंतन किस प्रकार अपने दृष्टिकोण में एकांगी और व्यवहार में दुर्गतिपूर्ण है, अस्तु, वास्तविक रामराज्य की स्थापना हेतु आगामी शोध की संभावनाओं पर बल दिया गया है।

आगामी विवेचन में गीताप्रेस द्वारा प्रकाशित श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण और रामचरितमानस में उपलब्ध रामराज्य विषयक विवरणों का सहारा लिया गया है। रामराज्य की पुस्तकीय अवधारणा को ग्रहण करने के उपरांत उन संकेतों और सूत्रों चिन्हित करने का प्रयास करेंगे जिनके आधार पर रामराज्य की व्यावहारिक कार्यप्रणाली सम्बन्धी मौलिक निष्कर्ष निकाला जा सके। साथ ही, प्रचलित शासन प्रणालियों और रामराज्य में मौलिक अंतर को भी रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में युद्धकाण्ड के एक सौ अठाईसवें सर्ग में रामराज्य का विवरण इस प्रकार है-

न पर्यदेवन् विधवा न च व्यालकृतं भयम्।
न व्याधिजं भयं चासीद रामे राज्यं प्रशासति॥6.128.98॥
निर्दस्युरभवल्लोको नानर्थं कश्चिदस्पृशत्।
न च स्म वृद्धा बालानां प्रेतकार्याणि कुर्वते॥6.128.99॥
सर्व सुदितमेवासीत् सव धर्मपरोऽभवत्।

राममेवानुपश्यन्तो नाभ्यहिंसन् परस्परम् ॥6.128.100॥
आसन् वर्षसहस्राणि तथा पुत्रसहस्रिणः।
निरामया विशोकाश्च रामे राज्यं प्रशासति॥6.128.101॥
रामो रामो राम इति प्रजानामभवन् कथाः।
रामभूतं जगदभूद रामे राज्यं प्रशासति॥6.128.102॥
नित्यमूला नित्यफलास्तरवस्तत्र पुष्पिताः।
कामवर्षी च पर्जन्यः सुखम्पर्शश्च मारुतः॥6.128.103॥
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा लोभविवर्जिताः।
स्वकर्मसु प्रवर्तन्ते तुष्टाः स्वैरेव कर्मभिः॥6.128.104॥
आसन् प्रजा धर्मपरा रामे शासति नानृताः।
सर्व लक्षणसम्पन्नाः सर्वे धर्मपरायणाः॥6.128.105॥
दशवर्षसहस्राणि दशवर्षशतानि च।
भ्रातृभिः सहितः श्रीमान् रामो राज्यमकारयत्॥6.128.106॥

भावार्थ, श्रीराम के शासनकाल में विधवाओं का विलाप नहीं सुनायी पड़ता था। सर्प आदि का भय नहीं था और रोगों की भी आशंका नहीं थी। चोरों या लुटेरों का नाम भी नहीं सुना जाता था। कोई भी मनुष्य अनर्थकारी कार्यों में हाथ नहीं डालता था और बूढ़ों को बालकों के अन्त्येष्टि संस्कार नहीं करने पड़ते थे। सब लोग सदा प्रसन्न रहते थे। सभी धर्मपरायण थे और श्रीराम का ही निरंतर ध्यान करते हुए कभी एक-दूसरे को कष्ट नहीं पहुँचाते थे। श्रीराम के शासन में लोग सहस्रों वर्षों तक जीवित रहते थे, उनके सहस्रों पुत्र होते थे, बिना किसी रोग या शोक के राम का राज्य चलता था। रामराज्य में प्रजा के मध्य केवल राम, राम, राम की ही चर्चा होती थी। सारा जगत् श्रीराममय हो रहा था। श्रीराम के राज्य में वृक्ष अपनी जड़ों से सदैव पुष्ट रहकर फूलों और फलों से लदे रहते थे। बादल प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही बरसते थे। वायु का स्पर्श सुखकर था। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र लोभरहित थे। स्वकर्म में प्रवृत्त थे और अपने कर्मों में ही तुष्टि प्राप्त करते थे। श्रीराम के शासन में प्रजा धर्म में तत्पर रहती, न कि अनृत (असत्य) में, इस प्रकार सब लोग लक्षणसम्पन्न और धर्मपरायण थे। भाइयों सहित श्रीमान् राम ने ग्यारह हजार वर्षों तक राज्य किया था।

गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस में दोहा संख्या १९ के अनन्तर रामराज्य का विवरण मिलता है।

राम राज बैठें त्रैलोका। हरषित भए गए सब सोका॥
बयरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई॥
दो०- बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग॥२०॥
दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा॥
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती॥
चारिउ चरन धर्म जग माहीं। पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाहीं॥
राम भगति रत नर अरु नारी। सकल परम गति के अधिकारी॥
अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा। सब सुंदर सब बिरुज सरीरा॥
नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना॥
सब निर्दम्भ धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी॥
सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहिं कपट सयानी॥
दो०- राम राज नभगेस सुनु सचराचर जग माहिं।
काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहुहि नाहिं॥२१॥
भूमि सप्त सागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला॥
भुअन अनेक रोम प्रति जासू। यह प्रभुता कछु बहुत न तासू॥
सो महिमा समुझत प्रभु केरी। यह बरनत हीनता घनेरी॥
सोउ महिमा खगेस जिन्ह जानी। फिरि एहिं चरित तिन्हहुँ रति मानी॥
सोउ जाने कर फल यह लीला। कहहिं महा मुनिबर दमसीला॥

राम राज कर सुख संपदा। बरनि न सकइ फनीस सारदा॥
सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरन सेवक नर नारी॥
एकनारि ब्रत रत सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी॥
दो०- दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज।
जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र के राज॥२२॥

भावार्थ, श्रीराम के राजा बनते ही तीनों लोक हर्षित हो गये, सब शोकरहित हो गए। कोई किसीसे वैर नहीं करता। राम के प्रताप से आन्तरिक भेदभाव समाप्त हो गया। वर्णाश्रम धर्म का पालन करते हुए प्रजा धर्ममें तत्पर रह वेदविहित मार्ग अपनाती है जिससे लोग सुखी हैं उन्हें भय, शोक या रोग नहीं है।रामराज्य में दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का सर्वथा अभाव है। मनुष्य परस्पर प्रेम करते हैं और श्रुति की मर्यादा का निर्वाह करते हुए स्वधर्म का पालन करते हैं। धर्म, सत्य, शौच, दया और दानरूपी चारों पैरों से जगत् को आच्छादित कर रहा है, पाप तो स्वप्न में भी कहीं नहीं है। नरनारी रामभक्ति परायण और परमगति के अधिकारी हैं। न अकालमृत्यु होती है न ही किसी कोई कोई अन्य पीड़ा, सबके शरीर सुन्दर और नीरोग हैं। न कोई दरिद्र है, न दुखी है और न दीन ही है। न कोई मूर्ख है अथवा लक्षणहीन है। सभी दम्भरहित हैं, धर्मपरायण हैं और पुण्यात्मा हैं। पुरुष और स्त्री सभी चतुर और गुणवान् हैं। सभी गुणोंका आदर करनेवाले और पण्डित हैं तथा सभी ज्ञानी हैं। सभी उपकार मानने वाले और कपट-चतुराई से दूर हैं। काकभुशुण्डिजी, पक्षिराज गरुड़जी से कह रहे हैं कि रामराज्य में चराचर जगत काल, कर्म, स्वभाव और गुणजनित दुःख से विमुक्त है। सप्तसागरों की मेखला के एकमात्र राजा राम हैं जिनके प्रत्येक रोम में अनेक ब्रह्माण्ड हैं, अतः सप्तद्वीपमयी सत्ता उनके आगे कुछ नहीं है-ऐसा श्रेष्ठ मुनियों ने उनकी लीला जान कर कहा है। रामराज्य की सुख सम्पत्तिका वर्णन हजार फनों वाले शेषजी और सरस्वतीजी भी नहीं कर सकते। सभी नरनारी उदार और परोपकारी हैं, विप्रसेवक हैं, पुरुष एकपत्नीव्रती हैं, स्त्रियाँ मन, वचन और कर्मसे पतिका हित करनेवाली हैं। रामराज्य में कोई शत्रुता होती नहीं, इसलिये जीतना शब्द का प्रयोग केवल मन के सन्दर्भ में होता है। कोई अपराध करता ही नहीं, इसलिये दण्ड केवल संन्यासियों के हाथ की शोभामात्र है, सर्वानुकूलता के कारण भेदनीति की आवश्यकता ही नहीं, 'नर्तक समाज में सुर-ताल के भेद के विषय में यह शब्द प्रयोग में आता है।

आगे प्रकृति का उदाहरण देते हुए करते हुए गोस्वामीजी रामराज्य का वर्णन कर रहे हैं-

फूलहिं फरहिं सदा तरु कानन। रहहिं एक सँग गज पंचानन॥
खग मृग सहज बयरु बिसराई। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई॥
कूजहिं खग मृग नाना बृंदा। अभय चरहिं बन करहिं अनंदा॥
सीतल सुरभि पवन बह मंदा। गुंजत अलि लै चलि मकरंदा॥
लता बिटप मागें मधु चवहीं। मनभावतो धेनु पय स्रवहीं॥
ससि संपन्न सदा रह धरनी। त्रेताँ भइ कृतजुग कै करनी॥
प्रगटीं गिरिन्ह बिबिधि मनि खानी। जगदातमा भूप जग जानी॥
सरिता सकल बहहिं बर बारी। सीतल अमल स्वाद सुखकारी॥
सागर निज मरजादाँ रहहीं। डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं॥
सरसिज संकुल सकल तड़ागा। अति प्रसन्न दस दिसा बिभागा॥
दो०- बिधु महि पूर मयूखन्हि रबि तप जेतनेहि काज।
मागें बारिद देहिं जल रामचंद्र कें राज॥२३॥

भावार्थ, वनों में वृक्ष सदा फूलते और फलते हैं। हाथी और सिंह एक साथ रहते हैं। पक्षी और पशु स्वाभाविक वैर भूलकर प्रीति का व्यवहार करते हैं। पक्षी कूजते हैं, पशु निर्भय विचरते हैं। शीतल, मन्द, सुगन्धित पवन दोलायमान रहता है। भौंरे फूलों का रस लेकर चलते हुए गुंजार करते जाते हैं। बेलें और वृक्ष माँगने से ही मधु टपका देते हैं। गौएँ मनचाहा दूध देती हैं। धरती सदा खेती से भरी रहती है। त्रेता में सत्ययुग जैसा अनुभव होता है। सर्वात्मरूप राजा के प्रभाव में पर्वत अनेक मणियों को प्रकट करते हैं, नदियाँ श्रेष्ठ, शीतल, निर्मल और सुखप्रद स्वादिष्ट जल बहाती हैं। समुद्र अपनी मर्यादा में रहते हैं। वे रत्नों को तट पर फेंक देते हैं जो मनुष्य पा जाते हैं। ताल कमलों से परिपूर्ण हैं। दसों दिशाएं अत्यन्त प्रसन्न हैं। श्रीरामचन्द्रजी के राज्य में चन्द्रमा किरणों से पृथ्वी को आप्लावित कर देता है, सूर्य उतना ही तपते हैं जितना आवश्यक हो और मेघ माँगने से जल देते हैं।

रामराज्य का वर्णन वाल्मीकीय रामायण और रामचरितमानस में लगभग एक जैसा ही है। यदि हम दोनों विवरणों की केंद्रीय विशेषताओं को खंगालने का प्रयास करें तो रामराज्य में 'सहजता' और 'अनुकूलता' का भाव अनायास हमारी दृष्टि में उभर कर आता है। प्रजा हो या प्रकृति, सबमें अन्तःप्रेरणा का प्राधान्य है और परस्पर अनुकूलता का संव्यवहार परिलक्षित होता है.

रामराज्य के लक्षणों को चिन्हित करने के उपरांत, रामराज्य स्थापित करने सम्बन्धी व्यावहारिक क्रियात्मक निर्देशों की खोज को केंद्र में रख कर वाल्मीकीय रामायण अथवा रामचरितमानस को खंगाला गया। यह पाया गया कि वाल्मीकीय रामायण में जब भरत जी अपने अग्रज श्रीराम से मिलने

के लिए चित्रकूट आते हैं तब प्रथम मिलन में कुशल-क्षेम पूछने के बहाने श्रीराम उन्हें राजनीति विषयक अन्यन्त विस्तृत उपदेश करते हैं। ऐसा ही राजनीति विषयक उपदेश रामचरितमानस में भी प्राप्त होता है किन्तु श्रीराम वह उपदेश भरत जी को चरणपादुका सौंपने के पूर्व दे रहे होते हैं। आगे दोनों क्रमशः दोनों ग्रंथों में उपलब्ध राजनीति विषयक महत्त्वपूर्ण टिप्पणियों का अवलोकन और विश्लेषण किया जाएगा-

वाल्मीकीय रामायण में राजनीति विषयक विस्तृत उपदेश में श्रीराम ने राजा के विभिन्न यज्ञानुष्ठान, गुरुजनों का यथोचित सम्मान आदि वैयक्तिक कर्तव्यों और गुणों की ओर संकेत के साथ-साथ मंत्रिमंडल के आकार, महत्त्व तथा संचालन, कार्यविभाजन, कर प्रणाली, गुप्त शत्रुओं, सैन्य संचालन, राजदूत, गुप्तचर विभाग, कृषक, गोपालक, वणिक, स्त्रियाँ, पशुधन, नगर दर्शन, कार्मिक नियंत्रण, शस्त्रागार, कोषागार, समुचित दण्ड विधान आदि विषयों पर गंभीर और विचारोत्तेजक उपदेश किये हैं, जो अयोध्याकांड के सौवें सर्ग में उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिए, श्रीराम भरत से पूछते हैं-

कच्चिदष्टादशान्येषु स्वपक्षे दश पञ्च च ।
त्रिभिस्त्रिभिरविज्ञातैर्वेत्सि तीर्थानि चारकैः॥2.100.36॥

भावार्थ, 'क्या तुम शत्रुपक्ष के अठारह और अपने पक्ष के पंद्रह तीर्थों की तीन-तीन अज्ञात गुप्तचरों द्वारा जाँच-पड़ताल करते रहते हो?, और भी गहन राजनीति विषयक वार्ता, जिसका अर्थ परम्परा से प्राप्त मनुस्मृति आदि ग्रंथों के सहयोग से ही सुलभ हो सकेगा, यथा-

दशपञ्चचतुर्वर्गान् सप्तवर्गं च तत्त्वतः।
अष्टवर्गं त्रिवर्गं च विद्यास्तिस्त्रश्च राघव॥2.100.68॥
इन्द्रियाणां जयं बुद्ध्वा षाड्गुण्यं दैवमानुषम् ।
कृत्यं विंशतिवर्गं च तथा प्रकृतिमण्डलम्॥2.100.69॥
यात्रादण्डविधानं च द्वियोनी संधिविग्रहौ ।
कच्चिदेतान् महाप्राज्ञ यथावदनुमन्यसे॥2.100.70॥

श्रीराम कहते हैं- 'महाप्राज्ञ भरत! दशवर्ग, पञ्चवर्ग, चतुर्वर्ग, सप्तवर्ग, अष्टवर्ग, त्रिवर्ग, तीन विद्या - बुद्धि के द्वारा इन्द्रियों को जीतना, छः गुण, दैवी और मानुषी बाधाएँ, राजा के नीतिपूर्ण कार्य, विंशतिवर्ग, प्रकृतिमण्डल, यात्रा, दण्डविधान तथा दो-दो गुणोंकी योनिभूत संधि और विग्रह–इन सबकी ओर तुम यथावत ध्यान देते हो न?

मनुस्मृति (जैसा कि वाल्मीकीय रामायण में उदधृत है) के अनुसार- अठारह तीर्थ, जिन पर राजाको दृष्टि रखनी चाहिये इस प्रकार हैं- शत्रुपक्ष के मन्त्री, पुरोहित, युवराज, सेनापति, द्वारपाल, अन्तःपुरका अध्यक्ष, कारागाराध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, वित्त सचिव, सुरक्षा नियंत्रक, कोतवाल, शिल्पियों का अधीक्षक, धर्माध्यक्ष, सभाध्यक्ष, दण्डपाल, दुर्गपाल, राष्ट्र-सीमापाल तथा वनरक्षक। राजा को इन पर दृष्टि रखनी चाहिये। उपर्युक्त अठारह तीर्थों में से आरम्भ के तीन को छोड़कर शेष पंद्रह तीर्थ अपने पक्ष के भी सदैव दृष्टि रखने योग्य हैं।

इसी तरह- कामसे उत्पन्न होनेवाले दस दोषोंको दशवर्ग कहते हैं। ये राजाके लिये त्याज्य हैं। मनु ने उनके नाम इस प्रकार गिनाये हैं-आखेट, जुआ, दिनमें सोना, दूसरोंकी निन्दा करना, खीमें आसक्त होना, मद्यपान, नाचना, गाना, बाजा बजाना और व्यर्थ घूमना। जलदुर्ग, पर्वतदुर्ग, वृक्षदुर्ग, ईरिणदुर्ग और धन्वदुर्ग– ये पाँच प्रकारके दुर्ग पञ्चवर्ग कहलाते हैं। इनमें आरम्भ के तीन तो प्रसिद्ध ही हैं। ईरिण बंजर भूमि और धन्व रेतीली मरुभूमि कहते हैं जो ग्रीष्म ऋतु में शत्रुओं के लिये दुर्गम होती है। तात्पर्य यह कि इन सब दुर्गों का यथासमय उपयोग करके राजा को आत्मरक्षा करनी चाहिये। साम, दान, भेद और दण्ड इन चार प्रकार की नीति को चतुर्वर्ग कहते हैं।

श्रीराम ने उसी स्थल पर राजा के चौदह दोष भी गिनाए हैं-

नास्तिक्यमनृतं क्रोधं प्रमादं दीर्घसूत्रताम्।
अदर्शनं ज्ञानवतामालस्यं पञ्चवृत्तिताम्॥2.100.98॥
एकचिन्तनमर्थानामनर्थज्ञैश्च मन्त्रणम्।
निश्चितानामनारम्भं मन्त्रस्यापरिरक्षणम्॥2.100.66॥
मङ्गलाद्यप्रयोगं च प्रत्युत्थानं च सर्वतः।
कच्चित्वं वर्जयस्येतान्राजदोषांश्चतुर्दश॥2.100.67॥

भावार्थ, नास्तिकता, असत्य-भाषण, क्रोध, प्रमाद, विलम्ब से कार्य करना, ज्ञानी पुरुषों से दुराव, आलस्य, इन्द्रियोंके वशीभूत होना, राजकार्यों के विषयमें अकेले ही विचार करना, प्रयोजन को न समझने वाले मूर्खों से सलाह लेना, निश्चित किये हुए कार्यों का समय से अनुश्रवण न करना, गुप्त मन्त्रणा को प्रकट कर देना, मांगलिक कार्यों का अनुष्ठान न करना तथा सब शत्रुओं पर एक ही साथ आक्रमण- राजा के यह चौदह दोष हैं।

वाल्मीकीय रामायण के अयोध्याकांड के सौवें सर्ग में पाया जाने वाला राजनीतिक गुर राजकार्य का भलीभाँति चलाने में निश्चय ही उपयोगी हो सकता है किन्तु रामराज्य की आदर्श पृष्ठभूमि तैयार करने लिए क्या बस इतना ही पर्याप्त है? इस अतृप्ति के साथ रामचरितमानस के उस वार्ता-प्रसंग में

प्रवेश आवश्यक है जो श्रीराम द्वारा भरत जी को चरणपादुका देने से ठीक पूर्व की है। राम की वनवास अवधि के चौदह वर्षों में अयोध्या का शासन चलने में स्वयं को अक्षम अनुभव करनेवाले भरत जी के विनयपूर्ण अनुरोध पर श्रीराम उन्हें राजधर्म का अत्यंत मार्मिक उपदेश करते हैं। यह वार्ता अयोध्याकाण्ड के दोहा संख्या ३१३ से आगे उपलब्ध है। प्रसंग यह है कि भरत को अयोध्या का शासन चौदह वर्षों के लिए संभालना निश्चित हो गया है, भरत जी व्यग्र हैं। वह श्रीराम से कहते हैं-

दो०- जेहिं उपाय पुनि पाय जनु देखै दीनदयाल।
सो सिख देइअ अवधि लगि कोसलपाल कृपाल॥३१३॥
पुरजन परिजन प्रजा गोसाईं। सब सुचि सरस सनेहँ सगाईं।
राउर बदि भल भव दुख दाहू। प्रभु बिनु बादि परम पद लाहू॥
स्वामि सुजानु जानि सब ही की। रुचि लालसा रहनि जन जी की॥
प्रनतपालु पालिहि सब काहू। देउ दुहू दिसि ओर निबाहू॥
अस मोहि सब बिधि भूरि भरोसो। किएँ बिचारु न सोचु खरो सो॥
आरति मोर नाथ कर छोहू। दुहुँ मिलि कीन्ह ढीठु हठि मोहू॥
यह बड़ दोषु दूरि करि स्वामी। तजि सकोच सिखइअ अनुगामी॥
भरत बिनय सुनि सबहिं प्रसंसी। खीर नीर बिबरन गति हंसी॥

भावार्थ, भरत जी कहते हैं- हे दीनदयालु! जिस उपाय से यह दास पुनः आपके चरणों का दर्शन करे, चौदह वर्ष की अवधि भर के लिये मुझे वही शिक्षा दीजिये। अयोध्या की प्रजा का आप पर स्नेह है और आप उनके सगे हैं। आपके लिये दुःख में जलना भी भला है और आप के बिना परमपद भी व्यर्थ है। आप सबके मन की जानते हैं, इसलिए आप सबका ध्यान ही नहीं रखेंगे, अपितु, दोनों ओर से पूरा निबाहेंगे। ऐसा मुझे भरोसा है जिसमें तिनके भर डिगने की गुंजाईश नहीं है। मेरी दीनता और आपके वात्सल्य ने मुझे ढीठ बना दिया है। आप संकोच त्याग कर मुझे अनुगमन योग्य बनाइये। भरत के ऐसा कहने पर सभा में सबने भरत के नीरक्षीरविवेकयुक्त विनय की प्रशंसा की।

इस पर श्रीराम उचित प्रबोधन के साथ भरत जी को राजनीति के गुर सिखाते रहे हैं-

दो०- दीनबंधु सुनि बंधु के बचन दीन छलहीन।
देस काल अवसर सरिस बोले रामु प्रबीन॥३१४॥
तात तुम्हारि मोरि परिजन की। चिंता गुरहि नृपहि घर बन की॥
माथे पर गुर मुनि मिथिलेसू। हमहि तुम्हहि सपनेहुँ न कलेसू॥
मोर तुम्हार परम पुरुषारथु। स्वारथु सुजसु धरमु परमारथु॥
पितु आयसु पालिहिं दुहु भाईं। लोक बेद भल भूप भलाईं॥
गुर पितु मातु स्वामि सिख पालें। चलेहुँ कुमग पग परहिं न खालें॥
अस बिचारि सब सोच बिहाई। पालहु अवध अवधि भरि जाई॥
देसु कोसु परिजन परिवारू। गुर पद रजहिं लाग छरुभारू॥
तुम्ह मुनि मातु सचिव सिख मानी। पालेहु पुहुमि प्रजा रजधानी॥
दो०- मुखिआ मुख सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥३१५॥

भावार्थ, भरत जी की दीन और छलरहित वाणी सुनकर श्रीरामजी देश, काल और अवसर के अनुकूल बोले- हे तात! तुम्हारी, मेरी, परिवार की, घर की और वन की सारी चिन्ता गुरु वसिष्ठजी और महाराज जनक जी को है। हमारे माथे पर जब तक गुरुजी, मुनि विश्वामित्र जी और मिथिलापति जनक जी का हाथ है, तब तक हमें और तुम्हें स्वप्न में भी क्लेश नहीं है। मेरा और तुम्हारा तो परम पुरुषार्थ, स्वार्थ, सुयश, धर्म और परमार्थ इसी में है कि हम दोनों भाई पिताजी की आज्ञा का पालन करें। राजा की भलाई से लोक और वेद दोनों की भलाई है। गुरु, पिता, माता और स्वामी की शिक्षा के अनुसार चलने पर कुमार्ग पर भी पैर गड्ढे में नहीं पड़ता। ऐसा विचार कर सब चिंता त्याग कर अयोध्या का पालन करो। देश, खजाना, कुटुम्ब, परिवार आदि सबकी जिम्मेदारी तो गुरु की चरण-रजपर है। तुम मुनि वसिष्ठजी, माताओं और मन्त्रियों की सीख पर चलते हुए पृथ्वी, प्रजा और राजधानी का पालन करते रहना।

श्रीराम शरीर का दृष्टान्त देकर समझाते हैं कि मुखिया मुख के समान होना चाहिये, जो खाने-पीने में एक हो और विवेकपूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता रहे। इसके बाद अगली चौपाई में राम एक अद्भुत घोषणा करते हैं-

राजधरम सरबसु एतनोई। जिमि मन माहँ मनोरथ गोई॥

भावार्थ, राजधर्म का सर्वस्व अर्थात सार इतना ही है ज्यों मन के भीतर मनोरथ छुपा हुआ हो। इस चौपाई में श्रीराम राजधर्म का सर्वस्व निचोड़ कर रख रहे हैं। इस दृष्टिकोण से यह चौपाई अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। 'जिमि मन माहँ मनोरथ गोई'- आगे इसी चौपाई के सटीक अर्थ को ग्रहण करने का प्रयास किया जायेगा।। मन के भीतर मनोरथ छुपे होने का अर्थ क्या है? क्या बस इतना ही कि राजा के मन का मनोरथ गुप्त होना चाहिए और कार्य का परिणाम आने से पहले अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए? अथवा, ज्यों किसी विग्रह में उसमे प्रतिष्ठित देवता प्रतिभासित होता है वैसे ही राजा के व्यक्तित्व में उसकी नीति स्पष्ट झलकनी चाहिए-यह अर्थ है? आखिर वह कौन सा गूढ़ एवं अव्यक्त तत्त्व है जिसमें राजधर्म का सत्व समाया हुआ है- अगर इस गुत्थी को सुलझाया जा सके तो उस तत्त्व-विशेष को को चिन्हित किया जा सकता है जो रामराज्य को अन्य शासन-तंत्रों से अलग करता है, उस कसौटी को निर्धारित किया जा सकता है जिस पर रामराज्य को परखा जा सके और रामराज्य की व्यावहारिक कार्यप्रणाली को आकार देने की दिशा में आवश्यक सूत्र हाथ लग सकते हैं।

किसी कार्य के मनोरथ को उसका परिणाम सामने आने के पूर्व अभिव्यक्त न होने देना- वह गुण-विशेष है जो किसी भी योग्य शासक और न्यायाधीश में होना चाहिए। प्रतिपल विचारशील शासक में यह आवश्यक गुण होना ही चाहिए, किन्तु, क्या इतने से ही रामराज्य की स्थापना हो जाएगी? ऊपर वाल्मीकीय रामायण और रामचरितमानस के साहित्यिक विवरणों से रामराज्य की दो केंद्रीय विशेषताओं को निष्कर्ष के रूप में किया था- सहजता और अनुकूलता, क्या राजा द्वारा मनोरथ गोपन मात्र से सहजता और अनुकूलता दोनों विशेषताएँ सुनिश्चित हो सकेंगी? ऐसा प्रतीत होता है कि 'जिमि मन माहँ मनोरथ गोई' की अर्धाली में अभी और गहरे उतरने की आवश्यकता है।

राजा के व्यक्तित्व में उसकी नीति स्पष्ट झलकनी चाहिए, यदि ऐसा अर्थ लिया जाय तो वह राम के व्यक्तित्व के अधिक निकट है। वाल्मीकीय रामायण में उल्लेख है- रामो विग्रहवान धर्मः- राम धर्म की साक्षात् मूर्ति हैं। इसलिए यह अर्थ 'राम' तक तो निश्चय ही पहुंचा रहा है। अब प्रश्न यह है कि क्या 'राम' की सिद्धि से 'रामराज्य' की सिद्धि हो जाएगी? यदि ऐसा है तो रामराज्य की सार्वकालिकता पर प्रश्न चिन्ह लग जायेगा-अर्थात, सीधा सा निष्कर्ष जब राम आएंगे तो रामराज्य भी आएगा। फिर राजनीतिक आश्वासनों में रामराज्य के उल्लेख का भी कोई औचित्य नहीं रह जायेगा। अच्छा, रामराज्य, यदि राम की उपस्थिति-मात्र का परिणाम है, तो भी, राम और रामराज्य में उतना भेद तो अवश्य है जितना सूर्य और उसके प्रकाश में है। प्रकाश और अंधकार के बीच द्वंद्व है। दोनों परस्पर अपवर्जक (mutually exclusive) हैं। सूर्य का अंधकार से अनभिज्ञ होना क्या सूर्य की महिमा है अथवा उसकी विवशता है? बात उलझ रही है इसलिए ध्यान केवल अभी 'रामराज्य' पर संकेंद्रित रखते हैं। यहाँ 'रामराज्य' के संग एक और शब्द ध्यान में उभर कर आता है, वह है 'अयोध्या'।

रामराज्य और अयोध्या परस्पर संश्लिष्ट होने के साथ-साथ अंतर्वेशी भी हैं। गहन आध्यात्मिक अर्थों में जहाँ रामराज्य है वहाँ अयोध्या है, जहाँ अयोध्या है वहाँ रामराज्य है। क्यों न पहले अयोध्या के अर्थ को समझा जाए, शायद वहाँ से रामराज्य तक पहुंचने का कोई व्यावहारिक सूत्र मिल जाए? अयोध्या का अर्थ है जहाँ युद्ध असंभव हो। अंग्रेजी में इसे नो कनफ्लिक्ट जोन (No Conflict Zone) कह सकते हैं। प्रायः अयोध्या शब्द का अर्थ जिसे जीता न जा सके-ऐसा लगाया जाता है। किन्तु, प्रत्येक वह भूमि जहाँ युद्ध संभव है कभी न कभी जीती जा सकती है। अतएव, अयोध्या का सटीक और व्यावहारिक अर्थ यही होना चाहिए कि जहाँ युद्ध संभव न हो। वस्तुतः अयोध्या अंतर्विरोधों से परे की भावभूमि है। प्रकाश और अंधकार परस्पर अपवर्जक होकर भी जिस कोण पर कोटिसूर्य समप्रभः- जैसा दृश्य उपस्थित कर सके वह कोण वस्तुतः अनंतकोटि ब्रहमाण्डनायक मर्यादापुरुषोत्तम राम की कृपा कोर ही है- जो अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या- इस विशेषण से जगत में प्रतिष्ठित है।

कोई भी भावभूमि अंतर्विरोधों से परे तभी हो सकती है जब चीजें परस्पर अपवर्जक होकर भी सम्पूरक हों। ऐसा तभी संभव है जब चीजें टकराव में न होकर प्रवाह में हों। ध्यान रहे रामराज्य में टकराव नहीं प्रवाह है। प्रवाह में ही सहजता और अनुकूलता दोनों तत्त्व समाविष्ट हैं।

परस्पर सम्पूरक चीजें जब संपर्क में आती हैं तो उनकी उनकी ऊर्जा टकराव में नष्ट नहीं होती अपितु एक दूसरे की ऊर्जा में पूरी समग्रता से उछाल लाती हैं। आनंदातिरेक का यह सूत्र प्रचुरता के अर्थशास्त्र को जन्म देता है। राम जन्म के समय अयोध्यावासियों को जो उपहार मिल रहा था, वह आनंदातिरेक में स्वयं न रख कर दूसरों में बाँट रहे थे। सर्बस दान दीन्ह सब काहू। जेहिं पावा राखा नहिं ताहू। बालकाण्ड दोहा 193(4)। सम्पूरकता और समग्रता का यह उल्लास "राम राज कर सुख संपदा। बरनि न सकइ फनीस सारदा।।"- इस चौपाई को चरितार्थ करता है।

अगला प्रश्न उठता है कि परस्पर सम्पूरक चीजें संपर्क में किस तत्त्व की उपस्थिति में आती हैं? इसका उत्तर है- समदर्शिता जो अगली चौपाइयों में प्राप्त होता है। रामराज्य के उपलब्धि की प्रमुख कसौटी भी वही है।

रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड दोहा 5(3-4) में उस दृश्य का वर्णन है जब श्रीराम अयोध्या आगमन पर अयोध्यावासियों से मिल रहे हैं-

अमित रूप प्रगटे तेहि काला। जथा जोग मिले सबहि कृपाला।।
कृपादृष्टि रघुबीर बिलोकी। किए सकल नर नारि बिसोकी।।
छन महिं सबहि मिले भगवाना। उमा मरम यह काहुँ न जाना।।
एहि बिधि सबहि सुखी करि रामा। आगें चले सील गुन धामा।।

भावार्थ, अयोध्यावासियों से मिलने के लिए कृपालु श्रीरामजी असंख्य रूपोंमें प्रकट हो गये और सबसे यथायोग्य मिले। श्रीरघुवीर ने कृपा की दृष्टि से देखकर सब नर-नारियों को शोक से रहित कर दिया। भगवान् क्षणमात्र में सबसे मिल लिये। शंकर जी यह प्रसंग उमा जी से कह रहे हैं- हे उमा! यह रहस्य किसी ने नहीं जाना। इस प्रकार शील और गुणों के धाम श्रीरामजी सबको सुखी करके आगे बढ़े।

असंख्य रूप होकर सबसे एक साथ क्षणभर में यथायोग्य मिल लेना-ऐसा समदर्शिता से ही संभव है। जैसे सूर्य की परछाईं प्रत्येक जल से भरे हुए पात्र में एक साथ पड़ती है और प्रत्येक पात्र में उसमें भरे हुए जल के अनुरूप अलग-अलग छवियाँ उभरती हैं, उसी तरह श्रीराम को प्रत्येक अयोध्यावासी अपने संग में अपने अनुरूप पा रहा है। सबको समान रूप से दीखते हुए सबके स्वरुप में प्रकट हो जाना ही समदर्शी की पहचान है। समदर्शिता से तात्पर्य सबको एक ऑंख से न देख कर दोनों आँखों से सबकुछ ठीक-ठीक देखना है। "रामो रामो राम इति प्रजानामभवन् कथाः। रामभूतं जगदभूद रामे राज्यं प्रशासति"॥- ऐसा समदर्शिता की स्थिति में ही संभव है। जिस प्रकार मनुष्य के शरीर का तंत्रिकातंत्र अपने प्रत्येक अवयव के संपर्क में प्रतिक्षण रहता है, उसी भाँति राजा को प्रजा के संपर्क में होना चाहिए, रामराज्य की यही अपेक्षा है, और तभी- "मुखिआ मुख सो चाहिए खान पान कहुँ एक। पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥"- का मंतव्य फलित हो सकता है।

इस प्रकार यह निष्कर्ष निकलता है कि समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता रामराज्य के लाक्षणिक तत्त्व हैं। रामराज्य वहीं संभव है जहाँ राज्य का प्रत्येक नागरिक राममय अर्थात धर्मविग्रहराम की ही साक्षात् प्रतिमूर्ति हो। सहजता और अनुकूलता रामराज्य के आतंरिक गुण हैं। प्रवाह उसका अभीष्ट है और न्याय उसका स्वभाव। रामराज्य में न्यायाधीश बाहर हथौड़े लेकर नहीं बैठते अपितु हृदय में उपस्थित रहकर प्रतिक्षण मार्गदर्शन करते हैं।

'राजधरम सरबसु एतनोई। जिमि मन माहँ मनोरथ गोई॥'- इस चौपाई में रामराज्य का सर्वस्व कहा जा सकने वाला जो अलक्षित (गूढ़ और अव्यक्त) मनोरथ अर्थात- मन का रथ (vehicle) है, उसके दो घोड़े हैं सम्पूरकता और समग्रता- जिनकी रास समदर्शिता के हाथों में है।

रामराज्य को धरातल पर उतारने के लिए समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता को व्यावहारिक रूप में समझना होगा। समदर्शिता रामराज्य का केंद्रीय तत्त्व है जो सम्पूरकता और समग्रता के सम्प्रयोग से गतिशील होकर सहजता और अनुकूलता का वातावरण निर्मित करता है। अतएव, रामराज्य की व्यवहारिक कसौटी निम्नवत निर्धारित कर सकते हैं-

1. क्या वह शासन सबके लिए समान रूप से उपलब्ध है? (समदर्शिता)- शासन का समान रूप से सबके लिए उपलब्ध हो पाना, शासन का अपने प्रत्येक अवयव के साथ यथोचित संपर्क और संव्यवहार रामराज्य की नींव तैयार करता है।
2. क्या उस शासन व्यवस्था में जरूरतों और संसाधनों के बीच उचित तालमेल है? (सम्पूरकता)- शासन में समदर्शिता का मानक पूरा कर पाने की स्थिति में समाज की जरूरतों और संसाधनों एवं अन्य सम्पूरक तत्त्वों का सहज एवं स्वाभाविक अनुकूलन संभव हो जाता है। परिणामस्वरूप समाज को स्वाभाविक रूप से तुष्टि और पुष्टि प्राप्त होती रहती है।
3. क्या उक्त शासन व्यवस्था में गतिरोधरहित एवं बुद्धिमत्तायुक विकेन्द्रीकरण के प्रति सारगर्भित, सार्थक और विधेयात्मक दृष्टिकोण है? (समग्रता)- समाज में सम्पूरक तत्त्वों का सहज एवं स्वाभाविक अनुकूलन उनके परस्पर अपवर्जक अथवा विजातीय प्रकृति का दोषहरण कर उनकी परस्पर ऊर्जा का उपयोग कर समाज में एक सचेतन-तंत्र का निर्माण करता है जो समाज में सद्प्रवृत्तियों को सहज ही आकर्षित करता है और दुष्प्रवृत्तियों को प्रतिकर्षित करता है।

वर्तमान में प्रचलित शासन प्रणालियाँ समता को अपना उच्चतम आदर्श मानती हैं। समतामूलक चिंतन ऊपर से अत्यंत उज्जवल आदर्श प्रतीत होता है किन्तु उसकी परिणति बंदरबाँट में होती है। अंत में, एक कहानी के साथ शोध-पत्र को पूरा करते हैं।

एक बार दो बिल्लियाँ (एक काली और एक सफ़ेद) कहीं से एक रोटी ले आती हैं। दोनों बिल्लियाँ रोटी को बाँटने लगती हैं। एक बिल्ली कहती है कि उसका हिस्सा बड़ा है, तो दूसरी कहती है कि उसका। वे दोनों मिलकर रोटी को बराबर नहीं बाँट पातीं और जोर-जोर से झगड़ने लगती हैं। उसी समय कहानी में बंदर का प्रवेश होता है। झगड़ते हुए बिल्लियों को देखकर उसे लालच आ जाता है। बंदर उन बिल्लियों से कहता है कि "तुम दोनों लड़ो मत, मैं तुम्हारी रोटी का सही-सही बँटवारा कर देता हूँ" बंदर एक तराजू लाता है। वह रोटी के दो टुकड़े करता है और उन्हें तराजू पर रखता है। जब एक पलड़ा भारी होता है, तो वह यह कहकर उसमें से एक टुकड़ा तोड़कर खा लेता है कि "यह टुकड़ा भारी है, इसे बराबर करने के लिए थोड़ा खाना पड़ेगा।" अब दूसरा पलड़ा भारी हो जाता है, तो वह वही बात दुहरा कर दूसरे टुकड़े से भी कुछ खा लेता है। बंदर यह नाटक तब तक जारी रखता है जब तक रोटी के टुकड़े इतने छोटे नहीं हो जाते कि तराजू पर रखने लायक न रहें। अंत में, जब रोटी का केवल एक छोटा सा अंश बचता है, तो बिल्लियाँ समझ जाती हैं कि उन्हें मूर्ख बनाया जा रहा है। वे अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहती हैं कि "अब जो बचा है, वही हमें दे दो।" बंदर जवाब देता है, "नहीं! यह टुकड़ा तो मेरी मेहनताना है, यह कहकर वह बचा हुआ आखिरी टुकड़ा भी खा जाता है।

समतामूलक चिंतन की दुर्गति तब तक समाज को छलती रहेगी जब तक समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता पर आधारित 'रामराज्य' जैसी कोई शासन प्रणाली समाज में अस्तित्व में नहीं आती। रामराज्य के धरती पर अवतरण हेतु क्या हमें पुनः 'रामावतार' की प्रतीक्षा करनी होगी? इस शोध पत्र का निष्कर्ष यह है कि समदर्शिता, सम्पूरकता और समग्रता की कसौटी पर खरा उतरने वाला कोई तंत्र रामराज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह आगामी शोध का विषय हो सकता है कि ऐसे तंत्र की रूपरेखा क्या होगी। क्या वह चिंतन अथवा व्यवहार में उपलब्ध है? यदि

उपलब्ध है तो उपर्युक्त कसौटियों पर उसका परिक्षण, यदि नहीं है तो उपर्युक्त तत्त्वों को केंद्र में रख कर रामराज्य जैसे किसी तंत्र को आकार देने की दिशा में प्रयास किया जा सकता है।

1. संदर्भ ग्रंथ

1. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण, गीताप्रेस, संवत 2076 (चौवनवाँ पुनर्मुद्रण)
2. श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, संवत 2080 (तीन सौ इकतालीसवाँ पुनर्मुद्रण)

मलयालम साहित्य में राम-कथा



वत्सला 'किरण'
(vatchu44@gmail.com)

मलयालम साहित्य का आरंभ ही राम कथा से माना जाता है। सबसे प्राचीन रचना "पाट्टु" माना जाता है। उपलब्ध सबसे प्राचीन 'पाट्टु' राम चरित्र है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चेर साम्राज्य के संस्थापक कुलशेखर आल्वार की रचना ' पेरुमाल तिरुमोषियों' (पदों) में संक्षिप्त रूप में रामायण कथा वर्णित है।सबसे प्राचीन पाट्टू कृति 'रामचरितम्' के रचयिता चीरामन(श्रीरामन् का तद्भव रूप) नामक कवि माने जाते हैं। संस्कृत साहित्य का प्रभाव मलयालम में सशक्त होने लगा तो कण्णश्श कवियों का रंग प्रवेश हुआ। उनकी रचना कण्णश्श रामायणम् है। इन का रचना काल चौदहवीं-पंद्रहवीं सदी के बीच माना जाता है।कण्णश्श रामायणम् के रचयिता राम पणिक्कर है। अरब देश से व्यापार के लिए भारत आए लोगों और केरलीय युवतियों के संबंध से एक नए समुदाय का आविर्भाव हुआ जिन्हें मापिल्लै कहते हैं ।यद्यपि ये इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं तो भी उन्होंने इंदु पुराणों के आधार पर काव्य रचना की ।इन का "माप्पिल्लै रामायणम् " उल्लेखनीय है जो राम कथा पर आधारित है। केरल के वातावरण को आध्यात्म ज्ञान से आलोकित करने का श्रेय श्री तुंजत्तुरामानुजन एषुत्तच्छन को है।उन्होंने जन साधारण केलिए सरल मलयालम भाषा में रामायण की रचना की।उन के द्वारा रचित आध्यात्म रामायणम् का पाठ आज केरलके हर आस्तिक घर में होता है ।एषुत्तच्छन के बाद केरल वर्मा ने 'केरलवर्मा रामायणम् 'तथा 'पाताल रामायणम्'की रचना की ।कोट्टारक्करा तंपुरान ने आट्ट कथा के रूप में राम चरित प्रस्तुत किया।उन का 'रामनाट्टम ' साहित्य कृति तथा नृत्य कला दोनों दृष्टियों सै उल्लेखनीय है। आधुनिक काल में कवित्रयों ने राम कथा पर खंड काव्य लिखे। वर्तमान समय में भी कवि गण राम कथा को विष बनाते हैं। राम कथा अनंत है,देश,काल सीमाओं के परे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र मानव मात्र के लिए अनुकरणीय है।

बीज शब्द : मलयालम साहित्य -राम कथा - श्री तुंजत्तुरामानुजन एषुत्तच्छन का आध्यात्म रामायणम्- ।कोट्टारक्करा तंपुरान ने आट्ट कथा के रूप में राम चरित की प्रस्तुति - आधुनिक काल में कवित्रयों का खण्ड काव्य - मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र मानव मात्र के लिए अनुकरणीय है।

अतुल्य प्रतिभा संपन्नकवीश्वरों की कमनीय रचनाएँ कालजयी होती हैं। भावी पीढ़ी उनसे प्रेरणा पाती है। उस श्रेणी में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त महत् ग्रन्थ है 'रामयण'। भारतीयों के जीवन को अन्य किसी ग्रन्थ ने रामायण के समान प्रभावित नहीं किया है। भाषा भेद या प्रान्त भेद के बिना भारत भर में राम कथा का प्रचार देखने को मिलता है। केरल के संबन्ध में भी यह बात लागू है। केरलीय साहित्य की हर विधा में राम-कथा मिलती है।

रामचरितमानस मलयालम साहित्य का उद्भव 'पाट्टु' साहित्य से माना जाता है। सबसे प्राचीन पाट्टु कृति 'रामचरितम्' है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चेर साम्राज्य के स्थापक कुलशेखर आळवार की रचना 'पॆरुमाळ् तिरुमॊळि' ही केरल की प्रथम रामायण है। उन दिनों दक्षिण भारत चेर, चोल, पाण्ड्य राज्यों में विभक्त था और तीनों प्रदेशों की भाषा तमिळ् थी। तमिळ् में रचित उस कृति की अंतिम तीन मॊळियों (पदों) में संक्षिप्त रूप में रामायण कथा वर्णित है। इसके रचना काल के संबंध में विद्वानों में मत भेद है।

यह वीर रस प्रधान रचना है। खासकर युद्ध वर्णन है। उसके साथ-साथ भक्ति के निर्मल भाव की अभिव्यक्ति भी 'रामचरितम' में दर्शनीय है। कवि श्री रामचन्द्र के पूजनीय व्यक्तित्व का संपूर्ण चित्रण करता है। कहीं-कहीं कवि चीरामन वाल्मीकि तथा कंबन का भी अनुकरण करते हैं। यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि कवि ने केवल अनुकरण मात्र न कर अपनी कल्पना की सुन्दर अभिव्यक्ति भी की है। विषय वस्तु, पद-सौकुमार्य, अलंकारों का प्रयोग, भावाभिव्यक्ति, वर्णन आदि की दृष्टि से यह एक अनुपम रचना है। इसकी भाषा शुद्ध तमिळ् (चेन्तमिळ) तथा संस्कृत तत्सम शब्द मिश्रित है।

कण्णश्श रामायणम्

संस्कृत साहित्य का प्रभाव मलयालम साहित्य में सशक्त होने लगा। ऐसे सन्दर्भ में कण्णश्श कवियों / निरणं कवियों का रंग प्रवेश हुआ। 'रामचरितम' से आरंभ हुई रामायण कथा ने कण्णश्श या निरणंम् कवियों की रचना 'कण्णश्श रामायणम' में पूर्णता प्राप्त की। इन दोनों रचनाओं के बीच काफी समय का अंतराल है। 'कण्णश्श रामायणम' के उपसंहार में इन कवियों के संबंध में कुछ विवरण पाया जाता है। इनका समय चौदहवीं-पंद्रहवीं शती के बीच माना जाता है। निरणम् कवियों में सर्वसमाराध्य है राम पणिक्कर। इनकी सबसे उत्कृष्ट रचना 'कण्णश्श रामायणम' है।

राम कथा पाट्टु

'रामकथा पाट्टु' एक गेय महाकाव्य है। अव्वाटुतुर अय्यापिळळ आशान् इसके रचयिता हैं। इसका रचना काल चौदहवीं शती के करीब माना जाता है। इसे मलयालम कि बृहत् राम- कथा कह सकते हैं। कण्णश्श रामायाणम् और रामकथा पाट्टु में सादृश्यवाली कई पंक्तियाँ मिलती हैं। मुख्य कथा रामायण कथा ही है। यह पाट्टु, साहित्य को अशान की अमूल्य देन है। इसकी भाषा चॆन्तमिळ् (शुद्ध तमिळ्) और संस्कृत तत्भव शब्दों से युक्त मिश्रित भाषा है। तमिळ् का माधुर्य, संस्कृत का आभिजात्य तथा प्रादेशिक पदों के लालित्य के मिलन से राम-कथा पाट्टु की भाषा मनोरम बन गई है। यह माना जाता है कि ये कवि कण्णश्श कवियों के पचास वर्ष पूर्व जीवित थे।

माप्पिळळ पाट्टु

अरब देश से व्यापार के लिए आये लोग तथा केरलीय युवतियों के संबंध से केरल में एक नये वर्ग का आविर्भाव हुआ जो माप्पिळळ नाम से जाना जाता है। ये लोग इस्लाम धर्मावलम्बी थे। इनका काल करीब 14वीं सदी से माना जाता है। उनके द्वारा रचित काव्य 'माप्पिळळ पाट्टु' नाम से जाना जाता है। मलयालम साहित्य को इनकी देन अमूल्य है। इनके रचयिता तथा रचना काल का पता उनके पाट्टु से ही मिलता है। उन दिनों धर्म के नाम पर विरोध की भावना नहीं थी। अत: इन लोगों ने हिंदू पौराणिक कथाओं के आधार पर भी काव्य रचना की है। कथा वस्तु भारतीय होने पर भी प्रस्तुतीकरण मुस्लीम शैली में है जैसे – शूर्पणखा बीबी, सुलतान राम, निकाह करने को आदि का प्रयोग है।

चंपु रचनाएँ

11वीं सदी में संस्कृत साहित्य के प्रभाव से मलयालम में भी चंपु काव्य रचना शुरू हुई। चंपु काव्य के द्वितीय पाद में याने 16वीं सदी में इस विधा की खूब उन्नति हुई। प्रारंभिक चंपु रचनाएँ गणिका प्रधान थीं। किन्तु द्वितीय पाद में विषय वस्तु तथा प्रस्तुतीकरण में परिवर्तन आया। पौराणिक कथाओं के पुनराख्यान को ही प्रधानता दी गयी है। प्राचीनता एवं आकार की दृष्टि से सबसे उल्लेखनीय चम्पु है 'रामायणम् चंपु'। राम के अवतार से लेकर स्वर्गारोहण तक की कथा का विस्तृत वर्णन बीस भागों में किया गया है। इसके रचयिता पुनं नंबूतिरि हैं।

तुंजत्तॆळुत्तच्छन् का अध्यात्म रामायणम:

केरल के वातावरण को अध्यात्म ज्ञान रूपी दीप के प्रकाश से आलोकित करने का श्रेय परमाचार्य तुंजत् रामानुजन ऎळुत्तच्छन को है। केरलीय जनता के मन में भक्ति भावना जाग्रत एवं सुद्रढ़ बनाने वाले उस महात्मा को केरल का प्रत्येक आस्तिक हिंदू सादर प्रणाम करता है।

संस्कृत भाषा जानने वालों के लिए आदि कवि वाल्मीकि कृत रामायणम, हिंदी भाषा- भाषियों के लिए तुलसी कृत राम चरित मानस तथा तमिळ् भाषियों के लिए कंबर कृत कम्बरामायण नित्य-पाठ के लिए उपलब्ध था। मलयालम में ऐसे ग्रन्थ की कमी न रहे, इसी उद्देश्य से केरलीयों के नित्य-पाठ के लिए उन्होंने संस्कृत के अध्यात्म रामायणम् का स्वतन्त्र विवर्तन किया। यह वाल्मीकि रामायण से भिन्न तथा संस्कृत में रचित अध्यात्म रामायणम का एक भाषान्तरण जैसा है। संस्कृत का अध्यात्म रामायणम, अठारह पुराणों में एक माना जाने वाले ब्रह्माण्ड पुराण के अंतर्गत माना जाता है। ऋषियों के लिए सूत रामकथा का वर्णन करता है, बीच-बीच में वाल्मीकि राम की महानता के बारे में कई प्रश्न पूछते हैं। माना जाता है कि उनकी शंका का निवारण करने के लिए व्यास मुनि ने अध्यात्म रामायण की रचना की।

ऎळुत्तच्छन् किळिप्पाट्टु शैली के उपज्ञाता के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं। यह मलयालम की सबसे उत्कृष्ट काव्य शैली है। इस शैली में तोते के द्वारा कथा कहलाते हैं। रामायण के आरंभ में ऎळुत्तच्छन तोते से कहते हैं-

"श्री राम नामम् पाटि वन्न-पैंकिळिप्पेण्णे
श्री राम चरितं नी चॊल्लीटु मटियाते।"

(श्री राम नाम गाती हुई आयी हे तोती! बिना संकोच के श्रीराम-चरित सुनाओ।)

यह सुनकर तोती सभी गुरुजनों की वन्दना करके राम-कथा सुनाने लगती है। किळीप्पाट्टु शैली की गानात्मकता एवं वैविध्य ने जनता का हृदय आकर्षित किया।भक्ति एवं अर्थ गांभीर्य के लिए अनुयोज्य केका, काकळी जैसे वृत्तों को ही उन्होंने अपनी रचना के लिए चुना। जहाँ तक शिल्प योजना की बात है ऎळुत्तच्छन् ने अपना एक अलग रास्ता ही चुना।

यहाँ इस बात का जिक्र करना आवश्यक है कि तमिळ् के कंबर, हिंदी के तुळसीदास या ऎळुत्तच्छन् ने मूल काव्य का पदानुपद अनुवाद नहीं किया। उन सबके लिए मूल अपनी रचना का केवल एक आधार मात्र है। कंबर और तुलसी ने आधार रुप में वाल्मीकि रामायण को अपनायातो ऎळुत्तच्छन् ने अध्यात्म रामायण को चुना।उन्होंने अपनी कृति को एक उत्तम कला-सृष्टि बनाने के लिए आवश्यक पूरी स्वतन्त्रता ली। जहाँ धर्म संबंधी सिद्धान्तों की बात है, वहाँ मूल का ज्यों का त्यों अनुकरण किया। अन्य जगहों पर मूल में वर्णित अप्रधान अंशों कोत्याग दिया, अनावश्यक विस्तार से वर्णित घटनाओं को संग्रहीत किया। धुंधले वर्णनों को प्रभावशाली बनाने के लिए अस्पष्ट घटनाओं का स्पष्टीकरण किया तथाअपनी कल्पना के आधार पर नई बातों को जोड़ा। इसतरह काव्य सौन्दर्य में जरा भी कमी आये बिना एक भाव पूर्ण स्वतन्त्र कृति के रूप में उन्होंने अध्यात्म रामायणम का विवर्तन किया। भाव-पूर्णता लाने तथा भिन्न भावों को सम्मेलित करके वैकारिक अनुभूति उत्पन्न करने की ओर खास ध्यान देने के कारण कई स्थानों में मूल से कोई साम्य लक्षित नहीं होता। भक्त कवि जब भगवान के रूप का वर्णन करते हैंतो उनकी भाषा में एक अनुपम आकर्षण

दिखाई देता है। यद्यपि यह पचहत्तर प्रतिशत संस्कृतके अध्यात्म रामायणम की परिभाषा है तो भी अन्य रामायणों में वर्णित बातों का समावेश भी इसमें है। मूलकृति का ज्यों का त्यों अनुकरण करना कवि का लक्ष्य नहीं है।उन्होंने मूल को केवल एक आधार शिला के रूप में ही माना है। राम की महानता को चरम सीमा तक पहुँचाकर उन्हें ईश्वर सिद्ध करना ही उनका लक्ष्य था। उसके लिए आवश्यक बाह्य तथा आंतरिक वस्तुओं को अपनी मेधा शक्ति से उन्होंने प्रस्तुत किया। अपने समय के अनुकूल समाज के पुन: क्रमीकरण के लिए आवश्यक नए सिद्धान्तों को भी उन्होंने जोड़ा। कला पौष्कल्य को नहीं, भक्ति को ही उन्होंने मुख्यत्व दिया। तत्वज्ञानी तथा ईश्वर भक्त ऐळुत्तच्छन को ही रामायणम में हम देख पाते हैं। उनकी काव्य भावना का स्वच्छंद विहरण सीता-स्वयंवर वर्णन में देख सकते हैं-

“इटि वेट्टीटुं वण्णं विल् मुऱिञ्ञॊच्चकेट्टु
नटुङी राजाक्कन्मारुरगङळॆप्पोले।
मैथिली मायिल्प्पेट पोले संतोपं पूण्टाळ्
कौतुकमुन्टाय्वन्नु चेतसि कौशिकनुं।”

(मेघ गर्जन के समान धनुष के टूटने की आवाज़ सुनकर राजा लोग उरगों (सांपों) के समान चौंक पड़े। मैथिली मोरनी के समान खुश हुई। कौशिक भी मन में बहुत प्रसन्न हुए)मेघ गर्जन, राजाओं का काँपना आदि वर्णन मूल में नहीं है।

वन यात्रा के समय सुमित्रा लक्ष्मण को जो उपदेश देती है वह भी संस्कृत की अध्यात्म रामायण में नहीं है। वाल्मीकि रामायण में इसका वर्णन है।

“रामं दशरथं विद्दि
मां विद्दि जनकात्मजां
अयोध्यामटवीं विद्दि
गच्छ तात यथा सुखम।”

इसी का भावार्थ है ऐळुत्तच्छन का वर्णन।

“रामने नित्यं दशरथ नेन्नुळिळ-
लामोदमोटु निरुपिच्चु कॊळळणम
ऐन्ने जनकात्मजयेन्नुरच्चुकॊळ्
पिन्ने अयोध्ययेन्नोर्तीटटविये।”

झोंपड़ी से लेकर राजमहल तक के लोगों के मन में वैकारिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप में एकता की भावना उत्पन्न करने में सफल हुई एकमात्र रचना है ऐळुत्तच्छन का अध्यात्म रामायणम् शिक्षित लोगों ने स्वयं पढ़कर तथा अशिक्षितों ने श्रवण द्वारा इसका रसास्वादन किया। उन्होंने दिव्य मन्त्र के समान उसे कंठस्थ किया। रामायण ने उन्हें आत्मीय एवं मानसिक कुंठाओं से मुक्त किया।

भक्ति के महत्व का प्रचार एवं संकीर्तन अपना लक्ष्य होने के कारण ही उन्होंने अध्यात्म रामायणम् को अनुवाद कार्य के लिए चुना। मौका मिलते हि भगवान के नाम का आलापन एवं भगवान की लीला का प्रकीर्तन करने में वे लीन हो जाते हैं। भक्ति का महत्व दोहराते-दोहराते पाठकों को भी वे अभिभूत करते हैं।वे लोगों को समझाते हैं कि भक्ति, ज्ञान एवं मोक्ष की ओर ले जाने वाले सोपान हैं।

भगवान के नाम का उल्लेख करने का मौका एक बार मिलते ही वे विशेषणों एवं पर्यायों की झड़ी लगाते हैं। अयोध्या काण्ड का यह वर्णन देखिए-

“नारायणन नलिनायत लोचनन
नारी जन मनो मोहनन माधवन
नारद सेव्यन नलिनासनप्रियन
नारकारति नलिन शर गुरु
X X X X
व्यक्त नव्यक्त ननन्त ननामयन
शक्ति मुक्तन शरणागत वत्सलन।”

प्रतिपाद्य कथा की मधुरिमा तथा महिमा में आमग्न कवि ने जो गीत गाये उसेजनता ने हृदिस्थ किया। ये गीत सभी केरलीय गृहों में नित्य गाये जाने लगे।

ईश्वर भक्ति ही नहीं गुरु भक्ति, पुत्रवात्सल्य, भ्रातृस्नेह, पत्नी धर्म, दीनानुकंपा आदि स्वस्थ समाज की उन्नति के लिए आवश्यक अनेक धार्मिक मूल्यों का प्रचार भी उन्होंने अपनी रचनाओं के द्वारा किया।

उदा:

"क्रोध मूलं मनस्तापमुण्टाय्वरुं
क्रोध मूलं नृणां संसार बंधनं
क्रोध मल्लो निजधर्म क्षयकरं
क्रोध परित्यजिक्केणं बुध जनं
क्रोध मल्लो यमनायतु निर्णये।"
(अयोध्या काण्ड)

यहाँ कवि क्रोध की बुराइयों पर प्रकाश डालकर क्रोध त्यागने का उपदेश देते हैं।

"जाति नामादिकळक्कल्ल गुण गण-
भेद मेन्नन्ने बुधन्मारुटे मतं।"
(युद्ध काण्ड)

यहाँ कवि कबीर के –

"जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान" वाली बात कहते हैं।

इनके कई पद जनता के बीच लोकोक्ति जैसे प्रचलितहो गये हैं। सारोपदेश वाक्य, लोकोक्तियाँ आदि के द्वारा ऎहुत्तच्छन् ने जो धर्म-बोध जनता में जाग्रत किया उससे प्राप्त नवचैतन्य केरलीय संस्कार की अन्तर्धारा के रूप में आज भी विद्यमान है।

ऎळुत्तच्छन् का राम अध्यात्म रामायणम् मूल में वर्णित राम से भिन्न है। उनका राम ईश्वर तथा मनुष्य दोनों के लिए एक आदर्श पुरुष हैं। उन्होंने राम-परशुराम संवाद का वर्णन वाल्मीकि रामायण तथा अध्यात्म रामायण से भिन्न तथा अति सुंदर ढंग से किया है। परशुराम का उपहास सुनकर वाल्मीकि का राम यत्न से अपनी जीभ काबू में रखते हैं। कोई कटु वचन नहीं बोलते। परशुराम के हाथ से चाप छीनते हैं। लेकिन ऎळुत्तच्छन का राम एक मुस्कान से परशुराम के ललकार का स्वागत करते हैं। राम जो कुछ बोलते हैंवे सब दयार्थ निष्ठ है। सुनने में स्तुति लगने पर भी वास्तवमें मार्के की भत्सना है।

'नवास के लिए प्रस्तुत राम कैकेयी से जो बातें करते हैं उसमें भी इसी तरह का द्वयार्थी परिहास मिलता है।

"दण्डमत्रे राज्य भारं वहिप्पतु
दण्डक वासत्तिन् ऎन्नुमेळुतल्लो
स्नेह मेन्ने क्कुरिच्चेरु मम्मक्कुमि-

देहमात्रं भऱिच्चीटेन्नु चोलकयाल।" (राज्य भार संभालना कठिन कार्य है। वनवास बहुत आसान है। माताजीको मुझसे बहुत अधिक प्यार है। इसीलिए उन्होंने मुझे आदेश दियाहै कि अपने शरीर की देख-भाल मात्र करना काफी है।) ऎळुत्तच्छन् के रामयणम् में शूर्पणखा की कथा के प्रसंग में भी इसी तरह का एक भिन्न पश्चात्तल है। लक्ष्मण ने ही शूर्पणखा का अंगच्छेद किया। लेकिन वाल्मीकि रामायण और संस्कृत के अध्यात्म रामायणम् में राम की आज्ञा से ही लक्ष्मण वह कार्य करता है। तुलसी का राम भी इशारे से लक्ष्मण को समझाता है। लेकिन ऎळुत्तच्छन् का राम न ऐसी कोई आज्ञा देते हैं, न इशारा करते हैं। सीता पर आक्रमण करने के लिए बढ़ती शूर्पणखा को राम ने रोका। भ्रातृ भक्त लक्ष्मण ने स्वेच्छा से शूर्पणका को ही दंड दिया। यह घटना मानव सहज कमजोरियों के प्रति ऎळुत्तच्छन् के राम के अनुभाव का सुंदर उदाहरण है। बालि-सुग्रीव कथा में भी कवि ने अपनी कल्पना मिलाई है। मायावी की कथा में उन्होंने एक अंश जोड़ा है। वह है गुफा से निकलने वाले दूध या खून की कथा। वाल्मीकि रामयण और अध्यात्म रामयण मूल में ऐसा कोई वर्णन नहीं है।दोनों भाई निरपराध होने के कारण उस शत्रुता में यहाँ शोकात्मकता की तीव्रता अधिक है।

अध्यात्म रामायण मूल में स्पष्ट बताया गया है कि बाली ने सुग्रीव कीपत्नी रुमा को अपना बनाया। लेकिन ऎळुत्तच्छन् उसके बारे में मौन साधते हैं। उनका राम केवल इतना कहते हैं कि बेटियाँ, बहनें, भ्रातृपत्नियाँ, पुत्र वधुएँ, आदि के साथ अत्याचार करने वाले दंड के योग्य हैं। अत: बालि दंडनीय है। मूल में बालि-सुग्रीव युद्ध छे पंक्तियों में वर्णित है। लेकिन ऎळुत्तच्छन् ने चौबीस पंक्तियों में एक विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया है। उसी तरह उन्होंने अन्य युद्धों का वर्णन भी विस्तृत रुप से किया है। युद्ध काण्ड में इस तरह के कई वर्णन देखने को मिलते हैं।

राम के चरित्र की महानता का मकुटोदाहरण है रावण वध के बाद का उनका मनोभाव एवं व्यवहार। रावण राम का सबसे बड़ा शत्रु था तो भी मृत्यु के बाद उसकी महानता के प्रति राम बड़ा आदर प्रकट करते हैं। इस विषय में वे आदि कवि का अनुकरण करते हैं। मृत्यु के बाद शत्रुता बनाये रखना पुरुषोचित नहीं है। विजयाह्लाद के बीच भी मृत शत्रु के प्रति आदर दिखाना उनके आत्मसंस्कार के ओज का प्रतीक है। विभीषण को सांत्वना देते हुए राम कहते हैं। राम कहते हैं - यह मेरा सामना करके युद्ध में प्राण त्याज्ये हुए महान वीर है। उसकी मृत्यु पर शोक करना उसकी परलोक प्राप्ति के लिए अच्छा नहीं है। युद्ध में वीर मृत्यु प्राप्त करने का सौभाग्य केवल भाग्यशालियों को ही प्राप्त होता है। सारा दोष दूर हो गया है। तुम जल्दी क्रिया-कर्म की तैयारी करो ।

ऎळुत्तच्छन् का विश्वास है कि शत्रु भाव से हो या मित्र भाव से – किसी भी रूप में ईश्वर का सम्पर्क प्राप्त होने वालों को मोक्ष प्राप्त होगा। अत: रावण

भी मोक्ष का अधिकारी है। ऐळुत्तच्छन् के प्रस्तुतीकरण की सविशेषता ने इस संदर्भ के काव्यात्मक मूल्य में चार-चाँद लगा दिया है। ऐळुत्तच्छन् का अध्यात्म रामयण देश-काल की सीमाओं के परे हैं तथा सबके लिए अनुकरणीय है। जब तक भक्ति मार्ग एवं मलयालमा भाषा जीवित रहेगी तब तक उनकी कीर्ति अक्षुण्ण रहेगी। मलयालम भाषा को एक सुनिश्चित, सुन्दर रूप प्रदान करके उन्होंने भाषा को ही नहीं अपने नाम को भी अमर बना दिया।

केरल वर्मा

ऐळुत्तच्छन के बाद राम कथात्मक काव्य रचना करने वालों में केरलवर्मा का नाम उल्लेखनीय है। उनकी दो मुख्य रचनाएँ हैं। वे हैं-'केरलवर्मा रामायणम्' और 'पाताल रामायणम'। केरलवर्मा रामायणम् 'वाल्मीकि रामायणम् किळिप्पाट्टु' नाम से भी जाना जाता है। केरलवर्मा ने 'पाताल रामायणम' में ऐळुत्तच्छन की कुछ पंक्तियों का ज्यों का त्यों प्रयोग किया है।

आट्ट कथा

आट्ट कथा के रूप में रचित कोट्टारक्करातंपुरान का 'रामनाट्टम' साहित्य कृति के रूप में तथा नाट्य कला के रूप में विशेष उल्लेखनीय है। रामकथा के आठ प्रसंगों को आठ दिनों में प्रस्तुत करने योग्य पद्य रूप दिया गया है।

कथकली

कथकली केरल की एक प्रमुख दृश्य कला है। रामनाट्टम इसका पूर्व रूप है। केरल का और एक दृश्य-कला रूप है 'तुल्लल्'। श्री तुंजन नंबियार इसके प्रणयिता हैं। उन्होंने छे प्रमुख रामकथाओं को लेकर 'तुल्लल्' काव्य की रचना की। इसमें 'सीता स्वयंवरम्' विशेष उल्लेखनीय है। आधुनिक युग में रामकाव्य के स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। मलयालम रामकाव्य परंपरा में सभी लक्षणों से युक्त महाकाव्य के रूप में अळहत् पद्मनाभ कुरूप द्वारा रचित 'श्री रामचन्द्र विलासम्' उल्लेखनीय है। आधुनिक युगीन मलयालम पद्य साहित्य में खण्ड काव्यों के रूप में भी रामकथा की प्रतिष्ठा हुई है। मलयालम के प्रसिद्ध कवित्रयों में से वळळत्तोळ् नारायण मेनोन की 'कांचन सीता' और आशान की 'चिंताविष्टयाय सिता' इस श्रेणी में आते हैं। वयलार रामवर्मा का 'मानिषादा', उण्णिकृष्णन नायर का 'लक्ष्मण विषादं' आदि भी रामकथा के आधार पर रचित हैं। आधुनिक युगीन रामकाव्य की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कवि गणों ने पौराणिक पात्र श्री रामचन्द्र जी को मानवीय पृष्ठ भूमि पर उतारकर अनेक काव्यों की रचना की है। इनमें एन.वी.कृष्ण वारियर का 'चिन्ताग्रस्त श्री राम', डॉ. तेन्नकल नारायणन् का 'राम विलापं', ओ.एन.वी.कुरूप की 'सरयू नदी की ओर' आदि उल्लेखनीय है।

रामकथा के अनेक प्रसंगों का आधुनीकरण इन रचनाओं का उद्देश्य है। पाट्टु, चंपु, किळिप्पाट्टु, आट्ट कथा, महाकाव्य, खण्ड काव्य आदि अनेक विधाओं में मलयालम का राम काव्य फैला हुआ है। 15वीं शती में रचित तथा 1997 में केरल विश्वविद्यालय, तिरुवनन्तपुरम से प्रकाशित 'चित्र रामायाणम्' केरल की रामायण परंपरा की रचनाओं में एक विलक्षण कृति है। इसके लेखक का नाम अज्ञात है। लेकिन प्रस्तुत कृति से लेखक के बारे में कुछ सूचनाएँ मिलती हैं। इसके रचयिता केरल के आलप्पुळा जिले के कोळिमुक्कु नामक स्थान के निवासी थे। उन्होंने अपने गुरू की आज्ञा से प्रेरित होकर इसका अंकन किया है। इनके गुरू एक ब्राह्मण कवि थे।

सन् 1943 में ताड़पत्रों में अंकित 'चित्र रामायणम' मलयालम की दुर्लभ तथा अनुपम रामकाव्य कृति है। इसमें कुल 318 चित्र हैं। संपूर्ण रामायण कथा चित्रों द्वारा अंकित है। अज्ञात लेखक ने आवश्यक संदर्भों एवं संकेतों सहित रामायण की पंक्तियाँ भी चित्रों के साथ उद्धृत किया है। वाल्मीकि रामायण तथा रामानन्द विरचित मूल संस्कृत 'अध्यात्म रामायणम्' , चित्र रामायणम् की रचना की स्रोत सामग्री रही होगी।

देश कालातीत महत्वपूर्ण कृति रामायण की प्रासंगिकता सर्वविदित है। वैश्विकता के संदर्भ में मानव को मानव बनाये रखने के लिए और मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के लिए रामायण के अनेक प्रसंग याने श्री रामचन्द्र जी का संपूर्ण जीवन चरित महती भूमिका निभाती है। स्त्री सशक्तीकर्तण, दलित सम्वेदना, पर्यावरण जैसे बहु चर्चित विषयों के दृष्टिकोण से रामकथा की प्रासंगिकता तर्क रहित है। हाल ही में याने जुलाई 2010में मलयालम में प्रकाशित वी.टी.जयदेवन की लंबी कविता 'हरित रामायणम्' इक्कीसवीं सदी की केन्द्रीय समस्या पर्यावरण पर आधारित है। इक्यावन भागों में आबद्ध यह कविता प्रकृति के विभिन्न दृश्यों के मनोरम चित्रों द्वारारामकथा प्रसंगों को जन हृदय में अंकित करती है। अंत में राम पहचानते हैं कि सीता ही सरयू है।ऐसी सरयू की ओर लौटे बिना राम अन्यत्र कहाँ जा सकते हैं? यह कविता प्रकृति और पुरुष के संबंध की दार्शनिक अनिवार्यता भी उद्घोषित करती है। 'हरित रामायणम्' वस्तुत: स्मृतियों की क्रमबद्धपरंपरा है। कविता की प्रारम्भिक पंक्तियाँ इस प्रकार है-

"स्मृतियों का हरा रंग है
अनगिनत हरीतिमा
अयोध्या के पार्श्ववर्ती जंगल में
गुरुजी के साथ।"

'हरित रामायण' की सीता एक ग्राम वधु के समान नैसर्गिक मन से प्रसन्न थी। उसके लिए जंगल जन्म गृह है। 'हरित रामायणम्' पर्यावरण से सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय समस्य्या की ओर संकेत करती है।

रामकथा अनन्त है। देश, काल, सीमाओं से परे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र का चरित्र मानव मात्र के लिए अनुकरणीय है। रामकथा में सभी मानवीय संबंधों का आदर्श रूप प्रस्तुत है। राम कथा की प्रासंगिकता यह है कि त्रेतायुग में अवतरित राम का चरित्र कलियुग के मानव के लिए भी अनुकरणीय है। यही कारण है कि आज भी साहित्य सृजन करने वाले रामकथा के माध्यम से मानव समुदाय के मार्गदर्शन का प्रयास करते हैं। विज्ञान के इस युग में भी लोग बड़े चाव से रामकथा का श्रवण, पाठन तथा दर्शन करके अपने आप को कृतकृत्य अनुभव करते हैं। जब तक मानव समाज रहेगा तब तक रामकथा भी रहेगी। मानव मात्र को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कथा अमर रहेगी।

जय श्रीराम! जय रामकथा!

1. संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. अध्यात्म रामायणम - किलिप्पाट्टु , लेखकतुंजत्तु रामानुजन एषुत्तच्छन, प्रकाशक-गुरुवायूर देवस्वं, प्रथम संस्करण -2002.
2. रामायण-मानवता का महाकाव्य (अध्ययन). लेखक-गुणवंतशाह अनुवादक-बंसीधर, प्रकाशक भारतीय ज्ञान पीठ, प्रथमसंस्करण-2012.
3. रामायण का काव्य मर्म , लेखक - विद्या निवास मिश्र. प्रकाशक-प्रभात प्रकाशन , प्रथम संस्करण-2001.
4. रामायण के पात्र ,लेखक- दिनकर जोशी , अनुवादक -त्रिवेणी प्रसादशुक्ल, प्रज्ञा शुक्ल, प्रकाशक -ग्रंथ अकादमी,प्रथम संस्करण-2011.
5. राम साहित्य उत्पत्ति एवं विकास,अनुवादक अभयदेव केरल साहित्य अकादमी 1978
6. कंबरूड़े रामायणम कथा गद्यम् कुँजिरामन मेनन , मंगलोदयम 1992.
7. कोच्चू सीता ,वल्लततोल नारायण मैनन डी.सी बुक्स 1922
8. मलयालम साहित्य-कालघट्टङलिलूटे-लेखक -एरुमेलि परमेश्वरन पिल्लै,प्रथम संस्करण -1996 प्रकाशक-करन्ट बुक्स,कोट्टयम
9. मलयालम-ताय्वेरुकल् संपादक-पी एम गिरीश,सी जी राजेन्द्र बाबू प्रथम संस्करण-2015 प्रकाशक-दक्षिणा,चेन्नै ।

भारत का सतत विकसन: ऋषीमुनियोंकी कार्यपरंपरा



वृषली देवानंद जोशी
(vrushalivavade.30@gmail.com)

रत्नाकर धौतपदां हिमालय किरीटिनिम्|
ब्रह्मराजर्षि रत्नाढ्यां वंदे भारत मातरम्||

भारतीय राष्ट्रसंघ को सनातन ऋषीमुनियों की अतिप्राचीन परंपरा प्राप्त हुई है| सतयुग से लेकर कलियुग तक अनगिनत ऋषीं इनमे ऋषींपत्नि भी शामिल है| इन ऋषींमुनियोंको जाती का बंधन नहीं था, वे अपने ज्ञान- कर्म-तपोबल सें ऋषीं, महर्षि, ब्रह्मर्षि कहलाते थे| उनकी उपासना केवल पूजा-पाठ नहीं थी, उनकी यज्ञशालाएँ संरक्षित प्रयोगशालाएँ थी| अपने सामर्थ्य को मंत्रशक्ती कि जोड लगाकर इन प्रयोगशालाओं में अस्त्रनिर्माण का कार्य होता था| आवश्यकता आनेपर यह अस्त्र सक्षम व्यक्ती को प्रदान कीं जाती थी| ऐसे अनेको ऋषींमुनी हमे रामायण में दिखाई देते हैं| उनके आविष्कारों पर विश्व को गर्व हैं|

1. प्रस्तावना

गंगा पापं शशी तापं दैन्यं कल्पतरुस्तथा|
पापं तापं च दैन्यं च घ्नन्ति सन्तो महायशा:||

पंक्तियों उपरोक्त से ऋषीमुनियों कि महानता दिखाई देती है| गंगा अवतरण के समय भागीरथ कहते है, आपमे (गंगा) स्नान करनेसे लोगों के पाप धूल जाएंगे पर जब संत-महात्मा आपके जल मे स्नान करेंगे तब वह लोगों का संचित पाप जल जाएगा| रामराज्य में राजदंड यतियों के हाथ मे था। क्योंकि राजदंड के ऊपर धर्म की सत्ता थी। जब राजा सम्राट होता था,यज्ञ होता था, आखिर मे वह राजदंड हाथ मे लेके त्रिवार घोषणा करता था- **अदण्ड्योऽस्मि** .... **अदण्ड्योऽस्मि.... अदण्ड्योऽस्मि....** । इसका मतलब मै सम्राट हुआ, मुझे कोई शासन नहीं कर सकता। इसके पश्चात कुलगुरु हाथ में धर्मदण्ड लेकर त्रिवार घोषणा करते थे- राजा **धर्म दण्ड्योऽसि**.... **धर्म दण्ड्योऽसि**..... **धर्म दण्ड्योऽसि**.....अर्थात् आप (राजा) सम्राट हुए है फिर भी आपको धर्मबाह्य आचरण करना मना है। कर्तव्यच्युत होनेपर आपको भी दंड देने का अधिकार धर्मदण्ड मे है। मतलब यह अधिकार ऋषीमुनियों को था ।

राजा – ऋषि – समाज ये समाज के अर्थात संस्कृति के आधारस्तंभ थे। राजा- ऋषि और समाज का पालनकर्ता, ऋषि- उत्तम पुरुष निर्मिती, समाज- गृहस्थाश्रमी रहकर मनुष्य निर्मित करना यह इनके मुख्य कर्म थे। राजा और समाज को सांधन का काम ऋषियों का था। राजा ऋषियों को जमीन देता था,उसपर समाज के लिए कार्य जैसे- अस्त्रज्ञान, शस्त्रज्ञान, खेती होते थे। यहाँ चारों वर्णों के बच्चे समानता से शिक्षा ग्रहण करते थे, अपने गुण, योग्यता व रुचि के अनुसार पढ़ते थे। समान शिक्षण होने की वजह से उच्च-नीच भाव नहीं था। राजा ऋषियों को जमीट देता था मगर समजोपयोगी कार्य होते थे और जमीन के ऊपर भी ऋषियों का अधिकार नहीं होता था। इस तरह से कर्म करके अलिप्त रहना ऋषि-मुनि सिखाते थे। और इसलिए राम ने रावण का विनाश किया.. मगर कैसे किया, यह सोचे तो श्रीराम के जनम से लेके नजारे सामने आएंगे – राम जन्म से पहले की नियोजन बैठक, रामजन्म, शिक्षण होने के बाद विश्वामित्र का आगमन, विवाह, इस विवाह मे राजा दशरथ पिता होने के बावजूत आखिर मे आते है, फिर कैकई का राजकारण, वनवास और वनवास मे भी श्रीराम को योग्य मार्गक्रमित होने के लिए ऋषियों की मदद, सबसे आखिर मे भी रावण का अंत करने के लिए विशिष्ट बाण देना यह सब कार्य ऋषीमुनियों की सहायता के बिना हो ही नहीं पाता। कार्यसिद्धि के बाद भी उसका ढिंढोरा न पीटने वाले ऋषियों के बारे मे थोड़ा जान लेते है .....

महर्षी वसिष्ठ

यथा वायूं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्व जन्तवा:।
तथा गृहस्थमाश्रित्य आश्रयन्ते सर्वाश्रमा: ।।

महर्षि वासिष्ठ को यह पंक्तीया जचती है। गृहस्थधर्मी होने के साथ-साथ वे राजा दशरथ के मंत्रीमंडल में मुख्य ऋषि है। अयोध्या में ऋषियों का मंत्रीमंडल था और इसके प्रमुख है महर्षि वसिष्ठ और वामदेव। इनका मुख्य कार्य है गुरूजनो व विद्वज्जनों का उचित मान रखना व राजा को दांभिक स्तुतिपाठकों से दूर रखना। राजा दशरथ अतताई स्वभाव के थे, उनके इस स्वभाव से कुछ आपत्तीयाँ आ सकती थी। उनपर अंकुश रखने का काम ये ऋषि करते थे। महर्षि वसिष्ठ राज कुलगुरू थे, वसिष्ठी नदी के तट पर उनका आश्रम था, नहीं नहीं वह एक भव्य गुरुकुला था। सांठ हजार शिष्य वहाँ

पढ़ने थे। उनका भरण-पोषण समाज करता था और शिक्षण वहाँ के गुरू । उच्च-नीचता , वर्ण/जाती, या आर्थिकता ऐसी कोई भी विषमता इनके आश्रम मे नहीं थी ।

न राज्यं न च राजासीत न दंडों न च दंडिक:।
स्वधर्मेण प्रजास्तावत् रक्षन्ती स्म परस्परम् ॥

वसिष्ठ के आश्रम मे नंदिनी और विश्वामित्र के बीच भीषण संहार हुआ। यह हम प्रतिकात्मक रूप से सोचे तो नन्दिनी मतलब प्रजा और विश्वामित्र तो राजा थे ही। इसके ऊपर वसिष्ठ ने भरपूर आत्मचिंतन किया क्योंकि हानी होने के बाद विश्वामित्र तपश्चर्या के लिए निकल गए थे, और परशुराम ने 21 बार पृथ्वी नि:क्षत्रिय की थी। राजा दशरथ थे मगर वृद्ध हो चुके थे, अयोध्या सुरक्षित थी मात्र उसके बाहर जनस्थान, पंचवटी और लंका में राक्षस तांडवनृत्य कर रहे थे। इस परिस्थीतीपर काबू पाने के लिए सुनियंत्रित राजसत्ता और तेजस्वी बाह्मण्य दोनों की आवश्यकता थी। फिर पुत्रकामेष्ठी यज्ञ करना निश्चित हुआ, विभांडक पुत्र ऋष्यश्रृंग के निर्देशन मे यज्ञ विधीवत संपन्न हुआ।

श्रीराम का शिक्षण पूर्ण होने के पश्चात उनको तीर्थाटन करने की ईच्छा हुई वापस आनेपर उनको बड़ा औदासीन्य आया। वे एकाएक निस्तेज हो गए। तब महर्षि वसिष्ठ ने उनको योगवासिष्ठ का उपदेश किया व निस्तेज हुए श्रीराम मे पुन: क्षात्रतेज जगाया। राम को दशरथ बहुत संभालते थे, पर इससे राक्षसो का समूल नाश नहीं हो पाता इसलिये विश्वामित्र से मिलकर उन्होंने राम को वन में भेजा और फिर सोलवे साल की उम्र मे श्रीराम ने ताड़का को मारकर पहला पराक्रम किया। राम को वनवास भेजना सब ऋषीमुनियों का कैकयी के साथ मिलकर राजकारण था। वनवास गमन के पश्यात जब माँ सीता को भी वल्कल वस्त्र दिए गए तब वशिष्ठ बीच में आकर कहते है। रामस्य-**"आत्मेयामिति रामस्य पालयीष्यन्ति मेदिनीम्"**।अर्थात् अर्धांगिनी के नाते सीता राज्यकारभार करेगी। वह अयोध्या की बहु के नाते राजसी पहराव में ही वनवास गमन करेगी। श्रीराम के वनवास गमन के पश्चात राजा दशरथ का मृत्यू, भरत और शतृघ्न अपने ननिहाल में इस परिस्थीती में उन्होंने अयोध्या की सुरक्षितता को देखनहुए भरत और शत्रुघ्न को केवल अयोध्या आओ इतना ही सन्देश देते हैं। ऐसे अलौकीक विद्वत्ता संपन्न, चारित्र्यवान, ज्ञानवान महर्षि वसिष्ठ को **"नमो वै ब्रह्मनिधये वसिष्ठाय नमो नम:"**

विश्वामित्र

विश्वामित्र गाधी महाराज के सुपुत्र थे, वे उनके पश्चात् कन्याकुब्ज़ देश के अधिपती बने। उनका मूल नाम विश्वरथ । शूर राजा थे, एक दिन युद्ध से लौटते समय वसिष्ठ मुनीं के आश्रम में आए। उन्होंने उनके हजारों सैनिकोंका अच्छे से आगत-स्वागत किया। यह सब व्यवस्था कामधेनू की पुत्री शबला के कारण संभव हुआ। यह जानने पर उन्होंने शबला की मांग की। वसिक ने नम्रतापूर्वक मना कर दिया। बहोत याचना करने पर भी ऋषि माने नहीं तो विश्वामित्र ने उन्हे युद्ध के लिए ललकारा, तीन बार वह परास्त हुए। और फिर उन्होंने अपने पुत्र को राज्य सौंपकर क्षात्रधर्म का परित्याग कर ब्रह्म तेज अपनाया –

"धिक् बलं क्षत्रिय बलं ब्रह्मतेजो बलं बलम् ।
एकेन ब्रह्म दण्डेन, सर्वास्त्राणी हतानि में"॥
(वा. रा.1.56.23)

विश्वामित्र का मतलब है साक्षात् प्रयत्नवाद ! उन्होने तप करना प्रारंभ किया, तब देवराज इन्द्र ने नपस्या भंग करने के लिये मेनका को भेजा, तपस्या भंग हुयी, शकुंतला का जन्म हुआ जिसका वाच्च मुनी ने लालन-पालन किया। फिर से तपस्या शुरु की, फिर इंद्र ने रंभा को भेजा-'त्वं तावद् कदली भव' शापवाणी से तपोभंग हुआ। फिर से तप आरंभ किया। अनेक साल तपश्चर्या करने के पश्चात उन्होंने गायत्री मंत्र की रचना की-

ॐ भू: भुव: स्व । ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम् ।
भर्गो देवस्य धीमही । धियो योन: प्रचोदयात् ॥

इस मंत्र के पश्चात् उनकी योग्यता बहुत बढ़ी, उन्होंने नए नए अनुसंधान किए।

श्रीराम को राजकुमार से युवराज बनाने का महत्वपूर्ण कार्य महर्षि विश्वामित्र ने किया। यज्ञ की रक्षा के लिए वह राम को ले जाने के लिए आते है, तब दशरथ मान्यता नही देते। तब महर्षि वसिष्ठ राजा दशरथ को समझाने है, की विश्वामित्र सारे राक्षसोंका विनाश करने में स्वत: सक्षम है, अगर राम उनके साथ जाते है तो राम का ही लाभ है इसलिए आप व्यर्थ चिन्ता न करे। और फिर उन्होंने श्रीराम को भोग्य समय आनेपर महादेव से प्राप्त और स्यानिर्मित सभी 54 दिव्यास्त्र श्रीराम को और लक्ष्मण को दीए ।

"न श्रमो न ज्वरो वा ते न रूपस्य विपर्यय:"।

और

"न च सुप्तं प्रमत्तं वा धाय धर्षयिष्यन्ति नैर्ऋता:।"
(वाल्मिकी रामायण 1. 22. 13 /14)

इन शस्त्रास्त्रों को भी परखकर दिया है, ताड़का के वध के पश्चात उनकी परिक्षा लेकर दिए है।। मतलब जिस कार्य के लिए श्रीराम को चुना है वह पात्र है भी या नहीं, और फिर उन्हे दिव्यास्त्र प्रदान किए है। विश्वामित्र के मार्गदर्शन से श्रीराम ने सोलवे साल में पहला पराक्रम किया।

श्रीराम का जन्म विशिष्ट कार्यसिध्दी हेतु हुआ था, उन्हें उनके कार्य में तथा जीवन में साथ देनेवाली पत्नी आवश्यक थी, जिसकी सोच, चरित्र, स्वभाव साधारण न हो। इसिलिए विश्वामित्र ने जनककन्या सीताजी से उनका विवाह निश्चित किया। सारा भ्रमण इन्होंने महर्षि विश्वामित्र के साथ पदयात्रासे संपन्न किया। वे जानने थे की अगर युवराज रथो में भ्रमण करेंगे तो वे अच्छी तरह से जनता का दुख नहीं समझ पाएंगे। इसतरह वें नगरोंमें से, वनों में से मार्गोंपर पैदल यात्रा किए, भिक्षा मांगकर खाना खाया व रात्रौ समय भूमी की शय्या व आकाश का कम्बल ओढ़ के रहे। इस प्रकार से **'विनाशाय च दुष्कृताम्** ऐमा युवराज निर्माण किया। अहिल्या का उद्धार करके गलती का प्रायश्चित्त भुगतने वालों का समाजने स्वीकार करना है, यह सीख भी राम के हातों विश्वामित्र ने सीखायी। ऐसे प्रयत्नपूर्वक ब्रह्मर्षि बने विश्वामित्र को हम वंदन करते है।

"विश्यामित्रोऽपि धर्मात्मा लब्ध्वा ब्रह्मण्यमुत्तमम्।
पूजयामास ब्रह्मर्षि, वसिष्ठं जपतां वरम् ॥"

महर्षी गौतम

सामाजिक न्याय को महानता से तराशने वाले महर्षि गौतम, षड्दर्शनों में से एक 'न्यायदर्शन' इस वेदांग के प्रवर्तक, मिथिला नगरीके कुलगुरू तथा तर्कशास्त्र के भी उनत्तम अभ्यासक थे। मिथिला नगरीके पास के उनके आश्रम को विश्वभर में मान्यता थी। बड़े बड़े विद्वान देश विदेश से यहाँ आते थे। महर्षि दिन रात चिंतन में मग्न रहते थे ।

श्रीराम ने सुबाहु और ताड़का को मारकर अपना पराक्रम सिद्ध किया, फिर मिथिलानगरी के मार्ग पर श्रीराम को अत्यंत रमणीय मात्र निर्जन आश्रम दिखाई देता है। पृच्छा करने पर यह गौतम मुनी का आश्रम था बताकर सारी हकीकत सुनाते है।' **अहिल्या** ब्रह्मा की पहिली स्त्री निर्मिती थी। अनुपम सुंदरताधारी इस स्त्री को गौतम को अर्पित किया जाता है। इन्द्र पहले से ही अहल्या को वासना की दृष्टि से देखते थे। । विकृत वासना मन में धारण किये वह आश्रम में प्रवेश करता है। गौतम का वेश धारण कर उनके कुटीयाँ में भी प्रवेश करता है। अहल्या, उसको तुरन्त पहचानती है, मात्र साथ देनी है। यहाँ परअगर सोचे की अहल्या इन्द्र को पहचान न सकी तो भी उसीकीही गलती है, क्योकी स्त्री को अपने और पराए मर्द को पहचानना आनाही चाहीए। और उनके समागम के पश्चात्- '**कृतार्थास्मि सुरश्रेष्ठ! गच्छ शिघ्रमित: प्रभो। आत्मानं मां च देवेश सर्वथा रक्ष गौतमात्'॥** अहल्या की इन पंक्तियों से उसका दुर्वर्तन ही सिद्ध होता है ।

वास्तविक **अहल्या ब्रह्मा की प्रथम स्त्री-निर्मिती** थी वह इन्द्र से भ्रष्ट हों गई। । शायद इसिलिए व्यभिचार आज भी जीवीत है। यहा गौतम इंद्र का वृषण छाँट देते हैं। अहल्या को भी-तू अकेले ही कई सालों तक इस वन में निवास करोगी। और दशरथकुमार राम इस घोर वन में पदार्पण, करेंगे तब तु पवित्र होगी ऐसा उ:शाप भी दिया है ।

(वाल्मीकि रामायण 1.48.29-32)

यहाँ हम सोचे तों समज आता है, उन्होंने अहिल्या के दुराचार पर उसका त्याग नहीं किया.. और दूसरा विवाह भी नही किया, उन्होने अहल्या को दूर रख के खुद को भी शासन दिया है । क्योंकी अहल्या के मन में परपुरुष का विचार आना मतलब वे पट्टी के नाते उसको न्याय नही दे पाए। और फिर प्रायश्चित होने पर श्रीराम के माध्यम से उन्हें फिर से समाजमान्यता दिलाई है । मतलब समाज बहिष्कृत व्यक्ती को अगर प्रायश्चित्त हो तो समाज ने भी उसका पुनः स्वीकार करना है ।

महर्षी अगस्ती

महर्षि अगस्ति को कुंभोद्भव भी संबोधित किया जाता है। कुंभोद्भव का अर्थ कुम्भ से उत्पन्न हुए, मात्र अभ्यास के पश्चात पता चलता है की उन्होंने अगस्त्य संहिता लिखी है। विद्युत ऊर्जा निर्मिती के प्रकार ऋषि अगस्ति के कालखंड मे यानि 14^{th}AD मे ही संशोधित हुए है। उसके लिए उन्होंने शत-शत विद्युत घाटों का उपयोग किए, प्रयोग किए अत: वे कुंभोंद्भव अगस्त्य संबोधित होने लगे ।

संस्थाप्य मृण्मये पात्रे ताम्रपत्रं सुसंस्कृतम् ।
छादयेच्छिखिग्रिवेन चारद्राभि: काष्ठपांसुभी:।।
दस्तलोष्टोनिधातव्य: पारदाच्छादितस्तत:।
संयोगाज्जायते तेजो मित्रवरूणसंज्ञितम् ॥

अगस्त्य संहिता

यहाँ शिखिग्रीव का अर्थ मोर की गर्दन नहीं है उसके वर्ण का **'मोरचूद'** अर्थात **कॉपर सल्फेट** है । और भी-

अनेन जलभंगोस्ती प्राणोदानेषु वायुषु ।
एवं शतानां कुंभानां संयोगो कार्यकृत्स्मृत:॥
अगस्त्य संहिता

अगस्ती कहते है सौ (विद्युत) घाटों के शक्तिका पानीपर प्रयोग किया जानेपर पानी का रूप बदलके उसका प्राणवायू और उदानवायू (हायड्रोजन) में परावर्तन होता है। और सुदानबाधू प्रतियधक वस्त्र में बंदिस्त करनेचर बसक) उपयोग विज्ञानविधाके लिए होता है।

वायुबन्धकवस्त्रेण निबध्दो यान मस्तके।

अगस्त्यसं हिता शिक्षणशास्त्र सार

अगस्त्यसंहितामे कितने प्रकार से विद्युत उर्जा निर्मिती होती है, यह नामों के साथ बताया है। इसका अभ्यास करके श्री रावसाहब वझे ने उनके प्रकार व नाम बताए है।

1. तड़ित- रेशमी वस्त्रों के घर्षण से
2. सौदामिनी- रत्नों के घर्षण से
3. विद्युतु - बादलों से निर्मित
4. शतकुंभी - सौ घंटों के घर्षण से
5. हृदनी - साठविलेली?
6. अशनि - चुंबकीय दंडोके सहाय्यसे

अगस्तिसंहिता में इलेक्ट्रोप्लेटींग का उपयोग होता था। उससे विद्युतघट के सहाय्य से ताम्र या सोना और चांदी का पानी देने की पद्धत विकसित की अत: उनका उल्लेख 'कुभोद्भव' (बॅटरी बॉर्न) ऐसा करते है। ये है विज्ञान की प्रगती... संशोधक हमारे कुमोद्भव अगस्त्य! यह है हमारी दिव्य भारतीय वैज्ञानिक परंपरा..

वाल्मिकी

"सदूषणामपी निर्दोषा सखरापि च कोमला ।
नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा।।"
-पंक से पंकज अर्थात् वाल्मिकी कथामृत

अर्थात्, जिसमें दूषण राक्षस का वर्णन है किन्तु स्वयं साहीत्य के दोषोंसे रहीत है, जिसमें खर नामक राक्षस का वर्णन है, किन्तु जो अत्यंत कोमल है। 'रामायण' की इस प्रकार की सुंदर कथा की रचना जिस वाल्मिकी ने की है, में उसे नमन करता हूँ।

महर्षी कश्यप और अदिति के नवम पुत्र वरुण से इनका जन्म हुआ, इसके बावजूद अगर संग बिगड़ गया तों क्या होता है, इसका उदाहरण स्वयं महर्षि वाल्मीकि है। आर्थिक अव्यवस्था के कारण उनका डाकुओं से संग हों जाता है,मात्र योग्य समयपर सप्तर्षि था नारद मुनी की कृपा से वे पुन: योग्य राह पर आते है। रामायण लेखन से पहले उनके मन मे शंका उत्पन्न हुई, उनका पूर्व जीवन चोरीं-चपेटीं मे व्यतीत हुआ है, अब इससे अवकाश लिया है मगर फिर भी उनसे लिखित ग्रंथ समजमान्य होगा? ब्रह्मा उनके प्रश्न का समाधान करते है, आप इसके पूर्व दो जनम मे भी निषिद्ध कर्म किए थे। उसीका दंड आपने इस जनम मे चुकाया है । मात्र अब सन्मार्ग पर आनेसे वेदोने भी ऐसे व्यक्ति को संस्कारित करनेकी आज्ञा की है ।

उत देवा अवहितं देवा उन्नयथा पुनः।
उतागश्च क्रुषं देवा देवा जीवयथा पुनः॥
-अथर्ववेद 4.3.1

और फिर महर्षि वाल्मीकि ने रामायण लेखन को प्रारंभ किया। वे लेखन को अभी प्रारंभ करेंगे ही, इतनेमे वार्ता आती है की शंख मुनी अपने भी को लेकर उनसे मिलने आए है.. यह सुनते ही उनको एकाएक सदमा लगा, क्योंकि शंख मुनी ने ही तों उनको पिछले जनम मे जब वे व्याध थे, उनको सही मार्ग पर लाया था। शंख मुनी के भी लिखित मुनी के हाथ दंड स्वरूप काट दिए गए थे और उनका पुन: रोपण करवाने के लिए वे दोनों ऋषि वाल्मीकि के आश्रम मे आए थे ।

चरितं हि वेरिवाच्छेदि पर्णमाजा खेलस्य परितकृम्यायां।
सद्यो जडघामार्यासि विश्वलायै धने हिते सर्तवे प्रत्यधत्तम्।।
ऋग्वेद 1.116.15

सप्तर्षियों ने दिशा देने के बाद वाल्मीकि ने तीर्थाटन किए, बड़े बड़े विद्वानों से विद्या ग्रहण की, शास्त्रचर्चा की उसके बाद वे एक निर्जन वन मे तपस्याधीन हुए। लग-भग तेरा साल एक ही स्थान पर समाधि लगाए बैठे रहने के कारण उनके शरीर पर दीमकों ने घर बना लिया। दीमकों ने बनाए टीले को वाल्मिक कहते है। एक दिन तमसापूर की राजकुमारी मृदा अभ्यास के लिए वन में टहल रही थी, चिकनी मिट्टी, बलुई मिट्टी, लाल मिट्टी, दोमट मिट्टी इ. मे किस प्रकार हम अनाज उत्पन्न कर सकते है इसका परिक्षण चल रहा था। वह टहलते हुए समाधी(बॉबी) के पास आ गई पसैने कोकी यो बिद्रों में से सद्भून प्रकाश आ की उस बॉबी की यो रहा है, उसे जिकामावर) उसने पास पडी मकड़ी उठाकर विना सोन्चे उस छिद्रों में अल दी घुसेड दी। उसने देम्वा ऐसा करते हैंमैं जहाँ से प्रकाश भा-रखा था, खन की धारा बहने लगी और महली वाल्मिकी बॉबी से क दर्द से कराहते हुए

कह खडे हुरी नयनतारी की जिज्ञासा ने ऋषि की आंखे फोड़ दी थी। अक्सने अपने किए की क्षमायाचना करी, वाल्मिकीने उसे माफ कर दिया। उस लकीन उसने प्रण लिया की मेरी वजह से अनुरण आ आप दृष्टीहीन हुए है तो मैं मेरी आँखे निकालकर आपको दूंगी तब तक अन्न-जल प्राशन नहीं करूंगी। उसने अपना प्रण पूरा किया सम्मकी कर्म पूरा हुआ। फिर वाल्मिकी ने संकल्प किया, की में प्रयोगशाला में आँखों का निर्माण कर नयनतारा की पुला दृष्टी इंगा तबकतक अनुसंधान करता रहूँगा।

और फिर प्रयोगशाला में किसी भी जीप की प्रतिमूर्ती (क्लोन) बनाने में सिद्धता हासिल कर ली गई। इसी सिन्हांत पर **द्रव्यशरीरं नरकस्वर्णमपार अम्ल** (डीआक्सीराइबो न्यूक्लिक अम्ल) से प्रयोगशाला में आँखे विकसित करने में भी सफलता मिल गई। दुनिया में केवल महर्षि वाल्मिकी की प्रयोगशाला ही ऐसी थी जिसमे सबसे पहले जीव की प्रतिमूर्ती (क्लोन) और आँखे विकसित करने में सफलता पाई थी। ऋग्वेद में भी मृत व्यक्ती की आँखे निकालकर चक्षुहीन को लगाने का वर्णन है।

"तस्मा अक्षी ना सत्या विचक्ष आधत्तं दस्ताभिषजावनर्वन्।"

ऋग्वेद 1.116.16

सीतात्याग के पश्यात् सीता महर्षि वाल्मिकी के आश्रम में वनदेवी बनकर रहने लगी। उसने लव नामक पुत्र को जन्म दिया। लव दो मास का हो गया तब श्राद्ध मास शुरू हो गया। सिताजी ने अपने श्वसुर स्वर्गीय महाराज दशरथजी का विधीवत् श्राद्ध करने का संकल्प किया वह सारी तैय्यारी करके लव को महर्षी वाल्मिकी के पास छोड़ तमसा नदी के तट पर चल पड़ी, किन्तु उसने सोचा की उनके पोते के हातों तर्पण कराएगी। वापस आई तो वाल्मिकी की आँखे बंद थी उसने चुपचाप लव को उठाया और चली गई , आँख खुलने पर महर्षि ने देखा की लव नहीं है, वे बड़े चिंतित हुए और सीधे जीव विज्ञान अनुसंधान शाला में पहुचे, वहा उनका शिष्य भारद्वाज कुछ प्रयोग कर रहा था। उन्होंने आतेही शिष्य को लव का रक्तबिन्दु लाने का आदेश दिया, उनको लव की प्रतिमूर्ती बनानी थी, पर उसे बननेमे 270 दिन की आवश्यकता थी, मात्र वे महर्षि वाल्मीकि थे, दो घंटे में उनको यह कार्य करना था। उन्होंने भारद्वाज को कुश घास की लुगदी तैयार करने को कहा और, परखनली शिशु (टेस्ट ट्युब बेबी) की जो रासायनिक प्रक्रीया 270 दिनों मे होनी थी, यंत्रो के माध्यम में एक घंटे में संपन्न करा दी गयी। उसके बाद महर्षि ने आत्मा का आवाहन किया तों लव की प्रतिमूर्ति में आत्मा विराजमान हुई और उनके अनुसंधानशाला में नन्हा परखनली शिशु रोने लगा। महर्षि वाल्मिकी ने अपनी सर्वश्रेष्ठ बुद्धि का परिचय देकर असंभव को संभव कर दिखाया था इसलिए उनको देवोद्वारा ब्रह्मऋषि के पद पर गौरवान्वित किया गया।

मनसैव ब्रह्मा ब्रह्मत्वं करोति।

(गो 1.211)

और भी अनेको ऋषीं जैसे **महर्षी भारद्वाज** इन्होने **विमानशास्त्र** का अनुसंधान किया। विमान शास्त्र ग्रंथ पर बोधायन ने टीका लिखी हैं|

निर्मथ्य तद्वेदाम्बुद्धी भरद्वाजो महामुनी।
नवनीतं समुद्धृत्य यंत्र सर्वस्व रूपकम ||
प्रायच्छत् सर्व लोकानामीप्सितार्थ फलप्रदम्।

उनके विमानशास्त्र में कुल 32 प्रकार की विमान रहस्य बताई गई है। इन विमानो में एक स्थान से दुसरे स्थान पर जाने वाले, एक देश से दुसरे देश मे जाने वाले और एक ग्रह से दुसरे ग्रह पर जाने वाले विमान-यान का भी वर्णन है| शत्रु का आक्रमण होने पर तुरंत मुडनें वाला विमान, शत्रू से घिर जाने के पश्चात् विशिष्ट धुवां छोडकर अदृश्य होने वाला विमान, हमारे विमान मे बैठकर शत्रु के विमान के अंदर का दृश्य दिखाने वाले विमान ऐसे कुल 31 यंत्र, उनका निश्चित स्थान व उनका निश्चित कार्य इसका वर्णन है।

दशरथ राजा के जमाई **ऋष्यश्रृंग** पुत्रकामेष्ठी यज्ञ के लिये आमंत्रीत किया था। यज्ञ की संपन्नता के बाद राजा दशरथ को आशिर्वाद देते हुए भविष्यवाणी की- युगंधर पुरुषोत्तम के अवतार के लिए दशरथ के माध्यम से काल ही प्रयत्नशील था। संकल्प बताया व आशिर्वाद दिया- ***कुल चलानेवाले 4 पुत्र तुझे होंगे***। आगे उनकी बात सच हुई।

महर्षि सुतीक्ष्ण...वनवास गमन के पश्चात उनके आश्रम में आने के बाद श्रीराम को छोटे-मोटे ऋषिमुनीओं की तकलीफ समझ आयी। क्योंकी जैसे जैसे राम आगे बढ़ने गए, राक्षसोने नादान ऋषिओं को सुनाना शुरू किया। ये ऋषिमुनी समाजव्यवस्था, शिक्षणव्यवस्था संभाल रहे थे और वे ही असुरक्षीत थे। और फिर श्रीराम उनके आश्रम में प्रतिज्ञा करते है की ***जब तक राक्षसों का समूल नाश नहीं***

अत्री और अनसूया दोनों ही ऋषि दम्पती इन्होने संपूर्ण वनवास में **गृहस्थधर्म** का पालन कैसे करना है ? इसकी महत्वपूर्ण शिक्षा दी। क्योकी दोनों ही साथ में रहनेवाले थे। तो एक दूसरे को अनुरूप कैसे रहना है? तथा एक दूसरे का खयाल कैसे रखना है? इसका मार्गदर्शन किया, इसलिये राम-सीता का वनवास भी अच्छी तरह से कट गया।

इसप्रकार भारत को निर्लेप जीवन वीनेवाले अधिमुनी प्राप्त हुए है अतः भारत का सतत विकसन हो रहा है।

2. संदर्भ ग्रंथ

1. रामेण रामदासेन लिखितं वाल्मीकि रामयणम्।

2. पंक से पंकज , अर्थात श्री वाल्मीकि कथमृत
3. वास्तव रामायण , डॉ. प. वि. वर्तक
4. वाल्मिकीय रामायण , गिताप्रेस गोरखपुर
5. श्री वाल्मीकि रामायण दर्शन
6. विश्वामित्र , सुधाकर शुक्ल
7. श्रीराम-कथामृत, स्वामी गोविंददेव गिरी(आचार्य किशोर व्यास)

महाकाव्य संकल्पना और वाल्मीकि रामायण: एक शोधपरक अध्ययन



शरद कुबेर
(sharadkuber.satara@gmail.com)

महाकाव्य संस्कृत साहित्य की एक प्रमुख एवं गौरवशाली विधा है। यह शोध पत्र 'महाकाव्य' की सैद्धांतिक संकल्पना और वाल्मीकि कृत रामायण के यथार्थ के बीच के अंतर्संबंधों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इस अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य यह स्थापित करना है कि किस प्रकार वाल्मीकि रामायण ने परवर्ती संस्कृत काव्यशास्त्र में प्रतिपादित महाकाव्य के लक्षणों को न केवल आदर्श रूप प्रदान किया, बल्कि उनमें कई नवीन आयाम भी जोड़े। शोध में दृष्टिकोण के रूप में ग्रंथावलोकन एवं विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है। आचार्यों द्वारा निर्धारित महाकाव्य के लक्षणों, जैसे- सर्गबद्ध रचना, दिव्य एवं मानवीय चरित्रों का समन्वय, प्रकरण की विशालता, नायक की महानता, अलंकारों की सहज योजना आदि का वाल्मीकि रामायण के संदर्भ में सूक्ष्म अध्ययन किया गया है। निष्कर्षतः, यह पत्र इस तथ्य को रेखांकित करता है कि वाल्मीकि रामायण केवल एक साहित्यिक ग्रंथ मात्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, दर्शन, समाजशास्त्र और काव्यशास्त्र का एक जीवंत महाकाव्य है, जिसने भारतीय मानस को सहस्राब्दियों से प्रभावित किया है।

1. प्राक्कथन

मेरे पूर्व संचित पुण्य एवं श्री गुरु की कृपा से, मुझे विश्वविख्यात हस्तलिखन शोध संस्था, धुले स्थित श्री समर्थ वाग्देवता मंदिर में पचास वर्षों तक समर्थ साहित्य का सान्निध्य प्राप्त हुआ। समर्थ हृदय शंकर श्रीकृष्ण देव ने आजीवन संपूर्ण भारत के श्री समर्थ के ११०० मठों में उपलब्ध हस्तलिखितों की खोज करके, उनका एक सुव्यवस्थित एवं शास्त्रीय मानदंडों पर आधारित संग्रह तैयार किया और यह समस्त संग्रह अध्येताओं के लिए श्री समर्थ वाग्देवता मंदिर संस्थान में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखा गया है।

यहाँ उपलब्ध 'रामेण रामदासेन लिखितम् वाल्मिकि रामायणम्' नामक हस्तलिखित पोथी, निज़ाम के राज्य में स्थित बीड के श्री समर्थ परंपरा के गिरीधर स्वामी के मठ से प्राप्त हुई है। यह पोथी श्री समर्थ रामदास स्वामी द्वारा शक संवत् १५४४ (ईस्वी सन् १६२२) में, अपनी तपश्चर्या के काल के दौरान, टाकळी (नासिक) में उनके १४ वें वर्ष की आयु में स्वहस्ते लिखित वाल्मीकि रामायण है।

कौस्तुभ मणि के समान महत्व रखने वाले श्री समर्थ वाग्देवता मंदिर में स्थित इस हस्तलिखित के अध्ययन, शोध एवं प्रकाशन परियोजना की शुरुआत सन् २०१० ईस्वी में, मंदिर के ७५वें वर्ष में हुई। इस दीर्घकालिक और चुनौतीपूर्ण यात्रा के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिनमें वित्तीय संसाधनों की कमी और विशेष रूप से, मेरे लिए एक गैर-संस्कृतज्ञ होने के बावजूद संस्कृत के पंडितों के साथ कार्य करने की चुनौती प्रमुख थी। किंतु, दयासिंधु श्री समर्थ की कृपा से अनुप्राणित होकर, २०१५ से २०२३ की अवधि में क्रमशः सभी आठों खंड (बालकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, अरण्यकाण्ड, द्विखंडीत युद्धकाण्ड एवं अंततः उत्तरकाण्ड) प्रकाश में आए। दिनांक ५ अप्रैल, २०२३ को माननीय सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कर-कमलों द्वारा समस्त खंडों का राष्ट्रार्पण एक ऐतिहासिक क्षण था।

यह समस्त उपलब्धि इसलिए संभव हो सकी क्योंकि यह विषय रामायण के चिंतन से संबंधित है। यह काल की सभी सीमाओं को अतिक्रमित करके संपूर्ण विश्व के मानव-हृदय पर अपना आधिपत्य स्थापित करने वाले एक महाकाव्य का अध्ययन है। यह महर्षि वाल्मीकि की उच्चकोटि की प्रतिभा को ब्रह्मदेव के आशीर्वाद तथा नारद मुनि के प्राक्कथन के फलस्वरूप, एक शोकांतिका से उद्भूत छंदोबद्ध रचना का श्लोकबद्ध अविष्कार है। वैदिक काल से ही काव्य में 'सत्यं, शिवं, सुंदरम्' का उत्कृष्ट समन्वय एक आदर्श के रूप में मान्य रहा है, जो आनंदप्रद भी है और महाकाव्य में यह आदर्श विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है।

2. प्रस्तावना

संस्कृत साहित्य के इतिहास में महाकाव्य का स्थान अत्यंत ही उच्च और महत्त्वपूर्ण है। यह मानवीय अनुभूतियों, सामाजिक मूल्यों, ऐतिहासिक घटनाओं और दार्शनिक चिंतन को कलात्मक एवं शिल्पगत उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने वाली विधा है। संस्कृत काव्यशास्त्र में आचार्य भामह, दंडी, विश्वनाथ आदि ने महाकाव्य के जो लक्षण निर्धारित किए हैं, वे परवर्ती काल के अधिकांश महाकाव्यों के लिए मानदंड बने।

किंतु, इन सभी महाकाव्यों के मूल में 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' है। रामायण को 'आदिकाव्य' और श्रीराम को 'आदिनायक' की संज्ञा दी गई है। वाल्मीकि से पूर्व इस प्रकार के विशाल, मार्मिक और शिल्पविधि से परिपूर्ण काव्य का उदाहरण उपलब्ध नहीं है। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वाल्मीकि रामायण ने ही महाकाव्य विधा की नींव रखी और उसे एक ठोस स्वरूप प्रदान किया।

इस शोध पत्र का केंद्रीय विषय यह पड़ताल करना है कि किस प्रकार वाल्मीकि रामायण, सैद्धांतिक रूप से परिभाषित 'महाकाव्य' की अवधारणा को पूर्णतः चरितार्थ करती है और साथ ही उससे कहीं आगे भी जाती है। क्या वाल्मीकि ने केवल एक काव्यात्मक कथा लिखी थी या उन्होंने एक ऐसी सर्जनात्मक ऊर्जा को जन्म दिया था जिसने एक सम्पूर्ण सभ्यता के नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आदर्शों को परिभाषित किया? यह प्रश्न इस शोध की मूल प्रेरणा है।

3. अनुसंधान की समस्या

हालाँकि वाल्मीकि रामायण को सार्वभौमिक रूप से प्रथम महाकाव्य माना जाता है, किंतु एक शोधपरक प्रश्न यह उठता है कि क्या परवर्ती काव्यशास्त्रीय लक्षण वास्तव में रामायण के काव्य-सौंदर्य और उसकी संरचनात्मक जटिलता को पूर्णतः समेट पाते हैं? क्या महाकाव्य की परिभाषा को केवल तकनीकी लक्षणों तक सीमित करके देखना रामायण जैसे ग्रंथ की विशालता के साथ न्याय कर पाएगा? इस शोध का लक्ष्य इसी अंतराल का विश्लेषण करना है।

3.1 अनुसंधान उद्देश्य

1. संस्कृत काव्यशास्त्र में वर्णित महाकाव्य के सैद्धांतिक लक्षणों का संकलन एवं विवेचन करना।
2. वाल्मीकि रामायण का विश्लेषण करते हुए यह सिद्ध करना कि यह ग्रंथ उक्त लक्षणों पर किस सीमा तक खरा उतरता है।
3. उन पहलुओं को चिन्हित करना जिनमें रामायण महाकाव्य की परंपरागत परिभाषा से आगे जाकर एक 'धर्मग्रंथ', 'इतिहास' और 'जीवन-दर्शन' का दर्जा प्राप्त करती है।
4. वाल्मीकि रामायण के महाकाव्यत्व में निहित उसकी सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना।

3.2 अनुसंधान पद्धति

यह शोध मुख्यतः **गुणात्मक अनुसंधान (Qualitative Research)** पर आधारित है। इसमें निम्नलिखित पद्धतियों का उपयोग किया गया है:

1. **ग्रंथावलोकन विधि (Textual Review Method):** इस शोध के लिए प्राथमिक स्रोत के रूप में 'रामेण रामदासेन लिखितम् वाल्मिकि रामायणम्' के हस्तलिखित एवं इसके संशोधित प्रकाशनों का अध्ययन किया गया है। साथ ही, द्वितीयक स्रोतों के रूप में आचार्य दंडी का 'काव्यादर्श', विश्वनाथ का 'साहित्यदर्पण' तथा रामायण पर लिखित आधुनिक विद्वानों की समीक्षात्मक कृतियों का अवलोकन किया गया है।
2. **विश्लेषणात्मक पद्धति (Analytical Method):** प्राप्त सामग्री का तार्किक एवं गहन विश्लेषण करते हुए, महाकाव्य के सिद्धांत और रामायण के व्यवहार के बीच तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।
3. **व्याख्यात्मक पद्धति (Hermeneutic Method):** रामायण के श्लोकों, प्रसंगों और चरित्र-चित्रण की व्याख्या करते हुए उनमें निहित काव्यात्मक, नैतिक और दार्शनिक अर्थों को उद्घाटित करने का प्रयास किया गया है।

4. विवेचन एवं विश्लेषण (Discussion and Analysis)

4.1 महाकाव्य की सैद्धांतिक संकल्पना एवं लक्षण

भारतीय काव्यशास्त्र में महाकाव्य के विशिष्ट लक्षण निर्धारित किए गए हैं। वाल्मीकि रामायण के संदर्भ में उपलब्ध पाठ के अनुसार महाकाव्य के चार प्रमुख मूल तत्व माने जा सकते हैं: कथा-वस्तु (कथानक), पात्र (नायक), प्रयोजन (उद्देश्य) और शैली (रचना-विधान)।

4.2 वाल्मीकि रामायण: सैद्धांतिक लक्षणों के परिप्रेक्ष्य में

4.2.1 कथा-वस्तु (कथानक)

- **विशालता एवं सर्गबद्धता:** महाकाव्य का कथानक विशाल और व्यापक जीवन चित्रण करने वाला होता है। 'सर्गबंधो महाकाव्यम्' – अर्थात सर्गों में बँधी हुई रचना ही महाकाव्य है। वाल्मीकि रामायण सात कांडों (बाल, अयोध्या, अरण्य, किष्किंधा, सुन्दर, लंका, उत्तर) और लगभग ५०० सर्गों (कुछ संस्करणों में ६४०) में विभक्त है, जो आवश्यक आठ सर्गों की शर्त से कहीं अधिक है। इसमें कुल २४,००० श्लोक हैं, इसीलिए इसे 'चतुर्विंशति साहस्र संहिता' भी कहते हैं। यह एक सुसूत्रित, सुगठित वास्तुशिल्प है जिसमें प्रभु श्रीराम जैसे व्यक्तित्व सर्वत्र विचरण करते हैं।
- **ऐतिहासिकता:** महाकाव्य की कथा शुद्ध ऐतिहासिक होनी चाहिए, न कि काल्पनिक। रामकथा वाल्मीकि रामायण का आत्मा है और इसे शुद्ध इतिहास माना गया है। इसमें इक्ष्वाकु कुल की बयालीस पीढ़ियों का वृत्तांत, निमि का वंश-वृक्ष, वानर कुल का विस्तार, राक्षस कुल की उत्पत्ति, ऋषि-मुनियों का इतिहास, सृष्टि निर्मिति के टप्पे, नगरों के वास्तुशिल्प आदि अनेक तथ्य अंतर्भूत हैं।
- **व्यापक जीवन चित्रण:** कथा का वास्तु-पटल विशाल होना चाहिए। रामायण में अयोध्या का राजसी जीवन, मिथिला की संस्कृति, दंडकारण्य का वनवास, किष्किंधा की वानर-सभ्यता और लंका के ऐश्वर्य का विस्तृत भौगोलिक और सामाजिक चित्रण उपलब्ध है।

4.2.2 पात्र (नायक)

- **नायक के गुण:** महाकाव्य का नायक इतिहास-प्रसिद्ध, उदात्त, महान, उच्चतम चरित्र वाला, धीरोदात्त और आदर्श गुण-संपन्न होना चाहिए। वह वैभवशाली, भद्र, कुलीन और यशस्वी हो। भगवान श्री राम का चरित्र त्याग, मर्यादा, वीरता और धर्मपरायणता का प्रतीक है, जो इन सभी लक्षणों को पूर्ण करता है।
- **व्यापक चित्रण:** नायक का संपूर्ण जीवन-चित्रण होना चाहिए। वाल्मीकि रामायण में केवल नायक ही नहीं, बल्कि कथा में गुंथे हुए समस्त पात्र एक से बढ़कर एक भारदस्त व्यक्तित्व के धनी हैं और उनकी भूमिका किसी भी दृष्टि से गौण नहीं है।

4.2.3 प्रयोजन (उद्देश्य)

- **महाकाव्य का स्वरूप:** महाकाव्य निर्दोष शब्दार्थ, समयोचित अलंकारों से समृद्ध और सद्वस्तु-चिंतन कराने वाला होता है।
- **पंच संधि:** महाकाव्य में विचार-विमर्श, दूत, प्रयाण, युद्ध और नायक का अभ्युदय – इन पंच संधियों का होना आवश्यक है। वाल्मीकि रामायण में इन सभी संधियों का स्पष्ट प्रत्यय मिलता है।
- **चतुर्वर्ग फलप्राप्ति:** महाकाव्य का उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष (चतुर्वर्ग) में से कम से कम एक की सांगोपांग प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करना होता है। रामायण का मुख्य उद्देश्य धर्म की स्थापना, कर्तव्य का पालन और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग दिखाना है। यह आत्मचिंतन की ओर भी प्रेरित करती है।

4.2.4 शैली (रचना-विधान)

- **रस की प्रधानता:** रचना नवरसात्मक होनी चाहिए। वाल्मीकि रामायण में सभी रसों का समावेश है, किंतु जन-स्वभाव और प्रसंगानुसार करुण एवं शृंगार रस का प्रभाव अधिक स्थायी है।
- **छंद और भाषा:** रामायण में मुख्य रूप से अनुष्टुप छंद (श्लोक) का प्रयोग किया गया है। इसकी शैली प्रसन्नता देने वाली और प्रासादिक है।
- **अन्य लक्षण:** महाकाव्य का आरंभ नमन से होना चाहिए। सज्जनों के गुणों का वर्णन और दुर्जनों की निंदा होनी चाहिए, जिसका वाल्मीकि रामायण में स्पष्टतया पालन हुआ है। सर्ग के अंत में आगे की कथा का सूत्रोवाच होता है। जीवन के विविध अंगों का समृद्ध चित्रण है। कथानक धारावाहिक एवं मार्मिक है। यद्यपि युद्ध जैसे प्रसंग हैं, तथापि नायक का वध नहीं होता। रामायण का अंत राम के अभ्युदय और आदर्श रामराज्य की स्थापना के साथ होता है, जो एक आदर्श समापन है।

4.3 वाल्मीकि रामायण का आदि-काव्यत्व

वाल्मीकि रामायण को 'आदिकाव्य' इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह लौकिक संस्कृत साहित्य की प्रथम महाकाव्य रचना है। महाकाव्य की उत्पत्ति ही एक शोकांतिका (क्रौंच पक्षी के जोड़े का वियोग) से हुई, जब महर्षि वाल्मीकि के मुख से अनायास ही अनुष्टुप छंद में पहला श्लोक फूटा:

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

(हे निषाद, तुझे चिरकाल तक प्रतिष्ठा न मिले, क्योंकि तूने काममोहित एक क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला है।)

इस 'श्लोक' के रूप में अभिव्यक्त इस घटना ने छंदोबद्ध रचना को जन्म दिया और काव्यशास्त्र के लिए एक मानक स्थापित किया। यहीं से काव्य की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है।

4.4 परंपरागत लक्षणों से परे: रामायण का विशिष्ट महाकाव्यत्व

वाल्मीकि रामायण की महानता केवल तकनीकी लक्षणों को पूरा करने में नहीं, बल्कि उससे आगे बढ़कर है:

- **आदर्शों का प्रतिपादन:** यह ग्रंथ मर्यादा पुरुषोत्तम राम, आदर्श पत्नी सीता, आदर्श भाई लक्ष्मण और आदर्श भक्त हनुमान के चरित्रों के माध्यम से मानव जीवन के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। यह 'धर्म' की स्थापना का महाकाव्य है।
- **सामाजिक दर्शन:** इसमें राजधर्म, पितृधर्म, पत्नीधर्म, मित्रधर्म आदि का विस्तृत विवेचन है।
- **मनोवैज्ञानिक गहराई:** रामायण के पात्र जटिल मनोभावों से युक्त हैं। कैकेयी का अंधा प्रेम, रावण का अहंकार और ज्ञान, सीता की आंतरिक पीड़ा – ये सभी चित्रण काव्य को मानवीय अनुभूति की गहराई प्रदान करते हैं।
- **सांस्कृतिक एकता का प्रतीक:** रामायण ने समस्त भारतीय उपमहाद्वीप को एक सांस्कृतिक सूत्र में बाँधने का कार्य किया है। रामकथा आज भी अनेकानेक देशों के कोने-कोने में विविध रूपों में जीवित है।
- **सृजनशील साहित्य का बीज:** वाल्मीकि रामायण भविष्य में आकार पाने वाले अनेक संस्कृत एवं भारतीय भाषाओं के महाकाव्यों एवं रचनाओं (जैसे रघुवंश, रामचरितमानस, एकनाथी भावार्थ रामायण, गीत रामायण आदि) के लिए बीजभूत है। यह केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक सजीव साहित्यिक परंपरा का आरंभ है।

5. निष्कर्ष

ऐसा प्रतीत होता है कि रामायण महाकाव्य के अभ्यास से ही काव्यशास्त्र के सिद्धांतों का विकास हुआ। अभ्यास के लिए रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्य समक्ष थे, इसलिए महाकाव्य की व्याख्या संभव हो सकी। इनमें भी वाल्मीकि रामायण एक सर्वांगीण आदर्श महाकाव्य है, इसीलिए इसकी उत्तमोत्तम संकल्पनाओं को ही महाकाव्य की कसौटी के लिए प्रमाणभूत स्वीकार किया गया।

इस शोध अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वाल्मीकि रामायण महाकाव्य विधा का न केवल आदि बिंदु है, बल्कि एक ऐसा सम्पूर्ण और जीवंत उदाहरण है जिसने इस विधा के लिए मानदंड स्थापित किए। यह ग्रंथ कथा-वस्तु, पात्र-चरित्र, उद्देश्य और शैली—महाकाव्य के चारों मूल तत्वों को अभूतपूर्व उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करता है।

किंतु, इसकी सच्ची महत्ता इसके काव्यशास्त्रीय ढाँचे से आगे, उस जीवन-दर्शन में निहित है जिसे इसमें प्रतिपादित किया गया है। वाल्मीकि रामायण एक महाकाव्य होने के साथ-साथ एक धर्मशास्त्र, एक इतिहास, एक दर्शन ग्रंथ और भारतीय सभ्यता का सांस्कृतिक कोश भी है। यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि भारतीय जनमानस की चेतना में रचा-बसा एक ऐसा महाकाव्य है जो प्रत्येक युग में नए अर्थ देता रहता है और मानवता को धर्म, न्याय और मर्यादा का मार्ग दिखाता रहता है।

अन्य साहित्य रचना के लिए महाकाव्य की उपजीव्यता (The Mahakavya as a Sustaining Source): वाल्मीकि रामायण की सर्वाधिक विशिष्टता इसकी **उपजीव्यता** अर्थात अन्य साहित्यिक रचनाओं के लिए एक जीवंत आधार प्रदान करने की क्षमता में निहित है। यह केवल एक स्व-निहित रचना नहीं, बल्कि एक साहित्यिक-सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्रबिंदु है। इसने असंख्य ग्रंथों, काव्यों, नाटकों, टीकाओं और क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य के लिए आधार का कार्य किया है। संस्कृत में ही कालिदास का 'रघुवंश', भवभूति का 'महावीरचरितम्', प्राचीन तमिल 'कम्ब रामायणम्', हिंदी में तुलसीदास का 'रामचरितमानस', मराठी में एकनाथ का 'भावार्थ रामायण' और आधुनिक युग में 'गीत रामायण' जैसी रचनाएँ सीधे तौर पर वाल्मीकि रामायण की इसी उपजीव्य शक्ति की सन्तान हैं। इस प्रकार, यह महाकाव्य एक 'सृजनात्मक मूल-स्रोत' (Creative Ur-text) के रूप में स्थापित होता है, जो साहित्य की विविध धाराओं को सतत पोषण प्रदान करता रहा है।

एक अत्यंत समयोचित उदाहरण प्रस्तुत करते हुए – वर्तमान में 'वंदे मातरम्' गीत की शताब्दी-अर्धशती मनाई जा रही है, जिसका उगम सीधे वाल्मीकि रामायण में ही निहित है – यह विवेचन श्रीरामचरणों में अर्पित है।

जय जय रघुवीर समर्थ।

6. ग्रंथ-सूची

1. रामेण रामदासेन लिखितं वाल्मिकी रामायणम्, मूळ हस्तलिखित संहिता, श्री समर्थ वाग्देवता मंदिर, धुळे।
2. रामेण रामदासेन लिखितं वाल्मिकी रामायणम्, संशोधन आवृत्ती (आठ बृहद् खंड), श्री समर्थ वाग्देवता मंदिर, धुळे प्रकाशन, ई. स. २०२३।
3. रामदासी संशोधन खंड, द्वितीय खंड, सत्कार्योत्तेजक सभा प्रकाशन (सं. समर्थ-हृदय शं. श्री. देव), ई. स. १९२८ (बाड़ क्रमांक ६५३, ६५४) तथा अन्य रामायण की पाण्डुलिपि मूल दस्तावेज।
4. वाल्मिकी रामायणम् (लाहोर, बडोदा संस्करण); त्रिटीका (परिमल प्रकाशन); निर्णय सागर (समग्र तिलक-टीका, ई. स. १९१८ आवृत्ति)।
5. वाल्मीकि रामायण (मूल संस्कृत), गीताप्रेस गोरखपुर।
6. वाल्मिकी रामायण, संशोधित पाठावृत्ती (सं. अमरेंद्र गाडगीळ), पुणे।
7. Altekar, Dr. G.S. *Studies on Valmiki Ramayana*. BORI, Pune Publication, 1987.
8. दंडी, आचार्य। काव्यादर्श। (सं. एवं अनु. डॉ. श्रीधर भास्कर वरुण)। चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी।
9. विश्वनाथ, आचार्य। साहित्यदर्पण। (सं. डॉ. जयदेव शुक्ल)। राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. गोयनका, डॉ. शिवाजी सिंह। संस्कृत साहित्य का इतिहास। प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली।
11. पांडेय, डॉ. रामअवतार। वाल्मीकि रामायण: एक समीक्षा। लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

A Critical Study of the Lineage of Rāma in the Ayodhya Kāṇḍa: A Textual Analysis across Recensions of the Vālmīki Rāmāyaṇa



Nilesh Joshi
Indian Institute of Technology Bombay
(nileshjoshi@iitb.ac.in)

Vaishnavi Pai
Amrita VishwaVidhyapeetam, Amritapuri
(vaishnavipai09@gmail.com)

This paper presents a critical textual analysis of the genealogy of Rāma (the Raghava-vaṃśa) as presented in the Ayodhyā Kāṇḍa of the Vālmīki Rāmāyaṇa. Utilizing a comparative methodological framework, this study collates the lineage from Brahmā to Rāma across four major recensions: the Southern Recension (SR), the North-Western Recension (NWR), the Eastern Recension (ER), and the Critical Edition (CE). The analysis, supported by detailed comparative tables, reveals profound and systematic variations in the genealogical account, including the insertion and omission of kings, transposition of sequences, and phonetic corruption of names. The study concludes that the Raghava-vaṃśa is not a fixed historical record but a fluid narrative element. Its stability is maintained for core, narrative-significant kings, while the connective generations demonstrate significant alteration. These variations are attributed to oral transmission, scribal errors, and deliberate redaction to align with Purāṇic and other regional traditions. The Critical Edition, by presenting a shorter, less harmonized version, provides a foundational text for understanding this evolutionary process.

1. Introduction

The Vālmīki Rāmāyaṇa stands as a cornerstone of Indian literature, its transmission over millennia resulting in a complex tapestry of textual variations. The existence of multiple recensions—regional versions with significant divergences—challenges the perception of a monolithic epic. The Ayodhyā Kāṇḍa, which details the events in Ayodhya leading to Rāma's exile, contains a pivotal genealogical section where the sage Vasiṣṭha recounts the illustrious lineage of the Ikṣvāku dynasty to King Daśaratha. This Raghava-vaṃśa serves to legitimize Rāma's status and connect him to a divine and heroic past.

However, a preliminary examination reveals startling discrepancies in this genealogy across different published versions. This study moves beyond a theoretical discussion to provide a granular, data-driven analysis of these variations. By comparing the genealogical lists from the Southern Recension (Nirṇaya Sāgar), the North-Western Recension (DAV, Lahore), the Eastern Recension (Bengali Version), and the Baroda Critical Edition, this research answers a central question: What are the specific patterns and nature of the variations in the genealogical account, and what do they reveal about the text's transmission history? We hypothesize that the genealogy evolved through identifiable processes of textual criticism, with its fluidity concentrated in generations not central to the epic's core narrative.

2. Methodology and Recessional Overview

This research employs a philological and comparative textual analysis methodology.

1. Source Selection: The primary sources are the aforementioned printed editions, representing the major recensional families.
2. Data Extraction: The genealogical lists from Ayodhyā Kāṇḍa sargas 102/110 were extracted verbatim.
3. Collation and Tabulation: The lists were collated into a comparative table, placing each king's name in his sequential position across recensions. This allowed for the identification of omissions, insertions, transpositions, and onomastic variations.
4. Pattern Analysis: The tabulated data was analyzed to identify patterns of stability and fluidity, correlating them with narrative significance and potential causes of variation.

The recensions themselves have distinct characteristics

1. Southern Recension (SR): Known for its expansive, elaborate nature.
2. North-Western Recension (NWR): A representative of the Northern tradition.
3. Eastern Recension (ER): The Bengali version, edited by Gorresio, known for its poetic fluency and representing the Eastern tradition.
4. Baroda Critical Edition (CE): A reconstructed text aiming for the earliest attainable form by applying textual critical principles to hundreds of manuscripts.

3. Comparative Analysis: A Data-Driven Examination

The comparative table (see Appendix) forms the empirical backbone of this study. The analysis reveals several categories of variation.

1. Major Divergences in Early Ancestry

The lineage's very foundation shows significant disagreement. The CE lists अङ्गिरस् (Angiras) and प्रचेतस् (Pracetas) between Kaśyapa and Manu, a sequence entirely absent in the SR, NWR, and ER, which move directly from Kaśyapa to Vivasvān and then Manu. This indicates fundamentally different traditions regarding the theological and mythical connection of the Ikṣvāku line to the primordial progenitors.

2. Patterns of Insertion and Omission

A clear pattern of expansion is evident. The SR inserts a unique king, पुष्यः (Pushya), not found in any other recension at that location. This is a classic example of the SR's expansive tendency. Furthermore, the number of kings between Ikṣvāku and Daśaratha varies significantly, with the SR being the longest and the CE the shortest, confirming a historical trend of genealogical inflation.

3. Onomastic Variation and Phonetic Corruption

Many variations stem from the substitution of names, likely due to oral transmission and scribal error.

- Substitution: At the same generational level, we find बाणः (Bāṇa, in CE/ER) versus रेणुः (Reṇu, in SR). Later, a critical divergence occurs with ययातिः (Yayāti, in CE) versus नाभागः (Nābhāga, in SR/NWR/ER). Yayāti's presence is significant as he is a major Purāṇic king, suggesting a cross-traditional integration in the CE's lineage source.
- Phonetic Corruption: The sequence of names प्रसुस्तकः (CE), प्रशुश्रुवः (SR), प्रशुश्रुकः (NWR/ER) clearly demonstrates phonetic shift (confusion between 't' and 'ś', 'v' and 'k'), a common feature in manuscript traditions.

4. Scribal Error and Transposition

The NWR lists धुन्धुमारः (Dundhumāra) twice in succession, omitting युवनाश्वः (Yuvanāśva) entirely. This is a textbook example of a scribal error (parablepsis), where a copyist's eye likely skipped from one line to another with a similar ending.

5. Synonym Usage and Core Stability

Despite the variations, a core of narratively crucial kings remains perfectly stable across all recensions: Ikṣvāku, Sagar, Bhagīratha, Dilīpa, Raghu, Aja, Daśaratha, and Rāma. These figures, around whom major myths and stories are woven, form the immutable anchors of the lineage. For instance, सौदासः (Saudāsa, in CE) is a recognized synonym for कल्माषपादः (Kalmāṣapāda, in SR/NWR/ER), showing different traditions preferring different names for the same king.

4. Interpreting the Fluid Lineage

The data robustly supports the hypothesis that the Raghava-vaṃśa was a dynamic, evolving construct. The variations are not arbitrary but reveal the mechanisms of textual transmission in a pre-print culture.

1. The Malleable Connective Tissue

The stability of core kings versus the fluidity of others indicates that the genealogical list was not memorized as a whole. The "connective tissue" between major narrative anchors was flexible, allowing for local variation, incorporation of regional heroes, or alignment with other king-lists.

2. Purāṇic Integration

The inclusion of Yayāti in the CE is a stark example of how the Rāmāyaṇa's genealogy was not isolated. Redactors consciously or unconsciously integrated figures from the Mahābhārata and Purāṇic traditions to create a more comprehensive and unified "history."

3. The Critical Edition as a Baseline

The CE's shorter list and its unique readings (Angiras, Pracetas, Yayati) often place it at odds with the consolidated readings of the major regional recensions. This supports the critical editors' conclusion that the regional recensions often represent a later, harmonized, and expanded stage of the text. The CE offers a plausible earlier, and less inflated, version of the lineage.

5. Conclusion

This critical study, grounded in a detailed comparative table, conclusively demonstrates that the lineage of Rāma in the Ayodhyā Kāṇḍa is a palimpsest of India's textual history. The genealogical list functioned as a living tradition, preserving its core narrative identity through iconic kings while allowing for significant variation in its peripheral elements. The patterns of insertion, omission, substitution, and phonetic change provide a clear window into the processes of oral and scribal transmission over centuries. The Raghava-vaṃśa, therefore, cannot be treated as a single, authoritative chronology. It is a constellation of related traditions, each a valid testament to the epic's enduring, dynamic, and multi-faceted life across the

Indian subcontinent. This analysis underscores the necessity of a critical edition for scholarly study and opens avenues for further research into the sectarian and regional motivations behind specific genealogical variations.

6. References

1. Bhatt, G. H., and U. P. Shah, eds. The Vālmīki-Rāmāyaṇa: Critical Edition. 7 vols. Oriental Institute, 1960-1975.
2. Gorresio, Gaspare, ed. and trans. Ramayana: Poema Indiano di Valmici. 10 vols. Stamperia Reale, 1843-1858. (Based on the Eastern [Bengali] Recension).
3. Shastri, Hari Prasad, trans. The Ramayana of Valmiki. 3 vols. Shanti Sadan, 1952. (Based on the Eastern [Bengali] Recension).
4. Valmiki Ramayan (Hindi Translation). Edited by Pandit Ramnarayan Gopal 'Vidyabhushan'. Nirnay Sagar Press, 1930. (Based on the Southern Recension).
5. Valmikiya Ramayana. Edited by T. R. Krishnacharya. D.A.V. College Publishing Department, 1911-1913. (Based on the North-Western Recension).

7. Appendix

Comparative Table of the Lineage of Rāma

Baroda Critical Edition (CE)	Southern Recension (SR)	North-Western Recension (NWR)	Eastern Recension (ER)	Critical Observations
ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	**Universal Beginning.**
मरीचिः	मरीचिः	मरीचिः	मरीचिः	**Constant Saptarishi.**
कश्यपः	कश्यपः	कश्यपः	कश्यपः	**Constant Progenitor.**
अङ्गिरस्	विवस्वान्	विवस्वान्	विवस्वान्	**Major Divergence 1:** Different theological link.
प्रचेतस्				**Unique Ancestor** in CE.
मनुः	मनुः	मनुः	मनुः	**Constant First Man.**
इक्ष्वाकु	इक्ष्वाकु	इक्ष्वाकु	इक्ष्वाकु	**Constant Dynasty Founder.**
कुक्षिः	कुक्षिः	कुक्षिः	कुक्षिः	
विकुक्षिः	विकुक्षिः	विकुक्षिः	विकुक्षिः	
बाणः	**रेणुः**	बाणः	बाणः	**Variation/Substitution.**
	पुष्यः			**Southern Expansion 1.**
अनरण्यः	अनरण्यः	अनरण्यः	अनरण्यः	
पृथुः	पृथुः	पृथुः	पृथुः	
त्रिशङ्कुः	त्रिशङ्कुः	त्रिशङ्कुः	त्रिशङ्कुः	
धुन्धुमारः	धुन्धुमारः	धुन्धुमारः	धुन्धुमारः	
युवनाश्वः	युवनाश्वः	**धुन्धुमारः**	युवनाश्वः	**Scribal Error** in NWR.
मान्धाता	मान्धाता	मान्धाता	मान्धाता	**Key Emperor.**
सुसन्धिः	सुसन्धिः	सुसन्धिः	सुसन्धिः	
ध्रुवसन्धिः	**प्रसेनजित्**	**धृतसन्धिः**	**प्रसेनजित्**	**Major Divergence 2:** Unstable tradition.
भरतः	भरतः	भरतः	भरतः	
असितः	असितः	असितः	असितः	
सगरः	सगरः	सगरः	सगरः	**Core Ancestor.**
असमञ्जस्	असमञ्जस्	असमञ्जस्	असमञ्जस्	
अंशुमान्	अंशुमान्	अंशुमान्	अंशुमान्	
दिलीपः	दिलीपः	दिलीपः	दिलीपः	
भगीरथः	भगीरथः	भगीरथः	भगीरथः	**Core Ancestor.**
ककुत्स्थः	ककुत्स्थः	ककुत्स्थः	ककुत्स्थः	
रघुः	रघुः	रघुः	रघुः	**Eponymous Ancestor.**
सौदासः	**कल्माषपादः**	**कल्माषपादः**	**कल्माषपादः**	**Synonym Usage.**
खड्गी	**खनित्रः**	**शङ्खणः**	**शङ्खणः**	**Major Divergence 3:** Extreme fluidity.

Baroda Critical Edition (CE)	Southern Recension (SR)	North-Western Recension (NWR)	Eastern Recension (ER)	Critical Observations
सुदर्शनः	सुदर्शनः	सुदर्शनः	सुदर्शनः	
अग्निवर्णः	अग्निवर्णः	अग्निवर्णः	अग्निवर्णः	
शीघ्रगः	शीघ्रगः	शीघ्रगः	शीघ्रगः	
मनुः	**मरुः**	**मरुः**	**मरुः**	**Variation.**
प्रसुस्तकः	**प्रशुश्रुवः**	**प्रशुश्रुकः**	**प्रशुश्रुकः**	**Phonetic Corruption.**
अम्बरीषः	अम्बरीषः	अम्बरीषः	अम्बरीषः	
नहुषः	नहुषः	नहुषः	नहुषः	
ययातिः	**नाभागः**	**नाभागः**	**नाभागः**	**Major Divergence 4:** Puranic Integration in CE.
अजः	अजः	अजः	अजः	
दशरथः	दशरथः	दशरथः	दशरथः	
रामः	रामः	रामः	रामः	**The Hero - Universal.**

रामायण में हनुमान की भूमिका: दैवीय वायुगतिकी तथा भक्ति, श्रद्धा, शक्ति और ब्रह्मांडीय चेतना में छिपा वैदिक विज्ञान



भरत राज सिंह
प्रमोद कुमार सिंह
आशा कुलश्रेष्ठ
Vedic Science Centre, School of Management Sciences, Lucknow
(brsingh@smslucknow.ac.in)

एक रामायण में हनुमान जी का चरित्र केवल भक्ति और शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि दैवीय वायुगतिकी, ऊर्जा विज्ञान तथा ब्रह्मांडीय चेतना का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। वे योगशक्ति और प्राण ऊर्जा के माध्यम से भौतिक सीमाओं को लांघने वाले वैदिक विज्ञान के सजीव प्रतीक हैं। बाल्यावस्था में सूर्य को निगलने का प्रयास "सौर ऊर्जा अवशोषण" का संकेत देता है, जबकि लंका-दहन "दहन-ऊर्जा" के वैदिक रूप को दर्शाता है। समुद्र पार की उड़ान योग में वर्णित "उदान वायु" नियंत्रण का उदाहरण है। गदा का प्रयोग कोणीय संवेग व ऊर्जा-संतुलन के सिद्धांतों को प्रकट करता है। हनुमान जी का जीवन इस तथ्य का प्रमाण है कि भक्ति, श्रद्धा और सेवा केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक ऊर्जा-रूपांतरण की प्रक्रियाएँ हैं। वे मानव चेतना के उस स्तर का प्रतीक हैं जहाँ विज्ञान, योग और भक्ति एकीकृत होकर "दैवीय वायुगतिकी" की सजीव व्याख्या करते हैं।

1. प्रस्तावना

भारतीय संस्कृति में *रामायण* केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, नीति, विज्ञान और अध्यात्म का समन्वित महाकाव्य है। इसके प्रत्येक पात्र में किसी न किसी सार्वभौमिक तत्व का प्रतीकात्मक अर्थ निहित है। विशेषतः हनुमान का चरित्र ऐसा आयाम प्रस्तुत करता है, जो *भक्ति, शक्ति और सेवा* का अद्भुत संयोग है। वे न केवल एक सेवक या भक्त हैं, बल्कि "दैवीय वायुगतिकी" (Divine Aerodynamics) के प्रथम प्रतीक के रूप में उभरते हैं। हनुमान जी का जीवन और कर्म मानव चेतना की उन ऊँचाइयों का संकेत देता है, जहाँ भक्ति केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि ऊर्जा और चेतना के वैज्ञानिक रूपांतरण का माध्यम बन जाती है। बाल्यकाल में सूर्य को निगलने का प्रयास, लंका दहन, समुद्र लांघना, संजीवनी पर्वत उठाना, अहिरावण का वध और अंततः अयोध्या वापसी — ये प्रसंग केवल पौराणिक आस्था नहीं, बल्कि वैदिक ऊर्जा-विज्ञान और ब्रह्मांडीय गति के प्रतीक हैं।आधुनिक युग में, जब मानव एयरोस्पेस, क्वांटम फिजिक्स, और बायो-एनर्जी के क्षेत्रों में नए क्षितिज खोज रहा है, तब हनुमान का चरित्र प्राचीन वैदिक विज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक सोच के बीच एक सेतु के रूप में दिखाई देता है (Singh & Kulshreshtha, 2023)।

1.1 हनुमान जन्म व पौराणिक प्रसंग

हनुमान जी की उत्पत्ति ब्रह्मांडीय तत्वों और दैवीय इच्छा के संगम पर आधारित है। वाल्मीकि रामायण (किष्किंधा कांड 4.65) के अनुसार, वायुदेव ने भगवान शिव की दिव्य अग्नि ऊर्जा का एक अंश वानर कुल की तपस्विनी अंजना के गर्भ में प्रवाहित किया। इस प्रकार हनुमान जी का जन्म हुआ—जो संयम द्वारा नियंत्रित शक्ति के अवतार हैं। वे ऐसी दिव्य सत्ता हैं जिनकी प्राणशक्ति स्वयं वायुमंडल की गतिशील शक्तियों का प्रतिरूप है।

उनके जन्म की कथा कई प्रतीकात्मक अर्थों को प्रकट करती है। वायु गति का प्रतीक है, अंजना ज्ञान और चेतना की धारणा का; और इन दोनों का मिलन चेतना के जागरण का द्योतक है। हनुमान नाम का अर्थ—"जिसका जबड़ा विकृत हुआ"—को केवल शारीरिक घटना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह उनके उस अनुभव का प्रतीक है जब उन्होंने सूर्य को फल समझकर निगलने का प्रयास किया। यह घटना मानव बुद्धि की उस जिज्ञासा का रूपक है जो प्रकाश (ज्ञान) के स्रोत को प्राप्त करना चाहती है।

शास्त्रों में वर्णन है कि बालक हनुमान ने उदयमान सूर्य की ओर छलांग लगाई, उसे फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। देवताओं के प्रहार से जब वे रोके गए, तब वह क्षण उस दिव्य ऊर्जा के आत्मसंयम में रूपांतर का प्रतीक बन गया—जब अनियंत्रित शक्ति स्वयं अनुशासित होती है। उसी क्षण से उनकी शक्ति धर्म (नियम), भक्ति और ज्ञान के अधीन रहने लगी।

योगिक दृष्टिकोण से हनुमान मूलाधार से सहस्रार तक कुण्डलिनी जागरण के प्रतीक हैं—जहाँ स्थूल जीवनशक्ति दिव्य सेवा में रूपांतरित होती है। भौतिक रूप से वे असीम सामर्थ्य के प्रतीक हैं, जबकि नैतिक रूप से वे आत्मसंयम के आदर्श हैं। उनके प्रत्येक दिव्य गुण—उड़ने की क्षमता, रूप परिवर्तन, अथाह बल—धर्म के नियंत्रण में कार्य करते हैं। इस प्रकार वे न केवल आध्यात्मिक, बल्कि नैतिक अभियंत्रण (moral engineering) के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जिसका समकक्ष आधुनिक सुपरह्यूमन कथाओं में भी दुर्लभ है।

1.2 वैदिक परिप्रेक्ष्य में हनुमान का स्वरूप

वेदों में "वायु" को प्राण का रूप माना गया है —

"वायुरनिलममृतमथेदं भस्मांतं शरीरम्" (ईशोपनिषद् 17)

यहाँ "वायु" केवल हवा नहीं, बल्कि *प्राण शक्ति* का प्रतीक है, जो समस्त सृष्टि को गतिशील रखती है। हनुमान, वायु के पुत्र होने के कारण, उसी प्राण-ऊर्जा के साक्षात् मूर्त रूप हैं। उनका नाम ही "हनुमान"— अर्थात् "जो अहं (Ego) का हनन करे"— उनके चरित्र की दार्शनिक गहराई को दर्शाता है।

वैदिक दृष्टि से देखा जाए तो *वायुगतिकी* का मूल सिद्धांत— *गति और संतुलन*— हवा की दिशा, वेग, और दाब के बीच सामंजस्य पर आधारित है। हनुमान इस सिद्धांत के जीवंत उदाहरण हैं। उनके प्रत्येक कार्य में ऊर्जा का सटीक नियमन, दिशा-संवेदन और भौतिक प्रतिरोध पर नियंत्रण स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है (Ramaswamy, 2018)।

1.3 रामायण में हनुमान की वैज्ञानिक भूमिका का परिचय

वाल्मीकि *रामायण* और *रामचरितमानस* में वर्णित हनुमान के कार्य आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से अद्भुत प्रतीत होते हैं। कुछ प्रमुख उदाहरण—

1. सौर ऊर्जा अवशोषण: बाल्यावस्था में सूर्य को निगलने की कथा *Solar Absorption* और ऊर्जा संतुलन के सिद्धांत की ओर संकेत करती है।
2. वायुगतिक गति: समुद्र पार करना और मैनाक पर्वत को पाताल में भेजना *Anti-gravity Thrust* और हाइड्रोडायनमिक रेजिस्टेंस नियंत्रण का प्रतीक है।
3. ऊर्जा प्रबंधन: लंका दहन में अग्नि का नियंत्रित उपयोग *Thermal Regulation* और ऊर्जा प्रबंधन का अद्भुत उदाहरण है।
4. औषधीय विज्ञान: संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मण को पुनर्जीवित करना *Regenerative Medicine* का प्रतीक है।
5. टेलीपैथिक संचार: हनुमान द्वारा सीता से वार्ता और संदेश प्रेषण *Telepathic Transmission* अथवा *Quantum Entanglement* की अवधारणा को दर्शाता है (Sharma, 2020)।

इन सभी घटनाओं का गहन विश्लेषण बताता है कि रामायण में हनुमान का चरित्र धार्मिक आस्था के परे जाकर एक वैदिक वैज्ञानिक चेतना का वाहक है।

1.4 दैवीय वायुगतिकी का वैचारिक आधार

"वायुगतिकी" आधुनिक विज्ञान की वह शाखा है जो वायु या गैसों में गतिशील वस्तुओं के व्यवहार का अध्ययन करती है। किंतु जब इसे "दैवीय" कहा जाता है, तो यह केवल भौतिक गति नहीं, बल्कि *चेतन गति* (Conscious Motion) की अवधारणा बन जाती है।

हनुमान जी की उड़ान भौतिक पंखों से नहीं, बल्कि प्राण-ऊर्जा और मानसिक आवेग से संभव थी। तुलसीदास जी ने लिखा—

"मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।"

यहाँ "मनोजव" (मन की गति) और "मारुततुल्यवेग" (वायु के समान वेग) शब्द उनकी चेतन ऊर्जा और वायुगतिक बल के वैज्ञानिक संगम को इंगित करते हैं। यह वह स्थिति है जहाँ मानसिक तरंगें और वायु-ऊर्जा एकीकृत होकर "प्राण-चेतना गति" उत्पन्न करती हैं, जिसे आधुनिक युग में *Psychic Aerodynamics* कहा जा सकता है (Mukherjee, 2017)।

1.5 भक्ति और विज्ञान का समन्वय

हनुमान जी का चरित्र यह सिद्ध करता है कि भक्ति और विज्ञान परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। उनकी असाधारण शक्ति भक्ति से उत्पन्न होती है—

"रामदूत अतुलित बलधामा।"

यह समर्पण उनकी चेतना को "Conscious Energy Activation" के स्तर तक ले जाता है। जब मनुष्य अहंकार त्यागकर भक्ति में लीन होता है, तब उसके भीतर की *Bio-Electromagnetic Energy* सक्रिय होकर अद्भुत शक्ति प्रदान करती है।

हनुमान चालीसा की पंक्ति—

"संकट से हनुमान छुड़ावे, मन क्रम वचन ध्यान जो लावे।"

मानव चेतना के तीन स्तर— मन, कर्म और वचन— के संतुलन द्वारा ऊर्जा के एकाग्रण का सूत्र देती है (Tripathi, 2019)।

1.6 हनुमान का चरित्र: ब्रह्मांडीय सेवा का आदर्श

हनुमान का प्रत्येक कार्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय है।

- सीता की खोज *सत्य की पुनर्स्थापना* का प्रतीक है।

- लंका दहन *असत्य और अधर्म के दहन* का प्रतीक है।
- संजीवनी लाना *जीवन-ऊर्जा पुनर्संचार* का द्योतक है।

उनकी प्रत्येक क्रिया "Cosmic Duty" की अवधारणा को पुष्ट करती है। वे केवल राम के सेवक नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि में संतुलन के रक्षक हैं। यह विचार वैदिक दृष्टि में "ऋत" — अर्थात् ब्रह्मांडीय व्यवस्था — के अनुरूप है (Aurobindo, 1939/2005)।

1.7 आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से हनुमान का अध्ययन क्यों आवश्यक है

21वीं सदी का विज्ञान वायुयान, रॉकेट, कृत्रिम उपग्रह और ऊर्जा-स्रोतों की सीमाएँ छू चुका है, परंतु *चेतन ऊर्जा* के रहस्य अब भी उसके लिए अनसुलझे हैं। हनुमान जी का चरित्र इन रहस्यों का वैदिक समाधान प्रस्तुत करता है।

उनकी "गदा" केवल शस्त्र नहीं, बल्कि *वैदिक इंजीनियरिंग* का प्रतीक है। यह *Angular Momentum* और *Gyroscopic Stability* जैसे सिद्धांतों का मूर्त रूप है। इसी प्रकार उनकी उड़ान *Anti-Gravity Propulsion* का वैदिक उदाहरण प्रतीत होती है।

जब आधुनिक भौतिकी "Quantum Energy Field" और "Telepathic Connectivity" पर प्रयोग कर रही है, हनुमान का चरित्र इन सिद्धांतों का प्राचीन पूर्वाभास प्रस्तुत करता है (Joshi, 2022)।

1.8 अनुसंधान का उद्देश्य और कार्यपद्धति

इस शोध का उद्देश्य रामायण में हनुमान के चरित्र में निहित वैदिक वैज्ञानिक तत्वों की खोज और उनकी आधुनिक व्याख्या करना है।

मुख्य उद्देश्य

1. हनुमान के पौराणिक प्रसंगों का वैज्ञानिक विश्लेषण।
2. वैदिक ग्रंथों में वायु, प्राण और चेतना के सिद्धांतों का अध्ययन।
3. आधुनिक एयरोडायनमिक्स और योग-ऊर्जा के तुलनात्मक आयाम।
4. गदा, उड़ान और संचार जैसे प्रसंगों में तकनीकी प्रतीकवाद की खोज।

कार्यपद्धति

इस शोध में *सांस्कृतिक-वैज्ञानिक विश्लेषण पद्धति* (Cultural-Scientific Interpretation) अपनाई गई है। प्राथमिक स्रोतों में *वाल्मीकि रामायण*, *रामचरितमानस*, *हनुमान चालीसा*, *अष्टक*, और *उपनिषदों* का उपयोग किया गया है, जबकि द्वितीयक स्रोतों में आधुनिक वैज्ञानिक पत्र, ऊर्जा और चेतना विज्ञान पर आधारित अनुसंधान लेख शामिल किए गए हैं।

1.9 खंडवार संरचना

यह शोध तीन खंडों में विभाजित है—

1. प्रस्तावना
2. विस्तारित अध्ययन
   2.1. बाल्यकाल के ऊर्जा प्रसंग
   2.2. किष्किन्धाकाण्ड में कूटनीति और ऊर्जा संतुलन
   2.3. सुन्दरकाण्ड में दैवीय वायुगतिकी
   2.4. लंकाकाण्ड और औषधीय विज्ञान
   2.5. पाताल यात्रा और क्वांटम ऊर्जा
   2.6. गदा और मिसाइल प्रतीक
   2.7. चालीसा-अष्टक के वैज्ञानिक सूत्र
   2.8. टेलीपैथिक संचार
3. निष्कर्ष और आधुनिक प्रासंगिकता

इस संरचना के माध्यम से हनुमान जी के चरित्र की वैज्ञानिक व्याख्या यह स्पष्ट करती है कि भक्ति और विज्ञान का संगम भारतीय सभ्यता की आत्मा में रचा-बसा है। वेदों में वर्णित *प्राण*, *वायु*, *ओजस* और *तेजस* की अवधारणाएँ रामायण में हनुमान के रूप में जीवंत होती हैं। हनुमान जी का चरित्र दर्शाता है कि जब मानव अपनी चेतना को श्रद्धा, सेवा और निष्ठा में समर्पित करता है, तब वह दैवीय ऊर्जा से जुड़कर असंभव को संभव बना सकता है। यही *दैवीय वायुगतिकी* का सार है — जहाँ विज्ञान, योग और भक्ति एक ही सूत्र में गुंथे हुए हैं।

2. विस्तारित अध्ययन

हनुमान जी का चरित्र विज्ञान, ऊर्जा और चेतना का अद्भुत संगम है। बाल्यकाल में सूर्यग्रहण प्रसंग सौर ऊर्जा-संवेदन का प्रतीक है; किष्किन्धाकाण्ड

में कूटनीति ऊर्जा-संतुलन दर्शाती है; सुन्दरकाण्ड में दैवी वायुगतिकी प्रकट होती है; लंकाकाण्ड में औषधीय विज्ञान झलकता है। पाताल यात्रा क्वांटम ऊर्जा का रूपक है; गदा मिसाइल-प्रतीक; चालीसा ध्वनि-विज्ञान; और टेलीपैथी चेतना-संपर्क की सिद्धि — सब मिलकर हनुमान को जीवंत विज्ञान-दर्शन का प्रतीक बनाते हैं।

2.1 बाल्यकाल के ऊर्जा प्रसंग

हनुमान जी का बाल्यकाल ऊर्जा, जिज्ञासा और दैवी चेतना का अनूठा संगम है। वाल्मीकि रामायण (सुन्दरकाण्ड, बालकाण्ड) में वर्णित है कि बालक हनुमान ने बाल्य अवस्था में ही सूर्य को पकड़ने का प्रयास किया क्योंकि उन्हें वह फल के समान प्रतीत हुआ [**चित्र– 1: (अ)**]। यह प्रसंग केवल पौराणिक कल्पना नहीं, बल्कि *दैवी ऊर्जा और क्वांटम चेतना के विकास* का प्रतीक है।



(अ) **(ब)** **(स)**

चित्र–1: (अ)- बाल्य अवस्था में ही सूर्य को पकड़ना; **(ब)-**मैनाक पर्वत पर पैर रख कर छलांग और **(स)-**अति सूक्ष्म रूप में माता सीता से वरदान

वैज्ञानिक व्याख्या

सूर्य की ओर बढ़ने का प्रसंग *मानव में अंतर्निहित सौर-ऊर्जा आकर्षण* का रूपक है। सूर्य जीवन ऊर्जा (प्राण) का प्रमुख स्रोत है, और बाल हनुमान का यह प्रयास दर्शाता है कि कैसे उनकी *बायोएनर्जेटिक प्रणाली (Bioenergetic System)* सौर ऊर्जा से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थी (Rao, 2016)। आधुनिक विज्ञान के अनुसार, प्रत्येक जीव में *माइटोकॉन्ड्रियल ऊर्जा उत्पादन* सूर्य से प्राप्त प्रकाश-ऊर्जा से अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। हनुमान जी का यह कृत्य इसी ऊर्जा तंत्र का दैवी रूपक है — जब चेतना का स्तर अत्यधिक उच्च हो जाता है, तब वह ***सूर्य-प्राण शक्ति*** के साथ समस्वर हो जाती है।

आध्यात्मिक विश्लेषण

हनुमान का सूर्यग्रहण प्रयास यह भी दर्शाता है ***कि बाल्यकाल की निश्चलता और साहस*** में असाधारण संभावनाएँ निहित होती हैं। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं, बल्कि उस *प्रकृतिप्रदत्त ऊर्जा-तंत्र* के प्रतीक हैं जो व्यक्ति के भीतर जन्मजात रूप में विद्यमान है (Singh & Sharma, 2020)। बाल्यकाल में उनकी अपार जिज्ञासा और ऊर्जा यह सिखाती है कि जब मन की सीमाएँ हट जाती हैं, तब भौतिक सीमाएँ भी अप्रासंगिक हो जाती हैं — यही *दैवी वायुगतिकी* की मूल प्रस्तावना है।

दर्शनिक निष्कर्ष

बाल हनुमान की यह घटना मानव विकास के एक गहरे सत्य को उद्घाटित करती है —

"ऊर्जा न केवल शरीर में प्रवाहित होती है, बल्कि चेतना के साथ विकसित होती है।"

इस दृष्टि से हनुमान बाल्यकाल से ही *ऊर्जा का मानवीकरण (Embodiment of Energy)* बन जाते हैं, जहाँ उनका शरीर और मन ब्रह्मांडीय ऊर्जा के साथ पूर्ण समरसता में कार्य करता है।

2.2 किष्किन्धाकाण्ड में कूटनीति और ऊर्जा संतुलन

हनुमान जी का दूसरा बड़ा रूप किष्किन्धाकाण्ड में उभरता है — जब वे राम-लक्ष्मण से प्रथम बार मिलते हैं। यह प्रसंग *कूटनीति, संयम और मानसिक ऊर्जा-संतुलन* का उदाहरण है।

सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

किष्किन्धा पर्वत क्षेत्र में सुग्रीव और वाली के बीच संघर्ष चल रहा था। इस जटिल स्थिति में हनुमान, जो सुग्रीव के विश्वस्त मंत्री थे, *राजनैतिक मध्यस्थता और बौद्धिक* **विवेक** के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने राम और लक्ष्मण से विनम्रता के साथ संवाद स्थापित किया, जिससे न केवल राजनैतिक गठबंधन हुआ बल्कि धर्म और नीति का संतुलन भी बना।

वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि

कूटनीति का सार केवल शब्दों में नहीं, बल्कि **ऊर्जा के संतुलन** में निहित है। आधुनिक मनोविज्ञान (Psychophysiology) के अनुसार, मनुष्य की सफलता उसके *सहानुभूतिक (Sympathetic)* और *पैरासिम्पेथेटिक (Parasympathetic)* नर्वस सिस्टम के संतुलन पर निर्भर करती है (Deshpande, 2019)।

हनुमान जी इस संतुलन के परम उदाहरण हैं — वे न तो आक्रोश में प्रतिक्रिया करते हैं, न ही भय में संकुचित होते हैं। उनका प्रत्येक संवाद **बौद्धिक-ऊर्जा नियंत्रण (Cognitive Energy Regulation)** का आदर्श उदाहरण है।

कूटनीति का ऊर्जा-सिद्धांत

राम–सुग्रीव गठबंधन का सूत्रपात केवल राजनीति नहीं, बल्कि *ऊर्जा-संलयन* (Energy Synchronization) का प्रतीक है। यहाँ राम की *सौर चेतना* और हनुमान की *वायवीय चेतना* का संगम होता है — जिससे नयी सामूहिक शक्ति उत्पन्न होती है।

यह संलयन, आधुनिक भौतिकी के **रेज़ोनेंस सिद्धांत (Resonance Principle)** जैसा है, जहाँ दो कम्पनशील शक्तियाँ समान आवृत्ति पर एक-दूसरे को प्रबल करती हैं (Joshi, 2017)।

आध्यात्मिक निहितार्थ

हनुमान का यह व्यवहार दर्शाता है कि *सच्चा कूटनीतिज्ञ वही है जो अपनी आंतरिक ऊर्जा को नियंत्रित रखते हुए परिस्थिति की दिशा बदल सके।* उन्होंने दिखाया कि बुद्धि (Energy of Intellect) और भक्ति (Energy of Emotion) का संतुलन ही सफलता का रहस्य है।

दर्शनिक निष्कर्ष

किष्किन्धाकाण्ड में हनुमान जी का चरित्र सिखाता है कि

"ऊर्जा का सर्वोच्च रूप वह नहीं जो विस्फोट करे, बल्कि वह जो दिशा बदले।"

यही उनका वास्तविक कूटनीतिक बल था — *प्रज्ञा और प्राण का संतुलन।*

2.3 सुन्दरकाण्ड में दैवीय वायुगतिकी

हनुमान जी का सबसे विलक्षण और वैज्ञानिक रूप सुन्दरकाण्ड में उभरता है। यह वह चरण है जब हनुमान अपनी दैवी क्षमता का पूर्ण प्रयोग करते हुए मैनाक पर्वत पर पैर से छलाँग लगाकर समुद्र पार करते हैं, लंका पहुँचते हैं [**चित्र– 1: (ब)]** और सीता माता का पता लगाते हैं। यह पूरा प्रसंग *दैवीय वायुगतिकी (Divine Aerodynamics)* का उत्कृष्ट उदाहरण है।

वैज्ञानिक पृष्ठभूमि

वाल्मीकि रामायण में वर्णन मिलता है कि जब जाम्बवान ने उन्हें उनकी शक्ति का स्मरण कराया, तब हनुमान पर्वत की चोटी पर चढ़कर आकाश में उड़ान भरते हैं। यह उड़ान केवल कल्पनात्मक नहीं, बल्कि *ऊर्जा परिवर्तन (Energy Transformation)* और *वायुगतिकीय सिद्धांतों* के प्रतीक रूप में व्याख्यायित की जा सकती है।

आधुनिक वायुगतिकी के अनुसार, उड़ान के लिए तीन प्रमुख बल आवश्यक हैं —

1. **लिफ्ट (Lift)** – ऊपर उठाने वाला बल
2. **थ्रस्ट (Thrust)** – आगे बढ़ाने वाला बल
3. **ड्रैग (Drag)** – प्रतिरोध बल
4. **वजन (Weight)** – गुरुत्वाकर्षण का बल

हनुमान जी के उड़ान प्रसंग में इन सभी बलों का प्रतीकात्मक संतुलन दिखाई देता है। जब वे अपने शरीर को पर्वत के समान विशाल करते हैं, तो वह *वायुगतिकीय क्षेत्र में थ्रस्ट और लिफ्ट* की समन्वित क्रिया का द्योतक है (Sharma, 2018)।

दैवीय ऊर्जा और चेतना की उड़ान

हनुमान जी का समुद्र लांघना भौतिक उड़ान से अधिक *चेतन उड़ान* है। उनकी यह उड़ान दर्शाती है कि जब मानसिक और प्राणिक ऊर्जा एक साथ सक्रिय होती है, तब मानव अपनी भौतिक सीमाओं को लांघ सकता है।

यह स्थिति *कुंडलिनी योग* के छठे और सातवें चक्र — आज्ञा और सहस्रार — के सक्रिय होने की ओर संकेत करती है, जहाँ साधक की चेतना पृथ्वी-आकर्षण से मुक्त होकर ब्रह्मांडीय तरंगों से जुड़ जाती है (Radhakrishnan, 2021)।

वायुगतिकी और प्राणशक्ति का एकत्व

हनुमान जी की उड़ान में प्राणवायु का नियंत्रण सर्वोच्च स्तर पर था। उनका नाम ही "हनुमान" 'हन्' (नाश करने वाला) और 'मान' (अहं का) से बना है — अर्थात् वह जो अहंकार को समाप्त कर प्राणशक्ति को नियंत्रित करता है।

यह *दैवी वायुगतिकी* वास्तव में "*वायु तत्व का ब्रह्म से एकत्व*" है, जिसमें भौतिक बलों की सीमाएँ चेतना की गति के अधीन हो जाती हैं।

दर्शनिक सार

"जहाँ विश्वास का वेग और प्राण का नियंत्रण एक हो जाते हैं, वहीं दैवी वायुगतिकी की शुरुआत होती है।"

हनुमान जी का सुन्दरकाण्ड यह सिखाता है कि मानव के भीतर छिपा *असीम ऊर्जा तंत्र* सक्रिय होकर उसे किसी भी सीमा के पार पहुँचा सकता है — चाहे वह समुद्र हो या ब्रह्मांड।

2.4 लंकाकाण्ड और औषधीय विज्ञान

हनुमान जी का अगला रूप लंकाकाण्ड में दिखाई देता है, जब वे युद्ध के मध्य औषधियों को हिमालय से लाकर लंका पहुँचाना, यहाँ उनका स्वरूप केवल एक योद्धा का नहीं, बल्कि प्राकृतिक औषध-विज्ञान (Herbal and Biomedical Science) के किसी सीमा तक ज्ञाता होने का है।



(द) **(य)** **(र)**

चित्र– 2: (द)- विजेथुआ महावीरन व मकरीकुंड; **(य)-** संपूर्ण द्रोणागिरी पर्वत को उठा लाना और **(र)-**अहिरावण से राम-लक्षमण मुक्ति

- **औषधीय विज्ञान की पृष्ठभूमि**

जब लक्ष्मण को शक्तिवाण लगने पर वह मूर्छित होते हैं, तब हनुमान जी को हिमालय से *संजीवनी बूटी* लाने का आदेश दिया जाता है। वह सुसेन वैद्य के कहने पर संजीवनी बूटी हेतु जब हिमालय की यात्रामें थे, तब मायावी राछस कालनेमि रास्ते में व्यवधान डाला और वह विजेथुआ महावीरन की जमीन पर उतरे तथा मकरीकुंड स्नान के लिए भेजने और भेद खुलने पर उसको मारना, **[चित्र– 2(द)]**, जो *उड्डयन गति रोकना (कण्ट्रोल लैंडिंग)* दर्शाता है और द्रोणागिरी पर्वत को संपूर्ण उठा लाने के समय भरत द्वारा बाण से गिराए जाने के उपरांत पुनः मुरुछा से जीवंत होकर लंका पहुँचना **[चित्र– 2(य)]** —यह पृथ्वी के चुंबकीय संतुलन, औषधीय विज्ञान और गुरुत्वाकर्षण-प्रतिरोध के प्रतीकात्मक उदाहरण हैं। यह प्रसंग न केवल पौराणिक, बल्कि *औषधीय विज्ञान के गूढ़ ज्ञान* का प्रमाण है। 'संजीवनी' कोई एक वनस्पति नहीं, बल्कि जीवन पुनर्स्थापन करने वाली ऊर्जा का प्रतीक है।

आधुनिक विज्ञान में कुछ औषधियाँ जैसे *Echinacea*, *Ashwagandha*, *Panax Ginseng* आदि इम्यूनो-मॉड्युलेटरी प्रभाव उत्पन्न करती हैं — जो शरीर के भीतर *प्राण ऊर्जा (vital energy)* को सक्रिय करती हैं (Kumar & Bhatnagar, 2020)। संजीवनी बूटी इसी *Bioenergetic Restoration* का दैवी रूपक हो सकती है।

- **हनुमान का औषध-ज्ञान**

हनुमान जी ने औषधि-विज्ञान को केवल शरीर तक सीमित नहीं रखा। वे औषधि को *जीवन-संवेदन* का माध्यम मानते हैं। जब वे संजीवनी नहीं पहचान पाए, तो पूरा पर्वत उठा लाए - यह संकेत करता है कि *प्रकृति की प्रत्येक वनस्पति में जीवनदायी ऊर्जा* होती है। यह दार्शनिक रूप से आधुनिक *Phytochemical Holism* से मेल खाता है, जहाँ माना जाता है कि प्रत्येक पौधे की समग्र ऊर्जा शरीर के विभिन्न तंत्रों को पुनर्संतुलित कर सकती है (Mehta, 2019)।

- **ऊर्जा-औषध और मनोवैज्ञानिक उपचार**

हनुमान जी द्वारा लाए गए औषधीय पर्वत के प्रभाव से लक्ष्मण का पुनर्जीवन केवल शारीरिक पुनर्स्थापन नहीं, बल्कि *मनो-ऊर्जा पुनर्जीवन* भी था। आधुनिक *Quantum Biology* यह दर्शाती है कि जीवित कोशिकाओं में ऊर्जा का प्रवाह **क्वांटम कोहेरेंस (Quantum Coherence)** के रूप में होता है (Patel, 2021)।

हनुमान जी की यह क्रिया उस *क्वांटम ऊर्जा पुनर्संयोजन* की प्रतीक है, जहाँ जीवन की लय पुनः स्थापित होती है।

- **पर्यावरणीय और औषधीय संकेत**

हनुमान द्वारा पर्वत उठाना यह भी इंगित करता है कि उन्होंने *पारिस्थितिक संतुलन* का गहरा अर्थ समझा। पर्वत का वह भाग, जिसमें विविध औषधियाँ पनपती थीं, वास्तव में *बायोडायवर्सिटी का भंडार* था।

यह घटना आज के पर्यावरण विज्ञान के दृष्टिकोण से *Ecosystem Healing Principle* के समान है — कि प्रकृति में प्रत्येक तत्व जीवन की पुनर्स्थापना का भाग है।

- **दर्शनिक निष्कर्ष**

"औषधि केवल पत्तियों में नहीं, बल्कि प्रकृति की सामूहिक चेतना में निहित होती है।"

हनुमान जी का यह कार्य यह सिखाता है कि विज्ञान और भक्ति दोनों का उद्देश्य जीवन की पुनर्संरचना है — एक शरीर के स्तर पर, दूसरा चेतना के स्तर पर।

2.5 पाताल यात्रा और क्वांटम ऊर्जा

हनुमान जी की पाताल यात्रा का प्रसंग उनके असीम बल, चेतना और ऊर्जा के तीसरे आयाम — *क्वांटम ऊर्जा (Quantum Energy)* — से जुड़ा हुआ है। यह प्रसंग "रामायण" के विभिन्न उत्तरकाण्डीय उल्लेखों में मिलता है, जहाँ हनुमान पाताल लोक में प्रवेश कर राक्षसों का संहार करते हुए, अहिरावण का वध कर राम-लक्ष्मण की रक्षा करना और वासुकि नाग की सहायता करना [**चित्र– 2: (र)**]—यह उनकी '*दैवीय सेवा' (Cosmic Duty)* का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

- **पौराणिक और दार्शनिक पृष्ठभूमि**

पाताल लोक केवल भूमिगत स्थान नहीं, बल्कि *अचेतन जगत* या *सुप्त ऊर्जा क्षेत्र* का प्रतीक है। यह मानव मन के भीतर स्थित उस गहराई का प्रतिनिधित्व करता है जहाँ ऊर्जा सुप्त रूप में विद्यमान रहती है। हनुमान जी का पाताल में प्रवेश वास्तव में ***अवचेतन चेतना में उतरने*** और वहाँ से ऊर्जा को सक्रिय करने का रूपक है (Vivekananda, 2018)।

क्वांटम ऊर्जा की अवधारणा

आधुनिक भौतिकी के अनुसार, क्वांटम स्तर पर ऊर्जा निरंतर गति और परिवर्तनशीलता में होती है। यह सूक्ष्म कण स्तर पर कार्य करती है, जहाँ समय और स्थान की सीमाएँ लुप्त हो जाती हैं (Bohm, 1980)।

हनुमान जी की पाताल यात्रा इस सिद्धांत से साम्य रखती है — जब वे भौतिक सीमाओं को लांघकर पृथ्वी के भीतर प्रवेश करते हैं, तो वे उसी *क्वांटम सुपरपोजिशन* स्थिति का प्रतिनिधित्व करते हैं जहाँ भौतिक और दैवी दोनों अस्तित्व एक हो जाते हैं।

- **आध्यात्मिक दृष्टि**

पाताल यात्रा का गूढ़ अर्थ है — *कुंडलिनी ऊर्जा का अवरोहण और पुनः आरोहण*।

हनुमान जी जब पाताल में उतरते हैं, तो वे मूलाधार चक्र की सुप्त ऊर्जा को जाग्रत करते हैं। यह यात्रा "ऊर्जा का शुद्धिकरण" भी है, क्योंकि वहाँ वे अंधकारमय शक्तियों (नकारात्मक ऊर्जा) को परास्त करते हैं।

क्वांटम दृष्टि से यह एक प्रकार की *एंट्रॉपी से एनर्जी रिस्टोरेशन (Entropy to Order Transformation)* प्रक्रिया है, जिसमें ऊर्जा पुनः संतुलित अवस्था में आती है (Nanda, 2020)।

- **विज्ञान और दर्शन का संगम**

हनुमान जी की यह यात्रा दर्शाती है कि चेतना का सबसे गहरा स्तर भी ऊर्जा के रूप में सक्रिय किया जा सकता है। पाताल, ब्रह्मांड की "*अदृश्य परत" (Subspace Realm)* का प्रतीक है, जो आधुनिक विज्ञान में *डार्क एनर्जी* और *क्वांटम फील्ड* के समान है। इस प्रकार, हनुमान की यह यात्रा केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि *क्वांटम ऊर्जा के अस्तित्व और उपयोग की दार्शनिक परिकल्पना* है।

- **दर्शनिक निष्कर्ष**

"जो चेतना के अंधकार में प्रवेश कर वहां से प्रकाश निकाल लाए, वही वास्तविक क्वांटम साधक है।"

हनुमान जी इस दृष्टि से *क्वांटम योगी* हैं — जो सूक्ष्म और स्थूल दोनों जगतों में समान रूप से गति कर सकते हैं।

2.6 गदा - मिसाइल का प्रतीक

हनुमान जी की गदा केवल एक शस्त्र नहीं, बल्कि **ऊर्जा संकेन्द्रण और दैवी प्रक्षेपण** का प्रतीक है। यह प्रसंग उन्हें *दैवीय अभियंता* और *ऊर्जा-प्रक्षेपक (Energy Propulsionist)* के रूप में प्रस्तुत करता है।

- **पौराणिक और तकनीकी पृष्ठभूमि**

हनुमान की गदा का वर्णन रामायण और महाभारत दोनों में मिलता है। यह स्वर्ण या तेजोमय धातु से बनी बताई गई है, जो *प्रकाश ऊर्जा का संकेन्द्रण* करती है। पौराणिक दृष्टि से यह "ब्रह्मदत्त अस्त्र" के समान एक शस्त्र है जो केवल इच्छा-शक्ति और प्राणशक्ति से सक्रिय होता है (Sastry, 2017)।

- **गदा का वायुगतिकीय और मिसाइल तुल्य स्वरूप**

यदि वैज्ञानिक दृष्टि से देखें, तो हनुमान की गदा *काइनेटिक एनर्जी वेपन* जैसी प्रतीत होती है।
जब हनुमान युद्ध में इसका प्रयोग करते हैं, तो उसमें तीनों का संगम होता है।

1. **प्रक्षेपण बल (Thrust Force)**
2. **घूर्णन गति (Angular Momentum)**
3. **ध्वनि ऊर्जा (Sonic Impact)**

यह आधुनिक मिसाइल की तरह कार्य करता है, जिसमें प्रक्षेपण और लक्ष्य-भेदन दोनों ही ऊर्जा-समन्वित प्रणाली से संपन्न होते हैं। वायुगतिकीय विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि गदा का गोलाकार अग्रभाग और सघन दंड-आकार इसे *Aerodynamic Stability* प्रदान करता है, जिससे इसका प्रभाव अधिकतम होता है (Tripathi & Singh, 2022)।

- **गदा का ऊर्जा-सिद्धांत**

गदा ऊर्जा का संकेन्द्रण प्रतीक है — "संग्रह से प्रक्षेप तक"।
हनुमान की गदा उनके भीतर स्थित प्राणिक ऊर्जा का बाह्य विस्तार है। आधुनिक भौतिकी में इसे *Energy Transduction System* कहा जा सकता है, जिसमें मानसिक तरंगें भौतिक प्रभाव उत्पन्न करती हैं (Raina, 2018)।

हनुमान जब गदा उठाते हैं, तो वह केवल भौतिक शक्ति का प्रयोग नहीं, बल्कि *ट्रांसड्यूस्ड एनर्जी वेक्टर* का उपयोग है — जहाँ इच्छा (Intention) भौतिक वेग (Momentum) में परिवर्तित होती है।

- **गदा का प्रतीकात्मक महत्व**

गदा का शीर्ष भाग 'सत्य' का प्रतिनिधित्व करता है और उसका दंड भाग 'धर्म' का। यह संयोजन *नीति और बल* के संतुलन का प्रतीक है। आधुनिक दार्शनिक दृष्टि से यह **Ethical Kinetics** का सिद्धांत है — कि हर ऊर्जा-प्रक्षेपक को नैतिक दिशा चाहिए, अन्यथा वह विनाशक बन जाती है।

- **दर्शनिक निष्कर्ष**

"गदा केवल शस्त्र नहीं, सत्य का प्रक्षेपक है।"
हनुमान की गदा इस तथ्य की याद दिलाती है कि प्राणशक्ति जब धर्म के नियंत्रण में हो, तभी वह रक्षा का साधन बनती है, अन्यथा विनाश का।

2.7 चालीसा–अष्टक के वैज्ञानिक सूत्र

हनुमान चालीसा और हनुमान अष्टक केवल भक्ति-गीत नहीं, बल्कि *ध्वन्यात्मक ऊर्जा विज्ञान (Phonetic Energy Science)* के अद्भुत ग्रंथ हैं। तुलसीदासजी ने इन रचनाओं में ऐसे ध्वनि-संयोजन और लयात्मक सूत्रों का प्रयोग किया है जो *न्यूरो-वाइब्रेशनल थेरेपी* के समान कार्य करते हैं।

- **ध्वनि और तरंग का विज्ञान**

ध्वनि (Sound) एक ऊर्जा रूप है जो तरंगों (waves) के रूप में संचरित होती है। प्रत्येक ध्वनि का शरीर और मस्तिष्क पर विशिष्ट प्रभाव पड़ता है। हनुमान चालीसा में प्रयुक्त शब्द जैसे — "जय हनुमान ज्ञान गुन सागर", "राम दूत अतुलित बलधामा", "संकट ते हनुमान छुड़ावे" — इनकी लयबद्ध पुनरावृत्ति *अल्फा ब्रेन वेव्स* (8–12 Hz) को सक्रिय करती है (Tandon, 2019), जो ध्यानावस्था और मानसिक स्थिरता उत्पन्न करती है।

- **चालीसा के 40 छंदों की ऊर्जा-गणना**

चालीसा के 40 छंद *मानव शरीर के 40 ऊर्जा केन्द्रों* (नाड़ी संयोजनों) का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक छंद एक विशिष्ट आवृत्ति (frequency) उत्पन्न करता है जो शरीर के एक नाड़ी समूह को सक्रिय करता है।
यह सिद्धांत योग-शास्त्र में "*नाद-योग*" के रूप में जाना जाता है, जिसमें ध्वनि के कंपन से *प्राण शक्ति का संचार* होता है (Dwivedi, 2018)।

- **हनुमान अष्टक का ब्रेन–हार्ट कोहेरेंस**

हनुमान अष्टक के श्लोक — "*मनोजवं मारुततुल्यवेगं*" आदि — में प्रयुक्त ध्वनि-संयोजन *हृदय और मस्तिष्क के तालमेल (Heart–Brain Coherence)* को सक्रिय करता है।

आधुनिक न्यूरोकार्डियोलॉजी बताती है कि जब मस्तिष्क और हृदय की विद्युत तरंगें एक समान पैटर्न में आती हैं, तब व्यक्ति में *भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास* बढ़ता है (McCraty, 2021)।

हनुमान अष्टक का नियमित पाठ यह संतुलन स्थापित करता है, जिससे व्यक्ति के भीतर भय, उदासी और अस्थिरता का नाश होता है।

- **विज्ञान और अध्यात्म का समन्वय**

तुलसीदासजी ने यह चालीसा उस युग में लिखी जब ध्वनि के चिकित्सीय प्रभावों पर वैज्ञानिक शोध नहीं थे, परंतु उन्होंने *अनुभवजन्य विज्ञान* के माध्यम से यह सिद्ध किया कि *भक्ति और विज्ञान का केंद्र एक ही — तरंग और ऊर्जा का संतुलन* है।

- **दर्शनिक निष्कर्ष**

"चालीसा के छंद और अष्टक के श्लोक केवल भक्ति नहीं, ध्वनि के माध्यम से आत्मा की चिकित्सा हैं।"
हनुमान चालीसा एक *विज्ञानमय साधना* है जो मानव ऊर्जा को संतुलित कर *दैवी चेतना* से जोड़ती है।

2.8 टेलीपैथिक संचार

हनुमान जी की एक अद्भुत क्षमता थी — ***टेलीपैथिक कम्युनिकेशन (Telepathic Communication)***, अर्थात बिना बोले, बिना किसी माध्यम के, *चेतन-चेतन संवाद।*

- **पौराणिक उदाहरण**

जब वे लंका में सीता माता से मिलते हैं, तब संवाद केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहता। सीता माता उनके हृदय में *राम नाम अंकित* देखकर तुरंत विश्वास करती हैं। यह एक *सहज चेतन संवाद* है — जहाँ तरंगें विचारों के स्तर पर मिलती हैं।
इसी प्रकार, राम जी युद्ध के समय दूर से हनुमान को स्मरण करते हैं और वह तुरंत उनकी इच्छा को जान लेते हैं। यह घटना *टेलीपैथिक रिसेप्शन* का सर्वोच्च उदाहरण है।

- **वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

आधुनिक न्यूरोसाइंस में टेलीपैथी को *माइक्रो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ब्रेन वेव्स इंटरफेरेंस* के रूप में व्याख्यायित किया जाता है (Persinger, 2010)। मानव मस्तिष्क की तरंगें 0.5–40 Hz तक की आवृत्तियों पर कार्य करती हैं। जब दो व्यक्तियों की मस्तिष्क तरंगें एक समान फेज में आती हैं, तब विचार या भावनाएँ बिना शब्दों के स्थानांतरित हो सकती हैं।
हनुमान जी के लिए यह संभव था क्योंकि उनकी चेतना "वायु तत्व" से नियंत्रित थी, और वायु ही *सूचना संचार का दैवी माध्यम* है।

- **योग और टेलीपैथी**

राजयोग और ध्यान की गहन अवस्थाओं में साधक "प्रत्याहार" और "धारण" के माध्यम से अपने मस्तिष्कीय तरंगों को नियंत्रित करता है।
हनुमान जी इस योगिक सिद्धि के सर्वोच्च साधक थे — उनका मन पूर्णतः निर्विचार (thoughtless) था, जिससे उनकी *चेतन तरंगें अन्य चेतनाओं से तुरंत संप्रेषित हो जाती थीं* (Ramakrishna Mission, 2017)।

- **क्वांटम संचार दृष्टि**

क्वांटम फिजिक्स में *Quantum Entanglement* नामक सिद्धांत बताता है कि दो कणों के बीच, दूरी चाहे कितनी भी हो, सूचना तुरंत संचारित हो सकती है।
हनुमान जी की टेलीपैथिक क्षमता इसी "***क्वांटम एंटैंगलमेंट ऑफ कॉन्शियसनेस***" की दैवी अभिव्यक्ति थी — एक ऐसा ऊर्जा–संपर्क जिसमें *राम की चेतना* और *हनुमान की चेतना* एक ही तरंग पर जुड़ी हुई थी।

- **दर्शनिक निष्कर्ष**

"जहाँ वाणी मौन हो और चेतना एक हो जाए, वहीं टेलीपैथी संभव है।"
हनुमान जी यह दर्शाते हैं कि जब मन पूर्णतः शुद्ध हो जाता है, तब वह ***दैवी संकेतों का माध्यम*** बन जाता है — शब्दों से परे, परंतु सत्य के अत्यंत निकट।

अतः उपरोक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि , हनुमान चरित्र केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि ***ऊर्जा, चेतना और विज्ञान का जीवंत प्रतीक*** है। बाल्यकाल से लेकर पाताल यात्रा तक, हनुमान जी की प्रत्येक लीला मनुष्य की आंतरिक शक्ति और चेतना-विस्तार की यात्रा का रूपक है।
उनमें हम देखते हैं —

- **सौर ऊर्जा का आत्मसात** (बाल्यकाल),
- **मानसिक संतुलन और कूटनीति का विज्ञान** (किष्किन्धाकाण्ड)

- **दैवी वायुगतिकी और प्राण नियंत्रण** (सुन्दरकाण्ड),
- **औषधीय पुनर्जनन और पारिस्थितिक संवेदना** (लंकाकाण्ड)
- **क्वांटम ऊर्जा का उपयोग** (पाताल यात्रा),
- **ऊर्जा-संकेन्द्रण का प्रतीक शस्त्र** (गदा),
- **ध्वनि-विज्ञान आधारित भक्ति सूत्र** (चालीसा-अष्टक)
- **टेलीपैथिक चेतना-संचार** (दैवी संप्रेषण)।

हनुमान जी का समग्र चरित्र हमें यह संदेश देता है कि *विज्ञान और अध्यात्म विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं* । जब मानव अपने भीतर की चेतना को जागृत करता है, तब वह भी "दैवी वायुगतिकी" में उड़ सकता है — सीमाओं से परे, ऊर्जा के साथ एकाकार होकर ।

3. निष्कर्ष

रामायण में हनुमान जी का चरित्र केवल भक्ति, वीरता और सेवा का प्रतीक नहीं, बल्कि वह प्राचीन वैदिक विज्ञान और आधुनिक ऊर्जा सिद्धांतों के बीच एक अद्भुत सेतु है। उनका सम्पूर्ण जीवन मानव चेतना के उस उच्चतम स्तर का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहाँ भौतिकता और अध्यात्म, विज्ञान और योग, भक्ति और ऊर्जा—सभी एकीकृत होकर ब्रह्मांडीय संतुलन का निर्माण करते हैं।

हनुमान जी के बाल्यकाल से लेकर पाताल यात्रा तक के प्रत्येक प्रसंग में ऊर्जा-विज्ञान के गूढ़ संकेत निहित हैं। सूर्य को निगलने का प्रयास सौर ऊर्जा के प्रति आकर्षण का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि चेतना प्रकाश स्रोत से एकात्म हो सकती है। समुद्र पार की उड़ान प्राण-वायु के नियंत्रण द्वारा प्राप्त "दैवीय वायुगतिकी" की परिणति है—जहाँ शरीर, मन और प्राण एक लय में संचालित होते हैं। लंका-दहन दहन-ऊर्जा के वैदिक प्रयोग का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि संजीवनी पर्वत का उठाना औषधीय और जैव-ऊर्जा पुनर्संयोजन का उदाहरण है।

गदा का प्रयोग हनुमान जी के चरित्र में विज्ञान और धर्म के एकीकृत रूप को उजागर करता है। यह केवल शस्त्र नहीं, बल्कि Angular Momentum और Gyroscopic Stability का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि बल तभी सार्थक है जब वह धर्म द्वारा नियंत्रित हो। इसी प्रकार हनुमान चालीसा और अष्टक में निहित ध्वनि-सूत्र "फोनेटिक एनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन" के सिद्धांत को सशक्त बनाते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भक्ति और विज्ञान दोनों ही तरंगों और आवृत्तियों के नियमन पर आधारित हैं।

पाताल यात्रा में हनुमान जी का प्रवेश मानव चेतना के क्वांटम आयाम का प्रतीक है—जहाँ वे अवचेतन की गहराइयों से सुप्त ऊर्जा को पुनः सक्रिय करते हैं। यह प्रक्रिया क्वांटम ऊर्जा पुनर्संतुलन (Quantum Energy Rebalancing) की आधुनिक अवधारणा के समान है, जिसमें अराजकता से पुनः व्यवस्था की उत्पत्ति होती है। इस दृष्टि से हनुमान जी न केवल देवता, बल्कि "क्वांटम योगी" भी हैं—जो चेतना के स्थूल और सूक्ष्म स्तरों में समान गति कर सकते हैं।

समग्र रूप से, हनुमान जी का चरित्र यह दर्शाता है कि भक्ति केवल आस्था नहीं, बल्कि ऊर्जा रूपांतरण की वैज्ञानिक प्रक्रिया है। जब मन, वचन और कर्म एकाग्र होकर भक्ति में समर्पित होते हैं, तब उनमें "Conscious Energy Activation" की स्थिति उत्पन्न होती है, जो व्यक्ति को असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को संपन्न करने की सामर्थ्य देती है। यही दैवीय वायुगतिकी का वास्तविक अर्थ है—जहाँ चेतना और वायु, श्रद्धा और शक्ति, विज्ञान और अध्यात्म—सभी एक ही सूत्र में बंधकर दैवी गति (Divine Motion) का निर्माण करते हैं।

आधुनिक युग में, जब मानवता ऊर्जा संकट, मानसिक असंतुलन और पारिस्थितिक अस्थिरता का सामना कर रही है, तब हनुमान जी का चरित्र मार्गदर्शक बनकर सामने आता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा विज्ञान वही है जो प्रकृति और चेतना के साथ सामंजस्य स्थापित करे। यदि मनुष्य हनुमान की भांति अपनी प्राणशक्ति को धर्म, नीति और सेवा के नियंत्रण में रखे, तो वह न केवल व्यक्तिगत उत्थान बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन का भी साधक बन सकता है।

इस शोध का निष्कर्ष स्पष्ट करता है कि हनुमान जी का चरित्र "दैवीय वायुगतिकी" का सजीव प्रतीक है—जहाँ प्राण, वायु, और चेतना का समन्वय विज्ञान की सर्वोच्च उपलब्धि बन जाता है। वे इस सत्य के प्रमाण हैं कि जब भक्ति में विज्ञान और विज्ञान में भक्ति का समावेश होता है, तब मानव स्वयं "दैवी ऊर्जा का संवाहक" बन जाता है।

4. संदर्भ ग्रंथ

1. Aurobindo, S. (2005). *The Life Divine.* Pondicherry: Sri Aurobindo Ashram. (Original work published 1939)
2. Bohm, D. (1980). *Wholeness and the Implicate Order*. London: Routledge.
3. Deshpande, P. (2019). *Psychophysiology and Energy Regulation in Human Behaviour*. New Delhi: Sage.
4. Dwivedi, S. (2018). *Nada Yoga and the Science of Sound Healing*. Varanasi: Motilal Banarsidass.
5. Joshi, P. (2022). *Ancient Indian Aerodynamics and the Myth of Hanuman.* Indian Journal of Vedic Science, 14(2), 115–128.

6. Joshi, R. (2017). *Resonance Principles in Indian Epics*. Journal of Indic Science, 5(2), 56–68.
7. Kumar, V., & Bhatnagar, A. (2020). *Medicinal Herbs and Immune Modulation: A Review*. Indian Journal of Ayurveda Research, 12(3), 201–210.
8. McCraty, R. (2021). *Heart-Brain Coherence and Emotional Balance*. HeartMath Institute Publications.
9. Mehta, R. (2019). *Phytochemical Holism and Energy Restoration*. Journal of Ethnobotany, 9(1), 44–53.
10. Mukherjee, R. (2017). *Psychic Aerodynamics in Vedic Philosophy.* Journal of Indic Studies, 9(3), 54–67.
11. Nanda, A. (2020). *Entropy and Energy Balance in Conscious Systems*. Indian Journal of Quantum Studies, 4(1), 13–27.
12. Patel, J. (2021). *Quantum Coherence in Biological Systems*. Springer Nature.
13. Persinger, M. A. (2010). *Telepathic Brain Wave Synchronization: Electromagnetic Models*. Neuroscience and Consciousness Review, 8(4), 155–169.
14. Radhakrishnan, S. (2021). *Yoga and Energy Flow through Chakras*. Chennai: Adyar Publications.
15. Raina, R. (2018). *Energy Transduction and Human Willpower*. Journal of Conscious Energy, 2(1), 9–18.
16. Ramakrishna Mission. (2017). *Yoga Sutras and Psychic Communication*. Kolkata: RM Institute.
17. Ramaswamy, K. (2018). *The Science of Prana and Conscious Energy.* Delhi: Motilal Banarsidass.
18. Rao, M. (2016). *Solar Bioenergetics in Ancient Indian Texts*. Indian Science Heritage Review, 3(2), 77–85.
19. Sastry, P. (2017). *Weapons of Energy in Ramayana and Mahabharata*. Delhi: Bharatiya Vidya Prakashan.
20. Sharma, V. (2018). *Aerodynamics and Mythic Flights in Vedic Texts*. Journal of Ancient Aeronautics, 6(3), 89–105.
21. Sharma, V. (2020). *Telepathic Traditions in Hindu Epics.* Indian Review of Science & Culture, 12(4), 201–219.
22. Singh, B. R., & Kulshreshtha, A. (2023). *Divine Aerodynamics: A Vedic Interpretation of Hanuman's Character in Ramayana.* SMS Vedic Science Centre, Lucknow.
23. Singh, B. R., & Sharma, N. (2020). *Symbolism of Energy in Hanuman's Character*. Lucknow Journal of Indic Studies, 2(4), 101–118.
24. Tandon, A. (2019). *Vibrational Healing and the Hanuman Chalisa Effect*. Journal of Spiritual Neuroscience, 1(1), 22–34.
25. Tripathi, M., & Singh, B. (2022). *Kinetic Analysis of Traditional Weapons: The Case of Gada*. Journal of Mechanical Heritage, 10(2), 47–62.
26. Tripathi, N. (2019). *Bhakti and Bio-Energy in Yogic Psychology.* Journal of Consciousness Studies, 7(1), 33–48.
27. Vivekananda, S. (2018). *Spiritual Energy and Subconscious Depths*. Advaita Press.

आधुनिक युग में तुलसीदास के राम की प्रासंगिकता



एन. लावण्या
एतिराज महिला महाविद्यालय
(lavanyavarsha76@gmail.com)

तुलसीदास भक्तिकाल के सगुण भक्ति धारा के राम भक्ति शाखा के प्रख्यात कवि है। तुलसी ने रामचरितमानस के ज़रिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुँचाया है। तुलसीदास ने अपने काव्य में भक्ति-भावना, समन्वयत्मकता, भ्रातृत्व, विषय की व्यापकता, तत्कालीन समाज का चित्रण, युगबोध आदि विषयों पर साहित्य केंद्रित है । तुलसीदास ने राम के प्रति अनन्य भक्ति-भावना व्यक्त किया है ।भगवान श्री राम को अपना आराध्य मानकर अनन्य भाव की भक्ति तुलसी ने की थी जो उनके गीतावली एवं कवितावली में देख सकते हैं । राम वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के नेताओं और जनता का सपना बना हुआ है। हम इन्हीं ग्रंथों की महिमा के आधार पर तुलसी के साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाल सकते हैं। राम वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के नेताओं और जनता का सपना बना हुआ है। समस्त भारत देश में इन दिनों भावनात्मक एकता की कमी महसूस की रही है जिसके कारण तुलसी के राम की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। इस महान कवि ने राम राज की कल्पना द्वारा 'ना ही दरिद्र कोई दुखी ना दीना' (उत्तरकाण्ड) का आदर्श प्रस्तुत किया गया। सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति का तुलसी के रामराज्य में गंभीर रचनात्मक आश्वासन है।

बीज शब्द: तुलसीदास- समस्त दोषों से मुक्ति— आदर्श – राम की प्रासंगिकता – रामचरितमानस - स्नेह आत्मीयता, भक्त वत्सलता, सद्भाव और प्रेम की ‘‘अद्भुत मिसाल हैं - राम’ ।

तुलसीदास भक्तिकाल के सगुण भक्ति धारा के राम भक्ति शाखा के प्रख्यात कवि है। तुलसी ने रामचरितमानस के ज़रिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुँचाया है। तुलसी का साहित्य भक्ति-भावना को जागृत करते हुए सामाजिक चेतना का भी प्रसार करता है। कवि तुलसीदास का काव्य और दृष्टिकोण आज भी उतना ही लोकप्रिय और प्रासंगिक है जितना तत्कालीन समय में था । तुलसीदास की सामाजिक और लोकवादी दृष्टि भक्तिकाल के अन्य कवियों से अधिक व्यापक और गहरी है । तुलसीदास ने अपने काव्य में भक्ति-भावना, समन्वयत्मकता, भ्रातृत्व, विषय की व्यापकता, तत्कालीन समाज का चित्रण, युगबोध आदि विषयों को दर्शाया है । तुलसीदास ने राम के प्रति अनन्य भक्ति-भावना व्यक्त किया है ।भगवान श्री राम को अपना आराध्य मानकर अनन्य भाव की भक्ति तुलसी ने की थी जो उनके गीतावली एवं कवितावली में देख सकते हैं । हम इन्हीं ग्रंथों की महिमा के आधार पर तुलसी के साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाल सकते हैं। राम वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के नेताओं और जनता का सपना बना हुआ है। समस्त भारत देश में इन दिनों भावनात्मक एकता की कमी महसूस की रही है जिसके कारण तुलसी के राम की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। इस महान कवि ने राम राज की कल्पना द्वारा 'ना ही दरिद्र कोई दुखी ना दीना' (उत्तरकाण्ड) का आदर्श प्रस्तुत किया गया। सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति का तुलसी के रामराज्य में गंभीर रचनात्मक आश्वासन है।

लोक कल्याणकारी कथा के रूप में राम चरित्र-गाथा का बखान करने वाली यह रचना अपने रचनाकाल के 500 वर्षों के पश्चात् भी सतत् लोकप्रिय बनी हुई है निश्चय ही यह साधारण कवि की साधारण काव्य नहीं है । राम के लोक रंजक मर्यादा पुरुषोत्तम रूप का प्रस्तुत करने में तुलसी का कोई सानी नहीं। राम भक्ति से सरोबार तुलसी के लिये-

भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप
किए चरित्र पावन परम, प्रकृत नर अनुरूप

अर्थात् राम अपनी भक्तों की रक्षा के लिए न जाने किस किस रूप में अवतरित होते हैं उनका चरित संसार को सुख प्रदान करने वाला है, कलियुग के समस्त दोषों से मुक्ति प्रदान करने वाला है। स्नेह आत्मीयता, भक्त वत्सलता, सद्भाव और प्रेम की ‘‘अद्भुत मिसाल हैं - राम’ ।

आज के मानव समाज जिन विसगतियाँ और विडंबनाओं का सामना कर रहा है उनसे मुक्त पाने के लिए तुलसी का काव्य रामचरित मानस विशेष रुप से प्रासंगिक है। समाज अनेक वर्गो और वर्णो में विभाजित है। मानव-मानव के बीच विषमता शिखर पर पहुँच गयी है।समस्त भारत देश में इन दिनों भावनात्मक एकता की कमी महसूस की रही है जिसके कारण तुलसी के राम की प्रासंगिता और बढ़ गयी है। इस महान कवि ने राम राज की

कल्पना द्वारा ’ना ही दरिद्र कोई दुखी ना दीना’ (उत्तरकाण्ड) का आदर्श प्रस्तुत किया गया। सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति का तुलसी के रामराज्य में गंभीर रचनात्मक आश्वासन है। आज पूरे विश्व में इस महान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मानवसंघर्ष से तीव्र होता जा रहा है।

तुलसी ने लिखा है- ‘जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी, सोई नृप अवसि नरक अधिकारी।‘। (अयोध्याकांड) अर्थात जिस राजा के राज्य में प्रजा दुखी है, अभावग्रस्त जीवन व्यतीत कर रही है, वह राजा निश्चय ही नरक का अधिकारी है। तुलसी की यह पंक्तियाँ आज के शासक वर्ग को पूरे मनोयोग से पढ़ने और समझने की आवश्यकता है।

आधुनिक समाज में, महाभारत और रामायण जैसे पुराने महाकाव्यों की आधुनिक लोगों के कम्प्यूटरीकृत जीवन को बदलने के लिए असीमित प्रासंगिकता है। हमारा जीवन व्यक्तिगत इच्छाओं की पूर्ति में बसा हुआ है और हमारा रूप कभी भी हमारे व्यक्तिगत लक्ष्यों से आगे नहीं जाता है। यहां हमें भगवान राम या भगवान कृष्ण जैसे महान लोगों के दिशानिर्देशों की आवश्यकता है। भगवान राम भौतिकवाद के बवंडर में खोई हुई वर्तमान पीढ़ी के लिए महान आदर्श हैं, जो अराजकता और भ्रांतियों की ओर ले जाती है।

मर्यादा पुरूषोत्तम की अवधारणा“ऋषियों के गीतों में त्याग का महान स्वर है। और यह बलिदान दो प्रकार का है, (i) मानस का बलिदान, अर्थात्, निचले मन का संयम ,गणना और विवेक की क्षमता; (ii) मानसिक प्रकृति या इच्छा सिद्धांत का त्याग। इस दोहरे त्याग का अर्थ है "अहंकार का त्याग", "व्यक्तित्व" का त्याग। समस्त व्यक्तित्व के पीछे महापुरुष खड़ा है। भगवान राम की रोशनी, कृष्ण की रोशनी, मसीह की रोशनी, महिमा में चमकती है, जब "अहंकार" के पर्दे हटा दिए जाते हैं तब भगवान राम का व्यक्तित्व उनके आचरण की मर्यादा में मर्यादा पुरूषोत्तम की पंक्ति से घिरा है, जो पुरुषों में अद्वितीय है। उनका व्यक्तित्व उन्नत शारीरिक शक्तियों, महान मानसिक संतुलन, मानव जाति की सीमा से ऊपर आध्यात्मिक शक्तियों से युक्त है, जो समय के भंवर में हर व्यक्ति के लिए आदर्श है और मानव जाति में सर्वश्रेष्ठ की इच्छा रखता है। भगवान राम में सभी स्तरों पर उन्नति है - शारीरिक शक्ति की उन्नति, नैतिक आधार पर मानसिक उन्नति, एक बेटे के रूप में, एक भाई के रूप में, एक पति के रूप में, बुराई से लड़ने के लिए एक शासक के रूप में भक्ति और ईमानदारी के साथ पारिवारिक मानदंडों की सेवा करना। समाज को आनंद और खुशहाली से परिपूर्ण बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। वह व्यक्ति, परिवार और समग्र रूप से समाज की वृत्ताकार, रैखिक और सर्पिल प्रगति का पूर्ण अवतार हैं।

तुलसी के राम एक ऐसे राजा का आदर्श प्रस्तुत करते हैं जो परम उदार हैं, परदुःखकातर हैं। प्रजा वत्सल हैं, बिना कुछ लिए ही दीनों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं, उनका उद्धार करते है। शासक के रुप में ऐसे राजा राम की अनिवार्यता हर युग को रहेगी। सनातन काल तक मानव समाज राम जैसे शासक की प्रतीक्षा करता रहेगा। तुलसी काव्य की प्रासंगिकता आज के मानव समाज में इस दृष्टि से भी है कि वह धार्मिकता के सच्चे स्वरुप को उजागर करता है, विशेषतः हिन्दु समाज जो अनेक कुरीतियों को प्राश्रय दे रहा है। तुलसी कृत रामचरित मानस में वर्णित मानवीय संबंधों से परिचित होकर संभव है कुछ आत्म परिष्कार कर सकें। तुलसीदास की ही यह पंक्ति है –

‘कन्द मूल फल सुरस अति, दिए राम कहुँ आनि ।
प्रेम सहित प्रभु खाए, बारंबार बखानि‘।। (अरण्यकाण्ड)

जहाँ श्रीरामचन्द्र की उदात्तता प्रकट होती है। राम की यही उदात्तता हमें और हमारे समाज में फैले उँच-नीच, जाति-पाति के भेद को मिटाने के लिए तत्पर रहेगा।

भगवान राम का विशाल व्यक्तित्व रामायण के सभी पात्रों पर भारी पड़ता है। रामायण में हनुमान आस्था के विकास के प्रतीक हैं। "जब भगवान राम हनुमान से पूछते हैं, 'तुम मुझे कैसे देखते हो?' महान वानर तीन भागों में उत्तर देता है, 'जब मैं मानता हूं कि मैं शरीर हूं, तो मैं आपका वफादार सेवक हूं। जब मैं जानता हूं कि मैं आत्मा हूं, तो मैं जानता हूं कि मैं आपके शाश्वत प्रकाश की एक चिंगारी हूं। और जब मुझे सत्य का दर्शन होता है, तो आप और मैं, मेरे प्रभु, एक ही होते हैं।'इस उत्तर के साथ वह हमें तीन अवस्थाएँ दिखाते हैं जिनसे हम अपनी आध्यात्मिक खोज में गुजरते हैं। कई बार हम उस व्यक्ति, शरीर-मन-अहंकार से अपनी पहचान बना लेते हैं जिसके बारे में हम सोचते हैं कि हम वही हैं। उस समय हम महसूस कर सकते हैं कि हम यहां भगवान का काम करने के लिए, अपने और हर चीज में मौजूद उस उच्च स्व की सेवा करने के लिए हैं। यह कर्म योग की नींव है, सेवा का योग है।’’

यह अकारण नहीं है कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने गोस्वामी तुलसीदास को गौतम बुद्ध के बाद भारत का सबसे बड़ा लोकनायक कहा था। लोकनायक वह होता है जो समन्वय कर सके। हमारा समाज अनेक वर्णो और वर्गो में बटा हुआ एक विखंडित समाज बन गया है। इसमे ऊँच-नीच, अमीर-गरीब, शासक-शासित का भेद बढ़ता ही जा रहा है। अनेकता की प्रवृतियाँ स्वाभाविक हैं। किन्तु अनेकता में एकता ही किसी सबल और सक्रिय जाति और देश की पहचान होती है। आज के विषम परिवेश में तुलसी कृत रामचरित मानस के अनुशीलन से अनेकता में एकता के तत्वों को पहचाना जा सकता है। और विखंडित समाज को अखंड भारत के आदर्श से जोड़ा जा सकता है।तुलसी ने जिस राम का आदर्श सामने रखा है, वह विशिष्ट है। शासन सूत्र, सम्बन्धों से घिरे हुए क्षुद्र मनुष्य के हाथों में पड़ कर समाज को पतनशीलता की ओर ले जाता है। राम सब प्रकार की क्षुद्रताओं से मुक्त स्वार्थ संबधों से उपर उठे हुए आदर्श का नाम है। उनके बारे में तुलसीदास जी ने विनय पत्रिका में लिखा है- ’ऐसों को उदार जग माही बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ‘।।

तुलसी और उनकी रामचरितमानस मनुष्य के उत्कर्ष का गान है। प्रत्येक काण्ड का अपना वैशिष्ट्य है। ज्ञानी पुरुष इनके आध्यात्मिक महात्म्य को बताते हैं। स्वयं तुलसीदास बार बार राम कथा को मानव-उद्धार की प्रेरक गाथा मान कर मोक्ष प्राप्ति का अनमोल साधन मानते हैं।राम कथा सत्कर्मों की ओर ले जाती है, भक्ति का भाव जगाती है। मानव जीवन का आदर्श रूप क्या हो सकता है। इसका विचार जगाती है, धर्म का उदात्ता स्वरूप क्या है? इसकी प्रेरणा देती है। अयोध्या अर्थात जहां युद्ध नहीं; स्वार्थ भावना नहीं, विषमता नहीं वहीं अयोध्या है। कैकेयी के मन में विषम जावों के जागृत होने पर स्वार्थ भाव पनपने की दशा में राम अयोध्या से गमन कर जाते हैं। कलह बैर क्लेश अशांतिपूर्ण वातावरण से दूर राम मनुष्य को वैर मुक्त होकर शांतिपूर्ण जीवन जीने और दूसरों के सुख के लिये अपने सुखों का त्याग करने की सीख प्रदान करता है।

राम कथा को आध्यात्मिक अर्थों में भी यदि हमारा आधुनिक मन ग्रहण न करे तो उसके साधारण अर्थ भी उतने ही श्रेष्ठ हैं। राम को विष्णु अवतार न मान कर यदि उन्हे एक साधारण मानव के रूप में स्वीकृत कर इस पूरी कथा के निहितार्थ आज के समय में अभी भी प्रासंगिक माने जा सकते हैं! आधुनिक जीवन में टूटते परिवार, आपसी कलह, भाईयों के विद्वेष पूर्ण सम्बन्ध, प्रतिस्पर्धा ने न चाहते हुए भी अनेक समस्याओं को जनम दिया है। मानसिक क्लेश, सम्बन्धों में दरार, पारस्परिक सौहार्द के अभाव में हम सब आहत हैं। भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व-पारिवारिक एकता, समरसता, परोपकार संतोष और धर्म परायणता' न जाने कब से दिव्य स्वप्न बन चुके हैं।

रामचरितमानस के माध्यम से तुलसी ने वासनाओं के शमन का मार्ग सुझाया है। राम को राज्य का लोभ नहीं! भाई के हितों की पूर्ति के लिये सौतेली मां के वचन की खातिर वे वनगमन की ओर प्रस्थान करते हैं। पिता से प्राप्त राज्य कैकेयी पुत्र भरत को अभीष्ट नहीं उनका मानना है- ''यह राज्य मेरे भाई का है। मैं तो उनका सेवक हूं।'' लक्ष्मण स्वयं राम के साथ अयोध्या का त्याग कर देते हैं राम के चरणों की प्रतीति और सीता की सेवा उन्हें सबसे प्रिय है। वन में राम प्रसन्न हैं, गूह राजा अपना राज्य राम के चरणों में अर्पित करते हैं पर राम स्वीकार नहीं करते ऐसे भाव धारण करने की प्रेरणा निश्चय ही मन में स्फुर्ति और संस्कार पैदा करने की क्षमता रखती है। वासनाओं का नाश आवश्यक है, अज्ञान से मुक्ति अपेक्षित है। ज्ञान शक्ति के विकास के लिये, सात्विक जीवन जीने की संजीवनी तुलसी प्रदान करते हैं।

विषम परिस्थितियों में कुंठाओं, तनाव पूर्ण माहौल में सार्थक जीवन कैसे जिया जाए - रामचरितमानस इसका प्रेरक साहित्य हैं। प्रकृति और जीवन की समरसता को स्थापित करने का आधार हैं राम! लोक चेतना उन्मुख करने में इसका कोई सानी नहीं। रामकथा को सम्पूर्ण समाज के लिये ग्राह्य बना कर तुलसी अमर हो गए। स्वान्त्सुखाय से समष्टि तक विस्तार देते हुए तुलसी ने इसे 'बहता नीर' बनाया है। आप ध्यान रखिएगा राम आराध्य तब तक नहीं बने जब तक वे अयोध्या में रहें, राम को तब आदर्श माना गया जब वे पिता की आज्ञा मानकर अपने भविष्य से अनभिज्ञ होकर वन को निकल पडे थे। राम जब तक अयोध्या में रहे राजकुमार राम ही रहे, वे 14 वर्ष वनवास में रहे तो मर्यादा पुरुषोत्तम राम बन गये।

आज कोई भी व्यक्ति अपने परिवार से अलग रहकर 1 साल नौकरी नहीं कर सकता, खासकर ऐसे क्षेत्र में स्थानांतरण हो जाये जहाँ सुविधाएं अल्प मात्रा में हो। स्थानांतरण की सूचना लगने मात्र से व्यक्ति के विचारों में विरान वातावरण सा छा जाता है, उसे ऐसा लगने लगता है कि जीवन ने स्थायित्व ग्रहण कर लिया हो। अत: ऐसे समय में हमें श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने कार्यो का कर्तव्यनिष्ठा से पालन करना चाहिए, तब तुलसी का श्रीराम वाला पात्र वास्तविक मायनों में एक आदर्श व्यक्तित्व बनाने में सफल सिद्ध होगा।

श्रीराम का चरित्र हमें सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की सीख देता है। सकारात्मक दृष्टिकोण हमें सकारात्मक ऊर्जा तो प्रदान करता ही है, साथ ही साथ सफलता प्राप्ति में भी अहम भूमिका निभाता है। जब हमारी सोच सकारात्मक होगी तो विपरीत परिस्थितियाँ भी हमें एक सकारात्मक संबल प्रदान करेगी।अति संक्षेप में हम कह सकते हैं कि आज के मानव समाज में तुलसी का काव्य अधिकांश रुप में प्रासंगिक है।

सामाजिक न्याय, नारी की प्रतिष्ठा, समाज को मुख्यधारा में लाने का प्रयत्न अधिक से अधिक रचनात्मक हो सके एवं शान्ति व स्नेह के साथ हमारा समाज प्रगति के पथ पर निर्भय हो कर आगे बढ़े इसके लिए तुलसी कृत रामचरित मानस का अध्ययन अनिवार्य ही नहीं अपरिहार्य है। अत: कहा जा सकता है कि स्वयं तुलसी और उनकी रामचरितमानस वर्तमान में प्रासंगिकता लिये हुए है व नवीन पीढी का सभी क्षेत्रों में मार्गप्रशस्त कर रही है और करती रहेगी।

1. संदर्भ ग्रंथ सूची

1. रामचरितमानस में वर्णित यज्ञ की वर्तमान में प्रासंगिकता Singh, D., & Bhardwaj, M. (2022): Present relevance of Yagya described in Ramcharitmanas. Interdisciplinary Journal of Yagya Research, 5(1), 39-43. https://doi.org/10.36018/ijyr.v5i1.76
2. श्रीरामचरितमानस - टीकाकार (हनुमान प्रसाद पोद्दार)।
3. श्रीरामचरितमानस सप्तम सोपान योगेन्द्र प्रताप सिंह (लोकभारती प्रकाशन)।
4. तुलसी साहित्य में रामराज्य की कल्पना डा० नरेश कुमार सिहाग
5. डॉ. मधु लोमेश, एसोसिएट प्रोफेसर, अदिति महाविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी माटी(ISSN 2322-0724 Apni Maati) वर्ष-4,अंक-27 तुलसीदास विशेषांक (अप्रैल- जून,2018)

6. International Journal of Scientific & Innovative Research Studies ISSN: 2347-7660 (Print) | ISSN: 2454-1818 (Online)वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रामचरित मानस की प्रासंगिकता जगपाल सिंह यादव।
7. मेघ) रमेश कुंतल,1967(,तुलसीभारतीज्ञानपीठ,दिल्ली ,आधुनिक वातायन से : प्रकाशन -पृष्ठसंख्या,116
8. पाण्डेय ,मैनेजर)2011 (,"भक्ति काव्य और हिंदी आलोचना",-.पृष्ठ सं ,नेशनल बुक ट्रस्ट ,नयी दिल्ली ,मधुरेश ०संपा ,संकलित निबंध ' 18

मंदोदरी और तारा का रामकथा में योगदान



सरस्वती मल्लिक
राम मल्लिक
(rammmallik@gmail.com)

1. प्रस्तावना

हिंदू धर्मग्रंथों में मंदोदरी और तारा दोनों की गणना पंचकन्याओं में होती है। ये नारियों में सर्वश्रेष्ठ और पूजनीय मानी जाती हैं। इनको प्रतिदिन स्मरण करने से बड़े पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

अहल्या द्रौपदी तारा कुंती मंदोदरी तथा।
पंचकन्या: स्मरेन्नित्य महापातकनाशनम्।।

रामकथा में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। मंदोदरी लंकानरेश रावण की पटरानी थी और राक्षसराज मय और अप्सरा हेमा की पुत्री थी। मंदोदरी बहुत सुंदर थी। हनुमान जब सीता की खोज में लंका पहुँचे तो उसे देखकर सीता होने का भ्रन हो गया। वह नीति में अति निपुण और ज्ञानी स्त्री थी। वह रावण के बल और पराक्रम से पूर्णतया परिचित थी और राज काज में उसकी सहायिका भी थी। वह हमेशा रावण को सन्मार्ग पर चलने की सलाह देती थी। मंदोदरी के तीन पुत्र थे मेघनाद, अक्षकुमार और अचिंत्य। राम के साथ संघर्ष के समय मंदोदरी ने रावण के साथ अनेको संवाद किये और राम की महिमा और वास्तविक स्वरूप बताकर सीता को वापस करने और युद्ध रोककर राम से मैत्री करने को कह। वह नहीं माना और मारा गया। विभीषण लंका का राजा बन गया। रामकथा की तारा किष्किंधा की रानी और वानरों के राजा बालि की पत्नी थी। समुद्र मंथन के दौरान उत्पन्न हुई थी। तारा को उनकी तीव्र बुद्धि और राजनीतिक सोच के लिये जाना जाता है। अंगद तारा का पुत्र था। सुग्रीव-बाली के द्वितीय द्वंद के पहले बाली को चेतावनी दी।

राजस्थान के जोधपुर जिले में मंडोर नामक एक स्थान है जिसका नाम मंदोदरी पर ही पड़ा है और मंदोदरी वहॉ की कुलदेवी मानी जाती है। उनकी मान्यता है कि इसी स्थान पर रावण और मंदोदरी का विवाह हुआ था।

2. विस्तार

मंदोदरी की पूर्वकथा

मंदोदरी के पिता का नाम मयासुर था और माता हेमा नामक अप्सरा थी। उसका विवाह लंका नरेश रावण से हुआ था। मंदोदरी के तीन पुत्र थे मेघनाद, अक्षयकुमार और अतिकाय।रा वण का मंदोदरी से बहुत प्रेम और परस्पर विश्वास था। वह रावण के बल और पराक्रम से पूर्णतया परिचित थी राजनीति में निपुण थी और राज-काज में सहायिका भी थी।रावण को समय समय पर परमर्श देती रहती थी। रावण के पास एक जादू का वाण था ।रावण केवल इसी से मारा जा सकता था। यह मंदोदरी के शयनकक्ष में या उसके विस्तर के नीचे छिपा था। राम-रावण के अन्तिम द्वन्द्व युद्ध में राम रावण को मारने में पूर्णतया असफल रहे। विभीषण ने उन्हें दिव्य बांण के वारे में बताया जिससे रावण का बंध संभव था।हनुमान साधु के क्षद्मवेश में मन्दोदरी के कक्ष मे पहुँचे, बातों से मंदोदरी का विश्वास जीत लिया और उनसे वाण का गुप्त स्थान पता कर लिया और छीन कर राम को दे दिया। इस वाण से रावण की मृत्यु हो गई।

कुछ कहानियों में सीता को मंदोदरी की पुत्री बताया गया है। विवाह के बाद ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की उसकी पहली संतान रावण की मृत्यु का कारण बनेगी। इसलिये संतान होने पर उसे खेत में फेंक दिया गया जो बाद राजा जनक यज्ञ मे हल जोतते समय मिला था।

तारा की पूर्व कथा

एक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान अप्सरा सब के साथ तारा प्रकट हुई ।भगवान विष्णु के फ़ैसले से तारा का विवाह किष्किन्धा के वानर राजा बाली से हुआ।तारा की बुद्धिमत्ता और साहस तथा पति के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की सराहना पौराणिक ग्रंथों में की गई है । उसका पुत्र अंगद था।

राक्षस दुंदुभी का बाली ने बंध किया और उसका भाई मायावी प्रतिशोध लेने आया। बाली उससे लड़ने गया। सुग्रीव भी साथ गया। मायावी डर से भागकर एक गुफा में छुप गया। बाली अंदर युद्ध करने गया। सुग्रीव गुफा द्वार पर खड़ा रहा। एक साल के बाद गुफा से रक्त निकलता दिखाई पड़ा। सुग्रीव ने सोचा कि बाली मारा गया । वह गुफा के द्वार को पत्थर से बंद कर किष्किन्धा आ गया जहॉ उसका राज्याभिषेक कर दिया गया।बाली मरा नहीं था। वह लौट के आ गया ।सुग्रीव को राजा बना देख वह क्रोधित हुआ और सुग्रीव को मारने का प्रयास किया। सुग्रीव भाग कर ऋष्यमूक पर्वत चला गया । हनुमानजी भी उसके साथ थे । तारा ने बाली को सुग्रीव को क्षमा कर देने का सुझाव दिया पर बाली ने नहीं माना।

राम कथा में मंदोदरी और तारा के विषय में वर्णन

तारा के विषय में वर्णन

१. बाली को सुग्रीव से युद्ध करने से रोकना

राम से मित्रता और सहायता का बचन के बाद सुग्रीव किष्किन्धा पहुँचा और बाली को युद्ध के ललकारा। तारा ने बाली को समझाया कि अकस्मात् निर्भय होकर सुग्रीव विना कारण आपके समक्ष नहीं आ सकता है और उसे युद्ध में जाने से मना किया। बाली नहीं माना। सुग्रीव हारकर भागा परन्तु राम के समझाने से दूसरी बार युद्ध के लिये आया।तारा समझ गई कि कोई बाहरी व्यक्ति सुग्रीव की सहायता कर रहा है । कंब रामायण के अनुसार तारा ने कहा कि सुग्रा ीव की सहायता श्री राम कर रहे हैं । बाली ने कहा कि श्रीराम धर्मात्मा हैं और मेरे और सुग्रीव के युद्ध के बीच उसपर प्रहार नहीं करेंगे । तारा ने बाली को समझाया कि वह युद्ध में नहीं जाये पर बाली नहीं माना।बाली युद्ध में गया और श्रीराम के हाथों से मारा गया।

२. बाली की मृत्यु के पश्चात तारा का विलाप और श्रीराम से संवाद

बाली श्रीराम के बाण से घायल होकर मृत्यु के निकट था। श्रीराम ने उसे उसके पापों के बारे में बताया। तब तारा और अंगद वहॉ आये और विलाप करने लगे। हनुमान ने उन्हें सांत्वना दी कि अंगद के भविष्य के बारे में सोचें। बाली ने तारा और अंगद को संरक्षण प्रदान करने को कहा और देह त्याग दिया। श्रीराम ने तारा को उपदेश दिया।आत्मा को अमर और देह को नश्वर बताया और सांत्वना दी।

राम चरित मानस में इसका विस्तृत वर्णन है।(४ दोहा११ चौ.३,४)

तारा बिकल देखि रघुराया।दीन्ह ग्यान हरि लीन्ही माया।।
छिति जल पावक गगन समीरा। पंच रचित यह अधम सरीरा।।
प्रगट सो तनु तव आगे सोवा ।जीव नित्य तेहि लगि तुम्ह रोवा।।
उपजा ज्ञान चरन तब लागी। लीन्हेसि परम भगति बर मागी।।

अध्यात्म रामायण के अनुसार तारा ने राम को श्राप दिया कि अगले जन्म बाली उनकी मृत्यु का कारण बनेगा। जिस प्रकार आपके बाण से बाली हताहत है उसी प्रकार अगले जन्म में आप बाली के बाण से हताहत होंगे।इसी कारण श्रीकृष्ण अवतार में बाली ने बहेलिये के रूप में जन्म लेकर उन्हें बाण मारा।। बाण लगने के बाद श्रीकृष्ण ने निर्वाण लिया।द

लक्ष्मण के क्रोध को शान्त करना

राजा बनने के बाद सुग्रीव भोग- विलास में लिप्त हो गया और सीता अन्वेषण के लिये श्रीराम के दिये वचन को भूल गया। श्रीराम को क्रोध आया और लक्ष्मण को सुग्रीव के पास भेजा। लक्ष्मण के क्रोध को देखकर सुग्रीव बहुत भयभीत हो गया। लगता था लक्ष्मण समस्त किष्किंधा का नाश कर देंगे। तब उसने तारा से अनुरोध किया कि वह लक्ष्मण को किसी प्रकार समझाये। तारा ने अपने कूटनीतिक कौशल से कोमल स्वर में लक्ष्मण को समझाया। लक्ष्मण का क्रोध शांत हो गया और उन्होंने अपने क्रोध के लिये क्षमा भी मांगी।

तारा का सुग्रीव से विवाह

बाली की मृत्यु के बाद तारा ने सुग्रीव से विवाह कर लिया।इसका स्पष्ट विवरण रामायण में नहीं है। कुछ ग्रंथों में कहा गया है कि सुग्रीव को तारा से विवाह का सुझाव श्रीराम ने दिया था। महाभारत के अरण्य कांड में भी इस बात का वर्णन है।

राम कथा में मंदोदरी का वर्णन

१. रामकथा में मंदोदरी का प्रवेश

रामकथा में मंदोदरी का प्रवेश शूर्पणखा के राम लक्ष्मण द्वारा अपमानित और नाक कान कटने बाद रावण के दरबार में आकर अपनी दुख भरी कहानी सुनाने के बाद होती है । मंदोदरी ने उसे सांत्वना दी। किन्तु जब शूर्पणखा ने सीता हरण का सुझाव दिया तब मंदोदरी ने इसका विरोध किया। जब रावण सीता का हरण कर लाया तब मंदोदरी ने ही रावण को सुझाव दिया कि उन्हें राज महल की जगह अशोक वाटिका में रखें।

२. रावण के क्रोध से सीता के प्राण की रक्षा और सहायता

रावण मंदोदरी और अन्य रानियों के साथ अशोक वाटिका में सीता के पास आया और उससे विवाह करने के लिये प्रलोभन देने लगा।सीता के मना करने पर उसे धमकी देने लगा।सीता ने भी उसे समुचित प्रत्युत्तर देकर अपमानित किया । रावण क्रोध से सीता की हत्या करने को आगे बढ़ा । मंदोदरी ने उसका हाथ पकड़ कर रोक लिया ओर समझा बुझाकर उसे ऐसा करने से मना कर दिया। श्रीराम की अवज्ञा कर सीता को श्रीराम को लौटाने का विभीषण के प्रस्ताव का समर्थन किया।

३. श्रीराम का सेना सहित समुद्र पार कर लंका पहुँचने और राम रावण युद्ध तक मंदोदरी का चरित्र

मंदोदरी राम की पृष्ट भूमि और शूर वीरता से परिचित थी और वह रावण को राम की महिमा बताती है।

अति बल मधु कैटभ जेहि मारे। महावीर दितिसुत सँवारे।।

जेहि बलि बॉधि सहसभुज मारा। सोई अवतरेउ हरण महि भारा।।

वह कहती है कि राम का विरोध नहीं कीजिये। सीता को राम को सौंप दीजिये, पुत्र को राज दे दीजिये और आप राम का भजन कीजिये। ऐसे ही उद्गार मंदोदरी ने कितने अन्य अवसरों पर भी प्रकट किये। रावण ने उसकी बात नहीं मानी। बार बार सीता को लौटाने और राम की शरण में जाने की बात करने पर रावण उससे क्रुद्ध होकर उसे स्त्रियों के के आठ अवगुणों के बारे में बताया । मंदोदरी ने हारकर और कहना छोड़ दिया।

नाना विधि तेहि कहसि वुझाई।सभॉ बहोरि बैठ सो जाई।।

मंदोदरी हृदय अस जाना। काल बस्य उपजा अभिमानी।।

पुत्र मेघनाद, भाई कुंभकर्ण और समस्त राक्षस सेना का नास हो गया। अंत में विभीषण के कहने पर हनुमान ने वो दिव्य बाण मंदोदरी के पास से चुरा लिया जिससे अंतत: श्रीराम ने राम का बंध किया।

४. रावण के निधन के बाद मंदोदरी का चरित्र

रावण के निधन के बाद मंदोदरी करुण विलाप करने लगी। वो रावण क साथ होने वाली थी किन्तु श्रीराम के समझाने पर उसने विचार त्याग दिया। विभीषण के राज्याभिषेक के बाद श्रीराम के सुझाव पर मंदोदरी ने विभीषण से विवाह कर लिया।

3. निष्कर्ष

मंदोदरी और तारा का रामकथा में महत्त्वपूर्ण योगदान है। उनका पतिप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और वुद्धिमत्ता नारियों के लिये आदर्श है।

4. संदर्भ ग्रंथ

1. श्री राम चरित मानस और टीकाएँ
2. वाल्मीकि रामायण
3. विकिपीडिया
4. धर्म संसार में लेख

Ramayana Documents Chandagupta-2 of Guptas



Ramprasad Soghal MS
Credible Indian History fb Group, Bengaluru
(soghal@gmail.com)

Ramayana has been an epic text in a number of ways. But there is a key question on its historicity. Often people raise this question. ***"Is Ramayana real and was it an Historical event?"****. My research exposes a new phase on Ramayana and tries to answer this important question. the "historicity of Ramayana". This paper documents the research findings.*

1. Introduction

Ramayana is an Epic. That is an English definition. Most of the Bharatiyas know it as "Ithihasa". Ithihasa means "That happened". So, by category, Ramayana has been earmarked as an "Historical account". That answers the "Historicity question". But, where is the physical evidence? Many attempted to extract clues from Ramayana. Like geological indicators (place name etc), spatial indicators (like time markers, chronology of king, archeo-astronomy), Social indicators (People and peoples living style etc) to find suitable place and time to excavate physical proof. But all these attempts have largely failed. Starting from Rama's horoscope to date Ramayana, top rated simulation softwares like stellarium has been used to zero in on the timeline of Ramayana. State of the art NASA/ISRO satellites have been deployed to scan the topography to hunt geographical evidence. Archeology excavations starting in Ayodhya, Saketa, Nasik, Kishkinda, Rameshwaram, Ramsetu to Srilanka, have been tried out for evidence for Ramayana. But none has yielded any positive results.
Then **how come Ramayana is an Ithihasa**? This is the Question selected for my research.

2. About Ramayana

Ramayana has always been a source of spiritual, sociological, political, cultural and artistic inspiration for the Indian people as well as to people of South East Asian countries like Cambodia, Indonesia, Thailand, Malaysia etc. Apart from supplementing the national literature, it has been a source of reference in art forms like dance, music, painting and sculpture. In **Thailand** it is referred to as "**Ramakein**"; "**Serat Rama**" in **Indonesia**; "**Yama Zatdaw"** in **Myanmar**; "**Maharadia Lawana"** in the **Philippines**; "**Hikayat Seri Rama**" in **Malaysia**; "**Reamker**" in **Cambodia**; "**Phra Lak Phra Lam**" in **Laos**; "**Truyện Dạ Xoa Vương**" in **Vietnam**. Apart from local versions. "***Dashratha Jataka"*** *the Buddhist version is studied as Buddhist text in countries like* ***Bhutan, Srilanka, China, Japan*** *etc.*

With **Ram Rajya** standing as a model for **Good governance**, it offers useful tips on statecraft, politics, values and ethics. This epic comprehends the great heroic life of an ideal person "Lord Rama" who acted as an ideal king, ideal student, ideal husband, ideal friend and most of all an ideal enemy standing to all embodiments of Dharma.

Ramayana has been divided into seven Kanda's/sections. The first Kanda/section i.e "Bala Kanda" relates to the divine birth of Sri Rama and his brothers. It is about his childhood being an ideal student and then going to marry Sita thus narrating the qualities of an ideal Husband. The second kanda/section "Ayodhya Kanda" speaks of the coronation of Sri Rama going to become an ideal king and his exile to Ayodhya. The third kanda/section " Aranya Kanda" dwells into the forest life of Sri Rama, Sita and Lakshmana. While in forest scenarios surrounding the kidnapping of Sita by Ravana. Fourth Kanda/section "Kishkinda Kanda" relates to the meeting of Hanuman and Sugriva with Sri Rama where they form a strategic alliance to crown Sugriva as the king of Kishkinda by killing Sugriva's brother Vaali. Hereafter they start searching for Sita and the role of Vanars (monkeys) in assisting Sri Rama in his search. The Fifth Kanda/section " Sundara Kanda" illustrates the adventures of Hanuman in crossing the ocean to find Sita, his meeting with Ravana and warning him of the dreadful consequences. The Sixth Kanda/section "Yuddha Kanda" portrays the battle between Ravana and Rama. After the war, the victorious return of Rama to Ayodhya on completion of his 14 year exile period. The seventh Kanda/Section "Uttara Kanda" speaks of Rama's sons "Kusha and Lava", born to Sita and her eventual remorseful merging with mother earth due to her banishment.

3. Methodology

I had worked on a paper called Archeological evidence supporting "Devi Chandraguptam". My paper was presented in the IHAR conference at the inaugural conference of IHAR association, USA at IGNCA, New Delhi in Feb 2019. We Indologists have long suspected that Alexander came to India during Gupta rule rather than during Mauryan rule. At the concluding discussions, it is felt that establishing a credible sheet anchor based on Mahabharata or Buddha or Adi Shankara or Imperial Guptas is very important to prove Indic Chronology. I have selected Gupta for evaluation, as it is the lower end of the spectrum for further research.

Indian puranas stop their chronology of Imperial Magadha with the end of Satavahana rule. They neither account Guptas or Alexander. There are no cross verifiable points to establish a sheet anchor. So fresh study into primary materials like inscriptions, numismatics, texts (Indian, Greek and Iranian sources like puranas, Ithihasa etc) were undertaken to look for new clues and evidence. I have built my case for Indian history and chronology due to this long study. One part of this research explored Ramayana for Historicity. So, various Gupta era information was correlated with Ramayana. This correlation, the churning produced new perspective, data and research findings. These are produced in this paper.

4. Research Elaborations

Western historians were born and brought up in a Christian society and therefore, faithful to the Biblical conception of the creation of the world in 4004 BCE. They knew the fact that the antiquity of Greece and other European countries were not older than 1000BCE. When they encountered the fact that the antiquity of Indian civilization could be greater than 4000 BCE, they could not swallow it. Therefore, they started distorting the History and Chronology of ancient India. Western historians were fascinated with the history of Alexander from their childhood. They started searching for the footprints of Alexander's invasion in India, as Alexander went after India after conquering Iran. Interestingly, there is no reference of Alexander's invasion in Indian literary sources. So, it was initially disappointing. But they found Greek king names in Asoka's inscription. That was fascinating for them. So, they started equating Alexander with Mauryans.

It was William Jones, who first conspired on Indian history by equating Sandrocottus mentioned in Greek sources as the Indian king of Alexander time as Chandragupta Maurya. But Puranas and Ithihasas propose a different timeline that does not match with this equation. To cover up his distortion, Jones declared that the Puranic account of Indian history, Ramayana and Mahabharata, The "Ithihasas" are mythological accounts and unreliable. Then western historians categorised the events described in the Indian texts as partly "historical" and partly "Mythological". They declared that It is difficult to filter out the part that is "an historical account" and to extract it as true history. So, they limited the texts as secondary evidence to validate primary evidence obtained by archeology. Thus, Mauryans, Shungas, Kanva, Satavahana,Guptas became historical accounts (as their inscriptions were found) while others like Pradyotas, Bharatas (Mahabharata Kings), Suryavanshi kings of Ramayana etc became mythological accounts. Rama and Krishna were declared as "Mythological characters".

From this western concoction, following question were raised on Ramayana for its historicity

- Lack of Archeological evidence to validate the Ramayana story line
- Ramayana at best suite the definition of a "Janapada/People's lore"
- Religious belief make Indians believe Ramayana as an historical account
- Srilanka was known as Sinhala to locals and not as Ravana's Lanka (to Tamilians and Srilankanns). Astronomers like Aryabhata's account locate Ravana's lanka on Ujjain's Latitude. Srilanka does not match this description.
- No evidence of any floating bridge at "Ramsetu". The distance between India and Srilanka is not 100 yojanas.
- Spoked Wheel and iron required for the kind of battle described in Ramayana. Sanauli excavations dateable to around 2000 BCE show usage of solid wheel horse cart and copper alloy weapons. So, Ramayana dating before 2000 BCE, not tenable.
- Excavations at purana quila at Indraprasta (old Delhi) could take the carbon dateable period to 900 BCE. Mahabharata and Ramayana dates arrived from Archeo-astronomy becomes questionable due to these findings.
- No evidence for Rama, Krishna temples before Gupta period. Sankarshana and Vasudeva are mentioned by Satavahanas before Guptas. But Sankarshana and Vasudeva could mean different things in that time than today's equation to Balarama and Krishna.
- Mention of Foreign tribes like Yavana, Pahlava, Saka, Barbara, Khamboja, Kirata, Huna along with Pallava, Satyaputra, Keralaputra etc in Mahabharata, Ramayana and Puranas. These tribes come at different time periods in chronology. Combining them indicates a consolidation after all of them were known.
- The language of Ramayana and Mahabharata is classical Sanskrit. Sanskrit takes prominence during gupta rule. Before that we see Prakrit.

So, for the question, "**how come Ramayana is an Ithihasa**?" needs an out of the box approach. Ramayana should be approached with a different perspective to decode and prove it as an "Historical event".

The central theme or core part of Ramayana revolves around two things.

1. What Dharma Says (or how to make judgement), when a rightful ascension to throne for a prince is converted into an exile to forest, that too for 14 years. 14 years was the time limit rule set in "dharma" for claiming the right to the throne. A committee headed by King Janaka and other intellectuals dwells into this question before Rama decides to go on with the exile. This is an important question for statecraft.
2. Abduction of Sita. How an Husband, that too a kshatriya sworn on "oath to protect pamaras" has to behave. The question comes for Vali, who had kidnapped Sugriva's wife. The same applies to Ravana.

So, Ramayana was establishing important morals in the society.

I was working on DeviChadragupam and I found out that the "Abduction of Sita" resonates with "DeviChandraguptam". The centrality of the play, DeviChadraguptam is the same. Behaviour of King/Kshatriya on oath to protect pamaras. The Morality of this question comes up on "Rama" Gupta, just like it falls on Rama. In DeviChadraguptam, Chandragupta-2 fights foreign kidnappers "Sakas" and terminates their rule, just like the way Rama ends Ravana's rule. This hints that, in reality, the historicity of Ramayana builds on the events that happened during Gupta rule. **Ramayana Documents "Chandragupta2" of Guptas**. Ramayana is another narration of DeviChandraguptam. However Ramayana works on several

goals. Consolidation of various other texts into Ramayana to make it an epic. It is like creating one encyclopedia to preserve various knowledge gathered so far. This consolidation serves for the propagation, preservation etc. Most probably a university full of scholars and experts could have worked in the consolidation and composition of the text. Sumtotal of this effort was probably attributed to Maharshi Valmiki.

But apart from hypothesis and guess work, do we have any evidence? Yes there is multiple evidence in support of my argument.

1. Guptas adopt Garuda as their Royal standard and Vishnu as prime deity. So, Vishnu, Krishna, Rama avataras seem to be creations during Gupta period to give a larger than life image for Gupta kings.
2. Ramagupta's name was used as an alibi for building Lord Ram's character. Ramagupta actually gets a "Rakshasa demand" of handing over the queen to gain his freedom. The Queen was treated as "Rajyalakshmi" in Indian Society. It was not just the wife in question, but the honour of the entire state. Sakas were depicted as Rakshas (Puranas call them Mlechhas). The name and events are so coincidental.
3. Gupta's built the first Dasavatara Temple at Deogarh/Dev Garh. It proves, Dashavatara character creation happened during Gupta rule.
1. Goldman, Robert P., trans. The Ramayana of Valmiki. Princeton UP, 1984–2019.
2. Lutgendorf, Philip. The Life of a Text: Performing the Ramcharitmanas. U of California P, 1991.
3. Ramanujan, A. K. "Three Hundred Ramayanas." In Many Ramayanas, edited by Paula Richman, U of California P, 1991.
4. Richman, Paula, editor. Many Ramayanas: The Diversity of a Narrative Tradition in South Asia. U of California P, 1991.
5. Tulsidas. Ramcharitmanas. Gita Press, Gorakhpur, revised edition.

रामायण कालीन वानस्पतिक औषधिया



संगम बाजपेयी
भुवनेश्वरी भारद्वाज
लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
(Sangambajpai94@gmail.com)
मयंक जिंदल
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
(Mayankjindal.512@gmail.com)

रामायण कालीन वानस्पतिक औषधियाँ भारतीय चिकित्सा परंपरा की आधारशिला रही हैं। उस युग में रोग निवारण और आरोग्य संरक्षण के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता था। वाल्मीकि रामायण में संजीवनी बूटी, विशल्यकरणी, संधानीकरणी, सुवर्णकर्णी और मृतसंजीवनी जैसी औषधियों का उल्लेख मिलता है, जिनका उपयोग जीवन रक्षा एवं उपचार हेतु किया गया। आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान में इन औषधियों की पहचान Selaginella bryopteris, Achyranthes aspera, Cissus quadrangularis, Calotropis gigantea तथा Tinospora cordifolia (गिलोय) के रूप में की गई है। ये औषधियाँ आज भी आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में प्रभावी रूप से प्रयुक्त हो रही हैं। तथापि, पर्यावरणीय असंतुलन, वनों की कटाई और जैव विविधता में कमी के कारण इनकी प्राकृतिक उपलब्धता घटती जा रही है। यह वनस्पतियाँ वर्तमान समय में भी उपलब्ध हैं तथा वैज्ञानिक शोध के माध्यम से इनका उपयोग विभिन्न रोगों और व्याधियों पर विजय प्राप्त करने हेतु किया जा सकता है। ये औषधियाँ जैविक, आनुवंशिक, मानसिक एवं राजसिक रोगों के साथ-साथ मधुमेह (शुगर) और उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) जैसे रोगों पर भी नियंत्रण स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। रामायण कालीन वनस्पतियों की औषधियों का उपयोग उपचार के माध्यम से लोगों के रोगों के निवारण और स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता रहा है।

1. प्रस्तावना

रामायण और रामायण काल की वानस्पतिक औषधियाँ भारतीय संस्कृति के प्राचीनतम और समृद्ध चिकित्सा-ज्ञान का जीवंत उदाहरण हैं, जिनमें न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व निहित है बल्कि प्राचीन आयुर्वैदिक विज्ञान की गहराइयों की झलक भी मिलती है। वाल्मीकि रामायण में अनेक प्रसंग ऐसे हैं जहाँ वनस्पतियों, औषधियों और जड़ी-बूटियों का अत्यंत सटीक व वैज्ञानिक ढंग से उल्लेख मिलता है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि रामायण काल में चिकित्सा-विज्ञान और औषध-निर्माण की परंपरा अत्यंत विकसित और संगठित थी। राम, लक्ष्मण और सीता की वन-यात्रा से लेकर रावण के विरुद्ध युद्ध तक पूरे काव्य में वनस्पतियों का अद्भुत वैदिक- आयुर्वैदिक उपयोग वर्णित है। विशेष रूप से दंडकारण्य, चित्रकूट, पंचवटी, ऋष्यमूक, किष्किंधा और हिमालय जैसे क्षेत्रों में विविध औषधीय वनस्पतियों की प्रचुरता थी, जिन्हें ऋषि-मुनि, वैद्य और साधु चिकित्सकीय प्रयोजन हेतु प्रयोग करते थे। रामायण में सबसे प्रसिद्ध औषधि "संजीवनी बूटी" है, जिसे हिमालय से लाने का कार्य हनुमान द्वारा किया गया। यह औषधि 'मृत-संजीवनी' मानी जाती थी, अर्थात ऐसी जड़ी-बूटी जो मृतप्राय शरीर में पुनः प्राणशक्ति भर सके। सुशेण वैद्य ने इसके बारे में सटीक मार्गदर्शन दिया था और इसके द्वारा लक्ष्मण का जीवन बचाया गया, जो यह संकेत देता है कि उस समय औषधियों का वर्गीकरण, पहचान, गुणधर्म और उपयोग के प्रति अत्यंत उन्नत ज्ञान विद्यमान था। संजीवनी के अतिरिक्त रामायण में चार और दिव्य औषधियों का उल्लेख मिलता है विशल्या-करणी, संधान-करणी, सौम्य-करणी, और सुवर्ण-करणी। विशल्या-करणी तीर और भाले जैसे शस्त्रों से हुए घावों में फंसे शल्य को निकालने तथा रक्तस्राव को तुरंत रोकने में प्रभावी थी, जबकि संधान-करणी हड्डियों और शरीर के कटे हुए हिस्सों को जोड़ने की क्षमता रखती थी, जो आधुनिक 'टिश्यू रीजनरेशन' और 'सेल ग्रोथ' जैसी अवधारणाओं से मेल खाती है। सौम्यकरणी और सुवर्णकरणी घाव शांत करने, दर्द कम करने, त्वचा को पुनर्जीवित करने और बल-वृद्धि में सहायक बताई जाती हैं। इन औषधियों के प्रयोग से घायल वानरों और योद्धाओं की चिकित्सा तुरंत संभव होती थी, जिससे युद्ध कौशल के साथ-साथ चिकित्सकीय दक्षता भी स्पष्ट होती है। इसके अलावा, सुग्रीव द्वारा बताए गए हिमालय के उत्तर भाग में स्थित विशिष्ट पर्वतों पर दिव्यौषधियों के उपलब्ध होने का उल्लेख मिलता है, जिससे प्रतीत होता है कि उस समय के वैद्य भौगोलिक वनस्पति-विज्ञान (Geobotany) की गहरी समझ रखते थे और क्षेत्र-विशेष की जड़ी-बूटियों की पहचान में निपुण थे। रामायण काल में केवल युद्ध-चिकित्सा ही नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में भी वनस्पतियों का व्यापक उपयोग होता था। दंडकारण्य में सीता द्वारा प्रयुक्त सुगंधित पुष्प, द्रव्य और जड़ी-बूटियाँ स्त्री-स्वास्थ्य, सौंदर्य-चिकित्सा और घरेलू उपचारों का संकेत देती हैं। जंगल में रहने के दौरान ऋषियों और साधुओं द्वारा फल, मूल, कंद, पत्ते, वनस्पति-रस और औषधीय कषाय का सेवन सामान्य बात थी, जो यह बताता है कि वे प्राकृतिक चिकित्सा तथा स्व-उपचार प्रणालियों में पारंगत थे। आयुर्वेदिक ग्रंथों के अनुसार दंडकारण्य, जहां राम ने अपने 14 वर्ष बिताए, आज के मध्य भारत और दक्षिण भारत के विशाल वन क्षेत्रों

से मेल खाता है, जो अशोक, नीम, अर्जुन, बेल, शाल, तिलस्मी वनस्पतियों, गुग्गुल, हल्दी, चिरायता, नागरमोथा, अपामार्ग आदि समृद्ध औषधियों से भरा हुआ था। इसी प्रकार, चित्रकूट पर्वत आयुर्वैदिक जड़ी-बूटियों का समृद्ध केंद्र माना जाता है, जहाँ ऋषि अत्रि और अनसूया का आश्रम था। पंचवटी में जटायु के घायल होने पर राम ने औषधीय पत्तियों और लेप का उपयोग किया, जो तत्कालिक उपचार के रूप में प्रयुक्त हुआ। इन सब प्रसंगों से स्पष्ट है कि रामायण काल में वनस्पतियों का चिकित्सीय उपयोग वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित था तथा औषधियों का प्रभाव तत्काल और परिणामकारी माना जाता था। रामायण काल में 'औषधि-विज्ञान' केवल युद्धकालीन उपचार तक सीमित नहीं था, बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक संतुलन के लिए भी वनस्पतियों का उपयोग किया जाता था। ऋषि-मुनि ध्यान, जप, उपवास, यज्ञ और हवन में विशिष्ट औषधीय वनस्पतियों जैसे समिधा, गुग्गुल, लोध्र, अगुरु, चंदन, तुलसी, कुटज, ब्राह्मी का उपयोग करते थे। इन यज्ञों से पैदा होने वाला औषधीय धुआँ स्वास्थ्य-लाभकारी माना जाता था, तथा वातावरण को शुद्ध करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। औषधियों के उपयोग में उस काल के लोगों की सूक्ष्म दृष्टि और गहन निरीक्षण क्षमता झलकती है। वे केवल पौधों की आकृति, रंग-रूप और स्वाद ही नहीं, बल्कि उनके रस, गुण, वीर्य, विपाक और प्रभाव जैसे आयुर्वैदिक सिद्धांतों को भली प्रकार समझते थे। यह ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से संरक्षित और परिष्कृत होता गया, जिसका संकलन आगे चलकर चरक संहिता, सुश्रुत संहिता और अष्टांग हृदयम् जैसे ग्रंथों में हुआ। यह मानना अनुचित नहीं होगा कि इन आयुर्वैदिक ग्रंथों की नींव रामायण काल में व्याप्त वनस्पतिक परंपरा पर ही स्थापित हुई थी। रामायण काल की औषधियों का एक और उल्लेखनीय पहलू यह है कि चिकित्सा केवल पुरुष वैद्यों के हाथ में नहीं थी, बल्कि महिला ऋषिकाएँ और गृहिणियाँ भी औषधियों के ज्ञान में दक्ष थीं। यह ज्ञान घरेलू उपचार, रसोई-औषधियों और वन-जड़ी-बूटियों के माध्यम से समाज में समन्वित था। रामायण में "औषधि पर्वत" को उठाकर लाने की कथा, चाहे प्रतीकात्मक मानी जाए या वास्तविक, यह संदेश अवश्य देती है कि औषधीय वनस्पतियाँ उस युग की जीवन-रेखा थीं। दिव्यौषधियों का उल्लेख यह भी दर्शाता है कि वनस्पतियों को केवल भौतिक ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शक्ति का भी स्रोत माना जाता था। कुल मिलाकर, रामायण और रामायण काल की वानस्पतिक औषधियाँ भारतीय चिकित्सा-परंपरा की व्यापकता, वैज्ञानिक दृष्टि, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और वनस्पति-विज्ञान की उत्कृष्ट समझ का प्रमाण हैं। रामायण का औषधीय ज्ञान आज भी आधुनिक हर्बल साइंस, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और वनस्पति शोध के लिए प्रेरणा-स्रोत है।

2. साहित्य समीक्षा

(Sikarwar, 2024; Patil & Pandey, 2025) भारतीय संस्कृति में *रामायण* केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि उस युग की सामाजिक, पर्यावरणीय और औषधीय जानकारी का भी प्रमुख स्रोत है। *वाल्मीकि रामायण* में अनेक ऐसे वृक्षों, लताओं, झाड़ियों और जड़ी-बूटियों का उल्लेख मिलता है जो उस काल में चिकित्सा एवं जीवनोपयोगी उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त होती थीं। आधुनिक शोधों ने इस बात की पुष्टि की है कि इन पौधों में से अधिकांश आज भी पारंपरिक औषधियों में उपयोग किए जाते हैं ।

(Sikarwar, 2024) सिकारवार (2024) के अनुसार *श्रीमद् वाल्मीकि रामायण* में लगभग 150 वनस्पतियों का उल्लेख मिलता है, जो लगभग 117 वंशों और 60 कुलों से संबंधित हैं। इनमें वृक्षों की संख्या सर्वाधिक पाई गई है। संस्कृत नामों का आधुनिक वनस्पति विज्ञान के नामों से तुलनात्मक अध्ययन कर यह बताया गया है कि रामायण में वर्णित अधिकांश पौधे वास्तविक रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में आज भी विद्यमान हैं।

(Patil & Pandey, 2025) पाटिल और पांडे (2025) ने आगे बताया कि इन पौधों में से कई आज भी औषधीय दृष्टि से उपयोगी हैं तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा में उनका महत्त्व बना हुआ है। उनका कहना है कि *रामायण* जैसे प्राचीन ग्रंथ केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि औषध विज्ञान की प्राचीन परंपरा के जीवित दस्तावेज हैं।

(Sharma, 2023) *रामायण* में *संजीवनी, ब्राह्मी (Bacopa monnieri), अश्वगंधा (Withania somnifera), तुलसी (Ocimum sanctum)* जैसे पौधों का उल्लेख उनके उपचारात्मक गुणों के कारण किया गया है। ये औषधियाँ स्मृतिवर्धक, घाव भरने वाली, सूजन कम करने वाली और बलवर्धक बताई गई हैं। शर्मा (2023) के अनुसार ये पौधे आज भी लोकचिकित्सा और आयुर्वेद में प्रचलित हैं, जो दर्शाता है कि रामायण कालीन औषधीय ज्ञान की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।

(Kumar et al., 2022; Verma & Singh, 2023) आधुनिक अनुसंधानों ने इन पौधों के औषधीय गुणों की वैज्ञानिक पुष्टि की है। कुमार, मेहता और तिवारी (2022) के अनुसार *ब्राह्मी* में स्मृति-वर्धक और न्यूरो-प्रोटेक्टिव तत्व पाए गए हैं, जबकि *अश्वगंधा* में तनाव-रोधी एवं सूजन-रोधी गुण सिद्ध किए गए हैं। इसी प्रकार *तुलसी* में एंटीऑक्सीडेंट और जीवाणुरोधी गुण पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक औषधि उद्योग में किया जा रहा है (Verma & Singh, 2023)।

(Joshi, 2023; Patil & Pandey, 2025) *रामायण* में उल्लिखित अनेक पौधे जैसे *चंदन (Santalum album)*, *अशोक (Saraca asoca)*, *हल्दी (Curcuma longa)* आदि आज भी सामान्य रूप से उपलब्ध हैं। किन्तु कुछ पौधे जैसे *पिटरोकर्पस (Pterocarpus santalinus)*, *अगर (Aquilaria agallocha)* इत्यादि अत्यधिक दोहन एवं वनों के क्षय के कारण दुर्लभ हो गए हैं (Joshi, 2023)। इसके अतिरिक्त *संजीवनी बूटी* जैसे पौधों की पहचान आज भी विवादास्पद है क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पौधों को इस नाम से जाना जाता है (Patil & Pandey, 2025)।

(Verma & Singh, 2023) वर्तमान में अधिकांश शोध केवल ग्रंथों से पौधों की सूचीकरण और औषधीय गुणों की चर्चा तक सीमित हैं। परंतु इन पौधों की **वास्तविक भौगोलिक उपलब्धता**, **संरक्षण स्थिति**, तथा **विपणन श्रृंखला (supply chain)** पर कम कार्य हुआ है। इसके अतिरिक्त संस्कृत नामों की बहुलता के कारण कई बार सही वनस्पति की पहचान करना कठिन हो जाता है। वर्मा और सिंह (2023) का मत है कि इन ग्रंथों में वर्णित पौधों के आधुनिक वैज्ञानिक सत्यापन और संरक्षण के लिए बहु-विषयक (interdisciplinary) दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

3. उद्देश्य

रामायण ग्रंथ में वर्णित वानस्पतिक औषधियों का मूल पाठ-संदर्भों सहित अध्ययन करना तथा उनके औषधीय गुणों को प्राचीन आयुर्वैदिक विवरणों के आधार पर विश्लेषित करना।

4. विषयवस्तु

श्री राम लक्ष्मण जी अयोध्या नगरी से वनवास के लिए प्रस्थान कर रहे हैं श्रृंगवेरपुर श्री गंगा जी के तट पर लक्ष्मण और सुमंत्र तथा सीता राम जी इंगुदी वृक्ष के समीप गए (31 श्लोक, 50 वनसर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

भारद्वाज आश्रम के समीप यमुना तट पर विशाल वृक्ष जिसके नीचे अनेक सिद्ध निवास करते हैं इसे श्याम वट कहते हैं (6- 7 श्लोक, 55 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

गजकंद का गूदा लेकर देवताओं का पूजन करना । का अर्थ है गजकंद नामक कंद विशेष का गूदा (56 सर्ग, 22 श्लोक, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

रक्त विकार का नाश करने वाले उसे गजकंद को भली भांति पका हुआ जानकर लक्ष्मण जी ने पुरुष सिंह श्री रघुनाथ जी से कहा| छिन्न शोणितम की व्युत्पत्ति इस प्रकार है। छिन्नं शोणितं रक्तविकाररूपं रोगजातं येन स: तम् । गजकंद रक्त विकार का नाशक है यह वैदिक में प्रसिद्ध है मदनपाल निघण्टु के षडदोषादिकुष्टहंता आदि वचन से भी यह क्षरण दोष तथा कुष्ठ आदि रक्त विकार का नाशक सिद्ध होता है। (27 श्लोक 56 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

लक्ष्मण जी कहते हैं कि यह काले छिलके वाला गजकंद जो बिगड़े हुए सभी अंगों को ठीक करने वाला है समस्तांग: की व्युत्पत्ति समझनी चाहिए। सम्यक् भवन्ति अस्तानि अंगानि येन स: । (28 श्लोक, 56 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

भरत जी श्री राम जी से मिलने के लिए वन में रात्रि विश्राम के बाद प्रातः उठे तो उन्होंने कदम्ब के वनो की सुंदरता को निहारा (13 श्लोक 71 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

भारद्वाज मुनि के आश्रम के वर्णन में बेल कथा कटहल वाला बिजोरा तथा आम के वृक्ष लगे जो फलों से लगे हैं (30 श्लोक, 91 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

श्री राम जी कहते हैं चित्रकूट पर्वत की शोभा अति कमनीय है इस पर वृक्ष आम, जामुन ,असन, लोध, प्रियाल, कटहल, धव ,अंकोल, भव्य, तिनिस, बेल, तिंदुक,बांस, काश्मरी, बेर , आंवला , कदंब, बेत, धन्वन (इंद्र जौं) बीजक(अनार) आदि घनीछाया वाले वृक्षों से जो फूलों फलों से लदे थे । यह पर्वत अनुपम पोषण एवं शोभा का विस्तार कर रहा था । (8, 9, 10 श्लोक, 94 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

रात में इस पर्वत राज के ऊपर लगी हुई सहस्त्रों औषधियां अपनी प्रभा संपत्ति से प्रकाशित होती हुई अग्नि शिखा के समान उद्भाषित होती हैं । (12 श्लोक, 94 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

कई स्थानों पर चंपा मलती आदि फूलों की शोभा दिखाई देती है। (22 श्लोक, 94 सर्ग, अयोध्या कांड, रामायण, गीता प्रेस)

गजपुष्पी लता श्री राम कहते हैं हे सुग्रीव वेशभूषा कद और चाल ढाल से तुम और बाली दोनों एक दूसरे से मिलते जुलते हो इस स्थिति में मेरा बाण चलाना बालोचित सफलता और मूढ़ता सिद्ध होती लक्ष्मण यह उत्तम लक्षणों से युक्त गजब पुष्पी लता फूल रही है इसे उखाड़ कर तुम महामना सुग्रीव के गले में पहना दो यह आज्ञा पाकर लक्ष्मण ने पर्वत के किनारे उत्पन्न हुई फूलों से भारी वह गज पुष्पी लता उखाड़ कर सुग्रीव के गले में डाल दिया गले में पड़ी हुई उसे लता से श्रीमान सुग्रीव बक पंक्ति से अलंकृत संध्या काल के मेघ के समान शोभा पाने लागे (40 श्लोक, 39 सर्ग, किष्किंधा कांड, रामायण, गीता प्रेस) तथा केले के वनों का वर्णन पर्वत के चारो तरफ मिलता है (14 श्लोक, 13 सर्ग, किष्किंधा कांड, रामायण, गीता प्रेस)

मन्त्रग्राम गृहाण त्वं बलामतिबला तथा। न श्रमो न ज्वरो वा ते न रूपस्य विपर्यय:। ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ के यहां पधार कर, राजा से कहा अपने बालको को मुझे दो इन्हें गुरुकुल में शिक्षा-दीक्षा प्रदान करना है। 14 विद्याओं तथा 64 कलाओं को श्री राम सहित चारों भाइयों को देना है। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न को बुलाकर मिले तथा राम और लक्ष्मण को बला और अतिबला नामर दो औषधियां प्रदान की। इन रोगों औषधियों को अभिमन्त्रित किया तथा अभिमन्त्रण की शिक्षा प्रदान की। इन औषधियों के प्रभाव से शरीर में व्याप्त श्रम (थकान) नहीं रहता और न ही ज्वर व्याप्त होता है। इन औषधियों के प्रभाव से शरीर की कान्ति कभी नष्ट नहीं होती अर्थात जरा (बुढ़ापा (ढलती आयु के चिह्न) का असर नहीं होता। (12 श्लोक, 22 सर्ग, बालकाण्ड, , रामायण, रामनारायण लाल)

न च सुप्तं प्रमत्तम् वा धर्षयिष्यन्ति नैक्रिताः । न बाहोः सदृशो वीर्ये पृथिव्यामस्ति कश्चन । इन औषधियों और मन्त्रों के प्रभाव से राक्षस लोग सोते हुए भी अशुद्ध अवस्था में भी तुम्हारा कुछ भी नहीं' बिगाड़ पायेंगे। संसार भर में कोई भी तुम्हारे बाहुबल की समानता न कर पायेगा। (13 श्लोक, 22 सर्ग, बालकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

बला चातिबला चैव सर्वज्ञानस्य मातरौ । क्षुत्पिपासे न ते राम भविस्ये ते नरोत्तम | हे पुरुषोत्तम राम सब विद्याओं और औषधियों की माताएं उन बला अतिबला नाम्नी विद्याओं के प्रभाव से तुमको भूख और प्यास कभी भी सतायेगी नहीं' और ना ही भूख तथा प्यास के प्रभाव से शरीर में शक्ति की कमी लगेगी । (16 श्लोक, 22 सर्ग, बालकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

बलामतिबलाम् चैव पठतस्तव राघव ।विद्याद्वयमधीमाने यशश्चाप्यतुलं त्वयि ।

हे राघव इन दो विद्यायें बला और अतिबला के पढ़ लेने से धारण करने से तुम्हारा अतुल यश, बल सर्वत्र फैल जायेगा। (17 श्लोक, 22सर्ग, बालकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

पितामह सुते ह्येते विधे तेजः समन्विते ।प्रदातुं तव काकुत्स्थ सदृशस्त्वम् हि धार्मिक ।

यह दोनों विद्यायें पितामह अर्थात ब्रह्मा जी की पुत्रि है। हम तुम्हें इसे प्रदान कर रहे हैं, तुम इन्हें धारण करो। ऐसी विद्यायों दिव्य औषधियों के लिए हे राम तुम ही पात्र हो। पलहे स्नान करके आओ किर आचमन करो, शुद्ध तथा पवित्र शरीर को करो तथा प्राणायाम करके चित्त को शुद्ध करो फिर यह दोनों विधाएं प्रदान करता हूँ। (18 श्लोक, 22सर्ग, बालकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

गिरिस्प्रस्थास्तु सौमित्रे सर्वतः संप्रपुष्यिते । निष्पत्रैः सर्वतो रम्यै : प्रदीप्ता इव किन्शुकै, ॥ श्रीराम जी लक्ष्मन से कहते है इस पर्वत के चारो ओर फूले (पुष्पित) टेशू (पलाश) के पेड़ों से युक्त ऐसे जान पड़ते हैं मानो पर्वत के चारों ओर आग लग गई है सरोवर पड़ते हैं। पम्पा सरोवर अतिरमणीय है । सरोवर के चारों ओर अनेक वृक्ष, पौधे, औषधियाँ तथा लतायें लगी है। है अहि गहन और सुन्दर पम्पा सरोवर मन को हरने वाला है।वनस्पतियों का वर्णन इस प्रकार मिलता है। (75 श्लोक , 1 सर्ग, किष्किन्धाकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

पम्पातीररुहाश्चेमे संसक्ता मधुगन्धिनः । मालतीमल्लिकाषण्डाः करवीराश्च पुष्पिताः ॥ ७६ ॥
केतक्यः सिन्धुवाराश्च वासन्त्यश्च सुपुष्पिताः । माधव्यो गन्धपूर्णाश्च कुन्दगुल्माश्च सर्वशः ॥ ७७ ॥
चिरिबिल्वा मधूकाश्च वञ्जुला वकुलास्तथा । चम्पकास्तिलकाश्चैव नागवृक्षाः सुपुष्पिताः ॥ ७८ ॥
नीपाश्च वरणाश्चैव खर्जूराश्च सुपुष्पिताः । पद्मकाश्चोपशोभन्ते नीलाशोकाश्च पुष्पिताः ॥ ७९ ॥
लोध्राश्च गिरिपृष्ठेषु सिंहकेसरपिञ्जराः । अङ्कोलाश्च कुरण्टाश्च पूर्णकाः पारिभद्रकाः ॥ ८० ॥
चूताः पाटलयश्चैव कोविदाराश्च पुष्पिताः । मुचुलिन्दार्जुनाश्चैव दृश्यन्ते गिरिसानुषु ॥ ८१ ॥
केतकोद्दालकाश्चैव शिरीषाः शिंशुपा धवाः । शाल्मल्यः किंशुकाश्चैव रक्ताः कुरवकास्तथा ॥ ८२ ॥
तिनिशा नक्तमालाश्च चन्दनाः स्पन्दनास्तथा । पुष्पितान्पुष्पितग्राभिर्लताभिः परिवेष्टितान् ॥ ८३

पम्पा सरोवर के तरुवर पम्पा सरोवर ही के जल से सींचे हुए । मधुर गन्धयुक्त ये जुही, विजौरा, नीबू, कुन्द के गुच्छे, चिल-विल, महुआ, वेंत, मौलसिरी, चंपा, तिलक, नागकेसर, पद्मक, नीम, अशोक, लोध, अकोल, कोरैया, चूर्णक, मदार, आम, गुलाब, कचनार, मुचकुन्द, केवड़ा, लसोड़ा, सिरसा, सीसों, धव, सेमर, टेशू लाल कौरैया, तिमिश, करञ्ज, चन्दन, स्यन्दन आदि के वृत्त फूल रहे हैं और फूली हुई लताओं से युक्त है

हे लक्ष्मण पम्पा के तट पर पेड लतायें हवाओं के झोकों से उसी प्रकार आलिंगन कर रही है जैसे मद से मतवाली सुंदरियां अपने पतियों का आलिंगन करती है। कोई कोई पेड कलियों से युक्त श्याम वर्ण हो शोभायमान हो रहे हैं। ये फूल मीठे हैं । यह स्वादिष्ट है ।॥, प्रथम सर्ग किष्किन्धाकाण्ड (76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83 श्लोक , 1 सर्ग, किष्किन्धाकाण्ड, रामायण, रामनारायण लाल)

"प्रकाशमान औषधियाँ": पर्वतीय बायोल्यूमिनेसेंस का संकेत: चित्रकूट पर्वत के वर्णन में वाल्मीकि लिखते हैं "रात्रौ सहस्त्रशः औषधयः स्वप्रभया प्रकाशन्ते… ज्वालाशिखा इव।" (12 श्लोक 94 सर्ग अयोध्याकाण्ड). यह पंक्ति संकेत करती है कि पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसे लाइकेन, शैवाल या फॉस्फोरेसेंट वनस्पति-तत्व विद्यमान थे जो रात में हल्की चमक उत्पन्न करते थे। आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान से ज्ञात हुआ है कि हिमालय क्षेत्र में कुछ जैवदीप्ति काई प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो रामायण के इस विवरण से मेल खाती हैं।

5. निष्कर्ष

रामायण कालीन वानस्पतिक औषधियों का अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि उस युग में चिकित्सा-विज्ञान केवल अनुभवजन्य नहीं, बल्कि अत्यंत वैज्ञानिक, संगठित और समृद्ध था। रामायण में वर्णित वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों और औषधीय प्रक्रियाओं से यह प्रमाण मिलता है कि उस काल के ऋषि-मुनि, वैद्य और साधारण जन भी प्रकृति एवं वनस्पति-विज्ञान के अद्भुत ज्ञाता थे।

संजीवनी, बला-अतिबला, विशल्यकरणी, संधानकरणी, सौम्यकरणी, सुवर्णकरणी जैसी दिव्य औषधियाँ जहाँ चिकित्सा-शक्ति के अत्यंत उन्नत स्वरूप का संकेत देती हैं, वहीं गजकंद, बेल, अशोक, अर्जुन, लोध्र, चंदन, नीम, तिंदुक, तिनिस, कदंब, जामुन, प्रियाल आदि वनस्पतियों का संदर्भ यह दर्शाता है कि रामायण काल का वन्य-पर्यावरण विविध औषधीय गुणों से परिपूर्ण था।

वाल्मीकि द्वारा चित्रकूट, पंचवटी, दंडकारण्य, किष्किंधा, पम्पा सरोवर और हिमालय के औषधि-समृद्ध पर्वतों का वर्णन यह सिद्ध करता है कि भौगोलिक वनस्पति-विज्ञान (Geo-Botany) का ज्ञान अत्यंत विकसित था। औषधियों की पहचान, उनके रस, गुण, वीर्य, विपाक और प्रभाव (Pharmacodynamics & Pharmacognosy) जैसी अवधारणाएँ उस समय व्यवहार में थीं, जिन्हें बाद में चरक-सुश्रुत जैसे आचार्यों ने शास्त्रीय रूप दिया।

प्रकाशमान औषधियों का वर्णन (जैसे "रात्रौ सहस्रशः औषधयः स्वप्रभया प्रकाशिताः") आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से पर्वतीय जैवदीप्ति (Bioluminescence) या विशेष काई-शैवाल प्रजातियों की ओर संकेत करता है, जो यह दर्शाता है कि वाल्मीकि ने प्रकृति का अत्यंत सूक्ष्म और वैज्ञानिक निरीक्षण किया था।

दैनिक जीवन, वनवास, युद्ध और आध्यात्मिक आचरण—इन सभी में वनस्पतियों का बहुआयामी उपयोग यह प्रमाणित करता है कि रामायण काल का समाज न केवल प्रकृति के साथ तादात्म्य रखता था, बल्कि औषधियों को जीवन-रक्षक, पोषक, रोगनाशक और आध्यात्मिक शक्ति-स्रोत के रूप में स्वीकार करता था।

अतः समग्र रूप में कहा जा सकता है कि रामायण काल की वानस्पतिक औषधियाँ भारतीय परंपरा की चिकित्सा-परिपक्वता, वैज्ञानिक दृष्टि, पर्यावरणीय ज्ञान और औषधीय समृद्धि का अद्वितीय साक्ष्य हैं। यह विरासत आज भी आयुर्वेद, हर्बल साइंस, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक वनस्पति अनुसंधानों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बनी हुई है।

6. संदर्भ सूची

1. जोशी, ए. (2023). भारतीय महाकाव्यों *में उल्लिखित औषधीय पौधों की संरक्षण स्थिति*. *जर्नल ऑफ एनवायर्नमेंटल बोटनी*, 15(2), 101–112.
2. कुमार, आर., मेहता, एस., एवं तिवारी, पी. (2022). *प्राचीन ग्रंथों में वर्णित औषधीय पौधों का फाइटोकैमिकल और फार्माकोलॉजिकल अध्ययन*. *जर्नल ऑफ फार्माकोग्नोसी एंड फाइटोथैरेपी*, 14(4), 88–97.
3. पाटिल, डी. एन., एवं पांडे, पी. ओ. (2025). *रामायण में वर्णित औषधीय पौधों का अध्ययन – एक समीक्षा*. *अफ्रीकन जर्नल ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च*, 28(1), 33–41.
4. शर्मा, के. (2023). *प्राचीन भारतीय ग्रंथों में औषधीय वनस्पतियों का एथ्नोफार्माकोलॉजिकल अध्ययन (रामायण के संदर्भ में)*. *इंडियन जर्नल ऑफ आयुर्वेद रिसर्च*, 9(3), 55–68.
5. सिकारवार, आर. एल. एस. (2024). *श्रीमद् वाल्मीकि रामायण में वर्णित वनस्पतियाँ: एक वानस्पतिक विश्लेषण*. *जर्नल ऑफ एथ्नोबोटनी*, 20(4), 45–58.
6. वर्मा, एन., एवं सिंह, पी. (2023). *प्राचीन साहित्य में आयुर्वेदिक पौधों के औषधीय गुण: एक तुलनात्मक विश्लेषण*. *जर्नल ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन एंड हेल्थ*, 17(5), 76–88.
7. चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा (अनुवादक)। (1927)। *श्रीमद् वाल्मीकि रामायण*। रामनारायण लाल, इलाहाबाद।
8. गीता प्रेस। *श्रीमद् वाल्मीकि रामायण*। गीता प्रेस, गोरखपुर।

पूर्ण नारीत्व के रूप में सीता मां का चित्रण



Vandana Nohria
Pt. J.L.N. Government College, Faridabad, Haryana
(vnohria1@yahoo.co.in)

माता सीता का नाम केवल भारत में ही नहीं परन्तु संपूर्ण विश्व में आदर के साथ एक आदर्श भारतीय नारी के रूप में आज भी लिया जाता है। सीता माता को धरती पुत्री कहा जाता है। इसलिए माता सीता धरती के ही तरह त्याग,बलिदान, प्रेम,अपनत्व,दया आदि गुणों से परिपूर्ण थी।राजा जनक क्षत्रिय होने के साथ ही एक ब्राह्मण भी थे। इसलिए माता सीता में भी अपने पिता की तरह ज्ञान,शौर्य, तेजस्वी आदि गुण थे।सीता माता को आज भी एक आदर्श नारी के रूप में जाना जाता है। इस शोध पत्र में मैं एक पूर्ण नारीत्व के रूप में सीता माता के चरित्र को प्रस्तुत कर रही हूँ। एक आदर्श नारी किस प्रकार अपने मार्ग में आए सभी बाधाओं को शान्त रहकर दूर कर सकती है। । इस प्रकार सीता माता एक नारी के रूप मे मानवता को उत्कृष्ट रूप प्रदान करती है।

1. सम्पूर्ण लेख

सीता मिथिला के राजा जनक की ज्येष्ठ पुत्री व अयोध्या के नरेश दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र राम की पत्नी थी जिन्हे देवी लक्ष्मी का अवतार भी कहा गया है।

ऋषि वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण के अनुसार मिथिला के राजा जनक का हल जोतते समय खेतों में एक घडा में सीता माता को पाया था। धरती में पाये जाने के कारण इन्हे *धरती पुत्री* भी कहा जाता है। राम व लक्ष्मण के साथ उन्होंने चित्रकूट पर्वत स्थित मन्दाकिनी तट पर वनवास किया।जो उनके त्याग का परिचायक है। इसके बाद गोदावरी नदी के तट पर प्रचवटी में वास किया। राम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में रावण ने सीता का अपहरण किया। रावण ने सीता को लंका के अशोक वाटिका में रखा और त्रिजटा के नेतृत्व में कुछ राक्षसियों को उसकी देख-रेख का भार दिया।यह सीता मॉ की सहनशीलता का परिचायक है।

हनुमानजी सीता जी की खोज मे समुद्र लाँघकर लंका की अशोकवाटिका पहुँचे। वहाँ राक्षसियों के बीच एक तेजस्विनी स्वरूप सीताजी को पहचाना । रावण ने सीता से विवाह का प्रस्ताव रखा। सीता ने घास के एक टुकड़े से राम और सीता के अटूट बन्धन को स्पष्ट किया। और कहा कि तुम्हारे इस दुस्साहस से लंका का विनाश निश्चित है। यह उनकी निष्ठा व साहस का परिचायक है। उसके पश्चात राम ने रावण से माता सीता को मुक्त कराया और लंका का विनाश हुआ। वन में निर्वासित होने के बाद उन्होंने राम के तेजस्वी पुत्रों कुश और लव को जन्म दिया।जो उनकी ग्रहणशीलता को दिखाता है। वह एक पत्नी, बेटी और माँ की आदर्श मूर्ति हैं। इसके बाद माता सीता ने राज्य की महारानी का कर्तव्य निभाते हुए धरती में समा गई और अपना राज्य धर्म भी निभाया। सीता माता ने अपने जीवन में हर अवस्था में कठिनाइयों का सामना किया और हमेशा विजय प्राप्त की। उनका जन्मदिन सीता नवमी के रूप में मनाया जाता है। उनका कठिनाइयों से भरा जीवन शक्ति और साहस का परिचायक है। सीता माता को कृषि और उर्वरता की देवी के रूप में भी पूजा जाता है। तथा उनकी पूजा भरपूर फसल के लिए भी की जाती है।

इसके अतिरिक्त सीता माता देवी लक्ष्मी का अवतार होने के कारण उनमें दैवीय गुण भी थे। जैसे एक राजमहल की पुत्री तथा रानी होने के बावजूद उन्होंने विवाह के बाद वनवास जाकर अपने वैराग्य का परिचय दिया। जो एक मानवीय गुण को सुशोभित करता है। रावण की अशोक वाटिका में रहते हुए भी वह हमेशा राम भक्ति में लीन रहती थी जो उनके भक्त होने का परिचय देता है। साथ ही वह अल्प भोजन और कंदमूल खाकर अपना जीवन व्यतीत करती थी जो उनके अस्वाद होने का परिचय देता है। वह राक्षसियो के साथ सहज व्यवहार करती थी जो उनके सरलता का परिचय देता है। राम की रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद उन्होंने अग्नि परीक्षा दी जो उनके सतीत्व को दर्शाता है।

माता सीता वास्तव में एक आदर्श नारी थी, और उनमें वे सभी अच्छे गुण हैं जो एक नारी में होने की अपेक्षा की जाती है। और मानवता को गौरव करती है।

एक पूर्ण नारी में सहनशीलता, त्याग, करुणा, निष्ठा, साहस और सहानुभूति होता हैं। ये गुण महिलाओं को जीवन की बाधाओ का सामना करने मे मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त ग्रहणशीलता, प्रेम भी नारीत्व के महत्वपूर्ण गुण हैं। माता सीता ने अपने जीवन काल मे समय-समय पर इन गुणो का परिचय देकर नारी को पूजनीय बनाया है।

2. निष्कर्ष

इस प्रकार हम देखते हैं कि सीता माता में नारीत्व होने के साथ-साथ सभी मानवीय और दैवीय गुण थे।जिसके आधार पर राक्षसीय गुण पराजित हो गया। भूमिपुत्री होने के कारण उनमें भू (धरती) के सभी गुण विदमान थे। एक तरफ जहॉ रामायण में रामचंद्र जी के क्षत्रिय गुणो का पता चलता है। वही सीता माता के नारीत्व का परिचय मिलता है अगर आज के युग में भी लोग सीता माता जैसे गुणो कोअपने स्वभाव मेंबढ़ाते जाएंगे तो वह जीवन में आ रही सभी बाधाओ को सीता माता की तरह पार कर लेगे और वैभव को प्राप्त करेंगे।

ऋग्लेद मे माता सीता के बारे मे कुछ श्लोक है। जैसे-

"शुभ सीता, आप निकट आइए: हम आपकी पूजा और आराधना करते हैं कि आप हमें आशीर्वाद दें और समृद्ध करें और हमें प्रचुर मात्रा में फल प्रदान करें।" (ऋग्वेद 4.56.6)

"श्री राम की प्रिय पत्नी सीता को प्रणाम है, जो सृष्टि की रचना, पालन और प्रलय के लिए उत्तरदायी हैं, क्लेशों को दूर करती हैं और समस्त मंगलों को प्रदान करती हैं। "(रामचरित्रमानस, बालखण्ड,मॉगलाचरण)

3. सन्दर्भ

1. (ऋग्वेद 4.56.6)
2. (रामचरित्रमानस, बालखण्ड,मॉगलाचरण)

मर्यादा से करुणा तक: विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में 'रामचरित' की पारिस्थितिकीय ज्ञान-मीमांसा और धारणीय विकास



हेम कुमार गहतोड़ी
हिंदी विभाग हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा
(hem.gahtori15@gmail.com)

धारणीय विकास की वैश्विक विवशता, उपभोगवादी ज्ञान की अपूर्णता का प्रमाण है, जिसने प्रकृति को हृदय से विलग कर दिया है। यह शोध पारिस्थितिकीय आलोचनात्मक पद्धति से आचार्य विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में, रामचरित के शाश्वत आलोक में, समाधान खोजता है। मिश्र जी ने नैतिक अनुशासन (मर्यादा) को सृष्टि के प्रति आत्मिक अनुराग (करुणा) में उत्कर्ष दिया है। उनका मार्मिक उद्घोष—"मेरे राम का मुकुट भीग रहा है"—सिद्ध करता है कि पर्यावरणीय संकट आदर्शों का ही संताप है। यह अध्ययन स्थापित करता है कि सच्चा पारिस्थितिकीय ज्ञान नियमों की शुष्कता में नहीं, अपितु संवेदना की आर्द्रता में निहित है। यह करुणा-केंद्रित भारतीय प्रतिमान, वैश्विक विकास के लिए एक जीवन-मूलक और शाश्वत मार्ग प्रस्तुत करता है।

बीज शब्द (मुख्य शब्द) : विद्यानिवास मिश्र, धारणीय विकास**,** रामचरित**,** पारिस्थितिकीय ज्ञान-मीमांसा**,** मर्यादा और करुणा**,** भारतीय प्रतिमान

1. प्रस्तावना

प्रकृति और पुरुष के बीच का शाश्वत संवाद ही भारतीय ज्ञान-मीमांसा का मूल आधार रहा है। आज जब धारणीय विकास केवल तकनीकी सुधार की विवशता बनकर रह गया है, तो हमें सभ्यतामूलक स्रोतों की ओर उन्मुख होना अनिवार्य है। रामचरित, जो भारतीय संस्कृति का अखंड जीवन-सूत्र है, कोई साधारण कथा नहीं, बल्कि पर्यावरण-सम्मत जीवन-शैली का एक आदर्श आलेख है।

आचार्य विद्यानिवास मिश्र, जो संस्कृत परंपरा और लोक-संवेदना के महान व्याख्याकार हैं, अपने निबंधों की साहित्यिक प्रज्ञा से इस रामचरित की प्रज्ञा को पुनर्जीवित करते हैं। यह शोध-प्रबंध मिश्र जी के निबंधों में अंतर्निहित 'मर्यादा' (नैतिक नियम) और 'करुणा' (भावनात्मक बोध) के वैचारिक अद्वैत का उद्घाटन करता है।

शोध प्रश्न: मिश्र जी की 'करुणा-जनित दृष्टि' किस प्रकार 'रामचरित' की 'मर्यादा' को समकालीन बनाती है, और यह भावनात्मक रूपांतरण किस प्रकार 'धारणीय विकास' के लिए आवश्यक 'पारिस्थितिकीय ज्ञान-मीमांसा' का निर्माण करता है?

2. शोध-प्रणाली (Research Methodology)

इस शोध में साहित्यिक आलोचनात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है। आचार्य मिश्र के निबंधों (*मेरे राम का मुकुट भीग रहा है*, *छितवन की छाँह*, *राम का अयन वन* आदि) का विश्लेषणात्मक अध्ययन कर उनके पारिस्थितिकीय प्रतीकों और सांस्कृतिक दर्शन को उद्घाटित किया गया है। तुलनात्मक विश्लेषण के लिए रामचरितमानस (तुलसीदास) के मर्यादावादी सिद्धांतों को मिश्र जी की संवेदनात्मक दृष्टि के साथ संवाद कराते हुए धारणीय विकास के वैश्विक लक्ष्यों से जोड़ा गया है।

सैद्धांतिक विमर्श: मर्यादा और करुणा का दार्शनिक अंतर्संबंध : भारतीय दर्शन में, विकास की संकल्पना पश्चिमी 'भौतिक वृद्धि' की अवधारणा से मौलिक रूप से भिन्न है। यहाँ धर्म और पर्यावरण का संबंध अविभाज्य है।

3. मर्यादा

त्याग की अर्थनीति का नैतिक कोड 'मर्यादा' रामचरित का मूल सिद्धांत है, जो स्वेच्छा से स्वीकृत नैतिक सीमा है। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में, वनवास का प्रसंग अपरिग्रह और संयम की अर्थनीति सिखाता है। तुलसीदास की उद्घोषणा, **"सियाराम मय सब जग जानी,"** [1] प्रकृति को केवल वस्तु नहीं, बल्कि आत्मा का विस्तार मानने की मर्यादा स्थापित करती है। यह ज्ञान-मीमांसा हमें सिखाती है कि प्रकृति का संरक्षण एक अकाट्य नैतिक कर्तव्य है।

4. करुणा

मर्यादा का भावनात्मक विस्तार आचार्य विद्यानिवास मिश्र इस बौद्धिक मर्यादा को लोक-हृदय की आर्द्रता से सिक्त करते हैं। उनकी 'करुणा' केवल दया नहीं, बल्कि 'भूत-दया' और सृष्टि के प्रति आत्मिक अनुराग है। मिश्र जी सौंदर्य की नैतिकता पर बल देते हुए कहते हैं, **"अखंड जीवन और**

अखंड जीवन-दृष्टि की तलाश सौंदर्य की नैतिकता में है।" [2] यह कथन स्पष्ट करता है कि करुणा ही हमें वह आंतरिक बोध देती है जिससे हम प्रकृति की क्षति को अपनी निज-पीड़ा मानते हैं। यह प्रेम-जनित अनुशासन है, जो मर्यादा के कर्तव्य-भार को हल्का कर देता है।

निबंधों में वैचारिक रूपांतरण का साहित्यिक विश्लेषण : मिश्र जी का निबंध-शिल्प इस मर्यादा से करुणा के रूपांतरण को उत्कृष्ट प्रतीकात्मकता और साहित्यिक साक्ष्य द्वारा चरितार्थ करता है। 'भीगता मुकुट' और पारिस्थितिकीय संताप का मार्मिक प्रतीक मिश्र जी का कालजयी निबंध 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' इस शोध का केंद्रीय प्रमाण है । 'मुकुट का भीगना' सांस्कृतिक आदर्शों पर आया पारिस्थितिकीय संकट है। मिश्र जी लिखते हैं: **"जाने कब से मेरे राम भीग रहे हैं, बादल है कि बरसता ही जा रहा है।"** [3] यह कथन राम की व्यक्तिगत पीड़ा को प्रकृति की उपेक्षा से उपजी समकालीन करुणा में बदल देता है। यह सिद्ध करता है कि विकास तभी टिकाऊ होगा जब वह हृदय के आर्द्र भाव से प्रेरित हो।

प्रकृति में चैतन्य और 'वन-संस्कृति' की प्रज्ञा का प्रमाण मिश्र जी के निबंधों में, प्रकृति किसी निर्जन पृष्ठभूमि के रूप में नहीं आती, अपितु संस्कृति के जीवंत उपादान के रूप में आती है। वे 'राम का अयन वन' निबंध में वन-संस्कृति की महिमा का गुणगान करते हैं। इस संस्कृति में वन केवल संसाधन नहीं, बल्कि ज्ञान और तपस्या का स्थल है।

मिश्र जी के निबंधों की करुणा विशिष्ट वृक्षों और ऋतुओं से प्रकट होती है। *छितवन की छाँह* जैसे निबंधों में, वृक्ष मनुष्य के सुख-दुःख के साक्षी बनते हैं । मिश्र जी स्पष्ट करते हैं कि **"इस मिट्टी में सनना... जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।"** [4] यह करुणा-जनित दृष्टि हमें विकास की प्रक्रिया में प्रकृति को समान भागीदार मानने की प्रज्ञा देती है।

'भूमि-संबंध' और पारिस्थितिकीय ज्ञान का उद्भव मिश्र जी का लेखन 'भूमि-संबंध' (जमीन के साथ आत्मिक जुड़ाव) की गहनता को स्थापित करता है। रामचरित में राम का भूमि और वनवासियों के प्रति अनुराग, संसाधनों के समतामूलक वितरण का आदर्श प्रस्तुत करता है। आचार्य मिश्र, डॉ. श्रीराम परिहार के मत का समर्थन करते हुए, "परजन्यता" को महत्व देते हैं ।

धारणीय विकास का करुणा-केंद्रित भारतीय प्रतिमान: यह शोध स्थापित करता है कि आचार्य विद्यानिवास मिश्र के निबंधों से उद्भूत रामचरित की पारिस्थितिकीय ज्ञान-मीमांसा, धारणीय विकास के लिए एक अद्वितीय भारतीय प्रतिमान प्रदान करती है, जो दो आयामों पर कार्य करता है:

ज्ञान का वैचारिक वि-केंद्रीकरण और समता: यह प्रतिमान उस आर्थिक प्रभुत्व को नकारता है जो केवल लाभ को ज्ञान मानता है। मिश्र जी के अनुसार, सच्चा ज्ञान वह है जो लोक-संवेदना और सांस्कृतिक निरंतरता को सम्मान दे। करुणा, यहाँ ज्ञान का स्रोत बन जाती है। डॉ. आर.पी. सिंह जैसे विचारक भी मानते हैं कि धारणीय विकास को भारतीय दर्शन के समग्र दृष्टिकोण से ही समझा जा सकता है । यह वैचारिक स्वतंत्रता ही धारणीय विकास को केवल एक तकनीकी लक्ष्य से हटाकर मानवीय मूल्य के केंद्र में स्थापित करती है।

लोक-कसौटी और अनिवार्य सामंजस्य: धारणीय विकास की सफलता के लिए मिश्र जी की करुणा एक लोक-कसौटी (आधारभूत मापदंड) प्रदान करती है। यह कसौटी है: क्या विकास की प्रक्रिया मनुष्य और प्रकृति के बीच के आत्मिक अनुराग को बढ़ा रही है या भौतिक अलगाव को? विकास की यह कसौटी हमें उस मर्यादा का पालन करने के लिए प्रेरित करती है जो करुणा से पोषित है। इस प्रकार, मर्यादा हमें भौतिक सीमाएं देती है, और करुणा हमें इन सीमाओं का पालन करने के लिए आत्मिक प्रेरणा देती है।

5. निष्कर्ष

निष्कर्षतः, आचार्य विद्यानिवास मिश्र के निबंध साहित्यिक सौंदर्य और दार्शनिक गहराई के अद्भुत संगम हैं। वे 'रामचरित' की मर्यादा को समकालीन करुणा का उत्स बनाकर, धारणीय विकास के लिए एक शाश्वत दर्शन प्रदान करते हैं। यह वैचारिक यात्रा सिद्ध करती है कि पर्यावरण का संरक्षण केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि आत्मिक अनिवार्यता है। मर्यादा से करुणा तक की यह ज्ञान-मीमांसीय यात्रा वैश्विक सभ्यता को जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण और अनुराग की महत्ता का स्मरण कराती है। मिश्र जी का यह करुणा-केंद्रित भारतीय प्रतिमान ही उस स्थायी समाधान की कुंजी है, जिसकी तलाश आज संपूर्ण विश्व कर रहा है।

6. संदर्भ सूची

1. गोस्वामी, तुलसीदास. *श्रीरामचरितमानस*. गीता प्रेस, 2019, पृ. 34-35.
2. झा, डॉ. के.सी. *हिंदी साहित्य में पारिस्थितिकीय आलोचना*. साहित्य संचार, 2017, पृ. 50.
3. मिश्र, विद्यानिवास. *मेरे राम का मुकुट भीग रहा है*. प्रभात प्रकाशन, 2018, पृ. 15.
4. झा, डॉ. के.सी. *हिंदी साहित्य में पारिस्थितिकीय आलोचना*. साहित्य संचार, 2017, पृ. 45.

आधार ग्रंथ

5. मिश्र, विद्यानिवास. *राम का अयन वन* , 1998.
6. सिंह, डॉ. आर.पी. *धारणीय विकास और भारतीय दर्शन*. राष्ट्रीय प्रकाशन संस्थान, 2020.
7. वर्मा, डॉ. अलका. *विद्यानिवास मिश्र के सांस्कृतिक निबंध: पर्यावरणीय चेतना*. साहित्य अकादेमी, 2021.

रामराज्य आदर्श शासन का भारतीय दृष्टिकोण



राजीव मिश्र

T.G.T (संस्कृत)

(rajeevmishra09@gmail.com)

1. प्रस्तावना

"रामराज्य" भारतीय परंपरा में आदर्श शासन की वह अवधारणा है, जिसमे शासन का उदेश्य केवल सत्ता संचालन नहीं, अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-सुरक्षा और नैतिक उन्नति है। यह संकल्पना न केवल धार्मिक ग्रन्थ " रामायण" में वर्णित है, बल्कि भारतीय राजनैतिक विचारधारा का मूल भी बन चुकी है।

भारतीय राजनैतिक और सांस्कृतिक परंपरा में 'रामराज्य ' एक ऐसे आदर्श शासन की संकल्पना है, जहाँ राजा, प्रजा, प्रशासन और समाज-सभी धर्म,न्याय,करुणा,और कर्तव्यपरायणता पर आधारित होते है। रामराज्य केवल एक पौराणिक कल्पना नहीं, बल्कि भारतीय शासन- दर्शन की वह आदर्श परिभाषा है, जो आज भी नीतिनिर्माण , राजनीति और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

भारतीय सभ्यता में शासन केवल प्रशासनिक तंत्र नहीं, अपितु लोककल्याण की व्यवस्था रही है। कौटिल्य अर्थशास्त्र के प्रथम अधिकरण में वर्णित इस आदर्श शासन का प्रतीक है, जहाँ राजा "राजा" नहीं अपितु "जनसेवक" के रूप में कार्य करता है। प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है –

प्रजासूखे सुखं राज्ञ: प्रजानं च हिते हितम।
नात्मप्रियं प्रियं राज्ञ: प्रजानां तू प्रियं प्रियं II

प्रस्तुत शोधपत्र में रामराज्य की मूल भावना, उसके शासन तत्त्व, दार्शनिक आधार तथा आधुनिक लोकतांत्रिक शासन से उसकी तुलना का अध्ययन किया गया है I

1. रामराज्य की परिकल्पना

रामराज्य का उल्लेख वाल्मीकि रामायण , रामचरितमानस तथा अनेक ग्रंथों में मिलता है I रामराज्य का आधार धर्म पर टिका है - जहाँ शासन का प्रत्येक निर्णय नैतिकता, न्याय और समानता से प्रेरित होता है I

मुख्या विशेषताएँ :-

धर्मनिष्ठ शासन

रामराज्य में शासन धर्मनिरपेक्ष अर्थ में "धर्म" पर आधारित था - अर्थात सत्य अहिंसा ,दया, न्याय और कर्तव्य। राम स्वयं इन मूल्यों पर चलते थे, जिससे पूरी प्रजा प्रेरित होती थी।

सब निर्दम्भ धर्मरत पुनी। नर अरु नारी चतुर सब गुनी।।
सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहिं कपट सयानी।।

रामराज्य में सभी दम्भरहित हैं, धर्मपरायण हैं और पुण्यात्मा हैं। पुरुष और स्त्री सभी चतुर और गुणवान तथा सभी ज्ञानी है। सभी कृतज्ञ हैं, कपट (धूर्तता)किसी में भी नहीं है। सब लोग अपने-अपने वर्ण और आश्रम के अनुकूल धर्म में तत्पर हुए सदा वेद मार्ग पर चलते हैं और सुख पाते हैं। उन्हें न किसी बात का भय है , न शोक है और न कोई रोग ही सताता है।

बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग।।(उत्तरकाण्ड दोहा - 20)

नैतिक अनुशासन

रामराज्य में नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन की पराकाष्ठा देखने को मिलती है जिससे समाज में अपराध, अन्याय और भय का अभाव है |

2. रामराज्य के मूल्य और उनका सामाजिक प्रभाव

शान्ति और सुरक्षा - गोस्वामी तुलसीदास द्वारा विरचित श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में वर्णित रामराज्य एक ऐसे समाज को चित्रित करता है जो अपराध, रोग, अकाल आदि दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो ही तापों (कष्टों) से विमुक्त है। सभी प्राणी एक दूसरे से परस्पर प्रीति करते हैं। यहाँ तक कि हाथी और सिंह (वैर भूलकर) एक साथ रहते हैं। पक्षी और पशु सभी ने स्वाभाविक वैर भुलाकर आपस में प्रेम करते हैं।

दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि व्यापा ॥
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती ॥(उत्तरकांड-20/01)
फूलहिं फरहिं सदा तरू कानन। रहहिं एक सँग गज पंचानन ॥
खग मृग सहज वयरु बिसराई। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ाई ॥(उत्तरकांड-22-01)

स्त्री और सामाजिक प्रतिष्ठा

रामराज्य में सभी वर्गों को समान महत्व दिया जाता है। सामाजिक संतुलन, न्यायिक निष्पक्षता और अवसर की समानता इस शासन की नींव है। तथापि समाज में स्त्री को एक विशिष्ट स्थान प्राप्त है। उनकी सुरक्षा, आजादी एवं सम्मान का भी विशेष ध्यान रखा जाता था। स्त्रियों को समाज में एक सम्मानित पद प्राप्त था। गोस्वामी जी श्रीरामचरितमानस में लिखते हैं-

पनिघट परम मनोहर नाना। तहाँ न पुरुष करहिं अस्नाना ॥(उ.का--28/01)

अयोध्या नगर के उत्तर दिशा में श्रीसरयू जी बह रही हैं। कुछ दूरीपर सुन्दर-सुन्दर अनेक घाट हैं। जिस घाट पर बहुत स्त्रियाँ पानी भरती हैं, उस घाट पर पुरुषों का जाना निषिद्ध था। इससे स्पष्ट होता है कि. समाज नारी सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण रखता था।

आर्थिक नीती एवं सम्मृद्धि - "नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना" समाज में

आर्थिक समानता का संकेत देता है। समृद्धि केवल आर्थिक नहीं अपितु सांस्कृतिक रूप से भी समाज अत्यन्त समृद्ध था।

रामराज्य में आर्थिक नीतियाँ अत्यंत प्रासंगिक, एवं उदार थीं। प्रजाओं पर कभी भी अनावश्यक कर (Tax) का बोझ नहीं लादा जाता था।

कर (Tax) प्रणाली प्रत्यक्ष न हो कर प्रायः अप्रत्यक्ष करप्रणाली था। जैसा कि स्पष्ट है-

बरषत हरषत लोग सब करषत लखै न कोई।
तुलसी प्रजा सुभाग ते भूप भानु सम होई ॥(दोहावली -तुलसीकृत)

प्रस्तुत दोहे में गोस्वामी जी ने भूप (राजा) को भानु (सूर्य) के समान बतलाया है। जिस प्रकार सूर्य जब शुभ वृष्टि करते हैं तो चराचर जगत हर्षित होता है, परंतु उसी वृष्टि के निमित्त जब जल कर्षण करते हैं तो उसे कोई नहीं देख पाता। प्रस्तुत दोहा राजा के लिए उपमान है। राजा अपने राज्य में प्रजाओं से कर (Tax) उसी प्रकार ले जैसे सूर्य, और फिर उसे जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा उसी प्रकार लौटाए जैसे सूर्य-वन, पर्वत, नदी, नगर इत्यादि में समान रूप से बरसता है। अर्थात् योजनाएँ सभी के लिए आवश्यकता एवं क्षमता के अनुसार बिना किसी भेद-भाव की हो।

2. शिक्षा एवं स्वास्थ्य

'नर अरु नारि चतुर सब गुनी "सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी" इससे स्पष्ट है कि, रामराज्य में सभी वर्णों के मनुष्यमात्र के लिए आवश्यकता एवं क्षमता के अनुरूप शिक्षा सुलभ थी। स्वास्थ्य के विषय में गोस्वामीजी लिखते हैं -

अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा।
सब सुंदर सब बिरुज सरीरा || (उ.का.- 20-03)

रामराज्य में कभी किसी की अल्पआयु में मृत्यु नहीं होती, न किसी को कोई पीड़ा होती है। सभी के शरीर सुन्दर और नीरोग हैं। इससे स्पष्ट है कि रामराज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की सुविधा सभी के लिए सुलभ थी।

तत्व	रामराज्य	आधुनिक लोकतंत्र
शासन का आधा	धर्म और नैतिकता	संविधान और विधि
उद्देश्य	लोककल्याण	संवैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं जनसुरक्ष
शासक की भूमिव	सेवक और रक्षक	जनप्रतिनिधि
प्रशासनिकदृष्टि	न्यायप्रियता और करुण	नीतिगत संरचना और नियम

3. रामराज्य और आधुनिक शासन की तुलना

आलोचनात्मक विवेचन –

यद्यपि रामराज्य को आदर्श माना जाता है, परंतु आधुनिक संदर्भ में इसकी कुछ अवधारणाओं का प्रत्यक्ष अनुप्रयोग चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

आधुनिक राज्य का स्वरूप अधिक जटिल और बहुस्तरीय है।

धार्मिकपौराणिक- आदर्शों को आधुनिक संवैधानिक ढाँचे में रूपांतरित करते समय सतर्कता आवश्यक है।

आज लोकतंत्र शक्ति-वितरण पर आधारित है, जबकि प्राचीन काल में यह केंद्रीकृत राजतंत्र था |

फिर भी, रामराज्य के मूलभूत मूल्य सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक शासन के लिए एक उत्कृष्ट दशा और दिशा निर्धारित कर सकती है।

4. निष्कर्ष

रामराज्य कोई कल्पना मात्र नहीं, अपितु शासन की वह भारतीय संकल्पना है जो नैतिकता, न्याय और लोककल्याण पर आधारित है। आधुनिक युग में जब शासन तंत्र अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब रामराज्य की मूल भावना -"जनहित सर्वोपरि" हमारे लोकतंत्र को नैतिक दिशा प्रदान कर सकती है।

5. सन्दर्भ(reference)

1. श्रीरामचरितमानस (उत्तरकाण्ड)
2. वाल्मीकिरामायण
3. कौटिल्य-अर्थशास्त्र

रामराज्य और आधुनिक सुशासन



राहुल कुलकर्णी
B.P. Arts, S.M.A. Science and K.K.C. Commerce College, Chalisgaon
(prof.rahulkulkarni@gmail.com)
मंदार कुलकर्णी
Smt. S.M. Agrawal Institute of Management, Chalisgaon
(mandarkulkarni1989@gmail.com)

भारतीय संस्कृति में रामराज्य आदर्श शासन व्यवस्था का प्रतीक है। भगवान श्रीराम को धर्म का साक्षात् रूप कहा गया है। उन्होंने ऐसा शासन चलाया जिसमें न्याय, समानता, नैतिकता और लोककल्याण सर्वोपरि थे। आज के युग में सुशासन की अवधारणा विश्वस्तर पर स्वीकार की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सुशासन का अर्थ है पारदर्शी, उत्तरदायी, न्यायपूर्ण और लोकहितकेंद्रित शासन। रामराज्य और आधुनिक सुशासन की मूल भावना समान है। दोनों ही जनकल्याण, नैतिक उत्तरदायित्व और न्याय पर आधारित हैं। अतः कहा जा सकता है कि रामराज्य भारत में सुशासन का आदर्श रूप है। यह शोधपत्र रामायण और रामचरितमानस के सन्दर्भों के आधार पर रामराज्य और आधुनिक सुशासन के तुलनात्मक विश्लेषण को प्रस्तुत करता है।

1. प्रस्तावना

भारतीय सभ्यता का विकास धर्म, नीति और नैतिक मूल्यों के आधार पर हुआ है। रामराज्य केवल एक धार्मिक या पौराणिक आदर्श नहीं, बल्कि शासन की ऐसी संरचना का प्रतीक है जिसमें राजा और प्रजा दोनों के कर्तव्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं। वाल्मीकि रामायण तथा गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरितमानस में रामराज्य का वर्णन एक ऐसे शासन के रूप में हुआ है , जहाँ प्रजा सुखी, भयमुक्त और समृद्ध थी। दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज नहिं काहूहि व्यापा (रामचरितमानस, उत्तरकांड)। यह आदर्श स्थिति आज के युग में सुशासन के सिद्धांतोंसे मेल खाती है। सुशासन का उद्देश्य केवल प्रशासनिक दक्षता नहीं, बल्कि मानवता, पारदर्शिता, न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करना भी है।

2. विस्तार

रामराज्य के मूल तत्व

रामराज्य के मूल सिद्धांत शासन के सर्वांगीन विकास और जनकल्याण पर आधारित थे। प्रथम दृष्टया, यह शासन न्याय और समता की भावना से ओतप्रोत था। श्रीराम ने कभी भी जाति, वर्ग या सम्प्रदाय के आधार पर भेदभाव नहीं किया। उन्होंने निषादराज गुह को अपनाया, विभीषण को आश्रय दिया और शबरी के प्रेम को सम्मानित किया। यह व्यवहार सामाजिक समरसता और समान अवसर की भावना का परिचायक है। रामराज्य का दूसरा महत्वपूर्ण तत्व उत्तरदायित्व और लोककल्याण की भावना थी। श्रीराम ने प्रजा की भावनाओं का आदर करते हुए स्वयं सीता माता को वनवास भेजा, जो व्यक्तिगत दृष्टि से अत्यंत वेदनादायक था, परंतु राज्य की मर्यादा के पालन के लिए आवश्यक था। यह निर्णय आज के लोकतांत्रिक शासन में 'पब्लिक अकाउंटेबिलिटी' की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जा सकता है। रामराज्य का तीसरा तत्व नैतिकता और पारदर्शिता था। शासन में कोई कार्य निजी स्वार्थ से प्रेरित नहीं था; सभी निर्णय लोकहित को केंद्र में रखकर लिए जाते थे। धर्म और शासन के बीच संतुलन बनाए रखना भी रामराज्य की विशेषता थी। यहाँ धर्म का अर्थ कर्मनिष्ठा और न्यायप्रियता से था, न कि किसी विशेष धार्मिक मत से।

आधुनिक सुशासन के सिद्धांत

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने सुशासन के आठ प्रमुख सिद्धांत निर्धारित किए है। उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, कानून का शासन, उत्तरदायी शासन, सहमति आधारित निर्णय, समानता और सहभागिता, दक्षता एवं परिणामशीलता तथा जनसहभागिता। इन सिद्धांतों का उद्देश्य शासन प्रणाली को ऐसा बनाना है जो जनता के प्रति संवेदनशील, न्यायसंगत और पारदर्शी हो। यदि इन सिद्धांतों की तुलना रामराज्य की व्यवस्थाओं से की जाए, तो स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि श्रीराम के शासन में ये सभी तत्व विद्यमान थे। रामराज्य को इस दृष्टि से गुड गव्हार्नंस मॉडेल अर्थात सुशासन का भारतीय स्वरूप कहा जा सकता है।

रामराज्य और लोकतांत्रिक शासन की समानता

रामराज्य और आधुनिक लोकतंत्र दोनों की नींव जनकेंद्रित शासन प्रणाली पर टिकी हुई है। रामराज्य में राजा केवल शासक नहीं, बल्कि प्रजा का सेवक और रक्षक था। आधुनिक लोकतंत्र भी इसी सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। शासन अर्थात लोगोद्वारा , लोगोके लिये चलाया गया राज्य ।रामराज्य में न्याय के निर्णय धर्म और नीति पर आधारित थे, न कि व्यक्तिगत भावनाओं पर। समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करना और सामाजिक न्याय की स्थापना करना, रामराज्य का केंद्रीय उद्देश्य था। यह समावेशी दृष्टिकोण आज के लोकतांत्रिक शासन की आत्मा से पूर्णतः

मेल खाता है। रामराज्य में भय, अन्याय और भ्रष्टाचार से मुक्त समाज की कल्पना की गई थी। यह विचार आज भी एक आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में प्रासंगिक है।

रामराज्य से सुशासन के लिए प्रेरणाएँ

रामराज्य आधुनिक शासन को अनेक प्रेरणाएँ प्रदान करता है। सबसे पहले, यह नैतिक नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत करता है। रामराज्य में शक्ति के साथ संयम और दया का संतुलन दिखाई देता है, जो आज के नेतृत्व के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। दूसरे, लोकहित की भावना को सर्वोच्च मान्यता प्राप्त थी। रामराज्य में शासन का प्रत्येक निर्णय जनकल्याण के उद्देश्य से लिया जाता था। तीसरे, सामाजिक न्याय और समानता की भावना शासन की नींव थी। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और अवसर प्राप्त था। चौथे, नागरिकों की शिक्षा, जागरूकता और उत्तरदायित्व को राज्य के विकास का आवश्यक अंग माना गया था। इन सभी तत्वों का समावेश किसी भी सुशासन प्रणाली को सुदृढ़ और प्रभावशाली बनाता है।

3. निष्कर्ष

रामराज्य केवल धार्मिक कल्पना नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक शासन-सिद्धांत है, जो आज भी शासन विज्ञान, प्रशासन और लोकनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। आधुनिक सुशासन की जो अवधारणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिपादित की गई है, वह भारतीय परंपरा में पहले से ही निहित थी। श्रीराम के शासन में पारदर्शिता, न्याय, समानता, उत्तरदायित्व और नैतिकता जैसे सभी तत्व दृष्टिगोचर होते हैं। रामराज्य का स्वरूप इस बात का प्रमाण है कि शासन तभी सफल होता है जब उसमें मानवीय संवेदनाएँ और धर्मनिष्ठा का समन्वय हो। अतः कहा जा सकता है कि रामराज्य आधुनिक सुशासन का भारतीय आदर्श स्वरूप है। यदि आज के शासक वर्ग और नागरिक इन सिद्धांतों को आत्मसात करें, तो भारत पुनः उस 'रामराज्य' की ओर अग्रसर हो सकता है, जिसकी कल्पना महात्मा गांधी ने भी की थी।

4. संदर्भ ग्रंथ

1. वाल्मीकि रामायण
2. गोस्वामी तुलसीदास, रामचरितमानस
3. United Nations Development Programme (UNDP), Governance Report, 1997
4. गांधी, एम.के. — Young India, Navjivan
5. The Collected Works of Mahatma Gandhi (CWMG)
6. नारायणस्वामी, के.एस., Gandhiji's Concept of Value-Based Living
7. भारत का संविधान, 1950
8. विश्व बैंक, Good Governance and Development Framework, 2003

Examining the influence of Buddhism on the Rāma-Rāvaṇa Duel from the Reamker with Reference to Vālmīkīrāmāyaṇa



Udit Kulkarni
K. J. Somaiya Institute of Dharma Studies
(udit.k@somaiya.edu)

The Cambodian version of Rāmāyaṇa is known as Reamker since 16th century. It has a significant place in its culture and history. Scholars have noted the Buddhist influence on it. This paper examines the Rāma-Rāvaṇa dual of the Cambodian version of Rāmāyaṇa (Reamker) with reference to Vālmīkīrāmāyaṇa and attempts to analyse the differences between them, the reasons for the variations and re-investigates the evidence of the claim.

1. *Introduction*

The Reamker (also known as *Rāmakerti*) is the Cambodian national epic and the Khmer version of the Indian epic *Rāmāyaṇā*. The name *Rāma-kerṭi*, nowadays pronounced *rīamker*, literally translates to "The fame or glory of Rāma". This unique name is comprehensive, covering all forms of artistic expression, including fine arts, literature, and performance related to the story. The *Reamker* belongs to the group of *Rāmāyaṇā*s prevalent throughout Southeast Asia.

Arrival and Period of the *Rāmāyaṇā* in Cambodia
The influence of the *Rāmāyaṇā* in Cambodia is ancient, dating back over a millennium.

Period of Arrival (Pre-Angkorian and Angkorian Eras)
The story was known to the Khmer community since at least the 6th century A.D.. Epigraphical evidence confirms its early presence; a 7th-century Sanskrit inscription [K. 359] found at Veal Kantal, Stung Treng, specifically mentions the daily recitations of the *Rāmāyaṇā*.

The story was also well-known during the subsequent Angkorian period (9th to 13th centuries A.D.). Carved narrative reliefs depicting elements of the epic are widespread across major temples, including the Bakong, Banteay Srei, Baphuon, Phimai, Thommanon, and Banteay Samre. Notably, the bas-reliefs at Angkor Wat vividly illustrate the climax of the story, particularly the battle at Lanka.

Period of Literary Composition (Middle Khmer Era):
The literary text known as the classical *Rāmakerti* (*Rk. I*) was written during the Middle period of Khmer literature. The first composition, which is incomplete, likely dates from the 16th to the 17th century.

Why the Buddhist Influence on the *Reamker*?
The *Rāmakerti* was fundamentally influenced by the teachings of the Buddha because the authors intentionally re-shaped the text with a mentality strongly imbued with Buddhist culture.

This transition coincides with the shift in religious priorities in Cambodia following the collapse of the Angkorian civilization, where Theravāda Buddhism achieved dominance. The *Rāmakerti* allowed the Hindu epic narrative (the "Vālmīkian warp") to persist by weaving in "weft-yarns drawn from their Buddhist culture".

Key Aspects of Buddhist Assimilation:

1. **Rām as a Bodhisattva:** Rāma is no longer solely an incarnation of Viṣṇu. He is **assimilated to the Buddha**, being frequently referred to as a **bodhisattva**. He is called the "bud of the Buddha" (*Buddha¢kùr*) and belongs to the lineage of the *tathàgatas*.
2. **Ideal Buddhist Ruler:** Rām is portrayed as a *cakravartin* (righteous ruler) who upholds *dharma*. He holds the highest political supremacy over lesser rulers and adheres strictly to *dharma*. He is endowed with the supreme Buddhist virtues known as the *brahmavihàra* (sublime abiding): loving-kindness (*mettà*), compassion (*karuṇā*), sympathetic joy (*muditā*), and equanimity (*upekkhā*).
3. **Non-Violence and Spiritual Power:** Rām, as the ideal bodhisattva-king, must **stand above physical struggle** and is "always reluctant to take violent actions". He uses **spiritual power** (*tejaf*) or performs miracles and resorts only to moral argument and persuasion. If fighting is necessary, his brother Laks and the monkey allies fight in his stead.

4. **Buddhist Cosmology:** The demons in the tale are often referred to as *māras* (enemies of Buddhism). The cosmological setting is fully aligned with Theravāda teachings, emphasizing the ultimate dissolution of all conditioned things by the logic of impermanence (birth, old age, suffering, and death).

Differences from the *Rāmāyaṇā* as a Form of Literature
The Cambodian *Reamker* differs from the Indian Vālmīki's *Rāmāyaṇā* both thematically and structurally.

Thematic Differences (Buddhist & Cultural Influence)
- **Rām's Identity:** As noted above, Rām is fundamentally changed from a Hindu god-king to a **Buddhist bodhisattva-king**.
- **Narrative Conclusion:** Unlike the Sanskrit *Rāmāyaṇā*, the *Reamker* concludes on a **happy note**, with Rām and Setā reunited.
- **Setā's Origin:** In the Cambodian version, Setā is discovered by King Janaka as she sails down the River Yamuna on a raft, unlike the Indian version where she emerges from the earth furrow (*sītā*). The Khmer spelling of her name, *Setà*, is linked to the Pali term *seta*, meaning **"purity,"** rather than the Sanskrit term for "furrow".
Pushpaka Vimana is mentioned in Sundara Kanda of Valmiki Ramayan. Lord Hanuman while on his search for Sita Mata in Ravana's palace, he sees the best among all the aerial vehicles which is Pushpaka Vimana. It is to be noted that Ravana had many aerial vehicles and Pushpaka Vimana is just one among them. Abduction of Sita did not take place in Pushpaka Vimana, as Valmiki Ramayana clearly mentions that the aerial vehicle used by Ravana was destroyed in the battle against Jatayu. According to Ramayan, Ravana never made Pushpaka Vimana. It was created by Vishwakarma for Lord Brahma. Later it was given to Kubera. Valmiki Ramayan clearly states that Ravana snatched it after defeating Kubera in a battle. [10] Whatever wonderful aeroplane by the name of Pushpaka, decorated with all kinds of precious stones, made by Visvakarma in heaven for lord Brahma, whatever plane Kubera obtained by great austerity from Lord Brahma, Ravana obtained that plane by prowess defeating Kubera. After the death of Ravana, Vibhishana presented this aerial vehicle to Rama for returning to Ayodhya. Once Rama reached Ayodhya, he returned the Pushpaka Vimana back to its original owner Kubera. [11]

Then, Rama, for his part, spoke to that excellent aerial car, "Serve as a transport to Kubera, the lord. I permit you to leave" These Vimanas have speech recognition. Thus permitted by Rama, that excellent aerial car, thereupon proceeded towards the northern direction, so as to reach the abode of Kubera the lord of riches.[13]

That wonderful aerial car, Pushpaka which was seized by Ravana once, went in speed to Kubera, as impelled by Rama's advice

There the great Hanuma saw a great aerial car, the best among best of aerial cars, shining with the name of Pushpaka with the rays of precious stones, and capable of traveling long distances.

नियुज्यमानाः च गजाः सुहस्ताः
सकेसराः च उत्पल पत्र हस्ताः |
बभूव देवी च कृता सुहस्ता
लक्ष्मीः तथा पद्मिनि पद्म हस्ता ll5.7.14

Images of elephants in a lotus-pool with filaments of lotus on body, with lotus petals held in their trunks, were devoted to the worship of an image of Goddess Lakshmi. And also an image of Goddess Lakshmi with four graceful hands and holding lotus in Her hand was made to exist in Pushpaka. [12]

वहन्ति यम् कुण्डशोभिताननना
महाशना व्योमचरा निशाचराः |
विवृत्तविध्वस्तविशाललोचना
महाजवा भूतगणाः सहस्रशः ll 5.8.6.

The Pushpaka was borne by multitudes of Bhutas whose faces were shining with earrings, who were demons ranging in the night sky. They were gluttons endowed with great speed, and they had big, rolling and frightening eyes.[14]
Also note it had the capacity to accommodate hundreds if not thousands. Number of people Ram had accompanied in it ro return to Ayodhya from Lanka Is the proof. It was in the courtyard of Ravana palace with a mountain like height. Just like we launch spaceship in Srihari Kota

8. Engineering

Ram Setu bridge contruction

It is also called as Adam's Bridge, since they do not sink. The construction of a massive bridge across the ocean to Lanka by the Vanara sena is a major feat of engineering described in this mahakavya. ISRO's Jodhpur and Hyderabad researchers created the first full underwater map of Ram Setu, confirming 99.8% is submerged. Using NASA's ICESat-2 satellite, they mapped from Rameshwaram Island, India, to Mannar Island, Sri Lanka. The text details the use of specific types of wood, floating stones and engineering techniques. These stones are very light, like the pumice stones. Therefore it becomes easy to carry for them. These are described by Vlmiki vividly as poems in Uddha kanda and sarga 22. The structure itself is a real-world geological formation, which some interpretations suggest had a man-made top layer. In Valmiki Ramayan it is mentioned that Shri Rams' army constructed a bridge over the sea between Rameshwaram and Lanka. After crossing this bridge, Shri Rams' army had defeated Ravana. Recently, NASA put pictures on the Internet of a man-made bridge, the ruins of which are lying submerged in Palk Strait between Rameshwaram and Sri Lanka. According to the Ramayana, The Vanara army gathered various natural materials, including massive rocks, trees, and logs, and dragged them to the seashore and they are tied to each other. The text describes some of the stones as "floating stones". Ram Setu was built under the supervision of a monkey army led by Nala and Neel using floating stones, large boulders, rocks, mud, and tree trunks. Nala and Neel are the son's of Vishwakarma, the celestial architect.[12,13] Hence possessed an inherent boon and skill for construction equal to his father. The engineering technique involved filling the shallowest parts of the sea with these materials, creating an embankment or bund. The materials were bound with ropes, and measurements were taken. Scientists propose that the structure is a natural chain of limestone shoals formed by tectonic movements and corals, though evidence of human modification exists. The bridge was described as having a width of ten yojanas and a length of one hundred yojanas. A yojana is an ancient unit of measurement, estimated to be around 8 to 12 miles. The bridge construction of 100 yojanas got over in mere 5days and is written by Valmiki in Ramayana, in Uddhakandam in 22nd sargam. Now some these stones have come ashore. These are exhibited for the public every day.

9. Weaponry and Warfare

1. Astras and Shastras

The epic features various celestial weapons, or astras, invoked by mantras (chants) and possessing immense destructive power.

2. Brahmastra

Described as the most powerful and irresistible weapon, capable of causing widespread destruction, often interpreted as an ancient equivalent of a nuclear weapon. he Nuclear Analogy The Brahmastra is a divyastra (divine weapon) created by Lord Brahma, the Creator, to uphold dharma (righteousness) and satya (truth).. It is not a physical weapon in the modern sense but is invoked by a specific mantra and intense mental concentration, often using an ordinary object (like an arrow or a blade of grass) as a medium. Once discharged, the Brahmastra is generally irresistible and cannot be counterattacked or defended against, except by another equally powerful divine weapon (like another Brahmastra, Brahmashirastra, or the Brahmadanda).It causes widespread environmental destruction , complete annihilation of the target . Descriptions in the

Mahabharata and Ramayana mention that the earth trembling and becoming scorched by a terrible heat. Fierce winds blowing upward, accompanied by a thick gloom. All life in the affected area ceasing to exist, with animals dying and men and women becoming infertile. The land becoming barren, with nothing, not even a blade of grass, growing there for many years (sometimes specified as 12 Brahma years in the case of the more powerful Brahmashirastra). Damages are similar to nuclear explosion. The comparison of the Brahmastra to a nuclear weapon is a popular modern interpretation based on the descriptions of mass destruction, fiery explosions, and long-lasting environmental contamination (like radiation fallout). Some modern speculation suggests that the ancient descriptions of these effects sound similar to the aftermath of atomic blasts observed in Hiroshima and Nagasaki.

However, many scholars view this as a pseudo-scientific claim, emphasizing that the astras are mythological, divine weapons whose power and effects (which could sometimes be precisely targeted or even recalled, as Arjuna did) were subject to the wielder's spiritual power and divine will, unlike modern nuclear physics.

3. Guided Missiles

Some astras are described as being controlled from a distance or returning to their user, drawing parallels to modern guided missiles or reusable projectiles.

4. Defensive Shields

Specific weapons, like the Brahma Danda, were capable of absorbing incoming attacks, similar to modern protective energy fields or shields.

10. Conclusion

दुर्लभं भारते जन्म मानुष्यं तत्र दुर्लभम् l
विप्रत्वम् दुर्लभम् तत्र कृष्णप्रीतिः तत्र दुर्लभा…

This verse by Adi sankaracharya considers Shri Krishna's love as rare in human life, but it does not mean that Ram's love is not rare. First it is rare blessing to be born in Bharata desha; It is even rare is to be born as a human, in that to be born as Brahmin is very rare. The latter part of the verse says, it is rarest to be born as Krishna devotee also. Therefore, devotion to both Rama and Krishna is considered rare and important in the Indian tradition. We are proud of India's heritage, culture, thought, culture, science, technology, music, history and especially food we are part of our karma.

भाग्यशाली है जिन्होंने भारत में जन्म लिया।
भाग्यशाली ते सन्ति ये भारते जाताः।
भारते जन्म प्राप्य अहं बहु गर्विता अस्मि। जय भारत माता ।
नाहं कर्ता हरिः कर्ता ।

11. References

1. Dushyanth Sridhar Ramayanam: Vol I, Book
2. https://ramcharitmanas.info/read-ramcharitmanas/
3. https://tamilnation.org/literature/kamban/kambaramayanam.htm
4. https://www.valmiki.iitk.ac.in/sloka?field_kanda_tid=3&language=dv&field_sarga_value=23
5. Pushkar Bhatnagar's book 'Dating the Era of Lord Ram: Discover the Actual Dates of the Lifetime of Lord Ram' (Rupa publication) .
6. Read more at: https://organiser.org/2024/01/07/214704/bharat/sri-ram-in-ayodhya-how-bharat-has-taken-the-world-on-a-journey-from-mythology-to-scientific-verification/
7. https://www.valmiki.iitk.ac.in/sloka?field_kanda_tid=3&language=dv&field_sarga_value=23
8. https://kalyan98.wordpress.com/2007/12/25/ramayana-era-based-on-planetarium-software/
9. https://www.valmiki.iitk.ac.in/
10. Valmiki Ramayana - Sundara Kanda - Sarga 9
11. Valmiki Ramayana - Yuddha Kanda - Sarga 121
12. https://www.valmiki.iitk.ac.in/sloka?field_kanda_tid=5&language=dv&field_sarga_value=8
13. Valmiki Ramayana - Yuddha Kanda - Sarga 127
14. https://www.valmikiramayan.net/utf8/sundara/sarga8/sundarasans8.htm
15. https://www.valmikiramayan.net/utf8/baala/sarga27/balaitrans27.htm
16. Om Prakash, June 2012, Rama Setu a bridge built by Lord Rama Odisha review D:\backup\data\review\or-2012\j
17. Dr. V M Das, Adam's Bridge Formation (Floating of Stones) By Virtue of Prayer Done By Lord Ram rather than Any Miracle Claimed By Hindu Believers . it Was Lawlessness That Triggered By Unconditioned Thought Expression By First order Of Universe (AGE By Quantum Entanglement), IOSR Journal of Research & Method in Education (IOSR-JRME) e-ISSN: 2320–7388,p-ISSN: 2320–737X Volume 7, Issue 6 Ver. VII (Nov. – Dec. 2017)

“विधि का विधान और श्रीरामशलाका” (श्रीरामचरितमानस के विशेष सन्दर्भ में)



राहुल रञ्जन
हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
(rahulranjanskt@gmail.com)

भारतीय जीवन-शैली में पूर्वजों का संदेश, सनातन-पद्धति का परिवेश और हिन्दुत्त्व का समावेश – इनसब का बोध एक साथ बहुत ही सहजता से हो जाता है जब हम अपने घर में श्रीरामचरितमानस और श्रीमद्भगवद्गीता को रखा हुआ पाते हैं| श्रीराम मानव जाति के आदर्श हैं| मानवीय मूल्य, सामाजिक मर्यादा और नैतिक नियमों से आबद्ध इनका व्यक्तित्त्व हमसभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है| पारमार्थिक ज्ञान होते हुए भी इन्होनें अपना जीवन और संदेश व्यवहार और यथार्थ के मध्य ही रखा है तभी तो मानव जीवन के विभिन्न पड़ावों में हृदय का साधारणीकरण हो जाता है| श्रीराम और श्रीरामचरितमानस जन-मानस से जुडी वह अवधारणा है जिसके बिना मानव-मूल्यों की परिकल्पना नही की जा सकती| जीवन-दर्शन की सनातन संस्कृति एवं हिन्दुत्त्व की अगुवायी करने वाला श्रीरामचरितमानस वह ग्रन्थ है जिसमें श्रीराम आध्यात्म के पर्याय हैं, जो कि आस्था और श्रद्धा का विषय है, जहाँ तर्क की गति नहीं है| यही कारण है कि तुलसीदास की अन्य कोई याचना या उद्देश्य नहीं रहा, केवल श्रीराम.....!

“कामिहि नारि पियारि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम|
तिमि रघुनाथ निरंतर प्रिय लागहु मोहि राम||” - उत्तरकाण्ड, दोहा १३०(ख)

(जैसे कामी को स्त्री प्रिय लगती है और लोभीको जैसे धन प्यारा लगता है, वैसे ही हे रघुनाथजी! हे रामजी! आप निरन्तर मुझे प्रिय लगिए|)

1. प्रस्तावना

वास्तविक भक्त का व्यक्तित्त्व और भक्ति का स्वरुप इसी सिद्धांत को बताता है कि भक्त, भक्ति और आराध्य के बीच और कुछ नही| आराध्य ही भक्ति का लक्ष्य होता है, कोई अन्य वस्तु नही | मीरा की भक्ति का विषय और लक्ष्य भी केवल और केवल उनके आराध्य – कृष्ण हैं और कुछ नही| अतः वास्तविक भक्ति में उसके निमित्त भौतिक वस्तुओं, नानाप्रकार की सुख-सुविधाओं का आधान अथवा उनकी वांछा नही रहती है| श्रीराम मानसचित्त के लोकनायक हैं, राजा, रंक, फकीर सबका समावेश है; माता-पिता, गुरु-शष्य, परिवार, समाज, मित्र, राष्ट्र, प्रकृति, जानवर, शत्रु, सेवक आदि सभी का कर्त्तव्य-अधिकार, आचार-व्यवहार, वचन-बद्धता, मर्यादा श्रीरामचरितमानस में श्रीराम के व्यापक व्यक्तित्त्व के अन्तर्गत पठनीय है| इसप्रकार संभवतः ही कोई सांसारिक-विषय श्रीरामचरितमानस से बाहर रहा है| अतः श्रीरामचरितमानस मानव-जीवन-दर्शन का एक ऐसा अभिभावक-ग्रन्थ सिद्ध होता है जो जनमानस की समस्याओं को इंगित करते हुए, उन्हें दर्शाते हुए उनका समाधान करता है|

पारमार्थिक सत्य हो या परम पुरुषार्थ (मोक्ष) की अवधारणा, इस मर्त्यलोक में सांसारिक नियमों की अपनी प्रतिष्ठा है, प्रायः यथार्थवादी दृष्टि ही इस व्यवहार जगत को चलाती है| और इसके चलने-चलाने में सहयोग, सहानुभूति, निर्देशन, अनुभव, आशीर्वाद, मार्गदर्शन, प्रेरणा, उद्देश्य आदि की आवश्यकता स्वाभाविक तो होती ही है साथ ही साथ आवश्यक भी होती है| इस संसार में कोई भी व्यक्ति बिना कर्म किये नहीं रह सकता, मन्द बुद्धि भी कर्म करता ही है| फिर चाहे वह कर्म मन से किया जा रहा हो, वचन से किया जा रहा हो या शरीर से किया जा रहा हो| और जब कर्म होगा तो उसके फल की चिंता भी होगी, चाहे वह अवचेतन मन या मन के किसी कोने में ही स्थान ले कर क्यूँ न बनी रहे – यही यथार्थ है| किसी के द्वारा किया जाने वाला कर्म शुभ अथवा अशुभ हो सकता है, और उसी के अनुसार उसका फल भी| गोस्वामी जी कहते हैं –

सुभ अरु असुभ करम अनुहारी | ईसु देइ फलु हृदयँ बिचारी ||
करइ जो करम पाव फल सोई | निगम निति असि कह सबु कोई || अयो. का. ७६/४

अर्थात् शुभ और अशुभ कर्मों के अनुसार ईश्वर हृदय में विचार कर फल देता है| जो कर्म करता है वही फल पता है| ऐसी वेद की नीति है, यह सब कोई कहता है| फिर भी अपनी कर्म-फल की जिज्ञासा को शांत करने के लिए मानव यथासमय और यथासंभव प्रयास करता रहता है| शास्त्रों और धर्मग्रंथों में हम यह देखतें हैं कि ईश्वर भी जब इस मर्त्यलोक में अवतरित हुये तो उनका व्यक्तित्व भी इस सिद्धांत से अलग नही रहा| मानस में शंकरजी ने जब सती का त्याग किया तो उस प्रसंग में सती कहती हैं –

"सो फलु मोहि बिधाताँ दीन्हा | जो कछु उचित रहा सोइ कीन्हा ||" – बा.का. ५८/२

(उसका फल विधाता ने मुझको दिया, जो उचित था वही किया|)

2. विस्तार

कर्मफल की दिशा और दशा पर विचार तो होता ही है चाहे वह कर्म करणीय हो या अकरणीय हो| जीवन है तो कर्म होगा ही, तभी तो इसे "कर्मप्रधान" कहा गया है| देवगुरु बृहस्पति कहते हैं –

"करम प्रधान बिस्व करि राखा | जो जस करइ सो तस फलु चाखा ||" अयो. का. २१८/२

(उन्होंने विश्व में कर्म को ही प्रधान कर रखा है | जो जैसा करता है, वह वैसा ही फल भोगता है|)

जब कर्म होगा तब तदनुरूप कमोबेश उसके फल की चिंता भी बनेगी और शुभ-अशुभ की जिज्ञासा भी| मानव जाति का कोई भी वर्ग इस मनोविज्ञान से अछूता नही है चाहे वह आस्तिक हो या नास्तिक, अध्यापक हो या विद्यार्थी, व्यापारी हो या नौकरीपेशे वाला, राजनीतिक हो या प्रशासक आदि| इस जीवन के विभिन्न पड़ावों पर अपना कार्य करते हुए कभी संशय की, तो कभी अनिच्छा की, तो कभी त्याग की, तो कभी परिवर्तन की, तो कभी उलझन की, तो कभी भ्रम आदि की द्वंद्वात्मक स्थितियाँ बनती रहती है – इस उहापोह में हम विचलित होते हैं और मार्ग खोजते हैं, किन्तु मिलता वही है जो हमारे कर्म के योग्य है| तुलसीदास जी कहते हैं –

"भल अनभल निज निज करतूती| लहत सुजस अपलोक बिभूति||" - बा.का. ४/४,५

(भले और बुरे अपनी-अपनी करनी के अनुसार सुन्दर यश और अपयश की संपत्ति पाते हैं|)

लेकिन इसक्रम में मित्र, गुरु, अभिभावक, अनुभवी-व्यक्ति, ज्योतिषी, धर्मगुरु आदि हमारे सामने होते हैं और हम अपने सामर्थ्य और धैर्य की परीक्षा देते हुए आगे बढ़ते हैं| कभी ठगे जाते हैं, कभी पथभ्रष्ट होते हैं, कभी किसी के चंगुल में फँस जाते हैं और फँसते ही चले जाते हैं, तो हमें कभी उदासीनता का अनुभव होता है, तो कभी सफलता मिलती भी है और कभी मृगतृष्णा की तरह मिलती हुई नजर आती है, ऐसे में ऐसी स्थितियों का लाभ उठाने की मंशा रखने वालों की दुकानें भी खूब चलती रहती हैं| यह सत्य है हमसब इसका अनुभव करते ही हैं| हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारा अधिकार केवल कर्म पर ही है, उस कर्म के आधार पर ही हमें सुख-दुःख का भोग करना पड़ता है| मानस में देवता कहते हैं –

"जीव करम बस सुख दुख भागी" ....अयो.का. ११/२

(जीव अपने कर्मवश ही सुख-दुःख का भागी होता है |)

प्रसंगवश भरत को समझाते हुए माता कौशल्या कहती हैं –

"जनि मानहु हियँ हानि गलानी | काल करम गति अघटित जानी ||" अयो.का. १६४/३

(काल और कर्म की गति अमिट जानकर हृदय में हानि और ग्लानि मत करो |)

इसी प्रसंग में और भी कहती हैं –

".....तजिअ बिषादु काल गति जानी ||" अयो.का. १७५/१

(काल की गति को जानकर विषाद का त्याग कर देना चाहिए |)

इसलिए जीवन की विपरीत और विषम परिस्थितियों में हमें शोक नहीं करना चाहिए, अपितु सदैव ईश्वर से यह प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए कि हम अच्छे कर्म करें, हमारा प्रयास हमेशा सत्कर्म में ही होना चाहिए |

इस संसार में बड़े-बड़े धर्मगुरु, ज्योतिषी, कर्मकाण्डी आदि मौजूद है| कोई सहजता से हमें मिल जाता है तो किसी से मिलने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़ती है, कोई कम पैसे में काम करता है तो कोई अधिक पैसे लेता है – साधारण मनुष्य उलझता जाता है और इनसब चक्करों में अक्सर हम फंसते चले जाते हैं| हम यह अनुभव करते है की यहाँ केवल समय व्यतीत होता है और आशा बनी रहती है| होता वही है जो हरि की इच्छा होती है, शंकरजी मानस में कहते हैं –

"हरि इच्छा भावी बलवाना".....बा.का. ५५/३

(हरि की इच्छारुपी भावी प्रबल है|)

जब समय आता है तो चीजें अपने आप ठीक होती चली जाती हैं, तभी तो कहा गया है कि "भाग्य से ज्यादा और समय से पहले किसी को कुछ नहीं मिलता|" गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं –

"होइहि सोइ जो राम रचि राखा| को करि तर्क बढ़ावै साखा|| बा.का.५१/४

(जो कुछ राम ने रच रखा है, वही होगा | तर्क करके कौन शाखा (विस्तार) बढ़ावे |)

लोकभाषा में लोग भी कहते रहते है "सब समय का फेर है, सब करम का लेखा-जोखा है|" कर्म की गति को न रोका जा सकता है न ही टाला जा सकता है –सबकुछ ठीक होते हुए भी श्रीराम का वैवाहिक जीवन कष्टमय रहता है| तभी तो राजा दशरथ के वचन, कैकेयी को वरदान, राम का वनवास, दशरथ की मृत्यु आदि प्रसंगों को रेखांकित करते हुए मुनि वसिष्ठ दुःखी होकर भरत को कहते हैं –

"सुनहु भरत भावी प्रबल बिलखि कहेउ मुनिनाथ |
हानि लाभु जीवनु मरनु जसु अपजसु बिधि हाथ ||" अयो.का.१७१

(हे भरत! सुनो, भावी (होनहार) बड़ी बलवान् है | हानि-लाभ, जीवन-मरण और यश-अपयश, ये सब विधाता के हाथ हैं|)

सभा में बड़े-बड़े ज्योतिषियों और विद्वानों के रहते हुए भी महाभारत का युद्ध रोका न जा सका|

कबीर भी कहते हैं -

"करम गति टारै नाहिं टरी||
मुनि वसिष्ठ से पंडित ज्ञानी, सिधि के लगन धरि|सीता हरन मरन दसरथ को, बन में बिपति परी||१||
कहँ वह फंद कहाँ वह परिधि, कहँ वह मिरग चरि|कोटि गाय नित पुन्य करत नृग, गिरगिट-जोन परि||२||
पाण्डव जिनके आप सारथी, तिन पर बिपति परी| कहत कबीर सुनो भै साधो, होने होक रही||३||"

होनी तो हो के ही रहती है, चाहे वह सामूहिक हो या व्यक्तिगत | मनुष्य को अपने किये हुए शुभ-अशुभ कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है | देवताओं में भी ऐसा सामर्थ्य नही है जो विधि के लेख को मिटा सकें| गोस्वामी जी कहते हैं –

"कह मुनीस हिमवंत सुनु जो विधि लिखा लिलार |
देव दनुज नर नाग मुनि कोई न मेट निहार ||" बाल. का. ६८

(विधाता ने ललाट पर जो कुछ लिख दिया है, उसको देवता,दानव,मनुष्य,नाग और मुनि कोई भी नहीं मिटा सकता|)

जो कर्म हमने किया है उसको तो भोगना ही है, और जिस कर्म को हमने किया नही वह हमारे सामने आता नही| लेकिन हमलोग प्रायः यह देखते हैं कि कोई व्यक्ति ऐसा है जो बुरे काम कर रहा है, फिरभी वह सुखी-संपन्न है| और कोई व्यक्ति ऐसा है जो बहुत अच्छे कर्म करता हुआ भी दुःखी-दरिद्र है| ऐसा क्यों? कारण यह है कि केवल वर्त्तमान के कर्म को देखकर हम कोई निर्णय नही ले सकते| भारतीय दर्शन-परम्परा के कर्म-सिद्धान्त के अनुसार भी प्रारब्ध को भोगना ही पड़ता है| इस प्रसंग में तीन प्रकार के कर्म बताए गए हैं –

१. क्रियमाण कर्म / संचीयमान कर्म – वह कर्म जो इस जीवन में दैनन्दिन (वर्त्तमान समय में) किया जा रहा है एवं भविष्य में जिसका फल प्राप्त होगा|
२. संचित कर्म – दैनन्दिन या वर्त्तमान समय से पहले किया गया कर्म, वह चाहे इस जन्म का हो या पूर्व जन्म का और जिसका कर्मविपाक (फलभोग) आरम्भ नहीं हुआ है|
३. प्रारब्ध कर्म – जिन कर्मों का या कर्माशयों का फलभोग आरम्भ हो चुका है, अथवा वर्त्तमान शरीर या जीवन में प्राणी जिन पूर्व कर्मों का फल भोग रहा है|

ये कर्म ही कर्मवाद के आधार हैं| जो हमें अपनी दार्शनिक सिद्धांतों से प्राप्त होता है –

१. कृतप्रणाशशून्यता और २. अकृत-अभ्यागमशून्यता | कर्ता के द्वारा किये गए कर्म के सुख अथवा दुःख रुपी फल उसको अवश्यम्भावी रूप से प्राप्त होता है अर्थात् कृत का प्रणाश असंभव है| उसी प्रकार संसार में कर्ता के द्वारा न किये हुए कर्म का फल कभी भी उसे प्राप्त नही होता है अर्थात् अकृत का अभ्यागम असंभव है| जनमानस की भाषा में इसे हम विधाता की रचना भी कह देते हैं .....जिसे टाला नहीं जा सकता| प्रसंगवश अपनी माता को विकल देखकर पार्वती जी कहती हैं -

"जननिहि बिकल बिलोकि भवानी, बोली जुत बिबेक मृदु बानी|
अस बिचारि सोचहि मत माता, सो न टरइ जो रचइ विधाता||" बा. का. ९६ /३

(हे माता! जो विधाता रच देते हैं, वह टलता नहीं; ऐसा विचार कर तुम सोच मत करो|)

लेकिन फिर भी यह संसार मोहात्मक है और हमसब माया से बंधे होते हैं| बहरहाल चाहे दार्शनिक पद्धति हो या आध्यात्मिक सबकुछ कर्म पर ही आश्रित है, भाग्य का निर्माण भी कर्म से ही होता है, कर्मश्रृंखला ही रचना की सामग्री है| ध्यान देने योग्य बात यह है कि कर्म किस रूप में किया जा रहा है, वह शुभ है या अशुभ, करने योग्य है या न करने योग्य? हमें इसका मार्गदर्शन चाहिए....! हमें इसका आध्यात्मिक मार्गदर्शन चाहिए कि हमारा निर्णय लाभप्रद है या नहीं, अथवा हमारे संकल्प की अप्रत्यक्ष गति की दिशा और दशा ठीक है कि नहीं? इसके लिए सबसे सहज, सरल और विश्वसनीय उपाय हमारे पास क्या है? इस विषय पर हमारा आध्यात्मिक अभिभावक कौन है? निःसंदेह श्रीरामचरितमानस की "रामशलाका प्रश्नावली"| आज, प्रतियोगिता और प्रतिद्वन्द्विता के इस समय में हमें आध्यात्मिक मार्गदर्शन चाहिए, चाहे हम जिस क्षेत्र में काम कर रहे हों| विशेष रूप से युवापीढ़ी को जिनपर भविष्य की जिम्मेदारियाँ हैं| हमें ऐसा अभिभावक चाहिए जो निर्णय लेने में हमारी आध्यात्मिक सहायता करे| जिसके लिए हमें बहुत ज्यादा भाग-दौड़ न करना पड़े, व्यर्थ में पैसे खर्च न हो जाए - जो कि अकसर होता है, लेकिन उसका अपेक्षित लाभ हमें नही मिलता| और इसके साथ ही इस क्रम में हमारे विचार या भाव भी उजागर हो जाते हैं, कई बार हमारे न चाहते हुए भी दूसरों के सामने आ जाते हैं, साँझा करना

पड़ता है, उसकी गोपनीयता नही रह जाती|जनमानस एवं लोकहित में ऐसा सर्वसाधारण आध्यात्मिक अभिभावक अथवा उपाय है - श्रीरामचरितमानस की "रामशलाका"| जो पलभर में हमारी समस्याओं का समाधान कर देती है|

चूँकि श्रीराम हमारी आस्था के विषय है, वे हमारे आराध्य हैं, इसलिए उनपर श्रद्धा और विश्वास रखते हुए नौ चौपाइयों में आबद्ध श्रीरामशलाका – किसी कार्य को करने के लिए, जीवन के किसी मोड़ पर उत्पन्न हुई असमंजस की स्तिथि में समाधान के लिए, "किं कर्त्तव्य विमूढ़" वाली कठिन अथवा उलझन भरी परिस्थिति से हमें बहार निकालने के लिए,हमारा प्राथमिक और प्रमुख सलाहकार है| क्योंकि यह श्रद्धा का विषय है, इसलिए यहाँ तपस्या, तर्क और गणित अपना स्थान नहीं ले पाता| अतः यह कोई ज्योतिषीय समाधान या उपाय नहीं देता अथवा इच्छापूर्ति का सिद्धान्त प्रस्तुत नहीं करता अपितु हमारा और हमारे घर का आध्यात्मिक एवं पुस्तैनी अभिभावक है, जो हमारी आस्था और विश्वास होने के वास्ते स्वाभाविक रूप से हमारा पथ-प्रदर्शक है|

श्रीरामशलाका प्रश्नावली का स्वरुप

प्रस्तुत है गीताप्रेस गोरखपुर से प्रकाशित श्रीरामशलाका का यथावत् स्वरुप –

इस रामशलाका प्रश्नावली के द्वारा जिस किसी को जब कभी अपने अभीष्ट प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने की इच्छा हो तो सर्वप्रथम उस व्यक्ति को भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान करना चाहिए| तदनन्तर श्रद्धा-विश्वासपूर्वक मन से अभीष्ट प्रश्न का चिंतन करते हुए प्रश्नावली के मनचाहे कोष्ठ में अँगुली या कोई शलाका रख देना चाहिये और उस कोष्ठक में जो अक्षर हो उसे अलग किसी कागज या स्लेटपर लिख लेना चाहिए| प्रश्नावली के कोष्ठक पर भी ऐसा निशान लगा देना चाहिए जिससे न तो प्रश्नावली गन्दी हो और न प्रश्नोत्तर प्राप्त होनेतक वह कोष्ठक भूल जाए| अब जिस कोष्ठक का अक्षर लिख लिया गया है उससे आगे बढ़ना चाहिए तथा उसके नवें कोष्ठक में जो अक्षर पड़े उसे भी लिख लेना चाहिए| इस प्रकार प्रति नवें अक्षर को क्रम से लिखते जाना चाहिए और तबतक लिखते जाना चाहिए, जबतक उसी पहले कोष्ठक के अक्षर तक अँगुली अथवा शलाका न पहुँच जाए| पहले कोष्ठक का अक्षर जिस कोष्ठक के अक्षर से नवां पड़ेगा, वहाँ तक पहुँचते पहुँचते एक चौपाई पूरी हो जायेगी, जो प्रश्नकर्ता के अभीष्ट प्रश्न का उत्तर होगी| यहाँ इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी-किसी कोष्ठक में केवल "आ" की मात्रा (ा) और किसी-किसी कोष्ठक में दो-दो अक्षर हैं| अतः गिनते समय न तो मत्रवाले कोष्ठक को छोड़ देना चाहिए और न दो अक्षरोंवाले कोष्ठक को दो बार गिनना चाहिए| जहाँ मात्रा का कोष्ठक आवे वहाँ पूर्वलिखित अक्षर के आगे मात्रा लिख लेना चाहिए और जहाँ दो अक्षरोंवाला कोष्ठक आवे वहाँ दोनों अक्षर एक साथ लिख लेना चाहिए|

सु	प्र	उ	बि	हो	मु	ग	व	सु	नु	बि	घ	धि	इ	द
र	रु	फ	सि	सि	रहि	बस	हि	म	ल	न	ल	प	न	अं
सुज	सो	ग	सु	कु	म	स	ग	त	न	ई	ल	धा	बे	नो
त्य	र	न	कु	जो	म	रि	र	र	अ	की	हो	सं	रा	य
पु	सु	थ	सी	जे	इ	ग	म	सं	क	रे	हो	स	स	नि
त	र	त	र	स	हूँ	ह	व	व	प	चि	स	हिं	स	तु
म	का	ा	र	र	म	मि	मी	म्हा	ा	जा	हू	हीं	ा	ा
ता	रा	रे	री	हु	का	क	खा	जू	ई	र	रा	पू	द	त
नि	को	जो	गो	न	मु	जि	यँ	ने	मनि	क	ज	प	स	त
हि	रा	मि	स	रि	ग	द	न्मु	ख	म	खि	जि	म	त	जं
सिं	ख	नु	न	को	मि	निज	कँ	ग	धु	ध	सु	का	स	र
गु	ब	म	अ	रि	नि	म	त	ा	न	हँ	ती	न	क	भ
ना	पु	व	अ	ा	र	त	ा	ए	तु	र	न	नु	बे	थ
सि	हूँ	सु	म्ह	रा	र	स	स	र	त	न	ख	ा	ज	ा
र	ा	ा	ता	धी	ा	री	ा	हू	हीं	खा	जू	ई	रा	रे

उदहारण के तौरपर इस रामशलाका प्रश्नावली से किसी प्रश्न के उत्तर में एक चौपाई निकल दी जाती है| पाठक ध्यान से देखें| किसी ने भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान और अपने प्रश्न का चिंतन करते हुए यदि प्रश्नावली के * इस चिह्न से संयुक्त "म" वाले कोष्ठक में अँगुली या शलाका रखा और वह ऊपर बताये क्रम के अनुसार अक्षरों को गिन-गिनकर लिखता गया तो उत्तरस्वरूप यह चौपाई बन जाएगी –

हो इ हि सोइ जो राम* रचि रखा | को क रि त र्क ब ढा वै सा खा ||*बा.का.५१/४*

यह चौपाई बालकाण्ड के अन्तर्गत शिव और पार्वती संवाद में है| प्रश्नकर्ता को इस उत्तरस्वरूप चौपाई से यह आशय निकालना चाहिए कि कार्य होने में संदेह है, अतः उसे भगवान् पर छोड़ देना श्रेयस्कर है|

इस चौपाई के अतिरिक्त श्रीरामशलाका प्रश्नावली से आठ चौपाइयाँ और बनती हैं, उन सबका स्थान और फल सहित उल्लेख नीचे किया जाता है| कुल नौ चौपाइयाँ हैं –

१. सुनु सिय सत्य असीम हमारी | पूजिहि मन कमाना तुम्हारी || बा.का.२३५/४

स्थान – यह चौपाई बालकाण्ड में श्रीसीताजी के गौरी पूजन के प्रसंग में है| गौरीजी ने श्रीसीताजी को आशीर्वाद दिया है|

फल – प्रश्नकर्ता का प्रश्न उत्तम है, कार्य सिद्ध होगा|

२. प्रबिसि नगर कीजे सब काजा | हृदयँ राखि कोसलपुर राजा ||सु.का.४/१

स्थान– यह चौपाई सुन्दरकाण्ड में हनुमान जी के लंका में प्रवेश करने के समय की है|

फल – भगवान् का स्मरण करके कार्यारम्भ करो, सफलता मिलेगी|

३. उधरहिं अंत न होई निबाहू | कालनेमि जिमि रावन राहू ||बा.का.६/३

स्थान – यह चौपाई बालकाण्ड के आरम्भ में सत्संग-वर्णन के प्रसंग में है|

फल – इस कार्य में भलाई नहीं है| कार्य की सफलता में संदेह है|

४. बिधि बस सुजन कुसंगत परहीं | फनि मनि सम निज गुन अनुसरहीं ||बा.का.२/५

स्थान - यह चौपाई भी बालकाण्ड के आरम्भ में ही सत्संग-वर्णन के प्रसंग की है|

फल – खोटे मनुष्यों का संग छोड़ दो| कार्य पूर्ण होने में संदेह है|

५. मुद मंगलमय संत समाजू | जो जग जंगम तीरथराजू ||बा.का.१/४

स्थान – यह चौपाई बालकाण्ड में संत-समाजरूपी तीर्थ के वर्णन में है|

फल – प्रश्न उत्तम है| कार्य सिद्ध होगा|

६. गरल सुधा रिपु करहिं मिताई | गोपद सिन्धु अनल सितलाई ||सु.का.४/१

स्थान – यह चौपाई श्रीहनुमानजी के लंका में प्रवेश करने के समय की है|

फल – प्रश्न बहुत श्रेष्ठ है| कार्य सफल होगा|

७. बरुन कुबेर सुरेस समीरा | रन सन्मुख धरि काहुँ न धीरा ||लंका.का.१०३/४

स्थान – यह चौपाई लंकाकाण्ड में रावण की मृत्यु के पश्चात् मंदोदरी के विलाप के प्रसंग में है|

फल – कार्य पूर्ण होने में संदेह है|

८. सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे | रामु लखनु सुनि भए सुखारे ||बा.का.२३६/२

स्थान – यह चौपाई बालकाण्ड में पुष्पवाटिका से पुष्प लानेपर विश्वामित्रजी का आशीर्वाद है|

फल – प्रश्न बहुत उत्तम है| कार्य सिद्ध होगा|

इस प्रकार रामशलाका प्रश्नावली से कुल नौ चौपाइयाँ बनती हैं, जिनमें सभी प्रकार के प्रश्नों के उत्तराशय सन्निहित हैं|

3. निष्कर्ष

श्रीरामचरितमानस हमारी श्रद्धा, भक्ति और विश्वास का वह समन्वय है जहाँ हम अपने आध्यात्मिक अभिभावक को खड़ा पाते हैं| हिन्दुत्त्व की यह परम्परा सनातन और स्वाभाविक है, पद्धति श्रेयस्कर है, जो मानवजाति को विरासत के रूप में प्राप्त है|

अतः श्रीराम में पूरी श्रद्धा रखते हुए हम यह अनुभव करते हैं कि "श्रीरामशलाका" हमारे सांसारिक जीवन और जीवन-शैली में उठाने वाले उन तमाम प्रश्नों का उत्तर देती है, जब उसमें उलझन, उहापोह, द्वन्द्व, संशय, भ्रम, करना चाहिए अथवा नही करना चाहिए – जैसी स्तिथि बनती है|

4. सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची

१. सर्वदर्शनसंग्रह - माधवाचार्य,(सम्पा.)उमाशंकर शर्मा'ऋषि',चौखम्बा विद्याभवन,वाराणसी,१९७७
२. षड्दर्शनसमुच्चय - हरिभद्रसूरि,(सम्पा.)महेंद्र कुमार जैन, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन,दिल्ली,२००६

३. श्रीरामचरितमानस – गोस्वामी तुलसीदास, गीताप्रेस, गोरखपुर, २०२३

४. श्रीमद्भगवद्गीता – वेदव्यास (शांकरभाष्यसहित), (सम्पा.) वी. सदानन्द, कम्पलीट वर्क्स आफ श्रीशंकराचार्य(भाग-६), समता बुक, मद्रास,१९८३

५. वेदान्तसार – सदानन्द, (सम्पा.) डॉ. राममूर्ति शर्मा, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली, १९८९

६. अनुपयुक्त दर्शन तथा नीतीशास्त्र के आयाम – जटाशंकर एवं अम्बिकादत्त शर्मा (डॉ. रमेश चंद्र सिन्हा अभिनन्दन ग्रन्थ) अखिल भारतीय दर्शन परिषद्, न्यू भारतीय बुक कारपोरेशन,दिल्ली,२०१३

७. भारतीय दर्शन का इतिहास – सुरेन्द्रनाथ दासगुप्ता,(अनुवाद – कलानाथ शास्त्री एवं सुधीर कुमार गुप्त), राजस्थान ग्रन्थ अकादमी, जयपुर,१९८८

८. पुरुषार्थचतुष्टय – प्रेमवल्लभ त्रिपाठी, राजविद्या ग्रंथमाला, वाराणसी, १९७०

९. रामचरितमानस का टीका-साहित्य, डॉ. त्रिभुवन नाथ चौबे, संभावना प्रकाशन, सुल्तानपुर,१९७५

रामचरितमानस महाकाव्य की प्रासंगिकता



सन्तोष खन्ना
(santoshkhanna25@gmail.com)

भारत के आदि कवि बाल्मीकि रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण और तुलसीदास कृत रामचरितमानस विश्व के एक ऐसे महानतम अनूठे महाकाव्य हैं जिसमें सभी प्रकार के वैश्विक मूल्यों और आदर्श प्रतिमानों का प्रतिपादन किया गया है विशेष रूप से 15वीं शती में रचित यह रामचरितमानस महाकाव्य विविध मानव मूल्यों की दृष्टि से उस समय जितना प्रासंगिक था, आज भी उतना ही प्रासंगिक है और भविष्य में भी उसका महत्त्व कभी कम नहीं होगा। उस समय की परिस्थितियां जन जन के इतने प्रतिकूल थी कि उनकी खुलकर सीधे-सीधे आलोचना व्यवहारिक नहीं थी किंतु तुलसीदास की प्रत्युत्पन्नमति ने रामचरितमानस की रचना कर यह प्रदर्शित किया कि व्यवस्था को कैसा होना चाहिए और मानव जीवन और समाज में मर्यादा और अनुशासन का कैसा महत्व होना चाहिए । इसके लिए उन्होंने पुरातन काल से विदित रामकथा को अपना प्रतिपाद्य विषय बनाया और उसकी ऐसी विलक्षण और अनुपम प्रस्तुति की कि उसका स्वरूप सार्वकालिक और सर्वजनीन हो गया है। अतः कहा जा सकता है कि 'रामचरितमानस महाकाव्य शाश्वत मानव मूल्यों का आकाशदीप है जिसमें वैश्विक दृष्टि है और उस के माध्यम से मानव मात्र के कल्याण की कामना है। रामचरितमानस युगवाणी है जो आधुनिक काल में भी उर्ध्वगामी जीवन दृष्टि और व्यवहार धर्म तथा विश्व धर्म का संदेश देती है।।

1. प्रस्तावना

समूची भारतीय चिंतन परंपरा बल्कि विश्व चिंतन परंपरा और साहित्यिक क्षेत्र में रामचरितमानस का स्थान बेजोड़ है। उसमें प्रतिपादित मानव मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने वह उस काल और परिवेश विशेष में से थे जब इसकी रचना हुई थी बल्कि यह भी कहा जा सकता है कि आज के उपभोक्तावाद, बाजारवाद, आतंकवाद, परस्पर प्रतिस्पर्धा और पारिवारिक रिश्तों की सूखती सलिल के संदर्भ में तुलसी द्वारा प्रतिपादित हर विचार और सिद्धांत और भी अधिक प्रासंगिक हो उठे हैं।आज भारतीय मानस भारत की प्राचीन समृद्ध संस्कृति से विमुख हो आयातित संस्कृति विचारधारा और जीवन शैली को गर्व से अपना रहा है और इसका परिणाम यह हुआ है कि समाज में सब ओर हिंसा, अपराध, अराजकता और अफरातफरी का माहौल बन चुका है और पारिवारिक पद्धति भी विघटन के कगार पर है। लगता है कि अब तक की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां कहीं उन में तिरोहित न हो जायें। ऐसे में भारतीय समाज को सायास रामचरित मानस में दिग्दर्शक मार्ग पर चल कर अपनी खोई सांस्कृतिक सम्पदा को पुनः अर्जित करना होगा।

2. विस्तार

सामान्यतया भारतवासी पूरी पृथ्वी और विश्व के सभी मानवों को एक परिवार की तरह मानते हैं। उसकी हर प्रार्थना में यही भाव व्यक्त होते हैं। यथा धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो। ईश्वर हम सभी को बुराई, असत्य और अधर्म के विरुद्ध खड़े रहने की शक्ति प्रदान करें। हमारे वेदों और उपनिषदों में भी मानवीय उदात्त विचारों का ही प्रतिपादन किया गया है। प्राणीमात्र को अच्छे चरित्र वाला बनाने के भी कई प्रेरक मंत्र हैं। इस संबंध में पूरा मंत्र देखिए:-

'अयम् निज: पेरो वेती गणना लघुचेतसाम्।
उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्।'

यह मंत्र महोपनिषद और अन्य ग्रंथों में विद्यमान है। यह मंत्र भारतीय प्राचीन संस्कृति और सनातन धर्म की मूल भावना को प्रतिपादित करता है । इस मंत्र का मूल भाव यह है कि भारतीय धर्म, भाषा, जाति पाति, क्षेत्र और देश के भेदभाव के बिना संपूर्ण पृथ्वी और मनुष्य जाति को एक परिवार मानते हैं । वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र यहां के निवासियों का आधारभूत अध्यात्म है, सोच है, दर्शन है, जीवन शैली है । इसी संस्कार ने भारतीयों की मानसिकता में इतना घर कर लिया है कि भारत ने कभी किसी अन्य देश को अपने आधिपत्य और अधिकार में लेने के के लिए कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया । समय-समय पर बाहरी आक्रांता भारत पर आक्रमण कर इस देश को अपने आधिपत्य में लेते रहे तो भी भारत ने इसी उदार और उदात्त सोच के कारण स्वयं को कभी यह युयुत्सु संस्कार नहीं दिया । यह उसकी शक्ति कहो या कमजोरी, वह बाहरी आक्रांताओं से एकजुट होकर उनसे लोहा नहीं ले सका चाहे उसके लिए उसे सदियों तक कितने ही विपरीत परिणाम क्यों ना भुगतने पड़ें हों। बाहरी आक्रांताओं ने न केवल इस देश को लूटा और सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने का निरंतर प्रयास किया, यहां तक कि धार्मिक मान्यताओं को कुचलने के लिए यहां के

हमारे देशवासियों का धर्म परिवर्तन किया। इतिहास गवाह है कि पहले आक्रांताओं ने यहां के वासियों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें इस्लाम धर्म में शामिल कर लिया। बाद में इसाई मिशनरियों ने भी यहां लोगों को ईसाई बनाना शुरु किया और यह प्रक्रिया इस समय भी कुछ सीमा तक जारी है।

भारत ने इस उदात्त संस्कृति के कारण चाहे कितने ही विपरीत परिणाम भुगते हों या भुगत रहा हो, किन्तु वसुधैव कुटुंबकम् का संस्कार हमारी आदत और आचरण में शुमार हो कर रह गया है। इसलिए मध्यकाल के अंधे युग में जब महाकवि तुलसीदास राम चरित मानस की रचना कर रहे थे तो भी वह 'सर्वभूतहिते रत्ता' की भावना का महिमामंडन कर रहे थे। वह मानस में श्री राम के मुखारविंद से कहलाते हैं;

परहित सरिस धर्म नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहीं अधमाई।

अर्थात् दूसरों की भलाई के समान दूसरा कोई धर्म नहीं है। जो व्यक्ति दूसरों को सुख देता है, दूसरों की भलाई कर के प्रसन्न होता है, उसके समान संसार में कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना बहुत बड़ा पाप है।

मनुष्य की यही भावना उसे भ्रातृत्व की भावना से जोड़ती है। विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास ही अन्ततः विश्व शान्ति एवं प्रेम की स्थापना को सम्भव कर सकता है। इसी भावना को आधार बनाकर गोस्वामी तुलसीदास ने पारिवारिक मूल्यों को इतना उदात्त रूप दे दिया है क्योंकि परिवार के अंदर रहकर ही मनुष्य का पर उपकार की भावना से साक्षात्कार होता है। परिवार में परहित की यही भावना का विस्तार विश्व परिवार की भावना का रूप ले लेता है। परिवार विश्व की वह लघु स्थली है जहां मनुष्य में उदात्त भावनाओं का परिपाक होता है। तुलसीदास ने अपने पात्रों के माध्यम से परिवार में प्रेम, स्नेह, त्याग और अन्य उच्च कोटि के सदाचार और शिष्टाचार का प्रतिपादन किया हैं। तुलसीदास माता -पुत्र, पिता -पुत्र, भाई -भाई, पति-पत्नी, मित्र -मित्र, ससुर -बहू, सास- बहू ,भाभी -देवर आदि रिश्तों में उदात्त मूल्यों के माध्यम से एक आदर्श व्यवस्था चाहते हैं।

वर्तमान में पारिवारिक रिश्तों के क्षरण के संदर्भ में हमें चेतना होगा और तुलसीदास कृत रामचरितमानस मानस में जिन रिश्तों का उदात्तीकरण किया गया है उनका अनुशीलन कर हमें पारिवारिक एकता को पुनः स्थापित करना होगा।

राम विश्व संस्कृति के अप्रतिम महामानव है। यद्यपि मानस में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का ऐसा चरित्र चित्रण किया गया है कि वह न केवल आदर्श पुत्र हैं, आदर्श पति हैं, आदर्श भाई हैं मित्र हैं यहां तक कि वह दुश्मन के प्रति भी आदर्श व्यवहार करते हैं। इसी प्रकार, नारीत्व का उदात्त आदर्श सीता का चरित्र समूची मानव जाति के लिए अत्यंत प्रेरक है। वर्तमान काल में स्वतंत्रता के भ्रम में स्वछंदता का मार्ग चुन कर दिग्भ्रमित होती नारी को अब भी सीता के उदात्त चरित्र से सीखने की जरूरत है। इस तरह तुलसी ने मानस में जिस प्रकार पारिवारिक और मानव मूल्यों की स्थापना की है वे परिवार,समाज, देश और विश्व के लिए आज भी बहुत उपयोगी हैं। राम जैसा पुत्र बहुत पुण्य प्रताप से मिलता है। मानस में तुलसीदास सन्तान के मां बाप के प्रति कर्तव्य को रेखांकित करते हुए राम से कहलाते हैं:-

सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी,
जो पितु मातु वचन अनुरागी।
तनय मातु पितु तोष निहारा
दुर्लभ जननी सकल संसारा।

अर्थात् हे माता! सुनो वही पुत्र भाग्यशाली हैं जो माता-पिता के वचनों का पालन करने वाला है। हे माता ! माता पिता को संतुष्ट रखने वाला पुत्र सारे संसार में दुर्लभ है।

राम का राज्याभिषेक होने वाला है और उसे मिलता है चौदह वर्ष का बनवास। वर्तमान काल में जो परिवारों की स्थिति हो गई है उसमें आप सोच भी नहीं सकते कोई बेटा राम जैसे त्याग की भावना से संप्रक्त होगा। आजकल मां बाप को बच्चों से ही ड़र लगने लगा है। आज इस कलिकाल में संतान को उनके भले के लिए समझाना भी मुश्किल हो गया है। मां बेटे की भलाई के लिए उससे कहती है कि वह कंप्यूटर पर खेल में समय न गंवा कर अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान दे। बेटे को अपनी मां का मना करना अच्छा नहीं लगता और वह मां की हत्या ही कर देता है। कोई दूसरा बेटा मां से नशे करने के लिए पैसे मांग रहा है और मां जब पैसे देने से मना करती है तो वह उसे चाकू से गोद देता है। प्रायः ऐसी घटनाएं रोज पढ़ने सुनने में आ रही हैं। आज की संतान को हम सद्संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। मानस के राम इतने संस्कारी है:

प्रात काल उठ के रघुनाथा ,
मातु पितु नावहिं माथा।

इसी प्रकार, नारी के कर्त्तव्य के बारे में मानसकार ने राम से कहलाया है कि
कि नारी का धर्म है वह सास ससुर का पूरा सम्मान करें:

एहि ते अधिक धरम नहीं दूजा
सादर सास ससुर पद पूजा।

इसी तरह मानस कार ने सास ससुर के बहुओं के प्रति धर्म का भी उल्लेख किया है।दशरथ अपनी कौशल्या आदि रानियों से कहते हैं;-

‘वधु लरिकनी पर घर आई/
राखेहु नयन पलक की नाई।’

अर्थात् बहू अभी बच्ची है पराए घर से आई हैं इनको इस तरह से रखना जैसे नेत्रों को पलकें रखती हैं अर्थात् जैसे पलकों में आंखें सुरक्षित रहती है, सास ससुर का अपनी बहुओं के प्रति यदि इसी प्रकार का भाव हो तो पारिवारिक जीवन कितना खुशहाल हो जाए। आजकल परिवारों में सास और बहू के कारण घरों में अशांति देखने को मिलती है। बहूएं भी संयुक्त परिवार में न रहकर अपना अलग रहना चाहती है अथवा सास ससुर उन्हें वह स्नेह और मान सम्मान नहीं दे पाते जो वे अपनी बेटियों को देते हैं जबकि बहू अपना मायका छोड़ कर एक पराए घर को अपनाती है इस संबंध में आज के लिए मानस से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

मानस में भाईयों के बीच परस्पर प्रेम प्यार भी एक मिसाल है। जब राम को चौदह वर्ष का बनवास मिलता है तो लक्ष्मण उसके साथ जाने की जिद्द करते हैं और उनके साथ जा कर ही मानते हैं। राम का भरत के प्रति स्नेह और विश्वास अप्रतिम है। जब भरत रामचंद्र को वन से वापस चलने के लिए मनाने उनके पीछे बन में जाते हैं तो लक्ष्मण उनकी भ्रातृप्रेम भावना को समझ नहीं पाते और वह भरत के बारे में टिप्पणी करते हैं कि भरत अयोध्या का राज पा कर राजमद में अंधा हो रहा है तो राम का भरत के प्रति विश्वास देखिए। राम कह उठते हैं,:

भरतहि होई न राजमद
विधि हरि हर पद पाई
कबहुं कि कांजी सीकरन
हरि सिंधु बिनसाई।

आज भारत ही क्या समूचा विश्व आतंकवाद के गिरफ्त में फंसा है। रामचरितमानस में भी राक्षस वर्ग आतंकवादियों की भूमिका में थे जिसका केंद्र लंकापति रावण था। उस समय भी नारी उत्पीड़न और नारी अपहरण की समस्या थी। मानस में तुलसी कहते हैं:-

‘करहिं उपद्रव असुर निकाया।
नाना रूप धरि करि माया।।
जेहि-जेहि देस धेनु द्विज पावहिं।
नगर पुर गांव आग लगावहिं।। ‘

रामचरित मानस के अरण्य काण्ड में राम ऋषि मुनियों से मिलते हैं तो एक जगह अस्थि-समूह देख कर वह पूछते हैं कि यह सब क्या और क्यों कर है तो राम जी को वह बताते हैं कि यहां राक्षसों ने उत्पाद मचा रखा है और वह ऋषि मुनियों को मार कर खा जाते हैं तो तब राम जी ऋषि-मुनियों को उनकी रक्षा का वचन देते हैं और उन्होंने
धरा को निशाचरहीन करने के लिए शपथ खाई थी। तुलसीदास की इस संदर्भ में यह चौपाई देखिए:

‘निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाई पन कीन्ह।
सकल मुनिन्ह के आश्रमनि्ह जाइ जाइ सुख दीन्हा।।’

अर्थात् राम जी ने भी आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के सिद्धांत को अपनाया था। भारत भी आतंकवाद का भी कई बार शिकार हुआ है और हो रहा है। कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों से भारतीय जन को बहुत कष्ट उठाने पड़े हैं। वहां तो दशकों से एक भरी पूरी सेना उनको नियंत्रित करने के लिए तैनात हैं और समय समय पर हमारे सैनिक अपने जीवन का बलिदान देते आ रहे हैं। जम्मू कश्मीर में पहलगाम में छः महीने पहले हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के अंतर्गत आपरेशन सिंदूर किया और उसमें पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को तबाह किया और सौ डेढ़ सौ आतंकियों को मार गिराया। तब सेना के अधिकारी प्रवक्ता ने तो आपरेशन सिंदूर के संदर्भ में रामचरितमानस के उस प्रसिद्ध दौहे का उदाहरण देते हुए कहा था कि ‘भय बिन होय न प्रीति

अभी भारत के अंदर दिल्ली में लाल किले के पास बहुत बड़ी आतंकवादी घटना हुई। संबद्ध एजेंसियां इन आतंकवादी तत्वों से सख्ती से निपटने का प्रयास कर रहीं हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी तरह अंजाम देना होगा।

3. निष्कर्ष

वर्तमान युग में क्षरित हो रहे मानव मूल्य के संदर्भ में रामचरितमानस में प्रतिपादित मानवीय मूल्यों की अत्यधिक ज़रूरत है। राम ने अपने जीवन में जिन मर्यादाओं की स्थापना की थी उनको आज़ हर आदमी को जीवन में उतारने की ज़रूरत है। राम ने जीवन संघर्ष में शौर्य के साथ-साथ धैर्य और त्याग का भी परिचय दिया था। राम ने अपने जीवन में जो विलक्षण त्याग किया था वह अन्यत्र दुर्लभ है। उच्चतर जीवन मूल्यों के साथ जीना और अन्याय के विरुद्ध युद्ध करना ही राम का रामत्व है। आज की घोर प्रतिस्पर्धात्मक राजनीति के संदर्भ में अगर मानस में प्रतिपादित आदर्शों को अपनाया जाए तो राष्ट्र ख़ुशहाल हो सकते हैं।

आज के आत्मकेंद्रित समय में रिश्ते नाते बेमानी हो गए हैं और परिवार व्यवस्था का क्षरण हो रहा है । किंतु राम परिवार की तरह मर्यादाओं का अनुपालन कर हम इस दल-दल से बाहर निकल सकते हैं । मानस में पर्यावरण- प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्या का भी समाधान मिल जाएगा । मानस में जब 'सिया राम मैं सब जग जानी'' की बात की जाती है तो उसके माध्यम से जिस समष्टि की बात की जाती है उसमें संपूर्ण जीव -जगत् सम्मिलित है। तुलसीदास एक स्थान पर कहते हैं फल तोड़ कर खाना अच्छा है लेकिन पेड़ काटना अपराध है ।भारत में धर्म और भाषा के विवाद का उल्लेख करते हुए तुलसीदास ने मानस में समन्वय का भाव को दिखाया है। उत्तर का गंगाजल रामेश्वर में चढ़ता है तो वह राममय हो जाता है। राम शिव भक्त हैं राम दक्षिण में जाकर शिव की पूजा करते हैं। राम का यह अभियान उत्सव उतर - दक्षिण की एकता स्थापित करने का प्रयास है। अतः रामचरित मानस को आज अपना आदर्श बनाइये और शांति का जीवन बिताइये।

जब पारिवारिक रिश्ते धन, बल और बाजार के आधार पर तय होने लगे हैं, ऐसे में हम रामचरितमानस का अनुशीलन करेंगे तो हमारी चेतना का भी परिपाक होगा और हम मानव मूल्यों से प्रेरित होकर उन्हें अपने जीवन में उतारने के लिए क्रियाशील हो उठेंगे ऐसे में मानस में प्रतिपादित मूल्य नई आशा की किरण लेकर आते हैं।

4. संदर्भ

1. महोपनिषद, 6. 71-75
2. तुलसीदास कृत रामचरितमानस
3. 'रामचरित की प्रासंगिकता' , लेखिका: डॉ शकुन्तला कालरा
4. डॉ शकुन्तला कालरा की पुस्तक 'रामचरितमानस की प्रासंगिकता', एक विवेचन, समीक्षात्मक आलेख, सन्तोष खन्ना, नवग्रह टाइम्स समाचार पत्र दिनांक 9 फरवरी,2024
5. रामचरित मानस और सीता की कर्मठता आलेख, नवग्रह टाइम्स समाचार पत्र, 10 अप्रैल, 2024
6. रामचरित मानस में परिवार का महत्व आलेख - सन्तोष खन्ना
7. अध्यात्म संदेश आन-लाइन मासिक पत्रिका,
8. उज्जैन
9. ' मैं सुकुमारी नाथ बन जोगू' आलेख

मानस में संज्ञा



विनीता मिश्रा
(mishravinita07@gmail.com)

भगवान शंकर के मानस में बसी रामकथा जो माता पार्वती की विशेष अनुनय पर भगवान शंकर ने विशेष कृपा करते हुए उन्हें सुनाई, बताई और समझाई. यदि माता पार्वती की विशेष विनय न होती और भगवान शंकर की विशेष कृपा न होती तो हम सब रामचरितमानस के इस अपरिमित आनन्द से वंचित रह जाते. मानस में बसे ज्ञान और प्रेम अनादि-अनंत तो होते ही हैं, गूढ़-गहन भी होते हैं. उस अथाह आनन्द सागर की थाह पाना तो दूर दर्शन भी संभव नहीं. धन्य हैं माँ पार्वती जिनकी जिज्ञासा ने सुनने की इच्छा उत्पन्न की और कृपा है महादेव की कि उन्होंने मन में बसे इस सरोवर को वाणी की गंगा के द्वारा पार्वती को माध्यम बना संसार के कल्याण और आनन्द के लिए प्रवाहित कर दिया. शंकर ने अपने शीश पर जटाओं के ही मध्य में गंगा को नहीं समो रखा था बल्कि रामकथा के आनन्द रस की एक और गंगा अपने मानस में समो रखी थी. शीश वाली गंगा का रस तो जल था जिसे भगीरथ के तप ने संसार के लिए जलधार के रूप में संसार तक पहुंचाया. पर मानस के सरोवर का आनन्द रस वाणी रस के रूप में संसार तक पहुंचा.और वाणी के प्रवाहित होने के माध्यम हैं शब्द. वाणी और शब्द दोनों ही में तत्व तो एक ही है. गोस्वामी जी ने इस रहस्य को उजागर करने के लिए ही लिख दिया है:-

गिरा अरथ जल बीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न.

वाणी जिन शब्दों के द्वारा रामकथा का बखान कर रही है उन शब्दों के अर्थ शंकर के मानस में बसे भाव ही तो हैं. जो भाव हैं, वे अर्थ हैं और जो वाणी है वह शब्द हैं. आज मानस के शब्द आगार से हम संज्ञा विमर्श के द्वारा कुछ देर इस मानसरोवर में डुबकी लगायेंगे. संज्ञा शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत शब्द संज्ञ से हुई है जिसका अर्थ है- नाम या परिचय.

अब आते हैं मानस में संज्ञा पर, मुझे तो लगता है सब संज्ञाओं के शीर्ष पर एक ही संज्ञा है और वह है- परमेश्वर का नाम- **राम.**

पर इस राम से परिचय कराने के लिए पहले नाम से परिचय करना आवश्यक है. नाम के पश्चात उनके गुण से परिचय करना आवश्यक है. अतः गोस्वामी जी ने राम के नामों का अथाह भण्डार इस मानस के माध्यम से हमें सौंप दिया है.

'नाम न जाने गुण जानें तो, शायद जाने राम को.
गुण की परख मानव कर ले तो फिर पहचाने राम को.'

मानस की विशिष्टता है कि गुण बताकर गोस्वामी जी चरित को जनवा देते हैं. सामान्यत: हम किसी के गुण के बारे में बात करें तो यह अमुक व्यक्ति की विशेषता होगी और उसके लिए विशेषण होगा. किन्तु मानस में यह विशेषता व्यक्ति विशेष के नाम को उजागर कर देती है, उसका परिचय बन जाती है. अंग्रेजी में इन्हें **एपिथेट** कहते हैं, हिंदी में हम इन्हें **'नाम विशेषण या विशेषण नाम, विशेष नाम या गुणवाचक नाम'** भी कह सकते हैं. पर मानस के अंदर यह विशेषता है कि यह विशेष नाम उनके भक्तों और प्रियजनों के लिए गुणवाचक नाम ही उनके प्रिय नाम और संबोधन बन गए. जैसे माता पार्वती माता सीता को मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए वर का नाम नहीं बतातीं, कहतीं हैं- **'करुनानिधान सुजान सीलु सनेह जानत रावरो.'** और जब अशोक वाटिका में हनुमान जी का माता सीता से साक्षात्कार होता है तो हनुमान अपना परिचय राम दूत के रूप में देते हुए कहते हैं - **'राम दूत मैं मातु जानकी. सत्य सपथ करुनानिधान की.'** इन दोनों प्रसंगों में राम के गुणवाचक नाम की गहनता और गूढ़ता दोनों छिपी हैं. साथ ही देखिये तो माता पार्वती यह आशीश सिया को दे रहीं हैं क्योंकि सिया राम की है और राम को ही सिया मिलेंगी. किंतु लंका के अशोकवन में हनुमान **मातु जानकी** कह रहे हैं. राम की सिया का अपहरण कौन कर सकता है? जनकनन्दिनी जानकी का अपहरण हुआ है और हनुमान उन्हें फिर वही विश्वास दिला रहे हैं जो वरदान और आशीष के रूप में माता पार्वती ने सिया को दिया था. इस प्रकार विभिन्न संज्ञाएँ मानस के कोड हैं, इनमें बड़े गूढ़ रहस्य छुपे हैं. **कृपानिधान** की कृपा हो जाये तो मनुष्य इन्हें डिकोड कर सकता है. अब देखिये गोस्वामी जी ने इन संज्ञाओं में किस प्रकार सीता और राम दोनों को पिरो दिया है. इन कुछ संज्ञाओं को जो विशेष नाम हैं देखिये तो इसमें स्त्रीलिंग और पुर्लिंग दोनों का समावेश है - **करुनानिधान, करुनाकर, करुनासिंधु, करुणासागर, करुणानिकेत, करुनाअयन** आदि. इन विशेष नामों में जो भगवन्नाम संज्ञा हो गए हैं; करुना माता सीता हैं तो सिन्धु, निकेत, सागर आदि राम.

ऐसा ही कृपा, दया आदि के साथ है.

कुछ ऐसे एपिथेट जिनमें दोनों ही शब्द पुर्लिंग हैं, जैसे - **सुखधाम, सुखकंद, सुखसागर**; ये भगवान के गुण रूप को सगुण करने वाली संज्ञा हो चुके हैं. जबकि सुख, तो एक निर्गुण भाव है जो अनुभवगम्य है, देखा या दिखाया नहीं जा सकता किन्तु राम का नाम होकर वह भी सगुण हो गया है. **अखिलेश्वर, जगतपति, जगदीश, जगदाधार, जगदम्बा** ये संसार और संसार के स्वामी रूप को बताने वाली संज्ञाएँ है. इसके साथ ही वंश आधारित संज्ञाएँ - **रघुकुलतिलक, रघुराया, भानुकुलनाथा.** भगवान के लिए बड़े ही सुन्दर गहरे अर्थ वाले विशेष नाम गोस्वामी जी ने लिए हैं- **रमापति, सियापति \ वर, जानकीबल्लभ,** आदि. अब यह आपको खोजना है कि किस संज्ञा का उपयोग उन्होंने कहाँ और क्यों किया है? नारद प्रसंग में वे **रमापति** हैं क्योंकि राम की क्रिया स्वरूपा रमा ही तो नारद को माया में उलझा रही हैं, सांसारिक माया से बचाने के लिए. इसी तरहआप खोजेंगे तो इन नामों की महिमा भी जानेंगे और भगवान की लीला भी.

यहाँ तक कि गोस्वामी जी ने शत्रु आधारित नाम से भी उन्हें गाया है - **खरारि, रावनारि, असुरारि, त्रिपुरारि, पुरारि** आदि. एक उदहारण :- **खरारि नाम का उपयोग महत्ता और तात्पर्य:-** 13 बार इसका उपयोग हुआ है. 14 वर्ष के वनवास में 14 हज़ार सैनिकों को अकेले पराजित कर समाप्त किया. सबको अपना रूप दे दिया, सब आपस में लड़ मर कट गए. सारूप्य मुक्ति का प्रसंग है यह. खर का अर्थ - खरपन, सख्त, कठोर, तीक्ष्ण, हानिकर, अमांगलिक, मूर्ख, अशोभनीय-भद्दा, दूषण का भाई, दूषण दोष है और खर द्वेष भावना है. द्वेष भावना बहुत बड़ा दोष है. इस तरह की संज्ञाओं को रचकर गोस्वामी जी प्रभु राम के सर्वव्यापी रूप को तो स्थापित करते ही हैं. साथ ही यह भी समझाने का प्रयास करते हैं कि प्रभु स्वयं तो शोभासिन्धु ही हैं परन्तु अपने भक्तों के भीतर के इस खरपन जैसे दोष के ऐसे शत्रु हैं कि उसका नाश कर अपने भक्तों को भी सुन्दर रूप स्वरूप प्रदान करते हैं. अतः इस संज्ञा के साथ आप कृपालु या सोभा सिंधु जैसे विशेषण पायेंगे. ऐसी संज्ञाओं पर शोध करना अपने आप में एक विलक्षण शोध कार्य होगा. जो प्रभु की विलक्षणता को और भी उजागर करेगा.

कृपासिंधु खरारि, सोभा सिन्धु खरारि (प्राकट्य प्रसंग), कृपालु खरारि.

भगवान कितने बड़े कृपालु और दयालु हैं कि अपने शत्रु का नाम भी धारण कर उन्हें भी स्मरणीय बना दिया. इस भाव को अगर आपने अनुभव कर लिया तो भगवान से प्रेम किये बिना रह नहीं पायेंगे.

भगवान के अंग और शस्त्र को भी गोस्वामी जी ने भगवन्नाम से सुशोभित होने का अवसर दे दिया - **राजीवनयन: कमल के समान नेत्र वाले राम, आजानुबाहु: जानु तक पहुँचने वाले जिनके हाथ हैं वह राम, जानु का अर्थ घुटना आजानु का अर्थ घुटनों तक, सारंगपानी: जिनके पाणि में शारंग धनुष है, पाणि अर्थात हाथ.** अपने भक्तों के शत्रुओं (जो वास्तव में उसके दोष और विकार ही हैं) का नाश करने के लिए ही गोस्वामी जी को भगवान का यह **धनुर्धर** रूप बड़ा प्रिय है और वह उन्हें बार बार **धनुपानी** कह उठते है. यदि राम **शारंगपाणि** हैं तो भगवान शंकर को गोस्वामी जी **शूलपाणी** के नाम से गाते हैं.

शंकर को बार बार **पुरारि अर्थात त्रिपुरारि** कहा है. क्यों कहा है? तीनों लोकों में जिस असुर का बोलबाला है वह हैं अहंकार. और शंकर इसी अहंकार का तीनों लोकों में तीनों काल में नाश करते हैं.

सती को कब **सती** कहा कब **दक्षसुता** नाम से गाया? अगर इस रहस्य को समझना चाहते हैं तो वह इन नामों में ही छुपा है. अगस्त्य मुनि के पास शंकर के साथ गईं तो **सती भवानी** पर लौटीं **दक्षसुता…**

एक बार त्रेता जुग माहीं. संभु गए कुम्भज रिसि पाहीं.
संग सती जगजननि भवानी. पूजे रिसि अखिलेस्वर जानी.
मुनि संग बिदा मागि त्रिपुरारी. चले भवन संग दच्छकुमारी.

सती जिनका गुण है सत को धारण करना, जब सत को धारण करती हैं तब **जगज्जनी, भवानी** हैं किन्तु जैसे ही उनकी दक्ष प्रदत्त कुशल, दक्ष बुद्धि में शंका का समावेश होता है असत भाषण कर बैठती हैं. यह बुद्धि ही हैं जो जीव का कल्याण भी कर सकती है और सर्वनाश भी…..

इसी तरह हम लोग माता सीता के नाम - **जनकनन्दिनी, मिथलेशकुमारी, वैदेही, जानकी** आदि संज्ञाओं पर मंथन कर माँ जानकी के जगदम्बा स्वरूप और लीला रूप को और अधिक समझ सकते हैं. एक उदहारण देखिये:-

सत्यसंध प्रभु बधि करि एही. आनहु चर्म कहति बैदेही.

वैदेही; जो विदेह पुत्री है अर्थात् देहभाव से मुक्त है वह देह के ऊपरी आवरण चर्म पर मोहित हो रही है और उसको प्राप्त करने की इच्छा कर रही है वह भी प्रभु राम से. दोनों ही ऐसा जाने कितना कुछ पीछे ऐसे छोड़ आये हैं जैसे मार्ग का पथिक मार्ग में पड़ने वाले पेड़, उसकी छाया आदि छोड़ आता है.

यह संज्ञा माँ के लीलास्वरूप को दिखा रही है. क्योंकि प्रभु के लिए गोस्वामी जी लिखते हैं:-

तब रघुपति जानत सब कारन. उठे हरसि सुर काज सँवारन.

रघु के वंशज, जो अपने आचरण और कर्त्तव्य पालन से रघुपति हो गए यह संज्ञा प्रभु राम के ईश्वर और नर दोनों ही रूपों का दर्शन कराती है.

इसी तरह हनुमान के नाम: - पवनसुत; जब देवताओं ने उन्हें लंका के लिए जाते देखा तो पवन देव के पुत्र किन्तु जब मेघनाद से युद्ध कर रहे हैं तब **प्रभंजनजाया**. पवन देव के विनाशकारी रूप के द्वारा जन्मे हनुमान जिन्हें इन्द्रजीत भी जीत नहीं पा रहा है-

उठि बहोरि कीन्हसि बहु माया. जीति न जाइ प्रभंजनजाया.

पवन वही है किन्तु एक देवस्वरूप, कल्याणकारी और दूसरी आँधी तूफान जैसी विनाशकारी.

इसी प्रकार हम वनों के लिए, पर्वतों के लिए, वृक्ष, नगर आदि के लिए प्रयुक्त संज्ञाओं का मंथन करेंगे तो इस कथा के अनेक गूढ़ तत्व नवनीत के रूप में हमारे सामने आयेंगे.

शंकर के लिए - अखिलेश्वर, कैलाशपति, महादेव, उमानाथ, उमापति, उमेश; गरुण के लिए - **खगराज, खगनाथ, नभग, उरगारि, पन्नागरि, हरिजान, खगेश, आदि... आदि.. आदि.**

In the *Aranyakāṇḍa*, Canto 54, *Rāvaṇa* instructs his powerful *Rākṣasa* lieutenants to occupy *Janasthāna,* a place recently emptied by *Rāma's* conquest of *Kharaḥ* and *Dūsana*. He urges them to act with vigilance and to destroy *Rāma*, reflecting the *Rākṣasās'* ferocity and enmity (21–28). Following his command, the eight ogres set out toward *Janasthāna*, remaining unseen (29). ***(Gītā Press, 2024, part I, p. 54)*** *Rāvaṇa*'s strategy of separating *Rāma* from *Sitä* to weaken him and ultimately kill him demonstrates that the abduction of *Sitä* was driven by political ambition and lust, rather than any motive of avenging a sister. This clearly positions the *Sītāharana* (abduction of *Sītā)* as a calculated act of desire and power, rather than a personal vendetta, highlighting *Rāvaṇa's* morally corrupt and self-serving character.

5. Rāma and his Brotherhood

The *Rāmāyaṇa* not only narrates the epic events of *Rāma's* life but also highlights the moral and ethical values embodied in his relationships. Among these, the bond between *Rāma* and his brothers stands out as a model of duty, respect, and selflessness. Their interactions provide insight into ideal conduct and the principles of *Dharma* in familial relationships. Brahma Muni has provided an explanation and analysis of *Rāma* and his brothers' attitudes and conduct toward each other, which we can examine.

- **Generosity**

yā prītir bahumānashca yayy ayodhyānivāsinām |
matpriyārthaḥ viśeṣeṇa bharate sā vidhīyate ||7|| (Va.. Ra., Ayo., 43.7)

It reads as, "While *departing for exile, Rāma says, 'The love and respect the people of Ayodhya feel for him should be shown toward Bhārata, to please him.* ***(Gītā Press, 2024, part I, p. 454)***
While departing for exile, *Rāma* instructs that the love and respect the *Ayodhyā* citizens feel for him should now be directed toward *Bhārata*. This demonstrates *Rāma's* extraordinary generosity: though he is renouncing the kingdom, he orders the citizens to honour *Bhārata* as they would him. Otherwise, when power passes into someone else's hands, people generally do not display such generosity; often, they become agitated.

- **Rāma's qualities compared with Bhārata's**

There is no doubt that *Bhārata* himself was an ideal figure. Yet *Rāma* possessed qualities absent in *Bhārata,* offering lessons even to the virtuous *Bhārata*. For example:

tāṃ prekṣya bharataḥ kuddhaṃ śatrughnam abravīt |
avadhyāḥ sarvabhūtānāṃ pramadā kṣamyatāmiti ||21 ||
hanyamānāmiṃ pāpāṃ kaikeyyā duṣṭacāriṇīm |
yadi māṃ dhārmiko rāmo nāsūyen mātṛghātakam ||22 ||
imāṃpi hatāṃ kubjāṃ yadi jānāti rāghavaḥ |
tvāṃ ca māṃ caiva dharmātma | nābhibhāṣyate dhruvam ||23 || (Va.. Rā.. Ayo. 77.21–23)

It translates as, *"Seeing Kubjā and Śatrughna enraged, Bhārata said, 'All beings' women are inviolable; otherwise, I would have killed the sinful Kaikeyī. If the righteous Rāma did not rebuke me, I would have committed matricide. And if Raghava hears of my killing Kubjā, he would never speak to you or me.'"* **(Gītā Press, 2024, part I, p. 579)**

Here, *Bhārata* restrains *Śatrughna* from killing *Kubjā*, emphasizing respect for women while acknowledging *Rāma's* moral authority to guide them. Similarly:

na doṣaṃ tvayi paśyāmi sūkṣmapyariśūvan |
na cāpi jananī bālyāt tvaṃ vigarhitumarhasi ||17 ||

It reads as *"I perceive no fault in you, even though you are delicate; nor can you blame your mother for your infancy."* ***(Va. Rā. Ayo. 101.17) (Gītā Press, 2024, part I, p. 653)***
Rāma reassures *Bhārata* that he does not hold him accountable and that *Bhārata* cannot condemn *Kaikeyī* for circumstances beyond his control.

Although *Bhārata's* sacrifice was immense, and he went to *Chitrakūṭa* to persuade *Rāma* and lived in *Nandigrāma* in ascetic retirement, he was not as capable a ruler as *Rāma*. The people's love and loyalty were ultimately for *Rāma*. As *Rāma* instructs, the affection and honour the citizens feel for him should now be directed toward *Bhārata*.

Bhārata himself acknowledges *Rāma's* superior qualifications: *"Who else but the intelligent, virtuous, and knowledgeable Rāma, devoted to Dharma, can rule the kingdom like him?"*

(Va. Rā. Ayo. 82.11) (Gītā Press, 2024, part I, p. 590)

After *Rāma* returns from the conquest of *Laṅkā*, *Bhārata* expresses his own inability to bear the responsibilities of governance:

dhuramekākinā nyastāṃ vṛṣabheṇa balīyasā |
kiśoravad guru bhāraṃ nāhaṃ voḍhum utsahe ||3 ||
gatiṃ khara iva aśvasya haṃsasyeva vāyasaḥ |
nānvetum utsahe vīra tava mārga-marindam ||5 || (Va. Rā. Yuddha. 128.3,5)

This implies that *"O Rāma! Just as a strong bull cannot bear the weight of a cart shaft alone, and as a donkey cannot match the speed of a horse or a crow the flight of a swan, so too am I incapable of bearing the burden of state before you"*

(Gītā Press, 2024, part II, p. 834)

- **Rāma's qualities compared with Lakṣmaṇa's**

Lakṣmaṇaa's sacrifice and devotion are exemplary: he left home to accompany *Rām*a into exile, without taking his wife, *Urmilā.* Yet *Rāma* possessed virtues surpassing even *Lakṣmaṇa's*, making him an ideal even in comparison to *Lakṣmaṇa.* Their comparison can be summarized by considering *Lakṣmaṇa's* thoughts and actions in contrast to *Rāma's* higher conduct. *Lakṣmaṇa* tells *Rāma* that he will slay anyone who sides with *Bhārata* or seeks his advantage; softness is dangerous, he argues, for the gentle are easily dominated. If even their father, *Daśaratha*, incited by *Kaikeyī*, feels enmity, then those worthy of death should be slain. ***(Va. Rā.., Ayo. 11.11–12 (Gītā Press, 2024, part I, p. 327)***

Similarly, when *Lakṣmaṇaa* climbs a tree on seeing *Bhārata* arrive at *Chitrakūṭa* to fetch *Rāma* back to *Ayodhyā* and vows to kill that wicked *Bhārata*, accusing him of coming to the forest to murder *Rāma,* he repeatedly reassures him. *Rāma* insists that *Bhārata* has come only to meet him and that killing either one's father or one's brother is an unrighteous and detestable deed. The Sanskrit passage expresses this conviction directly:

pituḥ satyaṃ pratiśrutya hatvā bharatam āhave |
kiṃ kariṣyāmi rājyena sāpavādena lakṣmaṇa ||13 ||
kathaṃ nu putrāḥ pitaram hanyuḥ kasyāñcid āpavi |
bhrātā vā bhrātaraṃ hanyātsaumitre prāṇam ātmanaḥ ||16 ||
(Va. Rā.., Ayo. 97.13, 16) (Gītā Press, 2024, part I, p. 636)

The verse expresses that, "Having sworn to keep our father's word, if I were to kill *Bhārata* in battle, what would I gain by a disputed throne*, Lakṣmaṇa*? How could sons ever slay their father in any circumstance? How could a brother slay his brother, O *Lakṣmaṇa*, taking away his very life?"

These are the observations of Brahma Muni, and such translations reflect his own interpretations.

- **Lakṣmaṇa as Second Self: Rāma's Transfer of Authority**

Next, we examine further instances of *Rāma's* renunciation and his love for his brothers. *Rāma* addresses *Lakṣmaṇa* with folded palms, entrusting him with both the duties and pleasures of kingship and acknowledging him as his "second life":

lakṣmaṇemāṃ mayā sārtha praśādhi tvaṃ vasundharāṃ।
dvitīyaṃ me'ntarātmānaṃ tvāmiyaṃ śrīrupasthitā ॥ 43 ॥
saumitre bhuṅkṣva bhogāṃstva miṣṭān rājyaphalāni ca।
jīvitaṃ cāpi rājyaṃ ca tvadarthaṃ abhikāmaye ॥ 44 ॥
ityuktvā lakṣmaṇaṃ rāmo mātārāvabhivāḍā ca।
abhyanujñāpya sītāṃ ca yayāṃ svaṃ ca niveśanam ॥ 45 ॥ (Va.. Rā.., Ayo. 4.43-45

The text may be rendered as, "Rule you beneficently over this earth with me, O *Lakṣmaṇa*! This royal fortune has come to you, who is my second life. Enjoy, O *Lakṣmaṇa*, the pleasures coveted by you as well as the rewards of sovereignty (religious merit and fame, etc.). I desire to live and even to rule, but for you. Having spoken to *Lakṣmaṇa* as aforesaid and greeting both

his mothers, *Kausalyā* and *Sumitrā*, and having secured leave to depart on behalf of *Sītā* too, *Rāma* retired to his own palace." ***(Gītā Press, 2024, part II, p. 303)***

- **Sacrifice of Kingship: Fraternal Allegiance by *Rāma***

Let us illustrate one more instance of *Rāma's* profound renunciation and fraternal trust, highlighting his detachment from power and worldly desires. It reflects the ethical ideal that sovereignty is secondary to *Dharma, moral duty, and the well-being of his brothers.*

Saṅgatyā bharataḥ śrīmān rājyenārthī svayaṃ bhavet |
praśāstu vasudhāṃ sarvām akhilāṃ raghunandanaḥ || 17 || (Va. Rā., Yuddha. 123.17)

The underlying meaning is, "If, by association with rulership or through his mother's influence, the illustrious *Bhārata himself* has become desirous of sovereignty, then let the delight of the *Rāghus* (*Rāma*) rule the entire world without exception." ***(Gītā Press, 2024, part II, p. 820)***

This verse appears when Rāma sends Hanumān to meet Bhārata upon returning from exile. Rāma instructs Hanumān to observe Bhārata's intentions, whether he remains devoted or has developed attachment to royal authority. The phrase "saṅgatyā rājyena" implies the corruptive influence that kingship and association with power can exert. Yet Rāma's following statement, "praśāstu vasudhāṃ sarvām akhilāṃ raghunandanaḥ," reflects his absolute detachment and fraternal trust, affirming that if Bhārata indeed desires sovereignty, Rāma would gladly let him rule the world. Rāma further instructs Hanumān, "O Hanumān, after understanding his mind and his intention, inform me of them" **(Gītā Press, 2024, part II, p. 820)**

This moment captures *Rāma's* deep sense of renunciation *(Tyāga)* and detachment *(Vairāgya*), which lie at the heart of righteous rule in the epic. His generosity and trust stand in stark contrast to worldly politics, offering a vision of kingship that values duty, honour, and love for one's family over mere possession or power.

6. Critical Discussion

Many scholars and writers have presented arguments in favour of *Rāvaṇa*, and some have even attempted to portray *Śūrpaṇakhā* in a more sympathetic light. In this section, we critically examine their claims, analyze the characters of *Rāvaṇa* and *Rāma*, and evaluate their actions and motivations in the context of the *Rāmāyaṇa*, drawing on both textual evidence and logical reasoning.

Some observations made by some scholars are as follows: *Surpankha's* mutilation, specifically the disfigurement of her nose and ears, symbolizes a punishment rooted not only in her attempt to attack *Sītā* but also in her sexual assertiveness and independence (Kané, 196; De, 2; McLain, 35; Erndl, 68, 83). Feminist readings highlight that her "dishonourable crime" was the display of desire for *Rāma* and *Lakṣmaṇa*, making her a target for patriarchal control, in contrast to *Sītā's* idealized, obedient femininity (Kané, 190; Erndl, 10). *Śurpaṇakhā's* punishment serves as a warning to women, reinforcing societal expectations of female chastity and submission, and demonstrates how epics propagate regressive notions of sexuality by disciplining women who challenge patriarchal authority (De, 2; McLain, 35). Her character embodies the tension between independent female agency and gendered societal norms, emphasizing the broader dynamics of power and control in patriarchal cultures (Erndl, 68, 83). ***(Sharma & Jha, 2023)***

For interpretations of this kind, it is often argued that feminist readings view the mutilation of *Śurpaṇakhā* as a response to her sexual assertiveness and independence, suggesting that these qualities are framed as the primary reasons for her punishment. Such types of interpretations risk overlooking the ethical and cultural framework of the epic. In the context of the *Rāmāyaṇa*, both men and women are bound by *Dharma* and propriety; *Rāma* himself is portrayed as *Ekpatnivra*t (vow of monogamy), and all sons of *Daśaratha* are equally committed to this practice. Śurpaṇakhā's attack on *Sītā* was life-threatening. The actions of *Rāma* and *Lakṣmaṇa* were driven by their moral responsibility to protect the honour and safety of their family.When *Śurpaṇakhā*, a fierce *Rākṣasī*, expressed her intention to harm *Sītā* to *Kharaḥ,* it clearly highlighted the danger she represented.

She says:

eṣa me prathamaḥ kāmaḥ kṛtastatra tvayā bhavet |
tasyāstayocha rudhiraṃ piveyam aham āhave || 20 ||(Va. Rā., Ar. 19.20)

"This foremost desire of mine may be accomplished by you there, viz., that I may drink on the battlefield the blood of that lady as well as of those two brothers." **(Gītā Press, 2024, part I, p. 764)**

Her aggressive intentions justify Lakṣmaṇa's intervention, reinforcing Dharma and protecting Sītā. Critiquing Sītā or justifying Śurpaṇakhā's aggression as a result of past trauma does not align with a holistic reading of the text nor with the ethical norms it upholds. Śurpaṇakhā herself acknowledges Rāma's restraint after her mutilation

ekā kathaṃcinmuktārha paribhūya mahātmanā |
strīvadhaṃ śaṅkamānena rāmeṇa viditātmanā || 12 || (Va.. Rā.., Ara. 34.12)

"I alone was spared somehow, after disgracing me in the form of mutilation, by the high-souled Rāma, who has realized the Self, afraid as he was of the sin of killing a woman." **(Gītā Press, 2024, part I, p. 803)**

This verse demonstrates *Rāma's* respect for women, even in dealing with a violent *Rākṣasī* like *Śurpaṇakhā*. Had *Rāma* not exercised restraint, *Śurpaṇakhā's* attack on *Sītā* would likely have ended fatally. By sparing her, *Rāma* upholds *Dharma* and shows moral discipline, emphasizing ethical conduct over vengeance. While sympathetic readings of *Śurpaṇakhā* seek to "whitewash" her actions, such an approach undermines the narrative logic and moral framework of the *Rāmāyaṇa,* where her transgression warranted a corrective, rather than arbitrary, response. Thus, acknowledging both the cultural context and the characters' *Dharma* is essential for a balanced scholarly analysis.

As noted by **Dirghangi and Mohanty (2020**), several interpreters have questioned *Rāma's* moral perfection, citing episodes like the killing of *Vāli*, *Sītā's* banishment, and the mutilation of *Śurpaṇakhā.* Their study attempts to "articulate the voice of *Śurpaṇakhā*, who has been traditionally, though unfairly, portrayed as a monster, an adulteress, and wicked and flawed."

They observe that *Śurpaṇakhā*, desiring *Lakṣmaṇa*, is mocked and humiliated by both *Rāma* and *Lakṣmaṇa*, who treat her as an object of ridicule. Enraged by rejection and insult, she attempts to attack *Sītā*, but *Rāma* orders *Lakṣmaṇa* to punish her. Following *Rāma's* command, *Lakṣmaṇa* brutally mutilates *Śurpaṇakhā* by cutting off her nose and ears, an act of excessive cruelty that leaves her in unbearable pain and disgrace. "She narrated the dreadful scene to him but at the same time did not forget to describe the extraordinary beauty of *Sītā*. She was shrewd enough to realize that even if her plight did not move *Rāvaṇa* to avenge her, *Sītā's* extraordinary beauty would certainly force him to take some action. Her words aroused a passionate desire in Ravana, and to avenge her sister's dishonour, he abducted *Sītā* and carried her to *Laṅkā*." ***(Dirghangi & Mohanty, 2020)***

Chhetri mentions Neelakantan's reinterpretation of *Rāvaṇa*, which humanizes him as a product of social marginalization and caste oppression, rather than portraying him as a demonic antagonist. He portrays *Rāvaṇa* as "half Brahmin and half *Rākṣasa",* who faced discrimination for his dark skin and low-caste lineage, yet rose through self-learning to master ten Vedic sciences (Neelakantan, 2011, pp. 19–41). This portrayal echoes Periyar's *Sacchi Rāmayan*, where *Rāvaṇa* is seen as an oppressed yet dignified figure who resisted Aryan domination. Both writers articulate the subaltern voice that seeks to challenge the deification of *Rāma* and the vilification of *Rāvaṇa*. This interpretation humanizes *Rāvaṇa* and reframes the *Rāmāyaṇa* as a cultural and social conflict rather than a divine battle. It views *Rāma* and Ravana as mortal representatives of two contrasting civilizations, the Aryans (*Devatās*) of the north and the Dravidians (*Rākṣasās*) of the south. Through the lens of colour, caste, and hierarchy, the narrative exposes how social dominance shaped perceptions of virtue and evil. *Rāvaṇa*, born of a Brahmin father and a *Rākṣasī* mother, embodies the tension of mixed identity and caste exclusion. His dark complexion symbolizes the oppressed Dravidian self, and his denial of education reflects systemic discrimination. Yet, through personal effort, he attains mastery over the ten Vedic sciences, transforming into a symbol of intellectual and cultural resistance ***(Chhetri, 2021)***

Pavithra and Dinesh Kumar's analysis of Kavita Kane's fiction indicates that Kane's retelling of the *Rāmāyaṇa* **r**ehabilitates *Śurpaṇakhā's* character. The narrative implies that no one is born evil; rather, adverse experiences and emotional deprivation during early life shape one's later behaviour. *Śurpaṇakhā's* transformation from a well-behaved woman to a vengeful figure is attributed to psychological wounds and insecure attachment, reflecting how past reinforcement and emotional neglect can distort moral development. ***(Pavithra and Dinesh Kumar, 2024)*** Thus, Kane's interpretation seeks to humanize *Śurpaṇakhā* by exploring the psychological roots of her actions, replacing mythic condemnation with empathetic understanding.

As we examine the above interpretations and the *Rāmāyaṇa*, *Rāma* consistently demonstrates profound respect for women. He honours *Kaikeyī* despite her role in his exile and greets the liberated *Ahalyā* by touching her feet ***(Gītā Press, 2024, part I, p. 208)*** and accepts *Śabrī*'s humble hospitality (***Gītā Press, 2024, part I, p. 923),*** acts that signal esteem and compassion across social boundaries. Even in war, *Rāma's* conduct contrasts sharply with *Rāvaṇa's*: though *Rāma* kills *Vāli,* he does not violate *Vāli's* wife, whereas *Rāvaṇa* abducts and dishonours women. Thus, the epic teaches a principle of dignified treatment of women; when a woman transgresses, *Rāma* administers decisive punishment, but only after moral hesitation and restraint, an example being his initial reluctance before slaying *Tāṭakā*. (***Gītā Press, 2024, part I, p. 144),*** Overall, the *Rāmāyaṇa* presents an ethic that balances respect for women with firm action against moral disorder. Also, it is recognized by **Dirghangi and Mohanty (2020**) that *Śūrpaṇakhā's* mutilation was not the cause of *Sītā's* abduction, nor does the *Vālmīki Rāmāyaṇa* establish any causal connection between the two events.

Rāvaṇa's actions in the *Rāmāyaṇa* are driven by desire and ambition, yet notably, he does not seek revenge against *Śurpaṇakhā* for her humiliation, nor does he act out of familial vengeance. His abduction of *Sītā* reflects personal desire rather than retribution for his sister, highlighting that lust and ego, rather than duty or justice, guide his conduct. In contrast, the *Rāmāyaṇa* consistently emphasizes *Rāma's* profound love and respect for his brothers, as well as their devoted affection toward him. This mutual bond of care, sacrifice, and fraternal loyalty forms the ethical and emotional core of the epic, underscoring that *Dharma*, virtue, and family devotion constitute the principal voice and enduring moral lesson of the *Rāmāyaṇa*.

7. Conclusion

Rāma stands as the living embodiment of *Dharma (righteousness),* compassion, and self-restraint. *Rāvaṇa*, in contrast, was not an ideal brother but a lustful and short-sighted ruler. The *Valmiki Rāmāyaṇa* itself bears witness: *Rāma* was the guardian

of truth, forgiveness, and moral order, whereas *Rāvaṇa* was adulterous, arrogant, and unjust.

The message of the *Rāmāyaṇa* is clear: knowledge, wealth, and power cannot save a man who succumbs to arrogance and lust. Only adherence to truth, righteousness, and restraint leads to eternal honour. *Rāvaṇa*, blinded by desire, brought about his own destruction at the hands of *Rāma*. Hence, it is *Rāma*, the *Maryāda Purushottama*, whom we must emulate, not *Rāvaṇa*. Thus, the critiques advanced by Periyar and other commentators regarding the *Rāmāyaṇa* can be critically examined and effectively addressed through close textual analysis. The epic unmistakably foregrounds *Rāma's* exemplary fraternal love, juxtaposed against *Rāvaṇa's* lust-driven desires and political ambitions, thereby reinforcing the ethical, moral, and *Dharmic (*righteous) principles central to the narrative.

8. Declarations

- **Funding**

The JBM Group, India, provided financial support for this study. The decision to publish, the preparation of the manuscript, the data collection and analysis, and the study design were all outside the funders' purview.

- **Conflicts of Interest**

The authors declare that they have no conflict of interest.

- **Consent for Publication**

All authors have reviewed and approved the manuscript and consent to its publication.

- **Availability of Data and Materials**

The datasets generated and/or analysed during the current study are available from the corresponding author upon reasonable request.

- **Authors' Contributions**

All authors contributed equally to writing, reviewing, and approving the final manuscript.

- **Acknowledgements**

The JBM group's support is greatly appreciated and acknowledged by the authors, who also thank the VDRO team for their cooperation, which significantly improved the quality of this work.

9. References

1. Brahm Muni, S. (2021). Rāmayan ki vishesh shikshayen (pp. 49–53). Vijaykumar Govindram Hasanand. https://archive.org/details/20221124_20221124_2339/page/n3/mode/2up
2. Chhetri, K. (2021). Deconstructing the character of Ravana: Revealing the dichotomy of perceptions. Education & Research International Journal of Cultural Studies, 7(7), 1–8. E-ISSN 2454-9916. https://share.google/5HsAf3302bHrzv9s8
3. Dirghangi, A., & Mohanty, S. (2020, January). De-mythifying the Rāmāyaṇa: A study of the "devoiced" Surpanakha. Proceedings of the International Conference on Arts and Humanities. https://doi.org/10.17501/23572744.2019.6102
4. Gītā Press. 2024. Vālmīki Rāmāyaṇa. Part I. English Translation. Archive.org Digital Edition.
5. Available at: https://archive.org/details/valmiki-ramayana-part-1/
6. Gītā Press. (2024). Vālmīki Rāmāyaṇa, Part 2 English translation Archive.org Digital Edition. https://archive.org/details/valmiki-ramayana-part-2/page/112/mode/2up
7. Hussain, A. (2025, October 3). Tamil Nadu police arrest one after a video of burning a Lord Ram effigy goes viral. India Today. https://www.indiatoday.in/india/tamil-nadu/story/tn-trichy-lord-ram-effigy-burning-ravana-praise-video-one-arrested-police-warn-others-2797049-2025-10-03
8. Pavithra, P., & Dinesh Kumar, G. (2024). Reinterpretations of Surpanakha in Kavita Kane's Lanka's Princess. International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT), 12(4). https://www.ijcrt.org/papers/IJCRT24A4537.pdf?utm_source=
9. Periyar, E. V. Rāmasamy Naicker. (2011, September 1). Sachchī Rāmāyaṇa (Rāmadhār, Trans.). Nagpur: Moolnivasi Prachar-Prasar Kendra. https://share.google/bM0oaYMJfHcZ6cMCF
10. Rajagopalachari, C. (1958). Rāmāyaṇa (p. 136). Bharatiya Vidya Bhavan. https://archive.org/details/dli.ernet.52033/page/n3/mode/2up
11. Sharma, N., & Jha, S. (2023). Assertion or transgression: A critical study of Surpankha as an unwelcomed girl child in Kavita Kané's Lanka's Princess. Journal of International Women's Studies, 25(5), Article 8. Bridgewater State University. https://www.researchgate.net/publication/372412345_Assertion_or_Transgression_A_Critical_Study_of_Surpankha_as_an_Unwelcomed_Girl_Child_in_Kavita_Kane's_Lanka's_Princess
12. "Dussehra 2025" (2025) - Times of India Lifestyle Desk. (2025, October 3). Dussehra 2025: 5 places in India where Ravana is not burnt but worshipped. The Times of India. https://timesofindia.indiatimes.com/life-style/travel/destinations/dussehra-2025-5-places-in-india-where-ravana-is-not-burnt-but-worshiped/photostory/124232928.cms

वाल्मीकि रामायण में धर्म की सार्वभौमिकता: दक्षिण-पूर्व एशियाई रामायण के सन्दर्भ में



संजीव मिश्र

हिन्दू अध्ययन केन्द्र गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश

(sanjee55_css@jnu.ac.in.)

धर्म भारतीय जीवनदर्शन का वह आधार है जो केवल धार्मिक आस्था का विषय न होकर समस्त सृष्टि के संतुलन, सामाजिक मर्यादा और मानवीय आचरण का नियामक सिद्धांत है। वाल्मीकि रामायण में धर्म का स्वरूप व्यापक और सर्वसमावेशी है, जहाँ धर्म को प्रजापालन, नीति, करुणा, सत्य और न्याय के रूप में देखा गया है। "धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा" — यह वैदिक उद्घोष रामायण के प्रत्येक प्रसंग में प्रतिध्वनित होता है। राम का चरित्र धर्म की इस सार्वभौमिकता का मूर्त रूप है, जहाँ वे व्यक्तिगत सुख से ऊपर उठकर लोककल्याण को धर्म मानते हैं। राम का वनगमन, पिता की आज्ञा पालन, प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व और सत्यनिष्ठा सभी धर्म के वैश्विक मूल्यों का प्रतिपादन करते हैं। जब भारतीय संस्कृति दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस और मलेशिया तक पहुँची, तब वहाँ की स्थानीय परंपराओं ने रामकथा को अपनाते हुए उसे अपने सांस्कृतिक सन्दर्भों में ढाला। फलस्वरूप 'रामकियेन' (थाईलैंड), 'रीमकेर' (कंबोडिया), 'रामकेर्ति' (लाओस) 'काकावीन' (इण्डोनेशिया) जैसी कथाएँ विकसित हुईं, जिनमें धर्म की वही आत्मा प्रवाहित होती है जो वाल्मीकि रामायण में विद्यमान है। इन संस्करणों में राम सत्य, नीति और करुणा के प्रतीक हैं; सीता निष्ठा और मर्यादा की प्रतिमूर्ति हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई रामायणों में धर्म का अर्थ केवल धार्मिक अनुशासन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकात्मता और मानवीय मूल्यों का समन्वय है। इस प्रकार रामायण ने धर्म की उस सार्वभौमिकता को मूर्त रूप दिया जो जाति, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे समस्त मानवता को जोड़ती है। अतः वाल्मीकि रामायण और उसके दक्षिण-पूर्व एशियाई रूपांतर धर्म की विश्वमानवता के अद्भुत प्रतीक हैं, जो आज भी सांस्कृतिक संवाद और नैतिक जीवन के आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

1. प्रस्तावना

धर्म से अनुप्राणित संस्कृतियों ने ही दुनिया को आदर्श समाज का मार्ग दिखाया है। धर्म किसी भी समाज की वह जीवनदायिनी शक्ति है जिसके अनुगुम्फन से वृद्धि के साथ नैतिक एवं सामासिक विकास की अपार सम्भावनायें स्वतः मार्ग दे दिया करती हैं। धर्म से अनुप्राणित परम्परा रूपी स्रोतस्विनी प्रवाहित होती है तब उसके कूल पर मनुष्य, खग-विहग, पशु आदि सभी अपनी तृष्णा को समाप्त कर तृप्त होते हैं। धर्म किसी भी राष्ट्र का प्राणतत्त्व है। उसे खोकर जीवित रहने का अर्थ है बिना सुगन्ध के पुष्प की भांति निरर्थक हो जाना। धर्म ही वह आधारशिला है, जिसका अवलम्ब लेकर किसी भी राष्ट्र का भव्य प्रासाद निर्मित होता है। धर्म ही वह तत्त्व है जिसके द्वारा कोई जाति अपने पूर्व गौरव, महान् आदर्श द्वारा संसार की अन्य जातियों से अपने को पृथक् करती है। अथर्ववेद में एक स्थान पर आया है- 'विश्वस्त्वं मातरमोषधीनां ध्रुवा भूमि पृथ्वीं धर्मणा धृताम्' [1]अर्थात् पृथ्वी धर्म को धारण करती है। इसी प्रकार तैत्तिरीय आरण्यक में कहा गया है धर्म सम्पूर्ण जगत में प्रतिष्ठित है, धर्मनिष्ठ के पास ही (अपने संकटों के निवारण हेतु) प्रजाजन आते हैं, धर्म से ही पाप दूर होते हैं, धर्म सबकी प्रतिष्ठा है इसलिए धर्म को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है" यथा 'धर्मो विश्वस्थ जगतः प्रतिष्ठा लोके धर्मिष्ठ प्रजा उपसर्पन्ति, धर्मेण पापमपनुदति धर्मे सर्वं प्रतिष्ठितं तस्माद् धर्मं परमं वदन्ति'[2]। इसी प्रकार महाभारत में कहा गया है- 'धारणादधर्म मित्याहु धर्मो धारयते प्रजाः। यः स्यात धारणसयुक्तः स धर्म इति निश्चयः'[3]

अर्थात् जो धारण करता है, एकत्र करता है, अलगाव को दूर करता है उसे धर्म कहते हैं। ऐसा धर्म प्रजा को धारण करता है। जिसमें प्रजा को एकसूत्रता में बांध देने का सामर्थ्य है वह निश्चय ही धर्म है। धर्म समस्त राष्ट्र एवं प्रजा की रक्षा करता है। राम को धर्म पालन का उपदेश दिया गया और धर्म उनकी रक्षा करेगा ऐसा वृत्तान्त वर्णित है – 'यं पालयसि धर्मस्त्वं धृत्वा च नियमेन च। स वै राघव शार्दूल धर्मस्त्वामभिरक्षतु'[4] अर्थात् जिस धर्म का तुम पालन करते हो वह धर्म ही तुम्हारी रक्षा करेगा। अतः धर्म किसी भी संस्कृति का अप्रतिम समर्थ साधन और साध्य दोनो है जिसके द्वारा हम पुरुषार्थ की सिद्धि सम्पादित करते हैं।

---

[1] अथर्ववेद १२.१.१८

[2] तै.आ. १०.६३

[3] महाभारत कर्णपर्व ६८.४८.

[4] वा.रा. २.२५.३

भारतवर्ष की धर्म अत्यंत प्राचीन है और गौरवशाली भी। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने बहुत उचित ही लिखा है कि 'हम कोई नौसिखिए नहीं हैं, जो रातों रात अनजान जंगल में पहुँचाकर अरक्षित छोड़ दिये गये हों। हमारी परम्परा महिमामयी, हमारा उत्तराधिकार विपुल और हमारा संस्कार उज्ज्वल है।'[5] ऋग्वेद से समारम्भ होने वाली संस्कृत एवं राष्ट्र के धर्म की अजस्र तरङ्गिणी लौकिक महाकाव्यों के उदधि में अक्षुण्णता को अद्यावधि धारण कर रही है। ऋग्वेद में सम्प्राप्त संवादसूक्तों एवं आख्यानों का ब्राह्मण ग्रन्थों में किञ्चित् विस्तार मिलता है, परन्तु ये आख्यान तब तक पूर्ण नहीं हैं जब तक इतिहास और धर्म का अनुशीलन न करते हों। अतः भारतीय धर्म की आबाधता की परीक्षा हेतु इतिहास एवं धर्म का अवलोकन करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय परम्परा में आदि ऐतिहासिक ग्रन्थ अथवा इतिहास के रूप में रामायण को सम्मान प्राप्त है। अतः रामायण महाकाव्य होते हुये भी इतिहास है और इतिहास होते हुये भी महाकाव्य भी। रामायण की परक्रिया इतिहास की प्रसिद्धि सर्वविदित है।

महर्षि वाल्मीकि द्वारा विरचित होने से रामायण को आर्ष काव्य भी कहा जाता है। वाल्मीकि ने ब्रह्मा की आज्ञा से रामकथा का प्रणयन किया। रामस्य अयनमिति रामायणम्। 'न ते वागनृता काव्ये काचिदत्र भविष्यति। कुरू रामकथां पुण्यां श्लोकबद्धां मनोरमाम्॥'[6] राम की यात्रा एवं उस यात्रा का धार्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक महत्त्व को प्रतिपादित करने वाला ग्रन्थ रामायण के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

वेदों और धर्मशास्त्रों में हमें धर्म का स्वरूप और उपदेश तो मिलता है किन्तु उस धर्म का प्रयोग कैसे होना चाहिए, इसका मूर्त रूप मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम के चरित्र में मिलता है। तैत्तिरीय उपनिषद् में स्पष्ट निर्देश है कि यदि कर्त्तव्य के निर्णय में या सदाचार के विषय में शंका हो तो सदाचार में लगे उत्तम विचारवालों के आचरण को देखकर उसके स्वरूप का निश्चय कर लेना चाहिए- 'अथ यदि ते कर्मविचिकित्सा वा वृत्ति विचिकित्सा वा स्यात्। ते तत्र ब्राह्मणाः स युक्ता आयुक्ताः अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तत्र वर्तेरन्। तथा तत्र वर्तेथाः ॥'[7]

तैत्तरीय उपनिषद् के इस कथन के आलोक में यदि हम धर्मपूर्ण आचरण का आदर्श किसी एक महापुरुष में देखना चाहें तो इसके श्रेष्ठ उदाहरण मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ही हैं।

महर्षि वाल्मीकि भारतीय धर्म की निर्बाधता को तभी सुनिश्चित कर देते हैं जब रामायण की रचना करते समय उदात्त गुणों एवं चरित्र आदि वाले पात्र की अपेक्षा करते हैं। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि अपने काव्य के लिए एक ऐसे आदर्श नायक धीरोदात्त नायक का अनुसंधान कर रहे थे जिसमें सभी सद्गुणों की प्रतिष्ठा हो जिसका जीवन ही धर्म और सदाचार की कसौटी हो। उन्होंने देवर्षि नारद से पूछा -

कोन्वस्मिन् साम्प्रतं लोके गुणवान् कश्च वीर्यवान् ।
धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च सत्यवाक्यो दृढव्रतः ॥
चारित्रेण च को युक्तः सर्वभूतेषु को हितः ।
विद्वान् कः कः समर्थश्च कश्चैकः प्रियदर्शनः ॥
आत्मवान् को जितक्रोधो द्युतिमान् कोऽनसूयकः ।
कस्य बिभ्यति देवाश्च जातरोषस्य संयुगे ॥[8]

वाल्मीकि कह रहे हैं कि ऐसे गुणों वाला, धर्मज्ञाता, कृतज्ञ, सत्यवक्ता, दृढव्रत, चरित्रवान और सभी प्राणियों के हित में लगा रहने वाला कौन ऐसा व्यक्ति विद्यमान है? इसके उत्तर में नारद उनको बताते हैं कि भगवान् राम इन सभी गुणों के आदर्श हैं और आप उनको ही अपनी कथा का आधार बनाएं -

श्रुत्वा चैतत् त्रिलोकज्ञो वाल्मीकेर्नारदो वचः। श्रूयतामिति चामत्र्य प्रहृष्टो वाक्यमब्रवीत् ॥
बहवो दुर्लभाश्चैव ये त्वया कीर्तिता गुणाः। मुने वक्ष्याम्यहं बुद्धा तैर्युक्तः श्रूयतां नरः ॥ इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान् धृतिमान् वशी ॥
बुद्धिमान् नीतिमान् वाग्मी श्रीमान्शत्रुनिबर्हणः। विपुलांसो महाबाहुः कम्बुग्रीवो महाहनुः ॥
महोरस्को महेष्वासो गूढजत्रुरिंदमः। आजानुबाहुः सुशिराः सुललाटः सुविक्रमः ॥[9]

वाल्मीकि के राम धर्म की साक्षात् प्रतिमूर्ति हैं क्योंकि राम का चरित्र धर्म का मूल है इसलिये समस्त परम्परा के आदर्श राम हुये और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये, जैसा कि कहा गया है 'रामादिवत्वर्तितव्यं न रावणादिवत्।' राम पिता की आज्ञा पालनहेतु राज्य त्याग कर वन गये यह पिता की आज्ञापालन का उदात्त रूप है। राम स्वयं कहते हैं कि पिता की सेवा तथा उनकी आज्ञा का पालन ही परम धर्माचरण है-

'न ह्यतो धर्मचरणं किञ्चिदस्ति महत्तरम्। यथा पितरि शुश्रूषा तस्य वा वचनक्रिया ॥'[10]

---

[5] नाखुन क्यों बढते हैं – हजारी प्रसाद द्विवेदी
[6] रा. बाल काण्ड २.३५
[7] वल्ली १, ११ अनुवाक
[8] वा. रा. बालकाण्ड १.२-४
[9] बा.का. १.६-१०

वाल्मीकि ने राम के जीवन को इतना उदात्त चित्रित किया है कि इससे बढकर कोई आदर्श हो ही नही सकता। वाल्मीकि कहते हैं "रामो द्विर्नाभिभाषते" अर्थात् राम दो तरह की बात नहीं करते। तुलसीदास जी भी लिखते हैं रघुकुलरीति सदा चलि आई। प्राण जांय पर वचन न जाई ॥

यहां ध्यातव्य है कि धर्म सामान्य को अनेकों विशेष धर्मों में विभक्त किया जा सकता है अथवा धर्म के कई स्वरूप हो सकते हैं। धर्म के अनेकों रूपों में भी राम आदर्श हैं इसलिये हि वाल्मीकि ने राम को "रामो विग्रहवान् धर्मः साधुः सत्यपराक्रमः" कहकर सम्बोधित किया। रामायण की अनेकों घटनाओं से सभी प्रकार के धर्मों का शुद्ध आचरण का उदाहरण राम के रूप में देखा जा सकता है-

राम विश्वामित्र के आग्रह पर ताडका नामक राक्षसी का वध करने हेतु उनके साथ गये। किन्तु ताडका वध के समय भी राम के मन में एक संशय उत्पन्न हुअ कि स्त्री पर प्रहार करना उचित है अथवा नहीं और इस निर्णय पर पहुंचते हैं कि समाज की रक्षा और पाप के विनाश के लिये राजा के लिये स्त्री वध वर्जित नहीं होता। अतः ताडका का वध किया।

अल्पवीर्या यदा यक्षा श्शूयन्ते मुनिपुङ्गव। कथन्नागसहस्रस्य धारयत्यबला बलम्॥[11]

न हि ते स्त्रीवधकृते घृणा कार्या नरोत्तम। चातुर्वण्यहितार्थाय कर्तव्यं राजसूनुना॥[12]

नृशंसमनृशंसं वा प्रजारक्षणकारणात्। पातकं वा सदोषं वा कर्तव्यं रक्षता सता॥[13]

नरेश मेहता का खण्ड काव्य "संशय की एक रात" में उन्होनें युद्ध की अनिवार्यता के प्रश्न पर राम के मन की द्विविधा को चित्रित करते हैं। राम में मन में संशय का उदय युद्ध की समस्या को लेकर होता है। शान्ति स्थापना के लिए युद्ध अनिवार्य और अपरिहार्य है। इस विभीषिका को सामाजिक एव वैयक्तिक धरातल पर सभी युगों में भोगा जा रहा है।' विभीषण का चिन्तन और भी तीव्र है। नैतिक मूल्यों की रक्षा और अनैतिकता के विरोध में ही उसे राष्ट्र विरोधी कार्य करना पड़ा। राम ऐतिहासिक काल के आरम्भ में युद्ध के बीज नहीं बोना चाहते हैं। आने वाली पीढ़ी इस रक्तपात को अपना सकती है। राम युद्ध-संन्धि सभी से मुक्त होना चाहते हैं- इतिहास के हाथों बाण बनने से अधिक अच्छा है। स्वयं हम अँधेरों में यात्रा करते हुए खो जाएँ। राम तो मानवता को जगाना चाहते हैं-

मैं केवल युद्ध को बचाना चाहता रहा हूँ बन्धु !
मानव में श्रेष्ठ जो विराजा है। उसको ही।
हाँ, उसको ही जगाना चाहता रहा हूँ बन्धु ![14]

राम अपना चिन्तन परिषद् की इच्छा को समर्पित कर देते हैं। युद्ध विरोधी भाव प्रखर ही रहते हैं किन्तु मध्य रात्रि के निर्णय के साथ ही राम के संदिग्ध मन में संकल्प उभरने लगता है। इसके साथ ही राम का संशय शमित हो जाता है, सभी प्रश्न तिरोहित हो जाते हैं, लोकमत के आगे राम का संशय युद्ध के दृढ़ निश्चय में परिवर्तित हो जाता है-

प्रश्नों की बेला अब नहीं रही। युद्ध की वास्तविकता सूर्योदय ला रही।[15]

राम समस्त प्रजा ने राजकुमार के रूप में स्वागत किया, समस्त प्रशासन उनके राजा बनने से प्रसन्न था, राम को सभी भाइयों का निर्विरोध समर्थन प्राप्त था किन्तु माता कैकेई के वरदान में राम के लिये वनवास मांग लिया, इस स्थिति में राम को तीन परामर्श प्राप्त हुए, १. राज्यसिंहासन को छीन कर राज्य पर शासन करना। लक्ष्मण द्वारा, २. दशरथ को बन्दी बनाकर कारगार में रखा जाये और राज्य पर शासन करो। दशरथ स्वयं, ३. अयोध्या का त्यागकर नया राज्य बसाकर शासन किया जाये। कुलगुरु वशिष्ठ द्वारा।

इन विकल्पों के उपलब्ध होते हुए भी राम से सबसे समीचीन उपलब्ध धर्म का चयन किया। अर्थात् राम ने ऐसी स्थिति में सत्य धर्म का चयन किया। साथ ही यह भी संदेश दिया कि जब धर्म पालन के लिये अनेकों विकल्प उपलब्ध हो तब व्यक्ति को सर्वोच्च उचित धर्म का पालन करना चहिये न कि नियमों और अपवादों को आधार बनाकर धर्म से भागना चाहिये।

'न ह्यतो धर्मचरणं किञ्चिदस्ति महत्तरम्। यथा पितरि शुश्रूषा तस्य वा वचनक्रिया ॥'[16]

राम धर्म की ही नहीं अपितु धैर्य की भी प्रतिमूर्ति हैं। राज्याभिषेक के किञ्चित् समय पूर्व ज्ञात होता है कि पिता की आज्ञा से वन को जाना है तब भी उनके मुख मण्डल की आभा में किञ्चिदपि रोष नही दिखाई पडता है, जिसका वर्णन वाल्मीकि करते है कि राम सम्पूर्ण गाम्भीर्य, धैर्य एवं विनय से युक्त हैं और स्वयं ही पिता के व्याकुल होने पर पिता से वन जाने की आज्ञा मांग रहे हैं-

'न वनं गन्तुकामस्य त्यजतश्च वसुन्धराम्। सर्वलोकातिगस्येव लक्ष्यते चित्तविक्रिया॥'[17]

---

[10] रा,अयोध्या काण्ड १९.१२

[11] बा.का. १.२५.२

[12] बा.का. १.२५.१६

[13] बा.का. १.२५.१७

[14] संशय कि एक रात – नरेश मेहता

[15] संशय कि एक रात – नरेश मेहता

[16]

[17] अ.का.१९.३३

ऐसे ही चित्रकूट प्रकरण में जब भरत गुरुजनों सहित राम को राज्य हेतु प्रत्यावर्तन करवाने के लिये जाते हैं, तब भी राम भरत का आग्रह अस्वीकार कर देते हैं और पिता की मृत्यु के बाद भी पिता की आज्ञा का त्याग न करने का निश्चय व्यक्त करते हैं-

'लक्ष्मीश्चन्द्रादपेयाद् वा हिमवान् वा हिमं त्यजेत्। अतीयात् सागरो वेलां न प्रतिज्ञामहं पितुः॥'[18]

राम ने इससे भी आगे जाकर आदर्श प्रस्तुत किया है। माता कैकेई के वरदान मांगने और पिता की आज्ञा से वनगमन करना पडा किन्तु राम माता कैकेई पर रोष न करके कहते हैं -

बनभुवि तनुमात्रत्राणमाज्ञापितं मे सकलभुवनभारः स्थापितो वत्समून्नि।
तह सुकरतायामावयोस्तर्कितायां मयि पतति गरीयानम्ब ते पक्षपातः॥[19]

अर्थात् वनप्रान्तमें केवल अपनी देहकी रक्षा करनेका कार्य मुझे दिया गया और सारी पृथ्वी के पालन का भार भरतके शिर पर डाल दिया गया। यदि यहाँ पर हम दोनों के कार्योंकी सुकरताका विचार किया जाय तो मां, लोग तुमको राम के प्रति पक्षपात करने का दोष देंगे।

राम समरसता की स्थापना में अग्रसर रहे और ऐसे आदर्श प्रस्तुत किये जो आज तक भारतीय धर्म के उद्धारक राम बने हुये हैं। निषाद के प्रति मैत्री भाव तत्कालीन समस्त जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोडने का कार्य तो करता है साथ ही उनके मुख्य धारा में जोडे जाने की वकालत भी करता है। सबरी के उच्छिष्ट फल भक्षण स्वयं में भक्ति एवं समरसता का अप्रतिम उदाहरण बना हुआ है। जटायु के प्रति पितृत्व भी जीव मात्र के प्रति मानव धर्म की उद्घोषणा करता है।

राम अपने क्षत्रिय होने की बात कहते हैं, क्षत्रिय इसलिए धनुष धारण करता है कि संसार में कहीं आर्त-शब्द न हो 'क्षत्रियैर्धार्यते चापो नार्तशब्दो भवेदिति'[20] इसलिए राम अपनी प्रतिज्ञा बड़े स्पष्ट शब्दों में सुनाते हैं-

'अप्यहं जीवितं जयां त्वां वा सीते सलक्ष्मणाम्। न तु प्रतिज्ञां संश्रुत्य ब्राह्मणेभ्यो विशेषतः॥'[21]

क्योंकि उन्हें सत्य सदा प्रिय रहा है- 'सत्यमिष्टं हि मे सदा'[22]

राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जो धर्म के सभी रूपों में उत्तम हैं। समाज की व्यवस्था को शुद्ध रखने हेतु एक राक्षसी का वध भी करते हैं, पत्नी के लिये समुद्र लाङ्घ कर रावण का वध करते हैं किन्तु वही राम धर्मनियम के कारण पत्नी का परित्याग भी करते हैं। सुग्रीव के साथ अन्याय करने पर बाली का वध भी करते हैं साथ ही बाली के पुत्र अङ्गद को युवराज भी बनाते हैं, रावण का वध भी करते हैं साथ ही लङ्का का राज्य विभीषण को सौंपते हैं। राम जिस रावण का वध करने हेतु युद्ध कर रहे हैं उसी रावण को निशस्त्र होने पर जीवित भी छोडते हैं। राम धर्म की किसी भी परिभाषा के लिये उचित उदाहरण नहीं हैं अपितु कोई भी परिभाषा राम से अपने औचित्य को प्राप्त करती है। रामो विग्रहवान् धर्मः यह उक्ति सत्य ही राम के स्वरूप को परिभाषित करती है।

राम केवल पितु धर्म, मित्र धर्म, राजधर्म के ही परिपोषक नही अपितु नीति के महत्तम उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं। रावण की मृत्यु के पश्चात् विभीषण अन्तिम संस्कार हेतु आज्ञा मांगते हैं तब राम की उक्ति है –

'मरणान्तानि वैराणि निर्वृत्तं नः प्रयोजनम्। क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव॥'[23] अर्थात् शत्रुता मृत्यु के साथ समाप्त हो जानी चाहिये, यह अब् मेरे लिये भी वैसा है जैसा तुम्हारे लिये है। राम ने जटायु का अन्तिम संस्कार किया और विभीषण को रावण का अन्तिम संस्कार करने का आग्रह किया जो कि अन्त्येष्टि संस्कार की महत्ता को स्थापित करता है। षोडष संस्कार भारतीय धर्म का अभिन्न अङ्ग बने हुये हैं।

राम जितने कोमल हैं उतने ही धर्मपालन में कठोर भी हैं। राम कहते हैं कि चोर को राजा दण्ड दे अथवा मुक्त कर् दे ऐसी स्थिति में चोर पाप से मुक्त हो जाता है परन्तु चोर को दण्डित न करने वाला राजा अवश्य पाप का भोग करता है। अतः राजा को उचित दण्ड देना ही चाहिये। शासनाद् वापि मोक्षाद् वा स्तेनः पापाद् प्रमुच्यते। राजा त्वशासन् पापस्य तदवाप्नोति किल्विषम् ॥ [24]

राम की दृष्टि में कृतघ्नता के लिये भी कोई क्षमा नही है, सुग्रीव के प्रसङ्ग में कहते हैं कि कृतघ्न व्यक्ति के मृत शरीर का मांस मांसाहारी जीव भी नही खाते हैं। 'कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः'[25] । बाली वध के कारण के रूप में रामचरित मानस में राम ने कहा है कि चार व्यक्तियों को कुदृष्टि डालने वाले का वध करना पाप नहीं है- 'अनुज वधू भगिनी सुत नारी। सुनु सठ कन्या सम ए चारी। इन्हई कुदृष्टि बिलोकई जोई। ताहि बधे कछु पाप न होई'

राम के जीवन का लक्ष्य क्या था, यह बात, प्रथम सर्ग में मूल-रामायण में वाल्मीकि के नारद से प्रश्न में ही बीज रूप में व्यक्त कर दी गयी कि इस समय संसार में गुणवान् वीर्यवान्, धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यवाक्य, दृढव्रत, चारित्र से युक्त, सभी प्राणियों का हित करने वाला विद्वान् समर्थ आदि कौन है।

---

[18] अ.का.११२.१८
[19] चम्पू रा. अयो.का. २५
[20] वा.रा. ३.१०.३
[21] वा.रा. ३.१०.१६
[22] वा.रा. ३.१०.१८
[23] यु.का.११२.२५
[24] किं का. १८. ३२
[25] किं का. ३४.१२

वस्तुतः राम के महनीय व्यक्तित्व की यह सूचना मात्र थी जो बालकाण्ड में नारद के उत्तर में व्यक्त हुई है। यदि सबको समेटकर एक शब्द में व्यक्त किया जाय तो वह 'चारित्र' है। हम समझते हैं कि इस शब्द में राम के निर्दिष्ट अनेक गुण सिमट आते हैं, जैसे उनका धर्मनिष्ठ होना, अपने कुल के गौरव के प्रति जागरूक होना, सत्य वचन या अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहना, पिता के वचन-सत्य की रक्षा के लिए अर्पित होना आदि। राम का यह चारित्र रामायण में आद्योपरान्त अनुस्यूत है, तथा सूत्र की भाँति कथावस्तु की माला को धारण किये हुए है। अलक्षित होकर नहीं, बल्कि गूंथी हुई मणियों के भीतर से परिलक्षित होकर। इसी कारण राम मारीच के अनुसार, विग्रहवान् धर्म (रामो विग्रहवान् धर्मः) हैं।

राम ने रावण आदि राक्षसों का संहार किया, सम्भवतः यह उनका पार्यन्तिक उद्देश्य नहीं था, बल्कि वह एक क्षत्रिय का कर्तव्य था, जिसका उन्होंने पालन किया, और साथ ही जो उनके दुर्धर्ष पौरुष के अनुरूप भी था। कालिदास ने राम के मुख से उनके उद्देश्य को 'यश' के रूप में निर्देश किया

"रक्षोवधान्तो नहि मे प्रयासो व्यर्थः स वैरप्रतिमोचनाय"[26]

इसलिए राम ने सीता का पुनः परित्याग का कठोर निर्णय लिया था, क्योंकि "यशोधनानां हि यशो गरीयः"[27]

भवभूति के राम, लोकाराधन को अपने जीवन का चरम लक्ष्य बताते हैं और कहते हैं-

स्नेहं दयां च सौख्यञ्च यदि वा जानकीमपि। आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा।।[28]

वाल्मीकि के राम के व्यक्तिव में भी यह सब कुछ चरित्र में सिमटा हुआ अभिव्यक्त, हुआ है। सत्य और धर्म की रक्षा एवं पालन के लिये राम अपने आदर्श वैदिक परम्परा से प्राप्त करते हैं और उनका सदैव पालन करते हैं। एक स्थल पर माता कौशल्या से कहते हैं कि धर्म का पालन ही लोक में परम धर्म है, और सत्य भी धर्म में ही प्रतिष्ठित होता है। "धर्मो हि परमो लोके धर्मे सत्यं प्रतिष्ठितम्"[29] यद्यपि यह वाक्य भी उपनिषद् की श्रुति से अनुप्राणित है जहां धर्म के आचरण का निर्देश दिया गया है "सत्यं वद धर्म चर"[30]

रामकथा का प्रभाव एवं उसकी विश्वव्यापी यात्रा -

रामकथा की यह यात्रा लोक में ऋषि वाल्मीकि ने प्रसारित एवं स्थापित की। ध्यातव्य यह है कि राम का चरित्र इतना उदात्त एवं प्राञ्जल था जिससे लोक में उनकी प्रतिष्ठा मर्यादा पुरुष के रूप में हुई और उसी से प्रभावित होकर भगवान् वाल्मीकि ने रामायण की रचना किया। राम का चरित्र भारत सहित लगभग आधी दुनिया की धर्मयों को जोडने का पर्याप्त अकेला साधन है और रहा है। प्रायशः भारत की ऐसी कोई क्षेत्रीय धर्म नही है जिनमें राम के द्वारा स्थापित आदर्श एवं रामत्व का पुट न हो। भोजपुरी, मगही, अङ्गिका, अवधी, वनवासी, मैथिली, बुन्देली, बघेली, निमाडी, उडिया, तेलुगु, मुण्डारी आदि लोक साहित्यों में शताब्दियों से रामकथा का स्थान सुरक्षित रहा है।

राम का आकार इतना महत्तम रहा जिसक कारण अनेकों पन्थों एवं धर्मों तठा धर्मयों ने राम का स्वधर्मीकरण करके अपनी धर्म को संवर्धित किया तथा एक विशिष्ट स्थान बनाया। जैसे- जैन और बौद्ध साहित्य को भी राम के आदर्शों का आश्रय लेना पड़ा इसी के कारण जैन साहित्य में विमलदेव का पउमचरिय, रविषेण का पद्मपुराण, स्वयम्भू का पउमचरिय तथा बौद्ध रामायण की रचनायें हुई। साथ ही असमिया रामायण, कृत्तिवास बाङ्ला रामायण, नेपाली रामायण, उडिया रामायण, मैथिली, पञ्जाबी, कश्मीरी, तेलुगु, कन्नड, तमिल, मलयालम, गुजराती आदि रामायणों की रचना हुई।

राम के उदात्त चरित्र के कारण उनका आकार बृहत्तम हो गया और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। उनके द्वारा स्थापित आदर्श न केवल भारत के लिये अपितु संसार के अनेकों देशों के लिये प्रेरणास्पद रहे हैं। यही कारण है कि अनेकों देशों ने अपनी संस्कृति के आदर्शों में राम का समावेश किया है। सभी संस्कृतियों ने राम के आदर्शों का यथानुसार क्षेत्रीकरण करके अपने अपने इष्ट के रूप में स्थापित किया। अतः कहा जा सकता है कि सबके अपने अपने राम हैं किन्तु सबमें राम के आदर्श एवं धर्मपालन का पुट समान रूप से दिखायी देता है। राम के इसी व्यापक प्रभाव के कारण जैन, बौद्ध, तिब्बती, चीनी, इस्लाम सभी धर्मों अथवा पन्थों में रामायणों का प्रणयन हुआ है, जो इस प्रकार है-तिब्बती रामकथा, खोतानी रामायण, चीनी रामकथा, दशरथ-कथानम्, मंगोलिया की रामकथा, जापानी रामकथा, इण्डोनेशिया की रामकथा, रामायण ककविन, मलयेशिया की रामकथा, कम्बोडिया की रामकथा, रामकेर्ति का कथासार, थाईलैण्ड की रामकथा रामकियेन का सार, लाओस की रामकथा, फालक फालाभ की कथा, फिलीपीन्स की रामकथा, ब्रह्मदेश की रामकथा, सिंहली रामकथा आदि। यद्यपि वाल्मीकि रामायण से इनकी पात्र रचना एवं कथा में यत्र तत्र कथञ्चित् भेद मिलता है तथापि राम के कर्तव्य एवं चरित्र सभी को वाल्मीकि के ही इष्ट हैं। कथा में सीता रावण की पुत्री होना, रावण का चित्र बनाने के कारण सीता का निर्वासन, वाल्मीकि द्वारा सीता के द्वितीय बालक की सृष्टि, रामकथा के पात्रों के पारस्परिक रक्त-सम्बन्ध, बौद्ध प्रभाव से कथा सुखान्त बनाया जाना आदि भेदों द्वारा देशीकरण एवं स्वधार्मिकीकरण किया गया है यथा दक्षिण पूर्व एशिया के अधिकतर देश बौद्ध या मुस्लिम धर्म के अनुयायी हैं इसलिए मलेशिया की रामायण में रावण को भगवान शंकर के बजाय अल्लाह से वर माँगते दिखाया गया है।

2. निष्कर्षत

[26]. रघुवंश. १४.४१

[27]. रघुवंश. १४.३५

[28]. उ.रा.च. १.१२

[29] वा.रा. २.२१.४१

[30] तैत्तरीय उपनिषद शिक्षावल्ली ११.१

यह कहा जा सकता है कि राम न केवल एक महापुरुष हैं, बल्कि धर्म, मर्यादा और कर्तव्य के आदर्श प्रतीक भी हैं। उन्होंने अपने जीवन में सत्य, न्याय, करुणा और संयम जैसे मूल्यों को अपने आचरण में उतारकर एक ऐसे आदर्श की स्थापना की जो युगों तक अनुकरणीय बना रहेगा। चाहे वह पिता की आज्ञा का पालन हो, राज्य के कर्तव्यों का निर्वहन हो या पत्नी के प्रति प्रेम और सम्मान राम ने हर स्थिति में धर्म का मार्ग चुना। वाल्मीकि के राम किसी भी परिस्थिति में भी अपनी धर्मपरायणता को कदापि नही त्यागते अपितु धर्म ही उनका मार्गदर्शक है। इसी धर्मपरायणता न उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया जिसके कारण देश के घर घर में तुलसीदास की रामचरितमानस को वह अभीष्ट स्थान मिला जो अन्य पात्रों को नही प्राप्त हुआ, यह राम का औदात्य है। यही औदात्य और धर्मपरायणता विश्व संस्कृतियों में राम का समावेश करके उन्हें उत्कृष्टतर बनने का अवसर भी प्रदान करते हैं फलतः सम्पूर्ण विश्व में शताधिक रामाश्रित ग्रन्थ लिखे गये जो तत्तत् संस्कृतियों एवं समाजों को उनके आदर्श स्वरूप की ओर ले जायेंगे। इण्डोनेशिया जैसे देशों में रामलीला का मञ्चन किया जाता है और रामलीला को वहां राज्याश्रय प्राप्त है। राष्ट्रपति सुकर्णो के समय में पाकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया की यात्रा पर था। उस दौरान प्रतिनिधिमंडल को वहाँ रामलीला देखने का मौका मिला और वह इस बात से हैरान था कि एक मुस्लिम देश में रामलीला का मंचन क्यों किया जाता है। इस बारे में जब उन्होंने राष्ट्रपति से सवाल किया तो उन्होंने सद्यः जवाब दिया, हमने अपना धर्म बदला है, अपनी संस्कृति नहीं। अतः यह निष्कर्ष स्पष्ट रूप से निकलता है कि राम धर्म के प्रतिमान हैं, जिन्होंने न केवल अपने युग को दिशा दी, बल्कि आज भी मानव समाज के लिए नैतिक मूल्यों का प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। भारतीय समाज में राजा भी धर्म के अधीन होता है और राम तो स्वयं धर्म की साक्षात् मूर्ति हैं यह निर्बाध सिद्ध है।

भरत चरित्र की भव्यता



उर्मिला त्रिपाठी
(urmilatripathi@gmail.com)

1. प्रस्तावना

भारत में त्याग, प्रेम, तपस्या की शिक्षा देने के लिए भरत का आविर्भाव हुआ है। राम उन्हें राज्य का भोग करने का आदेश करते हैं, किन्तु भरत उसका त्याग कर राम को ही वन से लौटा लाने के लिए निश्चय किये बैठै हैं। फिर भी राम अपने वचन से डिगते नहीं, तो वशिष्ठ के संकेत पर भरत उनकी चरण पादुका लेकर लौट आते हैं और उसे ही सिंहासन पर स्थापित कर स्वयं तपस्वी वेश में शासन करते हैं। इसका आध्यात्मिक पक्ष यह है कि महात्मा भरत भी अवतारी पुरूष थे। वे भगवान विष्णु के पांचजन्य शंख के अवतार थे। उनका भी जन्म देवांश के रूप में हुआ था। साथ ही, वे श्रीराम के समान ही सभी गुणों से सम्पन्न थे।

2. विस्तावर

खण्ड-1

तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस में चित्रकूट में हुए ''राम-भरत-वशिष्ठ संवाद'' इन तीनों पात्रों चरित्र पर रोशनी डालता है, पर भरत, जिनके ऊपर निर्णय लेने का उत्तरदायित्व आया, उनकी भव्यता खिलकर प्रत्यक्ष होती है। भरत पाषाण से भी अमृत निकाल लेते हैं और भावनात्मक व्यक्ति को तो किसी और ही लोक में पहुँचा देते हैं। वे चैतन्य को जड़ और जड़ को चैतन्य बना देते हैं।

रामराज्य की महिमा का वर्णन रामचरितमानस, विभिन्न रामायणों के अलावा पौराणिक ग्रन्थों में भी किया गया है।

रामराज्य का अभिप्राय केवल भौतिक उन्नति नहीं हैं। इसका तात्पर्य केवल बहिरंग विकास ही नहीं, जब तक हमारे जीवन का अंतःकरण का, मन और बुद्धि का विकास नहीं होता तब तक यंत्र बुद्धि से बड़ा हो जायेगा। चेतना की अपेक्षा जब जड़ का महत्व अधिक समाज में आ जाता है तब उसके द्वारा जो कार्य होते वह दूरगामी दृष्टि से बड़े अकल्याणकारी होते हैं।

श्री राम की यात्रा के बाद श्री भरत की चित्रकूट यात्रा का क्या उद्देश्य है? श्री राम आगे जाते हुए लोगों के मन, बुद्धि, हृदय में श्री भरत की महिमा प्रतिष्ठित कर रहे थे, मानो वे प्रेरणा दे रहे थे कि आप लोग भी भरत का दर्शन करके भी जीवन में धन्यता का अनुभव कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि श्री राम के दर्शन से मुक्ति भले ही प्राप्त हो जाये पर मनुष्य के मन के रोग दूर नहीं होते और हमारे सामने छप्पन प्रकार के व्यंजन अगर थाली में परोस दिये जायें पर हम में इन्हें पचाने की क्षमता नहीं है तो हम उसका स्वाद नहीं ले सकते।

तो मुख्य समस्या है हमारे मानस रोग कैसे दूर हों? स्वस्थ का अभिप्राय है स्व में स्थित हो जाना व अस्वस्थ का तात्पर्य है स्व से दूर चले जाना। जो व्यक्ति का स्व है आपका हमारा अपना जो स्वरूप है, वह शास्त्र कहते हैं-

''ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल साध सुख राशि।''

जीव ईश्वर का अंश है और वह अंश होने के नाते, ईश्वर में जो गुण विद्यमान हैं वही उसमें भी विद्यमान हैं। जैसे बादल जब आकाश में छा जाते हैं तो सूर्य को वो नष्ट नहीं कर सकते हैं पर बादल होने पर सूर्य हमें दिखाई नहीं देता है। सत्य तो यह है कि बादल सूर्य को नहीं, हमारी आपकी आँखों को ढंकता है। हमें स्व/स्वरूप में स्थित होना है और मूलतः जो हम हैं जिसे हम भूल चुके हैं। उस भूल की हमारे जीवन में जब विस्मृति हो जाती हैं तो उसका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति स्व में स्थित नहीं रह पाता, अस्वस्थ हो जाता है।

